# देववाणी-सुवासः

## द्वितीयः खण्डः

# देववाणी-सुवासः

## (डॉ० रमाकान्तशुक्लाभिनन्दनग्रन्थः)

# DEVAVĀṆĪ-SUVĀSAḤ

## (DR. RAMA KANT SHUKLA FELICITATION VOLUME)

# देववाणी-सुवासः

(डॉ० रमाकान्तशुक्लाभिनन्दनग्रन्थः)

द्वितीयः खण्डः

# DEVAVĀṆĪ-SUVĀSAḤ

(DR. RAMA KANT SHUKLA FELICITATION VOLUME)

Part II

प्रधानसम्पादकः

'अभिराज' डॉ० राजेन्द्र मिश्रः

प्रबन्धकसम्पादकः सहसम्पादकश्च

डॉ० चन्द्रमौलि शुक्लः

१९९३

प्रकाशकः

'डॉ० रमाकान्तशुक्लाभिनन्दनग्रन्थसमिति' कृते

देववाणी-प्रकाशनम् , नयी दिल्ली-११००५९

**देववाणी-सुवासः (डा० रमाकान्तशुक्लाभिनन्दनग्रन्थः) -२**

प्रधानसम्पादकः 'अभिराज' डॉ० राजेन्द्र मिश्रः
प्रबन्धसम्पादकः सहसम्पादकश्च : डॉ० चन्द्रमौलि शुक्लः
प्रकाशकः देववाणी-प्रकाशनम्
(डा० रमाकान्तशुक्लाभिनन्दनग्रन्थसमिति-कृते)
आर ६ वाणी विहार; नयी दिल्ली-११००५९ (भारतम्)
संस्करणम् : प्रथमम्, १९९३ ई०

**मूल्यम्**

सम्पूर्णग्रन्थस्य (प्रथम-द्वितीयखण्डात्मकस्य) पुस्तकालयसंस्करणस्य [ISBN : 81-900308-5-X]
भारते : २१०० ०० रूप्यकाणि (पुस्तकालयानां संस्थानां च कृते)
११०० ०० रूप्यकाणि (व्यक्तीनां कृते)
विदेशेषु : १०० यू० एस० डालरा : (पुस्तकालयानां, संस्थानां व्यक्तीनां च कृते)
द्वितीयखण्डस्य (पंचमप्रसरात्मकस्य) पुस्तकालयसंस्करणस्य [ISBN : 81-900308-7-6]
भारते : १५००:०० रूप्यकाणि (पुस्तकालयानां संस्थानां च कृते)
५५१ ०० रूप्यकाणि (व्यक्तीनां कृते)
द्वितीयखण्डस्य (पंचमप्रसरात्मकस्य) कर्गलपृष्ठसंस्करणस्य [ISBN : 81-900308-9-2]
२५१ ०० रूप्यकाणि (केवलं भारते, अध्यापकानां छात्राणामेव च कृते)


**DEVAVĀṆĪ SUVĀSAḤ-II**
(DR. RAMA KANT SHUKLA FELICITATION VOLUME)

EDITOR-IN-CHIEF
MISHRA, `ABHIRAJA' DR. RAJENDRA
MANAGING EDITOR & CO EDITOR
SHUKLA, DR. CHANDRA MAULI
PUBLISHER
DEVAVANI PRAKASHANAM
(FOR DR. RAMA KANT SHUKLA ABHINANDANA GRANTHA SAMIṬI)
R-6, VANI VIHAR, NEW DELHI-110059
EDITION : FIRST 1993

**PRICE :**

FULL SET (Part I & II) [ISBN : 81-900308-5-X]
IN INDIA Rs. 2100.00 (Rupees Two Thousand One Hundred Only)
(For Libraries and Institutions)
Rs. 1100.00 (Rupees One Thousand One Hundred Only)
(For Individuals)
OUT SIDE INDIA 100 U.S. $. (For Libraries, Institutions and Individuals)
*DEVAVĀṆĪ SUVĀSAḤ Part-II*, H.B. Edition [ISBN : 81-900308-7-6]
IN INDIA Rs. 1500.00 (Rupees One Thousand Five Hundred Only)
(For Libraries and Institutions)
Rs. 551.00 (Rupees Five Hundred Fifty One Only)
(For Individuals)
*DEVAVĀṆĪ SUVĀSAḤ Part-II*, Paper Back Edition [ISBN : 81-900308-9-2]
Rs. 251.00 (Rupees Tow Hundred Fifty One Only) Nett.
(For Teachers and Students Only in India).


मुद्रकः हिन्दी प्रिंटिग प्रेस, ए ४५ नारायणा औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय चरण, नई दिल्ली

# संरक्षक-मंडल

प्रो० रामचन्द्र नारायण दाण्डेकर

(मानद सचिव, भाण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टीच्यूट, पुणे
कृतकार्य महासचिव तथा अध्यक्ष, अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन, पुणे)

डॉ० प्रभुदयालु अग्निहोत्री

(कृतकार्य कुलपति, जबलपुर विश्वविद्यालय)

डॉ० प्रभाकर नारायण कवठेकर

(कृतकार्य, कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन)

डॉ० आद्याप्रसाद मिश्र

(कृतकार्य कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)

डॉ० रमारंजन मुखर्जी

(कृतकार्य कुलपति, बर्दवान तथा विश्वभारती विश्वविद्यालय)

डॉ० रामकरण शर्मा

(कृतकार्य कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी
एवं कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा)

डॉ० सत्यव्रत शास्त्री

(कृतकार्य कुलपति, श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी)

डॉ० मण्डन मिश्र

(कुलपति, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ दिल्ली)

डॉ० श्रीधर भास्कर वर्णेकर 'प्रज्ञाभारती'

(कृतकार्य प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर)

डॉ० रमेशचन्द्र शुक्ल

(संस्थापकाध्यक्ष, देववाणी-परिषद्, दिल्ली)

डॉ० बच्चूलाल अवस्थी 'ज्ञान'

(आचार्य, कालिदास अकादेमी, उज्जैन)

# परामर्शदातृ-मंडल

## डॉ० देवीदत्त शर्मा

(कृतकार्य प्रोफेसर एवं अध्यक्ष संस्कृत विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़,

## डॉ० रेवाप्रसाद द्विवेदी

(कृतकार्य प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संस्कृत विद्या संकाय,

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

## डॉ० अशोक चटर्जी शास्त्री

(प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता)

## डॉ० कृष्णकान्त चतुर्वेदी

(प्रोफेसर एवं अध्यक्ष संस्कृत-पालि-प्राकृत-विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ज़बलपुर)

## आचार्य श्रीनिवास रथ

(प्रोफेसर एवं अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

एवं संचालक, कालिदास अकादेमी, उज्जैन)

## डॉ० राधावल्लभ त्रिपाठी

(प्रोफेसर तथा अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, डा० हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर)

## डॉ० हरिनारायण दीक्षित

(प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल)

## डॉ० भास्कराचार्य त्रिपाठी

(सचिव, म० प्र० संस्कृत अकादमी तथा सम्पादक 'दूर्वा', भोपाल)

## डॉ० गणेशदत्त शर्मा

(प्राचार्य, लाजपतराय स्नातकोत्तर कालेज, साहिबाबाद)

# सम्पादक-मण्डलम्

## प्रधानसम्पादकः

'अभिराज' डॉ० राजेन्द्र मिश्रः

एम० ए०, डी० फिल्०

## सहसम्पादकाः

डॉ० दीक्षितपुष्पा

एम० ए०, पीएच० डी०

डॉ० रवीन्द्र नागरः

एम० ए०, पीएच० डी०, साहित्याचार्यः, वेदाचार्यः

डॉ० इच्छाराम द्विवेदी

एम० ए०, विद्यावाचस्पतिः, पुराणेतिहासाचार्यः

शीतांशु रथः

एम० ए०

कु० मनीषा शुक्ला

एम० ए०, बी० एड०

अरविन्दनाभ शुक्लः

एम० ए०

कु० माधवी शुक्ला

एम० ए०, बी० एड०

आनन्दवर्धन शुक्लः

एम० ए० (पू०)

## प्रबन्धसम्पादकः सहसम्पादकश्च

डॉ० चन्द्रमौलि शुक्लः

बी० ए०, बी० ए० एम० एस०

# प्रबन्धसम्पादक का निवेदन

'देववाणी-सुवास' (डा0 रमाकान्तशुक्लाभिनन्दन-ग्रन्थ) के प्रथम खण्ड में ग्रन्थ प्रकाशन में हुए विलम्ब आदि के विषय में विनम्र निवेदन किया जा चुका है।

'देववाणी-सुवास' के कलेवर को देखते हुए इसे एक ज़िल्द में प्रकाशित करना सम्भव प्रतीत न हुआ; अतः इसे दो खण्डों में प्रकाशित किया जा रहा है। प्रथम खण्ड में प्रधान सम्पादक डा0 राजेद्र मिश्र 'अभिराज' का विस्तृत प्राग्वाचिक समाविष्ट है जिसमें उन्होंने बीसवीं शताब्दी के संस्कृत साहित्य के विषय में महत्त्वपूर्ण चर्चा की है। इसका कुछ अंश इस खण्ड के प्रारम्भ में दिया जा रहा है। पाठकों से प्रार्थना है कि इसका अविकल रूप प्रथम खण्ड में देखने की कृपा करें।

प्रथम खण्ड में 'देववाणी-सुवास' के चार (1-4) प्रसर संकलित हैं। प्रथम प्रसर में अभिनन्द्य डा0 शुक्लजी के प्रति प्रेषित गुरुजनों के शुभाशीर्वाद, मित्रों की शुभकामनाएँ तथा अभिनन्दनग्रन्थ के सम्पादक के नाम शुभकामना-सन्देश हैं। कुछ पत्र सीधे डा0 शुक्ल को सम्बोधित थे, वे भी प्रथम प्रसर में संनिविष्ट कर दिये गये हैं। द्वितीय प्रसर में अभिनन्दनोक्तियाँ, साक्षात्कार और संस्मरण है। तृतीय प्रसर में वर्तमान युग को अपनी रचनाओं से आलोकित करने वाले कतिपय संस्कृत कवियों की रचनाएँ संकलित है। चतुर्थ प्रसर में संस्कृत साहित्य के विविध पक्षों पर विद्वानों के शोध-समीक्षात्मक लेख संकलित हैं। प्रथम खण्ड के अन्त में 1-4 प्रसर के लेखकों/रचनाकारों का संक्षिप्त परिचय अकारादि क्रम से दिया गया है।

द्वितीय खण्ड में पंचम प्रसर संकलित है जो बीसवीं शताब्दी के संस्कृत साहित्य से सम्बध है। इसके अन्त में भी लेखक परिचय प्रदत्त हैं।

अन्त में मैं डा0 रमाकान्त शुक्लभिनन्दन-ग्रन्थसमिति के संयोजक श्रद्धेय डा0 राजेन्द्र मिश्र जी 'अभिराज' का अत्यन्त आभारी हूँ। जिन्होंने इस ग्रन्थ के सह-सम्पादन और प्रबन्ध सम्पादन का मुझे अवसर दिया। मैं ग्रन्थ के संरक्षक मण्डल, परामर्शदातृ-मण्डल, सम्पादक-मण्डल तथा लेखकों के प्रति सादर नमन करता हूँ जिनकी सदाशयता से ग्रन्थ यह रूप ले सका है। अक्षरयोजक श्री संजय कुमार त्यागी, कु0 आरुषी गोयल और श्री ज्ञान प्रकाश त्यागी के प्रति धन्यवाद जिन्होंने संस्कृत ग्रन्थ का बड़े धैर्य और मनोयोग से अक्षरयोजन किया। ग्रन्थ मुद्रणार्थ हिन्दी प्रिंण्टिग प्रेस के स्वामी श्री श्यामसुन्दर गर्ग के प्रति भी हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

विनयावनत

महाशिवरात्रि, फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी वि0 सं0 २०४९ — चन्द्रमौलि शुक्ल

19.2.1993 ई0 — प्रबन्ध-सम्पादक

# प्राग्वाचिक

डा0 शुक्ल संस्कृत-जगत् की तीनों पीढ़ियों में कितने लोकप्रिय हैं इसका साक्ष्य, इस ग्रन्थ में संकलित आलेखों के रचनाकारों की नामावलि से प्राप्त होगा। कहने को तो यह विशाल ग्रन्थ डा0 शुक्ल के प्रति समर्पित 'अभिनन्दनग्रन्थ' है परन्तु सच्चे अर्थों में यह बीसवीं शताब्दी के संस्कृत वाङ्मय की विविध सर्जना का क्रमिक एवं प्रामाणिक विकास प्रस्तुत करने वाला एक अभूतपूर्व सन्दर्भ ग्रन्थ है। इस प्रकार का समर्थ साहित्यिक प्रयास इससे पूर्व नहीं ही हो सका था। शोध की दृष्टि से निश्चय ही यह ग्रन्थ महनीय सिद्ध होगा।

मैं राष्ट्र की उन महान् सारस्वत प्रतिभाओं के प्रति हार्दिक कृतज्ञता अर्पित करता हूँ जिन्होंने मेरी अभ्यर्थना स्वीकार कर वागध्वर के लिये अपनी रचनाहुति प्रेषित की। डा0 शुक्ल को अपने आशीष मंगलाशंसा एवं वर्धापन से अभिषिक्त करने वाले महामहिम गुरुजनों के प्रति, आलेखों के माध्यम से 'जय जीव' शब्द व्यक्त करने वाले विद्वज्ज्नों के प्रति तथा माँ शारदा की विलासवनिका में उभरे नवीन प्रतिभांकुरों के प्रति मैं क्रमशः प्रणाम, सम्मान एवं स्वाभिमान के साथ विनत हूँ।

हिमालय का अभिनन्दन उसकी प्रत्येक शिला का अभिनन्दन है। सागर का अभिनन्दन उसके प्रत्येक कल्लोल अभिनन्दन है। शिलाएँ ही हिमालय का निर्माण करती हैं। कल्लोल ही सागर सिरजते हैं। इस अभिनन्दन-ग्रन्थ के माध्यम से हमने भी एक हिमालय अथवा सागर गढ़ा है जिसकी संज्ञा है डा0 रमाकान्त शुक्ल! परन्तु सत्य यही है कि एक सहृदय रचनाकार का अभिनन्दन करके भारतवर्ष का सम्पूर्ण संस्कृत समाज स्वयमेव अभिनन्दित हुआ है। यह कार्य एक प्रतिष्ठित परम्परा का उदयविन्दु है । मुझे पूर्ण विश्वास है कि राष्ट्र का प्रत्येक संस्कृत सेवी इस परम्परा का स्वागत करेगा। एक बार पुनः अभिनन्द्य कविप्रवर, मान्य एवं वदान्य डा0 रमाकान्त शुक्ल जी के प्रति शतायुष्य की शुभकामना व्यक्त करते हुए यह सारस्वतोपायन सरस्वतीपुत्रों के ही कर-कमलो में अर्पित कर रहा हूँ।

विद्वद्वशंवद

२४ दिसम्बर १९९० ई0

अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र

प्रधान सम्पादक

'देववाणी-सुवास'

(प्राग्वाचिक का सम्पूर्ण पाठ्य 'देवाणी-सुवास' के प्रथम खण्ड में अवलोकनीय है)

## देववाणीसुवासः

नैदाघैः पत्रवृन्तप्रसवविशरणैः प्रावृषेण्यैश्च दोषैः
जाड्यैर्हैमन्तजैर्वा मुहुरपि विरतिं यः प्रपेदेऽन्तरायम् ।
दिष्ट्या काल्पद्रुमोऽयं सहृदयमधुपैः पीतमाध्वीमरन्दः
स्वैरं सम्प्रत्यमन्दं प्रसरति परितो देववाणीसुवासः ॥

स्तोतारो विद्वदग्र्या बुधकुलमणयो देववाणीधुरीणाः
स्तोतव्यश्चापि शुक्लो गुणगणगरिमख्यातसर्वाङ्गकान्तः ।
वाग्देवीकीर्तिवृद्ध्यै यदपि सुविहितं कोविदैस्तत्कृतेऽयं
कार्तज्ञ्यप्रोदभारं वहति सविनयं भूरि राजेन्द्रमिश्रः ॥

राजेन्द्र मिश्रः

फाल्गुनकृष्णत्रयोदश्याम्
महाशिवरात्रौ वि० सं० २०४९
19.2.1993.

२५.१२.१९९० ई. तारिकायां नवदिल्ल्यां डॉ. रमाकान्तशुक्लाय
'देववाणी–सुवास'–प्रथमखण्डस्य पाण्डुलिपिं समर्पयन्
भारतस्य पूर्वराष्ट्रपतिः श्रीज्ञानीजैलसिंहमहाभागः

## डा० रमाकान्त शुक्लायाभिनन्दनग्रन्थः

डा० रमाकान्त शुक्लस्य संस्कृतसेवित्वं, कवित्वं, सम्पादकत्वं, समीक्षकत्वं, नाट्यकर्तृत्वं, देववाणी-प्रचारकत्वं चालक्ष्य 'डा० रमाकान्त शुक्लाभिनन्दन-ग्रन्थसमित्या' स्तत्त्वावधाने **'देववाणी-सुवासः'** इतिशीर्षकोऽभिनन्दनग्रन्थः प्रकाश्यते। प्रसिद्धसंस्कृतकविर्विद्वांश्च 'अभिराज' डा० राजेन्द्र मिश्रमहाभागो ऽस्याभिनन्दनग्रन्थस्य प्रधानसम्पादकोऽस्ति। डा० पुष्पा दीक्षित-डा० रवीन्द्र नागर-डा० इच्छारामद्विवेदप्रभृतयः सम्पादकमण्डलस्य सदस्याः सन्ति। अभिनन्दनग्रन्थस्य संरक्षकमण्डले प्रो० रामचन्द्रनारायण दाण्डेकर-डा० प्रभुदयाल अग्निहोत्री-डा० प्रभाकर नारायण कवठेकर प्रो० रमारञ्जन मुखर्जी-डा० आद्याप्रसाद मिश्र-डा० रामकरणशर्म-प्रो० सत्यव्रत शास्त्रि—डा० मण्डन मिश्र-डा० श्रीधरभास्कर वर्णेकर 'प्रज्ञाभारती'—डा० रमेशचन्द्र शुक्ल—डा० बच्चूलाल अवस्थिनः सदस्याः सन्ति। डा० देवीदत्तशर्म—डा० रेवाप्रसाद द्विवेद—आचार्य श्रीनिवासरथ—डा० राधावल्लभत्रिपाठि—डा० हरिनारायण दीक्षित—डा० भास्कराचार्य त्रिपाठि—डा० गणेशदत्तशर्माणः परामर्शदातृ-मण्डलसदस्याः सन्ति। अभिनन्दनग्रन्थे पञ्च खण्डाः सन्ति। १५०० प्रायपृष्ठेषु संस्कृतवाङ्मयस्य विविधपक्षेषु शताधिकविद्वद्भिः स्व विचारा अभिव्यक्ताः। श्रीकाञ्चीकामकोटिपीठाधीश्वराणां जगद्गुरुश्रीशङ्कराचार्याणामाशीर्वादः डा० शुक्लाय, तस्य पञ्चाशत्तमे जन्मदिवसे (२४.१२.१९९०), वितीर्णोऽभवत्। २५.१२.१९९० तारिकायां नवदिल्ल्यां भारतस्य पूर्वराष्ट्रपतिना श्री ज्ञानी जैलसिंह—महाभागेन 'देववाणी-सुवास'स्य प्रथमखण्डस्य पाण्डुलिपिः डा० शुक्लाय समर्पिता। २८.१२.१९९० ई० तारिकायां मैनपुर्यामेकस्मिन् समारोहे द्वितीयखण्डस्य पाण्डुलिपिः डा० शुक्लाय उ० प्र० शिक्षामन्त्रिणा श्री अशोकवाजपेयीमहाभागेन समर्पिता। अभिनन्दनग्रन्थो मुद्रणाधीनो वर्तते। ग्रन्थार्थं देशविदेशस्थैनेकैर्विद्वद्भिः स्व शुभकामनाः प्रेषिताः सन्ति।

**१५-१-१९९१** (डा० रवीन्द्र नागरः)

## 'देववाणी सुवास' की पांडुलिपि भेंट की

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (संस.): पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानीजैल सिंह ने आज संस्कृत के प्रसिद्ध कवि और देववाणी परिषद्, दिल्ली के महासचिव डा. रमाकान्त शुक्ल को 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'देवावाणी-सुवास' नामक अभिनंदन ग्रन्थ के प्रथम खंड की पांडुलिपि भेंट की।

### संक्षिप्त समाचार

डा. रमाकान्त शुक्ल अभिनंदन ग्रन्थ समिति द्वारा आयोजित समारोह में इस अवसर पर राष्ट्रपति को डा. शुक्ल रचित ग्रन्थ भेंट किये गये। डा. शुक्ल को समर्पित 'अभिनंदन ग्रंथ पांच खंडों में है। उसके प्रधान संपादक डा. राजेन्द्र मिश्र है।

**दैनिक जागरण, नई दिल्ली 26 दिसम्बर, 1990 (3)**

# देववाणी-सुवासः

(डॉ० रमाकान्तशुक्लाभिनन्दनग्रन्थः)

## पंचमः प्रसरः

### विंशशताब्दीयसंस्कृतसाहित्यविमर्शः

# देववाणी-सुवासः (पञ्चमः प्रसरः)

## अनुक्रमणिका

# डॉ0 रमाकान्त शुक्ल : व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व

डॉ0 जनार्दनप्रसाद पाण्डेय 'मणि'

उत्तर प्रदेश के खुर्जा में उत्पन्न, जननी प्रियम्वदा की स्नेहाभिषिक्त ऊर्जा से लालित-पोषित, संस्कृत-सरस्वती की सेवा में ही समूचे जीवन को समर्पित कर देने वाले विद्वद्वरेण्य, उदग्र-मेधा से समालिङ्गित, सुकवि, पण्डितप्रवर, पूज्य पितृवर्य श्री ब्रह्मानन्द शुक्ल के द्वारा क्षण प्रतिक्षण निर्देशित, बरेली कालेज के संस्कृत-विभागाध्यक्ष डॉ0 कृष्णकान्त शुक्ल एवं मुजफ्फरनगर एस0 डी0 कालेज के संस्कृत-विभाग प्रवाचक डॉ0 उमाकान्त शुक्ल के अनुज, सहारनपुर जे0 वी0 जैन कालेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 विष्णुकान्त शुक्ल के अग्रज, स्वयं राजधानी कालेज, नयी दिल्ली में हिन्दी के प्रवाचक, देववाणी-परिषद्, दिल्ली के महासचिव, ''अर्वाचीनसंस्कृतम्'' त्रैमासिक संस्कृत पत्रिका के सम्पादक, सुसंस्कृत एवं साक्षर पारिवारिक परिवेश के धनी, देववाणी-परिषद् की पूर्वोपाध्यक्षा, देवभाषा विदुषी, मूर्तिमती भारतीय संस्कृति, सुपत्नी श्रीमती रमा शुक्ला के निश्छल अनुराग-तड़ाग में सुस्नात, अमरधुनी के अमर गायक, राष्ट्रभारती एवं सुरभारती दोनों में परास्नातक, साहित्य-सांख्ययोगाचार्य, अधिगतडॉक्टरेटपदवीक, विद्वत्तल्लज, कविता-वनिता-विभ्रमरञ्जित-पुलकित-कवयिता, निःशङ्क वक्ता डॉ0 रमाकान्त शुक्ल के पावनाभिधान से संस्कृत-जगत् का कौन सा सहृदय अपरिचित होगा! २४ दिसम्बर १९४० का वह दिन निस्सन्देह धन्य था, जिस दिन संस्कृत-जगत् के इस अद्वितीय पुरोधा ने जन्म लिया था। डॉ0 शुक्ल आज अपने जीवन का पचासवाँ शिशिर देख रहे हैं। प्रस्तुत है डॉ0 शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व की एक विश्लेषणात्मिका झाँकी, जो उनकी अक्षय थाती एवं अब तक की उत्कृष्ट कमाई है ।

## व्यक्तित्व

किसी भी व्यक्ति की सम्पूर्ण शारीरिक विशेषताओं एवं मानसिक प्रवृत्तियों की समन्वित इकाई ही उस का व्यक्तित्व है । व्यक्तित्व के अन्तर्गत जिनकी परिगणना होती है, उनमें प्रेरणायें, प्रवृत्तियाँ, अनुभवजन्य मानसिक दशायें, रुचि, दृष्टिकोण, विचार, आदर्श एवं आदतें प्रमुख हैं । यद्यपि व्यक्तित्व के पक्ष अनन्त हैं फिर भी तथ्यात्मक विभाजन में व्यक्तित्व तीन प्रकार का हो जाता है :

१- शारीरिक, २- मानसिक, ३- चारित्रिक,

यदि इन्हें व्यक्तित्व का प्रकार मात्र कहा जाय, तो व्यक्तित्व को इनका सक्रिय संगठनमात्र कहा जा सकता है। कोई भी कलाकृति उसकी सर्जना करने वाले कलाकार के व्यक्तित्व के अनुरूप होती है। यदि हमें कलाकार के व्यक्तित्व का ज्ञान है तो उसकी कृति के मर्म तक पहुँचने में सहायता प्राप्त होती है। यह निःसंदिग्ध है कि कवि से उत्कृष्टतर कलाकार की सृष्टि ब्रह्माण्ड में नहीं हुई। आचार्य आनन्दवर्धन स्पष्ट शब्दों में कहते हैं,

अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः।
यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते ।।

(ध्वन्यालोक, ३ उद्योत)

इस अपार संसार में कवि प्रजापति के समान है; वह जैसा चाहता है वैसे ही काव्य जगत् को बना डालता है। आनन्दवर्धन की इस मान्यता का समर्थन अभिनव गुप्त ने नाट्यशास्त्र की अभिनवभारती टीका में कई जगह किया है। वे एक जगह लिखते हैं-

नमस्त्रैलोक्यनिर्माणकवये शम्भवे यतः ।।

(अभिनवभारती, पृ0 ३६)

एवं पितामहसदृशेन सर्वदा नाट्यवेदशरीररूपनिर्माणे कविना भाव्यमिति ।।

(अभिनवभारती, पृ0 १०६)

कवेरपि सहृदयायतन-सहतोदित-प्रतिभाविधानपरवाग्देवतानुग्रहोत्थितविचित्रापूर्वनिर्माणशक्तिशालिना प्रजापतिरिव कामजनित-जगतः।।

(अभिनवभारती (ना0 शा0) पृ0 १४२)

उपर्युक्त उद्धरणों में द्रष्टव्य है कि आचार्य अभिनवगुप्त ने कवि को प्रजापति, शम्भु, पितामह स्वीकार किया। ''कामजनितजगतः'' कहकर अभिनव ने आनन्द वर्धन प्रतिपादित कवि के स्वातन्त्र्य को पूर्ण स्वीकृति दी। काव्यप्रकाशकार आचार्य मम्मट ने कवि-भारती की ''अनन्यपरतन्त्रा'' रूप में वन्दना की :

नियतिकृतनियमरहितां ह्लादैकमयीमनन्यपरतंत्राम्।
नवरसरुचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति ।।

(काव्यप्रकाश १/१)

''नियतिकृत नियमों से रहित, केवल आनन्दमयी, कविभारती से अन्य की

अधीनता से विमुक्त, नव रसों से रमणीय, काव्य सृष्टि को प्रकट करती हुई कवि की वाग्देवी सर्वोत्कृष्ट रूप से वर्तमान है ।''

उदाहरण में सम्प्राप्त काव्यप्रकाश के एक और श्लोक में यह बात अभिव्यक्ति को प्राप्त करती है-

या स्थविरमिव हसन्ती कविवदनाम्बुरुहबद्धविनिवेशा ।
दर्शयति भुवनमण्डलमन्यदिव जयतु सा वाणी ।।

(काव्यप्रकाश ४ उल्लास,)

''वह वाणी विजयिनी हो, जो मानो बूढ़े ब्रह्मा का उपहास करती हुई कवि के वदन कमल में निवास करती हुई, संसार का कुछ दूसरे ही प्रकार से प्राकट्य करती है ।''

उपर्युक्त सभी उद्धरणों का अभिप्राय प्रस्तुत प्रसङ्ग में यहाँ यह है ''कि जिस प्रकार इस संसार के वैविध्य वैचित्र्य, या सौन्दर्य में हम प्रजापति के विराट् व्यक्तित्व का अनुमान लगा सकते हैं, उसी प्रकार काव्य के अध्ययन से हम कवि के व्यक्तित्व को समझ सकते हैं । कवि काव्य का निर्माण स्वेच्छया ही करता है, फलतः कवि के अनुरूप ही उसका काव्य हो जाता है । चित्रकार के दृष्टान्त के माध्यम से आचार्य राजशेखर इस बात को बड़ी ही स्पष्टता के साथ कहते हैं :

स यत्स्वभावः कविस्तदनुरूपं काव्यम् । यादृशश्चित्रकारस्तादृशाकारमस्य चित्रमिति प्रायो वादः ।। (काव्यमीमांसा, पृ0 १२२)

पाश्चात्य काव्यशास्त्री कालरिज का यह कथन कि, So He is So He writes. अर्थात् 'जैसा वह है, वैसा ही लिखता है' राजशेखर के कथन से पूर्ण साम्य रखता है । आनन्दवर्धन भी कवि के स्वभाव के अनुरूप ही काव्यसृष्टि को इस प्रकार स्वीकृति देते हैं:

शृंगारी चेत् कविः काव्ये जातं रसमयञ्जगत् ।
स एव वीतरागश्चेन्नीरसं सर्वमेव तत् ।।

(ध्वन्यालोक, उद्योत ३)

''यदि काव्य में कवि शृंगारी है, तो सारा संसार रसमय हो जाता है; और यदि वही कवि वीतराग हो जाय, तो सारा संसार शुष्क (नीरस) हो जाता है । वास्तव में साहित्य कवि की आत्माभिव्यक्ति है । बृहदारण्यकोपनिषद् ने भी ''**अयमात्मा वाङ्मयः**'' कहकर इसको स्वीकारा है । पाश्चात्य विद्वान् गेटे ने कहा कि किसी व्यक्ति की शैली उस के मस्तिष्क की सच्ची प्रतिलिपि होती है । शोपेनहावर

शैली का आत्मा की प्रतिच्छवि मानता है, टी0 एड्वाड्स शैली को व्यक्ति के स्वभाव का अंग मानता है। व्यक्तित्व के मानसिक एवं चारित्रिक पक्ष का काव्य के साथ सीधा संबन्ध होता है। व्यक्तित्व के शारीरिक पक्ष का काव्य से उतना सीधा संबन्ध नहीं होता। हाँ, यह अवश्य है कि शारीरिक हीनता न्यूनता की भावना की उत्पादिका हो जाती है। अतः, काव्य में व्यक्तित्व का शारीरिक पक्ष भी चिन्तन, अनुभूति, श्रद्धा, करुणा, दया, क्रोध के समानान्तर तीती-मीठी जीवन की अनुभूतियों के समीप अपनी एक हल्की सी छवि उभारता रहता है। काव्य कवि की आत्माभिव्यक्ति है, अथवा काव्य में कवि स्वयं अपने आप को अभिव्यक्त करता है, यह सिद्धान्त गीतिकाव्य, स्तोत्रकाव्य, श्रव्यकाव्य (खण्डकाव्य, प्रबन्धकाव्य) एवं दृश्य काव्य-सर्वत्र सिद्धि को प्राप्त करता है। यद्यपि साहित्य समाज का दर्पण होता है; काव्य में समूचे समाज एवं समग्र जीवन का चित्र होता है; तथापि कवि कहीं भी अपने व्यक्तित्व को नजरअंदाज करके नहीं चलता। उसकी अभिव्यक्ति का ढंग सब जगह अलग अलग होता है। कहीं कहीं पर वह अपनी बात प्रत्यक्ष कहता है, अपने सिद्धान्त, अपनी दृष्टि एवं अपनी मान्यता विन्यस्त करता है, कहीं कहीं वह परोक्ष रूप से; कही कवि विषयप्रधान होता है, कहीं पर विषयिप्रधान; कहीं पर वह अभिधया बोलता है, कहीं कहीं व्यञ्जनया। तभी तो आचार्य नमिसाधु ने रुद्रट की टीका में लिखा है,

नायकमुखेन कविरेव मन्त्रयते निश्चिनोतीति केचित् ॥(नमिसाधुः)

"नायक के मुखसे कवि ही बोलता है।"

नहि महाकविभिः वाल्मीकिप्रमुखैरिव ध्यानदृष्ट्या रामादीनामवस्थाः प्रातिस्विका निरूप्यन्ते, किन्तु रामादिकमाश्रयतया परिकल्प्य स्वप्रतिभाप्रभावलब्धाः सर्वसाधारणाः इति।

(प्रतापरुद्रीय टीका, कुमारस्वामी)

अर्थात् कवि की प्रतिभा उसके व्यक्तित्व की सर्वोत्कृष्ट शक्तिमत्ता है जो भावात्मिका, चेतोहरा एवं चिन्तनात्मिका है। कवि के व्यक्तित्व, उसकी मान्यताओं, प्रकृति, भावनाओं एवं आदर्श मर्यादाश्रित चिन्तनाओं से ही तो वाङ्मयरूपी दर्पण का निर्माण होता है। यदि "कला एक विशेष प्रकृति में देखा गया जीवन है"[१] तो द्रष्टा की बाह्याऽभ्यन्तरीय छवि के प्रभाव से वह दृष्ट जीवन असंसृष्ट नहीं है।

---

१- द्रष्टव्य, Art is a life seen through a temperament. (Introduction to the study of litrature, P. 15)

कविता अनुभव और संवेगों की अभिव्यक्ति का माध्यम है । वे अनुभव और संवेग यदि कवि के हैं तो उस के व्यक्तित्व के अंग हैं । तो, काव्य व्यक्तित्व की ही अभिव्यक्ति हुआ । यदि काव्य में अभिव्यक्त संवेदन दूसरे के हैं, तो भी वे कवि के व्यक्तित्व के वैशिष्ट्य की अभिव्यक्ति ही है । दूसरे के संवेदनों को पढ़ना, उसे अभिव्यक्ति देना कवि के व्यक्तित्व के वैशिष्ट्य की नियति है । यदि ऐसा नहीं तो, जहाँ क्रौञ्च की मृत्यु पर क्रौञ्ची विलाप कर रही थी, वहाँ वाल्मीकि के संवेदनशील अन्तस् से शाप फूट पड़ने का क्या औचित्य था । कवि दूसरों की संवेदनाओं की अभिव्यक्ति के माध्यम से पाठक, श्रोता, द्रष्टा तक अपनी कोई मान्यता एवं अपना कोई न कोई संदेश अवश्य पहुँचाता है । तभी तो साहित्य व्यक्तित्व के उदात्त पक्ष की अभिव्यक्ति हो पाता है । कविता विश्वहृदय, निष्कलुष एवं विश्वचेतन होने पर ही तो लिखी जाती है । लिखी क्या जाती है, लिख जाती है । हम पाश्चात्य काव्यशास्त्री इलियट के इस सिद्धान्त को मान्यता नहीं देते कि ''कविता अहं की अभिव्यक्ति नहीं, अहं का विसर्जन है ।''

Poetry is not the expression of personality but an escape from Personality. (Selected Essay's P. 21)

''कवि का व्यक्तित्व काव्य की पृष्ठभूमि से दूर कभी भी नहीं'' पाश्चात्य काव्यशास्त्र की यह मान्यता शायद इलियट स्वीकार कर रहे हों । किन्तु व्यक्तित्व का विसर्जन ही साहित्य या कविता है- यह कभी मान्य नहीं हो सकता । काव्य दो प्रकार का होता है :

१- सायास काव्य

२- अनायास काव्य

एक में बुद्धि प्रधान है तो दूसरे में हृदय । एक में हृदय गौण है तो दूसरे में बुद्धि। किन्तु व्यक्तित्व दोनों में समानप्रवाह शक्तिप्रदातृत्व की पृष्ठभूमि में है। व्यक्तित्व को साथ लेकर ही सार्वभौम कलातत्त्व का विकास हो सकता है । सच्चा कलाकार अपने विशिष्ट जीवन की विशिष्ट अनुभूतियों को सार्वभौम मानव की अनुभूतियों में ढाल लेता है । तब उसकी अनुभूतियाँ सर्वजनसंवेद्य एवं प्रेषणीय बन जाया करती हैं । प्रातिभ ज्ञान, सहज ज्ञान, कल्पना एवं तन्मयता कविव्यक्तित्व को अभिव्यक्ति एवं नवनवोद्‌बोध के लिए विवश करती हैं । सांस्कृतिक एवं साहित्यिक पृष्ठभूमि, समसामयिक परिवेश, वंश-परिवार, भौतिकता एवं अभ्यास व्यक्तित्व के विकास में सहायक होते हैं ।

व्यक्तित्व की इन कुछ परिभाषाओं एवं वास्तविकताओं को अपने प्रतिपाद्य की भूमिका बनाकर हम डॉ0 रमाकान्त शुक्ल के सहज एवं उदात्त-व्यक्तित्व की कुलीन कल्लोलिनी में अवगाहन को तत्पर हो रहे हैं । इस कथ्य में सन्देह का लेशमात्र भी अवशेष नहीं बचता कि डॉ0 शुक्ल के व्यक्तित्व का प्रत्येक पक्ष परम

आकर्षक है । उनके सहज एवं सर्वजनाभिनन्द्य व्यक्तित्व का चाहे, शारीरिक पक्ष हो, चाहे मानसिक पक्ष हो, चाहे चारित्रिक पक्ष हो, या और विभाजन करें तो कह सकते हैं, कि चाहे आध्यात्मिक पक्ष हो, चाहे भौतिक पक्ष हो, चाहे हार्दिक पक्ष हो, चाहे आत्मिक पक्ष हो, चाहे व्यावहारिक पक्ष हो, चाहे सामाजिक पक्ष हो, चाहे सैद्धान्तिक पक्ष हो, चाहे निरा मौलिक पक्ष हो, चाहे आर्थिक पक्ष हो चाहे राजनैतिक पक्ष हो, सर्वत्र समान रूप से मनोहरता एवं सरलता की क्रीड़ा हुआ करती है । अपने प्रथम साक्षात्कार से ही सहृदय समाज पर जादू कर देने वाले डॉ0 शुक्ल के विराट् व्यक्तित्व में वे सभी गुण विद्यमान हैं जिनकी कामना मानव जन्म जन्मान्तर से करता आ रहा है । जैसे विशाल एवं स्वच्छ उनके व्यक्तित्व का बाह्य पक्ष यानी शारीरिक पक्ष है, वैसे ही विराट् एवं निष्कलुष उन के व्यक्तित्व का आभ्यन्तर पक्ष यानी हार्दिक पक्ष है । उनके सतरंगी व्यक्तित्व को रेखांकित करने के लिए उनके जैसे ही व्यक्तित्व की अपेक्षा होती है, किन्तु यह सुलभ नहीं हो पाता, क्योंकि वे अद्वितीय हैं । उनके बहुआयामी आनन्त्य-भावावेष्टित-विशद व्यक्तित्व में तुच्छता एवं क्षुद्रता, राग, द्वेष, ईर्ष्या, असूया प्रभृति कलुषाधृत भावनायें प्रवेश ही नहीं कर पाती हैं । उनके विशाल हृदय का सामीप्य पाकर ये निन्दनीय भावनायें स्वयं आत्मसमर्पण कर बैठती हैं । इनका अस्तित्व ही समाप्त हुआ रहता है । उनकी ओजस्विनी वाणी एवं प्रभाप्रदीप्त मुखमंडल के समक्ष दुष्प्रवृत्तियों एवं दुर्भावनाओं की तो सत्ता का कोई प्रश्न ही नहीं उठता ।

सन् १९८७ में, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में पधारे डॉ0 शुक्ल के प्रथम साक्षात्कार ने ही मुझे उनके व्यक्तित्व का पुजारी बना दिया । ज्यों ज्यों मैं उनके सन्निकट होता गया मेरी श्रद्धा उन पर और बढ़ती गयी । आज उसी का परिणाम है कि मैं उन सन्तशिरोमणि के व्यक्तित्व-कर्तृत्व पर लेखनी उठाने को विवश हो गया । उनके परम उदार महतो महीयान् विराट् हृदय में समूची हृदय सृष्टि को समाविष्ट कर लेने की क्षमता है । जैसा कि मैं पहले कह आया हूँ कि साहित्य कवि के व्यक्तित्व की ही आत्माभिव्यक्ति है । इस सिद्धान्त के माध्यम से अब हम आचार्य डॉ0 शुक्ल के साहित्य यानी उनके कर्तृत्व (कृतित्व ) से अवगत होंगे । डॉ0 शुक्ल का कहीं चन्दन की तरह शीतल व्यक्तित्व, फिर कहीं चैत्रानल की तरह उद्दाम व्यक्तित्व उनकी रचनाओं में किस प्रकार अभिव्यक्त हुआ है, रचनाओं की भावभूमि, शिल्प, चरित्र चित्रण एवं कथानक तथा कथनोपकथन व्यक्तित्व के उर्वर साँचे में किस प्रकार ढलते गये हैं, यही हमारे अध्ययन का सम्प्रति प्रमुख विषय है ।

## व्यक्तित्व से अभिन्न कर्तृत्व

अपने जीवन के पचासवें शिशिर तक अध्ययन, अध्यापन एवं शोध करते हुए, देश विदेश की विविध कविगोष्ठियों, शोध संगोष्ठियों एवं कवि सम्मेलनों में भाग

लेते हुए, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के विविध कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी मनोभावनाओं एवं संवेदनाओं से, सहज-सम्प्रेषणीय रचनाओं से सामान्य को, विशेष को, समष्टि को, व्यष्टि को, सर्वविध समाज को जोड़ते हुए, विविध रूपकों का अभिनय, मञ्चन एवं निर्देशन करते हुए, देववाणी-परिषद् के महासचिवत्व के गुरुतर भार को वहन करते हुए, अर्वाचीनसंस्कृतम् जैसी उत्कृष्ट त्रैमासिक संस्कृत पत्रिका के सम्पादक की महनीय पदगरिमा को सँवारते हुए, समसामयिक अनेक विषयों पर वाद-विवाद एवं सम्भाषण चिन्तन करते हुए, घर-परिवार-समाज-प्रान्त-राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की सम्यक् पूर्ति करते हुए, अन्तेवासियों, सहृदयों, कवियों एवं सुहृदों को अपेक्षित समय देते हुए कविकेसरी डॉ० शुक्ल ने जितनी रचनाओं से संस्कृत वाङ्मय की श्रीवृद्धि की है, वह अद्भुत है। उनकी प्रकाशित रचनायें जो अब तक मेरी जानकारी में हैं, नीचे द्रष्टव्य हैं :

## (१) कवितायें- अर्वाचीनसंस्कृतम् में प्रकाशित

१- भाति मे भारतम् -संस्कृतकाव्य प्रकाशित अप्रैल एवं अक्टूबर १९८०,
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की एम0 ए0 संस्कृत की
कक्षा में पाठ्यत्वेन निर्धारित, रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय
एवं कुमायूँ विश्वविद्यालय की बी0 ए0 की कक्षा में तथा
जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय की शास्त्रिकक्षा में
पाठ्यत्वेन निर्धारित

| | | | |
|---|---|---|---|
| २- सुरभारती विजयते, | कविता | प्रकाशित | जुलाई १९८१ |
| ३- राजस्थानम्, | कविता | प्रकाशित | अप्रैल १९८३ |
| ४- उज्जयिनीयं जयति, | कविता | प्रकाशित | जनवरी १९८४ |
| ५- भाति मौरीशसम्, | कविता | प्रकाशित | अप्रैल १९८४ |
| ६- राष्ट्रदेवते ! | कविता | प्रकाशित | जनवरी १९८६ |
| ७- भारतजनताऽहम्, | कविता | प्रकाशित | जुलाई १९८६ |
| ८- अहं स्वतंत्रता भणामि, | कविता, | प्रकाशित | अक्टूबर १९८२ तथा जनवरी १९८७ |
| ९- रौति ते भारतम्, | कविता | प्रकाशित | अप्रैल १९८७ |
| १०- मेघप्रबोधनम्, | कविता | प्रकाशित | अक्टूबर १९८७ |
| ११- अकालजलद, | कविता | प्रकाशित | अप्रैल १९८८ |
| १२- स्वागतं पयोद ते, | कविता | प्रकाशित | जुलाई १९८८ |

१३- नेहरुं तं स्मरामो वयं सादरम्, कविता प्रकाशित जनवरी १९८९

१४- एकं सद्बहुधा विलोक्यते भारतम्, कविता प्रकाशित अप्रैल १९८९

१५- जाबालिपुरं चल, कविता प्रकाशित अप्रैल १९९०

१६- उत्तरमङ्गलम्, कविता प्रकाशित जनवरी १९९०

१७- वदत नेतारो मनाक्, कविता प्रकाशित नवम्बर १९९०

१८- जय भारतभूमे, स्वतन्त्र रूप से प्रकाशित दिसम्बर १९८१

## (२) नाटक (नाट्यसाहित्य)

१- पण्डितराजीयम्, नाटक, प्रकाशित, जुलाई १९८४

२- पुरश्चरणकमलम्, नाटक, प्रकाशित, जुलाई १९८४

३- अभिशापम्, ध्वनिनाटक, प्रकाशित, अक्टूबर १९८४

४- विक्रमोर्वशीयम्, ध्वनिनाट्यरूपान्तर, प्रकाशित, जुलाई १९८९

५- आलोकिनी, ध्वनिनाटक, प्रकाशित, जुलाई १९८९

६- दाराशिकोहीयम्, ध्वनिनाटक, प्रकाशित, अक्टूबर १९८९

७- नियतिचक्रम्, ध्वनिनाटक, प्रकाशित, मार्च १९७६

## (३) शोध एवं समीक्षा

१- जैनाचार्य रविषेणकृत पद्मपुराण एवं तुलसीकृत रामचरितमानस (हिन्दी) तुलनात्मक समीक्षण, पुस्तक रूप में १९७४ में प्रकाशित, उ0 प्र0 शासन से पुरस्कृत,

२- विंशशताब्दीय-रामकाव्यपरम्परायां श्रीरामविलापः, प्रकाशित अप्रैल १९८४, अ0 सं0

३- श्रीगान्धिचरितवैशिष्ट्यम्, प्रकाशित अप्रैल १९८९, अ0 सं0

इसके अलावा अनेक शोधपत्र डॉ0 शुक्ल ने लिखे हैं। सब का विवरण यहाँ मैं नहीं दे पा रहा हूँ।

जहाँ तक समीक्षा की बात है अपने ''अर्वाचीनसंस्कृतम्'' में नयी नयी रचनाओं तथा ग्रन्थरत्नों का प्रकाशन करके डॉ0 शुक्ल उनकी समीक्षा भी किया करते हैं। एवं इसके अलावा अन्यत्र से प्रकाशित नयी नयी रचनाएँ एवं काव्य डॉ0

शुक्ल के पास समीक्षा के लिए आते हैं । आप उनकी भी समीक्षा करते हैं । ''अर्वाचीनसंस्कृतम्'' पत्रिका में उनका प्रकाशन भी होता है । मैं उनमें कुछ की चर्चा कर देता हूँ :

१- अर्वाचीन-संस्कृत-महाकाव्य-विमर्शः- खण्डत्रय में प्रकाशित पुस्तक रूप में उपलब्ध ।

२- अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्येतिहासलेखनस्यावश्यकता, निबन्ध प्रकाशित अ0 सं0

३- राधाकृष्णरसायन-समीक्षा,

४- द्वारकाधीशमहाकाव्य-समीक्षा, प्रकाशित अ0 सं0

५- डॉ0 सी0 आर0 स्वामिनाथकृतरचनात्रयसमीक्षा, प्र0 अ0 सं0 इत्यादि ।।

## (४) व्याख्या तथा अनुवाद

१- उत्तररामचरितम् (प्रियम्वदा टीका) सहलेखन

२- कूहा- हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद

३- कालिदास के रघुवंश तथा कुमारसंभव के अंशों के हिन्दी काव्यानुवाद

## (५) अप्रकाशित रचनायें,

१- मजबूत धागे-हिदी नाटक, आकाशवाणी सं १९७२ में प्रसारित

२- अन्य अनेक स्फुट कवितायें, रेडियो वार्ताएँ तथा शोधपत्र

इस प्रकार डॉ0 शुक्ल ने अपने को साहित्य की विविध धाराओं से जोड़ते हुए, समाज, राष्ट्र, संस्कृति एवं संस्कृत के लिए प्रभूत सर्जना की है । उनकी रचनाओं की जीवन्तता एवं सम्प्रेषणीयता से कोई तटस्थ हो ही नहीं पाता है । यही कारण है कि संस्कृत विधा के सभी मंचों पर उनका हर एक श्रोता से सीधा हार्दिक सम्बन्ध बन जाता है । मंच उनका हो जाता है और वे उसके बेताज बादशाह हो जाते हैं ।

डॉ0 शुक्ल की कविता धारा जिस उत्स से नवीनता एवं सहजता पाती है वह है उनका वह अक्षय संस्कार जो उन्हें पिता, माता, पत्नी, भाई एवं भावुक संसार से मिला है । संस्कृतमय एवं संस्कृतिमय, मर्यादित, कवितालहरीचुम्बित, प्रबुद्ध परिवार ने डॉ0 शुक्ल को संवेदना के उर्वर धरातल पर बैठने को विवश कर दिया। उनकी अब तक की हुई समीक्षायें, उनके शोध ग्रन्थ एवं शोधपत्र जहाँ उनकी पाण्डित्यप्रौढि, उनके परमानुभवी बौद्धिक व्यक्तित्व की छवि उभारती है, वहीं उनके एकांकी, उनके नाटक, उनके अन्दर छुपे हुए थिरकते भाव संसार वाले उत्कृष्ट कलाकार की छवि एवं रसानुभूति से परिपुष्ट पुलकित व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति

करते हैं। इसके बाद जब डॉ0 शुक्ल के गीतों की, गीतात्मक पद्यों की, पद्यात्मकश्लोकनिकुञ्जों की, संवेदनात्मिका वीथी रसमाधुरी की कादम्बिनी से क्लिन्न होती है तब उनके अन्तरङ्ग की प्रतिभा वधूटी अपने अवगुण्ठन को उठाकर अपनी स्निग्धरूपराशि के प्रदर्शन के बहाने अपने हासों, विलासों की मधुर मधुरा पयस्विनी में डॉ0 शुक्ल के सतरंगी व्यक्तित्व को देखने, समझने एवं जानने के लिए सहृदय-जगत् को बाध्य कर देती है।

डॉ0 शुक्ल की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सरल सुबोध एवं प्रसादपेशल भाषा है। भाव के साथ भाषा का लालित्य उनके नाटकों के कथानकों की स्पन्दनालिङ्गित गति को सम्प्रेषणीयता प्रदान करता रहता है। ''पण्डितराजीयम्'' नाटक में भावों की मधुरता के साथ भाषा की थिरकाहट एवं चूर्णकता मन को मोह लेती हैं। नारी-स्वभाव की लज्जाशीलता लवङ्गी के चरित्र में दिखाई देती है वह जब सखी को तेजी सी बोलने से रोकती है[१]। फिर पण्डितराज को पेय देते समय उसके हाथों में व शरीर में[२] कम्पन हो जाता है। कालिदास की शकुन्तला यदि वह नहीं तो उनकी पार्वती तो है ही। कालिदास ने पार्वती को, भगवान् शिव के समक्ष स्थैर्यभावनिषिद्ध[३] करके सहृदय चिन्तकों को रस सरिता में बहुत देर तक डूबते रहने का सौभाग्य दिया तो डॉ0 शुक्ल ने लवङ्गी[४] को उसी रूप में चित्रित कर। यह कथन लवङ्गी के स्वगत वक्तव्य में प्राप्त होता है। बाद में लवङ्गी पण्डितराज की काव्यपङ्क्ति सुनकर अपने पैरों को आगे जाने में असमर्थ एवं पीछे की ही ओर मुड़ने में समर्थ पाती है; क्योंकि पीछे होकर ही वह अपने अभिवाञ्छित प्रेमी की बात सुन सकती थी। नारी की इतनी सूक्ष्म अनुभूतियों का चित्रण डा0 शुक्ल की सर्वान्तिःव्यापिनी एवं दिगन्तगामिनी शेमुषी का परिचायक है। जिससे

द्रष्टव्य-

१- **लवङ्गी-** मूढे ! शनकैर्वद। कथं तारस्वरेण प्रलपसि ? यदि कश्चिच्छृणुयात् ॥ (पण्डितराजीयम्, डॉ0 शुक्ल)

२- **शाहजहानः-** लवङ्गि ! पण्डितराजाय पेयदानकाले तव हस्ते कम्पः कथं सञ्जायते ॥ (पण्डितराजीयम्, डॉ0 शुक्ल)

३- मार्गाचलव्यतिकराऽकुलितेव सिन्धुः
शैलाधिराजतनया न ययौ न तस्थौ ॥
(कुमारसम्भवम्, कालिदास)

४- **लवङ्गी-** (स्वगतम्) -- वीक्ष्य शरीरे मनसि च अन्यदेव भवति।
नापि स्थातुं नैव च गन्तुं मे शक्तिः ॥
(पण्डितराजीयम्, डॉ0 शुक्ल)

प्रेमानुराग हो मन यदि उसे छोड़कर चरणों के साथ[१] आगे जाना चाहता है तो वह जा नहीं पाता। वह तो फिर पीछे ही चलता आता है। डॉ0 शुक्ल की लवङ्गी अपने स्वगत वक्यव्य में ही यह बात कहती है[२]। कालिदास को इस के लिए पुरुष पात्र ढूँढ़ना पड़ता है। उन्होंने तो शकुन्तला का साक्षात्कार करके लौटे[३] दुष्यन्त से यह कहलवाया है। यद्यपि शकुन्तला एवं[४] पार्वती दोनों को कालिदास इस सत्य की पृष्ठभूमि तक ले आ चुके हैं। डॉ0 शुक्ल अपने छोटे से एकाङ्की में ही रससमुद्र उडेलकर गागर में सागर भर देते हैं। "पुरश्चरणकमलम्" एवं "विक्रमोर्वशीयम्" में भाषा की सहजता, प्रवाहमयता, कथानक-कथनोपकथन की सर्वांग-सम्पूर्णता प्रतिबिम्बित होती है। "आलोकिनी" दीपावली के ऐतिहासिक[५] आधार के सत्य सर्वेक्षण का प्रतिपादन करती है। यह सर्वजन बोद्धव्य है कि डॉ0 शुक्ल अपने नाटकों में समष्टि को साथ लेकर चलते हैं। यदि संसार अपना कुटुम्ब है तो निश्छल भावाङ्गना लवङ्गी पण्डितराज को अभिप्रेत थी।

डॉ0 शुक्ल के नाटकों में उनके विचार यानी उनके व्यक्तित्व का आभ्यंतर पक्ष, मान्यताओं एवं आदर्शों के साथ उपस्थित हुआ है। सौन्दर्य एवं प्रेम[६] जाति विशेष का आदर नहीं करते, यह मान्यता उनके "पण्डितराजीयम्" में अभिव्यक्त है। "कर्तव्य व्यक्तित्व की ही आत्माभिव्यक्ति है" यह मेरा पूर्व निगदित सिद्धान्त-वाक्य डॉ0 शुक्ल परक मेरे इस लेख की पंक्ति· पङ्क्ति से जुड़कर चल रहा है।

---

द्रष्टव्य-

१- गच्छति पुरः शरीरं धावति पश्चादसंस्तुतं चेतः। इत्यादि
अभिज्ञान शा0 कालिदास

२- कवितामाकर्ण्य मनश्चरणौ च पश्चादेव प्रयान्ति नत्वग्रे ।। लवङ्गी-
पण्डितराजीयम्- डॉ0 शुक्ल

३- दर्भाङ्कुरेण चरणः क्षत इत्यकाण्डे इत्यादि
अभिज्ञानशकुन्तलम्- कालिदास २-१२

४- एवं वादिनि देवर्षौ पार्श्वे पितुरधोमुखी।
लीलाकमलपत्राणि गणयामास पार्वती ।।कुमारसम्भवम्-कालिदास

५- श्रीरामस्य स्वागतार्थं समायोजितेयमालोकिनी
सदैव स्मरणीया स्यात्। (आलोकिनी)

६- सौन्दर्यं प्रेम न जातिविशेषं नाद्रियेते ।।पण्डितराजीयम् डॉ0 शुक्ल

''अभिशापम्'' नाट्य में देवयानी एवं कच के वार्तालाप में जहाँ परस्पर शाप ही पर्यवसान करवाता है, उस भाव-भूमि पर सनातन धर्म,[१] आर्ष धर्म,[२] प्रेम के आरोपित अनारोपित पक्षों की बातें कितनी सुन्दर लगती हैं । डॉ0 शुक्ल ने ''अभिशापम्'' में सूत्रधार से यह कहलवाया है कि, सभी[३] बातें अभिधा में ही नहीं कहनी चाहिए । यहाँ पर डॉ0 शुक्ल का आग्रह व्यञ्जना के प्रति है । भगवान् कालों के महाकाल भूतभावन का दृष्टान्त इसी अभीप्सित का द्योतक है । क्योंकि भगवान् शिव के बाह्य वेष स्वरूप की अभिधा अमंगलात्मिका है किन्तु उसकी व्यंजना परम मंगलात्मिका है । ''अभिशापम्'' की सबसे बड़ी विशेषता है, मदिरा नामक पात्र विशेष की औपचारिक स्थिति । मदिरा द्वारा अपने पौरुष का बखान[४] कितना प्रभावोत्पादक है । वह अपने आपको स्वास्थ्यवान् के स्वास्थ्य, बलवान्[५] के बल, स्मृतिवान् की स्मृति, विवेकी के विवेक, उदार के औदार्य, एवं विद्वान् की विद्या को हरने वाली कहती है । वह अपने को वारुणी एवं सुरा कहती है । इस कथन पर कच द्वारा प्रदत्त फटकार मदिरा से जुगुप्सा कराने में जितनी सफल होती है, वह सफलता डॉ0 शुक्ल की है । डॉ0 शुक्ल के ''अभिशापम्'' नाट्य का प्रशस्त पात्र ''कच'' उसे इस दुःखान्त नाटक[६] की सूत्रधारिणी कहता है । वह मदिरा को ही

---

द्रष्टव्य-

१- सनातनं धर्मं कैतवप्रोज्झितं प्रेमाणं तिरस्कृत्य
आरोपितां रूढिं ख्यापयसि ।। (अभिशापम्-डॉ0 शुक्ल)

२- आर्षं धर्मं ब्रुवाणोऽहं त्वया कामतः शप्तो न तु धर्मतः ।। (अभि0- डॉ0 शुक्ल)

३- अयि ! वावदूके ! सर्वमपि अभिधयैव न भणितव्यम् ।। ( ,, ,, )

४- **मदिरा**- सर्वात्मना मयि विलीयाऽपि मां न प्रत्यभिजानासि ? अहं मदिरास्मि
अहं वारुणी, अहं सुरा ।। (अभिशापम् डॉ0 शुक्ल)

५- **मदिरा**--- स्वास्थ्यवतां स्वास्थ्यं, बलवतां बलं, स्मृतिवतां स्मृतिं, विवेकिनां विवेकं, उदाराणामौदार्यम्, विद्यावतां विद्यामहं हेलयैव हर्तुं क्षमा---
(अभिशापम् - डॉ0 शुक्ल)

६- **कचः**- तर्हि त्वमेवासि अस्य दुःखान्तनाटकस्य सूत्रधारिणी ! तवैव प्रभावादेतत्संवृत्तम् ! एकवारं त्वयि मम भस्म किं मिश्रितं, त्वया चिरकालमेव यावन्मम मनःसन्तुलनमेव नाशितम् । मम स्वभावे परुषता समानीता । मम विवेको नाशितः, धैर्यधुरीणस्यापि मम धैर्यं विलोपितम् । त्वसम्पर्कात्पूर्वं मया कदाऽपि देवयानी न शप्ता । नैवाऽपमानितासीत् । किन्तु त्वत्सम्पर्कादूर्ध्वं मया सा वराकी अभिशप्ता । महिममयी नारी शक्तिरेव अधिक्षिप्ता---(अभिशापम् डॉ0 शुक्ल)

अपने स्वभाव की परुषता एवं असन्तुलन का कारण मानता है; धैर्य एवं विवेक की विनाशिनी मानते हुए उसकी घोर उपेक्षा करता है । वह इस बात का प्रायश्चित्त करता है कि यदि मदिरा न छुई होती तो मेरे द्वारा महिममयी नारी शक्ति कभी अपमानित न होती; कभी भी अभिशप्त न होती । आखिर इसके पहले तो मैने ऐसा नहीं किया था । आज जो यह कर बैठा, इसका कारण सिर्फ तुम हो । तुम्हारा चिन्तन[१] भी मानव के लिए अभिशाप है । जब तुम्हें एक बार ही छूकर मेरी यह दशा है, तो जो रात दिन तुम्हारे प्रभाव में रहते हैं उनकी क्या दशा होती होगी । आधुनिक पथभ्रष्ट समाज के लिए यह ''अभिशापम्'' नाटक वास्तव में वरदानस्वरूप है । डॉ0 शुक्ल ने इस बात की पुष्टि सूत्रधार के माध्यम से करवा दी है । समूचे समाज के शिवार्थ डॉ0 शुक्ल ने मद्यपान जैसे निन्दित दुष्कृत्य के प्रति मानव का ध्यान आकृष्ट किया है । वास्तव में यह नाटक डॉ0 शुक्ल की नाट्य रचनाओं में सबसे अधिक सारगर्भित एवं समाज, पुर, प्रान्त, राष्ट्र एवं विश्व के लिए औचित्यपूर्ण है । इस के लिए वे कोटिशः धन्यवाद के पात्र हैं । इसमें उनका उदात्त एवं सुसंस्कृत व्यक्तित्व उभरकर सामने आता है । एक सन्देश, एक मान्यता, एक आदर्श के साथ समाज-सुधार एवं सुसभ्य जीवन की शिक्षा देता है ।

वस्तुतः डॉ0 शुक्ल के सिद्धान्त एवं उनके जीवन-मूल्य राष्ट्रवादी चिन्तन से मिलकर जिस सर्वजन-संवेद्य साहित्य की सृष्टि करते हैं उसमें भूत, वर्तमान एवं भविष्य तीनों कालों की छवि होती है । पाश्चात्त्य काव्यशास्त्रियों ने कवि और इतिहासकार में यही अन्तर किया है कि विवेक का पुञ्जीभूत अवतार कवि प्राचीनता का पोषक वर्तमान का सजग प्रहरी एवं भविष्य का द्रष्टा होता है । महर्षि अरविन्द कहते हैं कि कवि की अन्तर्दृष्टि नितान्त वैयक्तिक वस्तु नहीं, वह कवि के समसामयिक युग तथा समाज के मस्तिष्क, विचारधारा एवं उपलब्धियों पर भी निर्भर होती है । डॉ0 रमाकान्त शुक्ल इन मान्यताओं के निदर्शन हैं । भारतवर्ष की गरिमा, महिमा एवं इसके शाश्वत प्रतिष्ठित स्वरूप के दर्शन से उनका उद्दाम उत्साह, एवं अव्याहत श्रद्धा कल्लोलिनी थम नहीं पाती है । वे 'भाति मे भारतम्' की धुन में चहकने लगते

---

द्रष्टव्य

१- कचः-तव चिन्तनमपि जनस्य कृतेऽभिशापः । का वार्ता सम्पर्कस्य । त्वया सह किञ्चित्कालसम्पर्काद् यदा सिद्धविद्यस्याऽपि मम स्वभावोऽसन्तुलितः सञ्जातस्तदा तेषां का दशा स्यात् येऽहर्निशं ते प्रभावे तिष्ठन्ति ।।

(अभिशापम्- डॉ0 शुक्ल)

हैं। समूचे विश्व में बन्धुत्व की[१] पावन शिक्षा देने वाला विश्ववन्द्य चरित्रों से संसारको पवित्र करने वाला, सारे विश्व को एक कुटुम्ब समझने वाला मेरा भारत देश संसार में सदैव सुशोभित हो रहा है। अंगूर ओर सेवों से परिपूर्ण और मधु से प्लावित, नावों के घरों एवं देवदारुओं के वनों से सुन्दर कश्मीर वाले इस देश की शोभा का गान डॉ0 शुक्ल ने भारत के कोने कोने में तो किया ही, अमेरिका एवं मारीशस देशों में भी जाकर अपने देश के सौभाग्य की इस प्रतिनिधि रचना को सप्तम स्वर में विदेशियों को सुनाकर बीसवीं शताब्दी में भी उन्हें भारत के प्रति लालची बना दिया। वास्तव में, यह 'भाति मे भारतम्' नामक संस्कृत काव्य, इस सदी का सबसे लोकप्रिय, सहृदय, कवि, विद्वान् एवं समालोचकों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसित राष्ट्रीय काव्यरत्न है। यही कारण है कि डॉ0 सत्यव्रत शास्त्री, डॉ0 शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी, डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार गुप्त, डॉ0 हरिनारायण दीक्षित, डॉ0 भगीरथ प्रसाद शास्त्री ''वागीश'' एवं डॉ0 रमेशचन्द्र शुक्ल प्रभृति विद्वत्तल्लजों ने इस पर समीक्षात्मक लेख लिखे। कुछों ने प्रशस्तियाँ लिखीं। डॉ0 शिवदत्त चतुर्वेदी[३] ने समीक्षा के साथ ''भाति मे भारतम्'' के ही छन्द में १५ प्रशस्ति पद्य लिखे। ''अभिराज'' डॉ0 राजेन्द्र मिश्र[४] एवं ''कविरत्न'' ओमप्रकाश ठाकुर[५] ने डॉ0 शुक्ल का उनके इस

---

द्रष्टव्य-

१- विश्वबन्धुत्वमुद्घोषयत्पावनं विश्ववन्द्यैश्चरित्रैर्जगत्पावयत्।
विश्वमेकं कुटुम्बं समालोकयद् भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।१।।
(भाति मे भारतम्)

२- गोस्तनीसेवपूर्णं मधुप्लावितं देवदारूद्वहं नौगृहैः रञ्जितम्।
सुन्दरं यस्य काश्मीरकं राजते भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।२।।
(भाति मे भारतम्)

३- श्रीरमाकान्तशुक्लस्य काव्यं नवं भाति मे भारतं शुभचित्राञ्चितम्।
शब्दधाराप्रवाहेण रोमाञ्चितं भावनागुम्फितं सर्वमोदावहम् ।।
(डॉ0 शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी, वाराणसी)

४- सिंहनादस्तदीयो रमाकान्तको भाति यस्याऽऽननेऽनारतं भारतम्
(डॉ0 राजेन्द्र मिश्र, सुरभारतीदण्डकम्)

५- गायन् मधुरं 'भाति मे भारतं' कविशार्दूलरमाकान्तः ।।
(कविरत्न ओम्प्रकाश ठाकुर)

प्रतिनिधि ग्रन्थ के साथ ही स्मरण किया । जहाँ तक मेरी जानकारी है वर्तमान सदी के विद्वत् शिरोमणि डॉ0 रेवाप्रसाद द्विवेदी, पं0 करुणापति त्रिपाठी, डॉ0 नगेन्द्र, डॉ0 मण्डन मिश्र, डॉ0 रामकरण शर्मा, डॉ0 देवी दत्त शर्मा, डॉ0 मारुतिनन्द पाठक, डॉ0 रमेशचन्द्र रस्तोगी, श्रीहरिमाधव शरण, डॉ0 प्रकाश पाण्डेय, प्रा0 हरिश्चन्द्र रेणापुरकर, श्री एस0 बी0 वेलणकर, डॉ0 दीपक घोष, डॉ0 विश्वम्भरमिश्र ''वागीश''. डॉ0 दीनदयाल चतुर्वेदी, श्री मुकुल शर्मा, डा0 लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, श्री राधेश्याम शर्मा, श्री अनन्तराम गौड़, श्री आर0 के0 नरूला इत्यादि देववाणी-साधकों ने इस रचना की प्रशंसा की । डॉ0 शुक्ल का राष्ट्रीय व्यक्तित्व इस रचना से अन्तर्राष्ट्रीय हो गया ।

संस्कृत कविता के क्षेत्र में डॉ0 शुक्ल ने राष्ट्रीय कविता को ही अपनी संचेतना दी । उन्हें देश एवं विदेश में जहाँ भी जो स्थान अच्छा लगा उसे उन्होंने एक साहित्य कलेवर दिया । ''भाति मौरीशसम्'' ''उज्जयिनीयं जयति'', ''राजस्थानम्'', ''जाबालिपुरं चल'' ऐसी ही रचनायें हैं । बादल भी जब आकाश में अपने निश्चित समय पर आया तो, डॉ0 शुक्ल ने उसका काव्याभिनन्दन एवं स्वागत किया । ''स्वागतं पयोद ते'' नामक अपनी कविता में डॉ0 शुक्ल की दृष्टि जीवन पर आ पड़ी और उन्होंने इस संसार में द्वन्द्व को ही जीवन[१] नाम दिया । संसार को निश्चिन्त रहने का सन्देश दिया । ''नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम्'' कविता में शुक्ल ने समय पर वर्षा की कामना[२] की । उनके हृदय में विद्यमान विश्व कल्याण-भावना, औदार्य व सद्भाव के समाश्रित होकर प्रकट हुई । वे अपने बहरुओं से पुष्ट गोमाताओं की कामना करते हैं । अपने इस कामना सन्देश में डॉ0 शुक्ल सभी स्वकर्मणिसंलग्न लोगों के मंगल एवं कल्याण की कामना करते हुए वाणी में[३] विद्या, हाथ में कर्म,

---

द्रष्टव्य-

१- स्वागतं पयोद ! ते ।
हे सुकालवारिमुक् !
त्वया धरा सुतर्पिता
द्वन्द्व एव जीवनं नु
चिन्तयाऽलमत्र ते ।। स्वागतं पयोद ते । डॉ0 शुक्ल

२- वारिवाहस्सुकाले समागच्छतात् सन्तु गावस्सवत्साश्च पुष्टाः समाः।
शं स्वकार्येलग्नाः समे प्राषु नुयु-र्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।।

३- वाचि विद्या करे कर्म दृष्टौ दया पादयोश्च प्रकृष्टा गती राजताम्
सुप्रवृत्तेन्द्रियैस्तोषमेयुर्जना नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।। (डॉ0 शुक्ल)

भावना में दया एवं पैरों में प्रकृष्ट गति की कामनां करते हैं । ये सर्वविध सर्वकल्याणमयी नेत्रों भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत की धरोहर हैं । डॉ0 शुक्ल का शिवत्वाऽनुरागी विराट् व्यक्तित्व इन विस्तृति-परिचुम्बित समुद्घोष-संकल्पनाओं में साह्लाद नर्तन करता दिखाई पड़ता है । आगे चलकर डॉ0 शुक्ल जब अपनी कामनाओं की पूर्ति में विश्व प्रपंच नियामक की लीला का थोड़ा सा भी ताण्डव अकाल में ही घिर आये बादल के रूप में देखते हैं तो वे अपनी ''अकालजलद'' कविता में अपना रोष व्यक्त करते हैं । प्रकृति की अनेकरूपता को डॉ0 शुक्ल का कोमल हृदय सह नहीं पाता है । वे अपने आक्रोश की अभिव्यक्ति कर ही देते हैं । राष्ट्रीय धारा से अनवरत प्रभावित व उससे सर्वदा समालिंगित कविचूडामणि डॉ0 शुक्ल अपनी पुस्तक ''जय भारतभूमे'' में कई शीर्षकों के माध्यम से अपनी मातृभूमि का स्तवन करते हैं तथा उसकी उन्नति, उसकी ऐतिहासिक यशःश्री का परिचय देते हैं । इस संस्कृत काव्य का मूल्यांकन भी १९८४ ई0 में डॉ0 हरिनारायण दीक्षित द्वारा हो चुका है । ''अर्वाचीनसंस्कृतम्'' पत्रिका में इसका प्रकाशन भी हुआ है । कवि अनेक प्राचीन पद्धतियों[१] एवं नवीन-प्रयोग समूहों वाली उचिताऽनुचित-समयनिरीक्षिका विश्वप्रणम्या भारतभूमि को प्रणाम करता है । इसी प्रकार ''एकं सद् बहुधा विलोक्यते भारतम्'' में राष्ट्रवादी कवि भारतवर्ष की एकता में अनेकता एवं[२] अनेकता में एकता की वर्णना का अभ्युदय कर ऐकात्म्य से सर्वदा संसिक्त अपने भारत राष्ट्र की सुरवन्द्यता की तरफ विश्व का ध्यान आकृष्ट करता है । ''भारतजनताऽहम्'' संस्कृत कविता में मेधावी, मनीषी, कवि डॉ0 शुक्ल ने ब्रह्माण्ड की समग्र सर्जना में भारत जनता की सुप्रतिष्ठित शोभा सर्वसशक्त-स्वरूपवाली स्वाभाविक ऊँचाई, एवं उदात्त जीवन मूल्यों की स्वाभिमानिनी रूपरेखा विन्यस्त की है । कवि की भाषा भावों के साथ अनायास सरकती, प्रवाहमयता की जीवन्तता

---

द्रष्टव्य-

१- अतिपुण्यपुरातनपद्धतिभि-
नर्वनूतनयोगप्रयोगचयैः ।।
समयोचितनीतिबलैस्सहिते !
जय भारतमेदिनि ! विश्वनुते ।। (जय भारतभूमे)

२- एकं सद् बहुधा विलोक्यते भारतम् ।
एकमखण्डमभिन्नमस्ति मे भारतम्
रम्यमस्ति सुरवन्द्यमस्ति मे भारतम् ।। (डॉ0 शुक्ल)

बनाये उत्कृष्ट काव्यत्व के निदर्शनत्व को संस्तुति देती है। मैं यह बात निःसन्देह भाव से कह सकता हूँ कि डॉ0 शुक्ल की राष्ट्रपरक प्रत्यग्र रचनाओं में, मैं ''भारतजनताऽहम्'' रचना को सर्वोत्तम मानता हूँ। इस रचना में डॉ0 शुक्ल का कविहृदय समूची भारतजनता का प्रतिनिधित्व करता है। वे इस रचना में सर्वात्मा व सर्वहृदय हैं। गीतात्मक अनुरणनों से झङ्कृत यह कविता दूरदर्शन से प्रसारित होते समय उनका भी चित्त आकर्षित कर लेती थी, जो देव भाषा जानते ही नहीं! समय पर मैं वज्र से से भी कठोर हूँ,[१] समय समय पर मैं पुष्प से भी कोमल हूँ, मैं स्वाभिमानिनी भी हूँ, विनम्र भी हूँ, मैं स्वर्ग कहे जाने वाले भारत की ऋजुचरिता जनता हूँ। मेरी जिह्वा[२] कीलने में कौन समर्थ है अरे! मैं गर्जन करती हुई भारत की जनता हूँ।मैं अध्यात्मनदी में[३] स्नान से परिपूता, दृढ़कवचा,[४] धृतिशीला, बहुवर्णा एवं रसभरिता[५] भारत-जनता हूँ। ये पंक्तियाँ संस्कृत की अनमोल लड़ियाँ हैं। ये डॉ0 शुक्ल के अनुपम कवित्व की परिचायिका हैं। ज्ञातव्य है कि डॉ0 शुक्ल ने ''भाति मे भारतम्'' की रचना कर भारत की समस्त उपलब्धियों को सुशोभित होती हुई कहा है। उनका भारत हर तरह से चमकता हुआ ही अभिव्यक्त हुआ है, किन्तु बाद में अभावों की अनेकता के आ जाने पर डॉ0 शुक्ल का कविहृदय देश को करुण आह भरता हुआ देखता है, तो उनका हृदय उनसे ही प्रश्न करता है, ''क्या आप सदैव यही कहा करते हैं कि देश सुशोभित हो रहा है; क्या आप आज

द्रष्टव्य-

१- अभिमानधना विनयोपेता शालीना भारतजनताऽहम्।
कुलिशादपि कठिना कुसुमादपि सुकुमारा भारतजनताऽहम्।
(डॉ0 शुक्ल)

२- जिह्वां मे कीलयितुं शक्तः कः कोऽत्र जगति मातुर्जातः।
वाणी विहरति मे सदोज्ज्वला गर्जन्ती भारतजनताहम्॥
(डॉ0 शुक्ल)

कृत्वा भूमण्डलपर्यटनं यं देशं स्वर्गं मनुते नाः।
तस्यैव नृपस्तस्यैव प्रजा ऋजुचरिता भारतजनताऽहम्॥

३- अध्यात्मसुधातटिनीस्नानैः परिपूता भारतजनताऽहम्॥
विविधाप्येका विलसामि मुदा बहुवर्णा भारतजनताऽहम्॥

४- ममसमा हि जनता क्वाऽपि नास्ति धृतिशीला भारतजनताऽहम्॥
आर्जवं न मे मूर्खत्वमस्ति दृढकवचा भारतजनताऽहम्॥

५- मम गीतैर्मुग्धं सर्वं जगद् रसभरिता भारतजनताऽहम्॥
(भारतजनताऽहम्)

अपनी आँखों से नहीं देखते कि देश अभावों की आत्यन्तिकता से अभिप्रेत होकर रो रहा है,"[१] । "रौति ते भारतम्" कविता में डॉ0 शुक्ल की ये ही संचिन्तनायें स्फुटित होती हैं । वे कहते हैं कि मैंने "भाति मे भारतम्" में दोषों को सर्वथा परित्यक्त करके गुणों की ही गणना की थी । डॉ0 शुक्ल ने अन्त में सब से यह निवेदन किया है कि वे ऐसा करें जिससे देश निरन्तर शोभित ही होता रहे[२] । देश की[३] बढ़ती हुई उग्रता, विहिंसन, एवं चीत्कृति से वे बहुत ही दुःखी हो जाते हैं तथा अपनी "राष्ट्रदेवते" कविता में वे स्वयं राष्ट्रदेवता से कहते हैं कि हे राष्ट्रदेवते! बोलो, मैं तुम्हारा पूजन एवं अर्चन कैसे करूँ । राष्ट्रदेवता के अन्दर समवेदना जगाकर वे उससे क्षमायाचना भी करते हैं ।[४] क्योंकि वे पहले "भाति मे भारतं" में उसके

---

द्रष्टव्य-

१- कश्चिदुवाच-

किंरमाकान्त ! नित्यं त्वया भण्यते

'भाति मे भारतं, भाति मे भारतम्' ।

किं न पश्यस्यनेकैरभावैर्युतं

रौति ते भारतम् रौति ते भारतम् ।।

रमाकान्त उवाच-

यत्त्वया कीर्तितं दोषजातं सखे ।

तन्मया सूचितं ह्येकपद्ये पुरा !

दोषवर्जं मया सद्गुणाः सन्विताः

तेन प्रोक्तं मया भाति मे भारतम् ।।

२- कीर्तनेनैव वा क्रन्देनैव वा लोपमेष्यन्ति दोषा न देशस्य वै ।

तेन सर्वैः क्रियन्तां सदा सुक्रियाः येन भातु प्रसन्नं सदा भारतम् ।।

रौति ते भारतम्- डॉ0 शुक्ल

३- राष्ट्रदेवते कथं नु पूजनं करोमि ते

ब्रूहि देवते ! समर्चनं कथं करोमि ते, राष्ट्रदेवते !

उग्रताविहिंसनोत्थचीत्कृतीः शृणोमि चेत् ।

राष्ट्रदेवते ! कथं नु कीर्तन करोमि ते, ब्रूहि देवते ।।

४- मिष्टमर्पितं पुरैव 'भाति भारतं' हि ते ।

यन्मया कटूक्तमत्र तत्क्षमस्व देवते ।। राष्ट्रदेवते - डॉ0 शुक्ल, राष्ट्रदेवते !

सौविध्य के गीत गा चुके हैं । ऐसे[१] ही अपनी ''अहं स्वतंत्रता भणामि'' कविता में कवि जब स्वयं स्वतंत्रता बनकर बोलता है तो दुःखी ही है । बड़े बलिदान एवं बड़े त्याग से प्राप्त हुई स्वतंत्रता दैन्यभाव से सब को अपनी बात सुनने के लिए और उसे मानस में बिठाकर यथोचित विधान की प्रार्थना करती है । ''अहं स्वतन्त्रता भणामि'' कविता में डॉ0 शुक्ल की स्वतंत्रता, पग-पग पर व्याप्त अयोग्यता, पदच्युत होती हुई सुयोग्यता, चाटुकारिता, देखकर सकष्टा हो जाती है और कहती है कि यदि यही दशा देश की रही तो मेरी स्थिति परिपुष्ट कैसे होगी ! देशवासियों से देशवासियों की हिंसा, पार्थक्य, दौःशील्य से दुःखी स्वतन्त्रता सबसे यह मिन्नत करती है कि, जिसे देखकर मेरी यह दयनीय दशा हो गयी है, उस दोषमयता को शीघ्र ही दूर कर दीजिये । इस कविता के माध्यम से डॉ0 शुक्ल ने वर्तमान युग की अमानवीय सञ्चरण-प्रणाली से क्षोभ व्यक्त कर यथार्थ एवं वास्तविकता की जीवन्त प्रस्तुति की है । २५ जनवरी १९८७ में इसे सर्वभाषा कविसम्मेलन में संस्कृत की प्रतिनिधि रचना स्वीकार किया गया था एवं आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से इस कविता का प्रसारण हुआ था । भारत की सभी प्रमुख भाषाओं मे इसके काव्यरूपान्तर भी प्रसारित हुए थे । हिन्दी काव्यरूपान्तरकार थे डॉ0 कृष्णमुरारी शर्मा ।

---

द्रष्टव्य

१- अहं स्वतन्त्रता भणामि मद्वचो निशम्यताम्
निधाय मानसे च तद् यथोचितं विधीयताम् ।।
अहं स्वतन्त्रता -----
अयोग्यता पदोन्नता सुयोग्यता पदच्युता ।
अमोघलाभकारिणी मता च चाटुकारिता ।
इयं दशा स्व भारतस्य चेत्तदा मम स्थितिः
सुपुष्टतां भजेत्कथं भवद्भिरेव कथ्यताम् ।।
अहं स्वतंत्रता -----
स्वदेशवासिभिः स्वेदशवासिनां विहिंसनम्
पृथक्त्वभावपोषणं स्वदेशदेहदारणम् ।
अधीतिपण्यविक्रयं करप्रदातृनिःस्वतां
विलोक्य यां शुचं गतास्मि सा द्रुतं विलोप्यताम् ।।
अहं स्वतन्त्रता भणामि -------- ।।

(अहं स्वतन्त्रता भणामि- डॉ0 शुक्ल)

इस प्रकार यह बात पूर्ण सिद्ध हो जाती है कि डॉ0 शुक्ल का बहुआयामी, उदात्त, निर्भीक, पुनः विशेष राष्ट्रवादी व्यक्तित्व, जिसे समष्टि की संचेतना कह सकते हैं, उनके कर्तृत्व में अभिव्यक्त है । मैने यह बात पहले ही कही थी कि व्यक्तित्व, व्यक्ति के परिवेश, स्थिति, प्रेरणा, परम्परा, मान्यता, आदर्श, विश्वास, रुचि, छवि, पर्यवेक्षण, अनुभूति एवं संचेतना का ही एक सुव्यवस्थित अभिधान है । साहित्य साहित्यकार के व्यक्तित्व की प्रतिच्छवि के सिवा कुछ नहीं । सारस्वत समाज को डॉ0 शुक्ल ने जिन जिन माध्यमों से आह्लादित किया है, संस्कृत वाङ्मय की जिन जिन रचनाओं से श्री वृद्धि की है, राष्ट्रमाता का जिन जिन भावों से अभिनन्दन किया है, वे सब इनके विराट् व्यक्तित्व की सतरंगी शोभाएँ हैं । उनका कर्तृत्व अगम्य है तो व्यक्तित्व सुरम्य है । उनकी सेवायें अद्वितीय हैं, वे ओज एवं उत्साह की प्रतिमूर्ति हैं । गुरुवर्य डॉ0 राजेन्द्र मिश्र ने अपनी एक रचना में डॉ0 शुक्ल को संस्कृत वाग्वधूटी का रोष कहा है-[१] वे रोष तो हैं ही, मेरे शब्दों में वे संस्कृत वाग्वधूटी के घोष हैं ।

श्रीरमाकान्तशुक्लोऽस्ति घोषो ध्रुवम् ।
वाग्वधूट्या वधूट्या वधूट्याश्चिरम् ।।

---

१- रोषः कान्तो रमायाः -- इत्यादि ।

(डॉ0 राजेन्द्र मिश्र 'अभिराज')

# सभाजना

अवस्थी डॉ० बच्चूलालो ज्ञानोपाह्वः

शुक्लो रमाकान्तो मम यवीयान् सुहृत् । स्वयं कविर्भवन् मादृशानां काव्येषु प्रवर्तकः चन्द्रिकोल्लास इव चकोराणामाह्लादेषु, पाथोद इव बर्हिणानां नर्तनेषु, राकेश इव च सागरतरङ्गाणामुत्तुङ्गायितेषु, सन्निधिमात्रेणाकर्षग्रावेवायसानामभिमुखाकर्षणेषु । यथा पान्थः श्रान्तो वाटिकायां विश्राम्यति तथा कविहृदयः सहृदयो वा लोकशोककातरो रमाकान्तस्य प्रज्ञायां कृताश्वासमात्मानमनुभवति । अस्य प्रतिभा वक्रं मार्गं विधूय ऋजुमेव पन्थानमभ्युपेत्य कथ्यं यथातथ्यं व्याहरतीति तद्विदो विदुः। ऋजुना हि पथा क्राम्यन्नसौ न चिराय लक्ष्यं विध्यतीति नाविदितम् । तथा हि

किं कुरुथ किं वा करिष्यथ ? वदत नेतारो मनाक्!
किं मनसि वो वर्तते भो ? भणत नेतारो मनाक् !
पादयोः प्रणिपत्य घोणा-घर्षणं कृत्वा मुहुः ।
याचितं यन्मे मतं तस्यादरं रक्षत मनाक् ।।

मतादानसमये घोषणापत्रं प्रसार्य कार्यचिन्तैव प्रजाभ्यः क्रियमाणा प्रतीयते किन्तु शासनतन्त्रं स्वायत्तं कृत्वा नेतृब्रुवैः खलु अकार्यचिन्तैव क्रियते । पुनरपि पञ्चवर्षानन्तरमस्माकमेव शासनं प्रचलेदिति मनसि निधाय ते जनतायां जातिभेदं वर्गभेदं धर्मभेदं चादाय गृहयुद्धायैव जनः प्रयुज्यत इत्यहो जनतन्त्रस्य महिमा । इत्येतावत् सत्यमुद्घाटयितुमियं रचना पुरश्चक्रे ।

नेतारो यथा वा तथा वा सन्तु किन्तु भारतीया जनता सर्वोत्कर्षेण विराजते । भवन्तु नाम केऽपि लम्पटा लोलुपा लुण्टाका वा परन्तु समग्रतया ग्रहणे तस्याः स्वरूपमर्हणीयमेवेति कथयन् रमाकान्तः शुक्लो ब्रूते-

अभिमानधना विनयोपेता
शालीना भारतजनताऽहम् ।
कुलिशादपि कठिना कुसुमादपि
सुकुमारा भारतजनताऽहम् ।

काठिन्यं स्तुवानः प्राह

लङ्घिताः पर्वता अवरुद्धा
नद्यः, प्रपूरिता जलाशयाः
सिक्ता मरवश्च यथा बहुधा
महिता सा भारतजनताऽहम् ।।

अपि च मनसो मृदुत्वं वर्णयन् स्तौति-

आचरति दुर्जनो नीचकर्म
यत् तत् सर्वं जाने, जाने ।
प्राप्नोमि तथापि न निष्ठुरतां
करुणार्द्रा भारतजनताऽहम् ।।

× × ×

जो साध्य अपेक्षित हो और जिसके लिये नाट्य का प्रारम्भ होता है तथा जिसकी सिद्धि के लिये क्रिया की समाप्ति होती है, उसे कार्य कहते हैं-

''अपेक्षितं तु यत्साध्यमारम्भो यन्निबन्धनः ।
समापनं तु यत्सिद्धयै तत्कार्यमिति सन्मतम् ।।''[२०]

नाटक में नायक-नायिका-मिलन तथा नायक का संस्कृत भाषा और साहित्य के प्रति समर्पण भाव कार्य है ।

## पञ्च अवस्था

फल की इच्छा वाले व्यक्ति के द्वारा आरम्भ किये गये कार्य की पाँच अवस्थायें होती हैं-

"अवस्थाः पञ्च कार्यस्य प्रारब्धस्य फलार्थिभिः
आरम्भयत्नप्राप्त्याशानियताप्तिफलागमाः ॥[२१]

## आरम्भ

"भवेदारम्भ औत्सुक्यं यन्मुख्यफलसिद्धये ।"[२२]

और भी कहा है-

"फलायौत्सुक्यमारम्भः ।"[२३]

फल की सिद्धि के लिए जो औत्सुक्य है उसे आरम्भ कहते हैं । नाटक के तृतीय अंक में आरम्भ नामक अवस्था प्राप्त है-

लवंगी-इमाः कविताः कुतः कुतोऽवधार्य आनयसि ?

सखी- तत एव योऽसौ अद्यत्वे ब्रूते-
यथा यथा तामरसेक्षणा मया
पुनः सरागं नितरां निषेविता ।
तथा तथा तत्त्वकथेव सर्वतो
विकृत्य मामेकरसं चकार सा ।"[२४]

## प्रयत्न

"प्रयत्नस्तु फलावाप्तौ व्यापारोऽतित्वरान्वितः ।"[२५]

नाट्यदर्पणकार के अनुसार- "प्रयत्नो व्यापृतौ त्वरा"[२६]

अर्थात् फल की प्राप्ति हेतु त्वरायुक्त यत्न को प्रयत्न कहते हैं । नाटक में पण्डितराज जगन्नाथ का नित्य रसमयी कविता द्वारा राजा को प्रसन्न करने का प्रयास।

## प्रत्याशा

"उपायापायशंकाभ्यां प्राप्त्याशा प्राप्तिसम्भवः ।"

उपाय के होने तथा विघ्न की शंका होने से जो फल प्राप्ति की सम्भावना होती

है, वह प्राप्त्याशा कहलाती है। शुक्ल जी कृत ''पण्डितराजीयम्'' के पञ्चम अंक में प्राप्त्याशा निम्न स्थान पर स्पष्टतः परिलक्षित है-

शाहजहानः- पण्डितराज,------ब्रूहि मनोगतम्।

लवंगी- (प्रविश्य) इदं पेयम्।

जगन्नाथः- (स्वगतं) कथं याचे ?

शाहजहानः- ननु ब्रूहि निःशङ्कम् ?[२७]

जगन्नाथः- (प्रकाशं) देव,यदपि याचे तद् दास्यसि ?

शाहजहानः- अवश्यम्। ननु दिल्लीश्वरोऽहम्।''[२८]

## नियताप्ति

''अपायाभावतः प्राप्तिर्नियताप्तिस्तु निश्चिता।''[२९]

अर्थात् विघ्नों के अभाव से फल की निश्चित रूप से प्राप्ति ही नियताप्ति कहलाती है। प्रस्तुत नाटक में निम्न स्थान पर नियताप्ति है-

जगन्नाथः - अधुनेयं मम पत्नी भवतु इति कामये।

शाहजहानः - (लवंगीं प्रति) लवंगि ! पण्डितराजस्य याचना तवाभिमता न वा ? अस्माभिरियं याचना पूरणीया।

लवंगी-यदा देवेन प्रथमं वचो दत्तं, तदा तु याचना पूर्णा एव।''[३०]

## फलागम

''सावस्था फलयोगः स्यात् यः समग्रफलोदयः।''[३१]

अर्थात् समग्र फल की प्राप्ति को फलागम कहते हैं। नाटक में फलागम निम्न स्थान पर हैं-

शाहजहानः- ''(विहस्य) पण्डितराज, भवते लवंगी प्रदत्ता। इयमस्मत्पालिता कन्या सुखिनी स्यात्। शुभं कामये भवतोः। लवंगि, धन्यासि पण्डितेन्द्रकल्पद्रुमं प्राप्य।''[३२]

## सन्धियाँ

''अर्थप्रकृतयः पञ्च पञ्चावस्थासमन्विताः।
यथासंख्येन जायन्ते मुखाद्याः पञ्च सन्धयः॥''[३३]

पाँच कार्यावस्था पाँच अर्थप्रकृतियों से मिलकर पाँच सन्धियों का निर्माण करती हैं । पाँच सन्धियाँ मुख, प्रतिमुख, गर्भ, अवमर्श और निर्वहण हैं । नाटक में पाँचों सन्धियों का समुचित समावेश है ।

## मुखसन्धि

''यत्र बीजसमुत्पत्तिर्नानार्थरससम्भवा
प्रारम्भेण समायुक्ता तन्मुखं परिकीर्तितम् ।।''[३४]

श्रीमत्पेरमभट्टस्य सूनुर्जगन्नाथोऽहम् (बीज)

प्रथम दृश्य में अपने काव्य के प्रति आत्माभिमान अतः वीर रस, गंगा के प्रति भक्ति रस, पण्डितराज द्वारा विरचित श्लोकों में जिज्ञासा या कौतूहल वृत्ति के कारण अद्भुत रस के समावेश के कारण मुख सन्धि है ।

## प्रतिमुख सन्धि -

''फलप्रधानोपायस्य मुखसन्धिनिवेशिनः ।
लक्ष्यालक्ष्य इवोद्भेदो यत्र प्रतिमुखं च तत् ।।''[३५]

नाटक के तृतीय अंक में ''अयि मन्दस्मितमधुरं'' श्लोक से (प्रेम रूपी) बीज का कुछ प्रकट (लक्ष्य) रूप में और ''उपनिषदः परिपीता'' में अलक्ष्य की तरह से प्रकाशन के कारण प्रतिमुख सन्धि है ।

## गर्भ सन्धि

''गर्भस्तु दृष्टनष्टस्य बीजस्यान्वेषणं मुहुः ।
द्वादशाङ्कपताका स्यान्न वा स्यात्प्राप्तिसंभवः ।।''[३६]

चतुर्थ अंक (दृश्य) में सम्राज्ञी के द्वारा लवंगी और जगन्नाथ के प्रेम के विषय में जानकर प्रेम की प्राप्ति में सहायक होना, पंचम अंक में लवंगी द्वारा अप्राप्ति की आशंका, तदुपरान्त पुनः इसी अंक में पुनः प्राप्ति से गर्भसन्धि है ।

## विमर्श या अवमर्श

''क्रोधेनावमृशेद्यत्र व्यसनाद्वा विलोभनात् ।
गर्भनिर्भिन्नबीजार्थः सोऽवमर्श इति स्मृतः ।।[३७]

नाटक के पंचम अंक में जगन्नाथ के कथन-

जगन्नाथः- तर्हि अत्र भवन्तो मां जेतुकामाः---कदा सा नवनीतकोमलांगी ।[३८]

में लवंगी को प्राप्त करने रूप ऊहापोह के कारण विमर्श की स्थिति है, अतः अवमर्श सन्धि है ।

## निर्वहण

''बीजवन्तो मुखाद्यर्था विप्रकीर्णा यथायथम् ।
एकार्थमुपनीयन्ते यत्र निर्वहणं हि तत् ॥''[३९]

''पण्डितराजीयम्'' में सम्राज्ञी के कथन, लवंगी द्वारा संस्कृत शिक्षा के लिए प्रार्थना आदि का शाहजहाँ द्वारा 'पण्डितराज, भवते लवंगी प्रदत्ता'' वाक्य द्वारा फलागम रूप में अभीष्ट पूर्णता को प्राप्त करता है । अतएव चतुर्थ अंक से पंचम अंक तक निर्वहण संधि है ।

## नायक

नायक में नेतृत्व का गुण होना आवश्यक है क्योंकि रस परिपाक का मूल वही है-तमालम्ब्य रसोद्गमात् ।[४०] नेता के विषय में कहा गया है-

''त्यागी कृती कुलीनः सुश्रीको रूपयौवनोत्साही ।
दक्षोऽनुरक्तलोकस्तेजोवैदग्ध्यशीलवान् नेता ।''[४१]

नायक चार प्रकार के होते हैं-

''भेदैश्चतुर्धा ललितशान्तोदात्तोद्धतैरयम् ।''[४२]

पण्डितराजीयम् का नायक पण्डितराज जगन्नाथ मालतीमाधव और मृच्छकटिक आदि के नायक की भाँति धीरप्रशान्त नायक की कोटि में आता है । धीरप्रशान्त नायक में निम्न विशेषताएँ होती हैं-

''सामान्यगुणयुक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः ।''[४३]

## रस

भारतीय विचारकों ने काव्य से प्राप्त होने वाले आनन्द का विवेचन रस सिद्धि के रूप में किया है । भरत से लेकर पण्डितराज जगन्नाथ तक सभी मनीषियों ने रस विवेचन में दीर्घ काल व्यतीत किया है । विश्वनाथ कविराज का तो कहना है-

''वाक्यं रसात्मकं काव्यम् ।''[४४]

श्रुति भी कहती है- रसौ वै सः ।



काव्यप्रकाशकार ने रसों के निम्न भेद किये हैं-

''शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः ।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः ।।''[४५]

परवर्ती विद्वान् शान्त को नवम रस के रूप में स्वीकार करते हैं-

''निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः ।''[४६]

पण्डितराजीयम् में यथा-यथा तामरसेक्षणा मया,[४७] इयं सुस्तनी मस्तकन्यस्तकुम्भा में शृङ्गार रस,[४८] स्मृतं सद्यः स्वान्तं में भक्ति रस,[४९] रे खल तव खलु चरितं[५०] में मात्सर्य, जुगुप्सा के कारण बीभत्स रस, नेपथ्य में गायकों द्वारा पढ़े गये श्लोकों में करुण रस[५१] आदि के दर्शन होते हैं किन्तु अंगीरस शृङ्गार ही है । मात्र एक वाक्य से करुणिक भाव पाठकों का हृदय द्रवीभूत कर देता है-

जगन्नाथः- पण्डितराजस्तु यदासीत् तदासीत् । अधुना तु अनाथो जगन्नाथ एव ।[५२]

## प्रसाद गुण वैदर्भी रीति

आत्मा के शौर्यादि धर्मों के समान (काव्य के आत्मभूत) प्रधान रस के जो अपरिहार्य और उत्कर्षाधायक धर्म हैं वे गुण कहलाते हैं । गुण तीन प्रकार के होते हैं- प्रसाद, माधुर्य और ओज ।

प्रसाद गुण को मम्मटाचार्य ने इस प्रकार परिभाषित किया है -

''शुष्केन्धनाग्निवत् स्वच्छजलवत्सहसैव यः ।
व्याप्नोत्यन्यत् प्रसादोऽसौ सर्वत्र विहितस्थितिः ।।[५३]

अर्थात् सूखे इन्धन में अग्नि के समान अथवा स्वच्छ जल के समान जो चित्त में सहसा व्याप्त हो जाता है, वह सर्वत्र (सब रसों में) रहने वाला प्रसाद (गुण) कहलाता है ।

प्रस्तुत नाटक में निम्न स्थान पर प्रसाद गुण हैं ।

''उपनिषदः परिपीता गीतापि च हन्त मतिपथं नीता ।
तदपि न हा विधुवदना मानस-सदनाद् बहिर्याति ।।'' ।

## वैदर्भी रीति

वामन ने रीति को काव्य की आत्मा माना है- ''**रीतिरात्मा काव्यस्य ।**''
साहित्यदर्पण में वैदर्भी रीति को इस प्रकार विवेचित किया गया है-

''माधुर्यव्यञ्जकैर्वर्णैः रचना ललितात्मिका ।
अवृत्तिरल्पवृत्तिर्वा वैदर्भी रीतिरिष्यते ।।''[५४]

''पण्डितराजीयम्'' के छठे अंक में निम्नांकित श्लोक में वैदर्भी रीति है -

''सानुकम्पाः सानुरागाश्चतुराः शीतशीतलाः ।
हरन्ति हृदयं हन्त कान्तायाः स्वान्तवृत्तयः ।।''[५५]

काव्य या नाटक में श्रोता या दर्शक और पाठक की कौतूहलवृत्ति कि अब नाटक में क्या होगा ? चार चाँद लगा देती है । शुक्ल जी ने बड़ी निपुणता से औत्सुक्य-निर्वाह का पालन किया है यथा-

लवंगी- किं किं लिखितम् ?

जगन्नाथः- श्रोतुकामासि ?[५६]

शाहजहानः-साधु पण्डितवर, साधु! अन्या शुश्रूषा वर्धते ।[५७]

नाटक में भावप्रवणता भी स्थान-स्थान पर परिलक्षित होती है । द्रष्टव्य है-

लवंगी-अये ध्यानमग्न तपस्विन् ! इदं पेयम्, गृह्यताम् ।।[५८]

नाटक की सरल, सहज भाषा पाठकों के हृदय को अपनी सहज स्वाभाविकता से वशीभूत कर लेती है ।

नाटक का विभाजन अंकों में होता है । और अंकों की संख्या ५ से १० के मध्य होनी चाहिए । नाटककार ने परम्परा का पालन करते हुए १२ अंकों में नाटक को परिणति दी है ।

नाटक में प्रारम्भ में नान्दी और अन्त में भरत-वाक्य का विधान बताया गया है । नान्दी के विषय में कहा गया है-

''आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ।।''[५९]

शुक्ल जी द्वारा प्रणीत ''पण्डितराजीयम्''[६०] में सूत्रधार के द्वारा जन्मभूमि भारत भू की नतमस्तक हो प्रशंसा की गयी है, जो नान्दी के अन्तर्गत आती है-

सूत्रधारध्वनिः - भारतभूमिर्महापुरुषाणाम् जन्मस्थली ।'' ।

इसी प्रकार ''भूतले भाति मेऽनारतं भारतम्''[६१] भरत वाक्य से नाटक की परिसमाप्ति होती है । इस प्रकार नाटक के सभी आधायक अंगों का ''पण्डितराजीयम्'' में निर्वाह किया गया है । अपनी भाषा, रस, भाव-प्रवणता तथा प्रभावशाली संवादात्मकता के कारण यह संस्कृत-साहित्य का अनुपमेय नाटक है,

साथ ही आधुनिक रंगमंच के लिए यह आधुनिक संस्कृत-नाटकों में अपनी कथावस्तु, समसामयिकता, साम्प्रदायिक ऐक्य एवं लालित्य के कारण अभिनेय है।

नाटक ''पण्डितराजीयम्'' की परिकल्पना यद्यपि नाटककार के शब्दों में रेडियो रूपक के रूप में की गयी थी किन्तु नाटक की प्रथम रंगमंचीय प्रस्तुति ने ही इसे सफलता के ऊँचे धरातल पर प्रतिष्ठित किया है। प्रस्तुत नाटक के विषय में आधुनिक समालोचकों के विचारों से ही नाटक के वैशिष्ट्य की सहज कल्पना की जा सकती है।

## समालोचकों के विचार

नाटक की पूर्ण सार्थकता तब है, जब वह मंच पर अपनी कसौटी पर खरा उतरे। ''पण्डितराजीयम्'' को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ और अनेकों प्रबुद्ध संस्कृत-अनुरागियों ने नाटक की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। कतिपय मनीषियों के विचार हैं:-

१. ''दिल्ली में संस्कृत नाटक अति प्रिय हो रहे हैं जिसका ताजा प्रमाण है कुछ दिन पहले ''श्रीराम संस्कृति कला केन्द्र'' के प्रेक्षागृह में प्रस्तुत ''पण्डितराजीयम्'' के दर्शकों की बहुत बड़ी उपस्थिति। --- नाटक की भाषा सहज और सरल थी, जिसको श्रुतिमधुर भी कह सकते हैं।[६२]

२. ''----आलेख की प्रस्तुति साफ सुथरी थी। पात्रों ने काफी अच्छा अभिनय किया और उनका संस्कृत का उच्चारण, गायन ऐसा स्पष्ट था कि हिन्दी जानने वाले उन्हें लगभग पूरी तरह समझ सकते थे।[६३]

३. '' राजस्थानी में संस्कृत नाटक यदा कदा ही होते हैं, लेकिन जो होते हैं वे अपने भाषागत शालीन सौन्दर्य के कारण दर्शकों को अरसे तक याद रहते हैं। यह प्रस्तुति इसी तथ्य का प्रतीक थी। ---------नाट्य बिम्ब सार्थक रूप से उभर कर सामने आये। आगरा और वाराणसी के दृश्यबंध तो वस्तुतः उनकी प्रतिभा के सजीव प्रमाण थे।

नाटक की भाषा संस्कृत होने के बावजूद सहज थी। इसका एक कारण यह भी था कि कलाकारों द्वारा बोले गये संवादों में पाण्डित्यपूर्ण दबाव नहीं था----मंच सज्जा कथा के अनुरूप थी। छोटे लाल के संगीत स्पर्शों ने प्रस्तुति को सार्थकता प्रदान की।''

४. "The play,unlike classical Sanskrit dramas,is written in a realistic manner."[65]

---

१. ए हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर, मैकडानल, पृ0 ३४६

२. रूपकम् क्ली0 (रूपयतीति, रूपि+ण्वुल्) नाटकम् (तस्य संज्ञायुहेमाह रूपरोपात्तु

रूपकम्) इत्यादि । शब्दकल्पद्रुम चतुर्थ खण्ड प्र0 १७६

३. संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी पृ0 ५२५

ए हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर पृ0 १९७--मोनियर विलियम्स तथा बेवर

४. दशरूपकम्- प्रथम प्रकाश का0-७

५. दशरूपकम्- प्रथम प्रकाश का0-८

६. अग्निपुराण

७. पण्डितराजीयम्-डॉ0 रमाकान्त शुक्ल पृ0 ३९

८. दशरूपकम्-प्रथम प्रकाश का0 १८

९. दशरूपकम प्रथम प्रकाश का0 १७ (पूर्वार्द्ध)

१०. साहित्यदर्पण-षष्ठ परिच्छेद का0 ६५

११. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या ३

१२. दशरूपकम्-प्रथम प्रकाश का0 १७ उत्तरार्ध

१३. उद्धृत सा0 द0- पृ0 ३९९ सम्पादक-डॉ0 सत्यव्रत सिंह

१४. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या १२

१५. सा0 द0- षष्ठ परि0, का0 ६७

१६. पण्डितराजीयम्- डॉ0 रमाकान्त शुक्ल पृ0 सं0 १४

१७. सा0 द0-षष्ठ परि0, का0 ६८

१८. नाट्यशास्त्र १९/२५

१९. पण्डितराजीयम्-पृ0सं0 २५

२०. सा0 द0 षष्ठ परि0, का0-६९

२१. दशरूपकं-प्रथम प्रकाश, का0-१९

२२. सा0 द0, षष्ठ परि0 का0-७१

२३. नाट्यदर्पण

२४. पण्डितराजीयम्-पृ0 संख्या १२

२५. सा0 द0, षष्ठ परि0, का0 ७२ (पूर्वार्द्ध)

२६. नाट्य-दर्पण

२७. सा0द0, षष्ठ परि0 का0 ७२ (उत्तरार्द्ध)



२८. पण्डितराजीयम् - पृ0 संख्या २२

२९. सा0द0, षष्ठ परि0 का0 ७३(पूर्वार्द्ध)

३०. पण्डितराजीयम् - पृ0 सं0 २३

३१. सा0 द0, षष्ठ परि0, का0 ७३ (उत्तरार्द्ध)

३२. पण्डितराजीयम् - पृ0 सं0 २४

३३. दशरूपकम्- प्रथम प्रकाश, का0 २२

३४. सा0 द0 षष्ठ परि0, का0 ७६

३५. सा0 द0 षष्ठ परि0, का0 ७७

३६. दशरूपकं- प्रथम प्रकाश, का0 ३६

३७. दशरूपकं- प्रथम प्रकाश, का0 ४३

३८. पण्डितराजीयम्- पृ0 २०

३९. सा0 द0, षष्ठ परि0, का0 ८०

४०. सा0 द0, तृ0 परि0, का0 २९

४१. सा0 द0, तृ0परि0 का0 ३०

४२. दशरूपक- द्वितीय प्रकाश- पृ0 संख्या ११३

४३. दशरूपक- द्वितीय प्रकाश- पृ0 सं0 ११४

४४. साहित्यदर्पण

४५. काव्यप्रकाश-मम्मट चतुर्थ उल्लास,सूत्र ४४, का0२९

४६. काव्यप्रकाश-मम्मट चतुर्थ उल्लास सूत्र ४७, का0 ४४

४७. पण्डितराजीयम्-पृ0 संख्या १२

४८. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या २२

४९. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या ८

५०. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या ३२

५१. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या ३७

५२. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या ३६

५३. काव्यप्रकाश-अष्टम उल्लास, सूत्र ९३

५४. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या १३

५५. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या २५

५६. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या २८

५७. पण्डितराजीयम्, पृ0 संख्या १०

५८. पण्डितराजीयम्, पृ0 संख्या २७

५९. नाट्यशास्त्र ५/२४

६०. पण्डितराजीयम्- पृ0 संख्या १

६१. पण्डितराजीयम् पृ0 सं0 ४०

६२. ''आजकल'' नई-दिल्ली, मई १९८३ ई0

६३. सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, नवभारत टाइम्स, दिल्ली ३ फरवरी १९८३

६४. हिन्दुस्तान, ६ फरवरी १९८३ ई०

६५. Statesman, New Delhi 26th January 1983

# डॉ० रमाकान्त शुक्ल-प्रणीत संस्कृत-नाटक कथ्य की प्रासंगिकता

डॉ० श्यामबिहारीलाल शर्मा

किसी भी साहित्यिक कृति की सार्थकता उसकी प्रासंगिकता में निहित है। विशिष्ट देश और काल की सीमा में आबद्ध होकर भी जिस रचना का कथ्य सार्वदेशिक और सार्वकालिक हो उठता है वही साहित्य की स्थायी और अमूल्य निधि बनती है। विश्व-वाङ्मय की कालजयी रचनाएँ इस तथ्य का स्पष्ट प्रमाण हैं कि उनमें अभिव्यक्त सत्य युग-सत्य होते हुए भी सार्वजनीन और सार्वभौमिक है। जिन कृतियों में अमर सन्देश को वाणी नहीं मिल पाती, केवल तात्कालिक प्रभाव की ही सृष्टि करके रह जाती हैं उनका काल-कवलित हो जाना अवश्यम्भावी है। ऐसी स्थिति में रचनाकार का यह कर्त्तव्य हो जाता है कि वह अत्यन्त अव्यवहितचित्त होकर अपनी रचनाओं में शाश्वत एवं चिरन्तन सत्यों का ही समायोजन करे।

उपर्युक्त दृष्टि से डॉ० रमाकान्त शुक्ल के द्वारा विचरित संस्कृत-नाटकों का विशेष महत्त्व है। उन्होंने अद्यतन छह नाटकों का प्रणयन किया है जो प्रकाशन वर्ष क्रमानुसार इस प्रकार है- 'पुरश्चरणकमलम्' (१९८३), 'पण्डित- राजीयम्, (१९८४), 'अभिशापम्' (१९८५), 'विक्रमोर्वशीयम्' (१९८९), 'आलोकिनी' (१९८९) तथा 'दाराशिकोहीयम्' (१९८९)। ये सभी ध्वनिनाटक हैं जिनका प्रसारण आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र से अनेक अवसरों पर हो चुका है।

(२) 'पुरश्चरणकमलम्' महाप्राण निराला की सुप्रसिद्ध हिन्दी-कविता 'राम की शक्ति-पूजा' भावानुवाद है। इसीलिए इसका कथानक मूल कविता से बहुत भिन्न नहीं है- सन्ध्याकाल हो चुका है। राम और रावण की सेनाएँ अपने-अपने शिविरों में पहुँच चुकी हैं। आज के इस युद्ध में राम ने अपने बाणों से रावण पर अनेक दुर्वार प्रहार किये हैं, किन्तु शक्ति के द्वारा रक्षित होने के कारण वे उसका कुछ बिगाड़ नहीं पाये हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें यह लगने लगता है कि सीता का उद्धार सम्भव नहीं है और इसीलिए उनका हृदय अवसाद युक्त हो उठता है। उनकी खिन्नता को देखकर और उसका कारण जानकर जाम्बवान् उन्हें परामर्श देते हुए

कहते हैं कि आप आराधना का दृढ़तर आराधना से उत्तर दीजिए; यदि रावण अशुद्ध होता हुआ भी शक्ति का अपना हो सकता है तो आप शुद्ध होते हुए भी शक्ति के अपने क्यों नहीं बन सकते । जाम्बवान् की इस मन्त्रणा से राम के हृदय में आशा का संचार होता है । वे शक्ति-पूजा का संकल्प करते हैं । पूजा के निमित्त देवीदह से एक सौ आठ कमलों को लाने के लिए राम हनूमान् को आदेश देते हैं । हनूमान् आज्ञा का पालन करते हैं । तदनन्तर राम के द्वारा पूजा का श्रीगणेश किया जाता है । प्रत्येक जप के पश्चात् वे एक कमल देवी को अर्पित करते हैं । पुरश्चरण की इस प्रक्रिया में एक सौ सात कमल देवी को अर्पित हो चुके होते हैं । अन्तिम-पूजा कमल को देवी लेकर विलीन हो जाती हैं । जब राम इस पूजा-कमल के लिए हाथ बढ़ाते हैं और जब वह नहीं मिलता तब वे अपने बाण की नोक से अपने नेत्रकमल को निकालकार देवी को उसे समर्पित करना चाहते हैं। इसी बीच देवी प्रकट होती हैं और राम को विजय का वरदान देती हैं । यहाँ विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या नाटककार राम-कथा के मात्र एक प्रसंग को ही प्रस्तुत करके रह जाना चाहता है अथवा इसके आगे और भी कुछ कहना चाहता है । प्रश्न का उत्तर एकदम स्पष्ट है और वह यह है कि रचनाकार राम के जीवन की घटना के द्वारा आज के उन लोगों के हृदयों में आशा का संचार करना चाहता है जो सन्मार्ग पर प्रवृत्त रहकर भी पराजय का अनुभव करने लगते हैं और दुराचारियों को फलता-फूलता हुआ देखते हैं । वस्तुतः यही कथ्य है जो एक अति प्राचीन कथानक को आज भी प्रासंगिता प्रदान कर रहा है ।

'पण्डितराजीयम्' का ताना-बाना संस्कृत-काव्यशास्त्र के अन्तिम किन्तु सुविख्यात आचार्य एवं रससिद्ध कवि पण्डितराज जगन्नाथ के इर्द-गिर्द बुना गया है। साहित्य तथा अन्य विविध कलाओं के अनन्य प्रेमी मुगल-सम्राट् शाहजहाँ उनका बहुत अधिक सम्मान करते थे और उन्होंने ही उनके अद्भुत वैदुष्य से प्रभावित होकर उन्हे 'पण्डितराज' की उपाधि से विभूषित किया था ।

दैवयोग से पण्डितराज और शाहजहाँ की पोषिता पुत्री लवंगी एक-दूसरे के प्रणयपाश में आबद्ध हो जाते हैं । दोनों का यह प्रणय शाहजहाँ की अनुमति से वैवाहिक बन्धन से परिणत हो जाता है । किन्तु यहीं से उनके दुर्भाग्य की कहानी भी आरम्भ हो जाती है । यवन-कन्या से विवाह कर लेने के कारण पण्डितवर्ग पण्डितराज का बहिष्कार कर देता है । पति के इस बहिष्कार से लवंगी को असह्य मानसिक वेदना होती है । इसी पीड़ा में वह तिल-तिल कर घुलने लगती है और अन्ततः संसार से विदा ले लेती है । उसके वियोग को न सह पाने के कारण पण्डितराज भी ज्ञान के अर्जन और वितरण के लिए वाराणसी चले जाते हैं ।

आज जबकि सारा देश साम्प्रदायिक असहिष्णुता के कारण होने वाले दंगो की आग में जल रहा है, 'पण्डितराजीयम्' जैसे नाटकों का महत्त्व सर्वथा स्पष्ट है । वह

दिन इस देश के इतिहास में अत्यन्त शुभ होगा जिस दिन हिन्दू और मुसलमान पारस्परिक वैर-भाव का परित्याग करके स्नेहपूर्वक एक-दूसरे का आलिंगन कर सकेंगे, जिस दिन हिन्दू और मुस्लिम युवक-युवतियाँ पण्डितराज और लवंगी की भाँति धर्म की संकुचित परिधि से बाहर आकर एक-दूसरे को अपना बना सकेंगे और जिस दिन शाहजहान के रूप में सारा भारतीय समाज यह कह सकेगा कि पण्डितराज भी अपने हैं और लंवगी भी अपनी ही है- **'पण्डितराजोऽपि स्वकीयः, लवंगी अपि स्वकीया एव'** । पण्डितराज जगन्नाथ लंवगी से ठीक ही तो कहते हैं कि यह भारत का दुर्भाग्य ही है जहाँ धर्मान्धिता की प्रवृत्ति मानवों में पारस्परिक वैर-भाव का पोषण कर रही है । इसीलिए जब असूयक पण्डित लंवगी को लेकर पण्डितराज पर व्यंग्य करता है तब पण्डितराज मानवता की दुहाई देते हुए उससे अत्यन्त क्षुब्ध स्वर में कहते हैं- **मानवतामङ्गीकृत्य किञ्चित् ब्रूत ।** वे ऐसे आदर्श के पोषण की शपथ लेते हैं जिसके समक्ष जाति, वर्ण आदि की संकुचित भावना ठहर नहीं सकेगी - **'अहमपि एवमादर्शं पोषयिष्यामि यस्याग्रे जातिवर्णादिसंकुचितभावना न स्थास्यति'** । वस्तुतः आज इस देश को पण्डितराज जगन्नाथ-जैसे उदार मानवों की ही आवश्यकता है जो अपने लोकोत्तर व्यक्तित्व द्वारा सारे भारतवासियों के हृदयों से संकुचित धर्मगत भावना का अपसारण कर उनमें विश्वबन्धुत्व का भाव प्रतिष्ठापित कर सकें ।

'अभिशापम्' की कथावस्तु महाभारत से गृहीत है । दातव्य सन्देश के अनुरूप डॉ० शुक्ल ने अपनी कल्पना के बल पर उसमें यत्र तत्र किंचित् संशोधन और संवर्द्धन भी किया है । कथासार इस प्रकार है- दानवों के गुरु शुक्राचार्य अपनी संजीवनी विद्या के द्वारा देव-दानव-युद्ध में हत दानवों को पुनरुज्जीवित करते चले जाते हैं । इससे देवता पराजित हो जाते हैं । देवगुरु बृहस्पति इस संजीवनी विद्या को नहीं जानते हैं। निराश इन्द्र बृहस्पति के पुत्र कच को इस विद्या का अध्ययन करने के लिए शुक्राचार्य के समीप भेजते हैं । कच शुक्राचार्य की अनुमति से उनके आश्रम में रहने लगता हैं। इसी बीच शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी कच से प्रेम करने लगती है । उधर दानव यह नहीं चाहते कि संजीवनी विद्या देव लोक में पहुँचे और इसीलिए वे बार-बार कच का वध करते हैं; किन्तु शुक्राचार्य अपनी संजीवनी विद्या से प्रत्येक बार कच को जीवित कर देते हैं । अन्त में दानव कच का वध करके उसके शरीर को जलाकर भस्मीभूत कर देते हैं । इस भस्म को सुरा में मिलाकर दानव उसे शुक्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करतें हैं । सुरा शुक्राचार्य की बहुत बड़ी दुर्बलता है । वे उसे पीकर अपने आश्रम को लौट आते हैं । देवयानी कच को आश्रम में न पाकर उसकी अनुपस्थिति की सूचना अपने पिता शुक्राचार्य को देती है । संजीवनी विद्या का प्रयोग कर जब शुक्राचार्य कच को बुलाते हैं तब वह उनके उदर से उत्तर देता है । कच के जीवन के लिए शुक्राचार्य का उदर-विदारण अनिवार्य हो जाता है और उधर देवयानी के जीवन के लिए कच का पुनरुज्जीवित होना आवश्यक है । ऐसी

स्थिति में देवयानी कच और शुक्राचार्य में से किसी एक को ही जीवित देख सकती है, दूसरे की मृत्यु अवश्यम्भावी है । इस अवसर पर शुक्राचार्य सुरापान की जी भरकर निन्दा करते हैं । अन्ततः शुक्राचार्य स्वोदरस्थ कच को संजीवनी विद्या प्रदान करते है । इस विद्या से जीवनी लाभ कर कच बाहर आता है, किन्तु शुक्राचार्य मर जाते हैं । तदनन्तर कच विद्या-बल से शुक्राचार्य को पुनरुज्जीवित करता है । गुरुदक्षिणा के रूप में शुक्राचार्य कच से सुरापान न करने के व्रत को लेने के लिए कहते हैं । कच इसे स्वीकार कर लेता है । विद्या-ग्रहण के पश्चात् जब कच देवलोक को जाने के लिए उद्यत होता है तब देवयानी उससे विवाह की इच्छा व्यक्त करती है, किन्तु कच उसके इस प्रस्ताव को ठुकरा देता है । इस पर देवयानी उसे शाप देती है । क्रोध के वशीभूत हो कच भी उसे शाप दे बैठता है; किन्तु बाद में कच इस प्रतिशाप पर पश्चात्ताप करता है और सोचता है कि सुरा के सम्पर्क के कारण ही उसमें प्रतिशाप की भावना ने जन्म लिया था । नाटक के अन्त में उसका उद्घोष है-

यो ब्राह्मणोऽद्यप्रभृतीह कश्चि-
न्मोहात्सुरां पास्यति मन्दबुद्धिः ।
अपेतधर्मा ब्रह्महा चैव सः स्या-
दस्मिंल्लोके गर्हितः स्यात्परे च ॥

आज के सन्दर्भ में प्रस्तुत नाटक की उपयोगिता स्वतः सिद्ध है । हम सभी जानते है कि देश-विदेश में मदिरा सेवन दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही चला जा रहा है । मदिरा विवेक का नाश कर देती है । मदिरा के नशे में धुत व्यक्ति सदाचरण से गिर जाता है । जिसे एक बार इसकी लत पड़ जाती है वह फिर जीवन भर के लिए इसका दास बनकर रह जाता है । मदिरा मनुष्य का सर्वनाश करके ही छोड़ती है । अतः मनुष्य का धर्म है कि वह इसे मुँह से न लगाये, अन्यथा शुक्राचार्य और कच की भाँति मानव इसके आवेश में किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो जाता है । स्वयं नाटककार ने 'प्रस्तावना' में सुरापान से होने वाली हानियों का उल्लेख किया है ।

जैसा कि शीर्षक से ही स्पष्ट है 'विक्रमोर्वशीयस्य ध्वनिनाट्यरूपान्तरम्' संस्कृत के महान् नाटककार कालिदास के नाटक 'विक्रमोर्वशीयम्' का ही ध्वनिरूपक में रूपान्तरण है । नाटक की कथावस्तु भी वही है- केशी नामक राक्षस अप्सरा उर्वशी का बलात् अपहरण करता है । प्रतिष्ठानपुर के पराक्रमी राजा पुरूरवा केशी के हाथों से उर्वशी का उद्धार करते हैं और उसे उचित दंड देते हैं; किन्तु उर्वशी का त्राणकर्ता स्वयं उर्वशी के अप्रतिम सौन्दर्य का शिकार हो जाता है । उधर उर्वशी भी राजा के प्रति, अतीव आसक्ति का अनुभव करने लगती है । इन्द्र की कृपा से

दोनों का मिलन होता है और वे विहार के लिए गन्धमादन वन में चले जाते हैं। पुरूरवा की प्रणयदृष्टि विद्याधरपुत्री उदयवती पर पड़ती हैं। इससे रुष्ट होकर उर्वशी कुमारवन में चली जाती है जहाँ वह एक लता के रूप में परिणत हो जाती है। राजा उसके वियोग में विलाप करता है; किन्तु संगमनीय मणि के प्रभाव से उर्वशी पुनः अपने वास्तविक रूप को प्राप्त करती है। दोनों का एक बार पुनः सुखद मिलन होता है। उर्वशी पुत्र आयु को जन्म देती है और उसे पुरूरवा को सौंपकर इन्द्र के आदेशनुसार स्वर्ग को जाना चाहती है कि इन्द्र पुरूरवा के उपकारों का बदला चुकाने के लिए उन्हें उर्वशी को सदैव के लिए सौंप देते हैं। इस प्रकार पुरूरवा, उर्वशी और पुत्र आयु के मिलन से नाटक का सुखद अन्त होता है।

प्रस्तुत नाटक के सन्दर्भ में इस प्रश्न का उठना नितान्त स्वाभाविक है कि आज के युग में इस अति प्राचीन कथानक की क्या उपयोगिता है। उत्तर है कि यह नाटक आज की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण समस्या- नारी के अपहरण और बलात्कार की समस्या- पर प्रकाश डालता है। आये दिन हम समाचार-पत्रों में पढ़ते हैं कि आज अमुक स्थान पर एक लड़की को अपहृत कर लिया गया, आज अमुक स्थान पर एक नारी के साथ बलात्कार किया गया। नारी की इच्छा के विरुद्ध उसका अपहरण और उसके साथ बलात्कार करने वाले लोगों को उचित दण्ड मिले, यही इस नाटक का सन्देश है। नाटककार ने उन दानव रूप लोगों की भर्त्सना की है जो किसी सुन्दरी का बलपूर्वक अपहरण करते हैं-

**'ननु जघन्या दानवास्ते ये इच्छाविवर्जितां कामपि सुन्दरीं बलादपहरन्ति।'**

'आलोकिनी' में रामकथा का संक्षेप में प्रस्तुतीकरण है। लंका-विजय के उपरान्त राम के अयोध्या आने पर उनका राज्याभिषेक किया जाता है और इसी उपलक्ष्य में अयोध्या में एक मास के लिए दीपमालिका का आयोजन किया जाता है यह दीपमालिका ऊँच-नीच, धनी-निर्धन आदि सभी के घरों को आलोकित करती है। इसलिए इसका नाम 'आलोकिनी' है। यह आलोकिनी दीपमालिका सभी मानवों में सद्भावना का संचार करे, यही भरत की कामना है- **'इयमालोकिनी दीपमालिका अयोध्यायां सौहार्दस्य, भ्रातृभावस्य, सौख्यस्य, शान्तेः, समृद्धेश्च दूती भवतु। अत्र सर्वे सम्मिल्य सौहार्देन कालं यापयन्तु'**।

सम्प्रति सारे विश्व के मानवों के हृदय द्वेष और दुर्भावना के अन्धकार से आच्छन्न हैं। पारस्परिक प्रेम और सद्भाव का प्रकाश इस अन्धकार का उच्छेद कर दे, इसी उद्देश्य को दृष्टिपथ में रखकर इस नाटक की रचना की गयी है। नाटककार ने अपने हृदय की इसी आशा को नाटक के अन्तिम गीत के अन्तिम चरण में इस प्रकार प्रस्तुत किया है-

क्षुद्रभावान् भृशं तर्जयन्ती नृणां
सौमनस्यं तथौदार्यमातन्वती

अन्धकारात्प्रकाशं नयन्ती जगद्
राजतां दीपमालेयमालोकिनी ।
राजतां दीपमालेयमालोकिनी ।।

'दराशिकोहीयम्' में महामानव दाराशिकोह का आख्यान प्रस्तुत किया गया है। उदारचेता दाराशिकोह इस भारतभू पर हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच सेतु बनकर अवतरित हुए थे। उन्होंने संकीर्णता का परित्याग कर उदारता का प्रचार किया था। प्रभुता को पाकर भी वे प्रमत्त नहीं हुए थे। लक्ष्मी और सरस्वती दोनों के ही वे वरद पुत्र थे। उन्हें प्रपितामह अकबर की सहिष्णुता, पितामह जहाँगीर की न्यायप्रियता, पिता शाहजहाँ का साहित्यकलाप्रेम और माता मुमताजमहल का सौन्दर्य जैसे गुण विरासत में मिले थे। उन्होंने मृत्युपर्यन्त मानवता को ही सबसे बड़ा धर्म माना तथा संकुचित विचारों के समक्ष उनका मस्तक कभी झुका नहीं। संस्कृत और फ़ारसी भाषा पर उनका समान अधिकार था और वे इन दोनों ही भाषाओं में बड़े अधिकार के साथ ग्रन्थों का प्रणयन करते थे। उनके विचार से गीता और कुरान दोनों ही मानव कल्याण के लिए हैं- **'मया पवित्रं कुरानमधीतम्, गीता चाप्यधीता। मन्मते तु द्वावपि मानवस्य कल्याणाय एव'**। दाराशिकोह के ठीक विपरीत गुणों वाला उनका भाई औरंगज़ेब था जो धर्मान्धता की साक्षात् प्रतिमूर्ति था।

पिता शाहजहाँ मानवीय गुणों के आकार दाराशिकोह को सिंहासन पर बिठाना चाहते हैं; किन्तु राज्य का लोभी औरंगज़ेब राज्य को हथिया लेने की इच्छा से एक विशाल वाहिनी लेकर अपने भाई दाराशिकोह पर आक्रमण कर देता है। दाराशिकोह भी अपनी सेना लेकर युद्धभूमि में उतरते हैं। धूर्त औरंगज़ेब की दुहाई देकर दारा के सेनानायक खलीलुल्लाखान को अपनी ओर मिला लेता है। परिणामतः इस युद्ध में दाराशिकोह की हार होती है और उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। कुछ समय पश्चात् उन्हें बन्दी बना लिया जाता है और औरंगजेब तथा उसके चाटुकार क़ाज़ियों द्वारा उन पर विधर्मिता का आरोप लगाकर उन्हें मृत्यु दण्ड दे दिया जाता है। अन्त में औरंगज़ेब अपने इस क्रूर कृत्य पर स्वयं पश्चात्ताप करता है और स्वर्गस्थ दाराशिकोह को महामानव मानता हुआ उनसे क्षमायाचना करता है।

यह ठीक है कि प्रस्तुत नाटक की कथावस्तु का आधार ऐतिहासिक है तथापि संकुचित धार्मिक वृत्ति से ग्रस्त भारत को आज भी दाराशिकोह जैसे महापुरुष की आवश्यकता है जो हिन्दू और इस्लाम धर्मों को सम भाव से देखता हुआ दोनों धर्मों के अनुयायियों में ऐक्य-भाव को उत्पन्न कर सके और औरंगज़ेबों के पार्थक्यविधायक मनसूबों को ध्वस्त कर सके।

प्रस्तुत विवेचना से स्पष्ट है कि डॉ० रमाकान्त शुक्ल ने अपने संस्कृत-नाटकों के कथानकों का चयन भले ही इतिहास, पुराण अथवा अन्य कहीं से क्यों न किया

हो तथापि उन्होंने इनके प्रणयन में आधुनिक भारतीय परिवेश को ही सामने रखा है। उन्होंने इन नाटकों के माध्यम से सहृदय सामाजिक का ध्यान देश की ज्वलन्त समस्याओं की ओर ही आकृष्ट किया है, कथानक तो इन समस्याओं के प्रस्तुतीकरण के माध्यम भर हैं। अतः यह बात अत्यन्त निर्भ्रान्त शब्दों में कही जा सकती है कि डॉ० शुक्ल के नाटक संस्कृत में रचित होकर भी आज के युग में सर्वथा प्रासंगिक है।

## समसामयिक सन्दर्भों की एक कालातीत रचना

# अहं स्वतन्त्रता भणामि

डॉ० सुन्दरलाल कथूरिया, डी0 लिट्0

किसी रचनाकार की महानता अनेक बातों पर निर्भर करती है । उनमें से एक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि वह जिस कृति की सृष्टि करे, युगीन संदर्भों से जुड़ी होने पर भी वह कालजयी और और शाश्वत हो । स्रष्टा जिस जीवन-दर्शन का प्रतिपादन करे, वह क्षणिक, ता त्कालिक और अखबारी न होकर युग-युगों तकप्रेरणा देने वाला और मंगलकारी हो । वस्तुतः महान् साहित्यकार न्यायकारी सत्पक्ष का समर्थक और अन्यायकारी असत्पक्ष का विरोधी होता है । वह दीन-दुखियों, पद-दलितों और शोषितों की वाणी बन कर अन्याय का प्रतिकार करता है और उन संवेदनाओं को अभिव्यक्ति देता है जो शाश्वत और कालातीत होती है । उसके साहित्य के युगीन संदर्भ धूमिल पड़ सकते है, परिस्थितियाँ बदल सकती हैं, पर उसकी आत्मा युग-युगों तक आलोक-पुंज के समान देदीप्यमान रहती है और समय-समय पर न केवल साहित्यकारों को प्रेरित करती है, वरन् जब-जब भी नये आन्दोलनों का सूत्रपात होता है, उनके बीज इन महान साहित्यकारों के साहित्य में उपलब्ध हो जाते हैं । वाल्मीकि, व्यास, कालिदास आदि ऐसे ही महान् साहित्यकार हैं । कुछ साहित्यकार ऐसे भी होते हैं जो इन महान साहित्यकारों के पद-चिन्हों का अनुकरण करने का प्रयास करते हैं और अपनी अलग पहचान बनाकर इस परंपरा की कड़ी बन जाते हैं । संस्कृत के अर्वाचीन कवि डॉ0 रमाकान्त शुक्ल, मेरी दृष्टि में, ऐसे ही कवि हैं। वे सत्पक्ष के समर्थक, न्यायप्रिय, शाश्वत मानव-मूल्यों के पक्षधर एवं राष्ट्रचेता साहित्यकार हैं, अतः उनकी रचानएँ युग-युगों तक प्रासंगिक बनी रहेंगी, ऐसा मेरा विश्वास है ।

**'भाति मे भारतम्' 'जय भारतभूमे !'** और **'अहं स्वतन्त्रता भणामि'** शीर्षक कृतियाँ डॉ0 रमाकान्त शुक्ल की उत्कट देश भक्ति एवं राष्ट्रीय चेतना का ज्वलन्त प्रमाण हैं । यद्यपि उक्त तीनों कृतियों में कवि की प्रखर राष्ट्रीय चेतना दृष्टिगत होती है तथापि इनकी सृजन-भूमि में एक पार्थक्य है । 'भाति मे भारतम्' में कवि भारतीय संस्कृति, सभ्यता, ज्ञान-विज्ञान, साहित्य, संगीत, कला, राष्ट्रीय प्रगति, प्राकृतिक वैभव, अनेकत्व में एकत्व आदि पर मुग्ध है तो 'जय भारतभूमे !' में भारत की कमनीयता पर ।

इसके विपरीत 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' में वह देश की वर्तमान दुर्दशा पर चिन्तित और गलदश्रु है, अतः यह एक भिन्न मनोभूमि की रचना है। इस भिन्नता का आशय यह कदापि नहीं कि इसमें देशभक्ति या राष्ट्रीय चेतना की वह प्रगाढ़ता नहीं है जो उक्त दो कृतियों में पायी जाती है। डॉ0 रमाकान्त शुक्ल की इन तीनों काव्यात्मक रचनाओं में उत्कट राष्ट्रीय चेतना है, पर उसकी अभिव्यक्ति के धरातल भिन्न हैं जिससे कवि की मौलिकता और सतत गतिमानता प्रमाणित होती है।

डॉ0 रमाकान्त शुक्ल द्वारा संपादित 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' के २६ जनवरी, १९८७ अंक में प्रकाशित 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' शीर्षक रचना में कुल सोलह छन्द हैं। इस रचना का प्रसारण आकाशवाणी के समस्त केन्द्रों से २५.१.१९८७ को रात्रि ९.४५ पर हुआ था और तब इसे कवि ने सर्वभाषा कवि सम्मेलन में पढ़ा था। जिन्होंने इस रचना को कवि-मुख से सुना है वे इसकी शक्ति और मर्मस्पर्शी प्रभाव से सुपिरिचित हैं। इस कविता का छन्दोबद्ध हिन्दी अनुवाद श्री कृष्णमुरारि शर्मा ने 'मैं स्वतन्त्रता तुम्हें पुकारती।' शीर्षक से किया है जो 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' के उक्त अंक में मूल रचना के सामने प्रकाशित है। इस रचना का हिन्दी रूपान्तर डॉ0 गुलाबचन्द्र जैन ने भी किया है जो भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित 'भारतीय कविताएँ- १९८३' में संकलित है। डॉ0 जैन ने इस रचना का रूपान्तर स्वच्छन्द छंद में किया है। उक्त तथ्यों के आलोक में दो निष्कर्षों पर पहुँचा जा सकता है : (१) 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' की रचना १९८३ या उससे पहले हुई होगी और (२) यह एक ऐसी सप्राण, जीवन्त और महत्त्वपूर्ण रचना है कि भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित 'भारतीय कविताएँ- १९८३' में इसे संकलित करना पड़ा। आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से सर्वभाषा कवि सम्मेलन के अन्तर्गत इसका प्रसारण भी इसकी महत्त्व-स्वीकृति का ही प्रमाण है। कवि - मुख से इस कविता को सुनकर, संस्कृत न जानने वाले श्रोताओं द्वारा इसका प्रभाव ग्रहण व भूरि-भूरि प्रशंसा न सिर्फ इसकी लोकप्रियता वरन् इसकी सर्वजनसंवेद्यता का भी प्रमाण है और इसे किसी कवि की कम बड़ी उपलब्धि नहीं माना जा सकता। जहाँ तक मेरा प्रश्न है, मैं तो इसे किसी महान् कवि का भी लक्षण मानता हूँ, क्योंकि उसकी रचनाएँ जहाँ विद्वत्समाज में समादृत होती हैं, वहाँ जन-साधारण को भी अपनी ओर आकर्षित करती हैं और यह गुण डॉ0 रमाकान्त शुक्ल की काव्य-कृतियों में भरपूर मात्रा में है।

जैसा कि कहा जा चुका है 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' देशभक्ति एवं राष्ट्रीयचेतना की रचना है और देशभक्ति में जिन तत्त्वों का योग रहता है उनमें से एक है 'वर्तमान दुर्दशा की ओर देशवासियों का ध्यान आकर्षित करना, उनके सुधार एवं जागरण की कामना करना, राष्ट्र के भावी स्वरूप की रूपरेखा, राष्ट्र की आशाओं, आकांक्षाओं एवं स्वप्नों का रेखांकन'[१] -और डॉ0 रमाकान्त शुक्ल की प्रस्तुत कृति देशभक्ति के इसी रूप का अन्यतम उदाहरण है। स्वतन्त्रता-प्राप्ति के लिए जिन नेताओं ने संघर्ष

किया तथा प्राणों की बाज़ी लगा दी, उन्होंने जिन सपनों को संजोया था तथा राम-राज्य की जो कल्पना की थी, स्वतन्त्रता प्राप्ति के तैंतालीस वर्षों के उपरान्त भी वह पूरी न हो सकी। 'पराधीन सपनेहु सुख नाहीं' से प्रेरित और मुक्ति-चेतना से अनुप्राणित होकर जिन ज्ञात-अज्ञात असंख्य देश-भक्तों ने देश की बलिवेदी पर सर्वस्व न्योछावर कर दिया था, देश की वर्तमान दुर्दशा पर स्वर्ग में बैठे वे निश्चय ही आँसू बहा रहे होंगे। आज और नहीं तो उन्हीं वीरों का स्मरण कर, हमें देश-निर्माण के कार्य में प्राण-पण से जुट जाना चाहिए तथा देश की विघटनकारी शक्तियों को मुँह-तोड़ जवाब देना चाहिए। देश-हित और स्वतन्त्रता जिनके लिए सर्वोपरि थी तथा जो इसके लिए आत्मोत्सर्ग कर गये, वे हमारे प्रेरणा-स्रोत बन सकते हैं और हमें उन महान् देश भक्तों की सदैव वन्दना करनी चाहिए। स्वतन्त्रता का मानवीकरण करते हुए, कवि ने स्वतन्त्रता के मुख से 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' के प्रारंभ में यही कहलवाया है -

अहं स्वतन्त्रता भणामि मद्वचो निशम्यताम्।
निधाय मानसे च तद् यथोचितं विधीयताम्॥
मदर्चनाकृते शिरांस्युपायनीकृतानि यैः,
धनं वपुस्तथा मनः सहर्षमर्पितानि यैः।
अवापुरात्मवक्षसि ज्वलद्भुशुण्डिगोलिकाः
गता त एव मे जना सदैव वन्दनीयताम्॥[२]

देशभक्तों ने देश की एकता और मुक्ति-कामना से आत्मोत्सर्ग कर दिया, पर दुर्दैववश आज देश की वही एकता दाँव पर लगी है, अतः स्वतन्त्रता चिन्तित और परेशान है। भारत देश ने वैज्ञानिक, औद्योगिक एवं भौतिक दृष्टि से निश्चय ही पर्याप्त प्रगति की है, पर आत्मिक और नैतिक मूल्यों की दृष्टि से इसका जो पतन हुआ है वह अश्रुतपूर्व है तथा देश की अनादिकालीन एकता के लिए घातक है, अतः स्वतन्त्रता का सिर धुनते हुए देशवासियों को सावधान करना सहज स्वाभाविक है। स्वतन्त्रता कहती है-

परन्तु दैवयोग से विचित्र काल आ गया।
युग-युगों की एकता अभाग्य हाय ! खा गया॥[३]

भारतीयों ने चिरकाल से 'सत्यमेव जयते' का पाठ पढ़ा था। नीति और सच्चरित्रता उनके जीवन के नियामक थे पर भारतीयता के नियामक ये जीवन-मूल्य

आज अन्तिम साँस लेते से दिखायी पड़ रहे हैं । आज जो व्यक्ति जितना ही कुकर्मरत है, कुपथगामी है, सत्य-पथ से च्युत है, वह उतना ही सम्मानित, प्रतिष्ठित और समृद्ध है ।[४] यह भाग्य की विडम्बना नहीं तो और क्या है । देश-व्यापी इस विडम्बना और विसंगति पर आँसू बहाती हुई स्वतन्त्रता भारत-वासियों को सुपथ पर चलने का सन्देश देती है, पर उसके इस सन्देश को सुनता ही कौन है? सब अपने कानों में तेल डाले बैठे हैं और उसका यह रुदन मात्र अरण्य रोदन बनकर रह गया है ।

यह असीम वेदना और खेद की बात है कि उस देश में आज बहुएँ जलायी जा रही हैं जहाँ के स्मृतिकारों ने 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते--' का दिव्य सन्देश दिया था। सत्य, अहिंसा और निष्कपटता के पथिकों का यह देश आज छल-छद्म और भ्रष्ट आचरण को प्रश्रय दे रहा है और ये अमानवीय कृत्य जीवन के नियामक हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में देश का सर्वनाश अवश्यम्भावी है । अतः देशवासियों को प्रेरणा देते हुए स्वतन्त्रता कहती है कि तुम सावधान होकर मेरी बात, सुनो अन्यथा बाद में हाथ मलने से कुछ लाभ न होगा ।[५]

स्वदेशवासियों द्वारा स्वदेशवासियों की हिंसा, अलगाववादी प्रवृत्ति से परिचालित होकर देश को विखंडित करने के प्रयत्न, ज्ञान-विज्ञान का विक्रय, कदम-कदम पर भेदभाव, दलों की दल-दल, व्यक्तियों की प्रतारणा, देश के भीतर और बाहर फैले आतंकवाद, मिलावट की रोगदायक जघन्य प्रवृत्ति, देशव्यापी दुराचार आदि पर स्वतन्त्रता क्षुब्ध है ।[६] अत्याचार, भ्रष्टाचार, विडंबनाओं और विसंगतियों को वह सजल नेत्रों से देख रही है तथा इनसे अत्यधिक चिन्तित है, क्योंकि ये देशघाती प्रवृत्तियाँ स्वयं स्वतन्त्रता के लिए भी खतरनाक हैं ।

कविवर डॉ0 शुक्ल ने देशव्यापी विसंगतियों और विरोधों को खुली आँखों से देखा है, यथार्थवादी धरातल पर उनका चित्रण किया है तथा एक सच्चे कवि के नाते सत्परामर्श भी दिया है । योग्यता के पदच्युत होने एवं अयोग्यता के फलने-फूलने पर कवि उदास है, चाटु-कारिता का अमोघलाभकारी होना उसे सालता है[७] तथा धर्म के नाम पर होने वाला अनाचार उसे विह्वल करता है । उसकी आँखो से कुछ भी छिपा नहीं है । वह देख रहा है कि श्रमिक वर्ग के पास रहने को जगह नहीं और वे बेचारे कैसे 'फुटपाथ' पर रात काट देने को विवश हैं । कैसे सुनियोजित ढंग से देह का व्यापार चल रहा है[८] और कैसे दीन-हीन व्यक्तियों का शोषण हो रहा है, पर वे उसके विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पा रहे ।

इस देश के मनीषियों एवं तत्त्व-चिन्तक ऋषियों ने जहाँ देशवासियों को 'ईशावास्योपनिषद्' के प्रारंभ में निर्लोभ भाव से जीवन-यापन का अमृत सन्देश दिया वहाँ आज 'गृद्ध-दृष्टि' प्रमुख हो उठी है और 'समत्व भाव' लुप्त-प्राय हो गया है। आज का भारत वर्ग-वैषम्य का जीता-जागता उदाहरण है, फलतः कहीं तो विलास के अपार साधन हैं और कहीं भूख से देशवासी बिलबिला रहे हैं, कहीं धन की नदियाँ

बह रही हैं और कहीं विपन्नता मुँह बाए खड़ी है ।[९] ऐसी विडंबित स्थिति में भला स्वतन्त्रता कैसे चुप रहे ? उसे मुँह खोलने पर विवश होना पड़ता है और विवशता श्लोकों में फूट पड़ती है ।

भारत की वर्तमान दुर्दशा के लिए उत्तरदायी है यहाँ का प्रलुब्ध नेतृवर्ग[१०] अन्यथा इस देश में किसी चीज की कमी नहीं, यह तो 'रत्नगर्भा वसुन्धरा' है । यहाँ धन, श्रम या मूल्यवान धातुओं की कमी नहीं-कमी है तो कभी-कभी बुद्धि की । यदि सद्बुद्धि एवं लोकमंगल की भावना से अनुप्राणित होकर देश की समस्याओं का समाधान किया जाए तो इसमें शायद ही कोई कठिनाई हो । कवि के शब्दों में-

न तो धनाभाव
न ही अभाव श्रम का
प्रभादीप्त भारत में, फिर भी
पनप जाती विवेकहीनता यदा कदा ।
न पनपे कदापि वह
हो ऐसा विधान ।[११]

'अहं स्वतन्त्रता भणामि' शीर्षक रचना का अन्त कविवर डॉ0 शुक्ल ने इस मंगल-कामना के साथ किया है कि इस देश में न कोई निर्धन हो, न शक्तिहीन ही । सभी का स्वाभिमान बना रहे और कभी किसी का मान-भंग न हो । इस देश के निवासियों में स्वावलम्बन की भावना का विकास हो तथा वे सदैव मुदित और प्रमुदित हों ।

स्पष्टतः 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' शिवत्व की भावना से ओत-प्रोत काव्य है । यथार्थ के धरातल पर देश की वर्तमान दुर्दशा का चित्रण करने के बावजूद कवि का मूल उद्देश्य भारत और भारतीयों के मस्तक को स्वावलम्बन एवं स्वाभिमान से दीप्त कर गर्वोन्नत करना है । इस रचना में कवि आद्यन्त भू, जन और इस देश की संस्कृति से जुड़ा रहा है-उनके प्रति चिन्तित रहा है । परिणामतः अपनी समग्रता में यह देशप्रेम और राष्ट्रीय चेतना की रचना है । यद्यपि इसमें समसामयिक संदर्भों की अनुगूँज है तथापि अपनी भाव संपदा एवं कलात्मक उत्कर्ष के कारण यह एक कालातीत रचना है ।

डॉ0 रमाकान्त शुक्ल एक प्रातिभ कवि हैं । संस्कृत भाषा और साहित्य के संस्कार उन्हें विरासत में मिले हैं । 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' में उनकी काव्यात्मक सहजता देखते ही बनती है । अतीत और वर्तमान के पारदर्शी, सूक्ष्म विवेचन के साथ इसमें यथार्थ और आदर्श का मणि-कांचन योग तो है ही, भविष्य के प्रति चिन्ता

भी है। प्रस्तुत रचना में संकलित छन्द स्वतः स्फूर्त, सहजता से ओतप्रोत, चिन्तन और भाव-गाम्भीर्य से युक्त, संगीतात्मकता, नाद-सौन्दर्य एवं गेयता से समन्वित तथा कलात्मक प्रौढि का प्रतिदर्श हैं। भाषा और छन्द पर कवि का अप्रतिम अधिकार है। काव्यरूप की दृष्टि से 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' को चिन्तनप्रधान लम्बी कविता की कोटि में रखा जा सकता है। इस उत्कृष्ट सर्वजनसंवेद्य, समसामयिक संदर्भों की कालजयी रचना के लिए डॉ0 रमाकान्त शुक्ल निश्चय ही साधुवाद के पात्र हैं।

---

१. रस-संख्याः काव्यशास्त्रीय विश्लेषण, डॉ0 सुन्दरलाल कथूरिया, पृ0 २७३

२. मैं स्वतन्त्रता तुम्हें पुकारती सुनो।
   सोचकर हृदय वितान कर्म के बुनो।
   अर्चना-पलों में जो शिरों की भेंट दे गये।
   देह-गेह सौंप हर्ष पूर्ण चित्त से गये।
   गोलियाँ सहीं जिन्होंने आत्म वक्ष पर सदा।
   जो रहे सदैव ही नृवीर देश की गदा।
   उन्हीं महान् वन्दनीय के चरित गुनो।
   मैं स्वतन्त्रता तुम्हें पुकारती सुनो॥

   -अर्वाचीनसंस्कृतम्, २६ जनवरी, १९८७, पृ0 ४१

३. उपरिवत्, पृ0 ४३

४. उपरिवत्, (हिन्दी-अनुवाद, पृ0४३)

५. अर्वाचीनसंस्कृतम्, २६ जनवरी १९८७ में संकलित 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' श्लोक ७

६. उपरिवत् 'अहं स्वतन्त्रता भणामि', श्लोक ८-१० के आधार पर लिखित

७. उपरिवत् द्रष्टव्य-श्लोक ११

८. उपरिवत् द्रष्टव्य-श्लोक १३

९. क्वचिद्विलाससाधनैर्विमण्डिता विलासिनः
   क्वचित्क्षुधाप्रपीडिता वसन्ति देशवासिनः।
   क्वचित्पयस्विनी धनस्य कुत्रचिच्च निःस्वता,
   इयं दशा विलोपमेतु येन तद्विधीयताम्॥

   अहं स्वतन्त्रता भणामि, श्लोक १२, अर्वाचीनसंस्कृतम्, ९/१, पृ0 ४४

१०. द्रष्टव्यः अहं स्वतन्त्रता भणामि, श्लोक १४, अर्वाचीनसंकृतम्, ९/१, पृ0 ४६

११. अर्वाचीनसंस्कृतम् नवम वर्ष प्रथमांक में संकलित 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' के श्लोक क्रमांक १५ का भावानुवाद, द्रष्टव्य-भारतीय कविताएँ :१९८३ (भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन), मैं स्वतन्त्रता बोल रही हूँ (रूपान्तरकार-डॉ0 गुलाब चन्द्र जैन) पृ0 १८७.

# 'भारतजनताऽहम्'

## के विशेष परिप्रेक्ष्य में डॉ० रमाकान्त शुक्ल की राष्ट्रवादी रचनाओं में जनमानस की प्रतिध्वनि

डॉ० वी० के० सिंह

साहित्य और समाज का अटूट सम्बन्ध सन्देहातीत है फिर भी पाश्चात्त्य मानसिकता के अन्धभक्त संस्कृत साहित्य को कालिदास, माघ प्रभृति प्राचीन कवियों तक सीमित और यथार्थ के धरातल से दूर लोकरंजक कपोल कल्पना समझते हैं। यही नहीं, वे संस्कृत भाषा को वर्तमान जनमानस की अभिव्यक्ति में असमर्थ किंवा आधुनिक युग में अनुपयोगी भी मानते हैं। परन्तु बीसवीं शताब्दी की संस्कृत कृतियों के सम्यग् अनुशीलन से उनकी यह भ्रान्ति सर्वथा निराधार सिद्ध होती है। आधुनिक संस्कृत कवियों में डॉ० रमाकान्त शुक्ल का अपना एक विशिष्ट स्थान है। नाटककार एवं कवि उभय रूपों में डॉ० शुक्ल संस्कृत-जगत् में समादृत हैं। आपके 'पण्डितराजीयम्', 'दाराशिकोहीयम्' 'अभिशापम्' इत्यादि संस्कृत नाटकों का आकाशवाणी तथा विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर सफल अभिमंचन हो चुका है। मारीशस, फिलाडेल्फिया, उ० प्र०, म० प्र०, राजस्थान एवं दिल्ली की संस्कृत अकादमियों, कालिदास अकादमी उज्जैन तथा अखिल भारतीय प्राच्य विद्यासम्मेलन की कविगोष्ठियों में आपने अपने काव्य पाठ से संस्कृत की वर्तमान रचनाधर्मिता से देश विदेश के विद्वानों को परिचित कराया और संस्कृतानुरागियों को नवचेतना प्रदान की।

डॉ० शुक्ल की कविताओं में राष्ट्र का गौरवशाली अतीत, प्रगति के लिए जूझते तथा कुण्ठाप्रधान वर्तमान और शुभाशीर्मय इन्द्रधनुषी भविष्य सजीव रूप में दर्शाया गया है। 'भाति मे भारतम्' (१९७९) तथा 'जय भारतभूमे' (१९८१) में भारतभूमि की प्रशस्ति और तद्द्वारा सुखद अतीत एवं विकासशील वर्तमान की मोहक अनुभूति है तो 'रौति ते भारतम्'[२] (१९८५) में उसकी वर्तमान करुणदशा की निःसंकोच अनावृति। 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' (१९८३) में भारतीय स्वतन्त्रता की आत्मकथा का ऐसा सजीव चित्रण उपन्यस्त हुआ है कि यह रचना १९८७ में सर्वभाषा कविसम्मेलन में संस्कृत की प्रतिनिधि कविता के रूप में चुनी गयी और भारत की अन्य भाषाओं में इसका अनुवाद किया गया। अनावृष्टिजन्य पीडा से क्षुब्ध

कवि 'मेघप्रबोधनम्' में मेघ को बुरी तरह फटकारता है[१] तो दूसरे वर्ष समयानुकूल वर्षा के लिए 'स्वागतं पयोद! ते' कविता में उसका भरपूर सम्मान भी करता है।[२] इस प्रकार कवि राष्ट्र की समस्याओं एवं परिस्थितियों के यथार्थ चित्रण में गहरी रुचि रखता है, जनमानस की अभिव्यक्ति ही उसकी कविता का मूल प्रतिपाद्य है। जनमानस से साक्षात् सम्बद्ध रचनाओं में उनकी एक प्रसिद्ध कविता है 'भारतजनताऽहम्' (मैं भारत की जनता हूँ) जिसकी यथामति समीक्षा प्रस्तुत लघुनिबन्ध में विवक्षित है। अस्तु!

'भारतजनताऽहम्' नामक कविता 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' पत्रिका के जुलाई १९८६ अङ्क में प्रकाशित हुई और 'त्रिदिवसीय संस्कृताभ्युदयसंगोष्ठी' के अन्तर्गत आयोजित संस्कृत कविसमवाय (दिनांक ९ जनवरी १९८७ ई0) के अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के श्रीनेत्रमण्डप (सीनेट हाल) में डॉ0 शुक्ल के द्वारा विशेष रूप से सुधी श्रोताओं को समर्पित की गयी। इस कविता ने उपस्थित जनसमुदाय को आनन्द विभोर कर दिया था, प्रत्येक श्रोता मुक्तकण्ठ से प्रशंसा करने को विवश हो गया था।[३] इस कविता में कुल ४२ पद्य हैं जिनमें भारतीय जनता की आत्मकथा मार्मिक ढंग से निबद्ध है।

कविता के आरम्भिक पद्यों (१-६) में कवि ने स्वाभिमान, विनम्रता, 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना, साहित्य-ज्ञान-विज्ञान एवम् अध्यात्म की ओर सहज प्रवृत्ति आदि सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति भारतीय जनता की प्रतिबद्धता का प्रतिपादन किया है। उसे गर्व है कि देवस्पृहणीय देश में उसका जन्म हुआ (पद्य-५)। कवि का उद्घोष है कि भारत जैसी जनता किसी दूसरे देश में है ही नहीं-

> नाहं भ्रमेऽस्मि नाहं मोहे विश्वं भ्रान्त्वा तथ्यं वदामि।
>
> मत्समा हि जनता क्वापि नास्ति[४]
>
> धृतिशीला भारतजनताहम् (पद्य-६)

कवि जानता है कि अतीत की यशोगाथा से अभिभूत तथा अपने समान किसी दूसरी को न मानने वाली जनता पर अकर्मण्यता एवं मिथ्या दर्प का आरोप लग सकता है इसलिए वह तत्काल सजग हो उठता है और कहता है कि-भारतीय जनता सबसे स्नेह करने वाली है, और निरन्तर कर्मरत रहती है (पद्य-६)। इसके जीवन के मूल मन्त्र हैं-'सर्वभूतहिते रताः', 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः' तथा 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' सदृश महान् संकल्प।

सामान्य विषताओं पर प्रकाश डालने के बाद कवि स्वतन्त्रता आन्दोलन (८), आत्मनिर्भरता (९), अहिंसा प्रधान आणविक उन्नति (१३), भौतिक साधनों की सम्पन्नता (१४), पंचशील के सिद्धान्तों की रक्षा (१५), विश्व में परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रयास द्वारा विश्वशान्ति की स्थापना (१६) दूसरे राष्ट्र के स्वतन्त्रता

आन्दोलन में सहयोग (४२) प्रभृति भारत के प्रमुख राष्ट्रीय तथा अन्ताराष्ट्रीय सिद्धान्तों की चर्चा करता है। निर्धनता, बेरोजगारी (२०), बलात्कार, हत्या, अपहरण, तस्करी (स्मगलिंग) (२१), आतंकवाद, दहेजहत्या (२६), साम्प्रदायिक उन्माद, पर्यावरण प्रदूषण (२८), नदी प्रदूषण (२९), युवकों में बढ़ती हुई आत्महत्या एवं मादक द्रव्यों के सेवन की प्रवृत्ति तथा सुविधा शुल्क (उत्कोच या घूस) (३०) जैसे व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर कवि सहज भाव से दृष्टिपात करता है। इन विकट परिस्थितियों में भी दृढ़ रहने वाली भारतीय जनता का धैर्य और अदम्य साहस स्तुत्य है-

दारिद्र्यदुःखदावाग्निदग्धदेहापि नो म्रिये ह्यद्यावधि ।
साहसजिजीविषाकर्मठतापुत्तलिका भारतजनताहम् ॥ (१०)
विषपानपरापि स्मितवदना सर्वंसहभारतजनताहम् (११)
उच्चावचमार्गे गच्छन्ती सोत्साहा भारतजनताहम् (१२)

कवि का कथन है कि भारतीय जनता बड़ी से बड़ी आपदाओं को भी येन-केन प्रकारेण सहन कर सकती है परन्तु राष्ट्र की एकता एवम् अखण्डता में व्यवधान डालने वाली विघटनकारी शक्तियों को कथमपि अनदेखा नहीं कर सकती-

नो सहे किन्तु देशस्य भंगमुन्निद्रा भारतजनताहम् (२१)
एकतां कामये नित्यं स्वां जगदीश्वर! भारतजनताहम् (३१)
अविरुद्धान् वापि विरुद्धान् वा ह्येकस्मिन् सूत्रे स्थापयितुम् ।
किं किं न मया क्रियते लोके, यत्नस्था भारतजनताहम् ॥ (३८)

इसी तरह, यह जनता स्वयं तो कष्ट उठा सकती है किन्तु दूसरों के सन्ताप से सदैव करुणार्द्र हो उठती है-

नोपेक्षे किन्तु सतां पीडां करुणार्द्रा भारतजनताहम् (२०)
प्राप्नोमि तथापि न निष्ठुरतां करुणार्द्रा भारतजनताहम् (२६)

आगे चलकर कवि ने भारत में प्रजातन्त्र के वर्तमान स्वरूप और उसमें नेताओं की भूमिका का बड़ा ही मार्मिक चित्रण किया है। उसका कहना है कि प्रजातन्त्र की परिभाषा का केन्द्र है जनता परन्तु दुर्भाग्य से आज उसी के हित गौण हो गया गये हैं-

शासनासन्दिकामधिरोढुं प्रतिनिधयो मे कुर्वन्ति न किम् ?

तां प्राप्य केऽपि यां विस्मरन्ति मुग्धा सा भारतजनताहम् (३६)

नेताओं के चरित्र के सम्यक् प्रतिपादन हेतु प्रयुक्त 'नक्र', 'गृध्र', 'गोमायु' तथा 'करकट-दमनक' के प्रतीक अतीव प्रभावोत्पादक हैं :-

नक्राश्रुजलं जाने सम्यक् जाने च गृध्रगोमायुगिरम् ।

जाने करटक-दमनकचरितं हृदयज्ञा भारतजनताहम् ।।२४।।

राजनीतिजन्य कुटिलताओं को जानती हुई भी जनता जो शान्त रहती है उसका कारण है उसकी ऋजुता न कि मूर्खता (१५) । वह अभिव्यक्ति स्वतन्त्रता के मौलिक अधिकार के प्रति सतत जागरूक रहती है (२३) ।

वर्तमान समाज की विसंगतियों से जनता बहुत व्यथित (२६) चिन्ताकुल और निराश अवश्य है परन्तु हताश नहीं क्योंकि उसे जगन्नियन्ता पर पूरा भरोसा है (४१), वह इन्हें तात्कालिक अन्तराय मात्र मानती है (३३) और अपने दोषों के शीघ्र परिहार की मङ्गलकामना करती है-

ये दृश्या मयि दोषा नैकेऽरुन्तुदा अवाच्याः कष्टकराः ।

कामये विलोपं वै तेषामतिशीघ्रं भारतजनताहम् ।।३२।।

'भारतजनताहम्' कविता की अग्रिम कड़ी के रूप में डॉ० शुक्ल ने अपनी अभिनव रचना 'वदत नेतारो मनाक्'[५] में जनाकांक्षाओं को चित्रित किया है । इसके पद्यों का समन्वित भाव यह है कि तथाकथित नेताओं ने ही अपने क्षुद्र राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए कश्मीर, पंजाब, असम, श्रीरामजन्म भूमि/बाबरी मस्जिद जैसी विकराल समस्याओं को उलझाये रखा है, राष्ट्र हित के स्थान पर उनमें सत्तामोह अधिक प्रबल हो गया है-

'यातु देशो ह्यन्धकूपे रक्षितं स्यान्मे मतम् ।'

इति विचारपरम्परां स्वां त्यजत नेतारो मनाक् ।

देशसेवां कर्तुमागच्छथ, कुरुथ यादृच्छिकम् ।

व्यवहृतिः केयं स्फुरति वश्चिन्तयध्वं रे मनाक् ।।

उक्त विवरण से स्पष्ट है कि डॉ० शुक्ल की रचनाओं में भारतीय जनमानस पूरी तरह उरेहा गया है, उनमें अतीत, वर्तमान और भविष्य का मञ्जुल समन्वय है । कविताओं का प्रतिपाद्य राजनीतिपरक अवश्य है परन्तु राजनीतिप्रेरित कदापि नहीं, उनका उत्स तमसावृत वर्तमान भले हो किन्तु उनसे दीप्यमान भविष्य की किरणें प्रस्फुटित होती हैं ।

भावपक्ष के साथ-साथ कविताओं का कलापक्ष भी स्पृहणीय है। सरल-सुबोध पद-विन्यास, आडम्बरविहीन स्वाभाविक अभिव्यक्ति तथा अजस्र प्रवाहमयी भाषा का सर्वत्र दर्शन होता है। 'भारतजनताहम्' में एक स्थल पर[६] डॉ० शुक्ल ने भारतीय जनता की सूक्ष्मेक्षणसामर्थ्य के माध्यम से कविकर्म के महत्त्वपूर्ण पक्ष पर प्रकाश डाला है। उनकी मान्यता है कि कवि को सदैव सावधान रहकर समाज और जनाकांक्षाओं को पहचानने का प्रयास करना चाहिए फिर अतीत तथा भविष्य के साथ सामञ्जस्य स्थापित करते हुए उसकी अभिव्यक्ति करनी चाहिए क्योंकि ऐसा कवि ही जनमानस को प्रभावित कर सकता है उसे समुचित दिशा निर्देश कर सकता है। कवि ने अपनी कविताओं में इस सिद्धान्त का व्यावहारिक प्रयोग कर दिखाया है। यही कारण है कि उनकी कवितायें जनमानस की प्रतिध्वनि बन गयी है, जनता उन्हें सुन-सुन कर झूम उठती है-

रथ-रमाकान्त-राजेन्द्रमिश्र-कवितालहरीः पायं पायम् ।
विस्मरति सुधाधारामपि या रसिका सा भारतजनताहम् ॥[७]

---

१. क्रूरहृदय! मेघ! कथं सुप्यते त्वया
गर्ज्यते न तर्ज्यते न वृष्यते त्वया ।

२. हे सुकालवारिमुक् ! त्वया धरा सुतर्पिता ।
हे पयोद ! चातकास्त्वया भृशं सुहर्षिताः
केकिनां गणस्त्वया मुदा वनेषु नर्त्यते ।
स्वागतं पयोद ते, स्वागतं पयोद ! ते ॥

३. निबन्ध लेखक इस तथ्य का प्रत्यक्षदर्शी है ।

४. इसका पाठान्तर 'प्रेरणां जगन्मत्तो लभते' के रूप में भी कवि ने किया है ।

५. यह कविता २९.१०.९० को लिखी गई और सर्वप्रथम कालिदास समारोह उज्जैन (२.११.९०) में सुनाई गई । ७.११.१९९० को 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' (१२/४) में प्रकाशित हुई ।

६. अभितः परितः समया निकषा मां यद्घटते तत्प्रेक्षेऽहम् ।
सर्वस्य कृते खलु सज्जा यासावहिता भारतजनताहम् ॥पद्य ३८॥

७. यह पद्य मुद्रित नहीं है किन्तु कवि ने इलाहाबाद में सुनाया था । अन्य स्थानों पर भी उसने इसका पाठ किया है ।

# डॉ० रमाकान्त शुक्ल की

## रचनाओं में अभिव्यक्त उदात्त भावनाएँ

डॉ0 पतञ्जलि कुमार भाटिया

संस्कृत साहित्य का सूक्ष्मतया अवलोकन करने पर एक तथ्य उभर कर सामने आता है कि देववाणी के समुपासक कवि प्रारम्भ से ही अपनी विशाल एवम् उदात्त दृष्टि से समस्त विश्व को देखते रहे हैं। उनकी दृष्टि में सङ्कीर्णता का नितराम् अभाव रहा है। संस्कृत कवि 'यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्' की विचारावली से ओतप्रोत रहा है। वह सङ्कीर्णता से दूर रहता हुआ विषम सामाजिक परिस्थितियों के होने पर भी शाश्वत आनन्द की खोज में सदा संलग्न रहता आया है। परन्तु इस का अभिप्राय यह नहीं कि वह समाज के आभिजात्य परिवेश में रहता हुआ आनन्द-प्रमोद में दिन व्यतीत करता रहा अपितु समाज में व्याप्त वैषम्य भावना के कारण उत्पन्न समस्याओं से ग्रस्त दीन दुःखियों की दीनता भी कवि के अन्तःकरण को आलोडित करती रही है; वह भी उन के दुःख का सहभागी होता आया है। समाज का प्राणी होने के कारण उस का हृदय भी सहानुभूति की भावना से ओत प्रोत होता रहा; यही कारण है कि उस के मुखारविन्द से 'मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्' की करुणामयी पदावली स्वयमेव निःसृत होती रही है।

इस पृष्ठभूमि में जब हम बीसवीं शताब्दी के आधुनिक संस्कृत कविकुलमूर्धन्य, गीर्वाणगिरासमुपासक कोटि-कोटि जनता के हृदयसम्राट् डॉ0 रमाकान्त शुक्ल की कविताओं का रसास्वादन करते हैं तो उन की लेखनी में ऋग्वैदिक कवि की उदारता, औपनिषदिक चिन्तन तथा भारतीय तत्त्वज्ञान की शाश्वत विचारधारा का समन्वय, कालिदास की विश्वबन्धुत्वभावना, वर्तमान चिन्तकों की प्रगतिशीलता, सहज-सरल जीवन पद्धति के प्रति आग्रह, क्रान्तिकारियों की तेजस्विता, देशभक्ति, सत्य एवं अहिंसा के प्रति आग्रह तथा मंगलमयी कामना से परिपूर्ण चिरन्तन शाश्वत अजस्र धारा के दर्शन युगपत् होते हैं। ऋग्वैदिक ऋषि की भाँति उन की दृष्टि में 'एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' की ही मूर्तिमती प्रतिध्वनि **'एकं सद् बहुधा विलोक्यते भारतम्'** है। डॉ0 शुक्ल की दृष्टि में भारत पर्याय है 'संगच्छध्वं संवदध्वम्' के उस शंखनाद का, जिसने अनन्त काल से इस धरा को गुंजायमान किया है। विश्व शान्ति के



समुपासक पं0 जवाहरलाल नेहरू के संदेश के समस्त विश्व में प्रसारण के इच्छुक

डॉ0 शुक्ल की लेखनी, विश्व में परिव्याप्त आतङ्कमय परिवेश को देख कर चीत्कार करती हुई कह उठती है-

सन्तु सर्वत्र सर्वे सदा नन्दिताः
युद्धदावानलो नैव लोकं दहेत् ।।[१]

पुनः अपनी प्रसिद्ध कविता **'उत्तरमङ्गलम्'** में भी वे यही सन्देश दृढ़तापूर्वक प्रतिपादित करते हैं । उदात्तमयी भावना से परिपूर्ण पदावली से श्रोता को करुणासागर में मानों आप्लावित करते हुए वे लिखते हैं-

नैव याचे धनं स्वर्गमेवाथवैकाकिनस्ते न सौख्यं सखे कामये ।
सन्तु सर्वत्र सर्वे सदा नन्दिताः, नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।।
प्रेमभङ्गो न कस्यापि लोके भवेत् प्रेमिणो विप्रयुक्ता मिलेयुर्मुदा ।
स्युः स्मितास्याः समे फुल्लपद्मोपमा नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।।[२]

डॉ0 शुक्ल वर्तमान काल में प्रसृत पारस्परिक वैमनस्य भावना से कातर होकर करुणार्द्रचेतसा मङ्गलकामना करते हुए अपनी उदात्त भावना का परिचय निम्न शब्दों में कराते हैं-

यत्र गेहे वसेर्यत्र वीथ्यां वसेर्ग्रामके वा नगर्यां वसेस्त्वं सखे ।
वैमनस्याग्निरुग्रो न तत्र ज्वलेन्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।।
यन्मया नोदितं यच्च काम्यं त्वया यच्च पथ्यं भवेन्मङ्गलाधायकम्।
तत्सुलभ्यं भवेत्त्वत्कृते सत्वरं नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।।[३]

वर्तमान युग में इस से बढ़कर मंगलकामना हो ही नहीं सकती कि प्रजातन्त्र की रक्षा में नागरिक संनद्ध हों, क्योंकि राष्ट्र की एकता तथा सुरक्षा प्रजातन्त्र की भित्ति पर ही आधृत हैं । समाज से वृत्तिहीनता (बेरोजगारी) दूर हो, अत्यन्त क्षोभकारक नारीदाह, पतिदाह, आत्मदाह अथवा किसी भी जीवित प्राणी के दाह की घटना भी सुनने को न मिले-

नैव वध्वा न पत्युर्न वा कस्यचिज्जीवितप्राणिनो दाहमाकर्णयेः ।
नैव दारिद्र्यपीडा जनान् बाधयेन्नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।।
यत्र देशेऽस्ति वासः सखे तावकस्तत्र कर्तव्यशून्यो न कश्चिद्भवेत् ।
स्युः प्रजातन्त्ररक्षापरास्तन्नरा नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।।[४]

शस्त्रास्त्रों का लक्ष्य आतति से त्राण है, न कि निरीह जनता का दमन ।
इस तथ्य को वे संसार के समक्ष उद्घोषित करते हुए लिखते हैं-

"आर्तरक्षार्थमस्त्राणि शस्त्राणि वै, नैव सन्तु प्रहर्तुं तथानागसि ।"[५]

पारस्परिक द्वेषभावना फैलाने वालों के प्रति भी अपनी औदात्तिक मङ्गलमयी काव्यधारा का प्रयोग करते हुए कविपुङ्गव कामना करते हैं-

येषु चित्तेषु दावानलो भीषणो द्वेषभावस्य जागर्ति धूधूत्करः ।
जागृयात्तेषु वासन्तिकी श्रीः शुभा नूतने वत्सरे ते भवेन्मङ्गलम् ।।[६]

डॉ0 शुक्ल के मत में आध्यात्मिक उन्नति के साथ भौतिक उन्नति भी आवश्यक है-अत एव वे भारतीय जनता की चतुर्दिक् उन्नति की कामना करते हुए आधुनिक उपलब्धियों का भी आश्रय लेने पर बल देते हैं । इसी प्रकार, अणुशक्ति का उपयोग विध्वंसात्मक कार्यों के लिए न होकर रचनात्मक एवं शान्तिपूर्ण कार्यों के लिए हो,तभी विश्वशान्ति स्थापित हो सकती है-इस सन्देश के साथ डॉ0 शुक्ल यह भी कामना करते हैं कि वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा भौतिक उन्नति के पीछे भागते हुए पाश्चात्त्य जगत् की तरह जीवन का आनन्द ही समाप्त न हो जाये; जीवन में शुष्कता न समा जाये-

अण्वस्त्रनिर्मितिर्नो कठिना मम कृते, तथापि न तामीहे ।
वास्तविकी हेतिरहिंसा मे, निर्भीका भारतजनताहम् ।।
संगणकयन्त्रजालोऽपि मेऽस्तु भौतिक्युन्नतिरपि मे तथास्तु ।
जीवनरसश्च मा शुष्को भूदितिकामा भारतजनताहम् ।।[७]

भारतभूमि को शरीरवत् मानते हुए उस के किसी भी एक अङ्ग में अशान्ति होने पर जो मानसिक अरुन्तुद वेदना होती है, उस की अनुभूति करते हुए डॉ0 शुक्ल की लेखनी सजीव होकर क्रन्दन करते हुए कह उठती है-

यदि पादेऽस्य कदापि निविशते कण्टकम्
निखिलतनौ पीडनं भवति मर्मान्तकम् ।
यदि वेदना शिरसि समुदेति तदा ध्रुवम्
व्यथते सकलतनौ मे निखिलं भारतम् ।[८]

विश्व में कहीं पर भी जब प्रजातन्त्र का गला दबाया जाता है अथवा प्रजा की उचित अभ्यर्थना के प्रति नेता मूक रहते हैं तब भारत की जनता अपनी उदात्त दृष्टि से उसे आप्लावित करती हुई उस के साथ होती है-

क्वापि पतति संकटे प्रजातन्त्रं यदा
अवरुद्ध्यते जनानां कण्ठो वा यदा ।

सर्वातङ्कभयाशङ्काः परिहृत्य वै
गर्जति, सकलं समुज्ज्वलं मे भारतम् ।[९]

वर्तमानकालिक सत्तालोलुप, जनता के कष्टों के प्रति सर्वथा सहानुभूति शून्य परन्तु मगरमच्छ की तरह आँसू बहाने वाले नेताओं को अपनी क्रान्तदर्शी दृष्टि से डॉ0 शुक्ल, महर्षि वेदव्यास की भाँति फटकारते हुए, प्रतिबोधनार्थ चेतावनी देते हुए लिखते हैं-

किं कुरुथ किं वा करिष्यथ, वदत नेतारो मनाक् ।
किं मनसि वो वर्तते भो भणत नेतारो मनाक् ।।
पादयोः प्रणिपत्य धोणाघर्षणं कृत्वा मुहुः ।
याचितं यन्मे मतं तस्यादरं रक्षत मनाक् ।।
शासनासन्दीमवाप्य व्रजत नो गर्वं क्षणम् ।
आगते विपरीतकाले कोऽपि रक्षति किं मनाक् ।।
उपचिताः खलु यैर्भवन्तस्ते भवद्भिर्लुण्ठिताः ।
रे प्रजातन्त्रस्य हन्तारो बिभिथ लोकान्मनाक् ।।
यातु देशो ह्यन्धकूपे रक्षितं स्यान्मे मतम् ।
इति विचारपरम्परां स्वां त्यजत नेतारो मनाक् ।[१०]

देशवासियों की दुर्दशा को देखकर कवि का मन रो उठता है-

नाशितं जनजीवनं पितृसद्मतां नीताः पुरः ।
कारिताः शालाश्च काराः किं न लज्जध्वे मनाक् ।।
यद्यदाचरथ स्वदेशीये जनेऽत्र प्रत्यहम् ।
किं तदाचरितं कदाचिदांग्लकुटिलैरपि मनाक् ।।
स्फोटयथ शासथ नियमतः खण्डयथ राष्ट्रैकताम् ।
व्रजथ कुह वा व्रजिष्यथ वदत नेतारो मनाक् ।[११]

इन नेताओं को अपनी राष्ट्रभूमि की महत्ता का परिचय कराते हुए डॉ० शुक्ल अनेक कवियों के द्वारा गीयमान भारत की उज्ज्वल गरिमा की रक्षा करने के लिए जगाते हुए लिखते हैं-

यस्य रक्षार्थं भटा उत्साहिनः खे भुवि जले ।
यूयमपि तद्देशरक्षार्थं कुरुत यत्नान् मनाक् ।।
नैककविभिर्नवपुराणैर्यस्य महिमा गीयते ।
भारतं तत्किं न रक्षथ वदत नेतारो मनाक् ।[१२]

१९८७ में इस शताब्दी के भीषणतम सूखे के कारण जो त्राहि-त्राहि मच गयी थी-कवि का कोमल हृदय उस से प्रभावित होकर मेघ को प्रतिबोधित कराता हुआ पुकारता है-

क्रूरहृदय मेघ! कथं सुप्यते त्वया ?
गर्ज्यते न तर्ज्यते न वृष्यते त्वया ।।
प्रथमे ह्याषाढदिने दृष्टो न त्वम्
श्रावणेऽथ भाद्रपदे वृष्टो न त्वम् ।
कार्यनिहसि वद क्व खेल्यते त्वया ?
आतपनिःश्वासान् हा धरा मोमुचीति
रारटीति चातकः पिकश्च रोरुदीति ।
क्रन्दनं निशम्य मौनमास्यते त्वया !
स्वनियोगमशून्यं कुरु वर्ष सत्वरम् ।

* * *

अल्पय दारुणविपदं जीवखेदिनीम् ।
तर्पय धारासारैस्तप्तमेदिनीम् ।।[१३]

करुणार्द्रहृदय कवि की पुकार को मेघ भी अनदेखा न कर सका तथा उपर्युक्त कविता की रचना के तुरन्त बाद ही जबलपुर में वर्षा ने धरती की प्यास बुझाई । यह कवि की सर्वजनसंवेद्यता का ही परिणाम था कि प्रकृति भी सरस्वती के वरद पुत्र के अनुरोध को टाल न सकी ।

यदि डॉ0 शुक्ल का भावुक हृदय अनावृष्टि से दुःखित है तो असमय वृष्टि से भी उतने ही दुःखित होकर अपनी उदात्त दृष्टि से मेघ को भी चेतनवत् कर उसे शिक्षा देते हुए लिखते हैं-

अकालजलद! त्वया किमिति निन्द्यमाचर्यते ?

कृषीवलपरिश्रमः कथमहो त्वया नाश्यते ।

निपात्य करकाचयं परिणतेषु सस्येषु हा
त्वया किमिति तुद्यते वद पयोद ! पृथ्वीमनः ?

* * *

श्रमेण परिपालिता कृषिलता त्वया मर्दिता ।
धिगस्तु तव जीवनं ! चरति यद्भवे वैशसम् ।।
यथासमयमस्तु ते जलद ! गर्जनं वर्षणम्
यथासमयमस्तु ते समुदयस्तथा विश्रमः ।
जगज्जनसुरञ्जनो भव न वै जगत्त्रासकः
परोपकरणव्रतं वृणु पयोद ! कल्याणदम् ।।[१४]

वैदिक कवि की भाँति वे राष्ट्र देवता की स्तुति करते हुए जनता के कष्टों से द्रवित होकर कह उठते हैं-

उग्रताविहिंसनोत्थचीत्कृतीः शृणोमि चेत्
राष्ट्रदेवते कथं नु कीर्तनं करोमि ते!
यावदाननानि हर्षफुल्लतां न चाप्नुयुः
ब्रूहि देवते सुमार्पणं कथं करोमि ते ।।[१५]

डॉ0 शुक्ल के विचार में भावनात्मक सौमनस्य के आधार पर ही राष्ट्र की उन्नति हो सकती है-सौमनस्यसूत्रगुम्फिता न चेत्स्थिता जनाः । राष्ट्रदेवते कथं सुमाल्यमर्पयामि ते[१६] । परदुःखकातर डॉ0 शुक्ल अपनी उदात्तमयी दृष्टि में इस धरा को हत्या-बलात्कार-हिंसा से शून्य देखने की कामना करते हैं तथा उन की सदैव यही प्रार्थना है कि इस प्रकार के कष्ट दूर हों-

यदा यदा शृणोम्यहं वधूविदाहपातकम्
यदा यदा शृणोम्यहं बलात्कृतिं विहिंसनम्
तदा तदा भवाम्यरुन्तुदव्यथाप्रपीडिता
इयं व्यथा प्रणाशमेतु येन, तद्विधीयताम् ।।[१७]

डॉ0 रमाकान्त शुक्ल की कविता-भागीरथी में अवगाहन से स्पष्ट अनुभूत होता है कि वे यद्यपि राष्ट्र की दयनीय दशा से दुःखित हैं, परन्तु उन का स्पष्ट मत है कि समस्याओं का समाधान क्रन्दन से नहीं होता, उस के निवारणार्थ तो कर्म करना ही एकमात्र हल है । 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' के मन्त्र का ही सिंहनाद करते हुए वे जनता को सन्देश देते हैं-

कीर्तनेनैव वा क्रन्दनेनैव वा
लोपमेष्यन्ति दोषा न देशस्य वै ।
तेन सर्वैः क्रियन्तां सदा सुक्रियाः
येन भातु प्रसन्नं सदा भारतम् ।।
देशसेवां मिलित्वा कुरुध्वं समे
येन भूयोऽपि भासेत नो भारतम् ।।[१८]

यह संसार फूलों की सेज नहीं, अपितु कर्मभूमि है । अत एव संघर्ष ही जीवन है-इसी शाश्वत् सत्य को लिपिबद्ध करते हुए कविकुलमूर्धन्य डॉ० शुक्ल लिखते हैं **द्वन्द एव जीवनम्**[१९] परन्तु इस द्वन्द्व में रह कर हमें निराश नहीं होना है- **आशां वृणुते नैव निराशां भारतम्**[२०] । वस्तुतः यही सम्बल है जिस ने भारत की जनता को विषम परिस्थितियों में भी स्वाभिमानपूर्वक रहने की प्रेरणा दी है ।

जिस प्रकार कालिदास का मेघदूत' राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, उसी प्रकार वर्तमान काल में डॉ० शुक्ल की 'भाति मे भारतम्' पद्यमाला भारत की एकता का पर्याय है । डॉ० शुक्ल भूतकाल को ही स्वर्णयुग नहीं मानते, उनकी दृष्टि में भारत आज भी सोने की चिड़िया है । वे भारत को उन निराशावादियों की दृष्टि से नहीं देखते जो केवल विगत की प्रशंसा में ही झूम कर वर्तमान की उपेक्षा करते हैं । डॉ० शुक्ल को भारत के कोने-कोने में व्याप्त विभिन्न प्रकार के कारखानों, विद्युदुत्पादनसंयंत्रों, प्राकृतिक तथा नूतनविज्ञानोत्पन्न संसाधनों पर गर्व है । **'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः'** की अथर्ववेदीय भावना के समुपासक डॉ० शुक्ल को एक सच्चे सुपुत्र की भाँति इस राष्ट्र पर गर्व है, क्योंकि यही एकमात्र ऐसा राष्ट्र है, जिसने विश्वबन्धुत्व तथा विश्व को कुटुम्बवत् व्यवहार करने की उदारतामयी शिक्षा दी है तथा जो आज भी परमाणु युद्ध की विभीषिका से ग्रस्त इस संसार में शान्ति स्थापित करने का मूल मन्त्र है-

विश्वबन्धुत्वमुद्घोषयत्पावनं
विश्ववन्द्यैश्चरित्रैर्जगत्पावयत् ।
विश्वमेकं कुटुम्बं समालोकयद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।[२१]
भाखडाबन्धदामोदरीयोजना-
[illegible]र्जितम् ।

ब्रह्मपुत्रादिसन्दर्शिताम्बुच्छटं

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।[२२]

विद्युदुत्पादने तैलसंशोधने

इन्धनान्वेषणे लौहनिष्पादने ।

यन्त्रनिर्माणकार्ये समर्थं च सद्

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।[२३]

आर्यभट्टं वियन्मण्डले स्थापयत्

पोखरणभूमिगर्भेऽणुशक्तिं किरत् ।

शान्तिकार्येष्वणुं प्रेरयत्सन्ततं

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।[२४]

इस प्रकार वैज्ञानिक उपलब्धियों पर गर्व करने वाले डॉ० शुक्ल की कृतियों से एक अन्य तथ्य भी सामने आता है और वह है कि जो हमारे प्रेम एवं स्नेह का पात्र होता है-उस के दोष नहीं-अपितु गुण ही देखे जाते हैं । इसी भावना से वशीभूत होकर डॉ० शुक्ल को स्वदेश में कोई दोष दृष्टिगोचर नहीं होता जो कि उनकी उदात्त दृष्टि का पूर्ण परिचायक है-

सन्तु दोषा अनेकेऽत्र कैश्चिन्मताः

किन्तु नाहं प्रपश्यामि तान् मन्दधीः ।

वन्दनीयं मया, कीर्तनीयं मया

मोदतां वर्धतां राजताम् भारतम् ।।[२५]

डॉ० शुक्ल की उदात्त दृष्टि में दीपावली का प्रकाश केवल अन्धकार को दूर नहीं करता, अपितु जिस अन्धकार का वस्तुतः विनाश हो वह है दुःख तथा दरिद्रता, जनता के हृदय में बैठा हुआ नैराश्यरूपी अन्धकार । इसी को दूर करने की प्रार्थना करते हुए वे लिखते हैं-

दुःखदारिद्र्यरोगप्रवृद्धं तमो नैव दृश्येत भूमौ कुहापि प्रभो ।

सन्तु सर्वत्र सर्वे सदा नन्दिता राजतां दीपमालेयमालोकिनी ।

अन्धकारं निराशाप्रसूतं दृढं ध्वंसयेद् दीपमालेयमालोकिनी ।।२६

इस प्रकार डा० रमाकान्त शुक्ल की काव्यधारा का आस्वादन करने से स्पष्ट ज्ञात होता है कि उन का स्वर आशावाद एवं उदात्तभावना से परिपूर्ण है । वे हमारे समक्ष प्रतिदिन की समस्याओं को रखते हुए उनके परिहारार्थ परिश्रममार्ग का आश्रय

कर कर्म करने की प्रेरणा देते हैं । प्रत्येक कविता में वे किसी न किसी आदर्श की स्थापना करते हैं जो कि विभिन्न उपनिषदों, पुराणों तथा साहित्यरूपी सागर के मन्थन से उद्भूत सुधा की भाँति हृदय को आवर्जित करने वाला होता है । डॉ0 शुक्ल की कविता प्राचीन कवियों की भाँति श्रृंगारपरक न होकर यथार्थ का चित्रण करा कर जीवनलक्ष्य क्री प्राप्ति में सहायक सद्गुणों का सञ्चार करती है । बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न ऐसे विश्ववन्द्य कवि संसार में विरल ही होते हैं । उन की लेखनी से प्रसृत सुमन न केवल भारतीय जन-मानस को उदार दृष्टिकोण अपनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं, अपि तु विश्वशान्ति की स्थापना की दिशा में उनका साहित्य बहुत अधिक मात्रा में सहायक सिद्ध होगा क्योंकि **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** का आधार उदार दृष्टि है, जो कि उन के साहित्य में पदे-पदे भागीरथीप्रवाहवत् अबाध गति से प्रसृत हो रही है ।।

---

१. नेहरुं तं स्मरामो वयं सादरम्-अर्वाचीनसंस्कृतम्, १५.१.८९

२. उत्तरमङ्गलम्-अर्वाचीनसंस्कृतम्, १५.१.९०

३. उत्तरमङ्गलम्-अर्वाचीनसंस्कृतम् १५.१.९०

४. उत्तरमङ्गलम्

५. तुलनीय : आर्तत्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि (अभिज्ञानशाकुन्तलम्, १/११)।

६. उत्तरमङ्गलम्

७. भारतजनताहम्-अर्वाचीनसंस्कृतम् १५.७.८६

८. एकं सद् बहुधा विलोक्यते भारतम्-अर्वाचीनसंस्कृतम् १५.४.८९

९. एकं सद् बहुधा विलोक्यते भारतम्-अर्वाचीनसंस्कृतम् १५.४.८९

१०. ३३ वें कालिदाससमारोह(१९९०) उज्जयिनी में २.११.१९९० को अखिलभारतीयसंस्कृतकविसमवाय में डॉ0 शुक्ल द्वारा पठित तथा अर्वाचीनसंस्कृतम् (१२/४) ७.११.१९९० में प्रकाशित 'वदत नेतारो मनाक्' कविता से उद्धृत ।

११. पूर्वोक्त

१२. पूर्वोक्त

१३. मेघप्रबोधनम्-अर्वाचीनसंस्कृतम्-१५. १० .१९८७



१४. अकालजलद-अर्वाचीनसंस्कृतम्, १५.४.८८

१५. राष्ट्रदेवते-अर्वाचीनसंस्कृतम्, १५.१.८६

१६. पूर्वोक्त,

१७. अहं स्वतन्त्रता भणामि-अर्वाचीनसंस्कृतम् १५.१.८७

१८. रौति ते भारतम्-अर्वाचीनसंस्कृतम्, १५.१.८७

१९. स्वागतं पयोद ते-अर्वाचीनसंस्कृतम् १५.७.८८

२०. एकं सद् बहुधा विलोक्यते भारतम्-अर्वाचीनसंस्कृतम् १५.४.१९८९

२१. भाति मे भारतम्, श्लोक संख्या १

२२. भाति मे भारतम्, श्लोक संख्या ११

२३. भाति मे भारतम्, श्लोक संख्या १२

२४. भाति मे भारतम्, श्लोक संख्या १४

२५. भाति मे भारतम्, श्लोक संख्या १०७

२६. आलोकिनी (ध्वनिनाटकम्)-अर्वाचीनसंस्कृतम्, १५.७.८९

# डॉ० रमाकान्त शुक्ल की कविता में राष्ट्रीयता के स्वर

आचार्य गणपति शुक्ल

भारतीय काव्यशास्त्र में कविता के विविध उद्देश्य हैं। स्वान्तःसुख, यश, धन, लोकमङ्गल तथा मनोहारि वचनों से जन-जागृति आदि। देश काल की परिस्थिति के अनुसार ये उद्देश्य समय समय पर अपनी प्रमुखता पाते रहे। आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण में हिंसा और अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाकर लोकमर्यादा की स्थापना में काव्य को प्रतिष्ठित किया **(मा निषाद प्रतिष्ठां त्वम0)**। महाभारतकार वेदव्यास ने राजसत्ता प्राप्ति हेतु आपसी कलह, हिंसा और प्रतिशोध का विरोध कर निःस्वार्थ कर्तव्य कर्म करने की बात कही ''**कर्मण्येवाधिकारस्ते**''। स्वान्तःसुख के लिए रस, छन्द, अलंकार से सजी भारवि, हर्ष, भट्टि और माघ की कलात्मक रचनायें भी निर्मित हुईं। फिर भी वाल्मीकि से आज तक के कवि लोक जीवन से जुड़े रहे और लोककल्याण के लिए स्व-पर की भावना से ऊपर उठकर ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' के सन्देशवाहक रहे।

बीसवीं शती में विदेशी दासता एवं संस्कृति के विरुद्ध स्वदेशी संस्कृति तथा स्वतन्त्रता का पावन सन्देश सुनाने वालों में लोकमान्य तिलक, पं0 मदन मोहन मालवीय, स्वामी दयानन्द, श्रीमती क्षमाराव, स्वामी भगवदाचार्य, अम्बिकादत्त व्यास तथा पाण्डुरङ्ग शास्त्री प्रमुख रहे जिन्होंने भारत में राष्ट्रीय विचारधारा प्रवाहित कर जन जागृति की। संस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध कवि तथा समालोचक डॉ0 वे0 राघवन लिखते हैं-

''देश के सार्वजनिक जीवन में जो नये सामाजिक और राजनैतिक आन्दोलन होते रहे थे उन्होंने संस्कृत के लेखकों पर अपना प्रभाव डाला और इस प्रकार से संस्कृतज्ञों ने नये रूप में जो साहित्य पैदा किया, उसमें संस्कृत पूरी तरह जीवित दिखाई दी।'' (आजका भारतीय साहित्य पृष्ठ ९२५)

स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत कविता में १९८१ से १९९० तक भारतीय राष्ट्र की एकता, अखण्डता, ज्ञानविज्ञान का विकास और आर्थिक समृद्धि हेतु जो प्रयत्न होते रहे उन पर संस्कृत के लब्धप्रतिष्ठ विद्वान् कवि डॉ0 रमाकान्त शुक्ल ने अपने साथी कवियों सहित अर्वाचीनसंस्कृतम् पत्रिका, कविसम्मेलन, आकाशवाणी तथा दूरदर्शन

के माध्यम से राष्ट्रकल्याणकारी साहित्य का प्रचार प्रसार किया। प्रस्तुत लेख इन्हीं विशेषताओं पर आधारित हैं।

किसी भी राष्ट्र का निर्माण और उसका साहित्य भूमि, जन और संस्कृति पर आधारित है; ये तीन राष्ट्र के निर्माता हैं। भूमि माता है और जन उसका पुत्र। पुत्र माता के प्रति जितना सेवाभावी, कर्मठ और ईमानदार रहेगा, माता उतनी ही पुत्र के लिए वरदायिनी रहेगी। संस्कृति जनके सत् विचार और सत्कृति से विकसित प्रफुल्लित पुष्प है। संस्कृति ही राष्ट्र का गौरव बढ़ाती है और राष्ट्र को जिन्दा रखती है। राष्ट्रीय कवि इन तीनों तत्त्वों का चिन्तन मनन कर कविता सृजन करता है।

**जय भारतभूमे !** डा शुक्ल रचित मातृभूमि महिमा का गायक काव्यसंग्रह है जो सन् १९८१ में प्रकाशित हुआ। इसमें ७ कवितायें संकलित हैं। मातृभूमिवन्दना करते हुए कवि भारत देश के प्रशंसनीय गुणों का भी उल्लेख करते हैं-

प्रणम्यः प्रणम्यः सदा यः स्वदेशः
सदा कीर्तनीयः सदा वन्दनीयः।
सदा वर्धताम् मोदतां राजतां यो
भजेऽहं मुदा भारतं तं स्वदेशम्॥
कुटुम्बं धरित्री दया यस्य मित्रम्
असत्यञ्च शत्रुः समस्तेऽपि लोके।
मनुष्यत्वसेवा यदीयोऽस्ति धर्मः
भजे तं मुदा भारतं दिव्यदेशम्॥

**भाति मे भारतम्** कवि की प्रसिद्ध लोकप्रिय राष्ट्रीय विचारों से ओतप्रोत कविता है जो प्रान्तीय शासनों के शिक्षाविभागीय पाठ्यक्रम में निर्धारित है। आकाशवाणी और दूरदर्शन से सचित्र प्रसारित भी हुई है। इसमें भारत की विश्वबन्धुता, ताटस्थ्यनीति तथा वैज्ञानिक विकास का स्वागत किया गया है। अनेकता में एकता की प्रतीक राष्ट्रभाषा हिन्दी, सर्वधर्म समभाव के प्रतीक मन्दिर-मस्जिद-गुरुद्वारों का उल्लेख किया गया है।

यत्र सत्यं शिवं सुन्दरं राजते
रामराज्यञ्च यत्राभवत् पावनम्।
यस्य ताटस्थनीतिः प्रसिद्धिं गता
भूतले भाति तन्मामकं भारतम्॥

मन्दिरैर्मस्जिदैश्चैत्यगिर्जागृहै-

रार्यगेहैर्गुरुद्वारकैर्भ्राजितम् ।।

कर्मभूः शर्मभूर्धर्मभूर्मर्मभूः

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।

पापसंहारिणी जनमङ्गलकारिणी गंगा तथा चारुसञ्चारिणी गोदावरी नदी का वर्णन बहुत सुन्दर हुआ है । मातृभूमि को आजाद कराने वाले भगतसिंह का स्मरण कर कवि अपने को उपकृत मानते हैं । इस कविता पर हिन्दी साहित्य के मर्मज्ञ मूर्धन्य समालोचक डा0 नगेन्द्र का कथन कितनी सार्थकता रखता है-

''देश की प्राचीनतम भाषा में आधुनिक भारत का यह गौरवगान अपने आप में एक चमत्कार है । इससे जहाँ एक ओर देववाणी का प्रसार हो रहा है वहाँ भारत के वैभव के गीत जनमानस में गूँजने लगे हैं । इस अनूठे प्रशस्तिकाव्य के रचयिता निश्चय ही साधुवाद के पात्र हैं ।''

मातृभूमिगौरवगान के साथ ही भारतीय जनता के लिए सुख-समृद्धि तथा समान प्रगति की कवि कामना करते हैं-

शोषितो नात्र कश्चिद् भवेत् केनचित्

व्याधिना पीडितो नो भवेत् कश्चन ।

नात्र कोऽपि व्रजेत् दीनताम् हीनताम्

मोदताम् मे सदा पावनं भारतम् ।।

**रौति ते भारतम्-** कविता का सृजन देश की दुःस्थिति से उत्पन्न दुःख के कारण करुणाप्लावित होकर कवि ने किया है । श्रमिकों का सड़कों पर शयन, धर्म की ओट में मनमानी, रूप और देहका विक्रय, नेतृवर्ग की लोभप्रवृत्ति, देश की एकता खण्डित होना, कृषकों को भी अन्न वस्त्र दुर्लभ होना प्रगतिशील राष्ट्र के लिए चिन्तनीय एवं शोचनीय है ।

कर्षकेभ्यो यदान्नं भवेद् दुर्लभं

कार्मिकेभ्यश्च गेहं यदा दुर्लभम् ।

वस्त्रकृद्भ्यश्च वस्त्रं यदा दुर्लभम्

तर्हि नूनं हहा ! रौति ते भारतम् ।।

कर्गले राष्ट्रभाषाऽस्ति नो भाषणे

संस्कृतं स्तूयते नैव तत्सेव्यते ।

स्वीयपादे कुठारः स्वयं पात्यते,

वीक्ष्य सर्वं ध्रुवं रौति ते भारतम् ।।

कवि ने देश की अच्छाई का ''भाति मे भारतम्'' में वर्णन किया वहीं देश की बुराई को चित्रित करने में भी कवि संकोचशील नहीं हुआ । कवि केवल प्रशस्तिवादी नहीं है, वह यथार्थ स्थिति का भी सशक्त शब्दों में वर्णन करता है।

**''अहम् स्वतन्त्रता भणामि''** कवि का क्रान्तिकारी प्रेरणादायक राष्ट्रीय गीत है । जो सन् १९८३ में लिखित तथा जनवरी १९८७ में आकाशवाणी केन्द्र द्वारा हिन्दी अनुवाद सहित प्रसारित हुआ है । स्वतन्त्रता उन वीर पुत्रों का स्मरण कराती है जिन्होंने दासता समाप्ति के लिए अपने शीश तथा परिवार की परवाह् नहीं की ; लाठियाँ खायीं, गोलियाँ खायीं और अपने प्राणों को देश के लिए न्योछावर कर दिया। आज उन्हीं वीरों के त्याग से खुशी के दिन देखने को मिले हैं । इसे चिरस्थायी बनाना है-

भवद्भिरद्य दृश्यते यथार्थिकी समुन्नतिः

भवद्भिरद्य दृश्यते नवा च या विनिर्मितिः ।।

भवद्भिरद्य यः स्वतन्त्रतारसो निपीयते

तदेतदात्मजीवने चिरं चिराय धार्यताम् ।।

अहम् स्वतन्त्रता भणामि ।।

स्वतन्त्रता के मन की स्थिति कवि बतलाते हैं कि उसने यह कभी नहीं सोचा कि दुर्बलों का शोषण तथा सज्जनों का अपमान स्थान-स्थान पर होगा । देश में नीतिहीनता तथा वृत्तिहीनता (बेरोज़गारी) फैलेगी और लज्जा से उसे मस्तक झुकाना पड़ेगा । जगह जगह वधुएँ जलाई जा रही हैं । बलात्कार, हिंसा और अपहरण को देखकर मेरा हृदय दुःखित हो उठता है । इसे समाप्त करना चाहिए-

यदा यदा श्रृणोम्यहं वधूविदाहपातकम्

यदा यदा श्रृणोम्यहं बलात्कृतिं विहिंसनम् ।

तदा तदा भवाम्यरुन्तुदव्यथाप्रपीडिता

इयं व्यथा प्रणाशमेतु येन तद् विधीयताम् ।।

स्वतन्त्रता पुनश्च कहती है कि अपने ही देशवासियों द्वारा स्वदेशी जनों की हिंसा करना, अलगाव की स्थिति पैदा करना, देश को खण्डित करना, ज्ञान का व्यवसायीकरण, करों की अधिकता से जनता का बोझिल होना मेरे हृदय को विदीर्ण करता है । देश में जल दुर्लभ है किन्तु मदिरा स्थान स्थान पर सुलभ है । वचन है पर क्रिया नहीं है; आपसी भेदभावना बढ़ रही है; यह दूर होना चाहिए-

जलं न लभ्यते तथा यथा सुरा पदे पदे
वचांसि सन्ति भूरिशो नहि क्रियाः पदे पदे ।
पुनश्च भेदभावना प्रवर्त्यते पदे पदे
इयं दशा समर्थनं किमर्हतीति चिन्त्यताम्
अहं स्वतन्त्रता भणामि ।।

सोलह पद्यों में रचित यह कविता सहृदय व्यक्ति के मन को झंकृत कर देती है । उसे देश के प्रति सोचने समझने के लिए क्रान्तिकारी सन्देश देती है । कवि भी इस स्थिति सें दुःखित हो उठता है । पर इस कष्ट का निवेदन करे तो किस से ?

**राष्ट्रदेवते** कविता में अपने आराध्य राष्ट्रदेवता के प्रति सक्रोध निवेदन करते हैं- 'मैं आपका पूजन अर्चन और कीर्तन कैसे कर सकता हूँ क्योंकि उग्रवादियों द्वारा की गयी हिंसा से उत्पन्न चीत्कारें मैं सुन रहा हूँ-

राष्ट्रदेवते ! कथं नु पूजनं करोमि ते ?
ब्रूहि देवते ! समर्चनं कथं करोमि ते ?
उग्रताविहिंसनोत्थचीत्कृतीः शृणोमि चेत्
राष्ट्रदेवते ! कथं नु कीर्तनं करोमि ते ।।

पूजन की विविध सामग्री अर्पित न किये जा सकने के कारण कवि ने युक्त तर्क दिये हैं-

जब तक मनुष्यों के मुख हर्ष प्रफुल्लित न हों
तब तक पुष्प कैसे चढ़ाऊँ ?
जहाँ भ्रष्टाचार की कालिमा से लोग लिप्त हों
चन्दन कैसे लगाऊँ ?
जहाँ के रास्ते गन्दगी से पूर्ण हों तो सुगन्ध कैसे समर्पित करूँ ?
लोगों के हृदय जब तक प्रेम सूत्र से न बँधे हुए हों
तो हार कैसे अर्पण करूँ ?
पीने का पानी जन-जन को सुलभ न हो
आपको स्नान कैसे कराऊँ ?
प्रतिदिन बहुओं की जलने की चीत्कार सुन रहा हूँ

इस स्थिति में स्तोत्र पाठ कैसे करूँ ?

द्वेष उत्पन्न करने वाली आँधी जब तक शान्त न हो

दीपक कैसे जलाऊँ ?

एक भी आदमी भूखा रहता है तो आपको नैवेद्य कैसे लगाऊँ ?

सम्पत्ति देश की बढ़ी है किन्तु जब तक गरीबों को नहीं मिलती

दक्षिणा कैसे दूँ ?

कवि क्षमायाचना करते हैं कि मैं तुम्हें मधुर मिठाई तो 'भाति मे भारतम्' के माध्यम से पहले ही समर्पित कर चुका हूँ यहाँ जो कुछ कटुवचन कह गया हूँ, राष्ट्रदेवते ! उन्हें क्षमा करना ।

कवि आशावादी है, कर्मठ है, अपने ज्ञान और भुज बल पर आत्मविश्वासी है। देश में राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्रान्तियाँ होती रहती हैं किन्तु मनुष्य धैर्य बनाये रखें, मनोबल टूटने न दें । रोने गाने से क्या होता है । सभी को एकचित्त होकर पारस्परिक सहयोग से राष्ट्रकल्याणकारी कार्यों को पूर्ण करना चाहिए । हमारे नेता लोभी न हों और प्रजा भी अपना विवेक न छोड़े-

कीर्तनेनैव वा क्रन्दनेनैव वा

लोपमेष्यन्ति दोषा न देशस्य वै ।

तेन सर्वैः क्रियन्तां सदा सुक्रियाः

येन भातु प्रसन्नं सदा भारतम्।।

वर्तमान युग में संस्कृत काव्यों में राष्ट्रीय विचारधारा के स्वर को प्रसारित करने में जिन कवि साथियों का पारस्परिक सहयोग मिला उनके नाम तथा कविता नाम देना अप्रासङ्गिक नहीं होगा-

डा० राजेन्द्र मिश्र 'प्रयाग' **'कीदृशी स्वतन्त्रता'** में लिखते हैं :

निर्दयं विरौम्यहं कोऽपि नो शृणोति मे

मामके हि भारते कीदृशी स्वतन्त्रता !

शोकतापजर्जरा द्रोहभारभङ्गुरा

अद्य दृश्यते न किं भारती वसुन्धरा ?

आचार्य श्रीनिवास रथ (उज्जैन) दीन जनों के कल्याण हेतु चिन्तन कर लिखते हैं-

येऽधुना निर्धना शून्यशून्येक्षणा भावि तेषां कथं सार्थकं जीवनम् ।

तत्कृते कर्म यत्सर्वधर्मामृतम् तत्र संपत्स्यते सर्वदेवार्चनम् ।।

दुर्बलाराधनं राष्ट्रसंवर्धनम् स्वीकृतं चेतसा यत्त्वया साम्प्रतम् ।
तेन रक्षाद्युना सर्वदेशोत्तमं रक्ष सर्वात्मना रक्ष तं भारतम् ।।

डा0 लीना रस्तोगी (नागपुर) अनीति जन्य अन्धकारपूर्ण राज्य की निन्दा करते हुए स्वच्छ प्रशासन की कामना करती हैं-

इह तमसां राज्ये अन्धीभवति चेतना ।
करणीयं किमिति न परिचलति कल्पना ।।
पाटवमिति यत्र धूर्तता हि संज्ञिता
शिष्टानामाचारश्चाटुकारिता
पाण्डित्यं केवलमिह दर्पजल्पना ।
इह तमसां राज्ये अन्धीभवति चेतना ।।

डा0 शुक्ल की भाति मौरीशसम्, उज्जयिनीयं जयति, जाबालिपुरं चल, नेहरुं तं स्मराम आदि कविताएँ' देश-भक्ति एवं विश्वमैत्री भावना को जागृत करती हैं । हिन्दी के महाप्राण कवि निराला की ''राम की शक्ति पूजा'' कविता कवि की प्रेरणा दायिनी कविता है जिसका संस्कृत नाट्यरूपान्तर ''पुरश्चरणकमलम्'' शीर्षक से किया गया है ।

बहुजनहिताय बहुजनसुखाय के सिद्धान्त को ध्यान में रखकर आपने अपनी संस्कृत कविताओं को सरस सुबोध रूप में ही प्रस्तुत किया है, भाषा प्रसादगुणमयी है, भाव स्वतः सुन्दर है इसे सजाने के लिए कवि को अलग से अलङ्कार पहनाने की आवश्यकता नहीं हुई-

''अनलङ्कृताऽपि कविवाक् रमणीया व्यंग्यसंगता भवति ।
निर्भूषणाऽपि रमणी राजति लावण्ययोगेन ।।''

संस्कृत को प्राचीन मृतभाषा मानने वाले जब दूरदर्शन पर कवि मुख से कवितायें सुनते हैं तो आश्चर्यान्वित होकर कहते हैं कि संस्कृत जीवित ही नहीं बल्कि इसमें लिखा जाने वाला साहित्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का भी है, जो अन्य भाषाओं को प्रेरणा देता है ।

संस्कृत के विकास एवं समृद्धि हेतु संस्कृत-जगत् डा0 रमाकान्त शुक्ल के प्रति बहुत आशान्वित है और उनके यशस्वी जीवन की कामना करता है ।

# Let Victory Be Yours Oh Devabhasha[1]

Dr. Rama Jha

1. Rich with Nigamas and Puranas,
   Made beautifull with gems of science
   The body sanctified with Vedangas
   Victory be thine Oh Devabhasha !

2. Resounding with Jayadev's dulcet lyrics
   And glory brought to you by Kalidasa
   Bustling with strains of laughter in Saumilla and Bhasa
   Victory be thine Oh Devabhasha !

3. Delving deep into the meaing of life
   Propagating Knowledge all over
   veloping the self of man to heights unscaled,
   Let victory be thine Oh Devabhasha !

4. Awakening the world
   By dispelling sorrsw
   And Destroying worries
   Let victoy be thine Oh Devabhasha. !

5. That, Education brings humility
   And,'Truth always wins'
   And reverberating with many more such sayings
   Let victory be thine oh Devabhasha !

---

1. Poetic transcreation of Dr. Rama kant Shukla's Sanskrit poem 'Surabharati vijayate'

6. The Ignoramus consider you dead.
But you embody immortality itself
A sense of immortality
Spreading your wings
Embracing many more
Let victory be thine Oh Devabhasha !

7. You gave the massage of Gita
Yet look so soft and delicate
Spreading light all over, always
Let victory be thine Oh Devabhasha !

# Freedom's Expectation[1]

Dr.S.P.Dixit.

I freedom, address here.
Mind and do, I say my dear.

(1) Those,sacrificed themselves,
Adored with body soul and wealth
Bore bullets on their chests bare
Are fit, for my adoration clear.

(2) For the space, you conquered,
And defeated ememies all the time,
Well arranged, participated too in ASIAD
Congratulations, conquer celestical sphere.

(3) Seeing gradually prospering day by day,
Making new constructions of the day
Enjoying fully the bliss of freedom
Bless you such selfreliance ever
Dont's fear.

(4) My wishes good, all you have
Since your progress and joys are my concern,
Modern affairs, make uneasy
So entreat you to tackle, swear.

---

1. Poetic transcreatioin of 'अहं स्वतन्त्रता भणामि' of Dr. Rama Kant Shukla

(5) Whenever I here murders
Or of Burnt grooms, or oppression
I feel perplexed ache and tear
Do some thing effective and save my teer.

(6) I neither liked exploiting the poor
Nor the satity of the wicked.
Nor the disgrace of the gentle
But Oh! that all I bear with tear.

(7) I see unemployment, whenever
And gross injustice, every where
I bent with shame and feel if died
Such things should not prervail, in any atmosphere.

(8) Live a few, having spoon golden
But many live and die in hunger
Riches flow to selected and poverty to many
Such disparity be turned to peer .

(9) Ruin of a nation, by my own nationalist
Feeding of disintegrity, of the people
And the unability of tax payers.
Can't see my anxiety, place these rear.

(10) Leaving a party and joining the other
Tyrant's suppression of the people
Slaughters in lances and germs of infection.
Make me penic avoid such snear.

(11) Demotion of able and promotion of disable
Flattery reigning for personal gain
If continues and survives in our India
How can I be strong, So be a seer.

(12) Troubles of generation I remember
Which makes me happy and see proud.
But seeing leaders desiring gains
My joys disappears, Oh! it is queer

(13) One may get wine not water here
Not a single action but hundred swear
See willing separation at every step
Admitting these say can I cheer ?

(14) Know nothing lacking,capital or labour
Get mines and minerals every where
But rise of mean and unreasonable thinking
Must be stopped Do you hear ?

(15) Let none be weak
None be poor
None disrespected none disunited
Let confidance develope in each and all
Let India prosper
Year to year.

# I AM THE PEOPLE OF INDIA[1]

## (भारतजनताऽहम्)

Dr. Rama Jha

[What follows is the translation of a beautiful tribute paid to the people of India in Devbhasha Sanskrit by a Delhi based noted modern Sanskrit poet Shri Ramakant Shukla. The rhapsody encompasses the complexity of the people of Indian Republic and expresses most poetically the contraries that Indian people have absorbed and the tenacity with which they hold on to the best of its centuries old tradition even as they march ahead with times.. -Editor]

Proud yet most humble,
I am the people of India,
Harder than the thunderbolt,
Softer than the flowers,
I am the people of India !

I am all over the world, for I consider
The whole world one family,
Love and dignity, I choose them both,
I am the people of India !

---

१. श्री रमाकान्तशुक्लप्रणीताया 'भारतजनताऽहम्' इत्येतस्या रचनायाः केषाञ्चित्पद्यानामाङ्गलभाषायां 'च्वाइस इण्डिया' - सम्पादिकया डॉ० रमा झा-महाभागया कृतः काव्यानुवादः ।

## I AM THE PEOPLE OF INDIA



I posses the treasure of Science and knowledge
Literature and music are my second self,
Bathed and made pious
In the nectar of its Spiritual spring
I am the people of India !

I am the country Which one considers
Paradise on earth,
After numerous sojourns abroad,
I am the ruler and ruled both
Simple and open,
I am the people of India !

Illusions and delusions I Know not,
Nowhere would you find the Janata
As patient I am,
I travelled all over and
Am visible every where,
Industriousness my key philosophy,
I am the people of India !

What Sacrifices haven't I made
In the worship of the goddess of freedom ?
And now for its protection
What all am I not bearing ?
This me, Yes this me,
The continuous labourer,
I am the people of India !

Manufacturing nuclear arms
Not any Impossibility for me,

But I desire it not,
My real armamant is
Non-violence,
Fearless,
I am the people of India !

I may opt for the Computer network,
Nor am I alergic to the material progress,
But desire I all the same
That the sap of life be not dried
Hoping this as always
I am the people of India !

Attack I no one
Tolerate I no Invasion
Never you confuse
My simplicity
With stupidity,
Heavily shielded
I am the people of India !

Squatting on the mouth of volcano,
To World made nervous
By the nuclear demon
Still preaching
The concept of peace
I am the people of India !

('Choice India' Vol. V. No. 1 January 1989 पत्रिकातः साभारम्)

# स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत महाकाव्य

डॉ0 रहस विहारी द्विवेदी

वैदिक काल से आज तक संस्कृत साहित्य सर्जन की अविरल धारा प्रवाहित है । अनेक राजनीतिक और सामाजिक व्याघातों को सहते हुए भी संस्कृत साहित्य सर्जक अपनी साधना से विरत नहीं हुए । राष्ट्र पारतन्त्र्य की अवधि में जो संस्कृत कवि लुक-छिप कर अपने प्रेरक उद्गारों से भारतीय जनता में राष्ट्रवादी भावना का संचार करते थे, वे देश को स्वतन्त्र देखकर हर्षाप्यायित हो उठे । उनके साहित्य में आनन्द का विशिष्ट निर्झर फूट पडा, कवियों की चिर प्रतीक्षित भावना साकार हो उठी । स्वतन्त्रता के स्वागत में अनेकविध साहित्य की सृष्टि आरम्भ हुई। स्वतन्त्रता के बाद संस्कृत साहित्य में प्रखर राष्ट्रीय भावना देखने को मिलती है । प्राचीन कथावस्तु पर आधारित कृतियों में भी अभिनव राष्ट्रीय चेतना का समावेश हुआ । स्वतन्त्रता संग्राम के यशस्वी व्यक्तियों को आधार बनाकर अधिकांश काव्यकृतियों का निर्माण हुआ । प्रायः सभी राष्ट्रनेताओं को काव्यनेता के रूप में प्रतिष्ठित करने का कवियों ने श्लाध्य प्रयास किया । स्वतन्त्रता के बाद शताधिक संस्कृत महाकाव्यों का प्रणयन हुआ । बीसवीं सदी के प्रारम्भ से ही अंग्रेजी, बंगला, हिन्दी प्रभृति भाषाओं के सम्पर्क से लघुकथा (कहानी), कथा (उपन्यास), जीवनी, यात्रावृत्तान्त, पत्रलेखन, निबंध, प्रबंध, मुक्तक , मात्रिक छन्दों की तुकान्त कविता, संगीतिका आदि अभिनव विधाओं का द्रुतगति से विकास हुआ । इस अवधि में संस्कृत की पत्र पत्रिकाओं का भी प्रभूत विकास हुआ । स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद संस्कृत के नवलेखन को पर्याप्त प्रोत्साहन मिला । रेडियो रूपक, रेडियो वार्ता, दूरदर्शन रूपक, आकाशवाणी और दूरदर्शन के प्रसारण योग्य लघु कविताओं तथा गीतिकाओं का लेखन इस अवधि की अन्यतम उपलब्धि है । आधुनिक कार्यव्यस्त पाठकों के बीच साहित्य के लघु रूप अधिक प्रश्रय पाने लगे; इनके लेखन, प्रकाशन और प्रचार यथाशीघ्र हाने से इस ओर भी संस्कृत कवियों का झुकाव हुआ । फिर भी स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद संस्कृत की दीर्घकाय विधा महाकाव्य के लेखन की ओर कवियों की साधना सुखद आश्चर्य का विषय है । उपलब्ध संस्कृत साहित्य पर दृष्टिपात करते हुए यह कहना असत्य न होगा कि स्वतन्त्रता प्राप्ति से आज (१९९०) तक लिखे गये महाकाव्यों की जो संख्या है, इतनी ही अवधि में इतने महाकाव्य कभी नहीं लिखे गये । महाकाव्य लेखन का यह कीर्तिमान संस्कृत साहित्य के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जायेगा । इस युग में अन्य भाषाओं के कवियों की रुचि महाकाव्य-प्रणयन की ओर कम हो

गयी किन्तु संस्कृत के दृष्टि सम्पन्न प्रज्ञावान् कवियों ने अमित संरम्भ और धैर्य के साथ अनेकविध महाकाव्यों का प्रणयन किया । अनेक कवि समपेक्षित अर्थादि के अभाव से त्रस्त तथा तथाकथित आचार्यादि के पद पर नहीं रहे तथापि उनके द्वारा सधैर्य उत्तम महाकाव्यों की सृष्टि संस्कृत कवियों की कठिन साहित्य-साधना और आत्मविश्वास का महता कण्ठेन उद्घोष कर रही है ।

इस अवधि के महाकाव्यों की विषयवस्तु में वैविध्य दिखाई देता है । परम्परा प्राप्त रामायण, महाभारत से वस्तुग्रहण के साथ निकट भूत में उदात्त और यशस्वी जीवन व्यतीत करने वाले लोकविख्यात महापुरुषों- शिवाजी, झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, लोकमान्य तिलक, मोहनदास कर्मचन्द गाँधी, सुभाषचन्द्र बोस, जवाहर लाल नेहरू, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद, महामना मदन मोहन मालवीय प्रभृति राष्ट्रस्वातन्त्र्य के महान् नेता, स्वामी विवेकानन्द, एकनाथ, योगिभक्त, ज्ञानानन्द प्रभृति सन्त महात्माओं, लेनिन आदि सामाजिक तथा आर्थिक क्रान्तिकारियों तथा राष्ट्र और समाज में अभिव्याप्त समस्याओं को महाकाव्य की विषय वस्तु के रूप में ग्रहण किया गया है । गंगा नदी तथा नर्मदा को प्रतीक पात्र के रूप में नायिका बनाकर महाकाव्य लिखने का सफल प्रयास किया गया है । संस्कृत के श्रेष्ठ विद्वान् और महान् साहित्येतिहास और समीक्षा लेखक आचार्य बलदेव उपाध्याय के जीवन पर आचार्य श्री निवास रथ महाकाव्य लिख रहें हैं जिसके कई सर्ग 'दूर्वा' में धारावाहिक रूप में प्रकाशित हो चुके हैं । किसी जीवित व्यक्ति पर महाकाव्य लेखन की यह दूसरी घटना है; इसके पूर्व डॉ0 सत्यव्रत शास्त्री ने श्रीमती इन्दिरा गाँधी पर उसके जीवन काल में ही महाकाव्य लिखा था । इस अवधि में अन्य भाषाओं के कुछ संस्कृत महाकाव्यों को समपद्यीय संस्कृतानुवाद द्वारा प्रस्तुत किया गया है जिनमें हिन्दी के कामायनी, प्रियप्रवास, रामचरितमानस, कृष्णायन (अन्तिम सर्ग मात्र), अंग्रेजी के सावित्री, मलयालम् के केशवीयम् प्रभृति विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । ये रचनाएँ भी मूल रचना जैसी आह्लादक्षम हैं ।

स्वातन्त्र्योत्तर महाकाव्यकारों के प्राचीन रूढ उद्देश्य नहीं हैं । इनमें शासन, समाज या धर्म की दिशा में होने वाले अन्यायों के प्रति विरोधी स्वर हैं । प्राचीन अथवा मध्यकालीन शारीरिक चेतना (शृंङ्गारात्मक वर्णन) के स्थान पर मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, राजनीतिक और राष्ट्रीय चेतना की तीव्र उद्भावना हुई है । राष्ट्रीय जीवन के साथ सामरस्य, महापुरुषों के प्रेरक व्यक्तित्त्वों का आकलन, प्राचीन प्रख्यात कथानकों का युगानुरूप संशोधन और संवर्धन, पूर्व कवियों द्वारा अस्पृष्ट विषयों का समावेश, शास्त्र की रूढ परम्पराओं और सामाजिक (वर्तमान जीवन के लिए) अनुपयोगी प्रथाओं का परित्याग, राष्ट्रीय एकता और चेतना को संबल प्रदान करने वाली भावनाओं की उद्भावना आदि इन महाकाव्यों का व्यावहारिक प्रयोजन है । इन राष्ट्रवादी स्वरों के साथ सहृदय हृदय संवेद्य-आह्लादकता और कान्तासम्मित

उपदेश का प्राचीन उद्देश्य भी सर्वथा सुरक्षित है । अपवाद के रूप में 'रुक्मिणीहरण महाकाव्य' (श्री काशीनाथ द्विवेदी प्रणीत) के प्रणेता का उद्देश्य प्राचीन काव्यशास्त्रीय मान्यताओं का अनुगमन कर उन दिगन्तविश्रुत कवियों से भी बढ चढ़कर वर्णन करना है । इस प्रकार इस अवधि के महाकाव्यकार प्राचीन शिल्प की सुरक्षा और संवर्धन दोनों ओर प्रवृत्त दिखाई देते हैं ।

स्वातन्त्र्योत्तर महाकाव्यों में कथावस्तु संबधी प्राचीन धारणाओं में अनेक परिवर्तन हुए हैं । आधुनिक बुद्धिवाद ने अनेक मान्यताओं को विखण्डित कर दिया। ज्ञान-विज्ञान के नवीन आलोक को कथानक की जीर्ण परम्पराएँ न सह सकीं । अधिकांश महाकाव्यों में कथाद्रव्य उस सीमा तक नहीं स्वीकार किया गया जिस सीमा तक उनकी आवश्यकता प्राचीन महाकाव्यों में मानी गयी थी । अनेक महाकाव्य ऐसे हैं जिनमें कथानक की मांसलता न रहकर विचारों, चिन्तनों और मनोवैज्ञानिक चित्रणों का प्राधान्य है । तर्जनी, भूभामिनीविभ्रमम् और लेलिनामृतम् प्रभृति महाकाव्यों में यह स्थिति विशेष रूप सें दिखाई देती है । इस अवधि के महाकाव्यकारों ने कथानकों के मार्मिक, राष्ट्र और समाज के लिए उपयोगी अंशों का चुनाव बड़ी सूझ-बूझ के साथ किया है । उदाहरणार्थ स्व0 प्रभुदत्त शास्त्री के 'गणपतिसंभवम्' में गणपति, साक्षात्कार देने वाले युवक, मातृभूमि के प्राणपण से रक्षक द्वारपाल, राष्ट्ररक्षक सैनिक, लिपिक, और राष्ट्रपति (गणपति) की भूमिका में प्रस्तुत किये गये हैं तथापि उनका देवत्व सुरक्षित रखा गया है । गङ्गासागरीयम्, रुक्मिणीहरणम्, सीताचरितम्, उर्मिलीयम्, जानकीजीवनम्, प्रभृति में साम्प्रतिक नारीजागरण की अभिव्यंजना हुई है । इन काव्यों में नारियाँ करुणा की मूर्ति न होकर पुरुषों के सदृश समाज में अपना व्यापक स्थान रखती हैं । अनेकत्र इन्हें प्रमुख पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है । देव पात्रों में मानवत्व और मानव पात्रों में देवत्व की प्रतिष्ठा कर उन्हें स्वाभाविक और उदात्त भावभूमि पर प्रस्तुत किया गया है । सीताचरितम् जानकीजीवनम् प्रभृति महाकाव्यों में प्रसिद्धतम कथानक को परिवर्तित कर आक्षेपग्रस्त स्थलों को छोड़ देने का प्रयास किया गया है । 'बलदेवचरितम्' में स्वतन्त्रता संग्राम तथा तत्कालीन शिक्षाव्यवस्थादि को नायक के जीवन से सम्पृक्त कर महाकाव्य के रचनाफलक को अभिव्यापक बनाने का प्रयास किया गया है ।

इस अवधि के महाकाव्यों में चातुर्वर्ण और आश्रम पर आधारित समाज की मध्यकालीन संस्कृत साहित्य की परिकल्पना से हटकर मानव मात्र के अखण्ड समाज की संकल्पना साकार हुई है । आजन्म समत्व समन्वित राष्ट्रसेवा तथा जनकल्याण की भावना सर्वत्र उद्भावित है । व्यष्टि रूप में धर्म का अनुपालन करते हुए भी राष्ट्रीय एकात्म भाव को महत्त्व दिया गया है । आज के राष्ट्रीय एकत्व की अभीप्सा के युग में इन महाकाव्यों का स्वर अत्यन्त उपयोगी है-

वर्णधर्मवचोवृत्ति-भेदवत्यपि यद्धृता ।
शैलादासिन्धुदेशेऽस्मिन्नेकभावा हि देहिन : ।।
विभिन्नधर्मवर्त्मानो विभिन्नाजीववर्तिन :।
विभिन्नाचारवन्तोऽपि नोद्वेगाय परस्परम् ।।

(क्षत्रपतिचरितम् १/३९,१९)

समाज के लिए बड़े से बड़ा त्याग अभिव्यक्त हुआ है। प्रायः सभी महाकाव्यों के मुख्य पात्र के चरित्र का यह वैशिष्ट्य आरेखित हुआ है । परिवार से समाज को अधिक महत्त्वपूर्ण माना गया है । परिवार अपने समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए अपने प्रिय से प्रिय सदस्य को अर्पित करने में परम सुख और शान्ति का अनुभव करता है। क्षत्रपतिचरितम् में महाकाव्यनायक शिवराज की माता जिजा कहती हैं-

मदेकपुत्रं नहि केवलं शिवं
परं महाराष्ट्रधरानभोमणिम् ।
सुमेधस : सन्नयथ प्रभोज्ज्वलं
तमोऽन्तरायोऽभिभवेन्न तद्रुचम् ।।

(क्षत्रपतिचरितम् ८/५०)

सीताचरितं में प्रमुख पात्र सीता विश्व कल्याण के लिए स्वयं वनगमन का प्रस्ताव रखती हैं-

'अस्तु मे भवदीप्सिता गतिर्यत्र कुत्रचन कानने वने ।
विश्वमानवमशल्यतां व्रजेत् काममद्य सह कीर्तिभिस्तव ।।'

(सीताचरितम् ३/८)

संकुचित वर्गविहीन समाज और समग्र विश्व के प्रति एकात्मभाव सीता द्वारा व्यक्त हुआ है-

धिक् कोऽयं निजरुचिनामको जनानां
विश्वस्मिन् मनसि शयोऽस्ति भेदहेतु : ।
येनेदं जगदखिलं समुद्रशैल-
नद्याद्यैः शकलितमेकतां न याति ।।

(सीताचरितम् ५।१०)

महाकाव्यो के नेता निर्भीक किन्तु विनम्र हैं। उनके नेतृत्व में समत्व की गरिमा है।

इन महाकाव्यों में धर्म और दर्शन का उपस्थापन सहिष्णुता से अनुप्राणित है। यत्र-तत्र सर्वधर्मसमन्वय का प्रयास किया गया है। धर्मों की प्रतिष्ठा और अनुपालन में अन्योन्य ईर्ष्या और कटुता की भावना नहीं है। विविध धर्मों में प्रतिपादित उदात्त कर्मों की प्रेरक उद्‌भावनाएँ की गयी हैं। तथाकथित धर्मों के उन अंशों का विशेष रूप से वर्णन किया गया है जो धर्म और संप्रदाय के व्यामोह के कारण उत्पन्न खाई को पाटने का कार्य करते हैं। समस्त धर्म राष्ट्रधर्म में परिणत हैं, सब में लोककल्याण की भावना अनुस्यूत है। इन महाकाव्यकारों की मान्यता है कि अनैक्य का कारण धर्म भेद नहीं है और न ही एकधर्मता एकता का कारण है-

'न धर्मभेदत्वमनैक्यकारणं

न चैक्यहेतुः क्वचिदेकधर्मता।' (क्षत्रपतिच0 १७/६०)

स्वातन्त्र्योत्तर महाकाव्यों पर समसामयिक राष्ट्रव्यापिनी गतिविधियों का गहरा प्रभाव पड़ा है। राष्ट्रमुक्ति का आन्दोलन और तज्जन्य स्वातन्त्र्य, विश्वशान्ति का प्रयास, चीन और पाकिस्तान से भारत का युद्ध, देश की आन्तरिक अन्य गतिविधियों की क्रिया प्रतिक्रिया अनेक रूपों में अभिव्यंजित है। तिलकयशोर्णवः, क्षत्रपतिचरितम्, शिवराज्योदयम्, महात्मगान्धिचरितम्, सुभाषचरितम्, नेहरूचरितम स्वराज्यविजयम्, स्वाधीनभारतम्, स्वातन्त्र्योदयः, झाँसीश्वरीचरित्रम्, भारतविजयम् प्रभृति महाकाव्यों में उक्त परिस्थितियों का विशेष रूप से आकलन किया गया है। गणतन्त्र प्रशासन में अधिकार और कर्तव्य का उचित रेखांकन किया गया है। राष्ट्रनेता के निर्वाचन में उसकी बलिदान भावना, त्याग और समत्वभावना आदि के अवलोकन की प्रेरणा दी गयी है। केवल राष्ट्रीय उत्सवों में राष्ट्रध्वज का स्पर्श करने वाला और बाहरी गले से राष्ट्रगीत गाने वाला राष्ट्रनेतृत्व का अधिकारी नहीं होना चाहिए-

दत्त्वैवात्मशिरो बलिं गणपतिः प्राप्तोऽभवत् पूज्यताम्,

एवं राष्ट्रसुशासनेच्छुचरिते लोकेलिमः स्याद्बलिः।

न स्यात्केवलमुत्सवेषु मिलितो राष्ट्रध्वजस्पर्शकः,

वाह्येनैव गलेन गायति च यः स्वां राष्ट्रगीतावलीम्॥

(गणपतिसंभवम् ९/४९)

जनता की उपेक्षा, पदलोलुपता और स्वार्थपरता की कटु आलोचना की गयी है। इन महाकाव्यों मे समाजोन्मुख राजनीति रूपायित हुई है। राष्ट्रनेता स्वार्थों की

तिलांजलि देकर जनता को सर्वविध सुख और शान्ति प्रदान करते हुए चित्रित किये गये हैं। जातिवाद, छुआ-छूत की भावना की समाप्ति तथा सभी को समानाधिकार देने का आग्रह अभिव्यक्त हुआ है-

अमुं स्पृशेयं न विशेत्सुपर्वणां द्विजप्रवेश्यायतनानि नापरः ।
अमुष्य पेयं न पयोऽस्य पीयतामितीदृशी वो रुचिरा व्यवस्थितिः
जनुः समानं परिदृश्यते यतः कुतस्तनी जातिभिदा तदिष्यते ।
निरूपिता यामवलम्ब्य जन्मिनां विभिन्नरूपा निगमेषु वृत्तयः ।।
जनेषु कस्मान्न विभज्यते समं समानरूपेण समीहितं वसु ।
न कस्यचिद्यत्सहजं समीक्ष्यते न कोऽपि तस्याधिकृतौ विशेषभाक् ।।

(रुक्मिणीहरणे- ११/८४-८५,८८)

सतीप्रथा का सतर्क खण्डन किया गया है। इसे पुरुषों द्वारा स्त्रियों के प्रति किया गया अत्याचार माना गया है। विधुर द्वारा विधवा से विवाह न कर अविवाहित युवती से विवाह किये जाने की प्रथा पर करारा प्रहार किया गया है-

मृतास्वहो प्राणसमासु सत्वरं प्रमोदतेऽन्या परिणीय पूरुषः ।
कुलस्त्रियः स्वामिनि संस्थिते पुनर्वहन्ति वैधव्यमसह्यवेदनम् ।।
नमोऽस्तु पाखण्डविनिर्मिताय ते द्विजेन्द्र ! धर्माय विडम्बनात्मने।
सहैधसा यत्र लतेव नूतना शवेन सत्रा तरुणी प्रदह्यते ।।

(रुक्मिणीहरणे-११/९०-९१)

विधि और आदेश के पालन से ही राष्ट्र सुखमय वातावरण में विकास कर सकता है-

प्रजामहीपालमयं च मानवं नयं नृपादेशमथाऽधिकारिणः ।
सदैव यत्रानुसरन्ति सर्वथा स एव देशः ससुखं समेधते ।।

(वही-१२/११४)

जनता के अशिक्षित होने की राष्ट्राध्यक्ष को गहरी चिन्ता है। सम्राट् राम जनता के अशिक्षित होने का दायित्व अपने ऊपर लेते हुए कहते हैं-

ममैव किन्त्वत्र परिच्युतात्मनः त्रुटिर्यदेषा जनतास्त्यशिक्षिता ।
पितुः सदोषः शिशुरत्ति यद्विषं भिषग् हि वाच्यो यदि वर्धते रुजा।

(सीताचरितम् २/२९)

सीताचरितकार के अनुसार लोकमत से धर्म का निर्णय मान्य नहीं है-

यदि लोकमतेन केवलं क्रियतां धर्मविनिर्णयो बुधैः ।
तदधर्म इति श्रवस्तया श्रुतिरेवास्तु निघण्टनिःसृता ।।

(वही-४/४१)

सुभाषचरितम् के नायक सुभाष चन्द्र बोस का प्रथम लक्ष्य मानवीयता की रक्षा थी, वे देश की स्वतन्त्रता जाति और धर्म की सहिष्णुता के लिए चाहते थे-

स्वातन्त्र्यमिच्छामि तु पूर्णमेव
नारीनरव्यक्तिसमाजभूत्यै ।
श्रीमद्दरिद्राखिलमङ्गलार्थं
धर्मस्य जातेश्च सहिष्णुतार्थम् ।।

(सुभाषचरितम् ६/ ७ )

तिलक के वाक्य समस्त भारतवासियों के लिए शाश्वत जीवन मूल्य कहे जा सकते हैं-

हिन्दुभूर्जननी मेऽस्ति सङ्कल्पो जायते यदा ।
सर्वेषां भारतीयानां भारतैक्यं तदा भवेत् ।।
न प्रान्तस्य न धर्मस्य जातेर्वर्णस्य वा तथा ।
भिन्नत्वाद् देशबन्धुत्वं बाध्यं न स्यात् कदाचन ।।

(तिलकयशोऽर्णवः ५५/१८२,८३)

राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के लिए भाषा और भूभाग के आधार पर विभाजन इस युग के महाकाव्यकारों को इष्ट नहीं है । विश्वबन्धुत्व समन्वित भारतीयता इन्हें अभीष्ट है । बलदेवचरितकार का वक्तव्य इस प्रकार है-

एकनीडमिव विश्वजीवनं वेदवाचि ऋषिभिः समर्थितम् ।
भाषयैव यदि भेद इष्यते हा हतैव ननु भारतीयता ।।
भारतीयजनता पदे-पदे भाषते विविधभाषया न किम् ।
किं तथापि परिचीयते मनाग् भिन्नभूमिभिदुरात्मचिन्तनम् ।।

वैखरीतनुरियं ममेदृशी दृश्यते बहुविधा चकासती ।
देवतासु दिवि या सरस्वती मानवेषु भुवि सैव भारती ।।
सागरैश्च गिरिभिर्नदीजलैर्भूरियं यदि विभज्यते जनैः ।
व्याप्य शब्दगुणकं मया नभः सूचितं त्रिभुवनं निजात्मना ।।

(बलदेवचरितम् ३/४१-४४)

प्रबल राष्ट्रीय भावना सभी महाकाव्यों में परिव्याप्त है । भारतीय संस्कृति तथा भौगोलिक परिवेश, राष्ट्ररक्षा और स्वातन्त्र्य की भावना, सामान्य जनजीवन का रागात्मक चित्रण, राष्ट्रकल्याण और सर्वोदय की समीहा पद-पद पर अभिवर्णित है। राष्ट्रसीमा की सुरक्षा के प्रति सजग नायक (गणेश) का वक्तव्य देखें-

यस्या अंशकणाणुतोऽस्मि धृतवानेतामनूनां तनूं
तस्या अङ्गुलिदघ्नदेहबलये नान्यां गतिं संसहे ।
खण्डानां तु कथैव का, चणकभो गृह्येत चेत् तत्कणः
तस्मै चाऽपि शरीरकं शकलयन् कुर्यात् रणं सव्रणम् ।।

(गणपतिसंभवम्-४/१३)

राष्ट्रस्वातन्त्र्य के लिए अपने पुत्र के सिर को भी अर्पित करने की भावना व्यक्त की गयी है । शिवाजी के प्रति कान्होजी का कथन अवलोकनीय हैः

स्वातन्त्र्यलक्ष्म्याश्चरणोपहारं
चिकीर्षसे चेन्नर शीर्षपद्मैः ।
त्वन्नेत्रसंकेततृणीकृतात्मा
स्वपुत्रशीर्षाण्यपि कर्तिताऽस्मि ।।
त्वत्कांक्षितं दुर्घटमप्यकस्मात्
सम्पूरयिष्याम्यधुनैव राजन् ।
प्रविश्य दावाग्निमुपेत्य वार्द्धिं
निष्पेष्य वाद्रिं प्रविदार्य वाभ्रम् ।।

(शिवराज्योदये २०/२९,३०)

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद राष्ट्र पर किये गये चीन तथा पाक के आक्रमण के कारण

अभिनव चेतना के साथ राष्ट्रीयता की भावना प्रबल हो उठी है । चीन के आक्रमण को आधार बनाकर श्री परमेश्वरदत्त त्रिपाठी ने 'रक्ताक्तहिमालयम्' महाकाव्य लिखा है । राष्ट्रनेताओं पर आधारित महाकाव्यों में राष्ट्रीय भावना अपने चरम उत्कर्ष पर तो है ही, प्राचीन वाङ्मय पर आधारित गणपतिसंभवम्, सीताचरितम् गङ्गासागरीयम् प्रभृति महाकाव्यों में भी यह भावना आद्यन्त विद्यमान है । क्षत्रपतिचरितम्, शिवराज्योदयम्, गान्धिचरितम्, स्वराज्यविजयम्, सुभाषचरितम्, तिलकयशोऽर्णवः, नेहरूचरितम्, जवाहरज्योतिः प्रभृति महाकाव्यों में स्वभावतः यह भावना आप्रबन्ध देखने को मिलती है । इन महाकाव्यों पर दृष्टिपात करते हुए स्वातन्त्र्योत्तर काल को 'राष्ट्रीय महाकाव्य युग' की संज्ञा दी जा सकती है ।

यथार्थ वर्णन और स्वाभाविकता स्वातन्त्र्योत्तर महाकाव्यों की अन्यतम विशेषता है । इनमें वर्णनों की प्रधानता न होकर विषय और वक्तव्य की प्रधानता है । भारत के महान् राष्ट्र सेवकों तथा लेनिनादि विश्व स्तर के सामाजिक तथा आर्थिक क्रान्ति करने वाले विचारकों का यथायथ वर्णन अत्यन्त प्रेरणाप्रद तथा स्वाभाविक बन पड़ा है । प्राचीन काव्यों की तरह प्रशस्तिपूर्ण, अतिरंजनामय वर्णनों का इन महाकाव्यों में अभाव है । प्राचीन कथानकों पर आधारित 'रुक्मिणीहरण' को छोड़कर अन्य सभी महाकाव्यों में प्रायः वस्तुविषय और वक्तव्य का प्राधान्य है । इन महाकाव्यों का वस्तुविन्यास, वातावरण और पात्र सभी कुछ आधुनिक युग के अनुरूप तथा यथार्थ के निकट है । इनमें वैभव का अतिशयोक्तिप्रधान विलास नहीं दिखाई देता। इन का उद्देश्य जन-जन में नवोन्मेष और स्फूर्ति का संचार करना है । अत एव जीवन की वास्तविक स्थिति के चित्रण में ही इनकी रुचि है । यह कार्य कोरे यथार्थ और आदर्श से संभव न हो पाता । इन काव्यों में आदर्शोन्मुख यथार्थ की स्वाभाविक प्रतिष्ठा हुई है । राष्ट्र और समाज के पुनर्निर्माण और पुनर्जागरण के लिए इन महाकाव्यों का अध्ययन तथा इनकी सद्भावनाओं का व्यापक प्रसार परम कल्याणप्रद होगा । इन महाकाव्यों में भामहादि की शास्त्रीय मान्यताओं तथा लब्धप्रतिष्ठ प्राचीन महाकाव्यों के शिल्पों का स्वीकार-परिहार दृष्टिगोचर होता है । इन महाकाव्यकारों ने प्राचीन संस्कृत महाकाव्यों तथा अन्य भाषाओं की कृतियों से पर्याप्त प्रेरणा ग्रहण करने के बाद भी अपनी प्रज्ञा को अन्धानुगामिनी नहीं रखा है । इनकी रचनाओं में पूर्व शिल्पों का युगानुरूप संशोधन और परिवर्तन किया गया है ।

वस्तु विन्यास में प्राचीन साहित्य और शिवाजी पर आधारित महाकाव्यों को छोड़कर प्रायः नाट्यसन्धियों के निर्वाह और सुखान्तता की ओर कवियों का आग्रह नहीं दिखाई देता । आधुनिक चरितों पर आधारित महाकाव्यों में चरितनायकों के मृत्युपर्यन्त वर्णन के कारण वे प्रायः दुःखान्त ही दिखाई देते हैं । राष्ट्रकल्याण के लिए आजन्म प्रयत्नशील तथा आफलोदयकर्मा (तिलक, गाँधी, सुभाष आदि) चरितनायकों के समग्र जीवन के वर्णन की दृष्टि से उनकी अन्तिम यात्रा का वर्णन

और उनके प्रति राष्ट्र की प्रतिक्रिया का वर्णन अनुचित भी नहीं प्रतीत होता। शिवाजी तथा प्राचीन साहित्य पर आधारित महाकाव्य सुखान्त हैं। सीता के उत्तर चरित पर आधारित महाकाव्य 'सीताचरितम्' जिसके दुःखान्त होने की सम्भावना थी उसे सीता के स्वतः वनगमन के प्रस्ताव, पौत्रों के संस्कार के लिए कौशल्यादि की अभिस्वीकृति से वाल्मीकि के आश्रम में सम्प्रेषण और अन्ततः समाधिमांगल्य द्वारा सीता की भूसमाधि की परिकल्पना कर कवि ने उसे मंगलान्त कर दिया है। 'जानकीजीवनम्' में सीता परित्याग की घटना को छोड़ दिया गया है। महाकाव्य की भूमिका में कवि ने राम द्वारा सीता के परित्याग के पूर्व वर्णन को तर्कपुरस्सर प्रक्षिप्त सिद्ध किया है। गणेश और शिवराजादि को अन्ततः राज्याभिषिक्त कर उनके प्रशासन की सुभग कल्पना में अधुनातन प्रशासन के लिए लोकानुरंन की विधि को अभिव्यंजित किया गया है। इन महाकाव्यों के वस्तु विन्यास में जनता, राष्ट्रनेता और प्रशासकों के कर्तव्यों की प्रेरणा के लिए पर्याप्त अवसर निकाला गया है किन्तु लब्धप्रचार आधुनिक इतिहास पर आधारित कथावस्तुओं को नाट्य सन्धियों के विनियोग हेतु परिवर्तित करने का कवियों ने प्रयास नहीं किया है। 'बोधिसत्त्वचरितं' में नाट्य सन्धियों के स्थान पर बौद्धों के अष्टांग मार्ग को कथानक में अनुस्यूत किया गया है। वस्तु विन्यास में महाकाव्यकार सर्गबद्धता आदि की दृष्टि से प्राचीन परम्परा के अनुगामी न होकर वैचारिक प्रतिष्ठा तथा वस्तु विकास में स्वयं की मेधा का उपयोग करते दिखाई देते हैं। शास्त्रीय विधि से नाट्य सन्धियों के निर्वाह और युगचेतना के अनुरूप वस्तु विन्यास के कारण गणपतिसंभवम्, क्षत्रपतिचरितम्, शिवराज्योदयम्, सीताचरितम् और रुक्मिणीहरणम् इस अवधि के श्रेष्ठ महाकाव्य कहे जा सकते हैं। इन महाकाव्यों में प्राचीन मान्यताओं के प्रति श्रद्धा और आधुनिकता के प्रति आकर्षण दोनों का अद्भुत और आवर्जक संगम दिखाई देता है।

इस अवधि के महाकाव्यों में प्रमुख पात्र के रूप में गणेश, गंगा, सीता, उर्मिला, श्रीकृष्ण, रुक्मिणी, राम आदि प्राचीन चरितनायकों के साथ राष्ट्रनेताओं, सन्त महात्माओं और विद्वानों को भी स्थान दिया गया है। तथाकथित नायिकाओं और प्रतिनायकों का अधिकांश महाकाव्यों में अभाव है। गणेश, श्रीकृष्णदि को आधुनिक उदारचरित नेताओं और नारी पात्रों को वर्तमान जागृत नारी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। सद्वांश और क्षत्रियकुलोत्पन्न नायक की मान्यताओं के विपरीत आज गुण और सामाजिक अर्हता को महत्त्व दिया गया है। राष्ट्रनेताओं और धर्मनेताओं का राष्ट्रस्वभावानुकूल चरित्रांकन किया गया है।

स्वातन्त्र्योत्तर महाकाव्यों में 'शृंङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गी रस इष्यते' के प्रति कवियों का योजनाबद्ध आग्रह नहीं दिखाई देता, आपाततः भले ही शृंगार, वीर और शान्त अंगी रस के रूप में उपलब्ध हैं। इन महाकाव्यों में शृंगार के विपरीत रसराज के रूप में राष्ट्रभक्तिपरिमलित वीर को प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। शारीरिक

चेतना के स्थान पर सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना की ओर उन्मुख होने के कारण इन महाकाव्यों में शृंगार के प्रति औदासीन्य दिखाई देता है। स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों, राष्ट्रचेता व्यक्तित्वों और सन्त-महात्माओं के चरिताकलन में शृंगार की उपेक्षा दूषण भी नहीं कही जा सकती। अधिकांश महाकाव्यों में राष्ट्रभक्ति समन्वित वीर को अंगी रस रखा गया है। इस अवधि में शृंगार के परिपाक की स्थिति पहले से पर्याप्त भिन्न है। नायक-नायिका को आश्रय बनाकर किसी भी महाकाव्य में उद्दाम शृंगार का वर्णन नहीं है। 'रुक्मिणीहरण' जैसे रससिद्ध महाकाव्य में विप्रलम्भ शृंगार अंगी है किन्तु उसे देवादिविषयक रति (कृष्ण के प्रति रुक्मिणी की सर्वथा कामुतारहित दृढ़ भक्ति) तथा धर्मवीर से अनुप्राणित कर प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार 'गंगासागरीयम्' का अंगी रस विप्रलंभ शृंगार है किन्तु उसे भी विलासरहित और धर्मवीरसमन्वित किया गया है। गणपतिसंभवकार ने संयोग शृंगार का अंग के रूप में, शंकर पार्वती को उसका आश्रय बनाकर, वर्णन किया है किन्तु शृंगार को योग के अद्वैत रस में मिलाकर इतने श्लिष्ट और आवर्जक रूप में प्रस्तुत किया है कि लगता है यह स्थल (तृतीय सर्ग योगशक्ति चमत्कृति) समग्र संस्कृत साहित्य में अनुपम है। रुक्मिणीहरण और क्षत्रपतिचरितम् में गौणपात्राश्रित संयोगशृंगार स्वल्प किन्तु अत्यन्त प्रभावपूर्ण है। 'बोधिसत्त्वचरितम्' में मानवोचित दुर्बलता के चित्रण में नायकाश्रित शृंगाराभास का वर्णन हुआ है जिसे प्राचीन काव्यशास्त्रियों ने अनौचित्यप्रवर्तित कहा है किन्तु तत्सबद्ध पात्र अन्ततः अपनी दुर्बलता पर विजय प्राप्त करता है। अतः शृंगाराभास यहाँ परिणामरमणीय होने से अनुचित नही कहा जा सकता। श्रीनेहरूचरितम् में दयावीर और करुण राष्ट्रभक्ति से सम्पृक्त होकर अभिव्यंजित हुए हैं। एक स्थल पर महाकाव्यकार अपनी रसयोजना की समीक्षा स्वयं कर देता है। यद्यपि महाकाव्य के मध्य में यह वक्तव्य औचित्यपूर्ण नहीं है तथापि इस युग के कवियों का दृष्टिकोण इन पंक्तियों में रेखांकित हो उठा है :

अग्रे भविष्यति हि राष्ट्रपितृव्यनामा,
विख्यातकीर्तिरवनीतलवन्दनीयः ।
तस्मात्तयोर्जनकयोरिव शास्त्रगर्हं
शृङ्गारवर्णनमिहानुचितं विभाति ॥

(श्रीनेहरूचरितम् १३/१४)

प्राचीन महाकाव्यों के अखण्ड दण्डायमान शब्दों, ग्रन्थ-ग्रन्थियों और दुरूह प्रयोगों का इन महाकाव्यों में सर्वथा अभाव है। पूर्व की अपेक्षा सरलतर भाषाशिल्प में ये महाकाव्य उपनिबद्ध हैं। भाषा को स्वाभाविक सरल और बोधगम्य बनाने के

लिए आंग्लादि भाषा के लब्धप्रचार शब्दों का प्रयोग यत्र-तत्र देखने को मिलता है। संस्कृत व्याकरण और कोश पर असाधारण अधिकार रखने वाले गणपतिसंभवकार जैसे कवि 'या कोपतोपप्रिया', 'ग्रामोफोनरवा च वृद्धवनिता, 'टैंकान् वक्रमुखान् शशाङ्कसदृशान्' जैसे प्रयोग कर अपने भाषागत उदार दृष्टिकोण को व्यक्त करते हैं। तिलकयशोऽर्णवकार भी 'डू आर डाईति महाव्रतं यत्' प्रभृति प्रयोग करते दिखाई देते हैं। आधुनिक विषयों पर आधारित अधिकांश काव्यों में अन्य भाषा के शब्दों का प्रयोग या उनका संस्कृतीकरण किया गया है। रुक्मिणीहरणम्, सीताचरितम्, परिजातहरणम् प्रभृति में प्रायः संस्कृत व्याकरणनिष्ठ सुसंस्कृत शब्दों का प्रयोग देखने को मिलता है। इन महाकाव्यों की वाक्ययोजना पर हिन्दी आदि का प्रभाव भी दिखाई देता है। अधिकांश महाकाव्यों की भाषा सरल स्वाभाविक और मुहावरेदार है। सर्वत्र वैदर्भी रीति और प्रसाद गुण का वैभव बिखर रहा है। भावानुरूप शब्द गुम्फन में अधिकांश महाकाव्यकार सफल रहे हैं। भाषा शब्दाडम्बर और अलंकारों से बोझिल नहीं है। आधुनिक विषयों पर आधारित अनेक काव्यों में कहीं कहीं कुछ दूर तक अलंकारों का अभाव दिखाई देता है किन्तु प्राचीन कथावस्तु पर आधारित काव्यों में सर्वत्र सालंकार वाक्य योजना दिखाई देती है। प्राचीन उपमानों का नवीनीकरण करते हुए आधुनिक उपमानों को समाविष्ट किया गया है। अभिनव अर्थान्तरों और प्रेरक सूक्तियों की बहुविध योजना की गयी है। राष्ट्रीय भावना और समाज कल्याण के प्रति प्रेरित करने वाली सूक्तियों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है।

इन महाकाव्यों में संवाद, अभिभाषण, सभा, यात्रा,और कथावस्तुगत स्थान प्राकृतिक दृश्यादि का युगोचित वर्णन करके कथानक को विकसित किया गया है। इस अवधि के महाकाव्यों में, विशेष रूप से रुक्मिणीहरण को छोड़कर, प्रायः सौन्दर्य, प्रकृति और स्थानादि का अत्यन्त सन्तुलित और वस्तु सम्पृक्त चित्रण किया गया है। इनमें काव्यशास्त्रियों द्वारा निर्दिष्ट महाकाव्यों में अपेक्षित वर्णनीय विषय की सूची के अनुसार वर्णन करने का आग्रह नहीं दिखाई देता। ऐसे वर्णनों को सर्वथा छोड़ दिया गया है जिनका वास्तविक जीवन से कोई संबन्ध नहीं है। वर्णनात्मक प्रसङ्ग यथार्थ की भावभूमि पर प्रस्तुत हैं। सभास्थल, शोभायात्रा, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, महानगर, ग्राम, कृषि, मज़दूर वर्ग, आधुनिक वाहन, युद्धोपकरण, यात्रा, विविध वैज्ञानिक उपकरण, रीतिरिवाज, वेशभूषा आदि का सांस्कृतिक वर्णन किया गया है। विकृत समाज के प्रतिबिम्बन के लिए जुआरी, शराबी, वेश्यागामी, दलबदलू, घूसखोर, पदलोलुप और वंचक आदि का वर्णन भी यत्र-तत्र किया गया है। भारतेतर राष्ट्रों में ब्रिटेन, अमेरिका, रूस आदि की भौगोलिक और सांस्कृतिक गतिविधियों, रीति रिवाजों तथा वेशविन्यासादि का वर्णन भी कुछ काव्यों में मिलता है। वर्णनों का कथावस्तु के साथ सामंजस्य और संतुलन इस युग की विशेषता है।

छन्दोयोजना प्रायः प्राचीन महाकाव्यों के सदृश है। गणपतिसंभवकार ने एक ही विशालकाय छन्द (शार्दूलविक्रीडित) का प्रयोग किया गया है जिसे पाश्चात्त्य महाकाव्य (एपिक) के शिल्प का अनुगमन भी माना जा सकता है किन्तु आदि काव्य रामायण में भी प्रायः अनुष्टुप् छन्द का बाहुल्य है, अतः एक छन्द में महाकाव्य लेखन को पाश्चात्त्यानुकरण मात्र नहीं कहा जा सकता। अत्यन्त विशिष्ट भाव परिवर्तन के लिए गणपतिसम्भवकार भी गीतों तथा राष्ट्रगीत के लिए भारत के राष्ट्रगीत वाले छन्द का ही प्रयोग करते हैं। रक्ताक्तहिमालयकार चौपाई आदि हिन्दी के प्रसिद्ध मात्रिक छन्द का भी प्रयोग करते हैं। विशिष्ट लयात्मकता के लिए जयोदय तथा बोधिसत्त्वचरितम् के प्रणेता वर्णिक छन्दों को भी यत्र-तत्र तुकान्त कर देते हैं। कहीं-कहीं अन्त्यानुप्रसास और तुकान्त गीतों की योजनाएँ की गयी हैं।

इन महाकाव्यों के आकार में वैविध्य दिखाई देता है। पाँच सौ पद्यों से लेकर बारह हजार पद्यों तक के महाकाव्य लिखे गये हैं। अधिकांश महाकाव्यों की सर्ग संख्याएँ बीस के आस पास हैं। कुछ कवियों ने विषय वस्तु की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण किन्तु आकार में लघुकाय (सीताचरितम्, गंगासागरयीम्, सुभाषचरितम् आदि) महाकाव्यों की रचना की है किन्तु इसके विपरीत कुछ कवियों ने विशालकाय महाकाव्यों का सर्जन किया है। इनमें तिलकयशोऽर्णव (६५ सर्ग) तथा शिवराज्योदय (६८ सर्ग) विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। कथानक के प्रत्येक पक्ष को उद्घाटित करने के कारण ये दोनों महाकाव्य अपेक्षाकृत पर्याप्त विशाल हो गये हैं किन्तु ये रचनायें इतने धैर्य और मनोयोग के साथ की गयी हैं कि आद्यन्त भाषा और रसभाषादि का प्रवाह शिथिल नहीं हुआ है। क्षत्रपतिचरित आदि महाकाव्यों में मार्मिक स्थलों को ही विशेष रूप से पल्लवित किया गया है; अतः ये अधिक सन्तुलित और रसनीय हो गये हैं।

अभिनव राष्ट्रीय चेतना, उदात्तमानव मूल्यों की स्थापना, स्वाभाविक भाषा-शिल्प, परम गुण युक्त प्रमुख पात्रों का चरित्रांकन, युगानुरूप विविध विषयों का वस्तु के रूप में ग्रहण, सहृदय-हृदयसंवेद्य रससिक्त वर्णन, काव्यशास्त्रीय मूल्यों की अभिनव अवतारणा के साथ प्राचीन मान्यताओं की स्वीकृति, व्यापक लोकस्वभावाभिव्यंजन प्रभृति विशेषताओं से अभिमण्डित इन महाकाव्यों से आशा की आलोकमयी किरणें बिखर रही हैं। इनके प्रखर आलोक में संस्कृत साहित्य की महनीय विधा महाकाव्य के लेखन का मार्ग आलोकित हो उठा है। अन्य भाषाओं में प्रचलित विविध विधाओं की भाँति संस्कृत में प्रायः सभी विधाओं में रचनायें की जा रही हैं जिनकी संख्या महाकाव्यों से कई गुनी अधिक है किन्तु महाकाव्य संरचना में आश्चर्यजनक अभिवृद्धि हुई है। संस्कृत का महाकाव्य लेखन आज अपने स्वर्णयुग में प्रविष्ट है।

इन महाकाव्यों का अध्ययन संस्कृत साहित्य को जीवित रखने के लिए नहीं, अपने को जीवित रखने के लिए, अपने राष्ट्र के दिगन्त शाश्वत आदर्शों को जीवित रखने के लिए आवश्यक है। संस्कृत साहित्य सर्जन अवरुद्ध हो जायेगा और संस्कृत भाषा लुप्त

हो जायेगी, ऐसा मानकर संस्कृत साहित्य के अभिनव सर्जकों को कृपापात्र मानने और उन पर उपकार करने की आवश्यकता नहीं है। जिन संस्कृत साहित्य साधकों ने सैकड़ों वर्षों के परतन्त्रात्मक संघर्ष और अवमान की परवाह न करते हुए अपनी कठोर तपश्चर्या से संस्कृत साहित्य के प्रवाह को आज तक अविच्छिन्न रखा है, वे स्वतंत्र राष्ट्र के सुखद वातावरण में (केवल अपनी बात कहने भर का उन्मुक्त अवसर प्राप्त कर अपनी साधना से विरत होंगे या हैं, ऐसा मानना भयंकर भूल है। आज वे अपूर्व उत्साह से स्वागत अथवा प्रतिक्रिया की परवाह न करते हुए दिन-दूनी रात-चौगुनी गति से सुभग साहित्य की सृष्टि में प्रवृत्त हैं। इनके प्रति औदासीन्य या नासिका-संकोच इनका नहीं, उदासीन या असहिष्णु व्यक्ति का दुर्भाग्य है। परम साधना के चिरसंचित फल की उपेक्षा से अधिक दुर्भाग्य और हो ही क्या सकता है ? अभिनव सृष्ट संस्कृत साहित्य में भी वे शाश्वत तत्त्व विद्यमान हैं, जिनकी उपेक्षा राष्ट्र का घोर संकट है और जिनके अनुपालन में व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व का कल्याण निहित है। साम्प्रतिक उदात्त मानव-मूल्यों और राष्ट्र-धर्म की उद्भावना में आधुनिक संस्कृत महाकाव्यों का महत्त्व प्राचीन दिगन्तविश्रुत कवियों की रचनाओं से अधिक है।

अत्यंत प्रचीन काल से प्रवाहित संस्कृत सुरापगा में अनेकविध साहित्य-सरिताओं का संगम हुआ है। इसके पावन प्रवाह में सम्मिलन्ती सरितायें इसकी ही उस परिखा से प्रवाहित होती है जिसमें जीवन को कल्मषरहित कर देने की क्षमता अतीत काल से विद्यमान है। इनके सम्मिलन में टकराव नहीं आलिंगन की आकुलता है और यह संगम तीर्थ नहीं तीर्थराज है, जहाँ आकर्षण भी है पवित्रता भी। गंगा का पूर्व संचित जल जिस प्रकार शताब्दियों तक विकृत नहीं होता उसी प्रकार वाल्मीकि-कालिदासादि का पूर्व संचित परम श्रद्धार्ह रससिक्त साहित्य आज भी अनाघ्रात पुष्प की ताजगी और पुण्यों के अखण्ड फल के समान स्वादु है। जिस प्रकार शताब्दियाँ बीत जाने पर भी गंगा का प्रवाह आज भी अविच्छिन्न है उसी प्रकार संस्कृत साहित्य की धारा अजस्र प्रवहमान है, नवनवोन्मेषी कवियों द्वारा आज परिष्कृत और परिमार्जित कर उसे निर्मल बना दिया गया है। आज वैज्ञानिक युग का स्वतंत्र संस्कृत काव्यकार जो कुछ लिख रहा है, उसका विशुद्ध अध्ययन और अनुशीलन संस्कृत साहित्य और राष्ट्र दोनों के लिए परम कल्याणकारी है। आज के संस्कृत महाकाव्य सत्य (यथार्थ), शिव और सुन्दर होने के कारण अवश्य ही स्वागतार्ह हैं।

नायं पन्था यदपि बहुभिर्नूतनः संस्कृतस्य
दृष्टः सम्यङ् नव इति धिया निन्दितश्चापि कैश्चित्।
भूयो भूयो न खलु कृतिनस्तावदेवं भ्रमन्तो

नव्यैः काव्यैर्यदि न सरसैः संस्कृतज्ञा रमन्ते ॥

## स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत महाकाव्य



स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत महाकाव्यों के नाम, उनके लेखक, रचना काल तथा स्थान निर्देश के साथ प्रस्तुत किया जा रहे हैं। प्रथमतः प्रचीन साहित्य पर आधारित, तदनन्तर नवीन विषयों पर आधारित और अन्य भाषा के महाकाव्य जो संस्कृत पद्यानुवाद द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं, उनकी सूची दी गयी है। नये महाकाव्यों की यह सूची पूर्ण है, इसका दावा नहीं किया जा सकता; विद्वानों से विनम्र अनुरोध है कि इस सूची में जिनका उल्लेख नहीं हो सका है उनकी सूचना देकर उपकृत करें-

१- **सौमित्रसुन्दरीचरितम्** - श्री भवानीदत्त शर्मा - १९५८ - मुजफ्फरपुर

२- **श्रीबोधिसत्त्वचरितम्** - डा0 सत्यव्रत शास्त्री - १९६२ दिल्ली

३- **हरनामामृतम्** - श्रीविद्याधर शास्त्री १९५८ बीकानेर

४- **सौलोचनीयम्** - स्व0 विष्णुदत्त शुक्ल १९५७ कानपुर

५- **गङ्गासागरीयम्** - स्व0 विष्णुदत्त शुक्ल १९६४ सागर

६- **जानकीचरितामृतम्** - श्री रामसनेहीदास १९५७ फैजाबाद

७ - **उत्तरनैषधीयम्** - श्री भैरव गिरि, मुजफ्फरपुर

८- **गणपतिसंभवम्**- स्व0 प्रभुदत्त शास्त्री १९६८ दिल्ली

९- **रुक्मिणीहरणम्**- स्व0 काशीनाथ द्विवेदी १९६४ वाराणसी

१०- **नन्दचरितम्** - श्रीसूर्यनारायण शास्त्री, हैदराबाद

११- **कर्णार्जुनीयम्** - स्व0 विन्ध्येश्वरीप्रसाद शास्त्री १९६८ वाराणसी

१२- **सतीचरितम्** - श्री के0 एस0 कृष्णमूर्ति १९५३ मदुराई

१३- **सतीस्वयंवरम्** - श्री नागराजः १९४९ कल्याणपुरी (बंगलौर)

१४- **वीरोदयम्** - जैन मुनि ज्ञानसागर १९६८ ब्यावर (राजस्थान)

१५- **जयोदयम्**- वही १९६० ब्यावर

१६- **सुदर्शनोदय**- वही १९६६ ब्यावर

१७- **पारिजातहरणम्** - श्री उमापति द्विवेदी, १९५७ वाराणसी

१८- **उर्मिलीयाम्** - श्री नारायण शुक्ल, १९७३ देवरिया

१९- **शुम्भवधम्** - डा0 भोलाशंकर व्यास (अप्रकाशित) वाराणसी

२० - **किरातार्जुनीयम्** - डा0 जगन्नाथ पाठक (अ0प्रका0) इलाहाबाद

२१- **सूर्यचरितम्**- श्री तारादत्त पन्त, (अप्रका0) इलाहाबाद

२२- **सीताचरितम्** - डा0 रेवाप्रसाद द्विवेदी, १९७३ वाराणसी

२३- **वामनावतरणम्** - डा0 राजेन्द्र मिश्र (अप्रकाशित) इलाहाबाद

२४- **उषोहरणम्** - स्वामी अनन्तानन्द - वाराणसी

२५- **सावित्रीचरितम्** - श्री आत्माराम शास्त्री, १९६१ बम्बई

२६- **अद्भुतदूतमहाकाव्यम्** - श्री जग्गूबकुलभूषण, १९६८ बंगलौर

२७- **परशुरामदिग्विजयम्** - श्री छज्जूराम शास्त्री, १९६९ दिल्ली

२८- **राधापरिणयम्** - स्व0 बदरीनाथ झा, मुजफ्फरपुर

२९- **श्रीकृष्णचरितामृतम्** - श्री कृष्णप्रसाद शर्मा घिमिरे १९७१ काठमाण्डू (नेपाल)

३०- **नाचिकेतसम्** - वही

३१- **वृत्रवधम्** - वही

३२- **ययातिचरितम्** - वही

३३- **भारतीस्वयम्वरम्**- स्व0 श्री सुधाकर शुक्ल, दतिया (उ0 प्र0)

३४- **यशोधरा**- श्री ओगेटि परीक्षित शर्मा, १९७६ पुणे

३५- **सुरहावर्णनम्** - स्व0 रघुनाथ शर्मा, वाराणसी

३६- **उन्मत्तकीचकम्** - श्री के0 एम0 नागराजन्

३७- **रावणायनम्** - श्री पालीवाल, फर्रुखाबाद

३८- **पद्मिनीपरिणयम्** - श्रीनिवासाचार्य (संविद् पत्रिका में) बम्बई

३९- **मोहभंगम्** - डा0 रसिकविहारी जोशी, १९७६ दिल्ली

४०- **जानकीजीवनम्** - डा0 राजेन्द्र मिश्र १९८९ इलाहाबाद

४१- **रामचरितम्** - श्री पद्मनारायण त्रिपाठी

४२- **श्रीहरिचरितामृतमहाकाव्य** - श्री हरिपद्मनाभ शास्त्री, वाराणसी

४३- **पयःपानम्** - श्री मोतीराम शास्त्री (अप्रका0), जबलपुर

४४- **श्रीकृष्णचरितम्** - डा0 रमेशचन्द्र शुक्ल, १९७९ दिल्ली

४५- **सुगमरामायणम्**- वही १९७८ दिल्ली

४६- **श्रीद्वारकाधीशमहाकाव्यम्** - डा0 वासुदेवकृष्ण चतुर्वेदी, १९८१ मथुरा

४७- **लवलीपरिणयम्** - डा0 के0 एस0 नागराजन्, १९७५ बंगलौर

४८- **सीतास्वयम्वरम्** - वही, १९७० बंगलौर

४९- **प्रसन्नाञ्जनेयम्** - डा0 डी0 अर्क सोमयाजी, १९८० तिरुपति



५०- **हरिप्रेष्ठमहाकाव्यम्** - श्री वनमालीदास शास्त्री, १९७६ - मथुरा

५१- **भरतचरितम्**- स्व0 भवानीदत्त पाण्डेय - (अप्रका0) आरा (बिहार)

५२- **सुरेन्द्रचरितमहाकाव्यम्** - श्री वासुदेव द्विवेदी से प्राप्य, वाराणसी

५३- **हरिश्चन्द्रमहाकाव्यम्** - डॉ0 बलवीरदत्त शास्त्री १९८८ (भारतोदय) हरिद्वार (उ0 प्र0)

५४- **परशुराममहाकाव्यम्** - श्री त्रिपुरारि पाण्डेय (अप्र0) रायबरेली

५५- **देवीचरितम्** - गया

५६- **रामरसायनमहाकाव्यम्** - श्री हजारीलाल शास्त्री इन्दौर

५७- **भृगुवंशमहाकाव्यम्** - डॉ0 मिथिलाप्रसाद त्रिपाठी, इन्दौर

## आधुनिक विषयों से संबद्ध महाकाव्य

१- **महात्मगान्धिचरितम्** - (तीन खण्डों में) स्वामी भगवदाचार्य

(अ)- भारतपारिजातम् १९४९ खेड़ा (गुजरात)

(आ)- परिजातापहारः १९४९ खेड़ा

(इ)- परिजातसौरभम् - १९४९ खेड़ा

२- **रामानन्ददिग्विजयम्** - स्वामी भगवदाचार्य, खेड़ा

३- **स्वराज्यविजयम्** - स्व0 पण्डिता क्षमा राव, बम्बई

४- **तुकारामचरितम्** - वही १९४७ बम्बई

५- **रामदासचरितम्** - वही १९५२ बम्बई

६- **ज्ञानेश्वरचरितम्** - वही १९४७ बम्बई

७- **गान्धिचरितम्**- श्री साधुशरण मिश्र, १९७२ चम्पारन (बिहार)

८- **शिवानन्दविलासम्** - श्रीरामकृष्ण भट्ट, १९७२ गढ़वाल (उ0 प्र0)

९- **योगिभक्तचरितम्** - स्व0 कालीपद तर्काचार्य, १९६१ कलकत्ता

१०- **विश्वमानवीयम्** - श्री विद्याधर शास्त्री बीकानेर, राजस्थान

११- **स्वाधीनभारतम्** - श्रीरामनिरीक्षण सिंह - समर्थकल्याणपुर (बिहार)

१२- **गान्धिविजयम्**- स्व0 लोकनाथ शास्त्री (अपूर्ण) ऋतंभरा जबलपुर

१३- **गान्धिसौगन्धिकम्** - श्री सुधाकर शुक्ल (अप्रका0) दतिया (म0 प्र0)

१४- **स्वराज्ययिजयम्** - स्व0 द्विजेन्द्रनाथ शास्त्री, १९७१ मेरठ

१५- **श्रीसुभाषचरितम्** - श्री विश्वनाथ केशव छत्रे, १९६३ कल्याण

१६- **स्वातन्त्र्योदयम्** - वही (भारती) जयपुर

१७- **सातवलेकरचरितम्**- वही (अप्रका0) कल्याण

१८- **एकनाथचरितम्** - वही (अप्रका0) कल्याण

१९- **श्रीशिवराज्योदयम्** - डा0 श्रीधर भास्कर वर्णेकर, १९७२ नागपुर

२०- **क्षत्रपतिचरितम्** -डॉ0 उमाशंकर शर्मा, १९७२ वाराणसी

२१- **रक्ताक्तहिमालयम्**-श्री परमेश्वरदत्त त्रिपाठी (अप्रका0) बलिया (उ0 प्र0)

२२- **भारतविजयम्** - स्व0 प्रभुदत्त शास्त्री, (अप्रका0) दिल्ली

२३- **श्रीतिलकयशोऽर्णवः**- स्व0 माधव श्रीहरि अणे, १९६०-७१ पुणे

२४- **श्रीमालवीयकाव्यम्**- स्व0 रामकुवेर मालवीय, १९६४ वाराणसी

२५- **श्रीनेहरूचरितम्** - स्व0 ब्रह्मानन्द शुक्ल, १९६९ खुरजा (उ0 प्र0)

२६- **राजेन्द्रप्रसादाभ्युदयम्**- श्रीपाद कृष्णमूर्ति शास्त्री, १९६० राजमुन्द्रि (आन्ध्र)

२७- **जवाहरवसन्तसाम्राज्यम्** - श्री जयराम शास्त्री १९५० दिल्ली

२८- **श्रीनेहरूयशःसौरभम्**- श्री बलभद्र प्रसाद शास्त्री, १९७५ हरदोई (उ0 प्र0)

२९- **लेनिनामृतम्** - श्री पद्म शास्त्री, १९७३ होशियारपुर (पंजाब)

३०- **तर्जनी** - श्री दुर्गादत्त शास्त्री, कांगड़ा (हिमाचल प्र0)

३१- **भूमामिनीविभ्रमम्** - श्री रामसेवक मालवीय, १९७० फैजाबाद

३२- **रामदासकाव्यम्** - श्री सूर्यनारायण शास्त्री, १९६० हैदराबाद

३३- **विवेकानन्दम्** - श्री सूर्यनारायण शास्त्री, १९६० हैदराबाद

३४- **दयानन्ददिग्विजयम्** - श्री मेधाव्रताचार्य, १९४७ बड़ौदा

३५- **महर्षिविरजानन्दचरितम्** - वही (१९५२) बड़ौदा

३६- **महर्षिज्ञानानन्दचरितम्** - स्व0 विन्ध्येश्वरीप्रसाद शास्त्री १९७० वाराणसी

३७- **स्वामिश्रीविवेकानन्दचरितम्** - श्री त्र्यम्बक शर्मा भण्डारकर१९७३ वाराणसी

३८- **आर्योदयम्** - श्री गंगाप्रसाद उपाध्याय, १९५१ इलाहाबाद

३९- **झांसीश्वरीचरितम्** -श्री सुबोधचन्द्र पन्त , १९८० इलाहाबाद

४०- **दयानन्दतिमिरभास्करः**- श्री अखिलानन्द, बुलन्दशहर

४१- **गोस्वामितुलसीदासचरितम्** - श्री हरिप्रसाद द्विवेदी १९६१ एटा (उ0 प्र0)

४२- **जयदेवकीर्तिलतामहाकाव्य**, - स्व0 रामबालक शुक्ल, (१९६०) इलाहाबाद

४३- **श्रीनारायणविजयः**- श्री बालराम पणिक्कर (१९७१) त्रिवेन्द्रम्

४४- **हिन्दूविश्वविद्यालयकाव्यम्**- श्रीमधुसूदन शास्त्री, वाराणसी



४५- **श्रीमत्प्रतापराणायणम्** - श्री ओगेटि परीक्षित शर्मा, पुणे १९९०

४६- **गान्धिगौरवम्** - श्री शिवगोविन्द त्रिपाठी, १९६३ जयपुर

४७- **इन्दिराचरितम्** - डा0 सत्यव्रत शास्त्री, १९७४ दिल्ली

४८- **नानकमहाकाव्यम्** - वही, भारती, जयपुर

४९- **सत्यानुभावम्**- स्व0 कालीपद तर्काचार्य, कलकत्ता

५०- **भारतभूमिचरितम्** - श्री प्रभुदत्त स्वामी, १९६७ (भारतोदय - पत्रिका)

५१- **श्रीगान्धिचरितामृतम्**- श्री विधानिधि शास्त्री (वही)

५२- **केरलोदयः**- श्री के0 एन0 एलुतच्छन्, १९७७ पट्टम्बि (केरल)

५३- **श्रीबलदेवचरितम्** - श्री श्री निवास रथ (उज्जैन) (दूर्वा) भोपाल

५४- **नानकचन्द्रोदयम्** - देवराजशर्मा, १९८५ वाराणसी

५५- **जवाहरज्योतिर्महाकाव्यम्** - पं0 रघुनाथप्रसाद चतुर्वेदी, मथुरा १९७७

५६- **दयानन्ददिग्विजयम्** श्री अखिलानन्द शर्मा, दिल्ली

५७- **दयानन्दचरितम्** - श्रीरमाकान्त उपाध्याय (अप्रका0) (अर्वाचीनसंस्कृतम् में सूचित)

५८- **श्रीगुरुनानकदेवचरितम्** - श्री विष्णुदत्त शर्मा, - १९८१ मेरठ

५९- **श्री जवाहरलालनेहरुचरितमहाकाव्यम्** - कविशिरोमणि श्री अमीरचन्द्र शास्त्री, १९९० दिल्ली

६०- **विश्वभानुः**- डॉ0 पी0 के0 नारायण पिल्लै १९८१ त्रिवेन्द्रम्

६१- **चर्चामहाकाव्यम्**- डॉ0 शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी, १९८८ वाराणसी

६२- **श्रीस्वामीचरितम्** - श्री सुधाकर शुक्ल, १९८८ दतिया (म0 प्र0)

६३- **परमाणुभारतम्** - श्री शिवजी उपाध्याय, वाराणसी

६४- **महात्मगान्धिचरितम्**- श्री वीरेन्द्र गोविन्द राजवैद्य, इन्दौर

६५- **अशोकमहाकाव्यम्** - श्री हरिहर त्रिवेदी, इन्दौर

६६- **धर्मसागरम्** - डा0 पी0 के0 नारायण पिल्लै, त्रिवेन्द्रम् ।

६७- **सुरेन्द्रचरितम्** - पण्डितराज दिगम्बर महापात्र, लोकभाषा प्रचार समीति बड़ा ओडिया मठ

६८- **मुत्तुस्वामिचरितम्** - डा0 व्ही राघवन्, मद्रास पुरी ७५२००१

६९- **श्रीरामकीर्तिमहाकाव्यम्**- डॉ0 सत्यव्रत शास्त्री, १९८९, बैंकाक ।

# बीसवीं शताब्दी के संस्कृत शतककाव्य

डॉ० दुर्गाप्रसाद मिश्र

संस्कृत की नाना काव्यविधाओं में हमारी संस्कृति पल्लवित तथा पुष्पित हुई है। हमारी संस्कृति का प्राण आध्यात्मिक भावना है, जो संस्कृत-वाङ्मय में त्याग एवं तपस्या के द्वारा संवर्धित हुई है। वैदिक वाङ्मय से प्रभावित भारतीय कवि की आत्मानुभूति जब काव्य रूप ग्रहण करने के लिए चञ्चल कामिनी के समान थिरक पड़ी उस समय भी हमारी संस्कृति के प्राण अध्यात्मवाद ने उसके हाव-भाव का रूप ग्रहण किया। फलतः नाना भङ्गिमाओं में निःसृत काव्य-धारा आशावादिता से परिपूर्ण रहो। शतक-काव्यों में भी अनेक रूपों में भावों की अभिव्यक्ति हुई है।

'शतक' हमारी वैदिक परम्परा में पूर्णता का प्रतीक रहा है। **'जीवेम शरदः शतम्'**[१] आदि की आत्मा पूर्णता तथा कल्याण से युक्त है। इसी से अनुप्राणित होकर भारतीय कवि की भी स्वानुभूति शतक काव्य के रूप में प्रकट हुई। संस्कृत काव्य की विधाओं में शतक-काव्यों का स्थान खण्ड-काव्य के अन्तर्गत प्रतिष्ठित होता है। वैसे शतक काव्य मुक्तक काव्य के प्रमुख उदाहरण हैं जिनको पढ़कर सहृदय सद्यः परितृप्त होकर आनन्दित हो जाता है।

शतक काव्य हमें मुख्यतः तीन रूपों में ही प्राप्त होता है जिनमें धार्मिक, नीति-सम्बन्धी तथा शृङ्गारी की परिगणना की जाती है।

धार्मिक शतकों का प्रतिपाद्य विषय देवताओं की स्तुतियाँ हैं। इन्हें ही स्तोत्र शतक साहित्य के नाम से जाना जाता है। कवियों ने अपने लौकिक कल्याण के

---

१. जीवेम शरदः शतम्।
बुध्येम शरदः शतम्। रोहेम शरदः शतम्।
पूषेम शरदः शतम्ः। भवेम शरदः शतम्
भूषेम शरदः शतम्। भूयसीः शरदः शतम्। अथर्ववेद १९/६७/२-८
अदीनाः स्याम शरदः शतम्।
भूयश्च शरदः शतात्। - यजुर्वेद ३६/२४

भाव से ओत-प्रोत होकर दिव्य देवताओं की स्तुति में अनेक शतकों की रचना की जिनमें देवता विशेष को ही आधार बनाकर उन्हीं के यशोगान में मुक्तक पद्यों में सुन्दर रसपेशल भाव व्यक्त किये। इनमें शिव-पार्वती, राम-सीता, हनुमान्, कृष्ण-राधा, दुर्गा, स्थानीय देवता तथा पुराण सम्बन्धी शतकों की संख्या अगणित है। कवि ने देवता विशेष की दिव्याकृति, करुणामय स्वरूप तथा दैवी शक्ति आदि तत्त्वों को काव्यरूप प्रदान किया। भारतीय मनीषी ने वैदिक काल से ही ईश्वर के प्रति अपने को अर्पण करने में ही सफलता मानी है। देवता विशिष्ट के वन्दन में ही एक-एक सूक्त का निर्माण किया गया। उसी परम्परा में लौकिक संस्कृत साहित्य में स्तोत्र रूप में विशाल शतक साहित्य का निर्माण किया गया।

संस्कृत के कवियों ने जहाँ एक ओर स्तोत्र-परम्परा को समृद्धिशाली बनाया वहीं आचार्यों से प्रभावित होकर काव्य के महनीय प्रयोजन 'कान्तासम्मित उपदेश' का समादर किया। शतक काव्यों के माध्यम से भारतीय मनीषियों ने ऐसी उपदेशात्मक तथा नीतिपरक बातों की शिक्षा दी है जो किसी अन्य वाङ्मय में दुर्लभ है। इन नीति सम्बन्धी शतकों का समाज पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा। इन शतकों में कवियों ने प्रत्यक्ष तथा परोक्ष दोनों रूपों में शिक्षायें प्रदान की हैं। इन शतकों का यदि हम ऐतिहासिक दृष्टि से अवलोकन करें तो स्पष्ट हो जाता है कि समाज में प्रत्येक युग में यथार्थ दिशा प्रदान करने का कार्य भारतीय मनीषी ही अपने काव्य के माध्यम से करते रहे। नीति सम्बन्धी शतकों में माहात्म्य, धर्मशास्त्र, व्यंग्य, सामाजिक, आत्मचरित, आचार्यचरितप्रधान, प्रकृति-ऋतु, राजचरित, छन्द अलंकार, काव्यमाहात्म्य सम्बन्धी शतकों का परिगणन किया गया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। उसके मूलाधार अर्थात् उद्भावक तत्त्व है लोक, वेद तथा अध्यात्म[२]। लोक से सामाजिक जीवन, वेद से विज्ञान तथा अध्यात्म से दार्शनिक चिन्तन का ग्रहण होता है। भामह, मम्मट प्रभृति आचार्यों ने भी काव्य निर्माण में लोक तत्त्व की महिमा को स्वीकार किया है।[३] साहित्य एक कला है, कला के द्वारा काव्यकार अपनी सौन्दर्यानुभूति को अभिव्यक्ति प्रदान करता है। सौन्दर्य रूप और विचार दोनों में पाया जाता है, उन विचारों की अभिव्यक्ति कवि को बेचैन कर देती है। शृङ्गारी शतकों का विकास इसी का परिणाम है। इन शतकों में शृङ्गार को ही प्रधान रस माना गया है तथा काम के विभिन्न रूपों मदन, मन्मथ, मार, काम, कन्दर्प, पञ्चशर आदि के मानव समुदाय में व्यापक व्याप्त प्रभाव का चित्रण किया गया। कवियों ने नायिका के विभिन्न अवयवों, विलास क्रीडाओं, मनोमुग्धकारी रूपों के चित्रण में ही अपनी लेखनी को सार्थक बनाया।

---

२. लोको वेदस्तथाध्यात्मं प्रमाणं त्रिविधं स्मृतम्। -व्यक्तिविवेक

३. लोकस्य स्थावरजङ्गमात्मकलोकवृत्तस्य। -काव्यप्रकाश १/१ वृत्ति

**'सर्वेन्द्रियाणां नयनं प्रधानम्'** तथा **'सर्वस्य गात्रस्य शिरः प्रधानम्'** उक्तियों को कवियों ने अपनी सूक्ष्म उपमाओं तथा अलौकिक भावों से सार्थक सिद्ध कर दिया।

शृङ्गारी शतकों में कवियों ने रमणी के नयन, मुख, नासिका, केश, कटाक्ष, वक्षोज, कटि, रोमावलि, आदि अवयवों को ही विषय बनाकर काव्य सर्जना की। इतना अवश्य है कि हमारे इन कवियों का ज्ञान अलौकिक था तथा अपनी अन्तः सूझ से इन्होंने विषय-वस्तु को जिस कलेवर में सँजोया वह संसार के किसी भी साहित्य में दुर्लभ है। कवि ने मर्यादित शृङ्गार का ही चित्रण किया है। जहाँ कहीं भाव विभोर होकर वह लौकिक धरातल पर उतरने लगता है, अश्लीलता भी ला देता है; पर उसमें भी एक अपूर्व आनन्द तथा सौन्दर्य का समन्वित रूप पाया जाता है।

बीसवीं शताब्दी में भी हमें उक्त सभी प्रकार के शतक काव्यों का विशाल साहित्य उपलब्ध होता है। समाज में घटित घटनाओं का यथावत् चित्रण करने में कवि आदि काल से सिरमौर रहा है। प्रत्येक क्षेत्र का समुचित चित्रण साहित्य में अक्षुण्ण है। अब बीसवीं शताब्दी में रचित शतक काव्यों का मिश्रित (स्तोत्र, नीति, शृङ्गार) रूपेण उल्लेख इस प्रकार है -

## शक्तिशतक-सकलेश्वरशतक

इन शतकों के रचयिता गणेश्वर रथ उड़ीसा प्रान्त के कालाहांडी के निवासी थे। इनका जन्म १८९९ ई0 में हुआ। इन दोनों शतकों में कवि ने नामानुरूप शक्ति माँ तथा ईश्वर के माहात्म्य का चित्रण किया है। ये स्तोत्र शतक काव्य हैं।

## कालिकाशतक, आत्मनिवेदनशतक, शतकसप्तक

ये शतक बटुकनाथ शर्मा प्रणीत हैं। इनके पिता भारद्वाज गोत्रीय ईश्वरी प्रसाद मिश्र हैं। इनका जन्म १८९५ ई0 तथा मृत्यु १९४४ ई0 में हुई। आप बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थे। इनमें कालिकाशतक स्तोत्र काव्य है जिसमें भगवती की स्तुति है। शेष दो शतक आत्मचरित तथा नीति सम्बन्धी हैं।

## विष्णुस्तोत्रशतक

यह स्तोत्र काव्य महाविष्णु के अवतार से सम्बन्धित है। इसके रचयिता श्रीतीर्थपाद परमहंस स्वामी केरल निवासी हैं। इनके पिता आलक्काट चेस्कोतत्त इल्ल नम्बूदरी माता कुजकुट्टिपिल्ला हैं। आपका जन्म १८८२ तथा मृत्यु १९३९ ई0 में हुई थी।

## नृसिंहशतक

इसके रचयिता तिरुवेंकट तातदेशिक हैं जो शष्मर्षण गोत्रीय सिंगाराचार्य के

पुत्र हैं । आपका जन्म १८८२ तथा मृत्यु १९३५ ई0 के बाद हुई । यह स्तोत्र शतक है जिसमें नृसिंह भगवान् के माहात्म्य का वर्णन है ।

## कोलाम्बाकुचशतकम्

यह स्तोत्रशतक एक स्थानीय देवतापरक है । इसके रचयिता सुन्दराचार्य का जन्म १८८० ई0 में हुआ । आप रामानुजाचार्य के शिष्य थे ।

## वैराग्यशतक, नीतिशतक शृङ्गारशतक

इन शतकों के प्रणेता तेजोभानु पण्डित का जन्म १८८० ई0 में हुआ था । आपने भर्तृहरि के अनुकरण पर ये शतक रचे और अभिनव भर्तृहरि विरुद से अलंकृत हुए ।

## तपोवनशतक

इसके रचयिता बालकृष्ण शास्त्री जाखाली ग्राम, टिहरी गढ़वाल के निवासी थे। आपका जन्म १८८० ई0 में हुआ था । आप तपोवन स्वामी के शिष्य थे और अपने गुरु के माहात्म्य में यह शतक लिखा ।

## व्याघ्रालयेशशतक, शोणाद्रीशशतक

इन शतकों के रचयिता केरलवर्मा साम्बशिव शास्त्री का जन्म १८७९ तथा निर्वाण १९४६ माना गया है । आपने स्तोत्रशतकों में स्थानीय देवताओं की स्तुतियाँ की हैं । आप गणपति शास्त्री के बाद १९३७ से १९३९ तक ग्रंथशाला प्रकाशन के अध्यक्ष रहे ।

## सुभाषितशतकम्

इसके रचयिता आर0 बी0 कृष्णमाचारियर का जन्म १८७४ तथा निर्वाण १९४४ ई0 है । आपने कुम्भकोणम् में विद्याभ्यास किया तथा आप गवर्नमेंट कालेज में दीर्घ काल तक पण्डित थे । यह शतक नीतिपरक है ।

## जगद्गुरु अष्टोत्तरशतक

इसके रचयिता पंचपागेश शास्त्री तंजौर जिला के अन्तर्गत पैगनाडु ग्राम में जन्मे थे । आपका जन्म १८७४ तथा निर्वाण १९४० ई0 है । यह शतक आचार्यचरित प्रधान है ।

## श्रीकृष्णकरुणाशतक

इसके रचयिता श्रीनिवासकृष्णार्जुन वाडकर का जन्म १८७४ तथा निर्वाण

१९६४ ई0 है । आप गाँधीवादी थे । यह शतक राधाकृष्ण की स्तुति में प्रणीत स्तोत्र काव्य है ।

## शतश्लोकीयधर्मशास्त्र

इसके रचयिता रामावतार शर्मा छपरा, बिहारवासी देवनारायण शर्मा के पुत्र थे । आपका जन्म १८७४ तथा निर्वाण १९२९ ई0 है । उक्त शतक में धर्मशास्त्र सम्बन्धी तत्त्वों का समायोजन है । आपके मारुतिशतकम् तथा शम्भुशतकम् भी है जो १९ वीं सदी के अन्त के हैं ।

## कृष्णार्यशतक

इसके रचयिता मेलारकोड सुब्रह्मण्य अय्यर का जन्म १८७२ तथा निर्वाण १९४१ ई0 है । आप मालाबार जिला के पालक्काट तालुकान्तर्गत मेलारकोट में जन्मे थे । इसमें १०८ श्लोकों में कृष्ण चरित का व्याख्यान है ।

## भगवत्सुधाशतकम्

इसके रचयिता शिवदत्त का जन्म १८७२ ई0 में हुआ था । आप कलकत्ता निवासी थे । यह शतक १९०८ में प्रकाशित हुआ ।

## सारशतक

इसके रचयिता भट्ट श्री कृष्णराम व्यास का जन्म १८७१ ई0 में हुआ था । आप जयपुर निवासी थे तथा भिषगाचार्य एवं आयुर्वेदाचार्य की उपाधि से सम्मानित थे । यह शतक कुमारसम्भव, रघुवंश, शिशुपालवध, किरातार्जुनीय, नैषध इन पाँचो ग्रन्थों का सार रूप है जो १९०३ में प्रकाशित किया गया । आपके स्मरशतकम्, आर्यालंकारशतकम्, पलाण्डुराजशतकम् भी हैं जो थोड़े पूर्ववर्ती हैं ।

## धर्मशास्त्रशतकम्

इसके रचयिता मनन्तल नीलकण्ठ भूषत का जन्म १८६८ तथा निर्वाण १९३२ ई0 है । पिता केशव भूषत माता श्री देवी मनयम्बा, गुरु किटक्के पुतल कुंजुन्नि भूषत थे । इसमें धर्मशास्त्र सम्बन्धी उपदेशों का चित्रण है ।

## रामवर्मशतकम्

यह राजचरित प्रधान शतक काव्य है । इसके रचयिता सहृदयतिलक रामपिशारडी केरल निवासी थे । आपका जन्म १८६५ तथा निर्वाण १९४७ में हुआ। यह शतक आपने १९१३ ई0 में अवकाश ग्रहण करने के बाद लिखा था, जिस समय कुच्चि महराज की षष्ठिपूर्ति मनायी गयी थी ।

## हनुमत्प्रसादशतकम्

इसके रचयिता रंगनाथ ताताचार्य तंजौर के रामदुर्ग नामक ग्राम में जन्मे थे। आपका जन्म १८६५ में हुआ था। आप कविभूषण की उपाधि से अलंकृत थे। १८३४ में तंजौर सरस्वती महल ग्रंथालय के मुख्याधिकारी थे। यह शतक हनुमान की स्तुति में रचित है।

## आर्याशतकम्

इसके रचयिता आत्माराम मोरेश्वर क्षत्रे महाराष्ट्र के बम्बई निवासी थे। यह शतक १९०६ में वेंकटेश्वर मुद्रणालय से प्रकाशित हुआ था।

## जार्जदेवशतकम्

इसके रचयिता लक्ष्मण सूरि तमिलनाडु के रामनाथपुर जिले में श्रीवेल्लिपुत्तूर के निकट पुनालवेदी में उत्पन्न हुए। आपका जन्म समय १८५९ ई० तथा निर्वाण १९१९ ई० है। आपने जार्ज पञ्चम के अभिषेक में १९१९ में इस शतक की रचना की। इस प्रकार यह अंग्रेजचरितप्रधान काव्य है।

## भारतशतकम्

सौ पद्यों में गुम्फित इस शतक के रचयिता आचार्य श्री महादेव पाण्डेय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय संस्कृत महाविद्यालय में साहित्य-विभागाध्यक्ष रहे। इसका प्रथम प्रकाशन १९५३ ई० में हुआ। भारतीय स्वाधीनता के लिए किये गये प्रयासों का इतिहास है। प्रत्येक व्यक्ति में आद्या शक्ति के आविर्भाव की कामना की गयी है। कवि ने अपने देश को स्वर्ग के समान सुखद माना है तथा तीर्थों, ज्ञान-विज्ञान की प्रगति का वर्णन किया है। कवि के अनुसार वास्तविक विद्वान् वही है जो देश की सेवा करता है।

## विभावनम् (ब्रह्मानन्दशतकम्)

यह श्रद्धाञ्जलिपरक शतक काव्य हैं। इसके रचयिता डॉ० रमेशचन्द्र शुक्ल है जिन्होंने १९७० से १९७४ के बीच काव्य रचना की और १९७५ ई० में प्रथम प्रकाशन किया। इसमें सुरभारती के अमरपूत पण्डित ब्रह्मानन्द शुक्ल के प्रति भावभीनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित की गयी है।

## इन्दिराकीर्तिशतकम्

यह अभिनन्दनात्मक शतककाव्य है। इसके रचयिता कविरत्न श्रीकृष्ण सेमवाल चमोली गढ़वाल उ० प्र० के अन्तर्गत गुप्तकाशी के समीपवर्ती ... गाँव के

निवासी, ग्रन्थरचनाकाल में दिल्ली प्रशासन उ0 मा0 वि0 में संस्कृत के अध्यापक थे और सम्प्रति दिल्ली संस्कृत अकादमी के सचिव हैं। इसमें तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी के जीवन चरित के साथ राष्ट्रोपयोगी कार्यों का वर्णन किया गया है। लोगों में देशभक्ति, देशराग आस्था जगायी गयी है।

## भाति मे भारतम्

इस शतक काव्य में १०८ पद्य हैं अर्थात् माला काव्य। इसके रचयिता डॉ० रमाकान्त शुक्ल राजधानी कालेज दिल्ली में हिन्दी के वरिष्ठ प्राध्यापक हैं। इसका रचना काल १९७८-७९ है। कवि ने भारत राष्ट्र की विशेषताओं का वर्णन करके भारतीयों में आत्मनिष्ठ राष्ट्र के अभिमानी भावों को जगाया है। भारत ही ऐसा राष्ट्र है जहाँ हिंसा पर अहिंसा की विजय है। यहाँ विविधता होने पर भी एकता स्तुत्य है। खान-पान, रीति-रिवाज, खेलकूद, उपासना पद्धतियों की प्राच्य विद्या की प्रशंसा की गयी है। व्रत, पावन तीर्थ, विज्ञानकी प्रगति, विभिन्न योजनाओं, औषधि निर्माण, शल्यचिकित्सा आदि की योजना उत्तम है। अभिनव अनुसन्धान आर्यभट्ट, रोहिणी, भास्कर उपग्रहों की सर्जना, देश की प्रगतिमें युद्धपोत, मोटर, यान, रेल की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की गयी है। गंगा, यमुना, चन्द्रभागा, नर्मदा आदि नदियों की आर्थिक एवं धार्मिक महिमा का गान किया गया है। कवि ने राष्ट्र की विश्वमंगल कामना व्यक्त की है। सारा संसार एक परिवार माना है। कवि ने १९८९-९० में दूरदर्शन के माध्यम से इस काव्य के अंशो का गान करके अपने संदेश को विश्वव्यापी बना दिया है।

## यतीन्द्रशतकम्

इस के रचयिता केवलानन्द शर्मा का जन्म १९१९ ई0 में बोढा नामक गाँव, जो मेरठ मण्डलान्तर्गत उ0 प्र0 में है, में हुआ। आपकी सम्पूर्ण शिक्षा वाराणसी की है। आप पर अपने गुरुओं खिस्ते जी तथा मंगलदेव शास्त्री, वामन भट्टाचार्य आदि का प्रभाव लक्षित होता है। शतक को कवि ने अपने जीवन के १८ वें वर्ष १९३६ में रचकर, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में 'बालकवि' की उपाधि प्राप्त की थी। आप पर लेनिन की अमिट छाप है। आपने 'इन्दिरा प्रियदर्शनी' 'लेनिनकुसुमाञ्जलि' जैसे संस्कृत के महान ग्रन्थों की रचना की। आप एक कुशल राजनीतिज्ञ हैं और वर्तमान में आचार्य दीपंकर के नाम से जाने जाते हैं। इस शतक में दयानन्द जी द्वारा समाज में व्याप्त आडम्बर, कुरीतियों, छुआछूत आदि के समूल विनाश का जो प्रयास चित्रित किया गया है, मानव मन को आन्दोलन करने वाला है।

## कृष्णशतक

यह शतक वल्लथोल नारायण मेनन रचित है । इनका जन्म १८९० ई0 में हुआ था । यह भगवान् कृष्ण की स्तुति में रचित स्तोत्र काव्य है ।

## विधवाशतक

इस शतक के रचयिता वरदकृष्णमाचार्य वलत्तुर जिला तंजौर के निवासी थे। आपका समय २० वीं शताब्दी है ।

## इन्दिराशतकम्

इस शतक के रचयिता रामकृष्ण शास्त्री जी हैं । यह शतक काव्य अभिनन्दनात्मक हैं । भारतीय राजनीति के इतिहास में चण्डी की उपाधि से विभूषित इन्दिरा विश्वविख्यात राजनेताओं में से थी । यह शतक १९८१ ई0 में प्रकाशित हुआ । इसके रचयिता उत्तर प्रदेश के मेरठ मण्डल के समीप मवाना में संस्कृत के प्राध्यापक रहे ।

## श्रीनिवासशतकम्

इस शतक के रचयिता विठलदेवुनि सुन्दर शर्मा हैं । इसका समय २० वीं शताब्दी है । इस शतक का प्रकाशन सर्वप्रथम १९७८ ई0 में हुआ । यह एक चरित प्रधान काव्य है । इन्हीं का स्तोत्र काव्य वीराञ्जनेयशतक भी है जिसका प्रकाशन १९८१ ई0 में हुआ । यह हनुमान् के पराक्रम, वीरता और सच्ची भक्ति का प्रतीक है ।

## गुरुमाहात्म्यशतकम्

इस शतक के प्रणेता डॉ० कैलाशनाथ द्विवेदी हैं । जो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं । इसका प्रकाशन १९८० में कानपुर से हुआ । यह एक चरितप्रधान काव्य है जिसमें गुरु के माहात्म्य का प्रणयन किया गया है ।

## कॉफीशतकम्

इस शतक के रचयिता श्रीरंगम वेंकटेश्वर हैं । इनका समय २० वीं शताब्दी है । यह एक व्यंग्य प्रधान काव्य है । व्यंग्य का एक रूप इस प्रकार है-

यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च ।
तानि सर्वाणि नश्यन्ति कॉफीपानात्पदे पदे ।।

## वामनशतक, सुमतिशतक, दाशरथिशतक, कृष्ण-शतक, भास्करशतक

इन शतकों के अनुवादक चिट्टिगुडूर वरदाचारियर का समय १८६५ ई० है। ये सभी तेलुगु से अनूदित हैं। ये शतक अपने नामानुरूप स्तुति के प्रतीक हैं।

## विज्ञानशतकम्

इस शतक के रचयिता महाराष्ट्र के कृष्णभाऊ शास्त्री धुले नागपुर के निवासी हैं। इनका जन्म १८७४ ई० में हुआ था। ये सीताराम शास्त्री उर्फ भाऊशास्त्री के पुत्र थे। आप महामहोपाध्याय की उपाधि से अलंकृत थे। आप ने इस शतक में विज्ञान की उपयोगिता तथा प्रगति का विवेचन किया है।

## केरलवर्मविलासशतकम्

इस शतक के रचयिता के० सी० केशव पिल्लै का जन्म १८६८ तथा निर्वाण १९३६ ई० में हुआ। आप के पिता व० रामन पिल्लै तथा माता लक्ष्मी अम्मा थीं।

## व्याघ्राटवीशतक

इस शतक के रचयिता नल्लूर कण्डि कृष्णन् नम्बूदिरी उत्तर मलयाल के कटत्तनाट नरिक्काटिरि ग्राम, केरल प्रान्त के निवासी थे। आपका जन्म १८६५ ई० तथा निर्वाण १९३३ ई० में हुआ। यह प्रकृति प्रधान काव्य है। स्थानीय देवता की स्तुति है।

## द्ररिद्रनारायणशतकम्

इसके रचयिता श्री जगन्नाथ व्यास हैं। इसमें वंशस्थ वियोगिनी आदि छन्दों में गरीबों के प्रति सहानुभूति जगाने का प्रयास किया गया है। रचना १९८३ में मेरठ से प्रकाशित है।

## डॉ0 शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी के शतक

म0 म0 पं0 गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी के सुपुत्र डॉ० शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी ने भी अनेक शतक-काव्य लिखे। देववाणी-परिषद् दिल्ली से १९८२ में प्रकाशित आपके काव्य-संकलन 'स्फूर्ति-सप्तशती' में ५२ से ६२ पृष्ठों पर आपका 'किन्तु-शतकम्' प्रकाशित हुआ है जिसमें कवि ने प्रत्येक आर्या में दो परस्पर विरुद्ध स्थितियों का चित्रण किया है यथा-

ऐक्यं नाम रसायनमसमं बलवर्धकं किन्तु।

स्वार्थमयं विषमुल्बणमद्यत्वे तद्विलोपयति ॥१४॥

'स्फूर्तिसप्तशती के प्रास्ताविक में डॉ० रमाकान्त शुक्ल ने इनके १९८२ से पूर्व प्रणीत तथा प्रकाशित इन चार शतकों की भी सूचना दी है- 'काव्यप्रयोजनशतकम्', 'गोस्वामितुलसीदासशतकम्,' 'काव्यकारणशतकम्' तथा 'विद्योपार्जनशतकम्'। डॉ० चतुर्वेदी ने 'यात्राशतकम्,' 'सी0 वी0 रमणशतकम्', 'कार्लमार्क्सशतकम्', 'विद्याशतकम्', 'यावत्तावत्‌शतकम्' तथा 'हाहा-हूहू-शतकम्' आदि अनेक शतकों की भी रचना की जिनका समावेश १९८७ में प्रकाशित उनके 'चर्चामहाकाव्यम्' में सर्गों के रूप में कर दिया गया है।

## अभिराज के शतक

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत-विभाग में प्रवाचक पद पर अभिषिक्त, उ0 प्र0 शासन एवं साहित्य अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र ने प्रायः वाङ्मय की प्रत्येक विधा को समृद्ध किया है। डॉ० मिश्र का जन्म उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपदस्थ द्रोणीपुर नामक गाँव में २६ दिसम्बर १९४२ ई0 में हुआ। आपके पिता (स्वर्गीय) पं0 दुर्गाप्रसाद जी मिश्र तथा माता श्रीमती अभिराजीदेवी हैं। महाकाव्य, खण्डकाव्य, नाटिका, एकाङ्की-संग्रह, कथासंग्रह तथा गीत-संग्रह के रूप में डॉ० मिश्र की अब तक अनेक कृतियाँ प्रकाश में आ चुकी हैं।

अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र ने अब तक १८ शतक काव्यों की रचना की है जिनके विषय विविध हैं। इन शतकों के नाम हैं-नवाष्टकमालिका, पराम्बाशतकम्, शताब्दीकाव्यम्, नव्यभारतशतकम्, मातृशतकम्, प्रभातमङ्गलशतकम्, सुभाषितोद्धारशतकम्, चतुर्थीशतकम्, सम्बोधनशतकम्, विमानयात्राशतकम्, बालीप्रत्यभिज्ञानशतकम्, यवद्वीपसाहित्यशतकम्, देववाणीहुङ्कारशतकम्, बालीविलासकाव्यम्, अभिराजशतकम् (अप्रकाशित) धर्मानन्दचरितम्, आर्यान्योक्तिशतकम् तथा धारामाण्डवीयम् (दूर्वा में प्रकाश्यमाण)।

आर्यान्योक्तिशतकम् का प्रकाशन सन् १९७६ ई0 में हुआ। इसमें सर्वथा अभिनव प्रतीकों के माध्यम से आर्या छन्द में अन्यापदेश प्रस्तुत किये गये हैं। नवाष्टमालिका में नौ देवताओं की स्तुतियाँ संकलित हैं, जिनकी सम्मिलित संख्या सौ से अधिक ही है। पराम्बाशतकम् में आद्यन्त भगवती पराम्बा (दुर्गा) की भावभीनी स्तुति की गयी है। इस शतक की रचना कवि ने मात्र १८ से २३ जून १९८१ ई0 के मध्य में सम्पन्न की।

शताब्दीकाव्यम् इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह (१८८७-१९८७ ई0) के अवसर यह लिखा गया शतक काव्य है। इसके प्रोचना, स्थापना, गवेषणा आदि पाँच खण्डों में कवि ने विश्वविद्यालय के विविध पक्षों को उजागर किया है।

नवभारतशतकम् से लेकर सम्बोधनशतकम् तक ६ शतक अभिराजसप्तशती (प्रकाशनवर्ष १९८६ ई0) में संकलित हैं। विमानयात्राशतक से देववाणी हुङ्कारशतक तक चारों काव्य डॉ० मिश्र द्वारा बालीद्वीप की प्रवास अवधि (मई ८७ से अप्रैल ८९ तक) में लिखे गये तथा यथावसर 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' पत्रिका में प्रकाशित होते रहे। सम्प्रति ये सभी शतक 'पञ्चकुल्या' नामक कृति होकर प्रकाशित हुए हैं।

बालीविलासकाव्यम् में १०८ वसन्ततिलका छन्द हैं। इस शतक में कवि ने बाली द्वीप की नैसर्गिक सुषमा का हृद्य वर्णन प्रस्तुत किया है। यह शतक संस्कृत प्रतिभा (साहित्य अकादमी, दिल्ली) तथा दूर्वा (भोपाल) में प्रकाशित हो चुका है।

धारामाण्डवीयम् डॉ० मिश्र का नवीनतम शतककाव्य है जिसे कवि ने, कुछ ही दिन पूर्व सम्पादित धारा एवं माण्डू की यात्रा के अनन्तर प्रणीत किया है। इसमें धारानगरी के प्राक्तन वैभव, राजा भोज के व्यक्तित्व, कर्तृत्व तथा माण्डवगढ़ के स्थापत्य का यशोगान किया गया है।

डॉ० मिश्र के समस्त शतक काव्यों का विषय-विवेचन प्रस्तुत निबन्ध में कर पाना सम्भव नहीं है। परन्तु एक बात निर्विवाद रूप से सत्य है कि संभवतः इतनी प्रभूत संख्या में, विषय की विविधता के साथ कोई भी अन्य कवि बीसवीं शती में शतककाव्यों का प्रणयन नहीं कर सका है।

## विठलदेवमुनिसुन्दरराज शर्मा के अन्य शतक

श्री विठलदेवमुनि सुन्दरराज शर्मा ने भक्तिपरक स्तोत्र काव्य लिखे जिनमें 'श्रीनिवासशतकम्', और 'वीराञ्जनेयशतकम्', की चर्चा ऊपर की जा चुकी है। 'छायापतिशतकम्', 'देवीशतकम्' तथा 'शम्भुशतकम्' इनके अन्य शतक हैं जो १९८३ ई0 तक प्रकाशित हो चुके थे।

इन शतक काव्यों के अतिरिक्त बीसवीं शताब्दी के और भी शतक काव्य होंगें जिनका पूर्ण विवरण अनुपलब्ध होने के कारण यहाँ उल्लेख न किया जा सका। विषय-विस्तार के भय से शतकों का अति संक्षिप्त परिचय दिया गया है। वस्तुतः संस्कृत शतक साहित्य इतना विशाल है जिस पर निरन्तर शोध तथा प्रकाशन की आवश्यकता है। शतक साहित्य का अधिकांश भाग आज भी हस्तलिपि रूप में पुस्तकालयों, संग्रहालयों में बन्द पड़ा है। ये शतक १०८ गुटिका की माला के प्रतीक है, इन मुक्ताओं में प्रत्येक की अपनी स्वयं की आभा है जिन्हें लड़ी में पिरोकर शतक काव्य का रूप दिया गया। ये शतक मानवता के सर्वतोमुखी कल्याण के प्रतीक हैं।

# बीसवीं शती के राष्ट्रीयभावनापरक शतक काव्य

डॉ० (श्रीमती) सन्ध्या शर्मा

बीसवीं शताब्दी का उदय भारत के लिए राजनैतिक दृष्टि से नितान्त संघर्षपूर्ण था । विदेशी शासन से आक्रान्त भारतीय जनता अपने ही परिवेश में से एक राजनैतिक विकल्प ढूँढ लेने के लिए विकल थी । प्रवर्तमान शताब्दी के पूवार्द्ध का इतिहास उसकी इसी तड़प को अभिव्यक्त करता है । इसके लगभग मध्य में स्वातन्त्र्य प्राप्ति के साथ ही उसकी यह चिरप्रतीक्षित साध पूर्ण हुई । परन्तु यह केवल 'योग' था । अब स्वतन्त्र भारत की सबसे ज्वलन्त समस्या स्वतन्त्रता का समुचित 'क्षेम' थी । इन सभी परिस्थितियों का प्रभाव इस काल के साहित्य पर पड़ना भी स्वाभाविक ही था । अतः स्वतन्त्रता-प्राप्ति के लिए देश की जनता के उद्‌बोधन के साथ-साथ स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों के प्रति कृतज्ञता निवेदन और सामाजिक कुवृत्तियों के विरुद्ध विद्रोह इस शताब्दी के संस्कृत साहित्य के मुख्य विषय हैं ।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के अनन्तर साम्प्रदायिक संकीर्णताओं ने देश के सतत विकास की प्रक्रिया को शिथिल कर दिया है । ऐसी परिस्थिति में भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता के गान फिर से प्रासंगिक हो गये हैं । अत एव इस प्रकार के काव्यों का प्रणयन और उनका अध्ययन-विश्लेषण वर्तमान की महती आवश्यकता है । प्रस्तुत लेख इसी दिशा में किया गया प्रयास है ।

बीसवीं शताब्दी के सभी संस्कृत शतक काव्यों की उपलब्धि इस विषय की सर्वप्रथम आवश्यकता थी । पर्याप्त परिश्रम के पश्चात् कुल तेईस शतक काव्यों की उपलब्धि हो सकी है । इसके अतिरिक्त भी दो-एक काव्यों के लिखे जाने की सूचना है, लेकिन अपनी शक्ति और समय की सीमा में जो काव्य प्राप्त हो सके है, उन्हीं के आधार पर यह संक्षिप्त लेख प्रस्तुत किया जा रहा है ।

## (क) भारत सम्बन्धी शतक-काव्य

### १- विभूतिवन्दनास्तोत्रम्

'विभूतिवन्दनास्तोत्रम्' [१] नामक शतक काव्य डॉ0 श्रीधर भास्कर वर्णेकर द्वारा

१९४९ में रायपुर कारालय में लिखा गया था । इस शतक काव्य के सौ श्लोकों में भारत की विभिन्न विभूतियों की वन्दना की गयी है । काव्य की भाषा सरल एवं सुबोध है । कवि का उद्देश्य काव्य को अलंकारों से मण्डित करना नहीं है प्रत्युत राष्ट्र-प्रेम को अभिव्यक्ति देना है । इस अभिव्यक्ति के प्रसंग में कहीं-कहीं अनायास ही अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग हुआ है । इस शतक काव्य के श्लोकों पर संस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध श्लोकों का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है । काव्य में कवि ने भारत के धर्मनिरपेक्ष रूप को स्पष्ट रूप से उजागर किया है । प्रत्येक मतावलम्बी के आराध्य को इस काव्य में स्मरण किया गया है ।

इस काव्य में अखण्ड भारत की चेतनाचेतन विभूतियों के हृदयावर्जक वर्णनों का स्पर्श पाकर राष्ट्रीयता की मन्दाकिनी भारतीयों की स्वदेशानुरागात्मक भावनाओं को उद्दीप्त करती है । प्रत्येक क्षेत्र व वर्ग से संबंधित कोई भी ऐसा व्यक्तित्व नहीं जिसका पावन स्पर्श कवि की लेखनी ने न किया हो । चाहे आध्यात्मिक क्षेत्र हो, राजनैतिक हो अथवा साहित्यिक हो, विषय चाहे भ्रातृभक्ति का हो अथवा स्वाभिभक्ति का, विज्ञान का हो या देशोद्धार का-सभी का ऐसा भावपूर्ण उल्लेख कवि ने किया है कि मन में भारतीयता के प्रति आदर एवं अभिमान के भाव उत्पन्न होते हैं ।

## २- भारतशतकम्

श्री महादेव शास्त्री रचित भारतशतकम्[२] में भारत के प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप का चित्रण किया गया है । काव्य में १०१ पद्य हैं । समग्र वर्णन में भाषा की योजना भावानुरूप ही हुई है । समस्त और सुकुमार भाषा में अत्यन्त दुरूह भावों की भी समर्थ अभिव्यक्ति कवि के प्रगल्भ पाण्डित्य को प्रकट करती है । तद्धितान्त पदों के प्रयोग में कवि ने अपनी विशेष अभिरुचि प्रकट की है । अनुप्रास और यमक अलंकारों के प्रयोग से भाषा में लालित्य का आधान हुआ है । सम्पूर्ण काव्य स्रग्धरा छन्द में उपनिबद्ध है ।

काव्य के प्रत्येक श्लोक से राष्ट्रीय भावना की परम पावन मन्दाकिनी प्रभावित हो रही है । भारत का महनीय वैशिष्ट्य प्रतिपादित करते हुए कवि पाठकों के राष्ट्र-प्रेम को दृढ करता है । देश के अतीत का गौरवगान भी पाठकों को राष्ट्र के प्रति श्रद्धावान् बनाता है । कवि श्रीराम और श्रीकृष्ण के अप्रतिम चरित्र को स्मरण करता है । भारतभू को कवि स्वर्गलोक बताता है, देवगण भी इसकी महिमा का गान करते हैं ।

यह भूमि संस्कृति का प्रभव (संस्कृत्याः सुप्रसूतिः) तथा प्रकृति की क्रीडास्थली (क्रीडारङ्गः प्रकृत्याः) है । भारत का ऐसा महिमा गान पढकर अवश्य ही पाठकों के हृदय में गौरव का भाव जगता है ।

## ३- भारतशतकम्

भारतशतकम्[३] नामक शतक काव्य के लेखक श्री रामकैलाश पाण्डेय हैं। इसमें १०१ पद्य हैं जिनमें कवि ने अपने राष्ट्रीय गौरव की अभिव्यक्ति की है। प्रस्तुत काव्य के उपोद्घात से ज्ञात होता है कि यह कवि के विद्यार्थी-काल की रचना है। यह उस काल की रचना है जब भारत का चीन के साथ युद्ध हुआ। तब उत्साह से अभिभूत होकर सैनिकों के उत्साहवर्धन के लिए यह काव्य लिखा गया। भारतशतकम् की भाषा प्रवाहमयी एवं सानुप्रास है। पद-योजना बहुत सुन्दर है जिससे काव्य में लालित्य का आधान हुआ है। श्रीकृष्ण के गुणगौरव के वर्णन के प्रसंग में शब्दों की योजना इस प्रकार है-

बभाण गीतां सरसां गभीरां
जघान योऽरींश्छलनामुपेत्य।
वृन्दावने राधिकया सहैव
विहर्त्तुकामो मम कृष्ण आसीत्॥

सैनिकों का उत्साह वर्धन करने के लिए कवि अर्जुन की याद दिलाता है जो युद्ध में काल का भी अन्त करने वाला है और संग्राम में मतवाला हो जाता है। मेवाड़ के गौरवमय इतिहास की याद ताजा करते हुए कवि कहता है कि उस समय वीर युद्धभूमि में अट्टहास करते थे।[४] वीरबालक अभिमन्यु के रणचातुर्य का स्मरण कराने के अवसर पर कवि की पदावली देखिए-

दृष्ट्वाद्भुतं सङ्गरकौशलं ते
भो वीर! भो बालक पार्थपुत्र!
शीर्णानि वर्ष्माणि मृधे परेषां
च्युतानि वर्माणि धरा चकम्पे॥

कवि की भाषा भावानुसारिणी है। वीरता-वर्णन के प्रसंग में यदि ओजमयी भाषा है तो कारुण्य की व्यंजना में भी शब्दों का चयन करुणोत्पादक है। भाषा की दृष्टि से लिट् लकार के प्रति कवि का अत्यधिक मोह प्रकट होता है। कवि ने अनुप्रास अलंकार के सुन्दर प्रयोग किये हैं। कहीं-कहीं यमक के प्रयोग भी मिलते हैं। श्लेष का सर्वथा अभाव है। अर्थालंकारों में उपमा, रूपक और अर्थान्तरन्यास का ही प्रयोग अधिक हुआ है। यह शतक काव्य उपजाति छन्द में उपनिबद्ध है।

भारत के प्राचीन गौरव गान के माध्यम से कवि ने सुप्त भारतवासियों को जागृत करने का प्रयास किया है। भारत के ऐश्वर्य के प्रति ईर्ष्यावान् विदेशियों के

समूह ने भारत की सम्पत्ति, नीति और संस्कृति को जो हानि पहुँचाई उसका उल्लेख

कर कवि देशवासियों के मन में ऐसा अदम्य उत्साह भरने का प्रयास करता है जिससे भारत पुनः शत्रुओं के हाथों पराजित न हो । वैदिक धर्म के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए उसकी रक्षा की प्रेरणा देता है । संक्षेपतः काव्य के प्रत्येक श्लोक से देशभक्तिभाव की मन्दाकिनी प्रवाहित हो रही है ।

## ४- मातृभूलहरी

मातृभूलहरी[५] शतककाव्य डॉ0श्रीधर भास्कर वर्णेकर द्वारा लिखित है । प्रथम मंगलाचरणात्मक श्लोक में जहाँ किसी आराध्य देव की स्तुति की जाती है वहाँ प्रकृत काव्य में भारतभूमि की वन्दना की गयी है जिससे कवि की दृष्टि में भारतभूमि की महनीयता सिद्ध होती है । भाषा का लालित्य, भावों की स्फुट अभिव्यक्ति, कल्पना का असीम वैभव और इसके साथ-साथ अलंकारों का रसानुगुण सन्निवेश इन सबको मिलाकर इस काव्य का निर्माण हुआ है । भारतमाता की प्रशस्ति में कवि ने सुन्दर उत्प्रेक्षाएँ की हैं ।

भारतभूमि के सकल गुणों का वर्णन कर पाठकों को देशभक्त बनने की प्रबल प्रेरणा दी है । किसी राष्ट्र की भौगोलिकता राष्ट्रीयता की भावना को प्रभावित करती है । कवि ने भारतभूमि का वर्णन अलंकारों के माध्यम से किया है जिसे पढ़कर कोई भी भारतीय उस पर गौरव कर सकता है । भारत की प्राकृतिक संपदा का आत्मीयता के साथ किया गया स्मरण पाठकों की भारत के प्रति आस्था बढ़ाता है । कवि भारत के गौरवशाली अतीत का ऐसा चित्र खींचता है जिस पर कोई भी भारतीय गर्व कर सकता है । भारतभूमि के पाषाणखण्ड को इन्द्रासन से भी वरिष्ठ मानकर कवि ने अपने राष्ट्रप्रेम का परिचय दिया है । ।

प्रस्तुत काव्य पर पूर्ववर्ती काव्यों का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है । काव्य का प्रस्तुत पद्य-

चरित्रं शिक्षेरन् द्विजजनसकाशात् स्वकमिति
श्रुतो दिङ्नागैस्ते जननि ! सुयशो दुन्दुभिरवः ।।५८

मनुस्मृति के निम्नलिखित पद्य से स्पष्टतया प्रभावित है-

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः ।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ।।

६० वें श्लोक की **'तदद्यापि ग्राव-द्रव-करमहो ! वज्रदलनम्'** इस पंक्ति पर भवभूति के उत्तररामचरितम् की **'अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्'**-इस पंक्ति का प्रभाव स्पष्ट रूप से है । इस प्रकार अन्य कतिपय श्लोकों पर भी संस्कृत के प्रसिद्ध श्लोकों का प्रभाव देखा जा सकता है ।

## ५- भाति मे भारतम्

'भाति मे भारतम्'[६] डॉ0 रमाकान्त शुक्ल प्रणीत एक राष्ट्रीय भाव प्रधान शतक काव्य है । इसके १०८ श्लोकों में भारत की श्लाघनीय महत्ता का प्रतिपादन किया गया है । काव्य की भाषा सर्वत्र प्राञ्जल और सुमधुर है । पदावली कोमल,सानुप्रास तथा सुबोध होने के साथ-साथ हृदयग्राही भी है । माधुर्य गुण के व्यंजक वर्ण यथेष्ट मात्रा में उपलब्ध होते हैं । क्लिष्टता का सर्वथा परिहार होने के कारण भाषा प्रसादमयी है । अनुप्रास कवि को प्रिय है । काव्य का शीर्षक 'भाति मे भारतम्'-भी सानुप्रास ही है । अर्थालंकारों में प्रायः मुख्य अलंकारों का ही प्रयोग हुआ है । स्रग्विणी छन्द में लिखा गया यह काव्य भारत के सामाजिक,धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप को उद्‌घाटित करता है । वस्तुतः इस काव्य को पढ़कर पाठक भारत के प्रेम में रँग जाता है । भारत की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कवि भारतीयों के मन में राष्ट्रीय चेतना का उद्‌बोधन करता है । कवि कहता है कि भारत कर्म, शील, धर्म तथा जीवन के मर्म को समझने की स्थली है,'कर्मभूः शर्मभूर्धर्मभूर्मर्मभूः' यहाँ सत्य,शिव और सुन्दर सुशोभित रहता है और वह पवित्र रामराज्य के लिए प्रसिद्ध है -

यत्र सत्यं शिवं सुन्दरं राजते
रामराज्यं च यत्राभवत्पावनम् ।
यस्य ताटस्थ्यनीतिः प्रसिद्धिं गता
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।

विश्व ने सदा इससे शिक्षा और प्रेरणा पाई है-

''येन विश्वं सदा शिक्ष्यते प्रेर्यते''

इसी प्रकार काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सभी प्रदेशों का भावपूर्ण स्मरण (श्लोक संख्या ४७ - ५५) किस देशवासी को उद्वेलित नहीं करता । अपने देश के राष्ट्रीय पर्वों , भाषा, साहित्य, कला, संस्कृति का मुग्ध स्तवन कवि ने किया है । अपनी राष्ट्रभूमि के प्रति कवि का भक्तिभाव इस बात से स्पष्ट हो जाता है कि भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने के लिए आत्मोसर्ग करने वाले वीरों को कृतज्ञता पूर्वक स्मरण किया गया है । कवि हिन्दू-मुसलमान में कोई भेद नहीं करता । उसने हिन्दू सैनिक के साथ-साथ मुस्लिम सैनिक की वीरता को भी स्मरण किया है । काव्य में कवि जहाँ अपने देश का उज्ज्वल रूप चित्रित करते हुए स्वाभिमान से भर जाता है, वहाँ कवि ने भारत के दैन्य रूप का चित्रण भी किया है । यह इस बात का संकेत है कि कवि को भारत का वह रूप वांछित है जिसमें कोई किसी का शोषण न करे।

इस काव्य पर कहीं-कहीं पूर्ववर्ती भागवत आदि का प्रभाव परिलक्षित होता है । काव्य का यह श्लोकांश-

> ''यत्र हिंस्रः स्वपापैः स्वयं हिंस्यते
> यत्र साधुः समत्वाद् भयान्मुच्यते'' (७५)

तुलनीय है-

> हिंस्रः स्वपापेन विहिंसितः खलः
> साधुः समत्वेन भयाद्विविमुच्यते''
>
> (भागवत १०/७/३१)

इस काव्य पर जहाँ पूर्ववर्ती काव्यों का प्रभाव देखा जाता है वहाँ प्रस्तुत काव्य का प्रभाव परवर्ती रचनाओं पर भी पड़ा है । आचार्य वेदानन्द झा ने स्रग्विणी छन्द में ही ''भाति मे भारती भारतेऽनारतम्''-शीर्षक से कतिपय श्लोकों की रचना की है । 'भारते भासतां भारती संस्कृतिः'' -इस शीर्षक से लिखी कविता में डा0 वनेश्वर पाठक के द्वारा भारतीय संस्कृति का स्वरूप बताया गया है । कविता के विषय में डॉ0 पाठक ने ३.५.८२ को लिखे पत्र में डॉ0 रमाकान्त शुक्ल को लिखा कि उनकी कविता 'भूतले भाति मेऽनारतम्' का अनुसरण करके ही यह कविता बनाई है । इसी प्रकार, डॉ० वासुदेव कृष्ण चतुर्वेदी कृत ''भारतं भारतं नौमि तं साम्प्रतम्'' (भारतवन्दनम् ), डॉ० राजदेवमिश्र कृत 'मामका भारतीयाः क्षणं श्रूयताम् ', डॉ० शम्भुनाथ आचार्य कृत 'भारतीयः स एवाद्य सङ्कीर्त्यते '' डॉ० मल्लिकार्जुन परड्डी कृत ''राष्ट्रवन्दनम् '' (दृश्यतामस्मदीयं महद् भारतम् ) ,कवीश राम कैलाश पाण्डेय कृत ''भारतम्'' (भारतं तन्नमामि प्रियं भारतम्) तथा डॉ० चन्द्रशेखर द्विवेदी कृत 'भा-रतं भारतं भातु भूमौ सदा' रचनाएँ 'भाति मे भारतम्' के कथ्य और छन्द का अनुसरण करती हैं । इनमें से अन्तिम को छोड़कर सभी रचनाएँ डॉ० शुक्ल द्वारा सम्पादित ''अर्वाचीनसंस्कृतम्'' में प्रकाशित हुई हैं । डॉ0 रमाकान्त शुक्ल द्वारा किये गये प्रस्तुत काव्य के पाठों के सदर्भ में डॉ0 शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी ने लिखा है कि कवि सम्मेलनों में इस अवसर पर श्रोताओं द्वारा 'पुनः पुनः' - ऐसा कहा जाता है-

> सत्कवेरोजपूर्णैः स्वरैर्भूषितं श्रोतृवृन्देषु रोमाञ्चसञ्चारकम् ।
> पाठकाले 'पुनः' शब्दसम्पूजितं तादृशं विद्यते भाति मे भारतम् ।।

## ६- जय भारतभूमे

जय भारतभूमे[७] डॉ0 रमाकान्त शुक्ल प्रणीत एक राष्ट्रीय शतक काव्य है । काव्य के १०८ श्लोकों को कवि ने सात शीर्षकों में विभक्त किया है । समग्र काव्य

विषय की सरलता और प्रस्तुति की सहजता से अधिक सरस बन पड़ा है। अभिव्यक्ति इतनी मुखर है कि पाठक भी उसी के अनुरूप भाव-जगत् में अवगाहन करने लगता है और लालित्यमयी भाषा सरल और सुबोध शब्दों के प्रयोग से युक्त है। माधुर्य एवं प्रसाद गुण के सर्वत्र दर्शन होते हैं। समास का भी अल्प प्रयोग है। अतः काव्य में वैदर्भी रीति की स्थिति स्वीकार की जा सकती है। लोकव्यवहार में प्रयुक्त हाने वाले तथा आञ्चलिक शब्दों के प्रयोग से भाषा अधिक लोकनिष्ठ हो गयी है। शब्दालंकारों में अनुप्रास और यमक का प्रयोग हुआ है। अर्थालंकारों में सर्वाधिक प्रशस्त उत्प्रेक्षा है।

सम्पूर्ण काव्य में भुजंगप्रयात, आर्या, तोटक, मालिनी, द्रुतविलंबित शार्दूलविक्रीडित छन्द प्रयुक्त हुए हैं। ताटङ्क तथा दिक्पाल जैसे अप्रचलित छन्दों का भी प्रयोग मिलता है। इस काव्य पर भी पूर्ववर्ती काव्यों का पर्याप्त प्रभाव है। एक उदाहरण देखिए-

कालिदास ने रघुवंशम् के पंचम सर्ग में एक स्थल पर कहा है कि मुनि लोग यज्ञादि अनुष्ठान करते हैं, हरिणियों के छोटे-छोटे बच्चे मुनियों की गोद की शय्या में ही अपनी नाभि के नालों को गिरा देते हैं-

क्रियानिमित्तेष्वपि वत्सलत्वादभग्नकामा मुनिभिः कुशेषु।
तदङ्कशय्याच्युतनाभिनाला कच्चिन्मृगीणामनघा प्रसूतिः॥

(रघुवंशम् ५/७)

इसी भाव को डॉ0 शुक्ल ने अपने काव्य में इस प्रकार लिखा है-

क्व च मुनिगणपूर्णा आश्रमाः सम्भवन्ति ?
नवकिसलयरागा यत्र चित्तं हरन्ति।
त्यजति ऋजुमुनीनां क्रोडमागत्य यत्र
नवमृगसुतवृन्दं नाभिनालान् स्व चित्रम्॥

इस काव्य में भारतदेश की प्रतिष्ठा, सुरक्षा और शालीनता के प्रति जनचेतना को प्रबुद्ध किया गया है और भारतीय सभ्यता, संस्कृति तथा ज्ञान-विज्ञान की महनीय राशि का गौरव के साथ उल्लेख किया गया है।

## ७- भारतशतकम्

डॉ0 राजेन्द्र मिश्र द्वारा प्रणीत भारतशतकम्[८] राष्ट्रीयभावनापरक शतक काव्य

है । श्लोकों की संख्या १०० है । अनुष्टुप् छन्द में उपनिबद्ध यह काव्य सरल एवं सुबोध है । शब्दालंकारों में अनुप्रास के सद्भाव से लालित्य की सृष्टि हुई है । काव्य की विषय-योजना ही इस प्रकार की है कि श्लेष और यमकादि के शब्दाभ्यास का कवि के पास अवसर ही नहीं था । उसका ध्यान मुख्यतः स्वतन्त्रता-प्राप्ति के पश्चात् हो रहे भारतीयों के चारित्रिक पतन और सांस्कृतिक  ास विरुद्ध आक्रोष व्यक्त करने में ही केन्द्रित रहा है । इसलिए जहाँ कहीं कोई अलंकारादि आया भी है, वह उसके द्वारा सायास उपनिबद्ध न होकर स्वतः ही काव्य में आविर्भूत हुआ है । अतः इस काव्य की गरिमा इन शास्त्रीय गुणों के अन्वेषण में नहीं प्रत्युत उसके हृदय की प्रबल भावनाओं की सहज संवेद्य और सफल अभिव्यक्ति में ही निहित है । इस प्रस्तुति की सफलता का मुख्य कारण है-भावानुकूल भाषा जो ध्वनि प्रभाव से ही विषय को स्पष्ट करने में सुतरां समर्थ है ।

काव्य को पढ़कर ऐसा प्रतीत होता है कि कवि में अपने राष्ट्र भारत की सभ्यता, संस्कृति व धार्मिक विचारधारा के प्रति आदर की प्रचुर भावना है । यही कारण है कि वर्तमान भारत में अपनी सभ्यता व संस्कृति के भ्रष्ट रूप को देखकर कवि का हृदय अत्यन्त विषण्ण है । कुर्सीपरस्त राजनीति से भी भारत क्षुब्ध है । दुष्कृत्यों से भारत का गौरव नष्ट हो रहा है । वह भारत का उज्ज्वल रूप देखना चाहता है । राष्ट्र के प्रति कल्याण की यह कामना कविनिष्ठ राष्ट्रीय भावना को उजागर करती है ।

## (ख) राणाप्रताप सम्बन्धी

## ८- नृपप्रतापविजयम्

११२ श्लोकों में गुम्फित नृपप्रतापविजयम्[१] नामक शतक काव्य श्री हजारीलाल द्वारा लिखा गया है । इसमें राष्ट्र की स्वतन्त्रता के समर्थक तथा संरक्षक महाराणा प्रताप के मुगल सम्राट् अकबर के साथ हुए संघर्ष तथा अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम का वर्णन है । कवि की भाषा भावानुकूल है । काव्य में वैदर्भी रीति का निर्वाह हुआ है । काव्य में अलंकारों की भरमार नहीं है फिर भी उनका स्वाभाविक प्रयोग हुआ है । अर्थालंकारों में उपमा, रूपक, अर्थान्तरन्यास, विशेषोक्ति, विभावना जैसे प्रचलित अलंकारों का प्रयोग किया गया है । सम्पूर्ण काव्य वसन्ततिलका छन्द में उपनिबद्ध है । पूर्ववर्ती काव्यों का प्रभाव इस काव्य पर भी पड़ा है ।

प्रस्तुत कृति में स्वतन्त्रता के महत्त्व पर बल दिया गया है । कवि ने देश द्रोह करनेवाले राजपूतों की निन्दा की है एवं राष्ट्र से प्रेम करने वाले राणा प्रताप तथा भामाशाह की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है ।

# (ग ) शिवाजी संबन्धी

## ९-शिवराजविजयम्

शिवराजविजयम्[१०] - नामक शतक काव्य के प्रणेता भी श्री हजारीलाल शास्त्री है । काव्य के १०१ श्लोकों में भारत राष्ट्र के वीरशिरोमणि छत्रपति शिवाजी द्वारा किये गये भारतीय गौरवपूर्ण ऊर्जस्वल कार्यकलापों का संक्षिप्त लेकिन मर्मस्पर्शी वर्णन है । काव्य में भावानुकूल वर्णों का संयोजन किया गया है । अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग है ।

कवि कहता है कि प्राणों की बाजी लगाकर आर्य धर्म तथा आर्य संस्कृति की रक्षा करने वाले शिवाजी की अद्‌भुत अमृतमयी वीर-कथा समस्त जनों को पवित्र करती है । राष्ट्रभक्त शिवाजी के शौर्यसम्पन्न कार्यों को पढ़कर पाठकों के मन में राष्ट्रीय भावना की उत्पत्ति होती है । माता जीजाबाई द्वारा सिंहल दुर्ग को जीतने की प्रेरणा देकर देशभक्ति की भावना की अभिव्यक्ति कराई है ।

# (घ) सावरकर सम्बन्धी

## १०- स्वातन्त्र्यवीरशतकम्

स्वातन्त्र्यवीरशतकम्[११] नामक शतक काव्य डॉ0 श्रीधर भास्कर वर्णेकर द्वारा लिखित है । इसके १०१ श्लोकों में कवि ने वीर सावरकर के गुण-गौरव का गान किया है । प्रस्तुत काव्य आठ स्तबकों में विभक्त है । कवि ने सुन्दर उत्प्रेक्षाओं के माध्यम से सावरकर के चरित्र को ऊँचा उठाया है । एक स्थल पर कवि उत्प्रेक्षा करता है कि हनुमान् ने नभोमार्ग से जाकर समुद्र का उल्लंघन किया तो उसमें कौन सा आश्चर्य है । हनुमान वायुपुत्र है । 'आकाशात् वायुः'-इस उपनिषद्-वचन के अनुसार वायु आसमान का पुत्र और वायु पुत्र हनुमान आसमान का पोता है । उसने आकाशमार्ग से अर्थात् दादा की सहायता से समुद्र का उल्लंघन किया तो इसमें क्या आश्चर्य ? आश्चर्यजनक बात तो यह है कि भारत के एक असहाय पुत्र (सावरकर) ने अपने बाहु बल से समुद्र का उल्लंघन किया ।

यह काव्य इन्द्रवज्रा,उपेन्द्रवज्रा और उपजाति छन्दों में लिखा गया है । काव्य के अन्त में छन्द परिवर्तन की परम्परा के अनुसार इस काव्य में भी अन्तिम तीन श्लोकों में छन्द परिवर्तन है जहाँ क्रमशः द्रुतविलम्बित , शार्दूलविक्रीडित एवं मालिनी छन्द हैं । शब्दालंकारों में अनुप्रास, यमक और श्लेष तीनों का ही सुन्दर संयोग है। अर्थालंकारों में भी उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, व्यतिरेक इत्यादि प्रसिद्ध अलंकारों का प्रयोग हुआ है ।

कवि ने संस्कृत साहित्य को अपार वैदुष्य अर्पित किया है, जिसका प्रयोग

उन्होंने इस कृति में किया हैं। इन प्रयोगों से इस काव्य का माहात्म्य और गाम्भीर्य बढ़ गया है।

स्वातन्त्र्यवीर सावरकर द्वारा अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष का वर्णन होने के कारण इस काव्य में उन सभी तथ्यों का समावेश हो गया है जो काव्य में राष्ट्रीयता का आधान करते हैं।

# (ङ) महात्मा गाँधी सम्बन्धी

## ११- शोकश्लोकशतकम्

शोकश्लोकशतकम्[१२] नामक शतक काव्य श्री बदरीनाथ झा द्वारा रचित है। इसमें श्लोकों की संख्या १०० है। राष्ट्रनायक महात्मा गाँधी के देहावसान पर कवि ने वसन्ततिलका छन्द में हृदय के उद्‌गारों को इस काव्य में व्यक्त किया है। काव्य में व्यंजित कवि-हृदय की आकुलता से ऐसा प्रतीत होता है मानो कवि के हृदय को वाणी मिल गयी हो। परन्तु यह करुणा काव्य में राष्ट्र के प्रति प्रेम भावना उद्दीप्त करने में बाधक नहीं है। एक विशाल देश के पिता स्वरूप महापुरुष के निधन पर प्रकट शोक से उसके प्रति असीम श्रद्धाभाव अभिव्यंजित होता है। शोक प्रकट करते हुए कवि ने राष्ट्रपिता के गुणों की चर्चा की है जो पाठक को उस महान् विभूति के माध्यम से राष्ट्र के साथ जोड़ देती है।

## १२- श्रीगान्धिचरितम्

श्रीगान्धिचरितम्[१३] श्री ब्रह्मानन्द शुक्ल द्वारा रचित राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत एक शतक काव्य है। इसमें १११ श्लोक हैं। इसमें महात्मा गाँधी के चरित्र के कुछ महनीय पक्षों का संक्षेप में चित्रण है। भाषा सरल, सरस, माधुर्यगुणप्रधान एवं रचना प्रसादमयी है। इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति, अनुष्टुप्, वसन्तलिका और मालिनी छन्दों का प्रयोग हुआ है। गाँधीजी के उदात्त गुणों, देश के प्रति प्रेम व बलिदान को स्पष्ट कर पाठकों के हृदय में राष्ट्रीय भावना जागृत करने का सफल प्रयास किया गया है।

## १३- गान्धिगौरवम्

गान्धिगौरवम्[१४] नामक शतक काव्य के रचयिता डॉ0 रमेशचन्द्र शुक्ल हैं। इस शतक काव्य में महात्मा गाँधी के गौरवाधायक तथा राष्ट्रोपयोगी कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। प्रचलित छन्दों तथा अलंकारों का प्रयोग हुआ है। डॉ0 शुक्ल ने अपनी इस कृति में चरितनायक के व्यक्तिगत गुणों से कहीं अधिक उसके राष्ट्रीय भावों पर प्रकाश डाला है। भारत के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक

और राष्ट्रीय परिवेश में उनके योगदान का आकलन किया गया है ।

# (च) जवाहरलाल सम्बन्धी

## १४- जवाहरतरङ्गिणी

डॉ0 श्रीधर भास्कर वर्णेकर द्वारा लिखे गये 'जवाहरतरङ्गिणी'[१५] नामक शतक काव्य में १०२ श्लोक हैं । अपने ग्रन्थनायक के प्रशंसनीय कार्यों का वर्णन श्री वर्णेकर जी ने प्रभावशाली ढंग से किया है जिससे उनकी प्रखर वर्णना तथा उच्च कल्पना-वैभव के दर्शन होते हैं । पदों का लालित्य दर्शनीय है । प्रचलित अलंकार ही प्रयुक्त हुए हैं । उत्प्रेक्षा अलंकार का प्रयोग सर्वाधिक है । श्री वर्णेकर ने पं० नेहरू के देश के प्रति किये गये महनीय कार्यों से प्रभावित होकर उनके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया है । काव्य के षष्ठ पद्य में '**तवाकृतिर्निश्चलदेशभक्तिः**'- कहकर कवि ने उनके समस्त जीवन को ही निश्चल देशभक्ति का निदर्शन स्वीकार किया है ।

# (छ) इन्दिरा सम्बन्धी

## १५- इन्दिराविजयवैजयन्ती-इन्दिराप्रशस्तिशतकम्

श्री हजारीलाल ने इन्दिराविजयवैजयन्ती[१६] तथा इन्दिराप्रशस्तिशतकम्[१७] नामक दो शतक काव्य लिखे जिनमें श्रीमती इन्दिरा गाँधी के शासन-काल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए इन्दिरा से दुराचरण को हटाने की प्रार्थना की है । इ0 प्र0 शतकम् में ११४ श्लोक हैं । इसी काव्य के आगे १२ श्लोक और जोड़कर 'इन्दिराविजयवैजयन्ती' -नामक शतक काव्य रचा ।

## १६-इन्दिराकीर्तिशतकम्

श्रीकृष्ण सेमवाल 'इन्दिराकीर्तिशतकम्'[१८] के रचयिता हैं । इसमें १०० पद्यों में कवि ने श्रीमती गाँधी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं दृढ शासकत्व का समुचित रूप से निरूपण कर उनका अभिनन्दन किया है ।

## १७- इन्दिरायशस्तिलकम्

इन्दिरायशस्तिलकम्१८ डॉ० रमेशचन्द्र शुक्ल लिखित शतक काव्य है । इस काव्य के ११४ श्लोकों में श्रीमती गाँधी के गुणों की चर्चा करते हुए उनकी राजनैतिक सफलताओं का उल्लेख किया गया है । यथास्थान भारत के गौरवमय चित्र का भी चित्रण किया गया है ।

## १८- इन्दिराशतकम्

इन्दिराशतकम्[२०] नामक शतक काव्य श्रीरामकृपालु शास्त्री द्वारा लिखा गया है । इसमें १३७ श्लोकों में लोकप्रिय नेत्री श्रीमती गाँधी के जीवन-गुणों एवं कार्यों की भावाभिव्यंजक स्तुति की गयी है । पूरे काव्य में १४ छन्दों का प्रयोग है ।

## १९- इन्दिराशतकम्

श्रीरामकृष्ण शास्त्री अव्यय प्रणीत इन्दिराशतकम्[२१] काव्य में १०५ श्लोक हैं। इसमें नेहरूवंश की तथा भारतीय स्वातन्त्र्य संग्राम की संक्षेप में चर्चा करते हुए इन्दिरा गाँधी के राजनैतिक जीवन पर प्रकाश डाला गया है ।

## २०- इन्दिराविरुदम्

इन्दिराविरुदम्[२२]नामक शतक काव्य श्री विष्णुदत्त शर्मा द्वारा लिखित है । इसमें १३१ श्लोकों में इन्दिरा जी के गुणों एवं कार्यों की स्तुति की गयी है । श्रीमती गाँधी के सभी कार्य राष्ट्र के लिए समर्पित थे, अत एव यह काव्य राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा देता है ।

## २१- कूहा

डॉ० उमाकान्त शुक्ल द्वारा ११७ श्लोकों में रचित 'कूहा[२३] नामक शतक काव्य में श्री राजीव गाँधी द्वारा हिमालय की चोटियों पर श्रीमती इन्दिरा गाँधी की अस्थियों के विसर्जन के समय राजीव गाँधी द्वारा अपनी माता का भावपूर्ण स्मरण वर्णित है । काव्य के प्रारम्भ में हिमालय के गौरव और शोभा का वर्णन इस शतक काव्य की विशेषता है । काव्य में आयुधों की स्पर्धा त्यागकर सम्पूर्ण भूमि को एक नीड के रूप में देखने की बात की गयी है जो पाठक के मनोमस्तिष्क पर निश्चय ही भारतीय संस्कृति के प्रति निष्ठा के भाव पनपाती है ।

## २२- इन्दिराप्रशस्तिशतकम्

इन्दिराप्रशस्तिशतकम्[२४] नामक शतक काव्य की लेखिका श्रीमती शान्ति राठी हैं । इसमें ११६ श्लोक हैं । इसमें श्रीमती गाँधी द्वारा देश की सेवा में किये गये कार्यों का परिचय दिया गया है ।

उपर्युक्त इन्दिरा गाँधी सम्बन्धी शतक काव्य इसी सन्दर्भ में राष्ट्रीयचेतनावर्द्धक हैं कि इसमें एक राष्ट्रीय स्तर के व्यक्तित्व को लेकर उसका स्तवन किया गया है । किन्हीं काव्यों में भारतीय संस्कृति के प्रति आदर प्रकट किया गया है । डॉ० उमाकान्त शुक्ल का 'कूहा' नामक काव्य 'वसुधैव कुटुम्बकम्' तथा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' जैसे

आदर्शों के प्रति निष्ठा व्यक्त करता है ।

## (ज) प्रकीर्ण

## २३- श्रमगीता

'श्रमगीता'[२५] श्रम की महत्ता पर प्रकाश डालने वाला शतक काव्य है । इसके प्रणेता डॉ० श्रीधर भास्कर वर्णेकर हैं । इसमें ११८ श्लोक हैं ।

काव्य में सर्वमान्य महात्मा गाँधी के माध्यम से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के जीवन में श्रम की महिमा को कवि ने प्रतिपादित किया है । इसकी पृष्ठभूमि में कवि की राष्ट्र के प्रति कल्याण की कामना प्रेरणा रूप में निहित है । इसलिए इस काव्य को राष्ट्रीयभावनापरक शतक काव्यों में सम्मिलित किया गया है । काव्य में श्रम की महिमा गीता की शैली में गायी गयी है, अतः इस काव्य का नाम 'श्रमगीता'-अन्वर्थक ही है ।

---

### सन्दर्भ

१- विभूतिवन्दनास्तोत्रम्, मन्दोर्मिमाला नामक काव्य संग्रह में प्रकाशित, डॉ0 श्रीधर भास्कर वर्णेकर, स्वाध्याय मण्डल, आनन्दाश्रम, पारड़ी, १९५६
२- भारतशतकम्, शास्त्री (महादेव) देवभाषा प्रकाशन, दारागंज, प्रयाग
३- भारतशतकम्, पाण्डेय (श्री रामकैलाश) वाराणसेय संस्कृत संस्थान, सी २७/६४ जगतगंज, वाराणसी-२२१००१, द्वितीय संस्करण, १९८४
४- वही, ९,५८
५- मातृभूलहरी, डॉ0 वर्णेकरप्रणीत विवेकानन्दविजयम् नाटक में संकलित, अंक सप्तम, प्रकाशिका-विवेकानन्दशिलास्मारक समिति, १२ पिल्लेयार कोईल मार्ग टिप्लिकेन, मद्रास-५ जनवरी १९७२
६- भाति मे भारतम्, डॉ0 रमाकान्त शुक्ल, देववाणी-परिषद्, दिल्ली १९८०
७- जय भारतभूमे, डॉ0 शुक्ल (रमाकान्त) देववाणी-परिषद्, ६ वाणी विहार, नई दिल्ली, ११००५९, १९८१
८- भारतशतकम्- डॉ0 राजेन्द्र मिश्र, सर्वगन्धा पत्रिका में प्रकाशित, अक्टूबर तथा नवम्बर अंक, १९८४ माईजी मन्दिर, अशरफाबाद लखनऊ-२२६००३
९- शिवप्रतापविरुदावली- नामक खण्ड काव्य में प्रकाशित, हजारीलाल शास्त्री, मु0 पो0 घिलावड, जिला-सोनीपत, हरियाणा, श्रावणी २०३० विक्रम ।
१०- शिवराजविजयम्, हजारीलाल शास्त्री, शिवप्रतापविरुदावली-नामक खण्ड

काव्य में प्रकाशित, मु0 पो0 घिलावाड, जिला-सोनीपत, २०३० विक्रम

११- स्वातन्त्र्यवीरशतकम्, डॉ0 श्रीधर भास्कर वर्णेकर, उषा प्रकाशन, स्वाध्यायमण्डल पारड़ी, जिला-सूरत, १९५८

१२- शोकश्लोकशतकम्, बदरीनाथ झा, स्थल-विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान, साधु आश्रम, होशियारपुर, १९५३

१३- श्रीगान्धिचरितम्, शारदा-सदन, ३८ राधाकृष्ण, खुरजा, उत्तरप्रदेश, १९६९

१४- गान्धिगौरवम्, डॉ0 शुक्ल (रमेशचन्द्र), संस्कृत परिषद्, अलीगढ १९७९

१५- जवाहरतरङ्गिणी, डॉ0 वर्णेकर (श्रीधर भास्कर) वि0 ना वाडेगांवकर उद्यम कमर्शियल मुद्रणालय, वेंकट हायकोर्ट रोड, धर्मपेठ, नागपुर- १, १९५८

१६-१७ इन्दिराविजयवैजयन्ती तथा इन्दिराप्रशस्तिशतकम्, श्री हजारीलाल शास्त्री,मु0 पो0 घिलावड़, जि0 सोनीपत, हरियाणा, २६ जनवरी १९७६

१८- इन्दिराकीर्तिशतकम्, श्रीकृष्ण सेमवाल, भारतीय भाषा सङ्गम, २१, नार्थ एवेन्यू, नयी दिल्ली १९-११-१९७६

१९. इन्दिराप्रशस्तितिलकम्, डॉ० रमेशचन्द्र शुक्ल, शारदा सदन, मुजफ्फरनगर, १९७६

२०. इन्दिराशतकम्, श्री रामकृपालु शास्त्री, प्रकाशक-रतिराम शास्त्री, साहित्य भण्डार, सुभाष बाजार मेरठ-२

२१. इन्दिराशतकम्, श्री रामकृष्ण शास्त्री अव्यय, श्रीराम प्रकाशन, १२२ श्री रघुनाथपुरम्, जम्मू-१८०००१, नवंबर १९८४

२२. इन्दिराविरुदम्, श्री विष्णुदत्त शर्मा, विश्वनाथ प्रकाशन, ११० निकट थाना, सदर, मेरठ, उत्तर प्रदेश, प्रथम संस्करण, १९८४

२३. कूहा, डॉ० शुक्ल (उमाकान्त), देववाणी-परिषद् दिल्ली, १९८४

२४. इन्दिराप्रशस्तिशतकम्- राठी (शान्ति), प्रकाशक-मदनलाल जैन, सोनिपत, मुद्रक-निक्की प्रिण्टिंग प्रेस, सी/21 प्रेमनगर, एटलस रोड, सोनीपत (हरियाणा)

२५. श्रमगीता, डॉ0 श्रीधर भास्कर वर्णेकर, प्रकाशक-तुकाराम जी दादा, गीताचार्य, श्रमगिरि, पो0 भू0 बैकुण्ठ त0 ब्रह्मपुरी, जि0 चन्द्रपूर

# बीसवीं शती के संस्कृत दूतकाव्य

डॉ० नरेन्द्र देव

संस्कृत साहित्य में दूतकाव्य की स्वतन्त्र विधा का उद्भावन महाकवि कालिदास ने अपने महनीय खण्डकाव्य 'मेघदूत' से किया है। यह काव्य अपनी पूर्ण गरिमा एवं कल्पना प्रचुरता से प्रत्येक साहित्यानुरागी के हृदय में इतना गहरा पैठ जाता है कि पाठक पढ़ते-पढ़ते स्वयं किसी अभिनव दूतकाव्य की सृष्टि के लिए लालायित हो उठता है। यही कारण है कि आज से दो हजार वर्ष पूर्व विरचित मेघदूत के अनुकरण में प्रायः दो सौ से अधिक दूतकाव्यों का निर्माण हो चुका है।

बीसवीं शती को मेघदूत के अनुकरण में लिखे गये दूतकाव्यों के लिए एक नया कीर्तिमान कहा जा सकता है। इसके साथ ही देश में प्रचलित स्वातन्त्र्य प्राप्ति के प्रयास और स्वातन्त्र्योत्तर भारतीय जन-जीवन की गतिवधियों का जैसा भाववाही चित्रण इस शती के काव्यों में मिलता है, वह भी आश्चर्यकारक है। ज्यों-ज्यों हमारे देश की ऐतिहासिक और भौगोलिक परिस्थितियों में परिवर्तन या परिवर्द्धन आता गया उसका साहित्यिक समीक्षण भी इस शती के दूतकाव्यों में सहज परिलक्षित होता है।

राष्ट्रीयता और सामाजिक कर्तव्य के प्रति जागरूक संस्कृत कवि जब दूतकाव्य की रचना में प्रवृत्त होता है तो निश्चित ही इसमें सात्त्विक सन्देश भी संयोजित कर देता है। मानवता के लिए जिस नैतिक शिक्षा की आज परम आवश्यकता प्रतीत होती है वह भी इन काव्यों से ओझल नहीं हुई है। चाहे कवि पूर्व का निवासी हो अथवा उत्तर या दक्षिण का-सभी की एक ही भावना इन काव्यों में मूर्त्तिमती हुई है।

मनुष्य मात्र के लिए चिरन्तन सत्य का सङ्केत-'सर्वे भवन्तु सुखिनः-' की विश्वकल्याण भावना इन काव्यों में अभिव्यक्त दिखायी देती है। साथ ही रचना-विधि में अनेक रूप से नवीनता लाने का जैसा प्रयास इस शती के आयाम में हुआ है, वह भी चिर स्मरणीय है। युगानुकूल प्रवृत्तियों को भिन्न-भिन्न परिवेशों में अङ्कित करने के लिए विप्रलम्भ शृङ्गार के अतिरिक्त हास्य रस को भी बहुधा कवियों ने अपनाया है। कुछ दूतकाव्य तो ऐसे भी बने हैं जिनमें स्वदेश की सीमा को लाँघकर विदेश की भूमि का वृत्तान्त भी अङ्कित हुआ है। इन्ही सब भावनाओं का सङ्कलित रूप निम्नलिखित बीसवीं शती के दूतकाव्यों की तालिका से परखा जा सकता है।

| काव्य नाम व पद्यसंख्या | कविनाम |
|---|---|
| १- हंससन्देश १७१ | अज्ञात केरलीय कवि |
| २- मानससंन्देश - | विज्ञभूरिवीर राघवाचार्य |
| ३- मेघदौत्यम् २०० | कविकीर्तित्रैलोक्यमोहन गुह |
| ४- श्रीकृष्णदूत - | श्रीसूर्यनारायण शर्मा |
| ५- शुकदूत (महाकाव्य) १० सर्ग | श्रीनन्दकिशोर चन्द्र गोस्वामी |
| ६- पिकदूत - | श्री अम्बिकाचरणदेव शर्मा |
| ७- कीरसन्देश १२३ | श्री विद्वान् सूर्यनारायण शास्त्री |
| ८- भृङ्ग-सन्देश ७३ | श्री माङ्गोट्टशेरिकृष्ण नम्बूतरिपाद |
| ९- मधुकरदूत - | चक्रवर्ती राजगोपाल |
| १०- अलकामिलनकाव्य दो सर्ग | श्री द्विजेन्द्रलाल शर्मा |
| ११- मेघप्रतिसन्देश १६४ | श्री मन्दिकल राम शास्त्री |
| १२- मुद्गरदूत १४८ | म० म० रामावतार शर्मा |
| १३- हनुमद्दूत १२१ | श्री नित्यानन्द शास्त्री |
| १४- हनुमत्सन्देश १२१ | श्री मधुसूदन तर्कवाचस्पति |
| १५- कामदूत २६ | श्रीविष्णुदत्त एवं हरिदत्त नौटियाल |
| १६- हंसदूत ८३ | कवि जयेश जे० बी० पल्लेवार |
| १७- अद्भुतदूत (महाकाव्य) ७४१ | श्री जग्गूबकुल भूषण |
| १८- राष्ट्रिय मेघदूत - | श्री वल्लभदास भगवान जी गणोत्रा |
| १९- स्वप्नदूत ७८ | श्री प्रबोधकुमार मिश्र |
| २०- प्रतिसन्देश ८ | श्री म० ना० जोशी |
| २१- देवदूत १३४ | श्री सुधाकर शुक्ल |
| २२- वचनदूत १२१ | पं० मूलचन्द शास्त्री |
| २३- पान्थः १०२ | प्रा० नृसिंह प्रसाद सेन |
| २४- पत्रदूत १६३ | डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी |
| २५- पुत्रदूत - | डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी |
| २६- पादत्राणदूत - | डॉ0 रुद्रदेव त्रिपाठी |
| २७- भारतसन्देश २८२ | डॉ० शिवप्रसाद भारद्वाज |

२७- भारतसन्देश २८२ डॉ० शिवप्रसाद भारद्वाज
२८- कर्गजशरदूत - श्री रवीन्द्र कुलकर्णी
२९- शुनकदूत ३० श्री के० के० कृष्णमूर्ति
३०- चकोरदूत ११७ पं० परमानन्द चतुर्वेदी
३१- रेडियोदूत ४७ श्री परमानन्द चतुर्वेदी
३२- शुकदूत ४० डॉ० एन० सी० शेठ
३३- कामदूत १६८ श्री एच० ए० शाण्डिल्य
३४- झञ्झावातदूत - श्री श्रुतिदेव शास्त्री
३५- दक्षिणानिलदूत - डॉ० भोलाशङ्कर व्यास
३६- मरुत्सन्देश २८१ पुलवर्ति श्रीशरभाचार्य
३७- मित्रदूत ९९ श्री दिनेशप्प्रसाद पाण्डेय
३८- सम्पातिसन्देश श्री कृष्णप्रसाद घिमिरे
(महाकाव्य) ३७६ (१२सर्ग)
३९- प्लवङ्गदूत ११३ श्री डा0 वनेश्वर पाठक
४०- गन्धदूत १६० डा0 परमानन्द शास्त्री
४१- मयूखदूत १११ प्रो० रामाशीष पाण्डेय
४२- हृदयदूत ११५ श्री हरिहर भट्ट
४३- मनोदूत - मठेश इन्दिरेश भट्ट
४४- भक्तिदूत २३ श्री कालीप्रसाद
४५- मयूरदूत - श्री धर्मधुरन्धर सूरि
४६- पिकसन्देश - श्रीदाधीच ब्रह्मदेव
४७- रामसन्देश १५३ श्री राजराजेश्वर तीर्थ
४८- चकोरसन्देश ११० श्री पेरुसूरि
४९- शारिकासन्देश
(सिंहली भाषा में) - मूल लेखक श्री राहुल संघराज
(संस्कृत अनुवादक) - श्री आर्यदास कुमार दास
५०- मित्रदूत ६२ डा0 इच्छाराम द्विवेदी
५१- दूतप्रतिवचनम् १०९ डा0 इच्छाराम द्विवेदी
५२- मृगाङ्कदूत १२९ डॉ० अभिराज राजेन्द्र मिश्र

| | |
|---|---|
| ५३- मलयदूत - | श्री प्रबोधकुमार मिश्र |
| ५४- द्विजदूत - | श्री श्रीजीव न्यायतीर्थ |
| ५५- तरङ्गदूत- | श्री कृपाराम त्रिपाठी |

उपर्युक्त तालिका में संगृहीत दूतकाव्यों की संख्या यहीं समाप्त नहीं होती, अपि तु इस दिशा में और भी दूतकाव्य लिखे गये हैं। संस्कृत के कवियों की भावना आत्म प्रशंसा से विमुख रहते हुए सेवा करने की भी सदा से रही है। और दूर-दूर के ग्रामों और नगरों में निवास करने वाले संस्कृत रचनाकारों की आर्थिक स्थिति भी उतनी सुदृढ़ नहीं होती है कि वे अपने साहित्य को मुद्रित करा कर समाज के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

बीसवीं शती के मध्यकाल में बहुत से उत्साहसम्पन्न विद्वानों ने संस्कृत पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन किया था, किन्तु उत्तरोत्तर बढ़ती महँगाई के कारण वे असमय में ही अस्त हो गयीं। उन पत्रिकाओं में जो अंश छप गया, उसी के आधार पर कुछ दूतकाव्यों का नाम निर्देश ज्ञात हुआ है, किन्तु पूरी रचना की स्थिति का परिज्ञान नहीं हो सका। इस दिशा में हमने अपने शोधग्रन्थ 'मेघदूत एवम् परवर्ती दूतकाव्य' में विस्तार से लिखा है, तथापि यह कहना दुस्साहस मात्र होगा कि बीसवीं शती में अब तक केवल इतने ही दूतकाव्य निर्मित हुए हैं।

विपुला पृथ्वी और अनन्त संस्कृतज्ञों की कृतियों का इदमित्थम् रूप में सङ्कलन अत्यन्त दुरूह कार्य है। विद्वज्जनों से हमारा अनुरोध है कि वे इस दिशा में और भी जो दूतकाव्य बने हों उनसे हमें कृपापूर्वक परिचित करायें।

# बीसवीं शती के समस्यापूर्ति-रूप संस्कृत काव्य और कवि

आचार्य पं0 सदानन्द त्रिपाठी 'दयालुः'

**'समस्यापूर्ति'** एक ऐसी विधा है, जिसका आश्रय लेकर प्राचीन साहित्यकारों ने अपनी प्रतिभा को उर्वरित ही नहीं किया, अपि तु उसके माध्यम से अपने वैदुष्य को उच्च शिखर तक पहुँचाने में भी सफलता प्राप्त की । 'समस्यापूर्ति' की प्रक्रिया के प्रारम्भिक दर्शन हमें वेदमन्त्रों में बहुधा प्राप्त होते हैं । ऐसे अनेक सूक्त वेदों में प्रस्तुत हैं, जिनके चतुर्थ चरणों में एक प्रकार की समानता है और मन्त्र के तीन चरणों में विविध प्रकार के वर्णनों का समावेश हुआ है । सम्भवतः उन्हीं से प्रेरणा लेकर संस्कृत कवियों ने 'समस्यापूर्ति' को आधार बनाकर उसे बहुत से आयामों में प्रस्तुत किया । यही कारण है कि शास्त्रीय लक्षण निर्धारण करने वाले प्राचीन काव्यशास्त्र के आचार्यों ने शब्दालङ्कार के एक प्रमुख भेद 'चित्रालङ्कार' के उपभेदों में इस विधा को स्थान दिया और भविष्य के रचनाकारों के लिए लक्षण भी निर्धारित किये ।

'शब्दकल्पद्रुमकार' ने **'समस्या'** शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए लिखा है- **'समसनं उक्त्या संक्षेपणम्; सम् + असै + ण्यत् (संज्ञापूर्वकत्वात् वृद्ध्यभावः ।) ''समस्यते संक्षिप्यतेऽनयेति समस्या;'' अस्यु इर्क्षेपे शीव्रजेत्यादिना क्यप् ।।''** इस 'समस्या' शब्द के अन्य तीन पर्याय भी हैं- १. समासार्था २. समस्यार्था ३. समाप्त्यर्था ।

'अमरकोषकार' ने इस 'समस्यापूर्ति' का लक्षण उद्धृत करते हुए कहा है कि- **समस्या तु समासार्था** । (अमरकोष/प्रथमकाण्ड/श्लोक ७/प्रथमपाद ।) 'जो समासार्थ है वह 'समस्या' है । अर्थात् यह कवियों की काव्यरचना-शक्ति जानने के लिए संक्षेप में पढ़ी गयी रचना का नाम है ।

'अग्निपुराणकार' ने चित्रालङ्कार के सात भेदों में एक भेद ''समस्यापूर्त'' को महत्त्वपूर्ण स्थान देते हुए उसका निम्न प्रकार से लक्षण किया है-

सुश्लिष्टं पद्यमेकं यन्नानाश्लोकांशनिर्मितम् ।
सा 'समस्या' परस्यात्मपरयोः कृतिसङ्करात् ।।

(अग्निपु0 ३४३/३१)

अर्थात् विभिन्न श्लोकांशों से सुनियोजित पद्य 'समस्या' कहलाती है तथा इसके 'आत्मसङ्कर' अर्थात् पद्य के अंशों का सङ्कर और परसङ्कर अर्थात् 'अन्य पदों का मिश्रण या सङ्कर' ये दो भेद होते हैं।

'राजशेखर' ने कवि की आहोरात्रिक चर्या का निर्देश करते हुए लिखा है कि 'कवि भोजन के पश्चात् काव्यगोष्ठी का आयोजन करके उसमें कभी प्रश्नों का विभेदन और कभी काव्य समस्याओं की धारणा करे। १. काव्यसमस्याधारण, २. मातृकाभ्यास और ३. चित्रायोग रूप तीन आयामों से गोष्ठी में काव्याभ्यास सम्बन्धी बल प्राप्त होता है। (काव्यमीमांसा/दशम अध्याय)

महाकवि क्षेमेन्द्र समस्यापूर्ति के लिए 'चमत्कारविधायक' वाणी की नवार्थ चर्चा को आवश्यक मानते हुए पद, पाद और पादावशेष-सम्पूर्ति की अभिलाषा को सदा जागरित रखने का आग्रह करते हैं। यह अभ्यास पदसन्निवेश, वाक्यार्थशून्यता और श्लोक-परावृत्ति से करना चाहिए। ऐसा अभ्यास करने वाले कवि छायोपजीवी, पदकोपजीवी, पादोपजीवी आदि प्रारम्भ में होते हैं और क्रमशः अपने उन्मेष से कवित्वजीवी बनकर सकलोपजीवी बन जाते हैं।' -(कविकण्ठाभरण/प्रथम सन्धि)

कवि शिक्षा-कथन में इस विधा के सम्यग् ज्ञानार्थ क्षेमेन्द्र कहते हैं कि-

**वृत्तपूरणमुद्योगः पाठः परकृतस्यथ च।**

**काव्याङ्गविद्याधिगमः समस्यापरिपूरणम्** ॥ (कविकण्ठा०/द्वितीय सन्धि/३)

अर्थात् वह कवि वृत्तपूर्ति (छन्दःपूर्ति) का उद्यम करे और अन्य कवियों की रचनायें पढ़े। वह काव्य की अन्य विधाओं का ज्ञान प्राप्त करे और 'समस्यापूर्ति' का निरन्तर प्रयत्न करे।

'काव्यकल्पलता-वृत्तिकार' अमरचन्द्र यति ने समस्यापूर्ति में असम्भव समस्याओं की पूर्ति के लिए कतिपय उपाय दिखलाये हैं जिनमें कल्पादि-कल्पान्त वस्तु प्रतिपादन, लघु को दीर्घ और दीर्घ को लघु बनाने, तीनों जगत् के पदार्थों को किसी प्रकार विशेष से विपरीत बनाने, यदि शब्द, वात्सल्यादि और स्वप्नादि के द्वारा समस्याओं की पूर्ति का सोदाहरण विवेचन किया है।

-(काव्यकल्पलतावृत्ति/सप्तम स्तबक, चौखम्बा प्रकाशन संस्करण)

'वाग्भट (द्वितीय) ने 'काव्यानुशासन-प्रथमाध्याय' में ''समस्यापूर्ति'' के अनेक प्रकारों पाद, पादद्वय, पादत्रय, पदपरिवृत्ति तथा अर्थशून्यपदाभ्यास आदि पर सविस्तार प्रकाश डाला है।

'कविकल्पलताकार देवेश्वर' तथा 'हेमचन्द्राचार्य' ने अपने 'काव्यानुशासन' की 'स्वोपज्ञ टीका' में समस्यापूर्ति सम्बन्धी प्रकारों तथा रचना उपायों के वर्णन में पूर्वाचार्यों के सिद्धान्तों का ही अनुकरण किया है। इस विधा से सम्बन्धित सङ्कलन

'शार्ङ्गधरपद्धति' के 'समस्याख्यान' तथा प्रकीर्ण सुभाषित-ग्रन्थों में अधिकांश रूप में विद्यमान हैं, जो कि इसकी श्रीवृद्धि में सहायक हैं।

## चित्रालङ्कार के भेद-प्रभेद

पूर्वाचार्यों की सर्वमान्य घोषणानुसार जिस किसी भी अलङ्कार में उसकी रमणीयता तथा वैशिष्ट्य के उत्पादक तत्त्व निहित रहेंगे, वह अलङ्कार अवश्यमेव स्वपरिभाषित प्रणालियों के अनुसार भेद तथा प्रभेदों को प्राप्त होकर पर्याप्त सुविस्तार को नवीनतम आयामों के साथ प्राप्त करेगा। 'चित्रालङ्कार' अपने नाम को सार्थक करता हुआ १- चित्ताकर्षण, २- विन्यासवैचित्र्य ३- विस्मयोत्पादकता, ४- शब्दपरिवृत्त्यसहिष्णुत्व, ५- कुतूहलोत्पादक वाग्बन्ध, ६- वर्णविच्छित्ति, ७- कौतुक एवं ८- क्रीडादिगुणस्थिति आदि तत्त्वों के साथ स्वर, व्यञ्जन, पद और वाक्यादि की वैशिष्ट्यपूर्ण सुनिर्धारित विन्यास-प्रक्रिया, स्थानादिनियमन, संयोजना तथा पठन पद्धति जैसी सर्वोत्कृष्ट प्रणालियों के कारण ही उसी प्रकार अनेकानेक भेद और प्रभेदों को प्राप्त होकर चतुर चित्रकवियों की लेखनी से सुविस्तृतता को प्राप्त कर सका है। संक्षेपतः 'चित्रालंकार' के भेद-प्रभेदों की सूचना निम्नानुसार है-

| भेद | प्रभेद |
|---|---|
| (१) **दुष्कर चित्र (दण्डी)** | १- गोमूत्रिका २- अर्द्धभ्रम ३- सर्वतोभद्रादि। |
| (२) **सुकरचित्र (दण्डी)** | १- स्वर नियमन २- स्थाननियमन ३- वर्णनियमन ४- गति चित्र ५- प्रहेलिकाचित्र ६- च्युत चित्र ७- गूढ़ चित्र ८- प्रश्नोत्तर चित्र ९- ''समस्याचित्र'' १०- भाषाचित्र ११- आकारचित्रादि ॥ |

'चित्रालङ्कार' के पूर्वोक्त भेदों के पश्चात् विस्तारभयात् संक्षेपतः विवेच्य ''समस्या चित्र'' के प्रभेदों का नाम निर्देश मात्र करते हैं जिनकी संख्या अद्यावधि ज्ञात सन्दर्भों में निम्नवत् है- (१) मातृकाक्रमपूर्ति चित्र, (२) अक्षर-पंक्तिपूर्ति (३) असम्भव की सम्भव रूप पूर्ति, (४) द्विपाद और त्रिपादगत चित्र, (५) पूर्वार्द्ध समस्या, (६) तृतीय पाद समस्यापूर्ति, (७) पदैक समस्या, (८) आद्यन्त पाद समस्या, (९) चतुःपादादिगता सूत्रसमस्या, (१०) एकसूत्रान्त्य पादसमस्या, (११) समानार्थक शब्दपूर्ति रूप समस्या, (१२) पदपरिवृत्ति रूप समस्या, (१३) पादपरिवृत्ति रूप समस्या, (१४) पदपूर्तिरूप समस्या, (१५) चतुर्थ चरण पूर्तिरूप (पद्य एवं काव्य), (१६) भिन्न-भिन्न चरणपूर्ति, (१७) अन्य भाषा पद पूर्ति समस्या।

## समस्यापूर्तिरूप कृति-परिचय



संस्कृत-साहित्य अपनी पूर्ववर्ती साहित्यसम्पदा को सुरक्षित रखते हुए उसकी

निरन्तरता को आगे बढ़ाने में कभी निराश नहीं रहा है। साहित्यकारों ने अपनी-अपनी रुचि के अनुसार साहित्य की तत्कालीन परम्पराओं को आत्मसात् करते हुए उसमें भी कुछ न कुछ अपनी प्रतिभा से नवीनता लाने में पूरा मनोयोग दिया। इस दृष्टि से यहाँ हम बीसवी शताब्दी की समस्यापूर्ति रूप कृतियों का और प्रकीर्ण रूप में विरचित पद्यों का दिङ्मात्र निदर्शन प्रस्तुत कर रहे हैं।

## महाकाव्यात्मक समस्यापूर्ति

पूर्ववर्ती जैनाचार्य द्वारा स्वीकृत उपर्युक्त प्रक्रिया का बीसवीं शती में अनुसरण प्रायः नहीं हुआ है।

## खण्डकाव्यात्मक समस्यापूर्तियाँ

खण्डकाव्यों के रूप में समस्यापूर्ति का लेखन पूर्व शताब्दियों की भाँति बीसवी शताब्दी में भी लब्धप्रतिष्ठ चित्रकवियों द्वारा किया गया। इस शती में लिखे गये प्रायः समस्यापूर्तिमूलक खण्डकाव्य कविकुलशिरोमणि महाकवि कालिदास-विरचित 'मेघदूत' के चतुर्थ चरण की पूर्ति के रूप में 'दूतकाव्य' की शैली में लिखे गये। इस आधुनिक काल २०वीं शताब्दी में 'मेघदूत' की समस्यापूर्ति से सम्बद्ध सन्देशकाव्यों के रूप में तीन खण्डकाव्य देखने को मिलते हैं। प्रथम नित्यानन्द शास्त्री (निवासी जोधपुर नगर, राजस्थान) का 'हनुमद्दूतम्, द्वितीय मधुसूदन तर्क वाचस्पतिजी (उड़ीसा) का 'हनुमत्सन्देशम्' तथा तृतीय पं0 मूलचन्द्र शास्त्री जी (मालथौन, जिला सागर, म0 प्र0 ) का 'वचनदूत' (जैनकाव्य)।

पूर्वोक्त 'हनुमद्दूतम्' काव्य में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम ने हनुमान् को दूत बनाकर जनकनन्दिनी सीताजी के पास भेजा है। और द्वितीय 'हनुमत् सन्देशम्' में स्वयं सीताजी ने हनुमानजी को दूत बनाकर श्रीराम के पास अपना विरहसन्देश प्रेषित किया है; तथा तृतीय 'वचनदूतम्'[१] में नेमिकुमार एवं राजिमती का चरित्रवर्णन है जिसमें पतिविरहिणी राजिमती नेमि के निकट अपने वचनों द्वारा अपनी आन्तरिक वेदना को सुनाती है।

'मेघदूत' के अन्त्यपाद को लेकर की गयी उत्कृष्ट, वैदुष्यपूर्ण समस्यापूर्ति से सम्बद्ध इन तीनों खण्डकाव्यों के एक-एक पद्य नमूने के रूप में सुविज्ञ पाठक जनों के समक्ष प्रस्तुत करते हैं-

---

१. (क) यह हिन्दी अनुवाद सहित दो भागों में प्रकाशित हुआ है।
(ख) ऐसे अन्य दूतकाव्यों के लिए द्रष्टव्य-''मेघदूत एवं परवर्ती दूतकाव्य'' लेखक-डॉ० नरेन्द्र देव, सम्पादक-डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी, उज्जयिनी (म0 प्र0)।

'नीलीभूतं शिखरिशिरोत्तंसकैरिन्द्रनीलैः,
सौवर्णत्वात्तडिदुपमितामूर्मिकां धारयन्तम् ।
उच्चैर्ध्वानध्वनितशिखिनं वारिवाहभ्रमेण
सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः ।।'

(नित्यानन्द, हनुमद्दूतम् १/९)

'भीतभ्रान्ता दनुजवनिता तर्जना-भर्त्सनाभिः,
साध्वी गेया जनकतनया क्षीणकाया कदाचित् ।
अश्रौषीत्तां गिरमतिहितां स्वीयहृद्येव चक्रे,
स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु ।।'

(हनुमत्सन्देशम्, पूर्वार्द्ध, प्रथम पद्य)

'पूर्वस्नेहस्मृतिवशभवप्रेमलीनान्तरङ्गा,
क्वाहं क्व त्वं मयि गतदयो नो मनाग् हा दयालुः ।
लोकेऽपि स्याद् भृशमसुहृदि स्निग्धवृत्तिर्जनः कः,
प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः ।।

(वचनदूतम् /१/१७)

## स्तोत्रकाव्यात्मक समस्यापूर्ति

भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति में अनादिकाल से बहुदेववाद की उदात्त परम्परा प्रचलित है । तदनुसार भिन्न-भिन्न देवताओं की विभिन्न रूपों में सपर्या और स्तुति वैदिक विधान है, और सम्पूर्ण 'ऋग्वेद' ऐसा ही अभिराम सूक्त स्वरूप स्तुतियों से परिपूर्ण आदिम देवकाव्य है । इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर महाकाव्यों और खण्डकाव्यों की परम्परानुरूप अनेकानेक भक्तिरसानुयायी मनीषियों ने काव्यगत लक्षणों के अनुसार स्तोत्रकाव्यसर्जना का शुभारम्भ किया और देवी देवताओं के सहस्रनाम शतमष्टोत्तरनाम तथा त्रिशती नामों के आधार पर एक नाम को 'समस्यापूर्ति' के रूप में स्वीकार कर चित्रकाव्यमयी कृतियों का निर्माण किया है। पहले यथोपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार १६ वीं शती में कश्मीर के तान्त्रिक सिद्ध साहिब कौल ने जो 'देवीसहस्रनाम' के आधार पर १६ सर्गों में निबद्ध 'नामविलास' की रचना कुशल चित्रात्मकता के साथ सम्पन्न की थी, वर्तमान २० वीं शताब्दी में उसी परम्परा का निर्वाह करते हुए कुछ स्वनामधन्य विद्वानों ने भी स्तोत्रकाव्यों का प्रणयन

किया है, जिनका संक्षिप्त निदर्शन अधोलिखित है-

## (१) श्रीविष्णुचरितामृतम् (चित्रकाव्यम्) स्वामी श्री-लक्ष्मण शास्त्री सन् १९०८ ई0 में वर्तमान

निरञ्जन सम्प्रदाय के स्वामी मधुसूदन जी के शिष्य स्वामी श्री लक्ष्मण शास्त्री ने इस ग्रन्थरत्न की रचना महाभारतान्तर्गत 'विष्णुसहस्रनाम स्तोत्र' के १५७ पद्यों के आधार पर भगवान् श्री विष्णु के २४ अवतारों के मनोज्ञ चरित्र की प्रस्तुति के साथ-साथ चित्रकाव्यपरम्परा में भी स्पृहणीय ३७ सर्गों में पूर्ण की है।

श्री शास्त्री जी ने इसमें समस्यापूर्ति के रूप में अनुष्टुप् छन्द के प्रत्येक चरण के चौथे वर्णों के मेलन से 'विश्वं विष्णु' दो नाम निकलें, ऐसी चित्रकाव्यात्मक विद्वत्तापूर्ण प्रक्रिया अपनायी है।

## (२) ललितासहस्रकाव्यम्-श्री हरिशास्त्री दाधीच (वर्तमान काल, २० वीं शती)

सुरगवी के आशुकवि और तन्त्रशास्त्रमर्मज्ञ जयपुर (राजस्थान) निवासी श्री हरि शास्त्री जी ने 'ललितासहस्रनाम' को माध्यम बनाकर भगवती देवी ललिताम्बा के प्रत्येक नाम को 'समस्यापूर्ति' के रूप में गुम्फन करते हुए एक हजार पद्यों की रचना की है। इन पद्यों में भगवती ललिता के गुण, कर्म और भक्तजन सुखद चरित्रों का विशद वर्णन प्राप्त होता है।

## (३) ललितात्रिशती-

त्र्यम्बकेश्वर (महाराष्ट्र) के स्वामी श्री पूर्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी ने 'ललिता त्रिशती' के नामों से युक्त इस स्तोत्र की रचना की है जिसमें विविध छन्दों के द्वारा पद्यों की रचना की गई है। इसका एक पद्य उदाहरणार्थ इस प्रकार है यथा-

देवदानवादिजीवसंघसंवृतं बुधै-<br>
वैंधसाण्डमेव कञ्जमित्युदीर्यते शिवे।<br>
तत्त्वदीयवीक्षणाञ्चलेन केवलेन सं-<br>
जायतेऽत उच्यसे त्वमम्ब 'कञ्जलोचना' ॥ १८ ॥

यहाँ 'कञ्जलोचना' नाम की पूर्ति में पूरा पद्य निर्मित है।

## (४) भैरवलहरी



श्रद्धेय गुरुवर डॉ० श्रीरुद्रदेव त्रिपाठी जी ने श्रीबटुकभैरवलहरी की रचना

शिखरिणी छन्द में अष्टोत्तरशतभैरवनामावली के एक एक नाम को आधार बनाकर लिखीं है । इसका उदाहरण पद्य इस प्रकार है ।

सकामं स्मर्तृभ्यो दिशति रुचिमत्सिद्धिमतुलां,
भजद्भ्यो निष्कामं वितरति तथा मुक्तिममलाम् ।
अखण्ड-ब्रह्माण्ड-प्रथितमहिमोद्यद्द्युतिमयी,
यतः सर्वा सम्पद् विलसति सदा 'सिद्धिद'-विभौ ॥

यहाँ 'सिद्धिद' नाम की पूर्ति की गयी है ।

## जैन स्तोत्र काव्यों में समस्यापूर्ति

वर्तमान २० वीं शताब्दी में समादरणीय जैन मुनियों ने अपने पूर्ववर्ती आचार्यों जैसे- पुष्पदन्तरचित शिवमहिम्नःस्तोत्र को 'समस्या' के रूप में रखकर 'समस्या महिम्नःस्तोत्र' (श्री ऋषिवर्धनसूरि), शान्तिजिनमहिम्नःस्तोत्र (श्री सिद्धान्तसारज सन् १५१३ ई0) तथा ऋषभमहिम्नःस्तोत्र (विशालराज महाराज) आदि स्तोत्रकाव्यों में समस्यापूर्ति की वैदुष्यपूर्ण परम्परा को गतिशीलता पूर्वक अक्षुण्णता प्रदान की है। साथ ही भावी रचनाओं के लिए इस क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के सम्यग् विकास के लिए पथ भी प्रशस्त किया है ।

इस २० वीं शती के समस्यापूर्ति मूलक जैन स्तोत्रों में 'कल्याण-मन्दिर स्तोत्र' के पूर्तिकर्ता के नाम-काल-आदि का उल्लेखपूर्वक सूचन निम्नवत् है-

| | नाम | कर्त्ता | पद्य | पूर्ति | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| १- | विजयानन्दसूरीश्वरस्तवन- | चतुरविजयमुनि | ४९ | चतुर्थचरण | वर्तमान १९२५ ई0 |
| २- | पूज्यगुणादर्शकाव्य- | मुनि घासीलालजी | ४५ | चतुर्थचरण | वर्तमान १९२५ ई0 |
| ३- | कल्याणपाद-पूर्त्यात्मक स्तोत्र | पं0 गिरिधरशर्मा नवरत्न | ४५ | द्वितीयचरण | वर्तमान १९२५ ई0 |
| ४- | कालु-कल्याणमन्दिरस्तोत्र- | मुनि नथमल | ४५ | चतुर्थ चरण | वर्तमान १९२५ ई0 |
| ५- | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ६- | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ७-- | ,, | [illegible] स्वामी | ,, | ,, | ,, |

| ८-- | ,, | आचार्य तुलसी | ,, | ,, | ,, |
|---|---|---|---|---|---|

## भक्तामरस्तोत्र की समस्यापूर्तियाँ

जैन-सम्प्रदाय में पर्याप्त समादृत, आचार्य, मानतुङ्गसूरि द्वारा प्रणीत, **'भक्तामर-प्रणत मौलिमणिप्रभाणाम्'** से आरम्भ होने वाले, मन्त्रतन्त्रात्मकता से परिपूर्ण ४४ पदों के इस भक्तामरस्तोत्र के पाद और पादांश को लेकर १७ वीं शती से लेकर वर्तमान काल तक अधिकांश जैनाचार्यों ने समस्यापूर्तिमूलक स्तोत्रों की रचना की है।

बीसवीं शताब्दी में इस भक्तामर स्तोत्र पर जिन लोगों ने समस्यापूर्ति परक स्तोत्रों की रचना की है, उनकी नामावली निम्नलिखित है-

| | नाम | कर्त्ता | पद्य | पूर्ति | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| १- | आत्मभक्तामर- | हीरालालहंसराज | - | चतुर्थचरण | बीसवीं शती |
| २- | सूरीन्द्रभक्तामर- | चतुरविजय | ४५ | ,, | ,, |
| ३- | वल्लभभक्तामर | विचक्षणविजय | ४४ | ,, | ,, |
| ४- | कालू-भक्तामर | कानमलस्वामी | ४६ | द्वितीयचरण | ,, |
| ५- | कालू-भक्तामर | सोहनलाल स्वामी | ४६ | चतुर्थचरण | ,, |
| ६- | हरिभक्तामर | कवीन्द्रसागर | - | ,, | ,, |
| ७- | भक्तामरशतद्वयी- | लालाराम शास्त्री | - | ,, | ,, |
| ८- | भक्तामरपाद-पूर्त्यात्मक-स्तोत्र | गिरिधरशर्मानवरत्न | १९२ | सर्वचरण | ,, |
| ९- | नेमिगुरुभक्तामर- | धर्मधुरन्धर सूरि | - | चतुर्थ चरण | ,, |
| १०- | नेमिवीरभक्तामर | बाबूराम जैन द्वयाश्रय | - | ,, | ,, |
| ११- | कर्त्तव्यषट्त्रिंशिका- | आचार्य तुलसी | - | कतिपयांश पूर्ति | ,, वर्तमान |

इसी प्रकार किसी काव्य अथवा सूक्ति के पद-पदांशों को आधार बनाकर भी बहुत सी समस्यापूर्तियाँ मुक्तकों के रूप में यत्र-तत्र उपलब्ध होती हैं। वस्तुतः कवि बनने के लिए समस्यापूर्ति सर्वप्रथम सोपान है। इसी के माध्यम से कवि प्रौढ़ता के उस सोपान तक पहुँच जाता है, जहाँ महाकवि पहुँचते हैं। प्रत्येक क्षेत्र में होने वाली कवि गोष्ठियों में अन्यान्य रचनाओं के साथ ही समस्यापूर्ति भी एक विशिष्ट स्थान रखती है। सामयिक पत्र-पत्रिकाओं तथा संस्थाओं के विवरणों में कवि सम्मेलनों

में पठित समस्या पूर्ति पक्षों का विस्तार से प्रकाशन होता है, उनमें कतिपय पूर्तियाँ अपने नये आयाम में भी प्रस्तुत होती हैं, जिनमें से कुछ निदर्शन रूप में प्रस्तुत हैं-

### ''रक्षेदक्षेमहारी हरिरमरवैरीडितः पीडितं माम्''

'प्रत्यक्षं निर्जराणां सकलसुरगणाध्यक्षमात्मप्रतीक्ष्यं,
संतक्ष्या क्षुद्रवेगः क्षतवहणमदः क्षीणयक्षेशदाक्ष्यः ।
विंशत्यक्षः क्षणेनाभजत समुचितां शिक्ष्यतां यस्य सद्द्राग्
रक्षेदक्षेमहारी हरिरमरवरैरीडितः पीडितं माम् ।।''

-कवितार्किकचक्रवर्ती श्रीमहादेवशास्त्रिमहाभागानाम्

### 'वीणा प्रवीणमिह वस्तु ममाविरस्तु'

'कुन्देन्दुसुन्दरवपुर्नवरत्नभूषं,
श्वेताम्बरं स्मितसुधाजनतापहारि ।
त्रैलोक्यपूज्यचरणं कलहंसयानं,
वीणा प्रवीणमिह वस्तु ममाविरस्तु ।।''

-पं0 श्री रामरूप पाठकः 'चित्रकविः'

### 'हिमवानद्य कम्पते'

'स्वस्थस्तुषारपातेऽपि कम्पते न कदापि यः ।
सोऽपि पातकिनां स्पर्शाद् हिमवानद्य कम्पते ।।''

पं0 श्री लक्ष्मीचन्द्रमिश्रस्य

### 'विन्दति सुखम्'

'शयाना हस्ताब्जे मधुरमुपधायाधरपुटं,
हरेरास्याम्भोजप्रसृतपवनावीजिततनुः ।
मुहुर्मन्दं वश्यङ्गुलिभिरपि संवाहितपदा,
तथाप्येषा वंशी स्वपिति नहि संविन्दति सुखम् ।।''

पं0 श्रीरामकुबेरमालवीयस्य

## 'मृगात् सिंहः पलायते'

'जटाटवीभ्रमद्गङ्गामृतपानमदोत्कटः ।
शिवस्येन्दुगताद् ध्वान्तो मृगात् सिंहः पलायते ।।'

-श्रीगोपीनाथटण्डनस्य

विषायते सुधा क्वापि विवस्वांश्च हिमायते ।
ईश्वरेच्छाबलात्क्वापि मृगात् सिंहः पलायते ।।'

-श्रीचन्द्रशेखरद्विवेदिनः

मृगोऽसौ मृगराजोऽहं न मे कस्तूरिकागुणः ।
त्रपाभारार्दितस्तस्मान् मृगात् सिंहः पलायते ।।

-अभिराजोपाह्वस्य डॉ० राजेन्द्रमिश्रस्य ।

'बलीयसी न सम्पत्तिः शक्तिर्नैव बलीयसी ।
बुद्धिर्बलीयसी विद्वन् मृगात् सिंहः पलायते ।।''

पं0 ब्रह्मानन्दपाण्डेयस्य

कस्तूरी जायते कस्मात् को हन्ति करिणां कुलम् ।
किं कुर्यात् कातरो युद्धे मृगात् सिंहः पलायते ।।'

पं0 श्री हेमराजपोडेलमहाशयस्य

## 'भारती जयति'

'अज्ञानध्वान्तहरा सुरमुनिवन्द्या सरोजमध्यस्था ।
कुन्देन्दुशुभ्रसुषमा स्मितवदना भारती जयति ।।'

पं0 सूर्यप्रसादमिश्रस्य

'प्रवहति कविता पूरो यस्यास्तिर्यग्विलोकनेनैव ।
श्वेताम्बुजस्थिता सा कविवन्द्या भारती जयति ।।'

श्रीचन्द्रशेखरद्विवेदिनः

## 'पिपीलिका चुम्बति चन्द्रबिम्बम्'

'प्रोत्तुङ्गशृङ्गे तुहिनाचलस्य जनं समालोक्य चरन्तमूर्ध्वम् ।
जल्पन्ति सर्वे वसुधास्थिता ये पिपीलिका चुम्बति चन्द्रबिम्बम्

-पं0 श्रीरामायणद्विवेदिनः

सतीवियोगेन विषण्णचेतसा शम्भोः शयानस्य हिमालये गिरौ ।
पिपासितोष्ठा हि सुधाभिशङ्कया पिपीलका चुम्बति चन्द्रबिम्बम् ।।

-श्री गणपतिशास्त्रिणः

## 'दमयन्ती'

'दमयन्त्यसुरारिवन्दना जनयन्ती निषधेन्द्रमन्मथम् ।
रमन्त्यधिकं पतिं स्वकं दमयन्ती मम मानसे स्थिता ।।''

पं0 वासुदेवशास्त्रिणः

## 'कोऽपि गोपतनयो नमस्यते'

'यस्य सर्वमुदरे विलीयते सन्ततं जगदिदं युगक्षये।
क्रीडया स रमयन् व्रजाङ्गनाः कोऽपि गोपतनयो नमस्यते ।।''

- पं0 जगन्नाथपाठकस्य

## 'क्षाराप्यहो ! परिणता मधुराम्बुधारा'

'स्वातीजलं फणिवरस्य मुखे निषिक्तं
सञ्जायते विषममेव विषं जगत्याम् ।
शुक्तौ प्रयाति मणितां नियतिप्रभावात्
क्षाराप्यहो ! परिणता मधुराम्बुधारा ।।

-श्री रामभरोसे शास्त्रिणः

नैव स्थिरं जगति किञ्चन चार्वचारु
सम्पर्क एव हि सतां गुणमातनोति ।

पाथोनिधेरधिगता विगुणापि मेघे
क्षाराप्यहो परिणता मधुराम्बुधारा ।।'
-श्री वेदमणिमिश्रस्य

## 'मृगात् सिंहः पलायते'

'बिभेत्यल्पश्रुताद् वेदो गुरुर्मूर्खकुशिष्यतः ।
पिपीलिकायाः हस्ती चेन्मृगात् सिंहः पलायते ।''
-श्रीएकेश्वरप्रसादनैथानि

'प्रभावेण तपस्याया आश्रमेषु महात्मनाम् ।
दृश्यते केलिवेलायां मृगात् सिहंः पलायते ।।''
-पं0 श्रीगोरखप्रसादपाण्डेयस्य

## 'यावन्न धत्ते पदम्'

'पौराणाम् परिषत्सु बान्धवजनेष्वानन्दसन्दोहद -
स्नेहोदारसुहृत्कथासु गृहिणीविस्रम्भवार्त्तास्वपि ।
तावद् भाति सदादरो नरमणेर्दैवाद् रसज्ञातले,
देहीत्यक्षरदुर्निबन्धरचना यावन्न धत्ते पदम् ।।'
-पं0 बटुकनाथशास्त्रिखिस्तेमहोदयस्य

## 'चित्तौड़ दुर्ग':

'नव्ये काले नवमतियुते वर्तमानेऽत्र मित्र-
बम्बाख्याता विततनभसो गोलकाः सम्पतन्ति ।
शस्त्रागारैर्नरपतिवरैः सर्वशूरैः समेतः ,
मौनीभूतो विगतसमयः सैव चित्तौड़दुर्गः ।।''
-पं0 श्रीमुरलीधरशुक्लस्य सीतामऊ (म0 प्र0) वास्तव्यस्य

'उग्रा घोरा विविधगुणिनस्ते प्रतापादिशूराः
शोभागाराः समरकुशलाः सत्यशीले दधानाः ।

धर्माधारा धवलयशसो यत्र जाताः सुवीराः

ख्यातिं यातो जयति भुवने चारु चित्तौड़दुर्गः ।।''

-पं0 श्री बालमुकुन्दशुक्लस्य लदूना (जि0 मन्दसौर) वास्तव्यस्य

## 'राजतां कालिदासः'

'सदसि सदसि नित्यं यस्य काव्यं नवीनं,

मनसि मनसि दिव्यं भावभव्यं विभाति ।

निधनमपि न हन्ता कीर्तिकायं स विद्वान्,

ह्यमरनवशरीरी राजतां कालिदासः ।।''

पं0 श्री कृष्णशर्म्मणः, सीतामऊ (म0 प्र0) वास्तव्यस्य

## 'विद्युल्लता'

अज्ञानान्धविजृम्भितान् कलिमलान् सम्मोहयन्ती त्विषा

संदीप्ताखिलशब्दशास्त्रनिवहे लुप्ता क्वचिल्लक्षिता ।

सच्चित्प्रावृषि मोदधायिनि परब्रह्मैकसंह्लादिनी

राधा पातु मुकुन्दमेघपटले प्रोद्भासिविद्युल्लता ।

विनयोपाह्वस्य डॉ०विंध्येश्वरीप्रसादमिश्रस्य

## 'वारिदः'

दिक्प्रांताननुनादयन् गिरितटानुल्लङ्घयन् रंहसा

द्राक् क्षोणीतलसंस्थितान् घनवनानाच्छादयन् मायया ।

प्रोषिद्भर्तृकदम्बकान् विधुमुखीसङ्गान् समुन्निद्रयन्

नीपान् कोरकसंहतिं प्रविकिरन् गर्जत्ययं वारिदः ।।

-डॉ० विन्ध्येश्वरीप्रसाद मिश्रः 'विनयः'

## 'हरतु विपदो नः प्रतिदिनम्'

'जगद्बीजन्त्वाद्यं वहति निगमोक्तं शयतले,

मिषाच्छंखस्यादौ दनुजवपुषो लब्धजनुषः ।

सिसृक्षुर्यो विश्वं प्रकृतिगुणसंचोदनकरः,
स देवो व्योमात्मा हरतु विपदो नः प्रतिदिनम् ।।'
-श्रीमहेश्वरनाथ रैणा, गणेशघाटीयः' श्रीनगरम् (जम्मू0)

## 'आर्योऽस्मि भारतयुवाऽहमनार्यजेता'

'भीष्मादिपूर्वजमहाजनिरार्यवर्त्ते
वर्त्ते च शङ्कर-कुमारिल-बुद्ध-शुद्धे ।
सौवर्णभूमिकणनिर्मितपुण्यदेह
आर्योऽस्मि भारतयुवाऽहमनार्यजेता ।।''
-श्रीमनोहरलालगौडः प्र0 व0 ओरियण्टल कालेजः, लवपुरम् (लाहौर)

## 'मृगात् सिंहः पलायते'

'अभिमन्युना समाक्रान्तं कुरुराजं पलायितम् ।
वीक्ष्य व्योम्नि जगुर्हाहा मृगात् सिंहः पलायते ।।'
-पं0 श्रीसूर्यप्रसादमिश्रस्य

## विनोद काव्यात्मक समस्यापूर्तियाँ

कवि काव्यकार के साथ-साथ एक कुशल मनोवैज्ञानिक भी होता है । वह अपने सुधी श्रोताओं और पाठकों के मनोविनोदार्थ भी यदा कदा लालित्यपूर्ण स्फुट रचनाओं की शिष्ट हास्य-व्यङ्ग्य के रूप में उपस्थापना करता है । पूर्व परम्परा का निर्वाह करते हुए अनेकानेक विद्वानों ने इस क्षेत्र में प्रचुर साहित्य सृजन किया । २० वीं शताब्दी में विनोद को केवल वाणीविलास ही नहीं, अपितु एक समस्या पूर्ति के रूप में रखकर इस विधा को पुष्पित-पल्लवित किया गया । यहाँ पर निदर्शन रूप में एक-दो स्फुट रचनायें, जिनमें विनोद के साथ-साथ समस्यापूर्ति भी की गयी है, प्रस्तुत की जा रही हैं-

अधोलिखित स्फुट कविताद्वय गुरुवर डॉ० रुद्रदेव जी त्रिपाठी की हैं, जिन्होंने प्रथम में महाकवि कालिदास के 'मेघदूतम्' के आदि पद्य के 'कश्चित्' शब्द को लेकर समस्यापूर्ति की है, और द्वितीय में सुभाषित के पदों को परिवर्तित करके

वर्तमान सन्दर्भों के मूल्यों में चारित्रिक न्यूनता का दिग्दर्शन कराया है-

(क) कश्चित् कामी प्रणयगुरुणा मोहमाप्तः कदाचित्,
बालामेकां पठनसमये पाठशालां प्रयान्तीम् ।
नानाभावैर्वचनरचना-सौष्ठवैश्चापि नित्यं,
पत्रैर्व्यङ्ग्यैर्व्यकलयदलं चेष्टितैः प्रार्थनैश्च ।।

(ख) मनसि वचसि काये पापहाला-प्रपूर्णा-
स्त्रिभुवनमपकारश्रेणिभिः पीडयन्तः ।
निजगुणपरमाणून् पर्वतीकृत्य नित्यं,
निजहृदि विकसन्तः सन्त्यसन्तो ह्यनन्ताः ।।

## समस्यापूर्ति का व्यापक परिवेश

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, समस्यापूर्तियों का कोई एक निर्धारित क्षेत्र नहीं रहा है । उसी की पुष्टि में बीसवीं शती के आरम्भ से ही कुछ विद्वानों ने स्वतन्त्र रूप से समस्यापूर्ति नामक काव्यसंग्रह और पत्रिकायें भी प्रकाशित की हैं । ऐसे काव्यों के दो प्रकार होते हैं-१- अकेले एक कवि द्वारा निर्मित समस्यापूर्तियों का सङ्कलन और-२- विभिन्न कवियों द्वारा निर्मित समस्यापूर्ति रूप सङ्कलन । पत्रिकाओं में श्री अप्पाशास्त्री के सम्पादन में एक ''समस्या-पूर्तिः'' नामक पत्रिका १९०० ई0 से प्रारम्भ हुई थी । संस्कृत-चन्द्रिका साहित्यवाटिका, संस्कृतपद्यगोष्ठी, संस्कृतकाव्यमन्दकिनी, पद्यवाणी, काव्यकादम्बिनी, विद्वत्कला, मालव-मयूरः, गाण्डीवम्, अमरभारती, संस्कृतम्, संस्कृतभवितव्यम्, संस्कृत-साकेतः, अर्वाचीन संस्कृतम्, भारती तथा दूर्वा आदि पत्रिकाओं में प्रायः ऐसी रचनायें बहुसंख्य रूप में प्रकाशित होती रही हैं । इसके अतिरिक्त अन्य अनेक स्थानीय पत्रिकाओं तथा ग्रन्थों में भी समय-समय पर आयोजित कवि-सम्मेलनों में पढ़ी गयी समस्या-पूर्तियाँ प्रकाशित हुई हैं । मेरठ विश्वविद्यालय प्राध्यापक परिषद् द्वारा प्रकाशित स्मारिका में भी 'शेरते' आदि समस्याओं की अनेक कवियों द्वारा पूर्ति की गयी है । खुर्जा के (स्व०) पं० भीमसेन कौशिक, (स्व०) आचार्य श्रीब्रह्मानन्द शुक्ल, डॉ० कृष्णकान्त शुक्ल, डॉ० उमाकान्त शुक्ल, डॉ० विष्णुकान्त शुक्ल, जयपुर के (स्व०) भट्ट मथुरानाथ शास्त्री, पं० कलानाथ शास्त्री, वाराणसी के (स्व०) पं० नारायण शास्त्री खिस्ते, डॉ० शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी,पं रतिनाथ झा, पं० मनुदेव भट्टाचार्य आदि अनेक कवियों की बहुत सी समस्या-पूर्तियाँ प्रकाशित तथा अप्रकाशित रूप से उपलब्ध हैं जिनके संकलन की आवश्यकता बनी हुई है ।

# आवश्यकता और अपेक्षा

संस्कृत साहित्य के वर्तमान रचनाकारों में आधुनिक भाषा साहित्य के अनुकरण का प्रभाव प्रायः बढ़ता जा रहा है। कवि सम्मेलनों में पद्य पाठकों की अपेक्षा गीत-गान का प्रचलन अधिक हो गया है। गीतों में भी शास्त्रीय गीति-प्रक्रिया को तो कोई स्थान ही नहीं मिलता,जबकि मात्रिक छन्दों में निर्मित गीतियाँ ही प्रमुख रूप से सुनने में आती हैं। शास्त्रीय छन्द निर्माण कला का भी प्रायः ह्रास प्रतीत होता है। कुछ ही बहु प्रचलित छन्द प्रयोग में लाये जाते हैं और उन्हें भी गाकर सुनाने में ही शौर्य समझा जाता है। संस्कृतेतर भाषाओं में प्रयुक्त घनाक्षरी,कवित्त, सवैया, सोरठा, चौपाई और दोहे आदि का संस्कृत में भी प्रयोग २० वीं शती के मध्य में कुछ कवियों ने किया है, किन्तु आज वह परम्परा भी शिथिल हो गयी है।

ऐसी स्थिति में अति दुरूह समस्यापूर्तियों के दर्शन तो सर्वथा दुर्लभ ही होते जा रहे हैं, परन्तु सामान्य प्रक्रियाओं में समस्यापूर्ति विधान अभी चिरजीवी दिखलाई देता है। आशङ्का है कि यह पद्धति भविष्य में विलुप्त न हो जाये, अतः गवेषकों को चाहिए कि समस्यापूर्ति के मार्ग को प्रशस्त करें; नये नये आयामों को उद्घाटित करें और समीक्षा पद्धति से समस्यापूर्ति साहित्य में निहित तथ्यों को प्रकाश में लायें। कल्पना, युक्ति, भावप्रवणता और काव्यकौशल द्वारा विरचित 'समस्यापूर्ति साहित्य' को क्रमशः सङ्कलित कर प्रकाश में लाने की आवश्यकता आज के युग में महत्त्वपूर्ण है, और यह अपेक्षा सम्पादनकुशल साहित्यकारों से ही की जा सकती है। इति शम्॥

# अर्वाचीन संस्कृत स्तोत्र साहित्य

डॉ० सुरेन्द्रनारायण त्रिपाठी

यह सर्वविदित तथ्य है कि किसी भी वाङ्मय की जो धारा अथवा जिस धारा का जो अंग आज के परीक्षा पाश बद्ध युग में पाठ्यक्रम में समाविष्ट हो जाता है, उसका सितारा देदीप्यमान हो उठता है । इस के विपरीत जिस धारा या अंग को उसमें स्थान नहीं मिलता वह सर्वाधिक देदीप्यमान रत्न होने पर भी खानमें दबा पड़ा रह जाता है । संस्कृत वाङ्मय का स्तोत्र साहित्य यद्यपि वैदिक युग से अद्यावधि विभिन्न रूपों में अक्षुण्ण है फिर भी उस पर उतना अधिक ध्यान या उसे उतना महत्त्व नहीं दिया गया जितना इष्ट था ।

यह निस्सदिग्ध है कि भारतीय संस्कृति का वास्तविक स्वरूप या जनमानस का सच्चा आकलन यदि सम्यक् रूपेण कहीं प्राप्त होता है तो वह स्तोत्र साहित्य में । जिस प्रकार क्षुत्पिपासा से व्यथित हो बालक माता पिता की ओर सकरुण दृष्टि से टकटकी लगाये देखता हैं, ठीक उसी प्रकार आर्त, जिज्ञासु, अर्थार्थी या ज्ञानी जन परात्पर परमात्मा की ओर देखते हैं । जिस प्रकार दूरभाष यन्त्र से दूरस्थ व्यक्ति से संबन्ध स्थापित किया जाता है, उसी प्रकार स्तोत्र द्वारा परमात्मा से सम्बन्ध स्थापित किया जाता है । यही कारण है कि आदि काल से अर्वाचीन युग तक स्तोत्र की रचना विभिन्न रूपों में होती आ रही है । ये मुक्त, प्रबन्धक, स्फुटकरूपेण अनवरत रूप से लिखे जा रहे हैं । भाषा भाव, छन्द अलंकार, ध्वनि रसादि कल्पना से साहित्य में इनका महत्त्वपूर्ण स्थान है । विस्तार भय से कतिपय प्रमुख स्तोत्र ग्रन्थों की ही चर्चा प्रस्तुत लेख में की जा रही है ।

इस धारा में टी0 रामलिंग दीक्षितार कृत नटेशस्तुति विशेष रूप से उल्लेखनीय है । दीक्षितार चिदम्बरपुराभिजन के हैं, इन की माता का नाम शिवकाम सुन्दरी तथा पिता का नाम मखीन्द्र था । यह स्तोत्र १९६७ में प्रकाशित हुआ, ग्रन्थ के अन्त में अपना परिचय देते हुए लेखक ने स्वयं कहा है -

''वसुन्धरालयविख्यातवैभवभूषित---चिदम्बराभिजनेन---मखीन्द्रात्मजेन शिवकामसुन्दरीगर्भसमुद्भवेन टी0 रामलिंगदीक्षितेन प्रणीतः नटेशस्तवः'' पृ0 (९७ )

प्रस्तुत स्तोत्र ग्रन्थ अनुष्टुप् मालिनी, शिखरिणी, शार्दूलविक्रीडित आदि छन्दों से सम्वलित है । कहीं पर वैदिक छन्दों का भी आनन्द मिलता है । शिव के 
अभिनयात्मक रूप की चर्चा विशद रूप में की गई है । अन्य देवों की अपेक्षा शिव

की चर्चा बहुलता से की जाती है ।

'सहस्रं वर्तन्ते जगति विबुधाः क्षुद्रफलदाः
न मन्ये स्वप्ने वा तदनुसरणं तत्कृतफलम् ।
हरिर्ब्रह्मादीनामपि निकटभाजामसुलभम्
चिरं याचे शम्भो शिव तव पदाम्भोजभजनम् ।।

कालक्रम की दृष्टि से १९७८ की रचना शिवताण्डवम् का स्थान है । प्रस्तुत स्तोत्र काव्य संस्कृत भारती में प्रकाशित है । इस के रचयिता श्रीभाष्यं विजयसारथी की जन्म तिथि १०- ३- ३६ है, इस में कुल १२ श्लोक हैं । श्लोक संख्या की दृष्टि से लघुकाव्य होने पर भी भाव बाहुल्य, प्रसाद गुणोपेत सानुप्रास रचना हृदयावर्जक है । श्रीजगन्नाथ- सुप्रभातम् (१९८०) रचयिता श्रीसुन्दरराजन् आइ० ए० एस० प्रशासनिक अधिकारी होने पर भी संस्कृत-साहित्यसेवाभिरत मनीषी कवि है, इन्होंने अनेक स्तोत्र एवं संस्कृत काव्यों की रचना की है । इस ग्रन्थ में कुल १६२ श्लोक हैं । चार चरणों में समाप्त है । १९८० में ही एक अन्य स्तोत्रपरक ग्रन्थ करडीशचरितामृतचम्पूप्रबधः नाम से प्रकाशित हुआ, यह हुबली से प्रकाशित है । इस के लेखक कन्दगल पर्वत सुधी हैं । इसमें कुल ९ स्तबक हैं । इसमें व्याकरण सम्मत प्रयोगों तथा कहीं पर सिद्धान्तों की झलक है । सर्वप्रधान देव शिव को माना है । अद्वैत दर्शन की प्रमुखता है । १९८२ में देववाणी-परिषद्, दिल्ली से राधाकृष्णरसायनम् प्रकाशित हुआ है । इसके लेखक ओट्टूर उण्णि नम्बूदिरीपाद का जन्म १९०४ में केरल में हुआ है । यह भागवत पुराण, मत्स्यपुराण, ब्रह्मवैवर्त आदि पुराणों पर आधारित है । केवल भक्तिपरक अंशों को ही पुराणों से लिया है । इस में २४ शीर्षकों से ५५६ श्लोक हैं । सभी अवस्थाओं में राधा की तुष्टि पुष्टि आदि भावनाएँ हैं । यमक, लाटानुप्रास उपमा रूपकोत्प्रेक्षा, विभावनातिशयोक्ति आदि अलंकारों का समीचीन प्रयोग हुआ है । ओज माधुर्य प्रसादादि गुणों का यथावसर प्रयोग हुआ है । विभिन्न छन्दों में प्रकृति चित्रण अत्यन्त स्मरणीय हैं ।

१९८३ में छायापतिशतकम् प्रकाशित हुआ है, इस लेखक विठलदेवमुनि सुन्दर राज शर्मा हैं । इसमें कुल १०८ श्लोक हैं, आदित्यहृदय प्रोक्त आदित्य के १०८ नामों पर आधारित है । सुन्दरराजशर्मा ने अन्य अनेक स्तोत्रग्रन्थ लिखे हैं यथा श्रीनिवासशतकम्, देवीशतकम्, वीराञ्जनेयशतकम्, शम्भुशतकम् आदि ।

इसी वर्ष देववाणी-परिषद् दिल्ली से ही 'बदरीशतराङ्गिणी' नामक एक अन्य स्तोत्रग्रन्थ प्रकाशित हुआ है जिसके लेखक श्री श्रीसुन्दरराजन् हैं । इसमें ११२ श्लोक हैं । इसमें महाभारतवर्णित सौगन्धिकोपाख्यान की चर्चा है । बदरीश क्षेत्र का काव्यमय वर्णन है । अनुष्टुप्, उपेन्द्रवज्रा, इन्द्रवज्रा, उपजाति, मालती, स्रग्धरा, शार्दूलविक्रीडित

आदि छन्दों का प्रयोग हुआ है । इसी वर्ष देववाणी-परिषद् से ही 'बदरीशसुप्रभातम्' का प्रकाशन हुआ है जिसके रचयिता डा० सी० आर० स्वामिनाथन् हैं जो अनेक ग्रन्थों के प्रणेता हैं । वसन्ततिलका, छन्द की बहुलता है, स्थान स्थान पर गीता तथा भागवतीय भावों का पुट है । इसमें व्याकरण की अवज्ञा न करते हुए काव्यरस का परिपाक पूर्णतः द्रष्टव्य है । सांख्य, न्याय, वेदान्त, मीमांसादि दर्शनों का प्रभाव सर्वत्र परिलक्षित है । ''श्रीनाथ ते बदरिकेश्वर'' चतुर्थ चरण से मुकुटायमान है । १९८५ में देववाणी परिषद् से प्रकाशित ''कृष्णात्परं किमपि तत्त्वमहं न जाने'' स्तोत्र साहित्य में अविस्मरणीय ग्रन्थ है । इसके प्रणेता श्री रमेश चन्द्र शुक्ल आधुनिक संस्कृत कवियों में देदीप्यमान रत्न है । इस में कुल १११ श्लोक हैं । शीर्षक प्रायः प्रत्येक श्लोक के चतुर्थ चरण में मुकुटरूप में उपन्यस्त हैं ।

वि0 २०४३ में देववाणी-परिषद् से डा0 रामकिशोर मिश्र के 'गरुडध्वज सपादशतकम्' का प्रकाशन हुआ । इस में कुल १२९ श्लोक हैं । वसन्ततिलका छन्द है। विष्णुसहस्रनामान्तर्गत समागत विष्णु के नामों पर आश्रित है । ''तस्मै नमो भगवते गरुडध्वजाय'' मुकुटित है । १९८६ में डॉ० वरदाचार्य कण्णन् का लक्ष्मीशतकम् एक अपूर्व स्तोत्र ग्रन्थ है । ये हैदराबाद विश्वविद्यालय में गणित के आचार्य एवं अध्यक्ष है । साहित्य से पितृपरम्पराप्राप्त सम्बन्ध है । स्तोत्र विभिन्न छन्दों एवं अलंकारों से अलंकृत है । १९८७ में डॉ० स्वामिनाथन् का ही एक अन्य स्तोत्र ग्रन्थ षोडशाक्षरी स्तोत्र दे0 वा0 परिषद् से प्रकाशित है । यह तान्त्रिक परम्परा तथा बीजों पर आधारित है । इसी वर्ष इलाहाबाद वैजयन्त प्रकाशन से प्रभातमंगलस्तोत्रम् प्रकाशित हुआ है । इसके रचयिता डॉ० अभिराज राजेन्द्र मिश्र हैं । विभिन्न देवों की स्तुति के साथ आधुनिक सन्तों का भी गुणगान है । सन्तों की श्रृंखला में तुलसी, मेहता कबीर सूर का भी स्तवन है । हनुमदष्टकम् आदि अनेक स्तोत्र ग्रन्थ स्फुटित रूप से प्रकाशित हैं ।

अर्वाचीन शतकों शंकराचार्यस्तोत्र भी इसी कड़ी में एक रत्न है । गीर्वाण-सुधा में श्री0 भि0 वेलणकर का उमासुतस्तोत्र भी स्फुटित स्तोत्र है । डॉ० रमाकान्त शुक्ल का शिवस्तोत्र भी उनकी प्रतिभा का निदर्शन है ।

डॉ0 रसिक विहारी जोशी आचार्य संस्कृत विभाग दिल्ली वि0 वि0 की करुणाकटाक्षलहरी आदि अनेक स्तोत्र ग्रन्थरत्न हैं । 'स्मृतिगौरव', 'गीर्वाणसुधा' 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' में शतशः स्तोत्र अनुदिन प्रकाशित हो रहे हैं । इसी श्रृंखला में लेखक का कृष्णमहिम्नस्तोत्र भी प्रकाश्यमान है । वाराणसेय शेवडे का विन्ध्यवासिनी काव्यम् ग्रन्थ काव्य नामक होते हुए भी स्तोत्र वाङ्मय का अनुपम रत्न है ।

# आकार-चित्रों के विशेष अध्ययन से अनुप्राणित
# बीसवीं शताब्दी के संस्कृत चित्रकाव्य

डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी

## चित्रकाव्य की समृद्ध परम्परा

संस्कृत-काव्य-मन्दाकिनी की धाराओं का अजस्र प्रवाह अनेक रूपों में व्याप्त है। वेदों से आविर्भूत होकर मुक्तकों तक बहने वाली इन धाराओं में सरलता, तरलता, उच्छलता, धीरता, गम्भीरता, सुन्दरता एवं नादात्मकला आदि का ऐसा विस्मयावह संनिवेश है कि उन सबका एकत्र आकलन नहीं किया जा सकता। साहित्यशास्त्र के मर्मज्ञ आचार्यों ने अलङ्कार-शास्त्र की परिधि में ऐसी कृतियों के सौन्दर्य से परिचित कराने के लिये अलङ्कारों का अङ्कन किया है तथा उनका शास्त्रीय स्वरूप-दर्शन विवेचित करके उन्हें '१-शब्द, २-अर्थ और ३-शब्दार्थोभयरूप' अलङ्कारों की संज्ञा दी है। शब्दालङ्कार के अनेक भेद एवं उनके उपभेदों की सङ्ख्या अतिविस्तृत होती रही है। 'लक्ष्यानुसारीणि लक्षणानि भवन्ति' इस अभियुक्तोक्ति के अनुसार काव्य-शास्त्रीय ग्रन्थों में इनकी अभिवृद्धि की परम्परा देखी जा सकती है। इन्हीं भेदो में 'चित्रालङ्कार' भी एक भेद है और यह अपने प्रभेदों में 'चित्र-काव्य' रूप उपभेद से भी समृद्ध है।

## चित्रालङ्कार की विविधता

'चित्र-काव्य' में प्रयुक्त 'चित्र' शब्द का तात्पर्य 'आश्चर्य' है। अर्थात् जिस कृति में किसी-न-किसी रूप में आश्चर्यकारिता परिलक्षित हो, वह कृति 'चित्र-काव्य' कहलाती है। यह चित्रत्व मुख्यतः शब्द-संनिवेश रूप वैशिष्ट्य से संवलित होकर विविध रूपों में परिस्फुट होता है, अतः इसे शब्दालङ्कारों में स्थान दिया गया है किन्तु इसका यह तात्पर्य कदापि नहीं रहा है कि ऐसी रचनाओं में अर्थ का अथवा रसादि का कोई स्थान नहीं है। इस प्रकार की रचनाएँ महाकाव्य से आरम्भ होकर स्फुट मुक्तकों में पर्याप्त रूप में प्रस्तुत हुई हैं। जिनकी विविधता में -१-स्वर, २-स्थान, ३-वर्ण, ४-गति, ५-प्रहेलिका, ६-च्युत, ७-गूढ, ८-प्रश्नोत्तर, ९-समस्यापूर्ति, १०-भाषा और ११-आकार-चित्रों की गणना होती है। इन अलङ्कारों के भेद-प्रभेदों

की इयत्ता के बारे में किसी भी आचार्य ने 'इयानेव' नहीं कहा है, अपि तु उन्होंने यही कहा है कि-

यन्नाम नाम यत् स्यात् तदाकृतिर्लक्षणं मतं तस्य ।

तल्लक्ष्यमेव दृष्ट्वाऽवधार्यमखिलं तदन्यदपि ।। ५ । ५ ।।

-काव्यालङ्कार (रुद्रट)

## आकार-चित्र रूप काव्य के भेद-प्रभेद

उपर्युक्त वैविध्य में हम यहाँ 'आकार-चित्र-रूप' काव्य के बारे में ही यह विवेचन करने का प्रयास करेंगे कि अकेले इस प्रभेद ने ही कितना बड़ा साम्राज्य-विस्तार किया है और बीसवीं शताब्दी के संस्कृत-कवियों ने किस-किस रूप में अपनी रचनाओं में इसे सँजोया है,सजाया है और सँवारा है ? किसी आकृति-विशेष को निर्धारित-चित्रित करके उसमें वर्णों का आलेखन या आकृति-'आकार-चित्र' कहलाती है । लेखन, पठन और वर्णश्लिष्टता से इसमें चित्रात्मकता व्यक्त होती है। हमने इस प्रकार की रचनाओं को क्रमशः '१-मङ्गलमय, २-वनवैभवमय, ३-आभरणमय, ४-शात्रास्त्रमय,५-प्राणि-शरीरमय तथा ६-प्रकीर्णवस्तुमय' चित्रों के आधार पर छह वर्गों में विभक्त किया है । इन वर्गों में चित्रित आकृतियों में पद्य अथवा पद्यों को बाँधने से-लिखने से प्रत्येक को 'बन्ध' भी कहा जाता है । इन सब की 'वर्गीकृत तालिका' पाठकों के परिज्ञानार्थ यहाँ प्रस्तुत की जा रही है-

**वर्ग** **उपवर्ग**

**१-मङ्गलमय चित्र-** (१) अक्षराकृति बन्ध, (२)प्रतीकाकृति बन्ध, (३) देवाकृति बन्ध, (४) पूजोपकरणाकृति बन्ध,

**२- वनवैभवमय चित्र-** (१) वन्यस्थलाकृति बन्ध, (२) वृक्ष-लताकृति बन्ध, (३) पुष्पाकृति बन्ध, (४) फलाकृतिबन्ध ।

**३- आभरणमय चित्र-** (१) मस्तकाद्याभरणाकृतिबन्ध, (२) कण्ठाभरणाकृति बन्ध, (३) भुजाभरणाकृति बन्ध, (४) कटि-चरणा-द्याभरणाकृति बन्ध ।

**४- शस्त्रास्त्रमय चित्र-** (१) शस्त्राकृति बन्ध, (२) अस्त्राकृति बन्ध, (३) शस्त्रास्त्रमिश्राकृति बन्ध, (४) रक्षोपकरणाकृति-बन्ध ।

**५- प्राणिशरीरमय चित्र-** (१) भूचराकृतिबन्ध, (२) खेचराकृति बन्ध, (३) जलचराकृति बन्ध, (४) सरीसृपाद्याकृतिबन्ध ।

**६- प्रकीर्णवस्तुमय चित्र-** (१) गृह एवं गृहोपकरणाकृति, (३) क्रीडोपकरणाकृति

बन्ध, (२) यान-वाहनाद्याकृति बन्ध, (४) वाद्योप-
करणाकृति बन्ध तथा (५) प्रकीर्णाकृति बन्ध ।

इसी दृष्टि से उपलभ्यमान इनके भेद प्रभेदों की सूची भी द्रष्टव्य है-

## १-मङ्गलमय चित्र

१- **अक्षराकृति-बन्ध-** ओम्, श्रीः, ह्रीं, ह्रीं नमः, ॐ नमः, नमः शिवाय ।

२- **प्रतीकाकृति बन्ध-** स्वस्तिक और उसके विभिन्न प्रकार । यथा-भद्रकावर्त, नन्द्यावर्त, गतप्रत्यागत, चतुर्महादेव, बन्धूक, कङ्कणमध्यस्थ, नन्दिकावर्त, चतुर्दल, अष्टदल, सबिन्दुक, अष्टबिन्दुक, नामगर्भ, स्तुतिगर्भ, अन्य बन्धगर्भ, स्वस्तिका तथा अन्य २५ प्रकार के पठन-प्रकारों से युक्त । तिलकबन्ध-शैव त्रिपुण्ड्र तथा रामानुज ऊर्ध्व पुण्ड्ररूप ।

३- **देवाकृति बन्ध-** सूर्य, चन्द्र, बालेन्दुरेखा, महादेव (शिवलिङ्ग), कालिका, सरस्वती, गणपति आदि की आकृति के बन्ध ।

४- **पूजोपकरणाकृति बन्ध-** आसन, कलश,दीप, दीपिका, चामर, छत्र, दर्पण, पताका, घण्टा, श ङ्ख, मत्स्ययुगल, शरावसम्पुट आदि विभिन्न भेद सहित ।

## २- वनवैभवमयं चित्र

१- **वन्यस्थलाकृति बन्ध-** सरोवर, वापी, कूप, तडाग, पर्वत, मेरु, सरसी एवं तदनुरूप अन्य भेद ।

२- **वृक्ष-लताकृति बन्ध-** कल्पलता, वृक्ष, कदली, केतकी, लता, पुष्पलता आदि ।

३- **पुष्पाकृतिबन्ध-** कमल-दो दलों से लेकर एक सहस्र दलों तक के सैकड़ों भेद-प्रभेद एवं कतिपय सूर्यमुखी आदि अन्य स्वतन्त्र पुष्प और कलिकाओं के बन्ध, पुष्प-गुच्छबन्ध आदि ।

## ३- आभरणमय चित्र

१- **मस्तकाभरणाकृतिबन्ध-** मुकुट, पगड़ी, टोपी आदि तथा महिलाओं के मस्तकाभरणरूप आकृतियों के बन्ध ।

२- **कण्ठाभरणाकृति बन्ध-** माला (पुष्पमयी, मणिमयी, सुवर्णश्रृंखलामयी, मिश्रवस्तुमयी, मध्यगुच्छरूप एवं अन्यान्य प्रकारयुक्त) , हार-चार पुष्पों से और मणियों, पत्रों, मध्ययोजकमणि, दिशास्थलयोजक, बन्धनस्थलयोजक एवं मध्यचन्द्रक आदि अनेक प्रकारों से मण्डित बन्ध ।



३- **भुजाभरणाकृति बन्ध-** केयूर एवं कङ्कण बन्ध । घटी-बन्ध ।

४- **कटि-चरणाद्याभरणाकृतिबन्ध-** काञ्ची, कटिपट्टिका, नूपुरादि बन्ध ।

## ४- शस्त्रास्त्रमय चित्र

१- **शस्त्राकृति बन्ध-** खड्ग और उसके विविध छोटे-बड़े प्रकार । अङ्कुश, गदा, मुद्गर, दण्ड, धनुष, पट्टिश, परशु, मुशल, हल आदि बन्ध ।

२- **अस्त्राकृति बन्ध-** भल्ल, त्रिशूल, बाण, वज्र, शक्ति आदि ।

३- **शस्त्रास्त्र-मिश्राकृति-बन्ध-** चक्र (चतुरर से बत्तीस अर तक की अनेक आकृतियों और विविध पाठ-प्रकारों से युक्त), सुदर्शन-चक्रबन्ध ।

४- **रक्षोपकरणाकृति-बन्ध-** स्फुर, ढाल, तूणीर आदि बन्ध ।

## ५- प्राणिशरीरमय चित्र

१- **भूचराकृति बन्ध-** गौ, वृषभ, अश्व, हस्ति आदि के बन्ध ।

२- **खेचराकृति बन्ध-** हंस, मयूर, काक, कपोतादि बन्ध ।

३- **जलचराकृति बन्ध-** मत्स्य, मत्स्ययुगल तथा कमठ बन्ध ।

४- **सरीसृपाद्याकृति बन्ध-** नाग (सर्प) तथा उसके अनेक प्रकार वाले एक मुख से बहुमुख तक के बन्ध ।

## ६- प्रकीर्ण वस्तुमय चित्र

१- **गृह एवं गृहोपकरणाकृतिबन्ध** - उलूखल, कपाट, गवाक्ष, तालवृन्त, निःसाल, प्रासाद, मठ, मन्थान, चतुष्किका-बन्ध । शृंखला तथा शृंङ्गाटकबन्ध ।

२- **यान-वाहनाद्याकृति-बन्ध-** दोलिका, शिबिका, रथ, विमानबन्ध (विविधाकृतियों में) ।

३- **क्रीडोपकरणाकृति बन्ध-** अष्टकोणफलक, चतुरङ्गपीठ, षट्कोणफलक, नवकोण क्रीडाफलक,शृङ्गाटकादिबन्ध ।

४- **वाद्योपकरणाकृतिबन्ध-** कांस्यताल, घण्टा, डमरु, मर्दल, मृदङ्ग, मुरज और उसके विविध प्रकार । वीणा तथा वंशी आदि-बन्ध ।

५- **प्रकीर्णाकृति बन्ध-** (क) विभिन्न रेखाङ्कनों द्वारा निर्मित आकृतियों में चित्र तथा वर्णविन्यासमूलक और विभिन्न छन्दों को माध्यम बनाकर बनाये गये चित्र-बन्ध। (ख) गति, गोमूत्रिका, सर्वतोभद्र और कामधेनुबन्ध ।

## आकार-चित्रकाव्य निर्माण की पृष्ठभूमि

वेद एवं आर्षकाव्य (रामायण तथा महाभारत) से प्रेरणा पाकर पद्यबद्ध

श्रव्यकाव्य के भेद-प्रभेदों में जिस अलङ्कृत रचनाशैली का आश्रय लिया गया उसमें क्रमशः आकार-चित्ररूप पद्यों को भी स्थान मिला था। महाकाव्यों के किसी एक सर्ग में एक-दो पद्य, खण्डकाव्य तथा मुक्तक काव्यों में कुछ अधिक और स्तुति-काव्यों में उससे भी अधिक संख्या में आकृति-मूलक चित्रों में पद्य प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति बीसवीं शती से पूर्व बहुत आरम्भ हो चुकी थी। महाकवि भारवि, महाकवि माघ, कुमारदास, राजानक रत्नाकर, शिवस्वामी, सोमेश्वर, वस्तुपाल, हरिश्चन्द्र, वेतान्तदेशिक, मेघविजय गणि, त्रिशूर तैक्काट नारायण मूष तथा हरिदास सिद्धान्त वागीश ने इस प्रवृत्ति को अपने-अपने महाकाव्यों में आश्रय दिया है।

## बीसवीं शताब्दी के चित्रकवि एवं उनके काव्य

यह कहना अत्युक्ति नहीं होगी कि बीसवीं शती के विगत ९० वर्षों में संस्कृत-लेखन और साहित्य-रचना की प्रवृत्ति इतनी तीव्रता से बढ़ी है कि उसने पूर्ववर्ती रचाकारों की संख्या को बहुत पीछे छोड़ दिया है। प्रत्येक संस्कृतज्ञ किसी-न-किसी रूप में लेखन-प्रवृत्ति से जुड़ा हुआ है। प्राचीन संस्कृतज्ञ जो लिखते थे, उसे भी मातृका के रूप में लिखकर छोड़ देते थे। **'उत्पत्स्यतेऽस्ति मम कोऽपि समानधर्मा'** की आशा में प्रकाश में लाने का कोई स्वयम्प्रयत्न नहीं करते थे। आज तो मुद्रणयुग की छाया में संस्कृतज्ञों ने केवल पत्र-पत्रिकाओं में अथवा प्रकाशक-विशेष के माध्यम से ही अपनी रचनाओं को समाज के समक्ष लाने की अभिरुचि नहीं दिखायी, अपितु अपनी गाढ़ी कमाई से जैसे-तैसे द्रव्य बचाकर भी अपनी कृतियों को प्रकाशित करने में वे कहीं पीछे नहीं रहे हैं।

चित्र-कवि का कविकर्म गाढ श्रम से साध्य है। अन्यापेक्षया वह काव्यरचना में अपनी बुद्धि का अधिक उपयोग करता है। उसकी रचना में वैदुष्य एवं प्रतिभा के साथ ही व्याकरण तथा कोश का ज्ञान भी पूर्ण महत्त्व रखता है। उसकी शब्द-चिन्ता, वर्ण-चिन्ता, अर्थ-चिन्ता और चित्र-चिन्ता गहरी शास्त्र-चिन्ता से ही निखरती है। इसी लिये कवितार्किकचक्रवर्ती पं० महादेव शास्त्री (श्री महेश्वरानन्द सरस्वती) ने लिखा है कि-

खेलत्कौशलमुल्लसत्पदघटाटोपं क्रम-व्युत्क्रम-
प्रोद्घाट्याक्षरगह्वरं सुघटितं व्युत्पत्ति-शक्तिप्रभम्।
नानार्थ-प्रतिरूपदर्शनसुधाधाराभिषेकोत्सवं,
काव्यं बन्धुरबन्ध-विभ्रमचरं कश्चित्कृती रोचयेत्॥



तथा बन्ध निर्माता के पाण्डित्य का निदर्शन इस प्रकार किया है-

सर्वो धातुगणः क्रियादि-विपुलो जिह्वाजिरे राजते,
विश्वास्तद्धितवृत्तयः प्रमुदिताः क्रीडन्ति कण्ठस्थिताः ।
कृत्संज्ञा विलसन्ति प्रत्ययघटाः स्वान्तान्तरालाम्बरे,
येषां ते विभवो भवन्ति कृतिनो बन्धोत्कटे कानने ।।

और ऐसे प्रौढ कवियों को धन्यवाद अर्पित करते हुए वे कहते हैं-

बन्धान् भावभरोत्तरङ्गहृदयान् विस्मेरतासंस्कृतान्
प्रत्यावृत्तिविलक्षणक्षणचणावर्णावलीर्बध्नतः ।
उद्घाट्यानुगुणां नयन्ति पदवीं ये सन्मनीषाजुष-
स्ते धन्याः कवयो जयन्ति जगतीं ते कुर्वते कीर्तिताम्।।

ऐसे दक्ष, परिश्रमी और सिद्ध, चित्रकवियों की इस शती में प्रारम्भ से ही आकार-चित्रात्मक काव्य-रचना में रुचि रही है । ऐसी काव्य-कृतियाँ काव्य-विधान के सभी क्षेत्रों में और प्रकीर्ण मुक्तकों के साथ ही काव्य-शास्त्र/अलङ्कारशास्त्र के ग्रन्थों में भी प्रस्तुत हुई हैं । यहाँ हम उनका यथोपलब्ध संक्षिप्त परिचय करा रहे हैं ।

(१) महाकाव्यों में हम हरिदास सिद्धान्तवागीश के 'रुक्मिणीहरण' को इस शती का प्रथम महाकाव्य मानते हैं । इसमें कतिपय आकृतिचित्रात्मक पद्य आये हैं जिनमें लता-बन्ध, वृक्ष-बन्ध जैसे नवीन बन्धों की भी सृष्टि हुई है और अन्य प्राचीन बहुप्रचलित चित्रबन्ध भी हैं ।

(२) त्रिशूर तैक्काट नारायण मूष ने 'यादवदानविजय महाकाव्य' में चित्रालङ्कारों का समावेश किया है और कतिपय आकारचित्रात्मक पद्य भी दिये हैं। कवि का जन्म १९०७ ई० में हुआ था ।

(३) आशुकवि श्रीनित्यानन्द शास्त्री ने 'रामचरिताब्धिमहाकाव्य' में पूर्वप्रवर्तित बन्धों की रचना-प्रक्रिया को नये रूप में आगे बढ़ाते हुए 'छत्र-बन्ध' आदि कुछ नये बन्धों की रचना की है ।

(४) श्रीवासुदेवानन्द सरस्वती ने 'दत्तपुराण' नामक महाकाव्य में परम्परा का निर्वाह करते हुए आकारमूलक चित्रबन्धों की रचना है । नामाङ्कन-पद्धति का अनुसरण एवं सर्वतोभद्र आदि गतिचित्रों के प्रति आपका मनोयोग स्पृहणीय रहा है।

महाकाव्यों के रचना-विधान में प्रायः 'सर्वतोभद्र, गोमूत्रिका एवं चक्रबन्ध के ही प्रयोग उपलब्ध होते हैं । कादाचित्क किसी कवि के प्रतिभा-विशेष से कोई नवीन उद्भावना द्वारा कुछ नये प्रयोग हुए हैं किन्तु वे संक्षिप्त ही हैं ।

खण्डकाव्यों में आकार-चित्रों को पूर्वापेक्षया कुछ अधिक प्रश्रय मिला है। उनमें भी जहाँ कथा-विशेष का निर्वाह है, वहाँ तो प्रसङ्गोपात्त दो-चार उदाहरण ही मिलते हैं परन्तु जिनमें प्रकरणगत प्रतिबद्धता नहीं थी, वहाँ विशेष औदार्य प्रकट हुआ है। इनमें खण्डकाव्य के लक्षण का बन्धन भी शिथिल कर दिया गया है और वर्णन को ही प्राधान्य देकर उनके परिमाण को भी समृद्ध किया गया है।

(१) भट्ट श्रीमथुरानाथ शास्त्री, जयपुर के 'साहित्य-वैभव' तथा 'जयपुर-वैभव' में आकारचित्रात्मक पद्धति को पर्याप्त महत्त्व मिला है। जयपुर-वैभव में कविवर श्री भट्ट जी ने 'चित्रचत्वर' नाम से एक स्वतन्त्र सर्गरूप खण्ड की रचना में बहुत-से चित्रबन्ध दिये हैं। बुद्धिबलोदय के प्रभाव से कुछ नये प्रकार भी इसमें प्रस्तुत हैं, जिनमें कमल, कण्ठहार, शिबिका, चक्र आदि विशेष स्पृहणीय हैं। एक उदाहरण 'शिबिका-बन्ध' का इस प्रकार है-

भास्वद्वंशावतंसं गुणगणगणनातङ्कतङ्कं ततङ्कं,
सापत्सापत्नपङ्क्तौ सकलकविकला-विश्रमास्थानभूमिम्।
सक्षेमं पालयन्तं विपुलजयपुरीमुल्लसद्भूरिभागां,
साधून् सम्मोदयन्तं हयवदनहरिर्मानसिंहं विपुष्यात्॥

वैसे इनके 'अलङ्कार-कलानिधि, गोविन्दवैभव तथा ईश्वरविलास काव्य और पद्यमुक्तावली' में भी ऐसे पद्य देखे जा सकते हैं।

(२) मुनि महेन्द्रकुमार (स्थानकवासी जैन-परम्परा के साधु) ने 'एकाह्निक पञ्चशती' नामक अपनी कृति में 'कमल-बन्ध' और 'षडर-चक्रबन्ध' आदि की रचना की है।

(३) कविचक्रवर्ती श्रीदेवीप्रसाद जी (काशी) के 'चित्रोपहार-काव्य' में भी ऐसे चित्रबन्ध प्रस्तुत हुए हैं।

(४) दक्षिण के कृष्णमूर्ति कवि ने 'कङ्कण-बन्ध' (एक अनुष्टुप्) में 'रामायण' की कथा का समावेश करके उसमें पठन-पद्धति के प्रस्तार से ६४ पद्यों की उद्भावना द्वारा एक अद्भुत प्रयोग किया है। इन्ही के अनुकरण में और भी प्रौढ़ता लाकर वेङ्कटेश कवि तथा चार्गनू भाष्यकार शास्त्री ने भी 'कङ्कणबन्ध-रामायण' की रचनाएँ की हैं।

(५) दाक्षिणात्य चावलि राम सूरि ने 'अलङ्कार-मुक्तावली' की निर्मिति द्वारा कङ्कण, हार, चतुःसर, शर और गुच्छबन्ध आदि के अभिनव रूप उपस्थित किये हैं। इनकी रचनाओं में शब्द विन्यास के साथ ही मौलिक चिन्तन भी बहुधा मुखरित हुआ है। साथ ही इसे काव्य-शास्त्र का रूप भी दिया गया है।

(६) दामोदर मिश्र कवि (सन् १९०० से १९४१) ने 'चित्र-बन्ध काव्य' की

रचना करके उभयविधा (१- चित्रबन्ध तथा उनके लक्षण) के द्वारा 'कमल-बन्ध' (विविध प्रकार), माला-बन्ध (३ प्रकार), खड्गबन्ध (५ प्रकार),- मेरु, चन्द्र, सूर्य, वृक्ष, कूप, सरोवर तथा असङ्ख्य-पद-बन्ध आदि की रचनाएँ की हैं। विषय को अधिक सस्ष्ट रूप से समझाने के लिये कवि ने 'प्रमोदिनी' नामक स्वोपज्ञ टीका भी इस काव्य पर की है। श्रीमिश्र जी ने इस सारस्वत-साधना के लिए बिल्वपत्रों का सेवन करके तपस्या भी की थी।

(७) श्रीरामरूप पाठक का 'चित्रकाव्य-कौतुक' काव्य भी उपर्युक्त काव्य की परम्परा में ही निर्मित है। कवि ने श्री मिश्रजी को अपना गुरु मानते हुए उन्हीं के लक्षणों का अनुसरण कर अनेक चित्रबन्ध-काव्यों का निर्माण किया है, साथ ही श्लिष्टाक्षर-संयोजन-वैशिष्ट्य, नामाक्षर-विन्यास-वैचित्र्य पूर्वक 'रामानुज-तिलक-बन्ध' (२ प्रकार), नन्दी-बन्ध, कमल, हार, प्रेममाला-बन्ध आदि नये बन्ध-प्रकार भी समाविष्ट किये हैं। इस पर स्वोपज्ञ-टीका भी है।

इसी प्रकार और भी कुछ कवियों की आकार-चित्रपद्यात्मक कृतियाँ मिलती हैं जिनका आकार तथा विषय-वस्तु का आधार विज्ञप्ति-काव्य, स्तोत्र-काव्य तथा प्रकीर्ण काव्यों की कोटि को अलङ्कृत करता है। यथा-

(१) मुनि भद्रङ्करविजय ने 'विज्ञप्ति-पत्र-काव्य' नामक दो लघुकाव्यों की रचना की है, जिनमें अपने परमगुरु प्रेमसूरिजी महाराज को विज्ञप्ति प्रेषित करते हुए क्रमशः ५ और ३७ चित्रबन्धों का निर्माण किया है। इन्हीं के 'भटेवा पार्श्वनाथ-चित्रस्तोत्र' एवं 'अजितशान्तिस्तव चित्रयोजना' के द्वारा इनके अभिनव चित्रकवि होने का प्रमाण स्वतः सिद्ध होता है।

(२) म० म० रामावतार शर्मा ने भी बहुत से चित्रबन्धात्मक पद्य लिखे थे, किन्तु उनका कोई स्वतन्त्र सङ्कलन प्रकाशित नहीं हुआ था। हम (रुद्रदेव त्रिपाठी) ने उनके स्वहस्ताङ्कित पद्यों को प्राप्त करके 'चित्रबन्धावतारिका' नामक पुस्तिका प्रकाशित की है। उसमें ५५ चित्रबन्धों का सम्पादन है। पद्य स्तुति रूप हैं तथा रचना-विधान में पर्याप्त नवीनता भी है।

(३) श्री हरिशास्त्री दाधीच (जयपुर) ने कुछ स्तुतियाँ लिखीं और 'अलङ्कार-कौतुक' में चित्रबन्ध काव्य की सरणि को आगे बढ़ाया है।

(४) करमलकर शास्त्री (इन्दौर) ने 'लोकमान्यालङ्कार' तथा अन्यान्य प्रशस्तिकाव्यों में नवीन प्रयोगों के साथ आकार-चित्रात्मक पद्यों को प्रस्तुत किया है। इनका एक सङ्ग्रह उज्जैन के सिन्धिया प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान में भी संरक्षित है।

(५) श्री श्रीजीव न्यायतीर्थ (बङ्गाल) एक महान् साहित्यकार के रूप में विख्यात हैं। आपकी साहित्य-सम्पत्ति बहुमुखी है। आपका 'सारस्वत-शतक' एक स्तुतिकाव्य है जिसमें पूजा-पद्धति के अनुसार उपकरणों के आकारों में ६५ पद्यों

का संयोजन करके नवीन दिशा प्रदर्शित की गयी है ।

(६) इन पङ्क्तियों के लेखक (डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी) ने अपने काव्य गायत्रीलहरी, बदरीशलहरी, बटुकभैरवलहरी और पुत्रदूत में प्रकीर्ण रूप से और 'गुरुगुणगर्भितचित्रबन्धाष्टक,विंशतिदलकमलबन्धरूपगायत्रीस्तव, भटेवापार्श्वनाथ-स्तव' आदि स्तवनों में अनेक चित्रबन्धों के नये-नये रूप प्रस्तुत किये हैं । अपने शोधप्रबन्ध 'संस्कृत-साहित्य में शब्दालङ्कार' में भी ऐसे अनेक चित्रात्मक-पद्य हैं जिनकी उद्भावना पूर्णतः नवीन है और साथ ही उनके लक्षण भी निर्मित किये हैं । सद्यः प्रकाश्यमान एक ग्रन्थ 'चित्रालङ्कार-चन्द्रिका' का भी हमने निर्माण किया है, जिसमें विस्तार से १० आलोकों में चित्रालङ्कारों की चर्चा एवं लक्षण-निर्मिति-पूर्वक सभी प्रकारों पर प्रकाश डालने का प्रयास हुआ है ।

(७) श्रीयुत वी० रामचन्द्रन् (इञ्जीनियर, दिल्ली) ने 'रामचरित-चित्रकाव्य' का निर्माण किया है, जिसमें प्राचीन तथा नवीन पद्धतियों के चित्रबन्धों की रचना है । कवि ने अपनी प्रतिभा से कुछ नये प्रकारों का उद्भावन भी इस काव्य में किया है ।

इस प्रकिया में विशेषतः यह स्मरणीय है कि चित्रालङ्कार के पद्यों का प्रयोग भारत के प्रत्येक क्षेत्र में हुआ है और भी आज किया जा रहा है । किसी भी प्रसङ्ग-विशेष पर चित्रकवि अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मुक्तक-पद्यों के निर्माण में कभी पीछे नहीं रहा है । पहले जैसे राजसभाओं में कवि अपनी आश्चर्यकारी पद्यरचनाओं से श्रोताओं को मुग्ध करते थे उसी प्रकार जन्मदिन, विवाह, सम्मानसभा, काव्यगोष्ठी, अभिननदन-समारोह, वर्धापनमहोत्सव जैसे अवसरों पर लिखे गये चित्रकाव्यात्मक पद्यों की संख्या अति विस्तृत है । ऐसे कविवरों में से कतिपय कवियों का परिचय इस प्रकार है ।

(१) पं० रामचन्द्र मिश्र (प्राचार्य सं० महाविद्यालय, नाथद्वारा) ने विविध कमलबन्ध, हारबन्ध तथा यष्टिबन्ध गोस्वामी दामोदरलालजी, गोस्वामी गोविन्दजी के सम्बन्ध में लिखे हैं ।

(२) वहीं के पं० गिरिधारी लाल जी शास्त्री ने हारबन्धों के द्वारा मङ्गलाशंसन लिखे हैं ।

(३) पं० अमीरचन्द्र जी शास्त्री कविरत्न (दिल्ली) के प्रसङ्गोचित पद्यों में चित्रकाव्य को अच्छा आश्रय मिला है तथा आपने चित्रालङ्कार-साहित्य पर एक समालोचात्मक निबन्ध भी लिखा है, जो 'म० म० परमेश्वरानन्दशास्त्री स्मृति ग्रन्थ' में प्रकाशित है ।

(४) जैन मुनि शतावधानी श्रीनथमलमुनि ने अपनी जैनपरम्परा की प्रशंसा में कुछ नये बन्ध बनाये हैं और आपकी प्रेरणा से ही अन्य साधु-साध्वीगण भी इस ओर

प्रवृत्त हैं ।

(५) पं० हनुमत्प्रसाद जी शास्त्री ने प्रासङ्गिक विचारों से पूर्ण कुछ बन्ध लिखे हैं।

(६) डॉ० रसिकविहारी जोशी (दिल्ली) ने भागवत के गोपीगीत के पद्यों को चित्रबन्ध के रूप में सिद्ध करते हुए नाग-बन्ध और मुरज-बन्धों के विविध प्रकार स्पष्ट किये हैं । आपने कतिपय स्वतन्त्र चित्र-बन्धों की रचना भी की है ।

(७) वाराणसी से पूर्व में प्रकाशित 'अमर-भारती' संस्कृत पत्रिका में श्री वरखेडकर नारायणाचार्य ने 'श्रीः बन्ध' आदि बन्ध-चित्र प्रस्तुत किये ।

(८) उपर्युक्त पत्रिका में ही श्रीयुत पं० नरसिंहाचार्य ने पूर्णश्रम साध्य ३० दल वाले कमलबन्ध का प्रकाशन किया । इस बन्ध का पद्य दर्शनीय है-

मतिमदमलमर्त्या मर्त्यमध्ये मतं मद्

विमत मदमयं मत्कामदं मत्समः स्याः ।

मतिमदमद मत्वा मर्त्य मत्प्रेम धामन्

कमलमरुसमभीम श्रीमरुन्मध्वमन्त्रम् ।।

यहाँ 'म' अक्षर की ३० बार आवृत्ति और प्रत्येक अक्षरोत्तर उसका विन्यास विस्मयास्पद है ।

(९) पञ्चनद के सुदर्शन शास्त्री ने 'ऊर्ध्वपुण्ड्र-तिलक', शङ्ख और सुदर्शन-चक्र आदि बन्धों की रचना द्वारा एक नये द्वार का उद्घाटन किया है, जिसका अनुकरण परवर्ती कवि भी कर रहे हैं ।

इसी प्रकार अन्य अनेक कवि - स्व० गोस्वामी धनगिरि शास्त्री (सीतामऊ), स्व० पं० लक्ष्मीनारायण शास्त्री (कांकरोली), रङ्गनाथ शास्त्री (मैसूर), पं0 टी0 वी0 परमेश्वर अय्यर (दिल्ली), कतिपय जैनमुनि आदि इस दिशा में अपनी-अपनी नवीन कृतियों का प्रसाद प्रस्तुत कर आगामी चित्रकवियों के लिए दिशा-निर्देश करते रहे हैं।

इस साहित्य की विपुलता होते हुए भी कभी रसहीनता, कभी कृत्रिमता एवं कभी क्लिष्टता का कारण बताते हुए प्रायः समालोचक आचार्यो ने उपेक्षा ही दिखलाई है। यही कारण है कि इस विधा के समादर में विद्वानों का आग्रह नहीं के बराबर ही रहा है। हमने इस विधा पर अपने डी० लिट्० के शोध-प्रबन्ध 'शब्दालङ्कार-साहित्य का समीक्षात्मक सर्वेक्षण' में पर्याप्त विस्तार से विवेचन किया है तथा वहीं लक्षण और लक्ष्यमूलक साहित्य का परिचय भी कराया है। हमारा इस सम्बन्ध में निवेदन है कि-

एकत्र येऽद्भुतरसाप्लुतमञ्जु दृश्यं

श्रव्यंच काव्यमवलोकयितुं लषन्ति ।
अन्तर्निलीनबहुचित्रकवित्वपूर्णां,
ते चित्रपद्धतिमिमां परिशीलयन्तु ।। १ ।।

नहि कनकपरीक्षाऽऽस्वाद-गन्धादिभिः स्या-
दपितु भवति नित्यं घर्षणच्छेदनाद्यैः ।
सुमतिरपि तथैव प्रत्यहं रास-लास-
प्रहसन-परिलीनाऽप्यत्र चित्रे परीक्ष्या ।। २ ।।

घृष्टं घृष्टं वितरति सदा चन्दनं चारु गन्धं,
शाणोल्लीढो मणिरपि भवेत् कान्तिमान् मूल्यवाँश्च ।
शस्त्रं योद्धुर्भवति निशितं युद्धमध्ये प्रयोगात्,
बुद्धिस्तद्वज्जडिमहृतये चित्रकाव्येऽत्र शोध्या ।। ३ ।।

गैर्वाण्याश्चिररक्षणाय मनसा बद्धादरा धीधना-
स्त्यक्त्वा मोहमवाप्तशास्त्रनिवहं संरक्ष्यतां यत्नतः ।
तस्मिन् माऽस्तु मतिः कदापि विरसा क्लिष्टत्वदृष्ट्या वृथा,
क्लिष्टग्रावहृदो न किं सृतिमिता गङ्गा जगत्पावनी ?।४।

क्लिष्टं क्लिष्टमितीह यन्निगदितं लोकाननाच्छ्रूयते,
किं वा वाञ्छितसिद्धये प्रतिपदं सारल्यमेवेष्यते ? ।
भ्रान्तास्ते न विदन्ति यद्धि कठिनादिक्षो रसं निःसृतं,
नीत्वैवाखिलमिष्टवस्तुरचनं सञ्जायते भूतले ।। ५ ।।

संस्कृतं संस्कृतेर्मूलं विद्याः शाखाश्च पल्लवाः ।
काव्य-नाट्य-प्रकारा ये चित्रकाव्यं तु तत्फलम्।। ६ ।।

अतः-

पीयतां परम-मोद-निर्भरं, चित्रकाव्यगत-माधुरी बुधैः ।
संस्कृतेश्च परमोज्ज्वलं यशो, भूतले निरतमेव चीयताम् ।।७।।

इत्यलं पल्लवितेन ।

# विंशशतकस्य संस्कृतकथावाङ्मयम्

डॉ0 सौ0 कमल अभ्यङ्करः

मानवः निसर्गादेव कथाप्रियः । अतः जगति सर्वास्वेव भाषासु विपुलं कथाभाण्डारं दृश्यते । संस्कृतभाषाऽपि अस्मिन् विषये न अपवादभूता । प्राचीनकालादारभ्य संस्कृतसाहित्यस्य कथाकक्षः अतिसमृद्धः । तत्र बृहत्कथासदृश्यः लोककथाः, वेतालपञ्चविंशत्यादयः अद्भुतकथाः, पञ्च-तन्त्रोपमाः नीतिकथाः, तथा बाणस्य कादम्बरीसदृश्यः चित्तावर्जकाः दीर्घकथा अपि भवन्ति । बाणभट्टसमये संस्कृतभाषा अत्युच्चसम्मानस्थाने विराजति स्म । किन्तु वर्तमानसमये यदा संस्कृतभाषा 'मृतभाषा' इति धिःकृता भवति, अपि अस्मिन् कालेऽपि संस्कृतभाषा-कथाकक्षः समृद्धः? अस्यां मुम्बापुर्यामेव यत् कथासाहित्यं मया उपलब्धं, प्रायः तदेव आधारीकृत्य संस्कृतकथाविषये मया अत्र किञ्चित् लिख्यते ।

## निबन्धस्य विषयमर्यादा

अत्र आरम्भे एव निबन्धस्य विषयमर्यादा स्पष्टीकर्तुम् इष्यते मया । संस्कृतवाङ्मये तन्त्रदृष्ट्या 'कथा' इति निर्दिश्यमानाः, इदानीं 'उपन्यास' Novel इत्यस्मिन् वाङ्मयप्रकारे समावेष्टुं शक्याः, बाणस्य कादम्बरी-सदृशाः कथाप्रबन्धाः अत्र 'कथावाङ्मय' शब्देन न मम अभिप्रेताः । अपि तु एक-द्वि-प्रसङ्गयुतानां लघुकथानां सरलाः, अश्लिष्टाः, प्रामुख्येन गद्य-कथासंग्रहाः एव मया विवेचनार्थे गृहीताः भवन्ति ।

अपरं च एतासां कथानां विश्लेषणं, परीक्षणं वा नैव अत्र अभिप्रेतं-स्थलाभावात्, किन्तु अस्मिन् विंशतितमे शतकेऽपि कथालेखनविषये कियन्तः प्रयत्नाः संजाताः-प्रचलन्ति वा-तद्विषये दिग्दर्शनम् एव अत्र दृष्टं भवति ।

## विवेचनपद्धतिः

विषयस्य विवेचनसौकर्यार्थं कथानां त्रयः विभागाः मया कृताः ।

१- स्वतन्त्रं कथासाहित्यम् ।

२- भाषान्तरितं रूपान्तरितं वा कथासाहित्यम् ।

३- बालकथासाहित्यम् ।

## १- स्वतन्त्रं कथासाहित्यम्

अत्र आधुनिकसमयपण्डितायाः प्रतिभाशालिन्याः क्षमादेवी-राव-महोदयायाः नाम एव अग्रगण्यं भवेत् ।

### (अ) कथामुक्तावली

इत्येषः पञ्चदशलघुकथानां तस्याः संग्रहः भवति । अत्र 'प्रेमरसोद्रेकः' इत्यस्यां एकस्याः पालितायाः बालिकाया प्रेम चित्रितम् कथायाम् भवति। 'तापसस्य पारितोषिकम्' इत्येषा कथा पातिव्रत्यपुण्यात् नायिकायाः पतिः कथम् असाध्यरोगमुक्तः भवति, तद्दर्शयति । 'परित्यक्ता' कथा दाम्भिकस्य वशंगता काऽपि परित्यक्ता कथं दुःखं पतिविरहं सहते, अन्ते निष्पापान्तःकरणयोः पतिपत्न्योः मिलनं कथं भवति, तद्दर्शयति । 'मिथ्याग्रहणम्' इत्येतस्यां कथायां संशयकारणात् दूरीभूतायाः सख्याः प्रेम्णः पुनः प्राप्तिः वर्णिता । 'मायाजालम्' तथा 'स्वाप्निकव्यामोहः' इत्यस्मिन् कथाद्वये भारतीयसंस्कृतेः वैशिष्ट्यं पश्यामः । 'विधवोद्वाहसंकटम्' इत्यस्यां कथायां 'क्व गन्तव्यं कश्च सहायः याचितव्यः' इत्येवंरूपा विधवायाः करुणावस्था चित्रिता खलु । क्षणिकमोहवशात् प्राप्तस्य महतः अनर्थस्य परम्परा 'क्षणिकविक्रमः' इत्यस्यां कथायां दर्शिता, किन्तु अन्ते क्रमनिरासात् आनन्दपर्यवसायिनी एषा कथा । 'मत्स्यजीवी केवलम्' इत्यस्यां जातीयताभावनायाः विदारकं चित्रणं लेखिकया कृतम् ।

एवांविधाः विविधविषयाधारिता एताः पञ्चदशकथाः मुम्बापुरी-काश्मीर-अबू-महाबलेश्वरादीनां निसर्गरमणीयानां स्थानानां पार्श्वभूमौ आलिखिताः । अत्रस्थं काश्मीरवर्णनम् अप्रतिमं खलु । अत्र विविध-धर्मीयाणां, विविधस्तराणां, विविधपात्राणां चित्रणं याथातथ्यम् । विवाहिता-परित्यक्ता-विधवा-पतिव्रता-अभिसारिका-इत्यादिषु विविधा-

वस्थासु स्त्रीहृदयस्य आकुलता क्षमादेव्या समर्थतया सहृदयतया च आविष्कृता । विषय-आशय-तन्त्रदृष्ट्या अत्रस्थाः कथाः लक्षणीयाः । स्वदेशस्य तथा स्वसंस्कृतेः अभिमानः क्षमादेव्याः साहित्यस्य वैशिष्ट्यं भवति।

क्षमादेव्याः पद्यात्मक-कथासंग्रहद्वयं मया अत्र केवलं निर्दिश्यते ।

## (आ) कथा-पञ्चकम्

अस्मिन् संग्रहे अंतर्भूताः 'बालिकोद्वाहसङ्कटम्', 'गिरिजायाः: प्रतिज्ञा', 'हरिसिंहः', 'दन्तकेयूरम्', 'असूयिनी' इत्येताः पञ्च कथाः क्षमादेव्या प्रथमं आंग्लभाषायां प्रकाशिता । अनन्तरं संस्कृतभाषाविषये प्रेमोत्पादनं तथा आधुनिकतन्त्रेण कथाप्रस्तुतिकरणं इत्येताभ्यां प्रयोजनाभ्यां तया एताः कथाः संस्कृतभाषायामपि विरचिताः ।

## (इ) ग्रामज्योतिः

अयं क्षमादेव्याः अपरः पद्यात्मकः कथासंग्रहः । तस्मिन् स्वातन्त्र्य-युद्धकाले गुर्जरप्रान्तस्थानां ग्रामवासिनां त्यागं चित्रयन्त्यः 'रेवा', 'कटुविपाकः', 'वीरभा' इत्येताः सत्यकथाः भवन्ति । अत्रापि क्षमादेव्याः राष्ट्रभक्तिः आधुनिकताप्रीतिः, सामाजिकी विचारसरणिः-इत्यादीनां गुणानाम् अवश्यं प्रत्ययः आयाति ।

## (ई) संस्कृत-कथा-तरङ्गिणी (१९७०)

जबलपुरस्थः गोविन्द विश्वास भावे अस्य संग्रहस्य कर्ता । अस्यां तरङ्गिण्यां सप्तविंशतितमाः तरङ्गाः नाम 'शालग्रामापहरणम्', 'इक्षुमंत्रः', 'मित्रस्य निकषा विपद्' इत्यादयः सप्तविंशति कथाः विद्यन्ते। कथास्वेतासु काश्चित् लेखकेन बाल्यदशायां मातृमुखाच्छ्रुताः, काश्चिदपराः ग्रामीणजनमुखेभ्यः आकर्णिताः, द्वित्रास्तु पुनः प्रत्यक्षमनुभूताः। प्रत्येककथायाः आरम्भे तथा अन्तेऽपि कथासूत्रसूचकः तथा कथातात्पर्य निवेदयन् एकैकः श्लोकः भवति । अत्र एष ग्रन्थः पञ्चतन्त्रपरिपाटीम् अनुसरति । समयानुसारं कथाविषयपरिवर्तनं संजातम्। '[illegible] (धर्मवीरह) [illegible]' इत्यस्याम्

कथायां लेखकेन कथितः स्वानुभवः हास्यजनकः खलु- ''वैद्यराजस्य कथनानुसारं सः वृद्धः वरपितुः कुक्षौ प्रतिघटिकम् उष्णतामापकं यन्त्रं समानीय निखिलां रात्रिं जागरणम् अकरोत् । सूर्योदये यदा ज्वरः अपगतः तदा सः अवदत्, 'अहो, किं वक्तव्यम् ? यदा अखिलरात्र्यां घटिकायां वरपितुः कुक्षावुष्णतामापकं यन्त्रं मयाऽदीयत अतः प्रातः तदुष्णतामानं क्षीयमाणमभवज्ज्वरश्चापि तद्यंत्रस्पर्शवशान्नष्टोऽभवन्नूनमिति ।'-वराको वृद्धो नाजानात् यद् ज्वरनाशः सर्वौषधिपरिणामाददृश्यत । उष्णतामापकः केवलं उष्णतामापनं प्रदर्शयेन्न पुनर्ज्वरं नाशयेदुष्णतां वा न्यूनाधिकां कुर्यात् ।''

अस्मिन् विंशतितमे शतकेऽपि बाणशैलीमनुसरन्तीं रचनां कर्तुं समर्थः अयं लेखकः । उदा० वरपिता अकस्मात् हिमज्ववरेण पीडितः इति वार्ता प्रासरत् सर्वत्र- ''वार्तेयं क्षीरपाकसिद्ध्यर्थं चुल्ल्युपरि परिस्थापित-दुग्धकटाहे लवणकणपतनमिव, कमलिनीषु शिशिराघात इव, पर्वतेष्विन्द्र-वज्रप्रहार इव हीरकाणामुपरि तद्भञ्जकमत्कुणपातस्यापात इवोभय-पक्षीयाणां मनसां तापकारिण्यभवत् ।''

## (उ) ललितकथाकल्पलता (१९७६)

विरचयिता-गोस्वामी हरिकृष्ण शास्त्री । अत्र 'साकार स्वप्नः','फलत्यहो लक्षगुणं श्रमार्जितम्', 'बलिष्ठो लभते जयम्', 'हृदयसम्राज्ञी' इत्यादयः पञ्चदशकथाः अन्तर्भूता भवन्ति । कथानाम् स्वरूपं विविधप्रकारकम् । इदानीं भौतिकपरिवर्तनेन समं कथागताः प्रतिमाः, उपमाः अपि परिवर्तिताः । उदा०

१- कण्ठस्तु ध्वनिविस्तारकयन्त्रमिवाचरति च ।

२- यदा हि बालः पर्याप्तं यथेष्टं वा दुग्धं न लभते, तथा सः क्षणं मौनः सन्, पुनस्तथैव 'ग्रामोफोन' नाम्नो वाद्यस्य संगीतरिजीष (रेकॉर्ड) इव स्वसंगीतं पुनः प्रावर्तयत ।

३- स्वरस्य तीव्रतायास्तु हारमोनियम्वाद्यस्य तारसप्तकस्थ-पञ्चमस्वरोऽपि लज्जते स्म ।



ग्रन्थस्य भाषा सालंकृता, ओजोगुणवती सरणिः, तथापि

नातिकठिना। अयं कथासंग्रह उल्लेखनीयः खलु ।

## २- भाषान्तरितं-रूपान्तरितं कथासाहित्यम्

स्वतन्त्रकथाकक्षस्य अपेक्षया अयं कक्षः समृद्धतरः दृश्यते ।

एतत्तु सर्वविदितमेव यत् भारते गान्धिमहात्मेव रूसदेशे महात्मा टॉलस्टॉयः अभिपूज्यते । तेन प्रायः सर्वासु एव भाषासु तत्साहित्यम् अनूदितम् । संस्कृतभाषाऽपि न अपवादः अस्मिन् विषये । अस्मिन् कथाविभागे टॉलस्टॉय-कथानां द्वौ कथासंग्रहौ वर्तेते ।

### (अ) टॉलस्टॉय-कथासप्तकम्

भाषान्तरकारः डॉ० भागीरथप्रसादत्रिपाठी नाम 'वागीश' शास्त्री । चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, १९७० । अस्मिन् कथासंग्रहे 'त्रयो योगिनः', 'ननु भवेद् विलम्बो नैवान्यायः', 'कियती भूः' इत्यादयः सप्त कथाः अनूदिताः। अत्र संकलिताः कथाः न केवलं रोचकाः अपि तु वाचकानां मार्गदर्शिका अपि। इमाः कथाः श्रीशास्त्रिणा तादृश्या शैल्या भाषया च समुपन्यस्ताः यथा तास्तस्य मौलिक्यः रचनाः प्रतिभासन्ते। मूलकथासु टॉलस्टॉयेन प्रतिकथं धर्मतत्त्वं नीतितत्त्वं वा निहितं भवति। अतः श्रीशास्त्रिणा तत्र तत्र गीतोपनिषदादिवचनानि समुद्धृतानि सन्ति। एतानि परदेशीयानि आख्यानानि भाषान्तरकर्त्रा अत्र ईषद् दैशिकीकृतानि। उदा० 'ननु भवेद् विलम्बो नैवान्यायः' इत्यस्याम् कथायाम् 'ईवान दीमित्रिच अक्षयानक' एतन्नामको युवा अत्र भाषान्तरे 'हरिवंशपाल' इति नाम्ना समुल्लिखितः, 'मकार सेम्योनिच' इति अपरः 'बलराम' इति नाम्ना उल्लेखितः। प्रतिकथायाः अन्ते गीता-पञ्चतन्त्र-हितोपदेशादिभ्यः ग्रन्थेभ्यः साररूपाः श्लोकाः उद्धृताः। एता कथाः अयोध्यातः प्रकाश्यमानायां ''संस्कृतम्'' इति साप्ताहिकपत्रिकायां प्रकाशिता आसन् ।

### (आ) टॉल्स्टॉय कथा-दशकम्

व्याकरणवेदान्तशिरोमणिना कौण्डिन्य वेङ्कटेश्वर-सुब्रह्मण्य शास्त्रिणा प्रणीतमेतद् । अत्र टॉलस्टॉय-कथासंग्रहात् भाषान्तरिता 'वृथा क्रोधः',

'यत्र प्रेम तत्रेश्वरः', 'वृद्धौ', 'प्रश्नत्रयम्', 'देवपुत्रः', 'भ्रातरौ', 'मूढ इवानः', 'मुनित्रयम्', 'विश्रान्तिसदनम्', इत्याद्याः दश कथाः वर्तन्ते । अत्र प्रतिकथायाः आरम्भे कथायाः तात्पर्यं सारो वा श्लोकरूपेण प्रदत्तः पञ्चतन्त्रमनुसृत्य, सरलया भाषया - 'परं तस्याः उपदेशः बधिरकर्णजापसदृश एवाभवत्'-(कथा १-पृ० २) इत्यादयः वाक्यप्रयोगाः सम्यक् उपयोजिताः ।

## (इ) षेक्स्पियर-नाटककथा-चतुष्कम्

एतत् पुस्तकमपि कौण्डिन्य वेङ्कटेश्वर-सुब्रह्मण्यशास्त्रिणा प्रणीतम्, भारतीयशासनसय शिक्षणमंत्रालयस्य आर्थिक-साहाय्येन तेनैव प्रकाशितम्। अस्मिन् पुस्तके आंग्ल-साहित्यसम्राजः शेक्सपियरस्य 'The Merchant of Venice','The Tempest','The Winter's Tale' & 'The Taming of the shrew ' इत्यस्य नाटक-चतुष्टयस्य कथासारं 'वेनिस् नगरवणिक्', 'विनयनम्', 'हेमन्तकथा', तथा 'प्रकंपनः' इत्यस्मिन् नाटककथाचतुष्टये सुलभ-मधुर-संस्कृतभाषायां निवेदितमस्ति। नाटकानां सर्वविश्रुतत्वात् तेषां कथासारः सर्वविदित एव । कथासारनिवेदने नाटकगतं मूलं वातावरणं तथा नामानि अपि रूपान्तरकर्त्रा अपरिवर्तितानि । एतादृशैः ग्रन्थैः संस्कृतसाहित्यं समृद्धतरं कृतं खलु ।

(ई) कथामञ्जरी (१९५७)

श्रीअरविन्दाश्रमस्थायाः श्रीमातुः '(Belles Histories) वेल्ल्जिस्त्वार' समाह्वयस्य फ्रेंचभाषापुस्तकस्य संस्कृतरूपान्तरमेतद् । अनुवादकर्ता अरविन्दाश्रमस्य श्रीजगन्नाथः । कथामञ्जरीगताः कथाः न मनोरञ्जनमात्रप्रयोज़नाः किन्तु सद्गुणप्रेरणा-प्रदानसमर्थाः तथा विद्यार्थिनां चरित्रनिर्माणे उपयोगिन्यश्च सन्ति । लेखिकायाः एव श्रीमुखतो विनिर्गता वाग् विवृणोत्यासां रहस्यम्-'एतासां कथानां संकलन-स्योद्देश्यमिदमेव यदेतदनुशीलनेन बालाः स्वात्मानं वेत्तुं सत्यसौन्दर्ययोः सरणिञ्चानुसर्तुं शक्नुवन्तु इति ।'' अतः एतेषां महत्त्वं शाश्वतिकम् । अतश्चैताः सम्यगधीताः जीवनेऽनुशीलिताश्च न केवलं बालानामपि तु सर्वेषामेव श्रेयसे स्युः इति नात्र लेशोऽपि संदेहस्य । अत्र आत्मसंयमः, सत्साहसम्, प्रफुल्लता, स्वावलम्बनम्, धैर्यम्, अध्यवसायः, सरलजीवनम्,

दूरदर्शिता, सत्यनिष्ठा इत्येते विषयाः सुलभ-सरलाभिः अतिलघ्वीभिः कथाभिः उपदिष्टाः । सरलाऽपि अत्रस्था भाषा अतीव सुन्दरा । उदा0 ''सदनमेवाऽस्माकं मानसं यत्खलु वयं यथाकामं शुभ्रं शान्तं सुन्दरं सुमधुरस्वरसमन्वितं वा संविधातुं परिदेवनस्वनैर्विस्वरारावैश्च आकीर्णाम् अन्धकारावृतां भयावहां गुहामिव वा कर्तुं क्षमाः ।''-पृ0 ३

अस्मिन् पुस्तके बालानां सुखबोधाय, सुलभपठनाय अनेकत्र सन्धिरनादृतः । तथा अर्थबोधसौकर्याय पुस्तकस्य अन्ते शब्दकोषः विशेषविवरणञ्च उपन्यस्येते । एतत् शब्दकोषयुत-विशेषविवरणमतीव उपयुक्तं स्यात् ।

## (उ) विपञ्चिका

हिन्दीसाहित्यजगति सुविख्यातस्य मुन्शी प्रेमचंदमहोदयस्य पञ्च-हिन्दीकथानां अनुवादरूपः एष ग्रन्थः । अनुवादकः नागराजः । सुधर्मा-प्रकाशनम्, मैसूर-१९७६ । अत्र 'ज्येष्ठभ्रातृवर्यः', 'रसिकः सम्पादकः', 'धिक्कारः', 'निष्कारणं यशः','लाटरी' इति पञ्च अनूदिताः कथाः अन्तर्भूताः । 'ज्येष्ठभ्रातृवर्यः'-'बडे भाई साहब' इत्यस्याः कथायाः अनुवादः। निरन्तरम् अध्ययने मग्नोऽपि प्रतिवर्षम् अनुत्तीर्णः ज्येष्ठभ्राता--खेलनपरोऽपि कक्षायां प्रथमक्रमाङ्कं लब्धवान् कनिष्ठः भ्राताः इत्यनयोः विनोदपूर्णा एषा कथा, तादृगेव नर्मविनोदयुता अत्र नागराजेन सादरीकृता।

'लॉटरी' इति विषयम् अधिकृत्य, लॉटरीद्वारा पारितोषिकप्राप्त्यर्थं जनैः कृताः महत्प्रयत्नाः, तेषां अत्युच्चाः मनोरथाः, आप्तस्वकीयेषु उत्पन्नं वैरं, अन्ते निराशा-इत्यादिनां लेखकेन कृतं वर्णमतीव हास्योत्पादकं खलु। स्त्रीविषये पक्षपाती किन्तु अन्ते पश्चात्तप्तः रसिकसंपादकः तेन येन कौशलेन चित्रितः, तेनैव कौशलेन बालविधवाविषयम् उद्दिश्य विरचिता 'धिक्कारः' इति करुणकथाऽपि हृदयस्पर्शिनी खलु । अत्रस्थं विषयवैविध्यं, रुचिकरः नर्मविनोदश्च लक्षणीयौ खलु । प्रेमचन्दस्य वाङ्मयं लोकोक्तिप्रचुरम्, किन्तु नागराजेनापि कथानां मूलसौन्दर्यं भाषान्तरे अवतारितम् । ''तस्य रचनानां परिज्ञानाय मम प्रयत्नः प्रांशुलभ्ये फले

वामनस्य यत्नमनुकुर्यात् किल ।'' -पृ0 २.- इत्यादीनां संस्कृत-सुभाषितानां सहजः प्रयोगः अत्र दृश्यते । एतत् पुस्तकं संस्कृतभाण्डारं समृद्धतरं करोति, इति नात्र कापि संशीतिः ।

## (ऊ) कथारत्नाकरः

ग्रन्थकर्ता-बाक् कन्बे । (नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली-६) अस्य ग्रन्थस्य द्वौ तरङ्गौ भवतः । किन्तु मया केवलं द्वितीयस्तरङ्ग उपलब्धः। बृहत्कथाधारितयोः क्षेमेन्द्र-सोमदेवयोः बृहत्कथामञ्जरी-कथासरित्सागरयोः कथांशान् गृहीत्वा रचिताः एताः गद्यकथाः इति स्वयं लेखकेन 'कथारत्नाकरप्रस्तावे' लिखिताभ्यां-

''सोमदेवमभीच्छामि क्षेमेन्द्रं च महाकविम् ।।१।।

वस्तुसारं समुद्धृत्य यदीयकृतितो मया ।

कथारत्नाकरो गद्यमयोऽधुना वितन्यते ।।२।।''

इत्येताभ्यां श्लोकाभ्यां स्पष्टं भवति । अयं कथारत्नाकरः मञ्जुलः, चमत्काराढ्यः, विविधरसवैचित्र्यरुचिरः, संतापापनुदः भवेत्, इति विश्वासः लेखकेन प्रकटीकृतः तत्रैव ।

अस्मिन् द्वितीयतरङ्गे 'दिग्विजयकथा', 'हलभूतिकथा', 'जीमूतवाहनकथा', 'शक्तिवेगकथा', 'सूर्यप्रभकथा', 'कलिङ्गसेनकथा' इति षट्कथाः भवन्ति । अत्र लेखकेन कृतं बाणशैल्याः अनुकरणं स्पष्टमेव। न केवलं दीर्घसमासयुता ओजोगुणवती शैली, अपि तु नैकपृष्ठावधि-विस्तृतानि वाक्यानि अपि पाठकानां सहनशीलतान्तकराणि खलु ।

## (ए) रघुवंशकथामञ्जरी

एषा पुस्तिका डॉ0 जी0 व्ही0 देवस्थलीमहोदयैः मेट्रिकपरीक्षायाः विद्यार्थिनां कृते विरचिता । एतद् रघुवंशस्य गद्यकथासारं भवति ।

## (ऐ) कथासरः

अयं वैशिष्ट्यपूर्णः कथासंग्रहः देववाणीमन्दिरस्य प्रकाशनम् । सम्पादक-श्री0 शि0 नेलापकरः (१९८२) । अत्र 'नर्मभरम्' नाम्नी

भासकवेः कर्णभारनाटकस्य कथा, 'रमते न मरालस्य' इति ऐतिहासिकी कथा, 'प्रतिविष्टस्य भेकस्य' इति ईसापवत् कथा, महापुरुषाणां चरितमनुसृत्य विविधाः कथाः, 'चन्दनपेटिका' वत् चमत्कृतिपूर्णाः कथाः तथा अपराः अपि भाषान्तरिताः-रूपान्तरिताः, विनोदपराः, करुणाः एकोनत्रिंशत्कथाः अत्र संकलिताः । विविधलेखकानां विविधाभिः शैलीभिः विनटितानां विषयवैविध्ययुतानां कथानाम् अयं संग्रहः उल्लेखनीयः खलु।

## (ओ) ईसब्नीतिकथाः

आबालवृद्धेषु लोकप्रियस्य Aesop's Fables इत्यस्य ग्रन्थस्य, सदाशिव काशीनाथ चितळेकृतस्य मराठी अनुवादस्य एतत् संस्कृतं भाषान्तरं विद्यते, नारायण बालकृष्ण गोडबोले इति भाषान्तरकर्त्रा द्विभागयोः कृतम् । (पाण्डुरङ्ग जावजी प्रकाशनम् । १९२३) प्रथमभागे षष्टि-यावत् कथानामनुवादः तथा द्वितीये भागे एकषष्टितः शताधिकपञ्च त्रिंशत्तमाः (१३५) कथाः अनूदिताः विद्यन्ते । वस्तुतः आबाल- वृद्धानां कृते वर्तमानस्य अस्य ग्रन्थस्य भाषा सरल-सुबोधा अपेक्षिता आसीत् । किन्तु भाषान्तरकर्त्रा स्वपाण्डित्यप्रदर्शनाय कोकिलकृते 'गातुः', वृद्धकृते 'जीनः', यमकृते 'शमनं', सिंहकृते 'पुण्डरीकः', शिवाकृते 'फेरवी' इत्यादीनां केवलं कोषगतानां शब्दानां हेतुतः प्रयोगाः कृताः इति प्रतीयते। एतेषाम् अपरिचित-दुर्बोध-शब्दानाम् उपयोजनात् तथा तृतीय-भूतकालवाचकक्रियापदानां प्रयोगात् कथाः एताः अपरिहार्यत्वेन दुर्बोधाः संजाताः । किन्तु अस्य शतकस्य प्रथमचरणे अस्य पुस्तकस्य निर्मितिः संज्ञाता । तदा संस्कृतं पण्डितानां भाषा मन्यते स्म । अतः अधिकाधिकं पाण्डित्यप्रदर्शनम् आवश्यकमेव आसीत् । अतः तत्कालं विचार्य नैतद् दोषकरं भवेत् ।

## (औ) कथाशतकम्

म्हैसूरतः एस0 वेंकटरामशास्त्रिणा विविधप्रादेशिकभाषाभ्यः संस्कृते अनूदिताः शततमाः कथाः प्रस्तुतपुस्तके संगृहीताः । (श्री0 भा0 वर्णेकर, अर्वाचीन संस्कृत साहित्य, पृ0 २३७ )

## (अं) श्रीश्रीरामकृष्णकथामृतम्

श्रीरामकृष्णपरमहंसानां शिष्येण श्रीमहेन्द्रनाथेन विरचितः अयं पञ्चखण्डात्मकः ग्रन्थः जगति नैकासु भाषासु भाषान्तरितः । तस्य प्रस्तुतसंस्कृतानुवादः श्रीजगन्नाथस्वामिना कृतः भवति । (शिरोमणि मुद्राशाला, ब्रह्मपुरम्, उत्कलक्षेत्रे मुद्रितः, १९५१) । (श्री0 भा0 वर्णेकर, अर्वाचीन संस्कृत साहित्य, पृ० २३९)

इदानीं तृतीयं विभागं प्रविशामः वयम् ।

# ३- बालकथासाहित्यम्

## (अ) बालनीतिकथाः-अष्टभागाः

रचयिता-वैद्यः, रामस्वरूपशास्त्री । सम्पा0 नन्दनन्दनसनाढ्यः । बालसंस्कृतम् प्रकाशनम्, मुबई-७७. । अस्य प्रथमभागस्य प्रस्तावनारूपे अधोनिर्दिष्टे श्लोके लेखकेन स्वभूमिका स्पष्टीकृता-

''श्रियां नाथं नमस्कृत्य नत्वा च सुरभारतीम् ।

कथये शिष्यबोधाय बालनीतिकथाः प्रियाः ।।''

'बालनीतिकथाः' इत्येतत् पुस्तकशीर्षकं प्रथमदर्शने एव सूचयति यत् एताः कथाः नीतिकथास्वरूपाः तथा बालकानां कृते विरचिता भवन्ति। नीतिकथानां प्रयोजनमनुसृत्य 'शिष्यबोधः' नाम बालकानाम् उपदेश-करणमेव अत्रापि उद्दिष्टं, इति कविना स्पष्टतया निर्दिष्टम् । सतीष्वपि नीतिकथासु, एताः कथाः बालकानां प्रियाः, मनोरंजनपरा भविष्यन्ति इति स्वविश्वासोऽपि तेन प्रकटीकृतः । कुतः प्राप्ताः एताः कथाः इति लेखकेन यद्यपि न निर्दिष्टम्, तथापि ताः कथाः पठिताः, श्रुताः, परिचिताः इति अवगम्यते । भाषा अतीव सरला । प्रतिकथायाः अन्ते कथायाः तात्पर्य निवेदयन् एकैकः सुभाषितरूपः, पठनसुलभः श्लोकः प्रदत्तो भवति । एताः कथाः बालकानाम् अवश्यं रुचिकराः तथैव उद्‌बोधकाः अपि भविष्यन्ति।

## (आ) नीतिकथाभाण्डारम्



एतत् पुस्तकं बालसाहित्येन प्राप्तः बहुमूल्यः उपहारः भवति । श्री

ए0 एन्0 भट्टस्य नीतिकथाभाण्डारात् पं0 राजनाथ द्विवेदी-महोदयेन संस्कृतभाषा-परिवर्तिताः एताः शतसंख्याकाः कथाः 'सुधर्मा'-दिनपत्रिकायां प्रकाशं गताः आसन् । अत्रस्थाः सर्वाः कथाः हृदयावर्जकाः, बालकैः अवश्यम् अध्येतव्याश्च । विहंगमावलोकनेनापि लक्ष्यते यत् मानव-पशु-पक्षिविषयकाः लघुतमाः, केवलं गद्यमय्याः एता कथाः । 'नीतिकथाभाण्डारम्' इति सार्थम् अभिधानम् ।

## (इ) रंजनकथामाला-प्रथमं पुष्पम्

लेखिका-डॉ0 कमल अभ्यंकर । देववाणीमन्दिरप्रकाशितम् । संस्कृत-भाषां लोकप्रियां कर्तुं, तथा 'संस्कृतभाषा क्लिष्टा, कठिना' इति तद्विषयकं भयं दूरीकर्तुम्, सरल-संस्कृतभाषायां विरचितानां विविधविषया-धारितानां तथा लोककथाधारितानां त्रिंशत्-कथानाम् अयं संग्रहः प्रस्तुत-निबन्धलेखिकायाः विनम्रः प्रयत्नः भवति । न केवलं बालानाम्, अपि तु सर्वेषामेव अयं संग्रहः रुचिकरः भवेत्, इति विश्वासः ।

## (ई) सुबोधकथासंग्रहः

ता0 द0 मंडलिक इत्यस्याः लेखिकायाः अयं कथासंग्रहः देववाणी-मन्दिरस्य प्रकाशनम् । अत्र हितोपदेशस्थाः एव द्वादशकथाः सरलभाषायां केवलं वर्तमानकाले सादरीकृताः । अतः बालानां कृते ताः सत्यमेव सुबोधा भवेयुः ।

## (उ) बालकथाकुञ्जः

'श्रीरामसुधासंस्कृतनिधि' द्वारा प्रकाशितम् श्री0 वेलणकर-महोदयानां एतद् लघु कथापुस्तकम् । कविना कुत्रापि श्रुतानां विविध-भाषासु पठितानां सप्तत्रिंशत् कथानाम् अयं सरलसरलः संग्रहः बालानां कृते कृतः ।

## (ऊ) बालसाहित्यसरिता-प्रथमा वीचिः

श्रीमती प्रमिल पारेख-विरचिते अस्मिन् कथापुस्तके प्रायः ईसापनीति-कथानां रूपान्तरस्वरूपाः सप्तदशकथाः ग्रथिताः भवन्ति ।

अयम् अस्य निबन्धस्य निष्कर्षः यत्, 'अपि अस्मिन् विंशतितमे

शतकेऽपि संस्कृतसाहित्यनिर्माणं भवति ?' इत्यस्य प्रश्नस्य एवं सुसष्टम् उत्तरम्,यत् अधुनापि शतशः संस्कृतग्रन्थानां निर्माणं भवति-तत्र कथा-साहित्यमपि विपुलम् । स्वतन्त्रं कथासाहित्यमपि महत् । समयपरिवर्त-नानुसारं विषयाः, प्रतिमा, उपमा अवश्यं परिवर्तिताः । तत्र आधुनिकतन्त्रस्य प्रयोगाः अपि दृश्यन्ते ।

भाषान्तरितं-रूपान्तरितं साहित्यं तु सुविपुलमेव । तत्र हिन्दी-मराठी प्रभृतिभ्यः न केवलं भारतीयभाषाभ्यः एव, अपि तु आंग्ली-फ्रेंच-रूसी-आदिभ्यः परदेशभाषाभ्यः अपि भाषान्तराणि जातानि । तैः संस्कृत-कथाभाण्डारं सुसमृद्धं संजातम् । भारतीयं वातावरणं संस्कृतभाषायाः सौंदर्यं कविभिः तत्र रक्षितम्, अवतारितम् इति प्रतीयते ।

बालकथासाहित्यनिर्माणमपि अविरतं यस्य वर्तमानकाले नितान्ता आवश्यकता वर्तते । एतद् तु उल्लेखनीयम् यत् 'गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति' इति कवित्वस्य निकषः संप्रति परिवर्तितः ।

# बीसवीं शताब्दी का संस्कृत कथा साहित्य

डॉ0 लीना रस्तोगी

सर्वविदित है कि काव्यास्वादन से प्राप्त आनन्द को 'ब्रह्मानन्दसहोदर' कहा गया है । उस काव्य का निकष माना गया है गद्यविधा को- 'गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति।' आज के मापदण्ड के अनुसार गद्य में सर्वप्रिय विधा है 'कथा'; अतएव प्रस्तुत निबन्ध में उसी का परामर्श है ।

बीसवीं सदी के संस्कृत कथा-साहित्य का सर्वेक्षण करने से पूर्व, प्राचीन साहित्य शास्त्रियों द्वारा की गयी गद्य की परिभाषा जानना अनुचित न होगा। साहित्यदर्पणकार ने मुक्तक, वृत्तगन्धि, उत्कलिकाप्राय तथा चूर्णक ये चार विधायें गद्य में गिनायी हैं। उन्होंने गद्य की परिभाषा की है- ''वृत्तबन्धोज्झितं गद्यम्'' । काव्यादर्शकार गद्य के प्राणभूत तत्त्व के रूप में कहते हैं, ''ओजःसमासभूयस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्।'' ''वृत्तरत्नाकर'' में ''दण्डक'' नामक गद्यप्रकार का भी उल्लेख है, और वृत्तरत्नाकर के टीकाकार नारायण ने दण्डक के कई उपभेद भी दर्शाये हैं । बारहवीं शती के पुरान्तक ने ''श्यामलादण्डक'' नामक एक अन्य गद्यप्रकार की सृष्टि की, तो उन्नीसवीं शती के कृष्णम्माचार्य ने ''कोमलादण्डक'' की । फिर चूर्णिका, तूणक आदि कई अन्य गद्य प्रकार भी संस्कृत अध्येता के दृष्टिपथ में आते हैं ।

अब यह तो सुस्पष्ट है कि बीसवीं शती का गद्य उपरिनिर्दिष्ट सभी प्रकारों से बहुत दूर है । आज निबन्ध, उपन्यास, चरित्र, यात्रावृत्त, शोधपत्र, रिपोर्ताज तथा दीर्घ और लघु कथा आदि से गद्य साहित्य व्याप्त है और ''कथा'' की आज की संकल्पना भी पुरानी कथा या आख्यायिका से भिन्न है । प्राचीन काल में चारुमती (वररुचि) तरङ्गवती (श्रीपालित), मालती (हरिश्चन्द्र), शृङ्गारमञ्जरी (भोज) आश्चर्यमञ्जरी (कुलशेखर), मृगाङ्कलेखा (अपराजित) आदि आख्यायिकाओं का निर्देश मिलता है । पातञ्जलभाष्य में भी 'वासवदत्ता' 'सुमनोत्तरा' आदि आख्यायिकाएँ उल्लिखित हैं । फिर पञ्चतन्त्र, हितोपदेश या कथासरित्सागर सदृश रचनाओं में 'कथा' के बीज अवश्य मिलते हैं, परन्तु आज की कथा का ढाँचा इन पुरानी कथाओं से बहुत कुछ भिन्न है ।

वस्तुतः आधुनिक संस्कृत साहित्य का सर्वेक्षण ही दुष्कर है, संकलन तो बहुत

दूर है । अधिकांश संस्कृत रचनाएँ अप्रकाशित हैं । कुछ तो रचयिताओं की ''स्वान्तःसुखाय'' रचना करने की सङ्कोची प्रवृत्ति तथा कुछ प्रकाशन सुविधा या वितरण-सुविधा का अभाव इस साहित्य को सर्वपरिचित होने से रोकता आया है । जो रचनायें प्रकाशित हैं भी, वे या तो पुस्तकालयों में उपेक्षित पड़ी हैं या पण्डितों के घरों में कैद । फिर इतने विशाल, खण्डप्राय देश के एक कोने में प्रकाशित साहित्य दूसरे कोने तक उपलब्ध होने की सम्भावना भी क्षीण सी ही हैं । अतः इस लेख को परिपूर्ण नहीं कहा जा सकता । हो सकता है कइयों की कथाओं का समावेश इस लेख में न हो, परन्तु हर प्रान्त से उपलब्ध कथासाहित्य का विमर्श इसमें यथाशक्ति किया गया है ।

आधुनिक संस्कृत साहित्य का अध्ययन करते समय विदित होता है कि ललित रचनाकर्मियों का स्वाभाविक रुझान कथा लेखन की अपेक्षा नाटक या कविता (महाकाव्य, गीतिकाव्य या कविता सङ्कलन) की ओर अधिक है । उदाहरण के तौर पर, हरियाणा में २७ गुरुकुल हैं, अनेक संस्कृत पाठशालाएँ हैं, जहाँ प्राचीन प्रणाली द्वारा प्राचीन संस्कृत एवं संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखा गया है । वहाँ अनेक शोध निबन्ध-विशेषतः व्याकरणशास्त्र पर लिखे गये, छन्दोबद्ध चरित्र ग्रन्थ लिखे गये, कुरान का संस्कृत अनुवाद भी (सत्यदेव शास्त्री) किया गया, किन्तु कथालेखन की ओर घोर उपेक्षा दीखती है ।[१] 'मध्यप्रदेश में, जहाँ संस्कृत विद्वानों-रचयिताओं की कोई कमी नहीं', जहाँ डॉ0 हसूरकर, प्रो0 श्रीनिवास रथ, डॉ0 कवठेकर, डॉ0 चतुर्वेदी, डॉ0 भास्कराचार्य त्रिपाठी आदि प्रतिभाशाली बसते हैं, जहाँ केन्द्रीय साहित्य अकादमी का पुरस्कार भी मिला है[२], वहाँ कथालेखन के प्रति कोई विशेष रुचि नहीं दीखती[३] । हाँ वहाँ भी उपन्यास अवश्य लिखे गये, जिनमें श्रीनाथ हसूरकर (श्रीपादशास्त्री के सुपुत्र) के पाँच[४] उपन्यास सुविख्यात हैं ।

उत्कल प्रदेश में भी यही दीखता है । वहाँ संस्कृत में कवितायें, नाटक, एकांकिकाएँ, चरित्रग्रन्थ आदि तो अनेकों रचे गये किन्तु गद्य में डॉ0 केशवचन्द्र दाश के उपन्यास (शीतलतृष्णा) के अतिरिक्त कोई विशेष मौलिक गद्य रचना दृष्टिपथ में नहीं आती । पत्रिकाओं में यत्र तत्र कुछ लघुकथायें हैं, परन्तु वे भी उल्लेखनीय नहीं । जिस उत्कल से छः संस्कृत पत्रिकाएँ निकलती हों,जहाँ से कई साहित्यसर्जकों की पचास के आसपास मौलिक संस्कृत रचनाएँ केवल विगत चालीस वर्षों में प्रकाशित हुई हों,[५] उस प्रदेश में कथा लेखन के प्रति उदासीनता समझ में नहीं आती । पश्चिम् बंगाल में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है । बीसवीं शती में बंगाल में दो सौ के लगभग संस्कृत पुस्तकें लिखीं गयीं । कालिपद तर्काचार्य, हेमन्त कुमार तर्कतीर्थ, यतीन्द्रविमल चौधुरी, विश्वेश्वर विद्याभूषण, रमा चौधुरी, विष्णुपद भट्टाचार्य आदि अनेक स्वनामधन्य संस्कृत रचयिता वहाँ हुए, परन्तु कथा की अपेक्षा उनकी रचनायें नाटक या काव्य के रूप में ही हैं[६]। हो सकता है, गीर्वाणवाणी की

सहज-प्रवृत्ति ही छन्दोमयी हो, लयबद्धता के प्रति देवभाषा का स्वाभाविक रुझान हो।

आज देश के प्रत्येक प्रान्त से कई संस्कृत पत्रिकायें निकल रही हैं। उन में यथावकाश कथायें, वैचारिक लेख, कविताएँ आदि छप रही हैं। इस के अतिरिक्त राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, देववाणी-परिषद् (दिल्ली), राजस्थान संस्कृत अकादमी (जयपुर), भारतीय विद्याभवन (मुम्बई) आदि संस्थायें भी निरन्तर नवनवीन संस्कृत पुस्तकों का प्रकाशन करती जा रही है। कथालेखन के सन्दर्भ में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तथा महाराष्ट्र में स्थिति बहुत उत्साहवर्धक एवं सन्तोषजनक है। अकेले राजस्थान[७] में ही बीसवीं शती में निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार कथासृष्टि हुई :

| लेखक का नाम | कालखण्ड | विशेषताएँ | रचना |
|---|---|---|---|
| (१) सूर्यनारायण शास्त्री जयपुर | १८८३-१९६१ | व्याख्यान-वाचसपति, साहित्यभूषण | कई लघु कथाएँ, संस्कृत-रत्नाकर में |
| (२) गिरिधरशर्मा चतुर्वेदी जयपुर | १८८९-१९६६ | विद्वत्शिरोमणि, कवीश्वर, भारत सरकार से सम्मानित, | पितुरुपदेशः, कश्चित्कविः आदि कथाएँ |
| (३) हरिनारायण शास्त्री जयपुर | १८८३ | आम्नायधुरन्धर, आगमरत्न, कवि-भूषण आशुकवि | सं०रत्नाकर तथा भारती में लघुकथाएँ |
| (४) मथुरानाथ शास्त्री जयपुर | १८८९-१९६४ | कविसार्वभौम, साहित्यवारिधि | सं० रत्नाकर तथा भारती में पचास कथाएँ 'कथानिकुञ्ज' प्रसिद्ध |
| (५) गिरिधरलाल व्यास उदयपुर | १८९३ | राजस्थान सं अकादमी से पुरस्कृत | ''भारती'' में कई कथाएँ |
| (६) गणेशराम शर्मा डूँगरपुर | १९०८-१९८० | अनेक भाषाविद् | ''कथाकुञ्ज'' प्रसिद्ध |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (७) बुद्धिचन्द्र शास्त्री जयपुर | १९०४-१९६४ | | 'भारती', सं0 रत्नाकर में लघु-कथाएँ |
| (८) हरिकृष्ण गोस्वामी जयपुर | १९११- | राजस्थान सं0 अकादमी से पुरस्कृत | ''ललित-कथाकल्पलता'' प्रकाशित |
| (९) दीनानाथ त्रिवेदी ''मधुप'' जयपुर | १९१४-१९८३ | | ''भारती'' पत्रिका में कई लघुकथाएँ |
| (१०) नारायण शास्त्री काङ्कर जयपुर | १९३० | विधावारिधि राजस्थान में पुरस्कृत | कई कथाएँ प्रकाशित |
| (११) डॉ0 पुष्करदत्त शर्मा बीकानेर | | | कई कथाएँ प्रकाशित |
| (१२) डॉ0 शिवसागर त्रिपाठी जयपुर | १९३४ | उ0 प्र0 शासन, राजस्थान सं0 अकादमी तथा वाराणसेय वि0 से पुरस्कृत | आकाशवाणी से कई कथाएँ प्रसारित ''कथापन्चगव्यम्'' प्रकाशनाधीन |
| (१३) पद्मशास्त्री, व्यावर | १९३५ | | ''भारती'' में कई कथाएँ |
| (१४ ) मधुकर शास्त्री जयपुर | प्राच्यविद्या संस्थान (कोटा) में अधिकारी | | अनेक कथाएँ प्रकाशित |
| (१५) डॉ0 नन्दकिशोर गौतम जयपुर | | | सामाजिक समस्याओं पर आधारित कथाएँ |
| (१६) शिवदत्त शर्मा | | | ''अभिनव-कथानिकुञ्ज'' प्रकाशित |
| (१७) कात्यायनीदत्त शाण्डिल्य | | | अनेक कथाएँ प्रकाशित |

बीसवीं सदी में संस्कृत की श्रीवृद्धि की दिशा में भारत का उत्तर विभाग भी कम स्फूर्तिप्रद नहीं । वहाँ से भारतोदय (ज्वालापुर), परिजातम् (कानपुर) अर्वाचीनसंस्कृतम् (नयी दिल्ली)सङ्गमनी त्रैमासिक (इलाहाबाद), गाण्डीवं, संस्कृतामृतम्, सर्वगन्धा (लखनऊ), व्रजगन्धा आदि कई संस्कृत नियतकालिक पत्रिकाएँ निकलती हैं, जिनमें नित्य नये नये संस्कृत रचयिता प्रकाश में आ रहे हैं। कानपुर की डॉ० श्रीमती नलिनी शुक्ला का कथासङ्ग्रह ''कथासप्तकम्'', प्रयाग के अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र का कथासङ्कलन ''इक्षुगन्धा'' तथा डॉ० रामकिशोर मिश्र, मेरठ द्वारा लिखित ''किशोरकथावलिः'' इसके सशक्त परिचायक हैं कि संस्कृत की प्रवाहिता अक्षुण्ण रखने में उत्तर प्रदेश सदैव कृतिशील रहा है । डॉ० प्रशस्यमित्र शास्त्री (रायबरेली) सदृश लेखक सिद्ध करते हैं कि हास्य-व्यङ्ग्य विधा में भी संस्कृत लेखक पीछे नहीं है । ''संस्कृतामृतम्'' में उनकी कई विनोदी कथाएँ एवं स्फुट हास्य-पद्य छपते आये हैं।

महाराष्ट्र में सुरभारती (बम्बई), बालसंस्कृतम् (मुम्बई) संस्कृतभवितव्यम् (नागपुर), भारतवाणी (पुणे), शारदा (पुणे) आदि कई संस्कृत पत्रिकाएँ नियमित रूप से निकलती हैं, जिनमें आधुनिक विषयों पर लिखी कथाएँ हम पढ सकते हैं। इस दिशा में नागपुर के ''संस्कृतभवितव्यम्'' साप्ताहिक का बहुत योगदान है । डॉ० श्री० भा० वर्णेकरजी के सम्पादन में यह साप्ताहिक १९५० में प्रारम्भ हुआ । संस्कृतभवितव्यम् के कथाविशेषाङ्क विशेष रूप से उल्लेखनीय है । विशेषतः सन् १९५४ का ''संस्कृतविश्वपरिषद्विशेषाङ्क'', सन् १९५७ का ''उपनिषत्कथा-विशेषाङ्क'', सन् १९६१ का ''दीपावलिविशेषाङ्क,'' सन् १९७७ का ''दीपावलि-विशेषाङ्क'' तथा १९८० का ''लघुकथाविशेषाङ्क'' बहुत ही आकर्षक एवं वाचनीय बन पड़े हैं । ''संस्कृत-भवितव्यम्'' ने समय समय पर संस्कृतलघुकथा-प्रतियोगिताएँ भी आयोजित कीं, जिनमें भारत के कई प्रदेशों के प्रतिभावान् संस्कृत रचयिताओं ने सहभाग लिया। कहानी-प्रतियोगिता का यह प्रयास सचमुच बड़ा लाभकारी रहा ।

बीसवीं शती के कथा साहित्य के अध्ययन के पश्चात् कुछ तथ्य सामने आये। इस युग का परिवेश बदल रहा है । रस-परिपोष से अधिक महत्ता आज कथावस्तु को प्राप्त हुई । आज रुचि अलङ्कृत भाषा की नहीं, अपितु सरल, सुबोध शब्दावली में गुँथी संविद्धारा (Stream of consciousness) की है । वर्तमान विचारधारा अस्तित्ववाद एवं वास्तववाद में आस्था रखती है, और इस सब का सम्मिलित प्रभाव बीसवीं शती की संस्कृत कथाओं पर अटल रूप से दिखाई देता है ।

कालखण्ड की दृष्टि से (Chronologically) देखा जाये तो बीसवीं शती के पूर्व के गद्यलेखक बाणभट्ट की शैली से प्रभावित मालूम पड़ते हैं । उनके विषय भी मौलिक न होकर परजीव्य थे-जैसे ढुंढिराज व्यास की ''अभिनवकादम्बरी'', व्ही०

अनन्ताचार्य की ''चन्द्रापीडचरितम्'' आर0 व्ही0 कृष्णम्माचार्य का ''हर्षचरितसार'' अथवा अहोविल नरसिंहकृत ''त्रिमूर्तिकल्याणम्''. इत्यादि । किन्तु यह सारा गद्यप्रपञ्च कादम्बरीनिष्ठ था । जिसे सही अर्थ में, आज के मापदण्डानुसार ''कथा'' कहा जा सकेगा, ऐसी गद्यरचना बीसवीं सदी से ही प्रारम्भ हुई ।

पं0 क्षमा राव (१९००-१९५४) का संस्कृत कथासाहित्य में अतुलनीय योगदान है कि उन्होंने संस्कृत कथा साहित्य को एक नया आयाम देकर समृद्ध किया । उनकी मृत्यु के पश्चात् प्रकाशित ''कथामुक्तावली'' के प्राक्कथन में के0 एम0 पणिक्करजी लिखते हैं, "The modern short story deals with living problems, seeks to throw light on a heightened emotion or a dramatic situation and tries to reflect the conditions of society. Pandita Kshama Rao can legitimately claim to be the pioneer in this field of Sanskrit. The collection now offered to the public is, so far as I Know, the first of its kind in India's classical language".

संस्कृत में लघु कथा का आयाम बीसवीं सदी में ही उद्घाटित हुआ । अब नूतन परिवेश में सुसज्जित कथाओं में निम्नलिखित विशेषताएँ दीख पड़ती हैं ।

## सामाजिक चेतना

आर्ष काव्यों से या किन्ही अन्य पूर्व सूरियों से प्रेरणा लेकर कथानक सजाने की परिपाटी छोड़कर इस शती के कथाकार अब सामाजिक चेतना के प्रति सजग हो चले हैं । समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और कर्तव्यविमुखता से आज का लेखक पीड़ित है । आज की संस्कृत कथा में इस कचोटन का सजीव चित्रण दीखता है । सुदायः[८] नामक कथा में (लेखक का नाम छपा नहीं है) शासकीय चिकित्सालयों में दरिद्र रुग्णों के साथ होने वाले निर्मम व्यवहार का चित्रण है । इसी विषय पर ''को दण्डनीयः'' [८]यह कथा भी पढ़ने में आयी । डॉ0 नलिनी शुक्ला ने बड़ी ओघवती शैली में एक कर्तव्यच्युत सुरक्षाधिकारी तथा बहादुर और महावीर नामक कर्तव्यदक्ष प्रहरियों की कथा ''कर्तव्यनिष्ठा''[१०] में भी यही बात कही है कि आज का सामान्य मनुष्य निहित कर्तव्यों के पालन से विमुख होता जा रहा है । शैली गतिशील होने के कारण अन्त तक यह कथा उत्सुकता को बनाये रखती है और अपनी एक अमिट छाप छोड़ने में सफल रही है । अन्त में कर्तव्यतत्पर प्रहरीद्वय एवं उनके दो स्वामिनिष्ठ कुत्ते उस भ्रष्ट सुरक्षाधिकारी को कारावास भेजते हैं- प्राणों की बाजी लगाकर । यह दिखाकर लेखिका ने ''कान्तासम्मिततया'' कर्तव्यपूर्ति का भी सन्देश दिया है ।

एक हिन्दू को दूसरे से विभाजित करने वाले ''जातिभेद'' को लेकर भी बीसवीं सदी का संस्कृत कथाकार पीड़ित है । पं0 वैद्यनाथ शर्मा[११] (उत्कल) ने प्रतिपादन करने का प्रयास किया है कि आन्तरजातीय विवाह इस समस्या का समाधान कर

सकता है । उनके द्वारा लिखित कहानी ''भाग्यचक्रम्'' कमला (शूद्रा) तथा सुरेश (ब्राह्मण) नामक समाजसेवियों के सफल प्रेमविवाह का परिचय देती है ।

इसी प्रकार भवन निर्माणों में ठेकेदारों की बेइमानी, विद्यालयों में विद्या के नाम पर चलती हुई वणिज्या, न्यायालयों में वर्षों तक पड़े रहने वाले मुकदमें, दहेजप्रथा, धनिक-दरिद्र-संघर्ष आदि वर्तमानकालीन कई समस्याओं पर इस शती में संस्कृत में कथालेखन हुआ, जो संस्कृत में अदृष्टपूर्व था । इस शती के लेखन में वर्तमान स्थिति पर आक्रोश मुखर होता जा रहा है । लखनऊ के डॉ0 वीरभद्र मिश्र अपनी पत्रिका में सामाजिक असङ्गतियों एवं कुरीतियों पर सदैव पद्य में कशाघात करते रहते हैं,-और स्पष्ट है कि आज की संस्कृत कथा भी इस आक्रोश के प्रकटीकरण में पीछे नहीं ।

## राष्ट्रीय भावना

यूँ तो ''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः ।'' सदृश वेदवचनों से या ''जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'' समान सुभाषितों द्वारा प्राचीन भारतीयों की राष्ट्रभक्ति प्रकट होती रही है, किन्तु इस शती की विशेषता है कि देशभक्ति पर लेखन अब प्रखर एवं मुखर हो रहा है । इसमें अधिकांश तो पद्यात्मक है किन्तु कथासाहित्य भी इस वृत्ति से अछूता नहीं । बंगलौर के श्री नागराज[१२] ने लोकमान्य तिलक, विवेकानन्द आदि महान् विभूतियों के चरित्र कथासदृश शैली में लिखकर देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दिया है । भाषा बड़ी सुबोध, सरल एवं मन को छूने वाली है । उसी प्रकार डॉ0 रामकिशोर मिश्र (संस्कृत विभागाध्यक्ष, महामना मालवीय महाविद्यालय, खेकड़ा) द्वारा क्रान्तिकारी ऊधम सिंह पर लिखी कथा ''बलिदानम्''[१३] या सिन्धुराज दाहर की धर्मप्राण कन्याओं पर लिखी कथा ''प्रतिशोधः''[१४] इसी के द्योतक हैं ।

'दिव्यज्योति' पत्रिका के क्षमा राव विशेषाङ्क में छपी कथा ''मुहम्मदखानः'' एक मुस्लिम की भारतीयता दर्शाती है । उसी पत्रिका की एक अन्य कथा ''पाशदण्डः'' में क्रान्तिकारी सुधीर, कामिनी एवं रघुराज (काल्पनिक पात्र) ने अंग्रेजों के अत्याचारों का अहिंसक मार्ग से कैसे सामना किया, उसका हृद्य चित्रण है । उसी अङ्क की ''उपहार'' नामक कथा में प्राणों की बाजी लगाकर सीमा की सुरक्षा करने वाले वीर सञ्जय (काल्पनिक) का बड़ा सजीव रेखाङ्कन है । आश्चर्य की बात तो यह है कि किसी भी कथा के रचयिता का नाम नहीं दिया गया । इन सभी कथाओं में देशप्रेम की भावना ओतप्रोत है, और हर्ष की बात है कि इस प्रकार की राष्ट्रभक्ति पर कथाएँ संस्कृत गद्य-प्रांगण को निरन्तर समृद्ध बनाती आ रही है ।

# मनोविश्लेषण

हमारी प्राचीन मान्यता के अनुसार, कवि ''निरङ्कुश'' था और कुछ हद तक 'अतिशयोक्ति' का प्रयोग उसके काव्यनैपुण्य का परिचायक था, न कि कृत्रिमता का। उसी प्रकार, कथाओं के चरित्र भी चौखट में बंद (Typed) थे, जैसे 'धीरोदात्त' नायक या ''मुग्धा'' नायिका। परन्तु आज मान्यताएँ बदल रही हैं। आज की दुनिया भी विविधता से भरपूर है और सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति भी बहुढंगी। आज का वाचक मानस के अन्तस्तल को बींधने वाले तत्त्वों को साहित्य में ढूँढ़ता है और इसलिए, साहित्य में मनोविश्लेषण का समावेश अनिवार्य-सा हो गया है। इसका प्रतिबिम्ब संस्कृत कथा पर भी पड़ा।

प्राचीन साहित्य में भी मनोविश्लेषण को पर्याप्त स्थान था। मेघदूतादि काव्य इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। परन्तु यह भी सच है कि पूर्व कथाओं की तुलना में आज की कथा मनोविश्लेषणों पर अधिक तूल देती है। उदाहरण के तौर पर ''पृथ्वीदुहिता''[१५]। इस कथा में लेखिका ने सीताजी की व्यथा उजागर की है कि अभिन्नहृदय होते हुए भी, परित्याग के समय पति ने मुझे विश्वसनीय क्यों नही माना। क्यों चुपचाप लक्ष्मणजी के हाथों मुझे त्यागा ! इस कथा में घटना पक्ष है ही नहीं, केवल है उद्वेलित मन के आन्दोलन! और वे इतने प्रबल हैं कि पढ़ते पढ़ते वाचक भी अनायास आन्दोलित हो उठता है। ''विमातुः आत्मकथा''[१६] में एक स्नेहमयी विमाता की मनोदशा वर्णित है। अपने सौतेले शिशु को वह चाहती तो बहुत है किन्तु शिशु की बाल विधवा बूआ बच्चे को उससे तोड़ती है। हताश, उदास विमाता के मनोभावों को प्रकट करने में लेखक बहुत कुछ सफल हैं। ''स्त्रीहृदयम्''[१७] नामक कथा में अशरीरिणी प्रीति (Platonic Love) की उदात्तता दर्शायी गयी है।

इस प्रकार के मनोभाव-प्रकटीकरण में, वह भी संविद्-धारा (Stream of consciousness) के माध्यम से, पुरी के प्रा० केशवचन्द्र दाश सिद्धहस्त हैं। उनकी दीर्घकथा ''निकषा''[१८] इसका सशक्त उदाहरण है। अर्थात्, इसके भी दो पहलू हैं। Stream of Consciousness को सूचित करने में अनायास ही वाक्य कुछ खण्डित-से हो जाते हैं। उदा० - ''अनुस्वारायते टिट्टिभी। तथापि परिक्रमा न समाप्ता। सा परिक्रमते ----- सङ्क्रमते ----- आक्रमते। तथापि अभिक्रमस्य मार्गो न मिलति। केवलं परिचरणं ---परिभ्रमणम्---परिक्रमणम् --- प्रदक्षिणम्।''

कई विद्वान् इस प्रकार की त्रुटित-खण्डित शब्द-शैली को आस्वादन में बाधक मानते हैं तो कई उसे लेखन कौशल्य का सर्वोच्च बिन्दु कहते हैं। प्रज्ञाभारती डॉ० श्री० भा० वर्णेकर का कथन है कि मनोविश्लेषण अवश्य हो किन्तु वह भावार्थ को शबलित या दुर्बोध न करे। प्रस्तुत लेख में केवल यही दर्शाने की चेष्टा है कि इस

नूतन धारा में भी संस्कृत कथा आगे ही बढ़ रही है ।

## बदलते परिवेश

ज्यों ज्यों समय बीतता जाता है, नित्य नयी सङ्कल्पनाएँ जन्म लेती हैं । जैसे लाटरी, क्लब, विभक्त परिवार पद्धति, अंगप्रत्यारोपण की शल्यक्रिया आदि । यद्यपि ये सङ्कल्पनाएँ भारतीय संस्कृति से मेल नहीं खातीं, तथापि हमारे जीवन में अपना अस्तित्व जताये बिना भी नहीं रहती । यथार्थ-चित्रण के आज के युग में संस्कृत कथा भी इस पूरे वातावरण को अपना चुकी है । तभी ''मायाजालम्''[१९] की मोहिनी पेरिस तथा कैरो की यात्रा करती है, उसी कथा की 'मन्दा' का भाई क्लब जाता रहता है, सुदाय[२०] की नायिका सुधा को लाटरी फलती है, ''एकाकिनैव गन्तव्यम्''[२१] का वृद्ध नायक विभक्त परिवार में उपेक्षित-सा, अकेलेपन में घुटता रहता है ।

विज्ञान की उपलब्धियों के विषय में भी बीसवीं शती का संस्कृत कथाकार अनजान नहीं है । ''नायं मे पुत्रः''[२२] का युवा नायक अशोक दुर्घटनाग्रस्त होता है, किन्तु मस्तिष्क के विद्युदालेख (E. E. G.) से पता चलता है कि मस्तिष्क नष्टप्राय होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं, केवल स्पन्दनस्थगन (Cardial arrest) हुआ है। अतः किसी दायादहीन दस्यु के मस्तिष्क का प्रत्यारोपण कर उसे बचाया जाता है । किन्तु मूर्च्छावस्था हटने पर अशोक की नजर ही बदल जाती है (मस्तिष्क जो पापी का था!) और तब इतने दिनों के तनावों को धैर्य से झेलने वाली अशोक की माँ बुक्का फाड़कर रोती है ''मेरा बेटा तो अब मरा! नायं मे पुत्रः ।''

संक्षेप में संस्कृत कथा की विषयवस्तु का दायरा दिनों दिन विस्तृत होता जा रहा है ।

## नारीगत समस्याएँ

यह एक उत्साहवर्धक बात है कि आज के संस्कृत कथाकार को नारी जीवन की समस्याओं का उचित भान है । नारी के उत्पीड़न को आवाज देने वाली पहली कथा थी ''विधवोद्वाह-सङ्कटम्''[२३], जो लेखिका (पण्डिता क्षमा राव) की मृत्यु के पश्चात् प्रसिद्ध हुई । इस कथा में पारम्परिक महाराष्ट्रीय परिवार में, व्यक्तित्वहीन युवती बालविधवा का ससुराल वालों द्वारा होने वाला शोषण अत्यन्त प्रभाविता से चित्रित हुआ है । आज बाल विवाह होते नहीं और विधवा का पुनर्विवाह भी आज उतना दुष्कर नहीं । अतः बीसवीं सदी के इस अन्तिम चरण में कदाचित् यह कथा काल-बाह्य (outdated) लगे, किन्तु नारी के सन्त्रास को सर्वप्रथम शब्दाङ्कित करने का श्रेय तो पण्डिता डॉ0 क्षमा राव को देना ही पड़ेगा । उन्हीं की दूसरी कथा है ''परित्यक्ता''[२४] । यह किसी धनी मानी सेठजी की वन्ध्या वधू की त्रासदी है । वन्ध्यत्व से उद्विग्न बहू किसी धर्मकञ्चुकी सन्यासी को श्रद्धा से भजती है, परन्तु

उसका पापी इरादा जानते ही , जैसे तैसे शील बचाकर घर आती है; परन्तु अब पति भी उसे प्रश्रय नहीं देता । यह कथा एक कडुवा सत्य उजागर करती है कि दोष किसी का भी हो, दोषी सदैव नारी ही पायी जाती है ।

"किमहं पतिता ?"[२५] कथा में किसी बालविधवा मञ्जुला की पीड़ा गाथा है, जिसे समाज नोचता है, तो कृशाश्वपत्नी अपाला की अन्तर्वेदना "कोऽपराधो मम?"[२६] इस कथा में प्रकट हुई है । रोग ग्रस्त पति की सेवा करना पत्नी का तो धर्म है, किन्तु पत्नी (अपाला) कुष्ठरोगिणी होने पर पति द्वारा निर्ममता से त्यागी जाती है । अपाला का प्रश्न "कोऽपराधो मम ?" वाचक को निरुत्तर करता है।

विधवा, परित्यक्ता तथा रोगिणी स्त्री की तो बात ही क्या, आज की कमाऊ, सुहागन और पुत्रवती स्त्री भी किस प्रकार पिसती रहती है, इसका सजीव चित्रण मिलता है "कलरवश्चिन्ता च"[२७] इस कथा में । दो बच्चों की माँ नन्दिनी किसी शाला में अध्यापिका है । घर तथा शाला में दिनभर खटने पर भी, पत्नी, माता तथा पुत्रवधू की भूमिका वह पूर्ण रूपेण नहीं निभा पाती । वहाँ वृद्धा सास भी दुखी, कि बुढ़ापे में भी आराम नहीं । बच्चे भी आतङ्कित से । बीसवीं सदी के बिखरे हुए दाम्पत्य जीवन का हूबहू चित्रण इस कथा में है, जिसमें सास व बहू, दोनों की अगतिकताएँ मुखर हो उठी हैं ।

## शैली एवं भाषा

बीसवीं शती की कथा की भाषा धीरे धीरे बदलती रही है । इस निबन्ध के प्रारम्भ में ही उल्लिखित है कि इस शती का प्रारम्भिक गद्य बाणभट्ट की शैली से प्रभावित था । आधुनिक संस्कृत कथा की प्रणेत्री क्षमा राव भी इसका अपवाद नहीं। उदा0- "पञ्चविंशतेः वत्सरेभ्यः प्राक्कश्चित्तरुणो हरिर्नाम त्रयोदशवर्षीयां शारदामिव विशारदामनसूयामिवानसूयामल्पवर्षीयामपि परिणतवयस्कामिव सुवर्णमिव सुवर्णां सुगृहीतनाम्नीं सुनीतिं परिणीतवान् ।"[२८] पण्डिता क्षमाजी ने विशेषणों के प्रयोग में शैली तो बाणभट्ट की अपनायी, किन्तु दुर्बोधता नहीं आने दी। वस्तुतः उस समय के अन्य गद्य लेखक, श्री नारायण शास्त्री खिस्ते, (दिव्यदृष्टि के रचयिता), चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (सङ्गरम् तथा विलासकुमारी के रचयिता) जग्गु अलवार अय्यंगार (जयन्तिका के लेखक), व्ही0 अनन्ताचार्य कोडम्बकम् (कथामञ्जरी तथा नाटककथासङ्ग्रह- इन पुस्तकों के रचयिता), "सरला" के लेखक हरिदास सिद्धान्तवागीश तथा "सुशीला" के रचयिता आर0 कृष्णम्माचार्य निर्विवाद रूप से बाण-शैली के अनुयायी थे । उनकी शब्दयोजना पूर्वकवि के समान ही चमत्कृतिपूर्ण तथा श्लेषयुक्त थी, परन्तु समासों का प्रयोग धीरे धीरे घटता जा रहा था । समय के साथ साथ लेखकों का ध्यान समासभूयस्त्व से हटकर सरलता की ओर बढ़ने लगा । पाठकों की रुचि भी ओजोगुण से प्रसादगुण पर टिकने लगी ।

पाठकों की क्षमता एवं रुचि को ध्यान मे रखते हुए कथा की भाषा सुगम से सुगमतर होने लगी । सुगमता या सरलता की इस यात्रा में कहीं कहीं गीवार्णवाणी का स्वाभविक डौल भी कुचला जाने लगा । संस्कृत की नियमबद्धता (Rigidity) को हटाकर, उसे प्रवाही बनाने के अभिनिवेश में कहीं कहीं नियमशैथिल्य भी बरता जाने लगा । फिर कहीं कहीं ऐसा भी हुआ कि लेखक अपनी मातृभाषा में सोचे, और उन्हीं वाक्यों को संस्कृत में अनूदित करके कथा के रूप में ढाले । इस प्रक्रिया में उस मातृभाषा की विशेषताएँ संस्कृत में उतर आना अनिवार्य ही था ।

इस शताब्दी के प्रथमार्ध के विभिन्नभाषी संस्कृत लेखकों ने अपनी मातृभाषा का प्रभाव संस्कृत पर पड़ने नहीं दिया और देववाणी की गरिमा तथा विशेषताओं को अक्षुण्ण रखा । विषयों में आधुनिकता एवं भाषा में सहजता होने पर भी संस्कृत की स्वाभाविकता को उन्होंने खरोंच नहीं आने दी । परन्तु १९६० के बाद यह चित्र बदल रहा है । अब तो मातृभाषा के मुहावरे भी संस्कृत में प्रवेश पा चुके हैं । उदा०- ''पार्श्वे न स्फुटिता कपर्दिकाप्यधुना''[२९] । (पास में फूटी कौड़ी भी नहीं) या ''न च काऽपि तेषां बालमपि वक्रं कर्तुमर्हति ।''[३०] (उनका कोई बाल भी बाँका नहीं कर सकता), या ''बुद्धौ नायाति, इदं गृहं वा निरयं वा !''[३१] (समझ में नहीं आता यह घर है या नरक !)- स्पष्ट है कि लेखक सोच हिन्दी में रहे हैं और लिख संस्कृत में!

बदलते जमाने की नयी उपलब्धियों एवं संकल्पनाओं के साथ संस्कृत में नूतन शब्दावली का भी निर्माण हो रहा है जो संस्कृत के सौष्ठव में हितकारी ही कहा जायेगा । । जैसे Callbell के लिए 'आह्वानघण्टिका', Club के लिए 'सामाजिकक्रीडा-मण्डलं' इत्यादि । प्रयाग के अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र ने Call-girl के लिए ''काल-गरला'' यह अत्यन्त योग्य पर्यायशब्द सम्पादित किया है । उनका सङ्कलन ''इक्षुगन्धा'' उपलब्ध न हो सका, परन्तु कथा के अतिरिक्त उनका गीति-साहित्य पढ़ने से ज्ञात होता है कि उन्होंने चैत्रकम् (चैता), सूतगृहगीतम् (सोहर) आदि कई अर्थवाही शब्दों का निर्माण कर, संस्कृत की श्रीवृद्धि में योगदान दिया है ।

इस प्रकार बीसवीं शताब्दी का जो कुछ सीमित संस्कृत कथा-साहित्य उपलब्ध हो सका, उसके आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं :-

(१) विषय, आशय, तन्त्र आदि सभी दृष्टिकोणों से बीसवीं सदी का संस्कृत कथा साहित्य अन्य किसी भी भाषा की टक्कर का है ।

(२) प्राचीन मान्यताओं के साथ साथ नये मूल्यों को भी बीसवीं शती की संस्कृत कथा प्रश्रय देती है ।

(३) इस साहित्य में अस्तित्ववादी विचारधारा, युगानुकूल बुद्धिवादिता तथा कहीं कहीं समाजवाद या साम्यवाद की झलक भी दिखाई देती है ।

(४) आर्थिक विषमता, सामाजिक असंगतियाँ, राजनयिक भ्रष्टता आदि पर आज की कहानीः साक्रोश प्रहार करती है ।

(५) सामाजिक चेतना, राष्ट्रभक्ति एवं भारतीय संस्कृति के अभिमान से यह साहित्य भरपूर है ।

(६) भाषा में बदलाव आ रहा है जो कुछ हितकर भी है तो कुछ संस्कृत की स्वाभाविक सुन्दरता का मारक भी ।

(७) हास्य-व्यङ्ग्य की कथाओं का प्रमाण अत्यल्प है ।

(८) लेखकों में कहीं कहीं उपनाम ग्रहण करने की वृत्ति पनप रही है-[जैसे दीनानाथ त्रिवेदी ''मधुप'' (१९१४-१९८३) -'भारती' में कई कथाओं के रचयिता, या, ''अभिराज'' डॉ० राजेन्द्र मिश्र- (इक्षुगन्धा के रचयिता)]

---

## द्रष्टव्य-

१- स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत साहित्य को हरियाणा का योगदानः डॉ० यज्ञवीर दहिया

२- डॉ० श्रीपादशास्त्री हसूरकर को, सन् १९८४ में-

३- स्वातन्त्र्योत्तरं मध्यप्रदेश-संस्कृत-साहित्यम्-डॉ० भास्कराचार्य त्रिपाठी

४- सिन्धुकन्या:, अजातशत्रुः, प्रतिज्ञापूर्तिः, चेन्नम्मा, दावानलः नामक पाँच उपन्यास

५- स्वाधीनताप्राप्त्युत्तरकालिक-संस्कृत-साहित्यं प्रति उत्कलीयानां योगदानम् ब्रजकिशोर स्वाईं

६- पश्चिमवङ्गे संस्कृतकृतेः सिंहावलोकनम्-श्रीसीतानाथ गोस्वामी

७- राजस्थान में संस्कृत सर्जना : डा० शिवसागर त्रिपाठी

८- ''दिव्यज्योति''-जुलाई १९९० शिमला से प्रकाशित

९- वही

१०- ''कथासप्तकम्''-डॉ० श्रीमती नलिनी शुक्ला, कानपुर से प्रकाशित

११- ''संस्कृत-भवितव्यम्''-संस्कृतविश्वपरिषद्-विशेषाङ्कः, १९५४ नागपुर से प्रकाशित

१२- ''भारतीयदेशभक्तचरितम्''-श्री नागराज, बंगलोर

१३- किशोरकथावलिः - मेरठ, १९८७ में प्रकाशित

१४- वही

१५ - संस्कृत-भवितव्यम्-दीपावलिविशेषाङ्कः-१९८०
पृथ्वीदुहिता-लेखिका श्रीमती विजया बांगरे

१६- ''संस्कृतभवितव्यम्'' दीपावलि-विशेषाङ्कः १९७७-नागपुर
लेखक-नारायणशास्त्री काङ्कर, जयपुर

१७- ''दिव्यज्योति'' जुलाई १९९०

१८- ''अर्वाचीनसंस्कृतम्'' १५ जुलाई १९८६

१९- ''कथामुक्तावली''-लेखिका क्षमा राव । बम्बई से मुद्रित १९५४

२०- ''किशोरकथावलिः''- डॉ0 रामकिशोर मिश्र, मेरठ से प्रकाशित १९८७

२१- ''संस्कृतभवितव्यम्''-लघुकथाविशेषाङ्क - १९८०
लेखक-वि0 के0 छत्रे, कल्याण

२२- संस्कृतभवितव्यम् - नवंबर १९७६
लेखिका-डॉ0 लीना रस्तोगी, उमरेड़, नागपुर

२३- कथामुक्तावली -पं0 क्षमा राव

२४- कथामुक्तावली

२५- संस्कृतभवितव्यम्-संस्कृतविश्वपरिषद्विशेषाङ्कः । १९५४
लेखक - श्री शिरोमणि पिचुमणि अंय्यंगार, सोयरपुर

२६- किशोरकथावलिः - डॉ0-रामकिशोर मिश्र

२७- कथासप्तकम्-डॉ0 नलिनी शुक्ला

२८- ''कथामुक्तावली '' की कथा ''क्षणिकविभ्रमः''-पण्डिता क्षमाराव

२९- कथा ''को दण्डनीयः''-दिव्यज्योतिः, जुलाई १९९०

३०- वही

३१- कथा-कलरवश्चिन्ता च-डॉ. नलिनी शुक्ला

## सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची

(१) अर्वाचीन संस्कृत साहित्य — डॉ० श्री0 भा0 वर्णेकर

(२) संस्कृत साहित्य में राष्ट्रिय भावना — डॉ० हरिनारायण दीक्षित

(३) कथामुक्तावली — पण्डिता क्षमाराव

(४) कथासप्तकम् — डॉ० नलिनी शुक्ला

(५) किशोरकथावलिः डॉ० रामकिशोर मिश्र

(६) संस्कृतभवितव्यम्- विश्वपरिषद् विशेषाङ्क- १९५४

(७) संस्कृतभवितव्यम्- उपनिषत्कथाविशेषाङ्क- १९५७

(८) संस्कृतभवितव्यम्- दीपावलिविशेषाङ्क- १९६१

(९) संस्कृतभवितव्यम्- दीपावलिविशेषाङ्क- १९७७

(१०) संस्कृतभवितव्यम्- लघुकथाविशेषाङ्क- १९८०

(११) संस्कृतामृतम्, दिव्यज्योति, सर्वगन्धा, अर्वाचीनसंस्कृतम्, भारतोदय-:,

भारती, परिजातम्, शारदा, सुरभारती, बालसंस्कृतम्, भारतवाणी और इसी प्रकार की कई संस्कृत पत्रिकाएँ ।

(१२) Post Indepeadence Sasakrit Literatur in India.

विश्वभारती प्रकाशन

# बीसवीं शताब्दी का संस्कृत उपन्यास साहित्य

डॉ0 बनवारी लाल पाठक

उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम पच्चीस वर्षों में बंगला साहित्य और पाश्चात्त्य तकनीक से प्रभावित कुछ संस्कृत लेखकों ने संस्कृत भाषा में आधुनिक शिल्प शैली के उपन्यास लिखने का बीड़ा उठाया। उपेन्द्रनाथ सेन (कलकत्ता) ने 'मकरन्दिका' (१८९४) 'कुन्दमाला' (१८९४) 'पल्लिच्छवि' (१८९५) तथा 'सरला' (१८९६) जैसे रोचक उपन्यास लिखे जो अर्धाधिक अंशों में बँगला उपन्यासों से प्रेरित, प्रभावित अथवा अनूदित थे। मौलिक उपन्यास लेखन की दिशा में सन् १८९५ ई0 में कलकत्ता निवासी मनुजेन्द्रदत्त ने सर्वप्रथम 'सतीछाया' उपन्यास लिखने का सत्प्रयास तो अवश्य किया था किन्तु यह उपन्यास पूर्णतः मौलिक नहीं था। यह लगभग पचास पृष्ठों का सामाजिक उपन्यास है जिसमें कालेज छात्रा इन्द्रप्रिया तथा इसकी पुत्री सतीछाया के व्यथापूर्ण जीवन की कहानी को कथावस्तु बनाया गया है। इसे उपन्यास परम्परा को जानने की दृष्टि देने के कारण केवल मौलिक उपन्यास जैसी झलक देने वाला उपन्यास कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त भी प्रतिवर्ष एक दो नये उपन्यास निकलते रहे और उपन्यास लेखन का उक्त क्रम ही निरन्तर चलता रहा।

## मौलिक उपन्यास

बीसवीं शताब्दी का द्वार खुलते ही मौलिक उपन्यास लिखने का शुभारम्भ हुआ। सामयिक प्रतिभाशाली साहित्यकार पं0 अम्बिकादत्त व्यास (जयपुर) मौलिक उपन्यास लेखन के अग्रदूत बने। आपका बंगालियों के जीवन से तथा बँगला की साहित्यिक परम्परा से घनिष्ठ और निकट का सम्बन्ध था। आपने 'शिवराजविजय' ऐतिहासिक मौलिक उपन्यास लिखा। यह उपन्यास तत्कालीन चक्रवर्ती संस्कृत पत्रिका 'संस्कृतचन्द्रिका' के सन् १९०१ ई0 वर्ष में धारावाहिक रूप से प्रकाशित हुआ। इसमें शिवाजी की वीरता, विजय व जीवन की घटनाओं को कथावस्तु बनाया गया है। इसकी भाषा शैली बँगला उपन्यासों जैसी और रूप विधान अद्यतन पाश्चात्त्य उपन्यासों जैसा है। यह पूर्ववर्ती गद्यकाव्य की विविध शैलियों व परम्पराओं पर आश्रित है। उपन्यास में नवीन-मौलिक अर्थों की उद्भावना देश-राजा-प्रजा-धर्म-देशसेवा-राष्ट्रभक्ति एवं स्वसंस्कृति के प्रति उत्कट अनुराग सभी की प्रतिभापूर्ण

अभिव्यक्ति की गयी है । उपन्यासकार को देश की पराश्रयता पर रोष है । जनजागरण व राष्ट्रीय चेतना के प्रति उत्सुकता है । उपन्यास में देश पर सर्वस्व न्यौछावर कर उसे स्वतन्त्र देखने का सन्देश भी है । अतः यह संस्कृत साहित्य का प्रथम मौलिक उपन्यास ही नहीं राष्ट्रीय ग्रन्थ भी है ।

प्रथक दशक में शिवराजविजय के पश्चात् कई अन्य ऐतिहासिक -सामाजिक-पौराणिक उपन्यास प्रकाशित हुए और कई रोमांस भी लिखे गये । उन्नीसवी व बीसवीं शताब्दी के मोड़ पर खड़े म0 म0 शंकरलाल नागर (गुजरात) ने शैवभक्ति का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 'महेश्वरप्राणप्रिया' 'भगवतीभाग्योदयः' 'चन्द्रप्रभाचरितम्' 'अनसूयाभ्युदयम्' जैसे पौराणिक साहित्य एवं भारतीय संस्कृति परक उपन्यास लिखे । 'चन्द्रप्रभाचरितम्' एक रोचक रोमांस है । इसमें विद्यादान को समस्त कल्याणों का मूल बतलाया गया है । उपन्यासकार के जीवन दर्शन में उन्नीसवीं शताब्दी की साहित्यिक प्रवृत्तियों का सम्मिश्रण होते हुए भी कृतित्व को तत्कालीन प्रचलित श्रृंगारमयी परम्परा को तोड़कर भारतीय संस्कृति सम्बन्धी सदुपदेशों से अलंकृत किया गया है । भट्ट मथुरानाथ शास्त्री (जयपुर) के आगमन के साथ ही विविध प्रकार की जानकारी देकर पाठकों को संस्कृत उपन्यासों की ओर आकर्षित करने की प्रवृत्ति बल पकड़ती है । भट्ट जी ने स्वयं भी इसी दृष्टिकोण से 'आदर्शरमणी' (१९०५) उपन्यास लिखा । इस उपन्यास में भारतीय नारी के आदर्श स्वरूप का चारु चित्रण किया गया है जो विधवा होने पर भी समाज के आगे झोली नहीं पसारती और अपनी सन्तान को स्वावलम्बी हाथों से पालपोष कर योग्य बनाती है । इसी लीक पर भट्ट रमानाथ शास्त्री (बम्बई) ने भी 'दुःखिनी बाला' (१९०५) उपन्यास लिखा । इसमें आधुनिक मानव के राजसत्ता व स्वार्थ के लिए निष्ठुर बन कर निन्दनीय घृणित कार्य करने की प्रवृत्ति को प्रदर्शित किया गया है । भट्ट बलभद्र शर्मा (मथुरा) की 'वियोगिनी बाला' (१९०६) उपन्यास में समाज मे व्याप्त सामन्तवाद के अत्याचारों से सन्त्रस्त नारी की मूक वेदना मुखरित है तथा इनकी मौलिक उपन्यास लेखन कला व प्रतिभा भव्यता के साथ प्रस्फुटित है । उपन्यास के प्रारम्भ का वर्षा वर्णन अतीव रोचक है । नारी जीवन के विविध आयामों से प्रेरित होकर गोपाल शास्त्री (तमिलनाडु) ने 'अतिरूपचरितम्' (१९०८) चिदम्बर शास्त्री (तमिलनाडु) ने 'कमलाकुमारी' 'सती कमला' (१९०९) जैसे सामाजिक उपन्यास लिखे । इनमें सामाजिक साम्य-वैषम्य का यथार्थ चित्रण किया गया है । म0 म0 कुप्पूस्वामी शास्त्री (तमिलनाडु) ने भी 'सुलोचना' (१९०९) उपन्यास लिखकर सामाजिक उपन्यासों की श्रृंखला में एक भव्य कड़ी जोड़ी । इस समय ही ऐतिहासिक नारियों के साहसिक कार्यों से आधुनिक युग के नारी समाज को दिक्बोध कराने एवं नारी चरित्र की गरिमा का अंकन करने की दृष्टि से उपन्यासों के प्रणयन का सूत्रपात हुआ । सूर्यनारायण आचार्य (जयपुर) ने ''वीरमति'' (१९०९) ऐतिहासिक

उपन्यास इसी दृष्टिकोण से लिखा । इसमें विमाता के डाह की कहानी को आधार बनाया गया है । भट्टनारायण शास्त्री (तमिलनाडु) ने 'सीमन्तिनी' सामाजिक उपन्यास लिखा जिसका प्रकाशन 'हृदया' मासिक के तृतीय खण्ड में हुआ। परशुराम शर्मा महाराष्ट्र ने भी 'विजयिनी' (१९०९) उपन्यास उक्त प्रवृत्ति पर ही पल्लवित किया। आर0 कृष्णाचार्य (मद्रास) ने 'यतिव्रता' उपन्यास में आर्त नारी का, 'सुशीला' उपन्यास में मूक नारी की अन्तर्व्यथा का, 'पाणिग्रहणम्' उपन्यास में वैवाहिक समस्याओं का यथार्थ चित्रण किया । ऐतिहासिक आधार पर भी 'वररुचिः' (१९०८) चन्द्रगुप्तः (१९०९) जैसे मनहर उपन्यास लिखे । प्रथम दशक में लिखे मौलिक उपन्यासों में उपदेश व आदर्शों की प्रधानता है । सामाजिक समस्याओं के वास्तविक चित्रण का वस्तुतः अभाव है । सामाजिक उपन्यासों में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम, देश की परतन्त्रता पर क्षोभ व देश के लिए बलिदान का सन्देश है । इतिहास के पृष्ठों से संचित कथानकों में इतिहास के साथ कल्पना का मधुर संयोग और उनका कलात्मक अंकन मिलता है ।

द्वितीय दशक में उपन्यास लेखकों और उपन्यास पाठकों की रुचि में परिवर्तन आया हुआ दृष्टिगत होता है । ऐतिहासिक के अतिरिक्त सामाजिक उपन्यास अधिक संख्या में लिखे गये हैं, जिनमें प्रेमतत्त्व को प्रधानता दी गयी है । चिन्तामणि माधव गोले ने 'मदनलतिका' (१९११) सरस कथा, तथा प्रो0 नरसिंहाचार्य पुणेंकर (मैसूर) ने 'सौदामिनी' (१९१४) रोचक उपन्यास इसी दृष्टि से लिखे हैं । श्री पुणेकर जीवन की विविधताओं को प्रतिबिम्बवत् अंकित करने वाले उपन्यासकार थे । अतः इन्होंने अपने उपन्यास 'सौदामिनी' को नवीन कृति कहा है । इसमें मगधराज शूरसेन एवं विदर्भ राजकुमारी सौदामिनी के प्रणय व परिणय की कथा को मार्मिक अभिव्यक्ति दी है । राजगोपाल चक्रवर्ती (मैसूर) ने प्रतिभा एवं अध्ययन से उपन्यास के क्षेत्र में बलिष्ठ व्यक्तित्व स्थापित किया । ये मैसूर वि0 वि0 में संस्कृत विभागाध्यक्ष थे । आपने 'कुमुदिनी' 'विलासकुमारी' 'संगरम्' उपन्यास लिखे । 'कुमुदिनी' में ग्राम्य कथाओं के साथ काल्पनिक इतिवृत्त का भी विलास मिलता है । सभी उपन्यासों में इनकी निज शैली एवं कला आकर्षक रूप में अभिव्यक्त हुए हैं । यशस्वी उपन्यासकार जग्गू बकुल भूषण (बंगलौर) ने 'जयन्तिका' (१९१८) सामाजिक उपन्यास लिखा। यह ऐतिहासिक तथ्यों के स्पर्श से अलंकृत रोमांस है । सात सौ से अधिक पृष्ठों वाले इस उपन्यास का गद्य बाण से प्रभावित है । कथावस्तु कविकल्पित व मौलिक है । उपन्यास में सर्वत्र प्रेमतत्त्व की परिव्याप्ति, सौन्दर्य के प्रति आकर्षण, यथार्थ जीवन में प्रतिदिन अनुभव की जाने वाली मानवीय जीवन की चित्रावलियों का मनोवैज्ञानिक अंकन किया है । रामवर्मा बलिया तम्बुरान (केरल ) के 'वनमाला' उपन्यास का गद्य संयमित है; काल्पनिक उड़ानों में साहित्यिक प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया है । आर्यप्रभा के सम्पादक नगेन्द्रनाथ सिद्धान्तरत्न (बंगाल) ने 'कल्याणी'

(१९१८) सामाजिक उपन्यास में सामाजिक दुर्नीतियों का मर्मस्पर्शी चित्रण मनोवैज्ञानिक आधार पर कर उपन्यास को एक नयी, दिशा दी है। वासुदेव लाटकर (कोल्हापुर) का 'पार्वती' (१९२०) उपन्यास, म0 म0 परमेश्वर झा (बिहार) का 'कुसुमकलिका' उपन्यास भी इस समय की महत्त्वपूर्ण रचनाएँ हैं। 'कुसुमकलिका' एक सुन्दर भावपूर्ण उपन्यास है। सुप्रसिद्ध उपन्यास लेखक मेधाव्रत का 'कुमुदिनीचन्द्र' (१९२०) इस दशक का एक रेखांकित करने योग्य उपन्यास है जो अजितगढ के स्वामी राजा केशरीसिंह के पुत्र एवं विजयनगर के राजा विजयसिंह की कन्या कुमुदिनी की ऐतिहासिक कथा पर आधारित है। राज्य लाभ के लालच से मनुष्य किस सीमा तक नृशंस हो सकता है, इस अभिव्यक्ति के अतिरिक्त तात्कालिक जीवन की सशक्त व्याख्या इसमें उपलब्ध है। उपन्यास स्वामी दयानन्द व महात्मा गांधी की विचारधाराओं से प्रभावित है। 'शुद्धिगंगावतारः' 'हिन्दूस्वराजस्य प्रभातकालः' भी इनके सुरुचिपूर्ण उपन्यास सुने जाते हैं।

तृतीय दशक में भारतीय इतिहास के उन पृष्ठों से, जो भारतीयों की वीरता के परिचायक हैं, कथानक लेकर ऐतिहासिक व सामाजिक उपन्यासों का सृजन किया गया और रोमांस भी लिखे गये। इस दशक के ख्यातिलब्ध उपन्यासकार कृष्णमाचार्य (आं0 प्र0) ने 'मन्दारवती' (१९२९) रोमांस लिखा। कादम्बरी शैली पर आधारित होते हुए भी यह आधुनिक उपन्यास की तकनीक पर संगठित है। इस घटनात्मक प्रणयपरक सामाजिक उपन्यास का गद्य निकष है, जिस पर उपन्यासकार खरा उतरता है। उपन्यास की नायिका मन्दारवती के चरित्र को उपन्यासकार ने बड़े कौशल से रचा है। उपन्यास में पाठक को पकड़े रहने की क्षमता है। म० म 0 नारायण शास्त्री खिस्ते वाराणसी का 'दरिद्राणां हृदयम्' (१९३०) सामाजिक उपन्यास भी युगोचित रचना है। इसमें जीर्णकुटी निवासी दरिद्र जुलाहा दम्पती से लेकर राजमहल के राजदम्पती तक का चित्रण किया गया है। तथा श्रमदान, चरखा, करघा उद्योग, हस्तशिल्प, स्वदेशी वस्त्र उत्पादन, गृहनिर्माण व विकास अल्पबचत जैसी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया है। प्रौढ गद्य एवं प्रांजल भाषा में लिखा गया विज्ञान चिन्तामणि का 'प्रमीला' (१९३०) काव्यकण्ठ गणपति शास्त्री (तमिलनाडु) का 'पूर्णा' (१९३०) भी सुन्दर उपन्यास है। 'पूर्णा' अपूर्ण उपन्यास है किन्तु जितना भी है उसमें उपन्यासकार की उपन्यास कला पूर्णतः प्रस्फुटित है। श्रीमती राजम्मा मैसूर के 'चन्द्रमौलिः' उपन्यास में सामाजिक जीवन, कुरीतियों एवं दोषों का उद्घाटन और उनकी आलोचना करते हुए इनके निवारण के उपाय सुझाये गये हैं। देवेन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय (कलकत्ता) ने 'बंगवीरप्रतापादित्यः' (१९३०) उपन्यास में इतिहास में टूटे फूटे खण्डहरों को नवीन रूप प्रदान कर उपन्यास कौशल का अच्छा परिचय दिया है। तात्कालिक राजनैतिक उथल पुथल एवं म्लेच्छों द्वारा पददलित भारत की दुर्दशा के भी सजीव

चित्र उकेरें हैं। उपन्यासकार उपन्यास के माध्यम से भारतीय जनता को अपने देश को स्वतन्त्र करने का मन्त्र देकर भारतीयों से राणा प्रताप जैसे बलिदान की अपेक्षा करता है ।

चतुर्थ दशक में ऐतिहासिक तथ्यों को सामाजिक दृष्टिकोण से तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति प्रवर्धित होती है । इस अवधि में ऐतिहासिक सांस्कृतिक-धार्मिक-सामाजिक आदि विविध प्रकार के उपन्यास लिखे गये हैं । उपन्यास शिल्पी इन्द्रनाथ वन्द्योपाध्याय (बंगाल) का प्राचीन कथ्यों व तथ्यों के आधार पर लिखा 'अष्टावक्रीयम्' (१९३२) उपन्यास उक्त प्रकार की रचना है । नारायण शास्त्री खिस्ते (वाराणसी) ने 'दिव्यदृष्टि' (१९३६) घटना प्रधान उपन्यास लिखा जिसमें आज के नवयुवक की परिवर्तित मनोवृत्ति को स्पष्ट किया है । उपन्यास में मूल समस्या पाश्चात्त्य शिक्षा व सभ्यता के अन्धानुकरण से भारतीय शिक्षित युवकों के नास्तिक होने की है । इन्हें किस भाँति आस्तिक बनाया जाय इसे ललितकुमार के चरित्र द्वारा प्रस्तुत किया गया है । सुबोध संस्कृत मे लिखा बालकुन्नन नम्बूद्री (केरल) का 'सुभद्रा' उपन्यास, उद्यान पत्रिका में छपा टी0 एस0 श्रीनिवास अय्यङ्गार शिरोमणि (तिरुपति) का चन्द्रकला (१९३६) उपन्यास भी उल्लेखनीय रचनाएँ हैं । वृद्धिचन्द्र शर्मा (जयपुर) ने लीक से हटकर 'आदर्शदम्पती' (१९३७) उपन्यासिका लिखी । इसमें आधुनिक समाज में व्याप्त कुरीतियों बुराइयों, बेकारी, सट्टेबाजी, एवं मृत्युभोज पर किये जाने वाले अपव्यय जैसी सामयिक समस्याओं को उठाया गया है । इस समय कलकत्ता से प्रकाशित संस्कृत-साहित्य- परिषद्-पत्रिका मासिक में भी अनेक उपन्यास निकले । इसके सन् १९३५ ई. के अक्तूबर अंक मे छपा 'दास' उपन्यास भी एक महत्त्वपूर्ण उपन्यास है ।

पंचम दशक में भी ऐतिहासिक उपन्यास लिखने की परम्परा अक्षुण्ण बनी रही। इस समय देश के समक्ष अनेक समस्याएँ थीं । इन्हें लक्ष्य करके उपन्यासों की रचना की गयी । जगद्राम शास्त्री (पंजाब) ने 'छत्रशालविजयम्' (१९४५) ऐतिहासिक उपन्यास में ओरछा युवराज विमलदेव के चरित्र तथा बुन्देलखण्ड के प्रतिष्ठाता राजा प्रतापरुद्रवर्मन् के गुणों की चर्चा की । वी0 अनन्ताचार्य कोडम्बक (मद्रास) ने 'उदयनचरितम्' (१९४७) उपन्यास ऐतिहासिक सत्यों के आधार पर लिखा । एम0 नरसिंहाचार्य (मैसूर) का वीररस प्रधान उपन्यास 'कीर्तिसेन' (१९४८ - ४९) महाराज संस्कृत कालेज मैसूर की पत्रिका में प्रकाशित हुआ । गंग उपाध्याय कलकत्ता ने 'सीमासमस्या' (१९५०) समस्यात्मक उपन्यास लिखा जिसमें एक वामपक्षीय तरुण का यथार्थ चित्रण किया गया है ।

षष्ठ दशक में रोमांस अधिक संख्या में लिखे गये । सांस्कृतिक-धार्मिक-सामाजिक-ऐतिहासिक उपन्यासों में दर्शन तथा बहुचर्चित कल्पना के समन्वय से युग की विविध प्रवृत्तियों के यथार्थ स्वरूप का चित्रण किया गया है । इस समय के

उपन्यासों में काम-कुण्ठा-वासना आदि को मनोवैज्ञानिक धरातल पर प्रतिष्ठित किया गया है । इस दशक के प्रतिष्ठित उपन्यासकार म० म० हरिदास सिद्धान्तवागीश भट्टाचार्य (कलकत्ता) ने 'सरला' (१९५३) रोमांस लिखा । इसमें दहेज, अन्तर्जातीय विवाह, पुनर्वास आदि सामयिक समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है । नर नारी के अवचेतन मन की ग्रन्थियाँ किस भाँति जीवन को परिचालित करती हैं, इसे मनोवैज्ञानिक तथ्यों के प्रकाश में स्पष्ट किया है । आर0 राममूर्ति ने 'वीरलब्ध-पारितोषिकम् (१९५५) ऐतिहासिक उपन्यास लिखा जो चोल इतिहास की भूमि पर आधारित है । डा० भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी (वाराणसी) का 'मंगलमयूख' (१९५६) उपन्यास जिसका अन्य नाम कादिम्बनी भी है, आधुनिक उपन्यास कला को दृष्टि में रखकर किया गया सुन्दर प्रयोग है । भट्ट मथुरानाथ शास्त्री (जयपुर) ने 'महाराजा मानसिंह' (१९५८) उपन्यास आमेर नरेश महामानी मानसिंह के ऐतिहासिक व्यक्तित्व को आधार बनाकर लिखा है । इसमें इनकी छवि को एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं मुगल साम्राज्य के सूत्रधार के रूप में उभार कर ऐतिहासिक दृष्टि को एक अनूठा मोड़ दिया है । 'असमसाहसम्' भी आपकी अच्छी ऐतिहासिक प्रस्तुति है । प्रो0 रामस्वरूप शास्त्री (अलीगढ़) की 'त्रिपुरदाह-कथा' (१९५९) कथा साहित्य के एक नवीन आयाम को उद्घाटित करती है । इसका कथानक पौराणिक है जिसे दर्शन के एक निश्चित ढाँचे में ढालकर उपन्यास का रूप दिया गया है । इसमें शिव के त्रिपुर-दाह की कथा उपन्यस्त है । के0 एस0 कृष्णामूर्ति (मद्रास) ने रामभक्ति प्रवर्धक रचना 'वैदेहीविवाहम्' (१९५९) में सीता विवाह पर्यन्त श्री रामचरित्र की कथावस्तु के साथ साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं धार्मिक तत्त्वों को भी रोचक शैली में व्यक्त किया है । इसे 'बाणस्य प्रतिबाण इव' की संज्ञा दी जा सकती है । श्रीनिवास शास्त्री (कलकत्ता) ने 'चन्द्रमहीपतिकमला' (१९५९) उपन्यास में पूँजीवाद एवं घूसखोरी की निन्दा आदि विषयों पर लेखनी चलायी है । राजनीतिक विचारधाराओं एवं गान्धीजी की कल्पना के अनुरूप सर्वोदयवाद का आकर्षक रूप अंकित किया है । प्रो० कलानाथ शास्त्री (जयपुर) ने 'जीवनस्य पृष्ठद्वयम्' (१९६०) उपन्यास में साम्प्रदायिक झगड़े, स्थानान्तरण से उत्पन्न बच्चों की शिक्षा समस्या, संस्कृत गृह शिक्षिकाओं की असुलभता, अंग्रेजी शिक्षा का प्रभाव, संस्कृत पत्रकारों की आर्थिक स्थिति का यथार्थ अंकन किया है । लीक से हटकर रचा गया यह उपन्यास सर्वतोभावेन एक सुन्दर रचना है । इस दशक में अधिकांश उपन्यासों की रचना पाश्चात्त्य उपन्यास की तकनीक पर ही की गयी है ।

सप्तम दशक में विविध विषयों पर उपन्यास लिखे गये । प्रमुखतः प्राचीन भारत के इतिहास तथा संस्कृति को आधार बनाकर उपन्यास साहित्य की रचना की गयी । राजनीतिक नेताओं, आदर्श पुरुषों, क्रान्तिकारियों निम्न उच्च समाज एवं वर्ग से कथानक चयन किये गये । सामाजिक उपन्यासों में प्रेम और प्रेम

विषयक समस्याओं को प्रधानता दी गयी है। समाजगत विविध समस्याओं को उठाया गया तथा उनके उचित समाधान भी प्रस्तुत किये गये। आधुनिक संस्कृत उपन्यास क्षेत्र की महान विभूति आनन्दवर्धन रत्नपारखी (दिल्ली) ने 'कुसुमलक्ष्मी' (१९६१) रोमांटिक टाइप का उपन्यास लिखा। उपन्यास का उद्देश्य आधुनिक कालीन प्रणय और उसकी उलझनों का चित्रांकन करना है जिसे विकास पंडित, कुसुमलक्ष्मी व उर्मिला साने के त्रिकोण प्रेम संघर्ष द्वारा चित्रित किया है। डॉ० रामकिशोर मिश्र (सोरों) ने 'अन्तर्दाहः' (१९६१) में विश्वविद्यालय सहशिक्षा स्तर पर प्रेम तथा प्रेम विवाह की समस्या पर सामाजिक दुःखान्त उपन्यास लिखा। इनका 'पारेगङ्गम्' उपन्यास भी प्रणय पर आधारित रचना है। डॉ० राम जी उपाध्याय (सागर) ने 'द्वा सुपर्णा' (१९६१) संस्कृति प्रधान सामाजिक उपन्यास में दहेज आदि सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डाला। उपन्यास में ग्राम अभ्युदय, ग्राम विकास योजनाओं का प्रवर्तन, श्रमप्रतिष्ठा, दहेज त्याग, स्वदेशी वस्त्र प्रयोग, पशुपालन, विवाह विषयक भावनाओं में व्यापक दृष्टिकोण, मानव कल्याण व विश्वबन्धुत्व का संदेश देना लेखक को अभीष्ट है। वासुदेव शास्त्री औदुम्बकर (पूना) का 'प्रेमजालम्' (१९६२) उपन्यास विद्यानगर के महासचिव रामदेव राय तथा विजयपुर यवनराज आदिलशाह के मध्य संघर्ष को व्यक्त करता है। सुखान्त उपन्यास को कल्पना मिश्रित ऐतिहासिक आधार पर लिखा गया है। ना० सु0 रा0 गणात्ते (ऊट्टी) के ''अनुराधा'' उपन्यास में साहित्य और कला का शोभन संगम प्राप्य है।

डॉ० श्रीधर प्रसाद 'सुधांशु' (पीलीभीत) ने 'श्रूयते हि' (१९६४) उपन्यास भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन एवं नवयुवतियों के देशप्रेम को लक्ष्य कर लिखा। इसमें भारतीय नारी की दासता तथा विवशता एवं भारतीय समाज की तात्कालिक समस्याओं का भी चित्रण हुआ है। डॉ० प्रेम शंकर मिश्र (इटारसी) के कई उपन्यास पत्रिकाओं में छपे हैं। इनका 'सुभाषचरितम्' (१९६६) अपने ढंग का निराला उपन्यास है। इसमें भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी व आइ० एन0 ए०.के सेनापति श्री सुभाषचन्द्र बोस का जीवन चरित्र उपन्यास शैली में निबद्ध है। इसमें सत्य तथा रचनाकार के कल्पित सत्य का सुरुचिकर समन्वय है। इसका अधिकांश पराधीन भारत की झाँकी है जो अंग्रेज जाति की संकीर्ण मनोवृत्ति को प्रकट करती है। असहयोग आन्दोलन के शब्दचित्र यथार्थ हैं। श्रीनिवास शास्त्री (कलकत्ता) ने 'सूर्यप्रभा किम्वा वैभवपिशाचः' (१९६८) उपन्यास में धनाढ्यों की धूर्तता, क्रूरता एवं ऐसे मनुष्यों के इतिवृत्त पर प्रकाश डाला है जिनकी दुष्टता ही दैनिक कर्म बन चुका है। इसके 'कृष्णतारा किं वा नवपल्लवम्' कल्पनामिश्रित उपन्यास में कृष्ण-तारा कलङ्किता नगरी को छोड़कर भारत की यात्रा करती हैं तथा सूर्यप्रभा को पत्र द्वारा भारत के प्राचीन राजाओं, नगरों, राजधानियों के उत्थान पतन का वर्णन भेजती रहती हैं। इनके 'सर्वाभ्युदयः किं वा सत्यं शिवं सुन्दरम्' उपन्यास में

भारतीय परम्परा में आदर्श शासन के स्वरूप का वर्णनात्मक दिग्दर्शन कराया गया है। उपन्यास का मूल उद्देश्य सर्वाभ्युदयवाद की प्रतिष्ठा करना है। श्री चन्दन मुनि (पंजाब) आध्यात्मिक जागरण की प्रेरणा से साहित्य सर्जन करने वाले स्रष्टा हैं। आपने औपन्यासिक शैली में 'अर्जुनमालाकारम्' (१९६९) 'प्रभवप्रबोधः' (१९७०) रचनाएँ प्रस्तुत की हैं। इनमें कथा के माध्यम से जीवन मूल्यों का, जैन दर्शन का, धर्म के आर्दर्शों का, जैन धर्मानुयायियों द्वारा आत्मसात् प्रवृत्तियों का एवं इसके सर्वातिशायी महत्त्व का दिग्दर्शन कराया गया है। लेखक की दृष्टि कड़ी शब्दावली की रीढ़ तोड़ने पर आद्यन्त केन्द्रित रही है।

अष्टम दशक के उपन्यासकारों में उपन्यासों की रूपसज्ञा व बाह्य स्वरूप पर विशेष ध्यान देने की प्रवृत्ति प्रवर्धित हुई। धार्मिक - सांस्कृतिक - साहित्यिक संस्थाओं ने तथा शासन ने उपन्यास लेखकों को आर्थिक सहायता देकर युगानुरूप उपन्यास प्रकाशित करने को प्रोत्साहित किया। प्रायः उपन्यासों के कथानक धार्मिक, ऐतिहासिक और सामाजिक क्षेत्र व समाज से चुने गये हैं। डॉ० बिहारीलाल शर्मा (वाराणसी) के 'मंगलायतनम्' (१९७५) का कथानक जैन धार्मिक साहित्य से गृहीत है। यह महावीर वर्धमान के जीवन चरित्र पर आधारित है। जैन धर्म के सिद्धान्त व जैन दर्शन का यथावसर प्रयोग किया है। डॉ० कृष्णकुमार (गढ़वाल) ने 'उदयनचरितम् (१९८०) उपन्यास में प्राचीन इतिहास व लोकश्रुति से राजा उदयन संबधी सामग्री जुटाकर छठी शताब्दी के युग के पूर्व का सजीव चित्रण किया है। परमानन्द शास्त्री सहारनपुर का ''करुणा'' उपन्यास अपूर्ण होते हुए भी उल्लेख्य रचना है।

नवम दशक के उपन्यासकार विषय की विविधता तथा रचनाशिल्प की दृष्टि से काफी आगे निकल चुके हैं। उपन्यासकारों ने उस ओर दृष्टि डाली है जहाँ समाज का उपेक्षित वर्ग बसता है। ये उनका सामाजिक मूल्य भी भली भाँति आँक रहें हैं। इस समय के उपन्यासों में सामाजिक समस्या, जीवन के नवीन मूल्यों की स्थापना एवं समाज के यथार्थ चित्रण की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आत्महत्या, परहत्या, उच्च हीन विचारग्रन्थि, दमित वासना, सम्मोहन, मानव के रहस्यमय व्यक्तित्व एवं कुण्ठाग्रस्त जीवन का यथार्थ और मनोवैज्ञानिक विश्लेषणात्मक चित्रण किया जा रहा है। उपन्यासों की कथावस्तु भारतीय है किन्तु तकनीक, कथ्य और शैली में नित्य नये प्रयोग भी किये जा रहें हैं। डॉ० केशवचन्द्र दाश, द्वारिका प्रसाद, देवीदयाल शास्त्री, डॉ० श्रीनाथदास हसूरकर, डॉ० विश्वनारायण शास्त्री आदि नये हस्ताक्षर उभर कर आये हैं।

डॉ० केशव चन्द्र दाश (उड़ीसा) जीवन के तनाव को ढीला कर आनन्द विभोर कर देने वाले उपन्यासकार हैं। इनके अनेक उपन्यास सामने आये हैं। जिनमें गम्भीर दार्शनिकता, बुद्धिवाद व उच्च चिन्तन मिलती है। आपके 'तिलोत्तमा' (१९८२)

सामाजिक उपन्यास में तिलोत्तमा, भाग्यदत्त व नीलिमा व पुष्पवल्लभ के विवाह व प्रेम के कथानक को आधार बनाया गया है । कथानक मौलिक रोचक एवं सुगठित है । पुरातन मूल्यबोध के साथ परिवर्तित युगबोध को ध्यान में रखकर त्याग पर विचार करना और कुसंस्कार को संस्कार बनाने के लिये मार्गान्तरण करना तिलोत्तमा का सन्देश है । तकनीक की दृष्टिसे उपन्यास एक दम नवीनता लिये हुए है । 'शीतल-तृष्णा' (१९८३) दर्शन पर आधारित एवं टैकनीक की दृष्टि से पाश्चात्त्य शैली का उपन्यास है । इसमें नायक ऋत्विक् व नायिका ऋति के वैवाहिक जीवन की सफलता दार्शनिक भूमि पर विवेचित है । संस्कृत सरल व बोलचाल की है । यत्र तत्र उपन्यासकार बुद्धिवाद के घेरे में स्वयं फँस कर रह गया है । 'पताका' (१९८५) उपन्यास में स्वाधीनता संग्राम की कहानी प्रस्तुत की गयी है । इसका उद्देश्य परस्पर मैत्रीभाव एवं ऐक्य है । 'अञ्जलिः' सामाजिक उपन्यास में एक सेवारत युगल के जीवन की विभिन्न समस्याओं तथा उनके परिवार के बिखराव का चित्रण है । उपन्यास का लक्ष्य एक स्वस्थ परिवार का निर्माण और इसमें जीवन व जीविका के मिलन बिन्दु की खोज करना है ।

'शिखा' आधुनिक समाज की प्रवृत्तियों पर तथा पुरातन मूल्यबोध से बिछुड़ जाने के परिणाम पर आधारित उपन्यास है । इसमें आध्यात्मिक वातावरण में पोषित एक ब्राह्मण व ऐहिक सुख साधन में लिप्त पुत्र का कथानक है । शिखा प्रवृत्ति का प्रतीक है । संकल्प द्वारा मनुष्य दुष्प्रवृत्ति से निर्लिप्त रह सकता है । यह उपन्यास लेखन का उद्देश्य है । 'मधुयानम्' (१९८४) में उपन्यासकार ने 'साहस्यमेव जीवनस्य मधु' के आदर्शों को स्थापित करने का प्रयास किया है । 'प्रतिपद्' (१९८४) उपन्यास में नायक उद्धव का अविद्या या सांसारिकता में फँसने का कथानक है । वह इस अविद्या का प्रारम्भ अनध्याय की तिथि प्रतिपदा से करता है । 'अरुणा' (१९८५) उपन्यास में लेखक ने महानगरीय जीवन की नारकीयता व सिद्धान्तहीन उत्तम की प्राप्ति की कामना का प्रतिपादन नीलुदा वरुण, यामिनी, प्रो० रमण लल्लू आदि चरित्रों के द्वारा किया है । 'आवर्तम्' (१९८५) में फ्रायड का प्रभाव परिलक्षित होता है । वासना (सैक्स) उपन्यास का मूल बिन्दु है । इन्द्र और वृत्र के प्राचीन कथानक द्वारा यह प्रतिपादित किया गया है कि वासना के सदुपयोग से सभ्यता बनती है, दुरुपयोग से नष्ट होती है । 'निकषा' उपन्यास मानव जीवन की समस्याओं पर आधारित है । जिजीविषा उपन्यास का प्रधान सूत्र है । 'ऋतम्' (१९८८) आधुनिक शिल्प का एक उत्तम उपन्यास है । उत्कृष्ट सत्य इसका विवेच्य है । नायिका अभिधा की विमर्शशील प्रवृत्ति उपन्यास का मुख्याकर्षण है । भाषा अत्यन्त सरल है । प्रतिपादन का ढंग नाटकीय है । आपके सभी उपन्यासों में व्यक्तिवादी चेतना अभिव्यक्त हुई है । ये मनोवैज्ञानिक शैली में लिखे गये हैं ।

द्वारिकाप्रसाद देवीदयाल शास्त्री (रायबरेली) साहित्यकार-युगल युगबोध का

लेखक है। इन दोनों ने मिलकर उपन्यास क्षेत्र में लेखनी उठाई है। इनका सम्मिलित प्रयास 'दिव्यज्योति' (१९८२) उपन्यास सामाजिक है जो दहेज प्रथा पर लिखा गया है। इसमें इनका दृष्टिकोण सुधारात्मक है। कथावस्तु-वर्णन-शिल्प की दृष्टि से यह एक सफल प्रयोग है। डॉ० श्रीनाथ हसूरकर (नीमच) अद्यतन साहित्यिक प्रवृत्तियों के साथ पदार्पण करने वाले उपन्यासकार हैं। इनका 'अजातशत्रु' (१९८४) उपन्यास कथ्य एवं कला दोनों दृष्टियों से मनमोहक रचना है। आपको अर्वाचीन युग की उपन्यास विधा का प्रभावोत्पादक स्वर साधक कहा जा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक डॉ० विश्वनारायण शास्त्री (गौहाटी) का 'अविनाशि' (१९८९) उपन्यास ऐतिहासिक है। इसका आधार सप्तम शतक के पूर्वार्ध में घटित रचना है जो कामरूप (आसाम) नरेश कुमार भास्कर वर्मा द्वारा हर्षवर्धन के साथ गौडाभियान (बंगाल) की महत्त्वपूर्ण घटना को लेकर लिखा गया है। उपन्यास सप्तम शती के भारत की सांस्कृतिक परम्परा का प्रतिबिम्ब है। आधुनिक ढंग से लिखे गये इस उपन्यास की भाषा एवं भावाभिव्यक्ति पूर्णतः क्लासिकल है।

मौलिक उपन्यासों का प्रकाशन दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है क्योंकि प्रचलित प्रतिष्ठित संस्कृत पत्रिकाओं को उच्च स्तर बनाये रखने के लिए इसकी आवश्यकता प्रतीत होती है।

## अनूदित-रूपान्तरित उपन्यास

विवेच्य शताब्दी में भारत की प्रान्तीय भाषाओं तथा अंग्रेजी साहित्य से भी उत्तम उपन्यासों को संस्कृत में अनूदित किया गया है, जिससे आधुनिक उपन्यास साहित्य समृद्ध हुआ है। बंगला भाषा का उपन्यास साहित्य भावुकता एवं रोचकता पूर्ण है। इन विशेषताओं से प्रभावित होकर मूल उपन्यासों के संस्कृत में अनुवाद किये गये हैं। इनकी कथावस्तु व शैली पर संस्कृत कथानकों का निर्माण किया गया है और इनके संक्षिप्त रूपान्तर भी किये गये हैं। मुख्यतः रवीन्द्र - बंकिम - शरद- रमेशचन्द्र दत्त - हरिप्रसाद शास्त्री के बँगला उपन्यासों को अनूदित किया गया है। बीसवीं शती के प्रारम्भ में संस्कृत के प्रसिद्ध मासिक 'संस्कृत-चन्द्रिका' की तूती बोल रही थी। इसमें ही बँगला उपन्यास साहित्य के अनुवादित उपन्यास प्रचुर मात्रा में प्रकाशित हुए थे। इस मासिक के सम्पादक अप्पाशास्त्री राशिवडेकर (कोल्हापुर), जो कि समकालीन संस्कृत पत्रिकारिता के भीष्म पितामह थे, ने बंकिमचन्द्र के 'इन्दिरा' (१९०४) 'देवी कुमुद्वती' (१९०३) 'लावण्यमयी' (१९०६) 'कृष्णकान्तस्य निर्वाणम्' (१९०७) उपन्यासों को संस्कृतचन्द्रिका में प्रकाशित किया। सुख्यात रूपान्तरकार श्रीमती रेणुदेवी (बंगाल) द्वारा बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय के राधा (१९२२) दुर्गेशनन्दिनी (१९२२ - २३) 'रजनी' (१९२८ - २९) 'राधारानी' (१९३० - ३१) के संस्कृत रूपान्तर कलकत्ता से प्रकाशित संस्कृत - साहित्य -

परिषद् - पत्रिका में निकले । इनमें हृदयस्पर्शी, मधुर तथा सरल संस्कृत का प्रयोग किया गया है । ए० राज गोपाल चक्रवर्ती (मैसूर) का 'शैवालिनी' (१९१७) उपन्यास भी बँगला उपन्यास का सरल संस्कृत रूपान्तर है । इनके अन्य उपन्यास भी बंगला उपन्यासों की शैली पर लिखे गये हैं । श्रीशैल ताताचार्य (काञ्ची) ने बंकिम के 'दुर्गेशनन्दिनी' 'क्षत्रियरमणी' (१९०८) उपन्यास व हरिचरण भट्टाचार्य (बंगाल) ने बंकिम के 'कपालकुण्डला' को 'कपालकुण्डलम्' (१९१८) शीर्षक से सरस - सरल संस्कृत में अविकल अनूदित किया है । विधुशेखर भट्टाचार्य (बंगाल) ने रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा लिखित कथा के आधार पर 'जयपराजयम्' (१९०६) उपन्यास लिखा। इनका 'चन्द्रप्रभा' (१९१५) उपन्यास भी बँगला साहित्य से अनूदित रचना है । बँगला उपन्यास साहित्य से अनुवादित अन्य उपन्यासों में डॉ० परशुराम शर्मा (पूना) का 'वाल्मीकिविजयः' (१९६२) उपन्यास जिसमें विश्वबन्धुत्व, एकता, समता, आत्मदाह व राजनीतिज्ञों की अहंमन्यता का सुन्दर वर्णन है, प्रो० रविनाथ त्रिपाठी 'कलकत्ता' का ब्राह्मणकन्या (१९६६) उपन्यास जिसमें प्रचीन व नवीन सामाजिक विचारधाराओं की यथार्थ अभिव्यक्ति मिलती है, हरेकृष्ण शास्त्री (जयपुर) का 'उद्वेजनी' (१९६१) उपन्यास व रुद्रदत्त पाठक (गया) का 'सम्मेलन-मन्दिरम्' (१९६२) उपन्यास उल्लेखनीय हैं । बंगला साहित्य से अनूदित या रूपान्तरित उपन्यास संस्कृत उपन्यास साहित्य के प्रति जनरुचि और जनजागरण के परिणाम थे ।

तमिल तेलुगु भाषा साहित्य के प्रमुख उपन्यासों को भी संस्कृत में अनूदित किया गया जिनमें लेखकों के यथार्थ मनोभावों को सहज तथा स्पष्ट शब्दावली में रखने का प्रयास किया गया है । मुडम्बै श्रीनिवासाचार्य (तमिलनाडु) ने तमिल साहित्य से कथ्य और भाव लेकर 'मणिमेखला' 'कैरविणी' 'प्रवालवल्ली' रोमांस लिखे । दोरा स्वामी के तमिल उपन्यास का देशिक तिरुमलैय ताताचार्य (तिरुपति) ने 'मेनका' (१९३०) शीर्षक से परिष्कृत संस्कृत में अनुवाद किया जो 'उद्यानपत्रिका' मासिक में क्रमशः प्रकाशित हुआ । तेलुगु साहित्य से यरसूरि मल्लिकार्जुन राव (राजमुन्द्री) ने सूरन कवि की 'कलापूर्णोदय' विलक्षण रचना को 'संस्कृत-कलापूर्णोदय' (१९५६) उपन्यास रूप में मौलिक से कहीं अधिक रोचक ढंग से प्रस्तुत किया । कलभाषिणी वेश्या और मणिकंधर का प्रणय इसकी मूल कथावस्तु है ।इसमें आन्ध्र-केरल-कश्मीर-महाराष्ट्र प्रदेश निवासियों की सभ्यता संस्कृति और सामाजिक जीवन के यथार्थ चित्र मिलते हैं । 'भारतमुद्रा' संस्कृत पत्रिका में भी केरल भाषा में लिखे अनेक उपन्यासों को संस्कृत में प्रस्तुत किया गया है । जिनमें माबम्बु कुजुकुट्ट का उपन्यास 'महाप्रस्थानम्' (१९८३) महत्त्वपूर्ण कृति है।

आधुनिक सुधारवादी संस्कृत साहित्यिकों ने मराठी साहित्य से भी उपन्यास रत्न चुने और उन्हें रोचक आकर्षक सरल संस्कृत में अनूदित किया है । ना० चि०

केलकर के मराठी उपन्यास को वासुदेव लाटकर (कोल्हापुर) ने 'बलिदानम्' (१९४०) शीर्षक से भावानुवर्तिनी भाषा में प्रस्तुत किया। इसमें हिंसाप्रधान शाक्त धर्म के पतन तथा अहिंसावादी बौद्ध धर्म के उत्थान का आकर्षक चित्रण है।

हिन्दी उपन्यास साहित्य के अनुपम उपन्यासों को भी संस्कृत में अनूदित करने के लिए अनुवादक प्रवृत्त हुए हैं। इनका झुकाव कला के विचार से नहीं विषय के आकर्षण के कारण हुआ है। इस श्रृंखला में अनन्ताचार्य (कांची) का 'संसारचक्रम्' (१९०६) ना0 सु0 रा0 गवोत्त (नीलगिरि) का 'पीतः सरोवरः' उल्लेख्य उपन्यास है। संसारचक्रम् उपन्यास मंजुभाषिणी पत्रिका में छपा, पश्चात् पुस्तकाकार रूप में भी प्रकाशित हुआ है।

अंग्रेजी साहित्य से भी अनेक उपन्यास नाटक संस्कृत के रूप में भाषान्तरित अनूदित व रूपान्तरित किये गये हैं और इनके कथासार भी औपन्यासिक रूप में प्रकाशित हुए। विदेशी साहित्यकारों में विशेषतः शेक्सपियर के नाटकों के आधार पर उपन्यासों को लिखा गया है। ए0 आर0 राजराजवर्मा कोइतम्बुरान (केरल) ने 'उद्दालचरितम्' पी0 के0 कल्याणराम शास्त्री (मद्रास) ने 'कनकलता' (१९०८) उपन्यास लिखे। कुलमणि देवकोटा (नेपाल) ने जर्मन उपन्यासकार स्टीफेन ज्वीग के उपन्यास को 'विराट्' (१९६२) यज्ञनारायण दीक्षित (गुन्टूर) ने टेनीसन के 'इनाक अरडिन' के आधार पर उपन्यास 'अन्नपूर्णा' (१९६६) लिखा। सामाजिक उपन्यास विराट् भारतीय कर्मयोग के सिद्धान्त पर आधारित उत्कृष्ट रचना है।

संस्कृत नाटकों के कथासार भी उपन्यास के रूप में लिखे गये हैं। लक्ष्मणसूरी (तमिलनाडु) ने 'महाभारतसंग्राम' (१९०४) 'रामायणसंग्रह' 'भीष्मविजयः' (१९०४) श्रीमती क्षमाराव (पूना) ने 'नैषधीयं गद्यामृतम्' (१९५५) डॉ० वे० वरदाचार्य (तिरुपति) ने 'शकुन्तलाचरितम्' उपन्यास लिखे। 'शकुन्तलाचरितम्' उपन्यास को ऐतिहासिक व कल्पनाजन्य घटनाओं के सहयोग से अत्यन्त रोचक व सरस बनाया गया है। भारतीय नारी जीवन में जिसे एक बार हृदय समर्पित कर देती है उस पर आजीवन अटल रहती है - यह दिखाना उपन्यास का उद्देश्य है। इन उपन्यासों के लेखन - प्रकाशन से नवीन शैली के मौलिक उपन्यास लेखन के लिए प्रशस्त राजमार्ग मिला है।

सम्प्रति नवोदित प्रतिभाएँ इस क्षेत्र में अवतरित हो रही हैं और अनूदित उपन्यास साहित्य की अभिवृद्धि कर रही है। इन उपन्यासों से उपन्यास पाठकों की संख्या में द्रुत गति से वृद्धि हुई है तथा इनके प्रकाशन में भी निरन्तर क्षिप्रता आती चली जा रही है।

# बीसवीं शताब्दी की वैशेषिक सूत्रों की संस्कृत टीकाएँ

डॉ0 शशिप्रभा कुमार

भारतीय आस्तिक षड्दर्शनों में अन्यतम वैशेषिक दर्शन का मूल महर्षि कणादकृत वैशेषिक सूत्र हैं जो दार्शनिक सूत्रग्रन्थों में प्राचीनतम (५०० ई0 पू0 के लगभग) माने जाते हैं । अतः वैशेषिक परम्परा का विकास पिछले ढाई हजार वर्षो की लम्बी अवधि में प्रथित है । इस सुदीर्घ विकास क्रम में अनेकानेक ग्रन्थरत्नों ने इस दर्शन की मान्यताओं को आगे बढ़ाया किन्तु वैशेषिक सूत्र ही इस दर्शन की प्राचीनतम मूल रचना है, इसमें कोई सन्देह नहीं । यद्यपि कालक्रमानुसार इन सूत्रों की संख्या और स्वरूप में अनेक परिवर्तन हुए हैं- भिन्न-भिन्न संस्करणों में उद्धृत वैशेषिक सूत्रों की संख्या में पर्याप्त असामंजस्य है तथा नवीन दार्शनिक मान्यताओं को प्रामाणिक बनाने के लिए अनेक सूत्र बाद में प्रक्षिप्त किये गये भी प्रतीत होते हैं किन्तु इससे वैशेषिक सूत्रों का प्रतिपाद्यगत माहात्म्य कदापि कम नहीं होता । जिस भाँति व्याकरण और वेदान्त शास्त्र सूत्रों के बिना नहीं पढ़े जा सकते, उसी भाँति न्याय और वैशेषिक दर्शन का अध्ययन मूलभूत सूत्रों के बिना सम्भव नहीं, इसीलिए प्राचीन दर्शन ग्रन्थों का प्रचार वर्तमान काल में पुनः प्रचलित हो रहा है । इसी तथ्य का स्पष्ट निदर्शन वैशेषिक सूत्रों पर बीसवीं शताब्दी में लिखी गयी कतिपय संस्कृत टीकाएँ हैं जिनका दिग्दर्शन प्रस्तुत निबन्ध का प्रतिपाद्य है ।

विगत ढाई शताब्दियों से प्रवर्तमान वैशेषिक परम्परा में इन सूत्रों पर प्राचीनतम उपलब्ध व्याख्या प्रशस्तपाद का 'पदार्थधर्मसंग्रह' ही है, यद्यपि उससे पूर्व भी अनेक व्याख्याओं के संकेत मिलते हैं- जैसे-वाक्य, श्रायस्ककृतव्याख्या, रावणभाष्य, कटन्दी, आत्रेयभाष्य, भाष्य वृत्ति, भारद्वाजवृत्ति आदि [१]; किन्तु इनमें से कोई भी प्राप्य नही है । इन प्राचीन अनुपलब्ध व्याख्याओं के अतिरिक्त अतीत में वैशेषिक सूत्रों पर प्रणीत अनेक अन्य महत्त्वपूर्ण संस्कृत व्याख्याएँ प्रकाशित भी हो चुकी हैं, जिनमें सर्वप्रमुख शङ्करमिश्रकृत 'उपस्कार' हैं; साथ ही भट्टवादीन्द्रकृत 'कणादसूत्रनिबन्ध', बड़ौदा से प्रकाशित 'चन्द्रानन्दवृत्ति', मिथिला विद्यापीठ से प्रकाशित 'अज्ञातकर्तृक व्याख्या', जयनारायणकृत 'विवृति', चन्द्रकान्त तर्कालङ्कार कृत 'भाष्य' एवं पं0 रघुदेव का 'व्याख्यान' उल्लेख्य हैं । वर्तमान शताब्दी में वैशेषिक

सूत्रों पर अंग्रेजी व हिन्दी में रचित व्याख्याओं एवं शोध ग्रन्थों के अतिरिक्त देववाणी संस्कृत में जो व्याख्याएँ लिखित एवं प्रकाशित हैं, उनका संक्षिप्त विवरण एवं वैशिष्ट्य विवेचन निम्नलिखित है-

## (१) वैशेषिक दर्शन-'रसायन'-व्याख्या[२]

बीसवीं शताब्दी में प्रणीत वैशेषिक-सूत्र-व्याख्याओं में यह प्राचीनतम एवं सर्वप्रथम है। इसके प्रणेता तर्कार्णव पण्डितरत्न श्री उत्तमूर वीरराघवाचार्य हैं। विद्वान् व्याख्याकार ने प्रशस्तपाद भाष्य, व्योमवती, न्यायकन्दली, किरणावली आदि सभी प्राचीन ग्रन्थों का अध्ययन-मनन करके अपनी कृति में उनका प्रचुर उपयोग भी किया है। श्री वीरराघवाचार्य ने वैशेषिक सूत्रपाठ में संशोधन भी किया है एवं अनेकत्र सूत्रों के लुप्त अंश भी प्रकाशित किये हैं। महान् श्रम एवं प्रयासपूर्वक उन्होंने 'सूत्रयाथात्म्यशोधनम्' शीर्षक के अन्तर्गत न्यायभाष्य, उपस्कार, कन्दली, किरणावली व्योमवती एवं विन्ध्येश्वरी प्रसाद द्विवेदी द्वारा स्वीकृत सूत्रपाठ[३] इत्यादि से पाठ भेदों का निदर्शन कराके प्रामाणिक सूत्रपाठ प्रस्तुत किया है। इसमें कुल सूत्रसंख्या ३७३ है।

'सूत्रमात्रावलम्बे च निरालम्बेऽपि खेलतः'[४] शंकर मिश्र के इस वचन से व्यक्त होता है कि वैशेषिक सूत्रों पर उनसे पूर्व कोई पूर्ण पदानुक्रमयुक्त टीका उपलब्ध नहीं थी और सम्पूर्ण वैशेषिक साहित्य का अवगाहन करके हम कह सकते हैं कि 'उपस्कार' के पश्चात् भी वैशेषिक सूत्रों पर ऐसी कोई टीका नहीं मिलती जो सूत्रकार की स्थिति एवं विचारों को पुनरनुप्राणित कर सके। अतः श्री वीरराघवाचार्य की 'रसायन' व्याख्या वैशेषिक सूत्रों के लिए वस्तुतः 'रसायन' की भाँति ही पोषक-वर्धक है, इसमें कोई सन्देह नहीं, जैसा कि स्वयं लेखक के वचनों से प्रमाणित है-

''शास्त्रेऽत्रैवमिदंवित्सु शैथिल्यञ्चारुचिं हरत्।
विधत्ते पुष्टिमिष्टार्थान् वैशेषिकरसायनम्॥''[५]

'रसायन' व्याख्या के आरम्भ में अंग्रेजीं व संस्कृत दोनों भाषाओं में विस्तृत भूमिका दी गयी है जिसमें वैशेषि दर्शन का माहात्म्य प्रतिपादित किया गया है तथा सूत्रकार एवं उनके अनुयायियों द्वारा प्रवर्तित ग्रन्थों व सिद्धान्तों का संक्षिप्त परिचय भी दिया गया है। अत्यन्त संक्षिप्त विषय सूची तथा अकारादिक्रम से सूत्र सूची भी संकलित है। प्रत्येक पृष्ठ के ऊपर भी प्रतिपाद्य विषय का संकेत दिया गया है तथा प्रत्येक आह्निक के अन्त में एक कारिका के द्वारा आह्निकगत विषयों का उपसंहार किया गया है। व्याख्या के अन्तर्गत आने वाले सूत्रपदों, वैशेषिक आचार्यों तथा ग्रन्थों के नामों को रेखाङ्कित किये जाने से अध्येताओं को बहुत सुविधा रहेगी।

'रसायन' व्याख्या की शैली शास्त्रीय,प्राञ्जल एवं गुरु-गम्भीर है। इसमें

वैशेषिक सिद्धान्तों की असाधारणता प्रतिपादित करने के लिए मतान्तरों के आक्षेपों का परिहार करते हुए, सूत्रों के गाम्भीर्य-संरक्षण के द्वारा सूक्ष्म एवं सारदर्शिनी प्रक्रिया अपनाई गयी है, यथास्थल सन्दर्भ शुद्धि भी की गयी है। इस व्याख्या का प्रतिपाद्यगत वैशिष्ट्य निम्न स्थलों पर अवलोकनीय है-कार्य-कारण-भाव[६] सामान्य-विशेष-समवाय पदार्थो का निरूपण[७] वायु की अतीन्द्रियत्व-सिद्धि[८] अनुमान-हेत्वाभास प्रकरण,[९] आत्मा की आगमनिरपेक्ष सिद्धि[१०] परमाणु-सद्भाव-स्थापना,[११] अवहननादि लौकिक कर्मो की स्वीकृति[१२] यमनियमादि योगाङ्गों का निरूपण[१३], परमाणुओं की पाक प्रक्रिया[१४], निर्विकल्पक व योगज प्रत्यक्ष[१५], अभाव की गति[१६], शब्दादि की अनुमानगम्यता[१७], सुख दुःख विवेक[१८], आम्नाय का प्रामाण्य[१९], ईश्वर की सिद्धि[२०], आदि। अतः कुल मिलाकर संक्षेप में इस व्याख्या के विषय में, स्वयं व्याख्यकार के शब्दों में यही कहा जा सकता है कि-

> ''वैशेषिकरहस्यार्थाः मतान्तरविलक्षणाः।
> सूत्रैर्व्युत्पाद्य रक्ष्यन्ते शैलीशुद्धिश्च दर्श्यते ॥''[२१]

## (२) वैशेषिकसूत्रवैदिकवृत्तिः[२२]

'इस वृत्ति के रचयिता निखिलशास्त्रनिष्णात पं0 स्वामी हरिप्रसाद हैं। जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है, यह महर्षि कणादकृत सूत्रों की वेदानुसारिणी वृत्ति है। इसमें कोई भूमिका, विषयसूची अथवा सूत्रानुक्रमणी नहीं है। इसके अनुसार भी वैशेषिक सूत्रों की कुल संख्या ३७३ है एवं इसमें 'उपस्कार' के सूत्रपाठ का ही अनुसरण किया गया है।

'वैदिक' वृत्ति में अनेकशः श्रुति, उपनिषद् स्मृतियाँ,अन्य दर्शनशास्त्र तथा वैशेषिक दर्शन के अन्य आचार्यो की सम्मतियाँ स्पष्टतः उद्धृत की गयी हैं। प्रत्येक आह्निक के अन्त में एक कारिका के द्वारा आह्निकगत विषय का निर्देश किया गया है। प्रतिपाद्य की दृष्टि से वृत्ति के विशिष्ट स्थल निम्नलिखित हैं-

(क) सूत्र १.१.४ की व्याख्या में अभाव की पदार्थत्व चर्चा के अवसर पर उदयनाचार्य, वाचस्पति मिश्र एवं मानमनोहरकार आदि आचार्यों के मत उद्धृत किये गये हैं।[२३]

(ख) सूत्र १.१.६ की व्याख्या में सामान्य गुणों एवं विशेष गुणों का विवेचन है एवं कारिकावली उद्धृत की गयी है।[२४]

(ग) सूत्र १.१.१० के अन्तर्गत सूक्ष्म वायु में आकाश से स्थूल वायु व आकाश के आरम्भ की चर्चा की गयी है।[२५]

(घ) इस वृत्ति की सर्वातिशायिनी विशेषता यह है कि इसमें वैशेषिक दर्शन का वैदिकत्व प्रतिपादित किया गया है[२६]।

(ङ) पृथिवी-विवेचनावसर पर पृथिवी का कृष्ण रूप स्वाभाविक सिद्ध किया गया है व इसमें श्रुति का प्रमाण भी दिया गया है ।[२७]

(च) अग्नि के रूप की चर्चा करते हुए यह मत व्यक्त किया गया है कि अग्नि का स्वाभाविक रूप लोहित होता है । यही वैदिक मान्यता है, जबकि नव्य नैयायिक अग्नि का भास्वर शुक्ल रूप मानते हैं ।[२८]

(छ) काल-सिद्धि एवं विशद व्याख्या के स्थल पर भी श्रुतिप्रामाण्य उपन्यस्त किया गया है ।[२९]

(ज) शब्द की गुणत्व-सिद्धि अत्यन्त युक्तिपूर्वक, विस्तार से की गयी है।[३०]

(झ) वेदप्रामाण्य से शब्द की अनित्यता प्रतिपादित की गयी है ।[३१]

(ञ) मन की सिद्धि के स्थल पर यह मत प्रकट किया गया है कि वैदिक मतानुसार वैशेषिकों को भी मन का मध्यमपरिमाणत्व ही स्वीकार्य है, अणुपरिमाणत्व नहीं ।[३२]

(ट) आत्मा के गुणों का निरूपण करते समय वृत्तिकार ने यह विचार व्यक्त किया है कि आत्मा के ज्ञानादि अनित्य गुण मनोयोगविशिष्ट आत्मा के ही हैं, नित्य कूटस्थ आत्मा के नहीं ।[३३]

(ठ) आत्म-नानात्व-सिद्धि के प्रसंग में विद्वान् लेखक ने श्रुति प्रमाण भी प्रस्तुत किया है ।[३४]

"ये समानाः समनसो जीवा जीवेषु मामकाः।-यजु०१९/४६

तथा

"चेतनश्चेतनानाम् ।" -कठोप०५/१३

(ड) परमाणु निरूपण के अवसर पर व्याख्याकार ने यह मान्यता प्रकट की है कि वैशेषिक, न्याय एवं मीमांसा दर्शन जिसे 'परमाणु' नाम से जानते व मानते हैं, सांख्ययोग और वेदान्त दर्शन में उन्हें ही 'गुण' नाम से कहा गया है तथा श्वेताश्वतर शाखा के अनुयायी उसे ही लोहित, शुक्ल, कृष्ण नाम से अथवा प्रकाश, क्रिया व आवरणशक्ति के नाम से पुकारते हैं ।[३५]

(ढ) कारण-विवेचन के अवसर पर सभी दर्शनों की मूलकारण विषयक मान्यताओं में समन्वय स्थापित किया गया है ।[३६]

(ण) वैशेषिक दर्शन में भी वैदिक त्रैतवाद की स्थापना की गयी है ।[३७]

(त) वैशेषिक दर्शनसम्मत जलीय,वायव्य एवं तैजस शरीरों की भी वैदिक व्याख्या प्रस्तुत की गयी है और उन्हें क्रमशः 'पानीयमण्डलस्थसत्त्वानां शरीरं' 'वायुमण्डलस्थसत्त्वानां शरीरं' तथा 'तेजोमण्डलस्थसत्त्वानां शरीरं' कहा गया है ।[३८]

(थ) करकादिपात में भी वैदिक प्रमाण प्रस्तुत किये गये हैं।[३९]

(द) वस्तुतः ब्रह्मानन्द का उपभोग ही मोक्ष है, यही वैदिक मान्यता है, तथापि वह दुःखों की अत्यन्त निवृत्ति होने पर ही संभव है। अतः दुःखों की अत्यन्त निवृत्ति को ही अपवर्ग कह दिया गया है।[४०]

(ध) ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मणों को श्रद्धापूर्वक दान देने के गृहस्थों के कर्त्तव्य में भी वैदिक प्रमाण उद्धृत किया गया है।[४१]

(न) वेदविहित कर्मों की व्याख्या करते हुए मांसादि को दुष्ट भोजन कहकर व्याख्याकार ने अनेक श्रुतियों के प्रमाणों द्वारा पशुहिंसा को शास्त्र प्रतिषिद्ध, अवैदिक कर्म सिद्ध किया है।[४२]

(प) वैदिक प्रमाणों के द्वारा आत्मा की सापेक्ष अणुत्व-सिद्धि की गयी है, यद्यपि वैशेषिक दर्शन में नित्य आत्मा को विभु माना गया है। 'तदभावादणु मनः' (वै0 सू0 ७.१.२३) इस सूत्र की व्याख्या शंकरमिश्र आदि सभी व्याख्याकारों ने 'मन' द्रव्य के सन्दर्भ में की है, किन्तु प्रस्तुत वृत्ति के लेखक ने सयुक्तिक स्थापित किया है कि मन मध्यमपरिमाण है एवं जीवात्मा अणुपरिमाण तथा अपने मत की पुष्टि में उन्होंने श्रुति वचन भी उद्धृत किये हैं।[४३]

(फ) वैंशेषिक असत्कार्यवाद का विवेचन करते हुए वैदिक वृत्तिकार ने सांख्यसम्मत सत्कार्यवाद के साथ उसका अविरोध स्थापित किया है एवं यह विचार व्यक्त किया है कि व्यवहार-वैलक्षण्य होने पर भी वैदिक दर्शनों में वस्तुतः परस्पर कोई विरोध नहीं है।[४४]

(ब) अलौकिक प्रत्यक्ष-निरूपण के अवसर पर पं0 हरिप्रसाद ने प्रतिपादित किया है कि प्रत्यगात्मा का ही मानस प्रत्यक्ष संभव है,परमात्मा का तो केवल आत्मा को ही साक्षात्कार हो सकता है, मन की गति वहाँ तक संभव नहीं।[४५]

(भ) प्रायः वैशेषिक दर्शन को प्रत्यक्ष व अनुमान-इन दो ही प्रमाणों में विश्वास रखने वाला माना जाता है किन्तु वैदिक वृत्ति में इस धारणा को भ्रान्तिमूलक बताकर यही सिद्ध किया गया है कि सूत्रकार शब्द प्रमाण को भी स्वीकार करते हैं , अतः वैशेषिक दर्शन प्रमाणत्रयवादी है।[४६]

(म) भारतीय दर्शनों में कुल आठ प्रमाणों की चर्चा हुई है और वैदिकवृत्ति में यह सद्ध किया गया है कि इन आठों प्रमाणों की संख्या के विषय में परस्पर आपाततः मतभेद होने पर भी वस्तुतः ये आठों प्रमाण वैदिक ही हैं।[४७]

इस भाँति वैदिकवृत्ति के वैशिष्ट्योद्भासक उक्त स्थलों के संक्षिप्त संकेतों से सुव्यक्त हो जाता है कि महर्षि कणाद ने जिस अद्भुत अर्थज्ञान का प्रवर्तन किया है, उसका यहाँ वैदिक रीति से परिष्कार एवं पोषण किया गया है-

''कणादेन प्रणीतेयमर्थज्ञानोदकप्रपा ।
मया हरिप्रसादेन वृत्त्या सम्यक् परिष्कृता ।।[४८]

## (३) वैशेषिकदर्शन 'ब्रह्ममुनि' भाष्यम्[४९]

इस भाष्य के रचयिता स्वामी ब्रह्ममुनि परिव्राजक विद्यामार्त्तण्ड हैं जिन्होंने अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रणयन किया है, जैसा कि इस भाष्य के आरम्भ में मुद्रित 'ब्रह्ममुनिकृतगन्थसंख्या ५८' से स्पष्ट है । इस भाष्य के अनुसार भी सूत्रों की संख्या ३७३ ही है, तथा इसमें भी 'उपस्कार' के सूत्रपाठ का ही अनुसरण किया गया है। भाष्य के आरम्भ में सबसे पहले प्रमुख प्रतिपाद्य विषयों का निर्देश करके उनके अनुसार सूत्रों का वर्गीकृत उल्लेख किया गया है जो अतीव उपयोगी है । तदनन्तर ग्रन्थगत प्रतिपाद्य विषयों का सूत्रक्रमानुसार निर्देश 'विषयसूची' में है एवं उसके बाद उन सूत्रों की सूची दी गयी है जिनमें अन्य व्याख्याकारों द्वारा किये गये भाष्यों की आलोचना है । भाष्य की समाप्ति पर अकारादि वर्णानुक्रम से सूत्रसूची दी गयी है । इस भाँति गंभीर अध्येता की दृष्टि से इस भाष्य की उपादेयता बहुगुणित हो गयी है।

भाष्यकार ने 'प्राक्कथन' में अपना मत प्रकट करते हुए कहा है कि 'वैशेषिक' आदि नाम अथवा दर्शनविद्या के सभी नाम यौगिक हैं एवं वेदों के उपाङ्ग होने से अङ्गीभूत वेदों के साथ ही प्रकट हुए हैं, अतः सभी दर्शन समानकालीन हैं, उनमें पौर्वापर्य की कल्पना अनुचित है । तत्पश्चात् वैशेषिक दर्शन के अन्य आचार्यों एवं सिद्धान्तों की चर्चा करते हुए यह मत प्रतिपादित किया गया है कि कणाद के सूत्रों में ही ईश्वर का निर्देश है, अतः वैशेषिक दर्शन अनीश्वरवादी नहीं है । इसी स्थल पर यह भी स्पष्ट किया गया है कि यद्यपि वैशेषिक दर्शन में समवायि, असमवायि और निमित्त ये तीन कारण माने गये हैं किन्तु निमित्तकारण को निमित्त नाम से नहीं अपितु 'वैशेषिक' नाम से अभिहित किया गया है,[५०] अन्य दर्शनों के प्रभाववशात् उसे 'निमित्त' कह दिया जाता है । तत्पश्चात् वहीं कारण के विषय में दो विवरण तालिकाएँ दी गयी हैं जिनके अन्तर्गत प्रथमतः कारणप्रक्रिया से एवं फिर वस्तुप्रक्रिया से विचार किया गया है ।[५१]

इस भाष्य की शैलीगत एवं प्रतिपाद्यगत विशेषताएँ निम्न स्थलों पर अवलोकनीय हैं-

(क) विद्वान् भाष्यकार ने सूत्रों के अर्थबोध के लिए पूर्वापर सूत्रों के सन्दर्भ भी संकेतित किये हैं ।[५२]

(ख) यत्र-तत्र पाद टिप्पणियों में व्याकरणिक संकेत भी दिये गये हैं ।[५३]



(ग) स्थान-स्थान पर संहिता, उपनिषद् एवं अन्यान्य दर्शनों से उद्धरण भी

दिये गये हैं जो भाष्यकार के बहुश्रुत होने का प्रमाण हैं ।[५४]

(घ) सूत्रान्तर्गत प्रत्येक पद का अन्वयानुसार संकेत करके (सूत्र-पदों को काष्ठक में रखा गया है) व्याख्या की की गयी है ।

(ङ) यथास्थल सूत्रपाठ के औचित्य-अनौचित्य के विषय में भी आवश्यक निर्देश दिये गये हैं ।[५५]

(च) अनेक स्थानों पर लौकिक उदाहरणों द्वारा शास्त्रीय विषयों को स्पष्ट किया गया है, जैसे 'उत्क्षेपण' को 'मुषलोत्थापन' से, 'अवक्षेपण' को 'मुषलादि के अधःपतन' से आदि आदि ।[५६]

(६) प्रथम आह्निक के द्वितीय सूत्र में आये 'अभ्युदय' पद की व्याख्या करते हुए भाष्यकार ने स्पष्ट किया है कि इसका अर्थ सांसारिक सुख-ऐश्वर्य है, न कि तत्त्वज्ञान या स्वर्ग, जैसा कि शंकर मिश्र अथवा जयनारायण ने किया है ।[५७]

(ज) यहीं पर स्वामी ब्रह्ममुनि ने 'धर्म' शब्द का आशय व्यक्त करते हुए लिखा है कि धर्म न केवल सांसारिक सुख-ऐश्वर्य है, न केवल मोक्षमार्ग चिन्तन, अपितु उभय-सहभावस्वरूप है ।[५८]

(झ) आत्मा का निरूपण करने वाले सूत्र में सिद्ध किया गया है कि सूत्रकार परमात्मा को भी मानते हैं तथा जीवात्मा को भी । तदनुसार परमात्मा विभु है । जीवात्मा अविभु, एकदेशी व शरीरवर्ती होने से अणु है ।[५९]

(ञ) ब्रह्ममुनिभाष्य में अनेकशः शङ्करमिश्र, जयनारायण एवं चन्द्रकान्त आदि के भाष्यों की असमीचीनता भी दर्शायी गयी है ।[६०]

इस भाँति उक्त स्थलों के अवलोकन से स्पष्ट है कि यह भाष्य अत्यन्त वैदुष्यपूर्ण है । स्वयं भाष्यकार के अनुसार उनके इस भाष्य का प्रयोजन सरल भाषा से कठिन सूत्रों का परस्पर अर्थसंगति के द्वारा विषय-स्फुटीकरण हैं और अन्य व्याख्याकारों द्वारा किये गये अयथार्थों का प्रतिपादन भी, अतः संक्षेप में कहा जा सकता है कि अपने इस प्रयोजन में वे पूर्णतः सफल रहे हैं ।

## (४) वैशेषिकदर्शन 'वेदभास्कर' भाष्यम्[६१]

इसके प्रणेता पं0 काशीनाथ शर्मा हैं । भाष्य के आरम्भ में विस्तृत अंग्रेजी भूमिका है जिसमें वैशेषिक दर्शन का महत्त्व एवं परिचय निरूपित है । तदुपरान्त अंग्रेजी व संस्कृत दोनों में विषय-सूची दी गयी है जो क्रमशः विषयानुसारिणी एवं अध्यायक्रमानुसारिणी है । अन्त में परिशिष्ट रूप में सूत्रभाषाविवृति होने से इसकी उपादेयता द्विगुणित हो गयी है । प्रथम अध्याय की आरंभिक चतुःसूत्री की विस्तृत व्याख्या में भाष्यकार ने समस्त दर्शनों के विषय में अपना दृष्टिकोण भली भाँति स्पष्ट कर दिया है । अन्य दर्शनों के सिद्धान्त भी यथास्थल समाविष्ट किये गये हैं,

उद्धरणों की बहुलता है, भाषा सहज एवं प्राञ्जल है ।

प्रायः वैशेषिक सूत्रों पर उपलब्ध प्राचीन भाष्य एवं टीकाएँ परम्परागत शास्त्रीय पद्धति से ही सूत्रों का स्पष्टीकरण करते हैं किन्तु प्रस्तुत भाष्य की विशेषता यह है कि 'पदार्थ' विद्यास्वरूप काणाद दर्शन की व्याख्या यहाँ वर्तमान विज्ञान को साथ लेकर की गयी है । संभव है कि प्राचीन परिपाटी के पण्डितों को यह भाष्य न जँचे, चूँकि कुछ शास्त्रीय मान्यताओं की नूतन रीति से व्याख्या की गयी है तथा कुछ प्राचीन पदार्थों का अभिनव वैज्ञानिक पदावली में वर्णन किया गया है । संस्कृत टीका एवं हिन्दी भाषा विवृति में भी साथ-साथ या पादटिप्पणी में वैज्ञानिक परिभाषाएँ या आंग्ल पर्याय दिये गये हैं जिनसे वैशेषिक दर्शन की वैज्ञानिकता व्यक्त होती है । तद्यथा-

(क) प्रथम सूत्र में आया 'अथ' शब्द मंगलार्थवाची नहीं है और मंगल की शिष्टाचार-कल्पना भी वृथा ही है ।[६२]

(ख) प्रत्यक्ष निरूपण में भाष्यकार ने प्रतिपादित किया है कि मणि, यन्त्रादि के द्वारा परिष्कृत प्रत्यक्ष भी लौकिक ही है ।[६३]

(ग) 'विशेष' एवं 'वैशेषिक' पदों की वैज्ञानिक व्याख्या एवं पर्याय दिये गये हैं ।[६४]

(घ) वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक साक्षात् वामदेव महेश्वर ही कणाद कहे गये हैं, न कि कपोत की भाँति गली में पड़े हुए कणों को खाने वाला कोई कपोलकल्पित सामान्य भिक्षुक । 'कणाद' शब्द की दो नयी व्युत्पत्तियाँ भी दी गयी हैं-

''वमति सृष्ट्यादौ कणान्परमाणूनिति वामदेवोऽहङ्कारः ।
अत्ति आत्मसात्करोति कणान्परमाणून्सर्गान्त इति कणादोऽहङ्कारः।''[६५]

(ङ) पदार्थ छः ही हैं, सातवें पदार्थ अभाव की मान्यता भ्रान्त, उत्प्रेक्षामात्र है-उसका ज्ञान में ही अन्तर्भाव हो जाने से अभाव बुद्धि विशेष है, उसके पदार्थान्तरत्व मे कोई प्रमाण नहीं है ।[६६]

(च) वेदभास्करभाष्य में धातुओं को पार्थिव कहा गया है, तैजस नहीं[६७] जब कि वैशेषिक दर्शन में धातुओं को तैजस ही माना जाता है ।

(छ) तम कोई नया द्रव्य नहीं, प्रकाश का अभाव मात्र है-'प्रकाशाभावो हि च्छाया न द्रव्यम् ।[६८]

(ज) अदृष्ट एवं धर्म की क्रमशः 'दैव' एवं 'भाग्य' के रूप में निष्पत्ति की गयी है और उनके वैज्ञानिक पर्याय भी दिये गये हैं ।[६९]

(झ) यहाँ भी वैशेषिक दर्शन को ईश्वरवादी सिद्ध किया गया है ।[७०] अतः जो लोग इस दर्शन पर अनीश्वरवाद का आरोप लगाते हैं, उनका मत सर्वथा खण्डित

ही जानना चाहिए ।

(ञ) जैसा कि 'वेदभास्कर' नाम से ही स्पष्ट है, यहाँ जो भी मत व्यक्त किया गया है, वेद से प्रमाणित किया गया है एवं वेदविरोधी किसी तथ्य का प्रतिपादन नहीं किया गया ।

इस भाँति, वेदविद्या के आधार पर वैज्ञानिक सिद्धान्तों के साथ संगति स्थापित करते हुए इस भाष्य में वैशेषिक सूत्रों की व्याख्या की गयी है ।

## (५) 'सुगमा' वैशेषिक सूत्रवृत्तिः[७१]

इसके लेखक स्व0 देशिक तिरुमलै ताताचार्य शिरोमणि हैं । उनकी इस कृति का सम्पादन श्री रंगनाथाचार्य ने किया है व अपने सम्पादकीय में उन्होंने वृत्ति वैशिष्ट्य को व्यक्त किया है । इस वृत्ति में कुल सूत्रों की संख्या ३७४ है व सूत्रपाठ 'रसायन' भाष्य के अनुसार ही है ।

उक्त वृत्ति अपने नाम के अनुरूप ही 'सुगमा' है चूँकि यह अति सरल सुबोध वाक्यों से सूत्रगत वेदों के अर्थ को उद्‌घाटित करती है । आरम्भ में विद्वान् व्याख्याकार ने संस्कृत भूमिका के अन्तर्गत सूत्रकार, सूत्रान्तर्गत विषय एवं उन विषयों का महत्त्व प्रकट किया है । संस्कृत विषय सूची में प्रत्येक आह्निक के विषयों का पृथक्-२ निर्देश किया गया है । वृत्तिकार ने मत व्यक्त किया है कि यद्यपि सूत्रकार ने छहों पदार्थों के निरूपण हेतु प्रतिज्ञा की थी किन्तु द्रव्य, गुण, कर्म, इन तीन का नी प्रमुखतः प्रतिपादन करके मानो अन्य पदार्थों की अप्रधानता ही सूचित की है । उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि वैशेषिक सूत्रों में किया गया विषय-निरूपण अव्यवस्थित, दुर्ग्रह, संगतिहीन, असार व पुनरुक्त है[७२] यह कथन एक सीमा तक मान्य होने पर भी इन सूत्रों में क्रम संगति व व्यवस्था दिखाई जा सकती है । तदनुसार उहोंने भूमिका में ही सूत्र-संगति-क्रम प्रदर्शित किया है ।

वृत्तिकार की भाषा-शैली सरल व स्पष्ट है, अधिक शास्त्रीय नहीं। तथापि, सूत्रों के अल्पाक्षर होने से उनमें अन्तर्निहित पूर्वापर संगति को व्यक्त करने में यह सर्वथा सक्षम है । सूत्रों के आरम्भ में सूत्रगत पदों का अन्वय, समास विग्रह एवं तत्पश्चात् अर्थसंकेत किया गया है । प्रथम आह्निक के अन्त में प्रकरण विभाग की विधि दी गयी है जो अत्यन्त उपयोगी है । बीच-बीच में 'अवसितं वायुप्रकरणम्' 'अवसितम् दिक्प्रकरणम्' आदि संकेतों द्वारा एवं अनेक स्थलों पर सूत्रों से पूर्व प्रकरण-सूचना देकर विषय को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है ।

'सुगमा' वृत्ति का प्रतिपाद्यगत वैशिष्ट्य निम्न स्थलों पर उल्लेखनीय है-

(क) उत्क्षेपणादि कर्मभेदों के लक्षण एवं पञ्चविध कर्मों के विभाजन अवसर पर[७३] वृत्तिकार की विद्वत्ता द्रष्टव्य है ।

(ख) प्रथम अध्याय, प्रथम आह्निक के द्वादश सूत्र में आये 'सापेक्ष' और 'निरपेक्ष' शब्दों की व्याख्या क्रमशः 'तन्त्वन्तरसंयुक्त' तथा 'तन्त्वन्तरसंयोगरहित' कहकर की गयी है जो अतीव समीचीन है ।[७४]

(ग) 'कारणे कालाख्येति' (२.२.९) सूत्रांश की व्याख्या करते हुए 'सर्वकार्यकारणम्' कहकर मानो सूत्रकार के अभीष्ट अर्थ को ही सूचित कर दिया गया है ।[७५]

(घ) तम के निरूपक सूत्र (५.२.२१) में वृत्तिकार ने अतीव सरल, छोटे-छोटे वाक्यों से सिद्ध किया है कि तम न तो द्रव्य है, न गुण, न ही कर्म; अपि तु प्रकाशाभाव ही है ।[७६]

(ङ) 'युतसिद्धि' शब्द की व्याख्या प्रायः अन्य सभी टीकाओं में 'अमिश्रित, असम्बद्ध' कहकर ही की गयी है, यद्यपि युत शब्द यु धातु से बना है जो मिश्रण एवं अमिश्रण दोनों अर्थों को व्यक्त करती है । इसीलिए प्रस्तुत वृत्ति में इन दोनों अर्थों को स्वीकार कर[७७] इस शब्द की व्याख्या की गयी है ।

संक्षेप में 'सुगमा' वृत्ति के विषय में यही कहा जा सकता है कि वृत्तिकार अपने निम्न प्रयोजन में पूर्णतः सफल रहा है-

येऽपि सुकुमारमतयस्तेऽप्यक्लेशं कणादसूत्राणाम् ।
भावं बुद्ध्यन्तामिति वृत्तिमिमां वितनुमः सुगमाम् ।।[७८]

## निष्कर्ष

इस भाँति, बीसवीं शताब्दी में लिखित वैशेषिक सूत्रों की उपर्युक्त पाँचों संस्कृत टीकाओं का 'स्थालीपुलाकन्याय' से यत्किञ्चिन्मात्र परिचय हो जाता है । इनके वास्तविक माहात्म्य एवं वैशिष्ट्य को व्यक्त कराने के लिए तो इनका पृथक्-पृथक् गम्भीर अध्ययन अपेक्षित है, यहाँ केवल संकेत ही दिये गये हैं ।

प्रायः आजकल धारणा पायी जाती है कि मूल दार्शनिक ग्रन्थों के पठन-पाठन की प्राचीन परम्परा विनष्ट होती जा रही है, अतः वर्तमान युग में प्रचलित भाषाओं में ही गहन दार्शनिक सिद्धान्तों का सार-संकलन प्रस्तुत कर दिया जाता है अथवा मूल ग्रन्थों के हिन्दी अंग्रेजी आदि भाषाओं में अनुवाद-व्याख्या कर दिये जाते हैं, संस्कृत टीकाओं की परम्परा व प्रचलन अपेक्षाकृत कम होता जा रहा है । किन्तु उक्त पाँचों टीकाओं के समीक्षण से यह सर्वथा सुस्पष्ट हो जाता है कि आधुनिक युग में भी संस्कृत माध्यम से दार्शनिक ग्रन्थों की व्याख्या की पद्धति प्रवर्तमान है, अतः न तो संस्कृत भाषा को 'मृत' कहना समीचीन है और न ही इन दार्शनिक परम्पराओं को 'विनष्ट' कहना संगत है । यह सत्य है कि संस्कृत ग्रन्थों के रचनाकार विरल हैं और शास्त्रीय ग्रन्थों की संस्कृत में रचना तो विरलतर है । अतः इस बीसवीं शताब्दी

में भी वैशेषिक दर्शन एवं संस्कृत भाषा को जीवन्त बनाये रखने के लिए जिन आचार्यों ने महनीय प्रयास किये हैं, वे वस्तुतः अभिनन्दनीय हैं ।

---

१. मिश्र नारायण, पृ0 ११-१८ प्रथम संस्करण वै0 द0 ए0 अ0
२. मद्रास से १९५८ में प्रकाशित (उससे पूर्व यह व्याख्या श्री वेंकटेश्वर शोध-संस्थान की पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी थी ।
३. प्र0 पा0 भा0 (न्यायकन्दली सहित), बनारस, १८९५
४. उपस्कार, पृ0 ३
५. वै0 द0 रसायन व्या0, पृ0 ३०८
६. वै0 द0 रसायन व्या0, पृ0 ३६-४०
७. वही, पृ0 ४०-५२
८. वही, पृ0 ५७ - ६६
९. वही पृ० १११-११९
१०. वही, पृ0 १२७ - १३८
११. वही, पृ0 १४१- १४६
१२. वही, पृ0 १६०-१८०
१३. वही पृ0 २०५
१४. वही, पृ0 २१२-२१८
१५. वही, पृ0 २५०-२५६, एवं २७०-२७७
१६. वही, पृ0 २६२-२७०
१७. वही, पृ0 २८०-२८८
१८. वही, पृ0 २९३-३००
१९. वही, पृ0 ३०६-३०८
२०. वही, पृ0 ३०६
२१. वही, पृ0 २
२२. निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से १९६१ में प्रकाशित
२३. वै0 सू0 वैदिक वृत्ति, पृ0 ४-५
२४. वही, पृ0 ७-८
२५. वही, पृ0 १०

२६. वही, पृ0 १८-१९

२७. वही, पृ0 २७

२८. वही, पृ0 २८

२९. वही, पृ0 ४४-४५

३०. वही, पृ0 ४८-५४

३१. वही पृ0 ५४-५९

३२. वही, पृ0 ७७ - ७८

३३. वही, पृ0 ८०

३४. वही, पृ0 ८७

३५. वही, पृ0 ८९

३६. वही

३७. वही पृ0 ९०-९१

३८. वही, पृ0 ९५

३९. 'गर्भो यो अपाम् -'(ऋ० १.५.१४.२) तथा 'अग्ने गर्भो अपामसि'-
(यजु0 १२.३६)-वही

४०. वही, पृ0 ११६-११७

४१. वही पृ0 १२२

४२. 'पशून् पाहि' (यजु0 १.१) 'गां मा हिंसीः' (यजु० 13.43) आदि, वही पृ0
१२४ पृ0 ११३

४३. वही, पृ0 १४६-४७

४४. वही, पृ0 १७३

४५. वही, पृ0 १७७

४६. वही, पृ0 १८३-१८४

४७. वही, पृ0 १८६

४८. वही, पृ0 २०१

४९. प्रथम संस्करण, आर्यकुमार महासभा, आत्माराम रोड, बड़ौदा से सितम्बर,
१९६२ ई0 में प्रकाशित।

५०. 'अग्नेर्वैशेषिकम्।' -वै0 सू0 १०.२.७ ब्रह्ममुनिभाष्य, पृ0 १२७

५१. 'वै0 द0 ब्र0 मु0 भा0, प्राक्कथनम्।

५२. द्रष्टव्य-वै0 सू0 (ब्र0 मु0 भा0) ८.१.१, ७.१.१५, ७.२.२२ एवं ७.२.२३

५३. वै0 सू0 ब्र0 मु0 भा0 पृ0 २, २२, व ६१

५४. वही, सूत्र १.१.३, पृ0 २., ४.२.११, पृ0 ६३, ६.१.२,पृ0 ७८, ६.१.४, पृ0 ७९, एवं ६.१.१६, पृ0 ८६

५५. वही, सूत्र २.२.६, पृ0 ३१; ३.३.१७, पृ0 ४५ एवं ६.१.१४, पृ0 ८१

५६. वही, सूत्र १.१.७, पृ0 ४-५

५७. वै0 द0 ब्र0 मु0 भा0, सूत्र १.१.२, पृ0 १-२

५८. वही

५९ वही, सूत्र ७.२.२२-२३, पृ0 ९४-९५

६०. वही, सूत्र १.१.१३, पृ0 ६-७, २.१.११, पृ0 २२-२३-; २.२.६, पृ0 ३१

६१. प्रथम संस्करण, जनवरी, १९७२ में स्वयं लेखक द्वारा सरकाघाट, मंडी, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित ।

६२. वै0 द0 वे0 भा0, भा0 पृ० ६६

६३. Lense Telescope & such other devices.– वही, पृ0 १५

६४. विशेष=Physical Elements. वैशेषिक= Physical Science दर्शन का वैशेषिक मार्ग= INDUCTIVE Method of Investigation. वही, पृ0 ५१

६५. वही, पृ0 ५२

६६. वही, पृ0 ७४

६७. वही, पृ0 १०९

६८. वही, पृ0 १८२

६९. Extrinsic Energy, Intrinsic Energy वही पृ0 १८५

७०. वही, पृ0 २४८- २५२

७१. गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, प्रयाग से सन् १९७९ में प्रकाशित (लेखक के मरणोपरान्त)

७२. ''अतिविरसमसारं मानवार्ताविहीन प्रविततबहुवेलप्रक्रियाजालदुःखम् ।
उदधिसममतन्त्रं तन्त्रमेतद् वदन्ति।।' किरणावली, पृ0 ४

७३. वै0 सू0 वृत्तिः, पृ0 ५

७४. वही, पृ0 ७

७५. वही, पृ0 ३९

७६. वही, पृ0 ८३

७७. वही,पृ0 १०३ (७.२.१३ )

७८. वही पृ0 १

# बीसवीं शताब्दी का दर्शन

## स्वामी विवेकानन्द के परिप्रेक्ष्य में

डॉ0 वेदवती वैदिक

नवीन भारत के निर्माण में वैचारिक क्रान्ति का शंखनाद जिन महान् विभूतियों ने किया उनमें सर्वोपरि स्थान राजा राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी रामतीर्थ, महर्षि दयानन्द, बंकिमचन्द्र चटर्जी, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, अरविन्द घोष और महात्मा गाँधी का है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के मेरुदण्ड उपनिषद् और श्रीमद्भगवद्गीता को ही इन सभी क्रान्तिकारी विचारकों ने अपने विचारों की आधार शिला बनाया। यद्यपि औपनिषदिक वाङ्मय पर आधृत शंकर-अद्वैत दर्शन में भी जीवन दर्शन एवं व्यावहारिक दर्शन के तत्त्व निश्चितरूपेण उपलब्ध होते हैं परन्तु इन परवर्ती चिन्तकों ने अद्वैत वेदान्त के आत्म दर्शन एवं जीवन दर्शन का समन्वय इस प्रकार से प्रस्तुत किया जिससे संपूर्ण मानवजाति की अन्तश्चेतना का उद्बोधन हुआ और नयी चिन्तन पद्धति एवं वैचारिक-क्रान्ति का सूत्रपात हुआ।

''वह ताल नहीं, एक जलाशय है। वह कोई घड़ा या सुराही नहीं, पक्का पीपा है। वह कोई मीनिका या हरिमीन नहीं बल्कि लाल आँखों वाली बड़ी भारी शफरी मछली है। वह साधारण सोलह पंखुडी वाला कमल नहीं, वह तो शानदार सहस्रदल कमल है।''[१] ये उद्गार थे स्वामी रामकृष्ण परमहंस के अपने प्रिय शिष्य नरेन्द्र के प्रति। उन्होंने कहा, ''साधारण आत्माएँ संसार को शिक्षा देने का दायित्व अपने ऊपर लेने से डरती है। एक क्षुद्र तिनका अपने आप तैर सकता है, परन्तु यदि कोई पक्षी उसके ऊपर बैठ जाता है तो तत्काल डूब जाता है। परन्तु नरेन्द्र भिन्न प्रकार की वस्तु है। वह एक महान् वृक्ष के तने के सदृश है जो गंगा के वक्ष पर मनुष्यों और पशुओं को अपने ऊपर लाद कर पार ले जाता है''।[२] सर्वधर्मसमन्वयी गुरु ने अपने प्रिय शिष्य के व्यक्तित्व का सार कितने सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया है। चिन्तन और आवेग की अन्तर्धारा ने ही रामकृष्णपरमहंस और विवेकानन्द को एक दूसरे की ओर उन्मुख किया। रोम्याँ रोलाँ उन दोनों की तुलना, ''मोजार्ट और बीटाबेन से करते हैं और कहते हैं, ''दोनों ने मिलकर सर्वव्यापी आत्मा की ऐश्वर्यशाली सिम्फनी को सिद्ध किया है [३]।''

स्वामी रामकृष्ण परमहंस के इस अद्वितीय मेधावी शिष्य ने अपने ओजस्वी व्याख्यानों एवं सारगर्भित उपदेशों से उपनिषन्मूलक अद्वैत वेदान्त के उत्कृष्ट

सिद्धान्तों को विश्व के क्षितिज पर स्थापित कर भारत के मस्तक को उन्नत किया वे कहते थे कि, ''वेदान्त के उत्कर्षकारी विचारों को शास्त्रीयता के उस खोल से मुक्त किया जाये जिसमें वह शताब्दियों से बंदी हैं । वेदान्त का ज्ञान दीर्घकाल से गुफाओं और वनों में छिपा रहा है । यह भार मेरे ऊपर पड़ा है कि उसे उसके निर्वासन से निकालूँ और उसे पारिवारिक सामाजिक जीवन में पहुँचाऊँ ---अद्वैत का ढोल सब स्थानों में, बाजारों में, पर्वतों और मैदानों में---गूँजेगा ।''[४]

वेदान्त को वे सार्वभौमिक मानते थे और कहते थे कि, ''वेदान्त के सिद्धान्त शाश्वत हैं जो अन्य व्यक्तियों तथा अवतारों के सहारे बिना स्वयं अपनी नींव पर खड़े हैं । केवल वेदांत को ही सार्वभौमिक धर्म माना जा सकता है क्योंकि वह सिद्धान्तों का प्रतिपादन करता है व्यक्तियों का नहीं । किसी व्यक्ति पर आधारित धर्म को समस्त मानव-जातियाँ आदर्श नहीं मान सकतीं--वेदान्त की प्रामाणिकता मानव के चिरन्तन स्वभाव में है । उसकी नैतिकता मनुष्य की पूर्ववर्तमान, पूर्व प्राप्त आध्यात्मिक एकता पर आधारित है ।''[५]

वेदान्त दर्शन का एक ही विषय है-एकत्व की खोज । वह क्या है जिसके जान लेने पर सब कुछ जाना जा सकता है ? जिस प्रकार मिट्टी के ढेले को जान लेने पर मिट्टी से बनी सभी वस्तुएँ जान ली जाती हैं[६] उसी प्रकार 'आत्मा' को जाने लेने पर सब कुछ जान लिया जाता है । आत्मा ही सर्वव्यापी है जो नाम रूप उपाधि के कारण अनेक प्रतीत हो रहा है । समुद्र की तरंगों को देखो, एक भी तरंग समुद्र से पृथक् नहीं । फिर भी तरंग पृथक् क्यों प्रतीत होती है ? नाम और रूप के कारण। नाम-रूप के नष्ट हो जाने पर वह पुनः समुद्र ही हो जाती है । अतः वस्तुतः मुझमें और तुममें कोई अंतर नहीं है । सभी एक हैं । अपना-पराया, यह मेरा है, यही द्वैत ज्ञान मिथ्या है । जब मिथ्या ज्ञान का नाश होता है, विवेक का उदय होता है तब बोध होता है कि, ''मैं ही यह परिवर्तनशील जगत् हूँ और मैं ही अपरिणामी, निर्गुण, नित्य, पूर्ण आनन्दमय हूँ ।''

संपूर्ण प्रकृति आत्मा के सामने रखी हुई एक पुस्तक के समान है । उसका एक के बाद दूसरा अध्याय पढ़ा जा रहा है । पुनः एक नया दृश्य उपस्थित होता है। पढ़ने के बाद उसे उलट दिया जाता है । फिर एक नया अध्याय सामने आता है, परन्तु आत्मा जैसी थी वैसी ही रहती है-वही अनन्तरूप । परिणाम प्रकृति का होता है आत्मा का नहीं । जन्म-मृत्यु प्रकृति में है, पुरुष में नहीं । फिर भी अज्ञ लोग सोचते हैं कि 'हम मर रहे हैं, हम जी रहे हैं, प्रकृति नहीं ।' प्रश्न उठता है कि क्या आत्मा की अपरोक्षानुभूति संभव है, उत्तर सकारात्मक होगा । पूर्णशुद्ध स्वरूप आत्मा मानों एक पहिया है और शरीर-मन रूप भ्रांति दूसरा पहिया । ये दोनों कर्मरूपी लकड़ी से जुड़े हैं । ज्ञान मानो कुल्हाड़ी है जो जोड़ने वाली लकड़ी को काट देती है। जब आत्मा रूपी पहिया रुक जाता है, तब आत्मा यह सोचना छोड़ देती है कि वह

आ रही है या जा रही है, तब वह देखती है कि वह पूर्णरूप है। पर शरीर मनरूपी पहिये में पूर्व कर्मों का वेग शेष रहता है। जब तक पूर्व कर्मों का वेग पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता तब तक शरीर और मन का अस्तित्व रहता है। वेग समाप्त होने पर ही इनका विनाश संभव है, तभी आत्मा देहमुक्त हो जाती है। अतः प्रत्यनुभूति ही धर्म का सार है।

व्यावहारिक जीवन में मनुष्य यदि यह अनुभव करे कि एकमात्र आत्मा ही विद्यमान है तो उसे ज्ञान हो जायेगा कि सभी एक हैं। जब मनुष्य सभी में स्वयं को और स्वयं में सभी को देखना प्रारंभ करेगा तभी उसके मन का विस्तार होगा। तभी समग्र विश्व आत्ममय हो जायेगा और फिर सभी प्रकार के द्वन्द्व और संघर्ष समाप्त हो जायेंगें। तभी वह स्वयं के सुख की चिंता के प्रति उदासीन हो सर्वश्रेष्ठ कर्मी हो जायेगा। विवेकानन्द के अभिमत में यदि आज इस महान् सत्य के एक बिंदु की भी उपलब्धि कर सकें तो उसके लिए यह संपूर्ण जगत् कोई दूसरा ही रूप धारण कर लेगा। सब झगड़ा समाप्त हो शान्ति का राज्य आ जायेगा। यह घिनौना उतावलापन, यह स्पर्धा जो हमें अन्य सबों को ठेलकर आगे बढ़ निकलने के लिए बाध्य करती है इस इस संसार से उठ जायेगी। इसके साथ-साथ सब प्रकार की शांति, घृणा, ईर्ष्या एवं सभी प्रकार का अशुभ सदा के लिए चला जायेगा।[७]

पतंगे जिस प्रकार दीपक की लौ पर टूट पड़ते हैं उसी प्रकार मनुष्य सुख पाने की आशा में अपने को बार बार झोंकता रहता है। इन्द्रियाँ भोगों की ओर निरंतर आकर्षित रहती हैं। मनुष्य इच्छाओं की तृप्ति के लिए विषय भोगों की ओर मृगमरीचिका की भाँति खिंचा रहता है। परन्तु वासना के उपभोग से कभी वासना की निवृत्ति नहीं होती अपितु घृताहुति के द्वारा अग्नि के समान वह तो और बढ़ती जाती है।[८] इन्द्रियविलास, बौद्धिक आनन्द और सभी प्रकार के सुख के संबन्ध में यही बात सत्य है। सभी मिथ्या है-माया के अधीन है। जीवन का अर्थ इन्द्रिय और इन्द्रिय भोग की अपेक्षा कुछ और भी है। जीवन का सार है पूर्णता की ओर जाना। इसी को प्राप्त करना जीवन का उद्देश्य है।

वेदान्त का उपदेश है- 'जगत् को ब्रह्मस्वरूप देखो'। वेदान्त जगत् की भर्त्सना नहीं करता। इसमें वैराग्य का अर्थ शुष्क आत्महत्या नहीं, अपितु जगत् को ब्रह्मरूप देखना ही है। जगत् को जिस भाव से देखा जाता है, जाना जाता है वैसा ही वह प्रतिभासित होता है। उसका त्याग करना और उसके वास्तविक रूप को पहचानना ही वेदान्त का लक्ष्य है। उसे ब्रह्मरूप देखना चाहिये। जब यह कहा जाता है कि पत्नी का त्याग करो, संतान का त्याग करो तो इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि बाल-बच्चों को रास्ते में फेंक दो। यह तो पैशाचिक काण्ड है- यह धर्म नहीं है। तो फिर क्या अर्थ है ? उनमें ईश्वर का दर्शन करो। वेदान्त यही कहता है कि जगत् की जिस रूप में कल्पना की है उसे छोड़ो। जिसमें अत्यधिक आसक्त थे वह

तो मिथ्या जगत् है-उसे छोड़ना चाहिए ।

मनुष्य के सभी दुःख अविद्या अज्ञान जनित हैं । विवेकानन्द के अभिमत में अज्ञान कुछ नहीं बहुत्व की धारणा है अर्थात् मनुष्य मनुष्य से भिन्न है, पुरुष स्त्री से, युवा शिशु से और राष्ट्र राष्ट्र से भिन्न है । ऐसा बोध ही दुःखों का कारण है । यह भेद वास्तविक न होकर भासित होता है । सभी के अन्तस्तल में वही एकत्व विराजमान है । यदि मनुष्य-मनुष्य में, जाति- जाति में, ऊँच-नीच, धनी-दरिद्र, नर-नारी, मनुष्य और पशु में एकत्व देखा जाये तो सभी एक हैं । जो व्यक्ति इस प्रकार एकत्वदर्शी हो जाता है उसे फिर मोह नहीं होता क्योंकि वह सभी के आभ्यन्तरिक सत्य को जान लेता है । वे अब क्यों दुःखी होंगे ? वे अब किसकी काम-वासना करेंगे । वे सारी वस्तुओं के अन्दर वास्तविक खोज करके ईश्वर तक पहुँच गये । जो जगत् का केन्द्रस्वरूप एवं एकत्वस्वरूप है वही अनन्त सत्ता, ज्ञान और आनन्द है ।

विवेकानन्द के अभिमत में परमार्थ तत्त्व तर्कना का नहीं अपितु प्रत्यक्षानुभूति का विषय है । इसीलिए कठोपनिषद् में यम नचिकेता को बार-बार सावधान करते हुए कहते हैं कि ''नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यः न मेधया-----।''मन को वृथा तर्कों से चंचल नहीं करना चाहिए । धर्म केवल प्रत्यक्ष अनुभूति का विषय है । धर्म को लेकर ये सब झगड़े मारामारी, तर्क-वितर्क तभी जायेंगे जब हम समझ लेंगें कि धर्म ग्रन्थों या मंदिरो में नहीं है । इन्द्रियों से उसका अनुभव नहीं हो सकता धर्म पर । धर्म पर धाराप्रवाह वक्तृता देने वाले पण्डित यदि अपरोक्षानुभूति से रहित हों तो उनमें और एक बिल्कुल अज्ञ जड़वादी में कोई अंतर नहीं है । हम सब नास्तिक हैं। यह क्यों नहीं मान लेते ? धर्म के सत्य, केवल बौद्धिक सम्मति देने मात्र से हम धार्मिक नहीं बन जाते । शब्द योजना के सुन्दर कौशल, आलंकरिक शब्दों में वर्णन करने की क्षमता, शास्त्रों के श्लोकों की अनेक प्रकार से व्याख्या-ये सब केवल पंडितों के आमोद की बातें हैं, धर्म नही । हमारी आत्मा में जब प्रत्यक्षानुभूति आरंभ होगी तभी धर्म का प्रारंभ होगा । दूसरों से घृणा करने का मानव को कोई अधिकार नहीं। हम सभी असली में भाई-भाई हैं । यही प्रत्यक्षानुभूति जब होगी तभी हम नीतिपरायण होने की आशा कर सकते है ।[९]

संसार के विभिन्न धर्मों की भिन्नता का पुराणविद्या, कर्मकाण्ड, सामाजिक मूल्यों-मान्यताओं, धर्म एवं दर्शन संबन्धी विभिन्न परंपराओं का विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि ये मत-मतान्तर वैमत्य बने रहेंगे । परन्तु वे मानव जाति के आध्यात्मिक एकीकरण में बाधक नहीं हैं । ''हमारे मन बर्तनों की भाँति हैं, हम सभी ईश्वर प्राप्ति के लिए प्रयत्न करते हैं । पर ईश्वर जल की भाँति है जो हर आकार के बर्तन में भरा जा सकता है । प्रत्येक पात्र में ईश्वर का स्वरूप भिन्न हो जाता है फिर भी वे सर्वत्र एक ही हैं । घट-घट में विराजमान हैं ।[१०]

प्रत्येक धर्म का परम उद्देश्य यही है कि आत्मा में ही परमात्मा का दर्शन कराया जाये। गीता में श्री कृष्ण ने कहा, 'मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव।'' अर्थात् मैं इस जगत् में मणियों के भीतर सूत्र की भाँति वर्तमान हूँ।' पृथक्-पृथक् मणियाँ एक एक धर्म हैं और प्रभु ही सूत्र रूप से उन सबमें वर्तमान है। बहुत्व में एकत्व का होना सृष्टि का विधान है। मनुष्य मात्र में एक ही जीवनधारा प्रवाहित है। यद्यपि मूलतः सभी धर्म एक ही हैं परन्तु विभिन्न देशों की विभिन्न परिस्थितियों के कारण उनके बाह्य रूपों में भिन्नता आ जाती है। इस लिए प्रत्येक को अपना व्यक्तिगत धर्म चुनने की स्वतंत्रता है। परन्तु मनुष्य को अपने भीतर का आध्यात्मिक दीप जलाना चाहिए। तब पाप और अपवित्रता का तामिस्र भाग जायेगा। फलस्वरूप आत्मा का उदात्त रूप प्रकट होगा।

जीवात्मा और परमात्मा के परस्पर संबंध की व्याख्या करते हुए स्वामी विवेकानन्द मुण्डकोपनिषद् के अत्यन्त सुन्दर पक्षी रूपक का नवीन विश्लेषण करते हुए लिखते हैं कि, ''एक ही वृक्ष पर दो पक्षी है; एक ऊपर एक नीचे। ऊपर का पक्षी स्थिर निर्वाक् और महान् है, अपनी ही महिमा में विभोर है। नीचे की डाल पर जो पक्षी है वह कभी तिक्त फल खा रहा है, एक डाल से दूसरी डाल पर फुदक रहा है। पर्यायक्रम से कभी अपने को सुखी और कभी दुःखी समझता है। कुछ क्षण बाद नीचे के पक्षी ने एक बहुत कटु फल खाया और स्वयं को धिक्कारते हुए ऊपर की ओर दृष्टिपात किया और दूसरे पक्षी को देखा-वह अपूर्व सुनहले परवाला पक्षी न तो मीठे फल खाता था और न कडुवे, अपने को न तो दुःखी समझता है और न सुखी परन्तु शांतभाव से अपने में ही विभोर है। उसे अपनी आत्मा को छोड़कर कुछ भी दिखाई नहीं देता। नीचे का पक्षी इस अवस्था को प्राप्त करने के लिए व्यग्र हुआ परन्तु शीघ्र ही भूल गया और फिर फल खाने लगा। थोड़ी देर बाद ही फिर उसने एक बड़ा कडुवा फल खाया, जिससे मन को बड़ा दुःख हुआ। उसने फिर ऊपर दृष्टि डाली और उसके पास जाने की चेष्टा की, फिर भूल गया, कुछ क्षण बाद फिर ऊपर देखा। कई बार ऐसा ही करते हुए, वह ऊपर के पक्षी के बिल्कुल निकट पहुँच गया और देखा कि उसके परों से ज्योति का प्रकाश फूटकर उसकी देह के चतुर्दिक् विकीर्ण हो रहा है। उसने एक परिवर्तन का अनुभव किया-मानो वह मिलने जा रहा है, वह और भी पास गया, देखा उसके चारों तरफ जो कुछ था सब अन्तर्हित हो रहा है। नीचे का पक्षी मानो ऊपर वाले पक्षी की एक घनीभूत छाया मात्र था। केवल प्रतिबिंब था। वह स्वयं स्वरूपतः ऊपर वाला ही पक्षी था। नीचे वाले पक्षी का मीठा और कडुवा फल खाना और एक के बाद एक सुख और दुःख का बोध करना-सब मिथ्या-सब स्वप्न मात्र हैं; वह प्रशांत, निर्वाक् महिमामय शोकदुःखातीत ऊपर वाला पक्षी ही सर्वदा विद्यमान था।[१२]

इस रूपक से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि मानव जीवन में अनेकानेक प्रयत्न

करने पर भी सांसारिक भोग विषय इन्द्रियों को अपनी ओर उसी प्रकार आकर्षित करते हैं जैसे मरुभूमि में मृगमरीचिका मृगों को। यथार्थ के धरातल पर पाँव रखते ही सारे आदर्श छूमंतर हो जाते हैं एवं संकल्प धराशायी। परन्तु नीचे वाले पक्षी की भाँति प्रारंभ में सफलता न भी मिले तो कोई बात नहीं। आदर्श बहुत दूर हों और हम बहुत नीचे तो भी एक उच्च आदर्श अपने समक्ष रखना होगा। विचार ही कार्य-प्रवृत्ति का नियामक है। मन को सर्वोच्च विचारों से भर लो, दिन-मास पर्यन्त इसी प्रकार चिंतन करो। असफलता स्वाभाविक है। अतः प्रारंभ में जिस मनुषय से सबसे अधिक स्नेह करते हो उसमें स्वयं को देखो। तत्पश्चात् धीरे धीरे सम्पर्क में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति 'आत्ममय' हो जाएगा। निरन्तर, अध्यवसाय से संपूर्ण जगत् ब्रह्ममय हो जाता है।

विवेकानन्द का दर्शन कर्म के लिए प्रेरित करता है। मनुष्य को एक स्वामी की तरह कार्य करना चाहिए न कि दास की तरह। 'दासवत् कर्म करने से प्रेम नहीं होता इसीलिए वह सच्चा कर्म नहीं हो सकता। स्वार्थ के लिए किया गया कार्य दास कार्य है। सच्चे प्रेम से किया गया कार्य आनन्ददायक है। यथार्थ सत्, यथार्थ प्रेम, यथार्थ ज्ञान-तीनों सदा परस्पर संबद्ध हैं। वस्तुतः ये एक ही में तीनों हैं। ये उस अद्वितीय सच्चिदानंद के ही तीन पक्ष हैं।'

विवेकानन्द के अभिमत में कर्मयोग का अर्थ है-मौत के मुँह में भी जाकर बिना तर्क-वितर्क किये सबकी सहायता करना, भले ही तुम लाखों बार ठगे जाओ पर मुँह से एक बात तक न निकालो और तुम जो कुछ भले कार्य कर रहे हो उनके संबंध में सोचो तक नहीं। निर्धन के प्रति किये गये उपकार पर गर्व मत करो और न उससे कृतज्ञता की आशा करो बल्कि उल्टे तुम्हीं उसके कृतज्ञ होओ।[१३] कर्म का रहस्य समझाते हुए उन्होंने कहा, ''साधन और सिद्धि को एकरूप समझो'' अर्थात् साधना काल के साधन में ही मन प्राण अर्पण कर कार्य करो क्योंकि उसकी चरम अवस्था का नाम सिद्धि है। जब कर्म करो तब अन्य किसी बात पर विचार मत करो और उस समय उसी में शरवत् अर्थात् जैसे शर लक्ष्य को बींध देता है, तन्मय हो जाओ।

आत्मा के एकत्व का मार्ग है बड़ा कठिन-छुरे की धार पर चलने के समान दुर्गम; फिर भी निराश मत होओ, उठो, जागो और अपने चरम आदर्श को प्राप्त करो।[१४] यही स्वामी विवेकानन्द का भी विश्व को संदेश था। इसीलिए पश्चिम में भी उनके बहुत प्रशंसक थे। शिकागो की धर्मसंसद् समाप्त होने के बाद किसी ने पूछा था कि विवेकानन्द ने-भारत के एक अज्ञात साधु ने, जिसने न तो कोई विद्वत्तापूर्ण निबंध पढ़ा और न जिसके पास कोई प्रशंसात्मक परिचय पत्र थे-कैसे इतना गहरा प्रभाव डाला। उत्तर था-''क्योंकि जहाँ अन्य सब प्रतिनिधि अपने-अपने धर्म के ईश्वर की चर्चा करते रहे, केवल विवेकानन्द ने सबके ईश्वर की बात की।''[१५]

उन्होंने स्वयं एक बार कहा था-''निस्संदेह मुझे भारत से प्यार है पर प्रत्येक दिन मेरी दृष्टि अधिक निर्मल होती जाती है । हमारे लिए भारत या इंगलैंड या अमेरिका क्या ? हम तो उस ईश्वर के सेवक हैं जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते हैं । जड़ में पानी देने वाला क्या सारे वृक्ष को नहीं सींचता है ।''

रोम्याँ रोलाँ शब्दो में, ''स्वामी विवेकानन्द के शब्द महान् संगीत हैं, बोथोवन शैली के टुकड़े हैं, हैंडल के समवेत गान के छंद प्रवाह की भाँति उद्दीपक लय हैं। शरीर में विद्युत्स्पर्श के से आघात की सिहरन का अनुभव किये बिना मैं उनके इन वचनों का स्पर्श नहीं कर सकता जो तीस वर्ष की दूरी पर पुस्तकों के पृष्ठों में बिखरे पड़े हैं और जब नायक के मुख से निकले होंगे तब तो न जाने कैसे आघात एवं आवेग पैदा हुए होंगे ।''

विवेकानन्द के शब्द आज भी समाज में वही आवेग पैदा करने में समर्थ हैं क्योंकि उनके व्यावहारिक दर्शन का आधार है आत्मा का एकत्व और मनुष्यों के प्रति ही नहीं अपितु संपूर्ण प्राणियों के प्रति दयाभाव । दया ही मानव जाति के समस्त सत्कर्मो का पथप्रदर्शक है और ये सब, 'मैं ही विश्व हूँ, यह विश्व एक अखण्डस्वरूप है' इसी सनातन सत्य के विभिन्न भाव मात्र हैं ।

---

१. गोस्पेल ऑफ श्री रामकृष्ण परमहंस पृ0 ७९३ ,,

२. श्रीरामकृष्ण कथामृत द्वितीय खं० पृ0 ४२.

३. रोम्याँ रोलाँ, ''लाइफ ऑफ विवेकानन्द''पृ0 ५२.

४. कर्मयोग पर व्याख्यान, वही पृष्ठ २१९.

५. लेक्चर्स फ्राम कोलंबो टू अल्मोड़ा पृ0 १६७.

६. ''यथा सोम्यैकेन पृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्----।'' छां0 उप0 ६.१.४

७. विवेकानन्द साहित्य, द्वितीय खंड, अद्वैताश्रम, कलकत्ता, द्वि0 सं0 १९७२. पृ0 ४१

८. न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते ।।'' विष्णुपुराण ४.१०.२३.

९. अक्तूबर १८९६ को लंदन में दिये गये भाषण से उद्धृत

१०. ''विश्व धर्म का आदर्श'', विवेकानन्द साहित्य, तृतीय खं0 पृ0 १४७

११. गीता ७.७



१२. मुण्डकोपनिषद् ३.१.१-२

१३. ''कर्म का रहस्य'' विवेकानन्द साहित्य, खण्ड तीन पृ0 ३७

१४. ''उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत । क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गंपथस्तत्कवयो वदन्ति ।'' कठोपनिषद् १.३.१४

(१५) नरवणे विश्वनाथ, 'आधुनिक भारतीय चिन्तन (दिल्ली १९६४) पृ० ११५

# आकाशवाणी पर संस्कृत कार्यक्रम

आचार्य पण्डित आद्याचरण झा

(१) यह लगभग २५ - २६ वर्ष प्राचीन स्मृति का एक सुखद संस्मरण है जो वर्तमान कालीन हर्ष - विषादात्मक स्थिति से सम्बद्ध है। १९६४ - ६५ ई. मे स्व. लालबहादुर शास्त्री के प्रधानमंत्री काल में श्रीमती इन्दिरा गाँधी सूचना प्रसारण मन्त्री थीं। उनके प्रमुख सचिव थे प्रख्यात प्रशासक एवं शिक्षाविद् डॉ० आदित्यनाथ झा, आई. सी. एस.। संयोगवश नयी दिल्ली स्थित उनके निवास स्थान पर हम दो तीन व्यक्ति मिलने गये।

(२) वे वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय (वर्तमान सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय) के प्रथम कुलपति के रूप में संस्कृत-जगत् में अनेक ऐतिहासिक कार्य करके आये थे, जब वे उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव पद से भारत के प्रथम संस्कृत विश्वविद्यालय को संचालित करने के लिये तत्कालीन मुख्यमन्त्री डॉ० सम्पूर्णानन्द जी के द्वारा साग्रह भेजे गये थे। डॉ० झा के कुछ कार्य आज भी उनके कीर्तिस्तम्भ के रूप में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में विद्यमान हैं।

(३) यही ध्यान में रखकर - प्रसंग वश हम लोगों ने श्री झा से कहा कि ''क्या संस्कृत में भी समाचार प्रसारण की व्यवस्था नहीं हो सकती''वे कुछ गंभीर हो गये तथा दूसरे दिन अपराह्ण में आने कहा। बिहार की यात्रा स्थगित कर दूसरे दिन यथासमय पहुँचने पर बड़ी प्रसन्नता से तुरन्त कहा कि ''सफलता मिल गयी, श्रीमती इन्दिरा गान्धीं ने स्वीकृति दे दी, और प्रधानमंत्री श्री शास्त्री जी ने अनुमोदन कर दिया। दो तीन दिनों के बाद प्रतिदिन प्रातः ७ से ७.५ तक पाँच मिनटों का संस्कृत समाचार बुलेटिन का प्रसारण होगा।''

आकाशवाणी के प्रसंग में हम संस्कृत प्रेमियों का यह प्रथम उल्लास कारण बना। उस प्रसन्नता का वर्णन आज भी असंभव है। यह संस्कृत में प्रसारण की मंगलमय वेला थी।

(४) जब श्रीमती इन्दिरा गान्धी स्वयं प्रधान मन्त्री हुईं तो पुनः सन्ध्या ६.१० से ६.१५ तक पाँच मिनट का दूसरा संस्कृत बुलेटिन प्रसारण करने का आदेश दिया। वे दोनों प्रसारण आज भी नियमित चल रहे हैं।

यदि सत्यकथन पाप नहीं है तो आकाशवाणी से संस्कृत समाचार प्रसारण के कार्यक्रम का सारा श्रेय श्रीमती गान्धी को है।

(५) वैसे आकाशवाणी से संस्कृत में काव्यपाठ की परम्परा बिहार के पटना राँची केन्द्रों से १९५७ - ५८ से ही चल रही है। बाद में भागलपुर-दरभङ्गा केन्द्रों की स्थापना के बाद वहाँ से भी यह क्रम किसी न किसी रूप में आज भी जारी है।

(६) १९६१ - ६२ के बाद पटना आकाशवाणी केन्द्र के नाटक विभाग के प्रभारी श्री जर्नादन राय तथा सहायक केन्द्र निदेशक प्रख्यात नाटककार - शिक्षाविद् श्री चतुर्भुज के सत्प्रयास से महीने में एक संस्कृत नाटक का प्रसारण होने लगा। प्रत्येक मास में पटना-राँची केन्द्र से संस्कृत में 'समाचार - समीक्षा' का प्रसारण होने लगा। प्रति सप्ताह एक बार स्कूली बच्चों के साथ 'संस्कृत पाठ' का क्रम भी चलने लगा। इन कार्यक्रमों में इन पंक्तियों का लेखक (आद्याचरण झा) अविराम गति से सम्बद्ध रहा। मेरी संस्कृत-समाचार-समीक्षा बहुचर्चित हो गयी। आकाशवाणी के वे अनेकानेक अनुबन्ध पत्र आज भी मेरी पुरानी संचिका में सुरक्षित हैं। मैं बिहार के केन्द्रों से ही सम्बद्ध रहा, अत एव अन्य केन्द्रों का मुझे ज्ञान नहीं है। सम्भव है अन्य आकाशवाणी केन्द्रों से भी ऐसा होता रहा हो। हाँ दिल्ली मुख्य केन्द्र से प्रातः सायं संस्कृत समाचार बुलेटिन का प्रसारण आज भी पूर्ववत् चल रहा है।

(७) इसके बाद की स्थिति चिन्तनीय है। बिहार के केन्द्रों से 'संस्कृत समाचार समीक्षा' - प्रसारण एकदम बन्द हो गया। बच्चों का संस्कृत पाठ भी त्रैमासिक कर दिया गया। संस्कृत नाटक प्रसारण की भी यही स्थिति है। जो पूर्व में आकाशवाणी केन्द्र के पदाधिकारी थे, बदल गये, सेवानिवृत्त हो गये।

(८) संयोगवश मैं १९८७ - ८८ में पटना आकाशवाणी केन्द्र की परामर्शदात्री समिति का एक मनोनीत सदस्य था। प्रति तीन महीने पर निश्चित रूप से बैठकें होती रही, मैं भाग लेता रहा, यात्रा भत्ता मिलता रहा लेकिन प्रबल प्रयास - प्रसाद के उपरान्त भी 'संस्कृत में समाचार समीक्षा' का पुनः प्रसारण नहीं करा सका। संस्कृत काव्यपाठ का समय भी नही बढाया जा सका !! इसका अवसाद ही शेष है। सभी स्थानों से नयी शिक्षानीति से संस्कृत निष्कासन की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। क्या उसके घातक पंजों से संस्कृत को मुक्ति मिलेगी!!

(९) कुछ उत्साही कर्मठ संस्कृत विद्वानों तथा संस्कृतानुरागियों के अखण्ड श्रम प्रयास से संस्कृत माध्यम का कार्यक्रम आकाशवाणी से चलता है। अब तो दूरदर्शन से भी यदा कदा संस्कृत काव्य पाठादि होते हैं। समाचार प्रसारण तो नही हो सका है। अब तो अप्रिल १९९१ से संभावित ''प्रसार भारती'' स्वायत्त निगम से सुरभारती के लिये कुछ आशा की जाय क्योकि संस्कृतज्ञ सदा आशावादी रहे हैं।

(१०) इस सन्दर्भ में अत्यधिक कर्मठ उत्साही आचार्य डॉ0 रमाकान्त शुक्ल तथा उनके सहयोगी विद्वानों के सत्प्रयास से राजधानी में संस्कृत का अलख जगाया जा रहा है-यह गौरव की बात है।

(११) डॉ० शुक्ल पूर्ण स्वस्थ रहते हुए यजुर्वेदीय मन्त्रानुसार ''जीवेम शरदः, शतं भूयश्च शरदः शतात्'' हों, यही जगदम्बा से प्रार्थना है।

१.९.१९९० आद्याचरण झा

# बीसवीं शताब्दी के कतिपय संस्कृत नाटक

श्री सुखनन्दन त्यागी

काव्यकला, कला की चरम परिणति है और काव्य की अत्यन्त रमणीय विधा है नाटक। वस्तु, नेता तथा रस के आधार पर इस रमणीय काव्य के दस भेद तथा अठारह उपभेद किये गये हैं।[1] रस आनन्द एवं उसके परिपाक के लिए नाट्याचार्यों ने नाना गतियाँ बतलायी हैं, जिनमें हस्त, पाद दृष्टि आदि परिगणित है। चाक्षुष प्रत्यक्ष होने के कारण रसात्मक वाक्यरूप काव्य 'दृश्य' कहा जाता है; वहीं उसके अभिनेता में अभिनेय रामादि चरित्रों के रूप में आरोप के कारण 'रूपक' माना गया है। इस अभिनय चातुर्य के कारण एक ऐसी स्थिति उपस्थित हो जाती है कि हम यह भी भूल जाते हैं- कि हम नाट्यशाला में बैठे हैं अथवा नाट्यशाला हमारे चारों ओर। इस प्रकार 'काव्येषु नाटकं रम्यम्' उक्ति पूर्णतः सत्य प्रतीत होती है।

नाट्यशास्त्र के प्रणेता आचार्य भरतमुनि ने इस रमणीयता को ध्यान में रखते हुए ही ऋग्वेद से पाठ्य-सामग्री, सामवेद से गीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रसों को ग्रहण करके ब्रह्मा की सृष्टि 'नाट्यवेद' नामक 'पंचमवेद' की उत्पत्ति का वर्णन किया है।[2] अतः दृश्य श्रव्य होना तथा वस्तु की साकारता को प्रदर्शित करना ही नाटक की गरिमा है। आदि नाट्य प्रणेता भरतमुनि का मत है कि-'नाटक शोकाकुल एवं श्रमातुर जनों के लिए शान्ति प्रदान करने वाला होता है।[3]

---

१- साहित्यदर्पण, ६.३-६.

२- सर्वशास्त्रार्थसम्पन्नं सर्वशिल्पप्रवर्त्तकम्।
नाट्याख्यं पञ्चमं वेदं सेतिहासं करोम्यहम्॥
जग्राह पाठ्यं ऋग्वेदात्सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि॥ -नाट्यशास्त्रम्, १.१६-१७

३. दुःखार्तानां श्रमार्त्तानां शोकार्त्तानां तपस्विनाम्।
विश्रामजननं लोके नाट्यमेतद् भविष्यति।
विनोदजननं काले नाट्यमेतद् भविष्यति॥- वही, १/३

बीसवीं शताब्दी में रचे गये अनेक संस्कृत नाटकों की शृंखला निम्न द्रष्टव्य है। विषय विस्तार के भय से इनका संक्षिप्त परिचय देना ही उपयुक्त होगा ; जो इस प्रकार है-

## परिजातहरणनाटकम्

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री रामनाथ शिरोमणि हैं इस नाटक की रचना सन् १९०२ ई0 में में हुई तथा प्रकाशन १९०४ में कलकत्ता से हुआ है। इस नाटक में कृष्ण-रुक्मिणी प्रसङ्ग के परिजातहरण की पौराणिक कथा को निबद्ध किया गया है।

## पार्वतीपरिणयम्

श्री शङ्कर लाल महेश्वर ने इस नाटक की रचना सन् १९०२ ई0 में ही की थी। इसका प्रकाशन सन् १९११ ई0 तथा सन् १९१९ ई0 में हुआ। इस नाटक में पाँच अङ्क हैं। यह भी पौराणिक नाटक है। इसमें पार्वती और शिव के विवाह की झाँकी प्रस्तुत की गयी है।

## गणेशपरिणयम्

सात अङ्कों में पार्वती सुत गणेश के विवाह को काल्पनिक ढंग से प्रस्तुत करने वाले श्री वैद्यनाथ शर्मा ने इस नाटक की रचना सन् १९०४ ई0 में की थी। इसका प्रकाशन सन् १९६० ई0 में काशी से हो चुका है। यह भी पौराणिक नाटक है।

## चैत्रयज्ञम्

सन् १९०४ ई0 में रचे गये इस नाटक के रचयिता श्री वैद्यनाथ वाचस्पति भट्टाचार्य हैं। पाँच अङ्कों वाले इस नाटक में दस यज्ञों की कथा वर्णित है। इस नाटक का प्रकाशन सन् १९०७ ई0 मैसूर से हुआ है।

## कृष्णचन्द्राभ्युदयम्

महामहोपाध्याय शीघ्रकवि शङ्करलाल शास्त्री ने इस नाटक की रचना की। इसमें पाँच अङ्क हैं। इस नाटक की रचना सन् १९०४ ई0 में की गयी तथा इसका प्रकाशन बम्बई से सन् १९७३ ई0 में हुआ है। इस नाटक में एक योग्य सारथी, उचित परामर्शदाता, मित्र, राजदूत, महान् योद्धा, भक्तवत्सल तथा संसार के सबसे बड़े दार्शनिक श्रीकृष्ण के चरित्र को नव्य रीति से प्रस्तुत किया गया है।

## कमलाविजयनाटकम्

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री वेंकटरमणाचार्य हैं। इस नाटक

की रचना सन् १९०९ ई० में हुई थी। इसका प्रकाशन मैसूर से सन् १९३८ ई0 में हो चुका है। इस नाटक में ब्रह्मा तथा कमला के प्रणय-प्रसङ्ग को चित्रित कर, सतीत्व महिमा को मुखरित किया गया है।

## अमरमङ्गलम्

आठ अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता पं0 पंचानन तर्करत्न हैं। यह नाटक सन् १९१३ ई0 में लिखा गया और इसका प्रकाशन सन् १९३७ ई0 में वाराणसी से हुआ। इस नाटक में महाराणा प्रताप के वीर पुत्र अमरसिंह की चित्तौड़-विजय विषयक देशभक्तिपूर्ण शौर्यकथा को अंकित किया गया है।

## अबदलमर्दनम्

सात अङ्कों में सम्पन्न होने वाले इस नाटक के प्रणेता श्रीचिन्तामणि रामचन्द्र शर्मा 'सहस्रबुद्धे' हैं। इसकी रचना सन् १९१६ ई0 में की गयी। इसका प्रकाशन सन् १९१६ ई0 में ही बंगलौर से हो चुका था। इस नाटक में छत्रपति शिवाजी की शौर्यपूर्ण गाथा को अंकित किया गया है।

## रतिविजयम्

सन् १९१९ ई0 में रचे गये तथा सन् १९२१ ई0 में बम्बई से प्रकाशित इस नाटक के रचयिता श्री के0 एस0 रामस्वामी शास्त्री हैं। पाँच अङ्कों वाले इस नाटक में कालिदास के 'कुमारसम्भवम्' की रतिकथा को नूतन ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

## प्रतापविजयम्

श्री मूलशंकर माणिकलाल 'याज्ञिक' प्रणीत इस नाटक में नौ अङ्क हैं। इसकी रचना सन् १९२६ ई0 में हुई तथा सन् १९३१ ई0 में प्रयाग से इसका प्रकाशन हो चुका है। इस नाटक में मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप के शौर्य को रूपकायित किया गया है।

## प्रतिराजसूयम्

पवित्र नामक सोमयज्ञ से आरम्भ होने वाले और सौत्रामणि से समापन होने वाले 'राजसूय' नामक यज्ञ में विजयी होने वाले युधिष्ठिर के धर्मपरायण चरित्र को मुखरित करने वाले इस नाटक के प्रणेता श्रीमन्महालिङ्ग शास्त्री हैं। इसमें सात अङ्क हैं। और इसकी रचना सन् १९२८ ई0 में हुई है। इसका प्रथम संस्करण १९२९ ई0 में मद्रास से प्रकाशित हुआ था जो सर्वथा अनुपलब्ध है। अगस्त १९५७ ई0 में साहित्य चन्द्रशाला, पूना से प्रकाशित होने वाला द्वितीय संस्करण सहज उपलब्ध है।

## संयोगितास्वयंवरम्

हिन्दू सम्राट् पृथ्वीराज चौहान तथा राजकुमारी संयोगिता के प्रणय प्रसङ्ग को आधार मानकर सन् १९२८ ई0 में एक मूलशंकर मणिकलाल 'याज्ञिक' ने ''संयोगितास्वयंवरम्'' नामक नाटक की रचना की । सात अङ्कों वाले इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५० ई0 में बड़ौदा से हुआ है ।

## वीरप्रतापनाटकम्

महाराणा प्रताप के जीवन की शौर्यपूर्ण गाथा को सात अङ्कों में चित्रित करने वाले इस नाटक के प्रणेता पं0 मथुराप्रसाद दीक्षित हैं । यह नाटक सन् १९२९ ई0 में रचा गया और सन् १९३७ ई0 में लवपुर, (लाहौर) पंजाब से प्रकाशित हुआ है ।

## वीरपृथ्वीराजविजयनाटकम्

पं0 मथुराप्रसाद दीक्षित प्रणीत छह अङ्कों वाले इस दुःखान्त नाटक में हिन्दू सम्राट् पृथ्वीराज चौहान की जीवनगाथा को पूर्णतः चित्रित किया गया है । यह नाटक सन् १९२९ ई0 में रचा गया । इसका प्रकाशन सन् १९३७ ई0 में पंजाब से हुआ है।

## छत्रपतिसाम्राज्यम्

दस अङ्कों में शिवाजी के चरित्र रूपी कथ्य को समेटने वाले ऐतिहासिक 'छत्रपतिसाम्राज्य' नामक नाटक के प्रणेता स्व0 मूलशङ्कर माणिकलाल 'याज्ञिक' हैं । यह नाटक सन् १९२९ ई0 में रचा गया और उसी वर्ष बड़ौदा से प्रकाशित भी हुआ है ।

## दुर्गाभ्युदयनाटकम्

सात अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता पं0 छज्जूराम शास्त्री हैं । यह नाटक सन् १९२९ ई0 में रचा गया और सन् १९३१ ई0 में दिल्ली से प्रकाशित हुआ है ।

## शङ्करविजयनाटकम्

छह अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता पं0 मथुराप्रसाद दीक्षित हैं । यह नाटक सन् १९३१ ई0 में लिखा गया और उसी वर्ष पंजाब से प्रकाशित भी हुआ । इस दार्शनिक नाटक में तर्क के माध्यम से शङ्कर के भिन्न-भिन्न प्रतिपक्षों के साथ हुए वाद विवाद की चर्चा की है तथा अन्त में शंकर की विजय भी दर्शायी गयी है ।

## अद्भुतांशुक-नाटकम्

कौशिकवंशीय श्री जग्गू बकुल भूषण ने आठ अङ्कों वाले इस नाटक की रचना सन् १९३१ ई0 में की थी, जिसका प्रकाशन सन् १९३३ ई0 में प0 बंगाल से हुआ। इस नाटक की रचना महाभारत के आख्यान पर आधृत 'वेणीसंहार' के पूर्व की कथा को आधार मानकर की गयी है ।

## भारतविजयनाटकम्

पं0 मथुराप्रसाद दीक्षित ने सात अङ्कों वाले इस नाटक की रचना सन् १९३७ ई0 में की थी । इसका प्रकाशन सन् १९४८ ई0 में लखनऊ से हुआ है । इस नाटक में भारत भूमि की रक्षा हेतु मर मिटने वाले अमर वीर शहीदों की शौर्य गाथा को चित्रित किया गया है ।

## कलिप्रादुर्भावम्

सात अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री वाइ0 महालिङ्ग शास्त्री हैं । यह नाटक सन् १९३९ ई0 में तञ्जौर से प्रकाशित हुआ । इस नाटक में मनुष्य पर पड़ने वाला कलियुग का प्रभाव प्रस्तुत किया गया है ।

## भक्तसुदर्शनम्

छः अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता पं0 मथुराप्रसाद दीक्षित हैं । इसकी रचना सन् १९४२ ई0 में की गयी । इसका प्रकाशन सन् १९४५ ई0 में पंजाब से हो चुका है । इस नाटक का इतिवृत्त देवीभागवतम् के तृतीय स्कन्ध के १२ अध्यायों से ग्रहण किया गया है । इसमें भवानी दुर्गा के परम भक्त राजकुमार सुदर्शन की चरितगाथा को चित्रित किया गया है ।

## वंगीयप्रतापम्

आठ अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री हरिदास सिद्धान्तवागीश हैं । यह नाटक सन् १९४२ ई0 में रचा गया और इसका प्रकाशन सन् १९४५ ई0 में कलकत्ता से हुआ । इसमें जैसोर नरेश विक्रमादित्य के पुत्र प्रतापादित्य की शौर्यपूर्ण जीवनगाथा को चित्रित किया गया है ।

## भूभारोद्धरणम्

पाँच अङ्को वाले इस नाटक के प्रणेता पं0 मथुराप्रसाद दीक्षित हैं । सन् १९४३ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९४५ ई0 में पंजाब से हुआ है । इस नाटक में गान्धारी के शाप से एक ही दिन में हुए सम्पूर्ण यादव वंश के विनाश की कथा वर्णित है ।

## उद्गातृदशाननम्

इस नाटक के प्रणेता श्री वाइ0 महालिङ्ग शास्त्री हैं । सन् १९४३ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५८ ई0 में तञ्जौर से हुआ है । इस नाटक में लंकेश्वर रावण के शौर्यपूर्ण कार्यों को प्रस्तुत किया गया है । इसमें सात अङ्क हैं ।

## मेवाड़प्रतापम्

छः अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री हरिदास सिद्धान्तवागीश हैं । सन् १९४४ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९४७ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में मेवाड़धरानरेश महाराणा प्रताप के पराक्रम एवं शौर्यपूर्ण कार्यों को प्रस्तुत किया गया है ।

## शिवाजीचरितम्

दस अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री हरिदास सिद्धान्तवागीश हैं । सन् १९४५ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५४ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में शिवाजी के राजतिलक पर्यन्त कथ्य को बड़े ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया है ।

## नारीजागरणम्

सात अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता पं0 श्री गोपाल शास्त्री 'दर्शनकेसरी' हैं। सन् १९४५ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६६ ई0 में हुआ है । इस नाटक में जनहित, देशोन्नति, सत्साहित्य का विकास तथा समाज सुरक्षा की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए नाटककार ने 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' का उद्घोष किया है ।

## सुभाषसुभाषम्

छः अकों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री यतीन्द्र विमल चौधुरी हैं । सन् १९४८ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५४ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस के वीरभावों तथा शौर्यपूर्ण कार्यों को प्रस्तुत किया गया है ।

## लक्ष्मीस्वयंवरम्

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता डॉ0 वी0 राघवन् हैं । सन् १९४८ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५२ ई0 में वाराणसी से हुआ है । इस नाटक में ऐश्वर्योन्मत्त देवेन्द्र की पराजय तथा भगवान् विष्णु द्वारा लक्ष्मी को वरण करने की कथा प्रस्तुत की गयी है ।

## ययातिदेवयानीचरितनाटकम्

सात अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री वल्लीसहाय कवि हैं । सन् १९५० ई० में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६६ ई० में तञ्जौर से हुआ है । इस नाटक में पौराणिक ययाति और देवयानी की प्रणय कथा को मुखरित किया गया है ।

## परिवर्तनम्

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता डॉ० कपिल देव द्विवेदी आचार्य हैं । सन् १९५० ई० में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५२ ई० में लखनऊ से हुआ है । इस नाटक में जनहृदयों में जागृत होने वाली स्वाभाविक क्रान्ति को प्रस्तुत किया गया है ।

## काश्मीरसन्धानसमुद्यमः

आठ अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री नीरपाजे भीमभट्ट हैं । सन् १९५२ ई० में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५४ ई० में बंगलौर से हुआ है । इस नाटक में कश्मीर की नैसर्गिक सुषमा का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया गया है ।

## भारतविवेकम्

बारह अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी हैं । सन् १९५२ ई० में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५८ ई० में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में स्वामी विवेकानन्द के साहसिक कार्यो को प्रस्तुत किया गया है।

## क्रान्तियुद्धम्

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री वासुदेव शास्त्री वागेवाडीकर हैं । सन् १९५२ ई० में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५७ ई० में पूना से हुआ है । इस नाटक में भारतीय स्वातन्त्र्य समर की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है ।

## हैदराबादविजयम्

दस दृश्यों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री नीरपाजे भीमभट्ट हैं । सन् १९५२ ई० में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५४ ई० में बंगलौर से हुआ है । इस नाटक में स्वतन्त्र भारत के केन्द्रीय शासन तथा हैदराबाद के निज़ाम के मध्य हुए सैन्य संघर्ष की कथा को प्रस्तुत किया गया है ।

## देशबन्धुप्रियम्

दस अङ्कों वाले इस नाटक के रचयिता श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी हैं । सन् १९५६ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९५९ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में देशबन्धु चित्तरंजनदास के देशभक्ति पूर्ण कार्यों को प्रस्तुत किया गया है ।

## भारतलक्ष्मीः

दस अङ्कों वाले इस रूपकं के प्रणेता श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी हैं । सन् १९५७ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन्, १९५९ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में वीराङ्गना 'झाँसी की रानी' लक्ष्मीबाई की शौर्यकथा को रूपकायित किया गया है ।

## नलदमयन्त्यम्

दस अङ्कों वाले इस इस नाटक के प्रणेता श्री कालीपादाचार्य हैं । सन् १९५८ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६० ई0 में मैसूर से हुआ है । महाभारत के वनपर्व के ५०-७८ वें अध्यायों तक की कथा 'नलोपाख्यान' पर आधृत राजा नल तथा भीमसुता दमयन्ती के प्रणय-प्रसङ्ग को इस नाटक में चित्रित किया गया है ।

## महिममयभारतम्

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी हैं । सन् १९५८ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६० ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में भारतवर्ष की अतीतकालीन तथा वर्तमानकालीन महिमा और गरिमा को प्रस्तुत किया गया है ।

## भारतहृदयारविन्दम्

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी हैं । सन् १९५८ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६० ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इसमें राष्ट्रभक्त श्री अरविन्द के राष्ट्रीय भावों को प्रस्तुत किया गया है ।

## भास्करोदयम्

पन्द्रह अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी हैं । सन् १९५८ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६१ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में कवीन्द्र रवीन्द्र नाथ टैगोर की जीवन कथा को वर्णित किया गया है ।

## मेलनतीर्थम्

दस अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी हैं । सन् १९५९ लिखे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६१ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में अथर्वा ऋषि, अगस्त्य मुनि, सम्राट् अशोक, अकबर, स्वामी विवेकानन्द, टैगोर, गान्धी और नेहरू आदि के विचारों को प्रस्तुत किया गया है ।

## भारतजनकम्

सोलह अङ्को वाले इस नाटक के प्रणेता श्री यतीन्द्र विमलचौधुरी हैं । सन् १९६० ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६० ई0 में ही हो चुका है । इस नाटक में महात्मा गाँधी के जीवन-संघर्ष को प्रस्तुत किया गया है ।

## आनन्दराधम्

दस-अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी हैं । सन् १९६१ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६२ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में राधा और कृष्ण के किशोर प्रेम की छवि को अंकित किया गया है ।

## पाणिनीयनाटकम्

नौ दृश्यों वाले इस नाटक के प्रणेता श्रीगोपाल शास्त्री 'दर्शनकेसरी' हैं । सन् १९६२ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६४ ई0 में वाराणसी से हुआ है । इस नाटक में महर्षि पाणिनि कृत व्याकरण- शास्त्र की महत्ता को निरूपित किया गया है ।

## देशदीपम्

नौ दृश्यों वाले इस नाटक की प्रणेत्री श्रीमती रमा चौधुरी हैं । सन् १९६३ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६५ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इस नाटक में अमर वीर, शहीद, एक कृषक पुत्र तथा युवा छात्र की राष्ट्रभक्ति को प्रस्तुत किया गया है ।

## चाणक्यविजयम्

सात अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री विश्वेश्वर विद्याभूषण काव्यतीर्थ हैं। सन् १९६६ ई0 में लिखे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९६६ ई0 में ही हो चुका है । इस नाटक में आचार्य चाणक्य के साहसिक कार्यो को प्रस्तुत किया गया है ।

## सुसंहतभारतम्

छः अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता पुल्लेल श्री रामचन्द्र रेड्डी हैं । सन् १९६२ ई0 में लिखे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९७२ ई0 में सागर से हुआ है । इस नाटक में भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम की स्थिति को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है ।

## श्रीकृतार्थकौशिकम्

छः अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता स्व0 श्रीकृष्ण जोशी हैं । सन् १९६९ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९७५ ई0 में लखनऊ से हो चुका है । इस नाटक में पुरातन भारतीय नरेश गाधि तथा उसके पुत्र विश्वामित्र (कौशिक) के चरित्र को प्रस्तुत किया गया है ।

## शङ्करशङ्करम्

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक की प्रणेत्री श्रीमती रमा चौधुरी हैं । सन् १९७० ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९७२ ई0 में कलकत्ता से हुआ है । इसमें शिवजी के भोलेपन तथा उनके प्रति श्रद्धा-भक्ति को प्रकट किया गया है ।

## विवेकानन्दविजयम्

दस अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता डॉ० श्रीधर भास्कर वर्णेकर हैं । दि0 ४ जुलाई १९७१ ई0 को इस नाटक की रचना हुई । इस नाटक का प्रकाशन विवेकानन्द शिला स्मारक समिति (मद्रास) द्वारा सन् १९७२ ई0 में हुआ । इस नाटक में स्वामी विवेकानन्द का अमेरिका आदि देशों में धर्म प्रचार कर भारत प्रत्यागमन वर्णित है।

## बांगलादेशोदयम्

दस अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री रामकृष्ण शर्मा हैं । सन् १९७२ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९८० ई0 में दिल्ली से हुआ है । इस नाटक में बाँग्लादेश के उदय की घटना को प्रस्तुत किया गया है ।

## छत्रपतिः श्रीशिवराजः

पाँच अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्रीराम भि0 वेलणकर हैं । सन् १९७३ में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९७४ ई0 में बम्बई से हुआ है । इस नाटक में शिवाजी के अदम्य उत्साह एवं शौर्य को चित्रित किया गया है ।

## शिवराजाभिषेकम्

सात अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता डा0 श्रीधर भास्कर वर्णेकर हैं । सन् १९७४ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९७४ ई0 में ही पूना से हुआ है । इस नाटक में छत्रपति शिवाजी के राज्याभिषेक-महोत्सव की घटना को प्रस्तुत किया गया है ।

## सेतुबन्धम्

दस-अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री गोस्वामी बलभद्रप्रसाद शास्त्री हैं । सन् १९७९ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९८० ई0 में बरेली से हो चुका है । इस नाटक में विभिन्न संस्कृतियों एवं धर्मों के सागरों पर सेतु निर्माण का कार्य दर्शाया गया है ।

## अभिनवहनुमन्नाटकम्

नौ अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता डॉ0 रमेश चन्द्र शुक्ल हैं । सन् १९८२ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९८२ ई0 में ही दिल्ली देववाणी परिषद् आर-६ वाणी विहार, नयी दिल्ली-११००५९ से हुआ है । इस नाटक में पवनपुत्र हनुमान् की शालीनता, शौर्यसम्पन्नता तथा निर्भीकता को नूतन ढंग से प्रस्तुत किया गया है ।

## मेनकाविश्वामित्रम्

आठ अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता डा0 हरिनारायण दीक्षित हैं । सन् १९८३ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९८४ ई0 में दिल्ली से हुआ है । इस नाटक में राजर्षि विश्वामित्र तथा अप्सरा मेनका की प्रणय-कथा को प्रस्तुत किया गया है ।

## अनसूयाचरितनाटकम्

नौ अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री विष्णुदत्त त्रिपाठी हैं । सन् १९८४ ई0 में रचे गये इस नाटक का प्रकाशन सन् १९८४ ई0 में वाराणसी से हुआ है । इस नाटक में महर्षि अत्रि की पत्नी अनसूया के माध्यम से सांस्कारिक धार्मिक तत्त्वों की शिक्षा प्रदान की गयी है ।

## कर्णाभिजात्यम्

दस अङ्कों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री गोस्वामी बलभद्र प्रसाद शास्त्री हैं । सन् १९८८ ई0 में रचे गये इस इस नाटक का प्रकाशन सन् १९९० ई0 में बरेली

से हुआ है इस नाटक में कर्ण की उत्पत्ति तथा तन्निमित्त हुए आभिजात्यादि संस्कारों को प्रस्तुत किया गया है ।

## शिञ्जिनीयम्

दस अंकों वाले इस नाटक के प्रणेता श्री अ0 सी0 सुब्बुकृष्ण श्रौती हैं । इस नाटक का प्रकाशन ए0 एस0 पावकी श्रीनिवासन् ने १९९० में मद्रास से किया है। इस नाटक में तमिल के प्रसिद्ध महाकाव्य 'शिलप्पदिकरम्' की कथावस्तु को नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

बीसवीं शताब्दी में संस्कृत नाटक की अनेक नयी विधाएँ भी प्रकाशित हुईं । इनमें रेडियोनाटक या ध्वनिरूपक तथा एकांकियों का विशेष स्थान है । इस युग में लम्बे नाटकों की अपेक्षा लघु नाटक-नाटिकाएँ अधिक लोकप्रिय हुए । इनका आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारण तथा विविध मंचों पर मंचन भी हो चुका है । डॉ० रेवाप्रसाद द्विवेदी, पं0 ओगटि परीक्षित शर्मा, डॉ० बी0 आर0 शास्त्री, डॉ० राजेन्द्र मिश्र, डॉ० रमाकान्त शुक्ल, डॉ० राधा वल्लभ त्रिपाठी, डॉ० हरिदत्त शर्मा, श्री भि0 वेलणकर, डॉ० सुधीकान्त भारद्वाज, डॉ० मथुरादत्त पाण्डेय, डॉ० भवानीशंकर त्रिवेदी तथा अन्यान्य लेखकों के अनेक संस्कृत नाटक उल्लेखनीय हैं । इन पंक्तियों के लेखक ने भी 'मरीचिकामारीच' नामक एक पाँच अंकों का नाटक लिखा है । आशा है, विद्वज्जन बीसवीं शती के संस्कृत नाटकों के मूल्यांकन की ओर ध्यान देंगे।

# बीसवीं शताब्दी के संस्कृत साहित्य में राष्ट्रीय भावना

डॉ० महावीर अग्रवाल

''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः'', ''वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः ''यत इन्द्र भयामहे ततो नो अभयं कृधि'' का शंखनाद करते हुए वैदिक ऋषियों ने राष्ट्रीय चेतना को मुखरित कर ''ओम् आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्'' इस राष्ट्रीय प्रार्थना से मानव मात्र के हृदय में वैभवशाली, सुखी, समृद्ध, अखण्ड राष्ट्र की भावना जागृत की थी, आगे चलकर रामायण एवं महाभारत में राष्ट्रीयता का यह स्वर और अधिक प्रबल होता होता गया और पुराणकार ने ''गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ने भारतभूमिभागे'' कहकर इस भारत देश को स्वर्ग से भी महान् बताया, तो भारत के ऐतिहासिक स्वर्णयुग के महान् काव्यशिल्पी महाकवि कालिदास ने ''अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः'' का ओजस्वी वाणी में सिंहनाद कर भारतीयों के अन्तःकरणों में अपनी मातृभूमि के प्रति गौरव की भावना जागृत कर राष्ट्र की एकता को सुदृढ बनाने का स्तुत्य कार्य किया। राष्ट्रीय अखण्डता एवं एकता की यह अजस्र धारा सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य में प्रवाहित ही नहीं होती रही अपि तु उत्तरोत्तर प्रबल होती रही है। जब हमारा यह भारत देश परतंत्रता की जंजीरों में बँधा हुआ था तब एक ओर भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव, रामप्रसाद बिस्मिल, चन्द्रशेखर आज़ाद मातृभूमि की बलिदेवी पर हँसते-हँसते अपने जीवन सुमन अर्पित कर रहे थे तो दूसरी ओर सुरभाषा के आराधक अपनी वाणी से राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के गीत गा गाकर सम्पूर्ण राष्ट्र को संगठित कर रहे थे।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के अनन्तर यह स्वर और अधिक सशक्त रूप में भारतीय गगन में गूँजने लगा। जिन हुतात्माओं ने अपने यौवन राष्ट्र के लिए न्यौछावर कर दिये थे सभी भारतीय भाषाओं के साहित्यकार उनके जीवन चरित्रों को गा गाकर अपनी वाणी को सार्थक करने लगे। इस कार्य में संस्कृत के समुपासक सबसे आगे रहे; उनका हृदय राष्ट्रीयता के भावों से ओतप्रोत रहा। किसी राज्य विशेष अथवा भाषा विशेष के कवियों ने तो मुख्य रूप से उसी प्रान्त के महा-पुरुषों का गुणगान करना, उसी राज्य के ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्थलों का चित्रण करना उपयुक्त समझा, किन्तु संस्कृत तो सम्पूर्ण देश की भाषा थी, वह तो कोटि-कोटि भारतीयों का प्राण

थी,फिर उसकी धारा कुनदीवत् संकुचित होकर कैसे प्रवाहित हो सकती थी । वह तो भगवती भागीरथी के विशाल प्रवाह के समान अपने सम्पूर्ण वेग से प्रवाहित होती रही है । प्राचीन काल में कवि जहाँ नायक नायिका के प्रणयगीत गाने में अपनी कविता की सार्थकता समझते थे वहाँ स्वातन्त्र्योत्तर युग के कवियों ने प्रेयसी के नूपुरों की मधुर ध्वनि न सुनकर सब ओर से देशभक्ति के स्वर को ही सुना । सन् १९४७ से लेकर अद्यावधि संस्कृत भाषा में सहस्रों काव्य ग्रन्थों की रचना हुई जिनमें अनेक उत्कृष्ट महाकाव्य, नाटक, गीति काव्य, चम्पू काव्य आदि सम्मिलित है । पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित लेखों निबन्धों और कविताओं का तो कहना ही क्या है । इस बृहत् साहित्य का प्रधान स्वर राष्ट्रीयता का ही रहा है । कतिपय उदाहरणों से इस सत्य को पुष्ट करना चाहूँगा । गुरुकुल वृन्दावन के यशस्वी स्नातक महाकवि द्विजेन्द्रनाथ शास्त्री ने एक महाकाव्य की रचना की जिसका "स्वराज्यविजयं महाकाव्यं" नाम ही इस सत्य का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि काव्य में राष्ट्रीयता की भावना कूट-कूट कर भरी होगी । कवि का जन्म, शिक्षा, दीक्षा सब उत्तर प्रदेश में हुए किन्तु उसका अनुराग भूमि के कण कण से है । वह सम्पूर्ण देश को एक अखण्ड राष्ट्र मानकर काश्मीर के प्रति अपने भावसुमन समर्पित करते हुए कहता है-

अस्ति स्वस्तिसमा समस्तसुषमाऽलंकारभूता भुवः
या साक्षात्सुषमैव विग्रहवती संसारसारोपमा ।
यत्रोत्तुङ्गतरङ्गकोमलरवा कल्लोललीलाकुलाः
स्वच्छन्दाः परितो वहन्ति विततास्ते निर्मला निर्झराः ।।

कश्मीर की प्राकृतिक सुषमा,वहाँ की रमणियों का अनवद्य सौन्दर्य प्राचीन काल से संस्कृत कवियों का ध्यान आकृष्ट करता रहा है । यह कवीन्द्र भी वहाँ की ललनाओं के हृदयहारी सौन्दर्य का वर्णन हुए कह उठता है-

कस्तूरी तिलकं ललाटपटले, नैषा मृगांकच्छविः
आभा या मुखमण्डले हृदयजा सैवास्ति नेन्दुद्युतिः ।
भ्रान्त्या किं ग्रसितुं ममाननमहो ! राहो ! समुद्वेल्लसि
यत्रेत्थं प्रमदाजनः स्ववदनं राहोर्ग्रहाद्रक्षति ।।

कवि महाराष्ट्रकेसरी बालगंगाधरतिलक, गुजरात की भूमि के अमररत्न महात्मा गान्धी, पंजाब के अमर सपूत लाला लाजपतराय,बंगाल के महान् क्रान्तिकारी नेता जी सुभाष आदि महापुरुषों के गौरव गान में सुध-बुध खो बैठता है । उसकी आँखों में केवल अखण्ड भारत का दिव्य मानचित्र है । देशभक्तों का आह्वानं करते हुए कवि कहता है-

प्रियदेशभक्ता ! मम भारतीया ! इदं स्मृतेः पत्रमपि स्वचित्ते।
विधाय नित्यं प्रियमातृभूमेः नमत्प्रणामानुररीकुरुध्वम् ।।

संस्कृत का कोई कवि ऐसा नहीं होगा जिसको नगाधिराज हिमालय और पतितपावनी भागीरथी ने आकृष्ट न किया हो । ये हमारी राष्ट्रीय एकता के जाज्वल्यमान प्रतीक है । 'गान्धीचरितम्' के रचयिता आचार्यप्रवर ब्रह्मानन्द शुक्ल गंगा आदि सरिताओं का और रामायणी कथा का गुणगान करने में अपनी वाणी को सार्थक करते हैं । कवि वरेण्य डॉ० वर्णेकर स्वातन्त्र्य वीरों का आह्वान करते हुए प्रातः सायं भारतमाता की आराधना का ही सदुपदेश देते हैं-

आसिन्धु सिन्धुपर्यन्तां निःसपत्नां निरीतिकाम् ।
धर्मसंस्कृतिसम्पन्नां ध्यायेद् भारतमातरम् ।।

आधुनिक युग के संस्कृत कवियों ने भारत देश की देवता के रूप में वन्दना की है । माँ भारती के अमर सपूत डॉ० रमाकान्त शुक्ल की देश प्रेम में डूबी हुई कविता 'भाति मे भारतम्', 'भारतजनताऽहम्' 'अहं स्वतन्त्रतां भणामि' किस भारतवासी के हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना संचरित नही करती । डॉ० रमाकान्त शुक्ल की दूरदर्शन पर प्रस्तुत 'भाति मे भारतम् 'नामक रचना, जिसे करोड़ों देशवासियों ने श्रद्धापूरित अन्तःकरणों से देखा और सुना, संस्कृत साहित्य गगन में सदैव अमर रहेगी और देशवासियों के हृदय में राष्ट्रभक्ति की उत्कट भावना को जगाती रहेगी । कवि का प्रत्येक पद्य और उसका प्रत्येक शब्द हृदयस्पर्शी है । भारतवर्ष का गौरवपूर्ण अतीत और वर्तमान इस कृति के श्रवण मात्र से नेत्रों में जगमगाने लगता है । भारतवर्ष ने सदा विश्वबन्धुत्व का सन्देश मानव मात्र को दिया है । ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' इस देश की मनीषा का मूल मन्त्र रहा है । महाकवि ने इस भावना को उद्बुद्ध करते हुए कहा-

विश्वबन्धुत्वमुद्घोषयत्पावनं,
विश्ववन्द्यैश्चरित्रैर्जगत्पावयत् ।
विश्वमेकं कुटुम्बं समालोकयद्
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।

भारत की प्राकृतिक सुषमा एवं पवित्रता की श्रीवृद्धि में इस देश में कल-कल निनाद पूर्वक प्रवहमान सरिताओं का स्थान शीर्षस्थ है । गंगा, यमुना, आदि नदियों के

मनोहारी रूप को देखकर कवि की वाणी फूट पड़ती हैं-

जाह्नवी-चन्द्रभागा-जलैः पावितं

भानुजा-नर्मदा-वीचिभिर्लालितम् ।

तुगंभद्रा-विपाशादिभिर्भावितं

भूतले भाति मेऽनारतम् भारतम् ।।

महर्षि दयानन्द, महात्मा गांधी सदृश महापुरुषों को जन्म देने वाली गुजरात भूमि, स्वामी विवेकानन्द, योगी अरविन्द के जन्म से सुपावन बंग भूमि, नानक जैसे दिव्य पुरुषों की क्रीडास्थली पंजाब आदि राज्यों से भारत का ललाट सदा भास्वर रहा है। कविवरेण्य शुक्ल की ओजस्वी वाणी इस गौरव को इस प्रकार मुखरित करती है-

श्रीदयानन्द-गान्ध्युज्ज्वलं गुर्जरं,

स्वर्णवङ्गं विवेकारविन्दोज्ज्वलम् ।

नानकाद्युज्ज्वलं पञ्चतोयं दधद् ,

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।

यह देश धरती का स्वर्ग है । कोयल की कूक, भ्रमरों की मधुर गुंजार, मयूरों का नर्तन, शुकसारिका की मीठी आवाज सदा हमारे हृदयों को मुग्ध करते रहते हैं । कवि हृदय भी इस दृश्य पर झूम उठा और सहसा बोल उठा-

कोकिलैः कूजितं षट्पदैर्गुञ्जितं,

केकिभिर्नृत्यपारङ्गतैर्नादितम् ।

सारिका-कीर-वाद-प्रवादैर्युतं,

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।

प्रा0 एच0 ए0 शाण्डिल्य अपनी भारत-वन्दना नामक कविता में भारतीय एकता का कितना सुन्दर वर्णन प्रस्तुत कर रहे हैं-

यस्या वक्षसि भान्ति पूतपयसो गोदावरी-नर्मदा-

गंगा-सिन्धु-सरस्वती-प्रभृतयो नद्यस्तु पुण्याभिधाः ।

आसां रम्यतरे जनैर्विरचिता राजन्ति देवालयाः,

सैषा भारतवासिनां वसुमती भूयात्सदा वन्दिता ।।

यस्याः पादतलं समुद्रसलिलैराक्षाल्यते सर्वदा,

या गृह्णति सदा त्रिवर्णलसितामुच्चैर्ध्वजां संस्तुताम् ।

अंगेषु प्रतिभाति रत्नखचिता सिंहाधिरूढेव या,
सैषा भारतवासिनां वसुमती भूयात्सदा वन्दिता ।।

संस्कृत अकादमी, मध्य प्रदेश द्वारा प्रकाशित ''दूर्वा'' में राष्ट्रीय एकता का यह स्वर प्रो० श्री निवास रथ की रसमयी कविता में अपनी सम्पूर्ण भव्यता से मुखरित हो रहा है-

अनेक-भाषा-विचारधारा-धर्मकथा-पूजाऽनुरञ्जिता,
एकसूत्रतागुणविभूषिता भारतीयसंस्कार-संहिता,
विश्वशान्ति-सन्देशशालिनी, भवतु भूतले सदा विजयिनी,
अभयदायिनी भारतजननी ।

भारत माता के चरणों में अपने श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए कवि ने ऐसी रसमयी भावपूर्ण भाषा का प्रयोग किया है, जो हृदय वीणा के तारों को झंकृत कर राष्ट्रीयता के भावों में डुबा देती है-

मातस्ते चरणारविन्दयुगलं वारान्निधिः सेवते,
बाहू ते विततौ परापरसमुद्रान्तस्तरङ्गस्पृशौ ।
मध्यालङ्कृतिमातनोति सततं सा विन्ध्यमालाऽखिला,
काञ्चीरिङ्गभङ्गिसङ्गतसरिल्लोलोर्मिमालाऽऽकुला ।।

शीर्षे ते मुकुटायते हिमगिरिः सर्वोन्नतस्तेजसा,
काश्मीरोद्भवकुङ्कुमेन तिलकं जागर्ति शोभाऽऽस्पदम् ।
सूर्याचन्द्रमसौ सदैव वहतस्ते कर्णपूरश्रियं,
मातर्निर्झरवारिमञ्जुलवपुर्मन्दस्मितं पातु नः ।।

इस देश का अतीत अत्यन्त गौरवशाली रहा है । इस देश में बोली जाने वाली विविध भाषा, वेशभूषा, सभ्यता, संस्कृति, गिरि, पर्वत, सरित, सागर आदि ने राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ रखा है । प्रत्येक भारतीय स्वयं को तभी कृतकृत्य समझता है जब वह देश के पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण सभी दिशाओं में प्रवहमान गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी आदि पवित्र नदियों में अवगाहन कर उनके पवित्र तटों पर स्थित देवालयों में अर्चना कर लेता है । वह इस देश के कण-कण को देव समझकर पूजा करता है और समय आने पर उसकी रक्षा में अपने प्राणों की हवि समर्पित करने में सदैव अग्रणी रहता है । कितना महान् है यह देश जहाँ वेदों का मधुर स्वर गूँजा,

जहाँ भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दिया, जहाँ वाल्मीकि,व्यास,कालिदास जैसे अमर कवि हुए । ऐसे देश में जन्म लेने वाले हम सब धन्य हैं । कवि का भारत के प्रति अगाध प्रेम दर्शनीय है-

वेदवाग्भासुरा यत्र विश्वम्भरा,
ऋग्यजुस्सामकाथर्वसंवर्धिता,
विश्वभाषासु या सर्वसम्मानिता,
देववाणी शुभा यत्र वाक्संस्कृता ।
यत्र वाल्मीकिना क्रौञ्चशोकाश्रुणा,
लोकवृत्ताद्भुतं काव्यमुद्भासितम्
व्याससम्पादितं यत्र गीताऽमृतं रक्ष
सर्वात्मना रक्ष तद् भारतम् ।।

कवि अपना तन, मन, धन, सब कुछ राष्ट्र देवता के चरणों में समर्पित करते हुए कह उठता है-

यत्र सूर्योदये यत्र चन्द्रोदये सान्ध्यपूजाक्रिया सर्वसाधारणी,
तत्र मे मानसं तत्र मे जीवनं भारतस्योदयायास्तु सर्वार्पणम्।।

जयतु भारतम् !

# NEW POETRY IN SANSKRIT

PROF. DEVA DATTA BHATTI

Modern Sanskrit poetry has undergone a tremendous change, during the last few years, its age long set traditions notwithstanding. Sanskrit traditionally has been bound strictly by undefiable rules of grammar and poetics, leaving every little scope for discretion of the author.

The Sanskrit grammar does not permit even a slight chnge in the language and in its structure. Similarly, the Sanskrit poetics, founded by Bharata and his predecessors, very vividly specified and limitised the areas of plot, nature, style and contents of Sanskrit poetry, which were religiously adhered to.There are differences with regard to the basic theories of poetry, but there is not much difference with regards to its outer form.

With the inception of new poetry or anti-poetry in English literature in the west the Indian English and the modern Indian languages started being influenced by the western wind. The infection caught Indian English first and the modern Indian languages, later. But the Sanskrit writings remained immune to this influence at least upto the seventh decade of the century, when grardually the new style of experimentalistic poetry overpowered the age long tradition. Consequently, some poets started composition of poetry in the novel style, fore saking the yoke of traditional rules, set by Bharata and others. The new style makes its emphatical appearance in the anthology of poem of the author of this paper, itself in seventies.

However, soon after the style finds acceptance with other eminent Sanskrit poets, notably Prof. Deva Datta Bhatti, Dr. Harsha Deva Madhava of Ahmedabad and Dr. Prashasya Mitra Shastri of Raie Bareli in India, in early eighties. But the world's first Sanskrit book in experimentalistic style named 'IRA' by Prof. Deva Datta Bhatti (author of this paper) Published from Delhi,

came in 1984, and the second book named 'SINIWALI' by the same author was publisehed from Agra in 1986. Both these books created a stir in the Sanskrit literary world and received recognition at national and inter-national levels. In addition to it, some miscellaneous writing in new poetry have appeared in the Indian press. Now we can add some more, in this context. To cap them there are Dr. Veda Prakasha Vidya Vachaspati of V.V.R.I. Hoshiarpur, Dr. Inder Mohan Singh of Panjabi University Patiala and Dr. Om Prakash Sharma of Sanskrit College Nabha.

The new style in Sanskrit poetry has blessings of the world stature Sanskrit scholars, traditionist and modern, like Pandit Charu Deva Shastri of Delhi and Pandit Vishwa Nath Shastri of Punjab, on the one hand and Dr. Satya Vrata Shastri of Delhi, Dr. Ram Chandra Dwivedi of Rajasthana, Dr. Dharmemdra Kumara Gupta and Dr. Shyama Deva Parashara of Panjab, Dr. Shiva Prasada Bhardwaja of Uttara Pradesha, Dr. Baldeva Singh of Himachala Pradesha and Dr. Mrs. Veda Kumari Ghai of Jammu and Kashmir, on the other. In fact, the recognition accorded to the new Sanskrit poetry is all due to the invaluable and willing patronage provided by these great scholars to it.

The pivotal role played by the agencies like the Govt. of Punjab, Languages Department, All India Radio and the magazines like 'Vishwa Sanskritam', 'Bharato-dayah' and 'Divya Jyotih' to promote and popularise the new style is highly commendable.

These scholars, agencies, magazines and thous-ands of admirers have the major share in shaping the destiny of new poetry. We Should be indebted to them for their dynamism and largeheartedness in recognising the new style.

Still the new poetry in Sanskrit is yet to make its impact on the Sanskrit world yet to prove its authenticity and worth, as at present it is passing through the pangs of its birth. The fact that some scholars are criticising the new poetry, vigorously, can not be ignored.

Now ultimately, what necessitated the dawn of new

style on the romantic horizons of Sanskrit poetry, is some thing that requires deep insight. The birth of this novel style lies deep in the seed of modern age, wherein there are no kings, queens, princesses, palaces, pools, forests, gardens and there is no liesure and relevance to talk of moon, moonlight, wine and women and their limbs, when we are in grip of terrorism and lead a tense and uneasy life. The modern man is in no mood to swing with the romantic ropes, particularly when he is destined to starve. The un-employment, poverty, aimlessness and lack of moral and national character have lead him to utter disgust and despair. Consequently, the classical subjects, objects, codes and charaters and the standatrds of comparison have faded away and lost relevance for him. He is now faced with problems. His mind is packed with new ideas born of the new scientific and technological developments around him. He faces a grim challange from atomic and nuclear weapons and pollution. He has lost his mental peace.He fails to cope with the fast, competetive and artificial contemporary life. With all these things in the back ground he is at unrest to express himself on modern issues. This is why the age old values in Sanskrit poetry have been forced to yield to the new values. Thus, the new poetry took birth.

In the new style the maetres have no place, sense gets precedence over style. The labour hither to applied to maintain the metrical order rhyme and rhythm, is now applied to highten its sense and brighten its structure. The labour and attention to maintain and adhere to the rules of poetics is now spent and diverted to better expression and simple and able language.

For an experimentalistic poet, the physical beauty is no object and has no appeal. For him the lotus, the moon the mouth are merely objects alike. Every word has only one meaning, one shade and style. There is no problem of difficulty of language. There are no figures of speech like Shlesha, Virodha, Anuprasa and Yamaka. The simplicity and naturalness of language and expression have lead the reader to an easy and comfortable position.

There is no denying the fact that some sort of

obscenity has taken place in the new poetry in other languages. But fortunately in Sanskrit it has not stepped in so far. We should be careful to check such lapses. We should express ourselves on issues like social unrest, aimlessness, nationalism, loyalty, duty, mercy, co-operation, co-existence, co-hesion, brotherhood, common heritage and spirit of sacrifice etc. We should stop to preach issues like terrorism, communalism, regionalism and casteism etc. At the same time, we should not forget the old values enshrined in our priceless literature like Dharma (Righteousness), Ahimsa (Non violence) and Matribhubhakti (patriotism). In this way, we will be able to remove the stigma from Sanskrit literature of its being antique in form and content.

In modern poetry the standards of comparisons (Upamanas) have changed. The contents have changed. The old objects have lost utility and existence. They are irrelevant in the present context. In my 'IRA' and 'SINIWALI' I have composed poem on contemporary issues, like social evils, frustrations, social injustice, corruption, exploitation, hollowness and duplicity of man.

Regarding the size of new poetry, the western literary view seems to preavail that it is much more difficult to write a good long poem then to write a good short one. I, along with other new poets, beg to differ with this belief. In my humble view the size of a poem in new style must be short or normal. It must not be lenghty. People have no time to read voluminous poems. We should be pithy and crisp. It is rather a test for an author to show brevity. Moreover a poem should not only be good, but as far as possible perfect in itself, with not a single syllable dispensable and out of tune. Patanjali, the greatest interpretter of Panini, wrote "The grammarians feel the thrill of a son's birth over reducing a part of a syllable".

ARDHAMATRA LAGHAVENA PUTROTSAVAM MANYANTE VAIYAKARANAH.

To me lengtthy poems are a sign of uncontrollable thoughts of the poet, whereas the short poems are indicative of his command and control over the

language.

The new poetry in Sanskrit is generally short and meaningful. It has no room for idle description and futile narration.

In his poem- IRA the aurthor has successfully expressed an ocean of irrepressible thoughts in one line along-----

"UDVELLITE CHA BHAVABDHAU IRA ME SARGALA KRITA"

In his another poem Kargala he has revealed his revolting mind----"KARGALA ! KATHAM TVAM VIVARNAH !" O piece of paper ! Why have you grown pale? Is it on seeing my radient face ?

There is a narration of racing life in the poem 'PRACHI-PRATICHYAU'. One friend says to another------

"MAMOPALABDHIRASTI-------SAMACHARPATRANAM PRATHAMA PANKTI,PARAM ME SHVASAH AYASTAH, VAPUSTRUTYATI."

Friend: my achievement is to be the frontline of newspapers but I feel bodyache and I pant.

Similarly other poems of 'IRA' like Antarvatni, Daridrata, Pathitah-Pathah, Mookabhasha, Pratikshe-Tavottaram, Sarvakarasya Samagri, Kranti etc. raise slogan of revolt and challange against social injustice, inequality and corruption in society.

In 'Siniwali' also, poems like Bhratarah, Janasammardah, Adhunikah, Vayam, Koyam Yugah, Asthavasheshah, Ahutih, etc, reveal the bitter reaction of the poet against terrorism and blood suckers of society.

In a poem, Krayah, I have referred to the falling standards of morality in man-------

SATYASANDHATVAM NISHTHAM NIRVYAJATVAM ARJAVAM CHA KRETUM ICCHHASI CHET ? KRINIHI KUKKURAM EKAM MANAVESHU NEDAM LABHYATE.

If you want to buy sincerety, loyality, honesty and simplicity, buy a dog, since all this is missing in man.

There is another poem Vayam ----------

ASHLILA CHITRABHANJI PUSTAKANI SMO VAYAM,

YANI GITA VARANENA PARIVRTITANI SANTI

We are like a blue book with a wrapper of Gita.

There is a poem-Prema in SINIWALI where love is defined as fountain of self beauty and a beautiful translation of the language of mind---------

PREMA ATMASAUNDARYASYA UTSAH

MANASO BHASHAYAH CHA MADHVANUVADAH,

Referring to the disintegration among men, I remarked in my poem-7 in Siniwali-------

PRANTANAM MITHAH SAMVADAH DESHO BHAVATI,

KIM VAYAM VADAMAH ?

The states talking to one another is a country. Do we talk ?

There is a lack of foresight at the helm of affairs. So I have requested foresight to go to the Red Fort on August 15 (Independence Day of India) there will be a hero for her to cap.

YAHI SHONADURGAM, AGASTAMASASYA PANCHA DASHEHANI, PRATARAVRINISHVA VARAMEKAM.

(Poem-1, Siniwali)

There is another poem number eleven in Siniwali-

APADAH APAH SANTI, MANAVAH YAVAD APAD-GRASTO BHAVATI TAVAT SWACCHHO BHAVATI APADI AKROSHAH BALIMA KHALU APADASTVAPAH SANTI.

Meaning that calamitities are the water that cleanses man on whom it falls. So there should be no anger or bitter reaction when they come. They should be welcommed by all who want to be purified.

Dr. Harsha Deva Madhava in his poem–Sikatah tells that sand is not only sand but some thing more-

SIKATASU JALAM BHOOTVA KASYAPI VASASYAR-THAH-NIVASO ROMANAGARE YUDDHAM CHA POPENA.

SIKATASU GARBHASTHA- SHISHUVAT, SAMUDRAH SHWASITI.

SIKATASU JALASYA DUSVAPNAM HARINO

BHOOTVA PASHYET CHET KOPI:

He means that to live as water in sand is like living in Rome and keeping enmity with Pope. In sands, ocean lives like an embryo (foetus) in Womb. If one like a hind sees the baddreams of water in sands.

I have been able to cite only a few examples over here, because of the paucity of space. However, I would humbly request the galaxy of International scholars kindly to refer to my book 'IRA' and 'SINIWALI'and other random poems of others published elsewhers.

So in Sanskrit a gap of new poetry has been abridged. The Sanskrit having attained the status of mother of all languages (Idno-European) has now acquired a new status in the modern world literature.

I trust, the richness of Sanskrit will further prove its fertility and much more novel and fair form of literature will be forthcoming.

I further trust that this oldest and richest language will continue to lead the world langauges as in yore. Sanskrit has all the potentialities and worth to produce more and better varieties. Only the creative artist needs tapping this inexhaustible source.

# आधुनिकसंस्कृतवाङ्मयस्य वैशिष्ट्यम्

डा0 रमेशकुमार लौ

वाङ्मयं खलु लोकस्याप्रतिहतं चक्षुरित्यामनन्ति मनीषिणः। संसरति संसारे साहित्यस्यापेक्षितं लक्ष्यमुपजीव्यञ्च परिस्थितिवशात् परिवृत्तिमायाति। पुरा यथा रामायण-महाभारत-बृहत्कथा-त्रिस्रोतसा काव्यभूमयः प्रायः सेचिता आसन् नैवेदानीं तथा। अद्यत्वे तु नैके नूतना विषया उपजीव्यतापदमाप्नुवन्ति। स्वातन्त्र्यहेतोः प्रवृत्तमान्दोलनं राष्ट्रियभावानामभिवृद्धिमकरोत्, तेन भारतमहिमानं राष्ट्रनेतॄणां चरितानि चालम्ब्य बहुधा प्रवृत्तं संस्कृतकाव्यम्। अनेके संस्कृतकवयः स्वरचनासु सामाजिकपृष्ठभूमिम् अवातारयन्। विविधभावना एव प्रकटीकर्तुम् आविर्भवन्ति काश्चन गीतयः। केषुचित् प्रबन्धेषु यात्रावर्णनमधिक्रियते। अन्यभाषाणां प्रमुखाः कृतयोऽपि संस्कृतेऽनूदिता महिमानं भजन्ते तद्यथा गीताञ्जलेः, रामचरितमानसस्य, शेक्सपियररचितनाटकानाञ्च कृतानि संस्कृत-रूपान्तराणि। श्रीपरमेश्वर अय्यर महाभागेन भाषान्तरसूक्तीनां संकृत-पद्यरूपान्तरणं ''सदाशयसमुच्चये'' विधीयते। व्यङ्ग्यमपि नूतनरूपेण पुरस्क्रियते। यथा श्रीमदुमाकान्तशुक्लेन स्वकीये परीष्टिदर्शने सूत्र-विवृतिशैल्या अनुसन्धानप्रक्रियाया वर्तमानं सदोषं स्वरूपं विशदीक्रियते।

आधुनिकसंस्कृतसाहित्यं प्राचीनपद्धत्या नवीनपद्धत्या चोभयथा-विविधं प्रवर्तते। तद् यथा महाकाव्येषु रामचरितमाश्रित्य 'सीताचरितम्' (रेवाप्रसाद द्विवेदी) 'जानकीजीवनम्' ('अभिराज' राजेन्द्रमिश्रः) सुगम-रामायणम् (रमेशचन्द्रशुक्लः) शिवाजीमधिकृत्य 'क्षत्रपति-चरितम्' (उमाशंकर शर्मा) 'शिवराज्योदयम्' (श्रीधरभास्करवर्णेकरः) जवाहर-लालनेहरुम् अङ्गीकृत्य 'श्रीनेहरूचरितम्' (ब्रह्मानन्दशुक्लः) 'जवाहर-ज्योतिः' (रघुनाथप्रसादःचतुर्वेदः) 'नेहरूयशःसौरभम्' (गो0 बलभद्र

प्रसाद शास्त्री) भारतमाहात्म्यम् आलक्ष्य 'पूर्वभारतम्' (प्रभुदत्त स्वामी), 'विशालभारतम्' (श्यामवर्ण द्विवेदी) 'स्वराज्यविजयम्' (द्विजेन्द्रनाथः), अन्येषु तावत् 'श्रीतिलकयशोऽर्णवः (माधव श्रीहरि अणे), 'विश्वभानुः'- स्वामिविवेकानन्दस्य चरितम् (पु० कृ० नारायण पिल्लै) 'लेनिनामृतम्' (पद्म शास्त्री), 'क्रिस्तुभागवतम्' (पी० सी० देवस्सिया) 'गणपति-सम्भवम्' (प्रभुदत्त शास्त्री) 'थाईदेशविलासम्' (सत्यव्रत शास्त्री)- 'गोस्वामितुलसीदासचरितम्' (हरिप्रसाद द्विवेदी), 'अमृतमन्थनम्' (स्वयंप्रकाश शर्मा) इत्यादीनि । एतानि तावत् प्रायेण १९६० उत्तरम् एव प्रकाशितानि । एतत्तु दिङ्मात्रोदाहरणम् । स्फुटमेव संस्कृत-काव्यरचना इदानीन्तनीषु प्रतिकूलास्वस्थास्वपि परिमाणदृष्टया वस्तु-निवेशदृष्ट्या वा सातिशयतां भजते इति !

खण्डकाव्येषु मुक्तकेषु वा आधुनिककवीनां सामयिकभावनाः सुतरां सम्मुखमायान्ति । श्रीजगन्नाथपाठकस्य 'कापिशायनी' गज़ल-रुबायी-आदिरीत्या प्रणयभावानां किमपि माधुर्यमातनोति । तद्यथा -

''वंशं पृच्छ धनञ्च पृच्छ सुतरां विद्यामितः पृच्छ वा
यत्किञ्चिन्मयि तद् वदामि न ततः सङ्कोचलेशो मयि ।
किन्त्वेतत्परिपीडितं नु हृदयं लब्धं मयाहो कुतो
मित्रैतत्कृपया न पृच्छ शतशः प्राणैरिदं रक्षितम् ।''

प्रो० उमाकान्तशुक्ल-कृत 'मङ्गल्या' काव्ये आर्यासु नूतनोपमानानि विचित्रा भावभङ्गिमाश्च श्रुतिपथमायान्ति । तद्यथा-

'हस्ते चषकश्चषके मदिरा तस्यां च वीक्षितं मदिरम् ।
रचयसि भाग्यमहो मे रसिके मदिरास्रजः सर्वाः ।।'

तस्यैव 'चाङ्गेरिका' नामकाव्ये नवीना अन्योक्तयः विभावनीयाः सताम् । अन्यान्यपि कानिचित् काव्यान्यत्र उल्लेखनीयनानि- ''गीतिकादम्बरी'' (अमीरचन्द्र शास्त्री), 'अन्योक्तिस्तबकम्' (श्रीकृष्ण सेमवालः), ''स्फूर्ति-सप्तशती'' (शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी)

'सुरश्मिकाश्मीरम्' (श्री सुन्दरराजः) 'भाति मे भारतम्' (रमाकान्त शुक्लः) इत्यादीनि ।

'गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति' इति श्रूयते । आधुनिककवीनां तत्र कषणे विशेषः आग्रहो दृश्यते । तत्र 'लघुकथा'-'उपन्यास'-'ललित निबन्ध' - 'संवाद'- 'यात्रावर्णन' - 'व्यङ्ग्या' दयः अभिनवा प्रवृत्तयः स्फारीभवन्ति । पं० अम्बिकादत्तव्यास- पं० क्षमाराव-भट्टमथुरानाथ-शास्त्रि आदिभिः उपन्यास-कथादीनां रचनाविधीनां या प्रवर्तना कृता तस्याः सम्यङ् निर्वाहो विधीयते अद्यापि । किञ्चित् परिगणनमत्र समुचितं तद्यथा- 'दयानन्दर्षिचरितम्' (विद्यानिधि शास्त्री) 'कुमुदिनीचन्द्रः' (मेधाव्रताचार्यः) 'कुसुम-लक्ष्मीः' (आनन्दवर्धन रत्नपारखी) 'कौमुदी-कथाकल्लोलिनी' (रामशरण त्रिपाठी), 'द्वा सुपर्णा' (रामजी उपाध्यायः), 'करडीशचरितामृतचम्पूः' (कन्दगल्लपर्वतसुधी) इति । निबन्धेषु च 'प्रबन्धमञ्जरी' (हृषीकेश भट्टाचार्यः), 'सेतुयात्रावर्णनम्' (टी0 के0 गणपतिशास्त्री)' 'पूर्णकुम्भः' (विष्णुकान्तशुक्लः) इति ।

विंशशत्या आदित एव संस्कृतनाटकेषु राष्ट्रियभावानामुद्भावनं भारतदुर्दशाचित्रणञ्च मुख्यरूपेण दरीदृश्यते । तदानीन्तनकविषु पं0 मथुरा-प्रसाद दीक्षितः (तस्य 'वीरप्रतापम्' 'भारतविजयम्'), महालिङ्ग शास्त्री ('कालिप्रादुर्भावः'), विष्णुपादभट्टाचार्यः ('काञ्चनकुञ्चिकम्'), कालीपद तर्काचार्यः ('दस्युरत्नाकरम्'), श्री0 भि0 वेलणकरः (स्वातन्त्र्य-लीलानाटकम्') इत्यादयः अन्यतमाः । आधुनिककविषु डा0 यतीन्द्र विमल-चौधुरीमहोदयस्य संस्कृतनाट्यनिधिसम्भरणे योगदानं सुवर्णाक्षरैरुट्टंकनीयम् । लोकेषु संस्कृत-नाटक-प्रचलनार्थम् डा0 वे0 राघवन्-महाभागः श्लाघ्यम् अतिविशिष्टं यत्नं समपादयत् ।

अन्यसंस्कृतकाव्यभेदानां तुलनया नाटकानां ग्रन्थरूपेण स्वतन्त्र प्रकाशनं नितरां न्यूनम् । दृश्यकाव्यत्वात् प्रयोगाभाव एव व्यक्तमत्र कारणम् । किन्तु संस्कृतपत्रिकाषु नाटकानां पर्याप्तं स्थानं दृश्यते । तदिहाभिनवनाटकप्रवृत्तीनां परिचयाय 'संस्कृतप्रतिभायाः' कतिपयाङ्केषु प्रकाशितानाम् समीक्षितानां वा नाटकानाम् उल्लेखो निदर्शनमात्रमिति विधीयते-

## (क) पौराणिकवस्तुपराणि नाटकानि-

'शिविवैभवम्' (जग्गुशिङ्गरार्यः , १९६१)

'पद्मावती' (कोलाचल य० ना० दीक्षितः, १९६८)

'मणिहरणम्' (जग्गुबकुलभूषणः, १९७३)

'कामशुद्धिः' (वे० राघवः, १९६४, आकाशवाण्या प्रसारितम्)

## (ख) ऐतिह्यवस्तुपराणि नाटकानि-

'श्रीशिववैभवम्' (वि० या० बेकिल्,१९६७)

'चाणक्यविजयम्' (विश्वेश्वर विद्याभूषणः, १९६७)

'बंगलादेशविजय-' व्यायोगः (पद्म शास्त्री, १९७३)

## (ग) लघूनि संगीतपराणि नाटकानि -

'कुचेलवृत्तम्' (देवकी मेनन्, १९६१, पाश्चात्त्य ओपेराशैल्या गीतात्मकसंवादपरम् ।)

'विद्युन्माला' (को० ल० व्यासराज शास्त्री, १९६४)

'शूर्पणखाभिसारम्' (वीरेन्द्रकुमार भट्टाचार्यः, १९७3)

## (घ) नूतनकल्पितवस्तुपराणि नाटकानि-

'विवाहविडम्बनम्' (श्रीजीवन्यायतीर्थः,१९६१)

'शक्तिशारदम्' (यतीन्द्रविमल चौधुरी, १९६१)

'सनातमधर्मसर्वस्वम्' (सदाशिवतीर्थः, १९६४)

'कालिदास-महोत्साहम्' (हरिरामचन्द्रदिवेकरः १९६५; भारत-दशावलोकनार्थं कालिदासमहोत्सवे स्वयं कालिदासस्यागमनमत्र वस्तु।)

'नारीजागरणम्' (श्रीगोपालशास्त्री, १९६८)

'मेघदूतोत्तरम्' (श्री० भि० वेलणकरः, १९६८)

'भूपो भिषक्त्वं गतः' (गणेश शास्त्री लोण्ढे, १९६८)

'रत्नाङ्गुलीयकम्' (विघ्नेश्वर शर्मा, १९७२)

'रहस्यमयी' (नाटिका-के0 रा0 जोशी, १९६९)

संस्कृत-नाट्यप्रयोगे दिल्लीस्थया देववाणी-परिषदा प्रतिवर्षं संस्कृत-संगीतनाटकसमारोहरूपेण स्तुत्यः प्रयासो विधीयते, तत्र डा0 रमाकान्त-शुक्लमहाभागस्य 'पण्डितराजीयम्' 'पुरश्चरणकमलम्' इति नाटकद्वयस्य नयीदिल्लीस्थ-श्रीराम सेण्टराख्ये प्रेक्षागृहे मनोहारी अभिनयः मञ्चितः (द्र0 अर्वाचीनसंस्कृतम् ६. १. १९८४) । एतदतिरिक्तं डा0 रमाकान्त शुक्लस्य 'पण्डितराजजगन्नाथस्य' १२-१२-१९६९ तारिकायां तथा ७-८-१९७० तारिकायां, 'दाराशिकोहस्य' २७-३-१९७० तारिकायां, ' चक्रानुसरणस्य १९.६.१९७० तारिकायाम्,- 'चक्रव्यूहस्य' ११-१२-१९७० तारिकायां, 'विक्रमोर्वशीयस्य' १-३-१९८३ तारिकायाम् 'आलोकिनी' त्यस्य च ध्वनिरूपकस्य २९-१०-१९८९ तारिकायां प्रसारणमभूत् । एतेषा-ध्वनिनाट- कानां प्रकाशनमर्वाचीनसंस्कृते जातम् ।

आधुनिकनाटकेषु नाट्यशास्त्रनियमानां पालनं पञ्चसन्धि-समन्वग्रादिकं न दृश्यते । प्राकृतभाषाप्रयोगोऽपि परिहृतः । प्रायेण स्थान-कार्य-दशान्वितयः परिपाल्यन्ते । रेडियो-दूरदर्शन-द्वारा संस्कृतनाटकप्रयोगस्य भूयान् अवकाशः विद्यते ।

प्रायो विंशतिसंख्याकासु संस्कृतपत्र-पत्रिकासु सततं प्रकाश्यमानं साहित्यमुपचितिमातनोति । तत्र समाचाराः, सामयिकचर्चाः, सम्पादकीयानि, श्रद्धाञ्जलयः, संस्मरणानि, बालकथाः, विनोद-कणिकाः इति विविधरीत्या प्रवहति साहित्य-सरित् ।

एतयातिसंक्षिप्तालोचनया सष्टमेवेदम् आधुनिके युगे संस्कृत- प्रयोगे रचनाकौशले च देशकालानुरूपमेव साहित्यम् इति । लौकिक-भाषाणाम् अपेक्षया न किञ्चिदपि परिहीयते तत्र यत्तु स्पृहणीयम् ।

# आधुनिकसंस्कृतकाव्यस्य प्रगतिशीलत्वम्

डॉ0 श्रीनिवास मिश्रः

संस्कृतसाहित्ये ये सन्ति वेदाः, वैदिकसाहित्यम्, पुराणानि, महाकाव्यानि, नाटकानि, कथासाहित्यं वा प्रायः सर्वत्र प्राचीनवादिता, पुरातनविचाराः, परंपरां प्रति बद्धमूलता दरीदृश्यते । साहित्य-शास्त्रपण्डितैः आचार्यैः याः व्यवस्थाः ये च नियमाः निर्मिताः तानधिकृत्यैव महाकाव्यानि रचितानि, नाटकग्रन्थाः लिखिता, कथासाहित्यञ्च निर्मितम् । नाटकेषु च प्रायः राज्ञाम्, अधिनायकवादिनां प्रभूणां, स्वामिनामुच्चवर्गाणाञ्च चरितानि, वैभवविलासाः, विक्रमणानि प्रणयलीलाः वा प्रभूतेन वर्णिताः । कांश्चित् कवीन् विहाय प्रायः सर्वेषामेव ईदृशी स्थितिरदृश्यत ।

किन्तु आधुनिककविगणैः 'पुराणमित्येव न साधु सर्वम्' इत्यादि कालिदाससरणिमनुकुर्वद्भिः पुराणपरंपरामनपेक्ष्य. 'साहित्यं समाजस्य दर्पणं भवती' ति सिद्धान्तमनुसरद्भिः स्वकीयेषु काव्येषु आधुनिकाः विचाराः वर्तमानसमस्याः, जनचेतनाः राष्ट्रीयभावनाः, नारीजागरणं, सर्वहारासंस्कृतिः, देशभक्तिः, भावात्मकैकता इत्यादयो विविधाः विषयाः समावेशिताः । वर्तमानसमये देशे विविधाः सामाजिक-आर्थिक-राष्ट्रीयसमस्या अहर्निशं समस्तमपि राष्ट्रं व्याप्य स्थिताः संतिष्ठन्ति । अत एव काव्यमपि तत्परं कवयोऽपि तद्विचारकाः इति नास्त्याश्चर्यम् । डा0 श्रीधरभास्कर वर्णेकरः, श्री ब्रह्मानन्दशुक्लः, डा0 रमेशचन्द्र शुक्लः, डा0 राजेन्द्र मिश्रः, डा0 रेवाप्रसाद द्विवेदी, डा0 परमानन्द शास्त्री इत्यादीनां कवीनां काव्येषु एता एव राष्ट्रीयसमस्याः, वर्तमानजीवनदर्शनमालोक्यते।

अस्मिन्नालेखे द्वित्रिकान् कवीनधिकृत्य तेषां काव्येषु अत्यंतसंक्षेपेण

आधुनिकता, प्रगतिवादिता परिदृष्टा भविष्यति । प्रथमं तावत् श्री रेवाप्रसादद्विवेदिमहाभागानां 'सीताचरित' मधिकृत्य किञ्चिद्विवेचनीयम्। ग्रन्थारम्भ एव परंपराप्राप्तकाव्यप्रयोजनान्युपेक्षयता तेनोद्घोषितम्-

न यशसे न धनाय, शिवेतरक्षतिकृतेऽपि च नैव कृतिर्मम ।
इयमिमां भरतावनिसंस्कृतिं सुरगवीं च निषेवितुमुद्गता ।।

(सीताचरितम्)

सीताचरितमहाकाव्यस्य नारीपात्राणि परंपरागतानि न सन्ति । अस्मिन् महाकाव्ये सीता न कस्यापि दयापात्रम्, नापि सर्वसहा । अपितु अन्यायं प्रति विद्रोहिणी, कर्तव्यं प्रति जागरूका स्वाभिमानिनी सीता वर्तते। राज्याभिषेकानन्तरं पुनः सीतापरित्यागकारिणं रामं भर्त्सयन्ती सीता कथयति-

किन्तु देव ! यदि सौख्यवारिभिः शीतमस्ति तव राज्यमक्षयम् ।
तेन मादृशविगीतवृत्तिना जन्तुना किमिह तापकारिणा ।।

(सीताचरितम्)

अस्मिन् महाकाव्ये आधुनिकनारीप्रतीकभूता सीता सरला, लज्जाशीला वधूरेव न, अपि तु स्वाधिकारान् प्रति सुदृढा, अन्यायं मर्दयन्ती स्वाभिमानवती सीता वर्तते । न केवलं सीता, अस्मिन् काव्ये उर्मिलापि मुखरा, विद्रोहिणी च दृश्यते । वनगमनसमये स्वयमपि वनं गन्तुमिच्छन्ती सा सीतां ब्रवीति-यद् भगिनि सीते ! निमिवंशकन्या इमाः यथा राजभवनमिदं सहैव आयातास्तथैव वनमपि सर्वाभिरस्माभिः सहैव गन्तव्यम् । इन्द्रियसुखापेक्षया यदि यशः श्रेष्ठं वर्तते तर्हि किमेतैः विभवैः? कण्टकापूर्णा भूरियमस्माकं माता, अस्माकं शरणम् । अन्यत्र पुनः विद्रोहिणी उर्मिला कथयति-यदि पुरुषो मर्यादामुल्लंघ्य आचरति तर्हि अबलापि सती नारी विश्वकल्याणाय प्रबला सबला च कथं न भवतु । अबलापि नारी सर्वं कर्तुं क्षमा । अतः सीताचरितप्रणेता महाकवि-रुद्घोषयति-

विपिनभुवि पुरत्वमत्र जज्ञे यदि किल केवलमेव रामपत्न्या ।

किमिव पुरपुरन्ध्रयो न कुर्युर्जनपदसीम्नि रुचिर्यदिं श्रमेषु ।।

(सीताचरितम्)

इत्थं नूतनमान्यताः नवीनप्रतीकाश्च सीताचरितमहाकाव्यस्य सौन्दर्यश्रियं द्विगुणमभिवर्धयन्ति ।

कविमूर्धन्यानामभिराजराजेन्द्रमिश्रमहाभागानां विविधेषु काव्यग्रन्थेषु नाट्येषु च वर्तमानसमाजप्रतिबिम्बनं बहुशः दरीदृश्यते । 'आर्यान्योक्तिशतके' मानवानुपेक्ष्य कुक्कुरान् (अल्सेशियन डाग) प्रति स्नेहपरान् जनान् प्रत्यपदेशेन व्यंग्योक्तिपूर्वकं निर्दिशति युवा कविः-

धन्या सा सदुपस्था सुरशुनकी सरमा न मनोर्भार्या ।

यन्मनुजैस्सेव्यन्तेऽनिशमिह तत्सुभगसन्ततयः ।।

(आर्यान्योक्तिशतकम्)

आधुनिकजनप्रतिनिधयः (एम0 एल0 ए0) जनानां कार्याण्युपेक्ष्य, तेषां हितानि निरादृत्य स्वार्थानेव केवलं साधयन्ति, तान् विधायकान् प्रति व्यंग्योक्तिः

कुरु कुरु तावदभीष्टं साधय स्वार्थं मन्त्रिपदमवाप्य ।

यावन्नास्यपदस्थो रे खल ! पल्लवय स्वकीयान् ।।

(आर्यान्योक्तिशतकम्)

यावत् स्वार्थसिद्धिर्भवति तावत्तत्साधकान् (स्वार्थसाधकान्) जनाः सम्मानयन्ति, पोषयन्ति, सत्कुर्वन्ति । स्वार्थसिद्धेरनन्तरं तान् स्वार्थसिद्धिहेतुभूतान् तिरस्कुर्वन्ति, उपेक्षयन्तीत्यहो प्राणिनां स्वार्थपरता !

दधिघृततक्रपयोभिस्तोषितवत्यनिशं सकलगृहं या ।

पश्य जरद्धेनुस्सा व्यर्थेति वधिकाय दीयते ।।

(आर्यान्योक्तिशतकम्)

इत्थं विविधैरन्यापदेशैः पूर्णमिदं काव्यं वर्तमानसमाजस्य अवस्थां

तस्य दोषानाविर्भावयति ।

अलीगढ़नगरस्थानां कविवर्याणां परमानन्दशास्त्रि - महाभागानां विविधानि काव्यानि अधुनातनज्वलन्तसमस्याभिरनुस्यूतानि, वर्तमान-जीवन- दर्पणपूर्णानि सन्ति । तेषां 'गन्धदूतम्' खण्डकाव्यमेव प्रथमं पश्यामः । मद्यपान-समस्या साम्प्रतं सम्पूर्णं समाजं विरूपं कुर्वती आस्ते । मेघदूतस्य सरण्यां विरचितेऽस्मिन् गन्धदूते काव्ये दिल्लीस्थं मद्यपमेकं परित्यज्य तस्य भार्या स्वमातृगृहे वाराणसीं गता वर्तते । द्रव्यसंपद्विलोपात् सर्वैः त्यक्तः स मद्यपः आत्महत्यां कर्तुमना एकस्यां पुष्करिण्यां सौम्यसुखदं परागपूर्णमामोदभरं कमलं ददर्श । तमेव कमलगन्धं दूतरूपेण परिकल्प्य स्वप्रियां प्रति वाराणसीं प्रेषयति । मार्गगतानां फरीदाबाद-मथुरा-आगरा-फिरोजाबाद-इटावा-कानपुर- इलाहाबाद-प्रभृतिनगराणां व्यवसायान् उद्योगान् प्राकृतिकस्थितिञ्चावलोकयन् स गन्धदूतः ज्ञानभूमिं काशीनगरीं प्राप्य मद्यपप्रियामनुनयति । 'गन्धदूत' काव्यमाध्यमेन कविना न केवलं मार्गस्थानां नगराणां विविधं लोकप्रियं वर्णनं कृतमास्ते अपितु समाजे सर्वदोषावहां जीवनसुखविनाशयित्रीं सुरां निन्दयता तेनोद्घोषितम्-

सम्पर्कादप्यहह वलवद् वारुणी तिग्मरश्मेः,
स्थानं रूपं हरति च महो मानवाः के वराकाः ।
वारस्त्रीवद् हरति सततं स्वास्थ्यमर्थं च तेषा-
माधिं व्याधिं विषममुपदां लाति चास्वादितैव ।।

(गन्धदूतम्)

दम्पत्योर्यद् विघटनकरं यत्र नाशो गृहस्य,
विश्वासस्य प्रतिनिरसनं दुर्गतिः शुभ्रकीर्तेः ।
त्यागः स्त्रीणां रतिरपि रुजां मङ्गलानां प्रवासः,
लोकोपेक्षा निकृतिरिति तन्मद्यमित्येव नाम ।।

(गन्धदूतम्)

इत्थं 'कान्तासम्मिततयोपदेशयुक्' रीत्या मद्यपानरूपं समाजदोषमुद्घाट्य तन्निकृतिरुपदिष्टा ।

अद्य 'कुर्सीमोहः' देशस्य समाजस्य च पतनावस्थायाः प्रमुखं कारणं वर्तते । एकदा भारतीयसंसदः, मन्त्रिपदस्य, विधानसभासदस्यतायाः वा देवदुर्लभं सौविध्यं सम्मानं सुखञ्च येन प्राप्तं तत्परिहर्तुं न कोऽपि स्वेच्छ येच्छति । परिहृतं वा पुनः पुनः अनुचितसाधनैरप्यधिगन्तुमिच्छति। आधुनिकनेतुः केवलं कुर्सीरक्षा एव प्रमुखो धर्मः, प्रधानं च कर्तव्यम् । 'कुर्सीरक्षार्थं' समाजं देशं शोषयन्नयं नेता किं किमकार्यं नैव कुरुते ! कानि कानि पापानि नैवाचरति ! मेघदूतस्यैव सरणिमनुसरता विरचिते 'वानरसन्देश' नामकेऽस्मिन् खण्डकाव्ये सत्ताभ्रष्टो कश्चिन्नेता वानरं दूतं परिकल्प्य पुनः 'कुर्सी' प्राप्त्यर्थं दिल्लीं प्रेषयति । 'कुर्सी'भ्रष्टो नेता स्वकीयं भाग्यं निन्दयन् प्रलपति-

यस्मात् कालान्मम विमुखतां भाग्यदोषाद् गतासि,
तस्मात् सर्वैरपि हि पयसो मक्षिकेवापनीतः ।
वार्ता कश्चिज्जगति कुरुते नापि पृच्छत्यहो मे,
नार्चन्तीह क्वचिदपि जनाः सूर्यमस्तं प्रयातम् ।।

(वानरसन्देशः, श्लोकः १४६)

'कुर्सीं' प्राप्तुं जनतासाहाय्यमावश्यकं किन्तु इदानीं मम मिथ्याभाषणैः क्रुद्धा भूता जनता न मां विश्वसितीत्युद्विग्नमनाः नेता कुर्सीं कथयति-

त्वामायातुं भवति जनता सेतुरस्मादृशानां,
मिथ्याघोषैः सततमियताऽनेहसा लालिता या ।
तोषं धत्ते न पुनरधुना भाषणाश्वासनौघैः,
काष्ठस्थाली पचति न हि भोः भूयसेति ब्रुवाणा ।।

(वानरसन्देशः, श्लोकः १६६)

अनेन माध्यमेन कविना मार्गस्थाः प्रदेशाः, नगराणि, तेषां सौन्दर्यं, दिल्ल्यां प्रविश्य गान्धेः समाधिः, शान्तिवनं, विजयघाटः इत्यादीनां

हृदयाह्लादि वर्णनं कृतं वर्तते ।

आपातकालानन्तरं यदा केन्द्रशासने कांग्रेसदलं पराजितं जनतादलञ्च (पार्टी) शासनारूरढमभवत् तत्कालीना राजनीतिक-सामाजिकदुर्दशा महाकविना परमानन्दशास्त्रिणा स्वकीये 'जनविजयं' नामके महाकाव्ये सजीवं चित्रिता वर्तते । भारतीयजनतात्यन्तं बलवती वर्तते । मतदानमाध्यमेन सा कुशासनं दूरीकृत्य सुशासनं स्थापयितुं सक्षमा-इत्यस्ति वर्णनाविषयः 'जनविजय'-महाकाव्यस्य ।

इदानीमस्माकं देशः जातिवाद-क्षेत्रवाद-भाषावाद - प्रभृतिभिर्दोषैः-संकुचितः खण्डत्वं च प्रयातः । सर्वमेतद्दर्शं दर्शं दूयमानचेताः कविः 'भारत- शतकम्' नामके काव्ये चिन्तयति योऽस्माकं देशः 'शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः' इति सिद्धान्तमनुसरन्नासीत् स एवेदानीं जाति-धर्म-क्षेत्र-भाषादिरूपेषु विभक्तः सीदन्नास्ते-

अद्वैतं गवि पण्डिते शुनि गजेऽप्युद्घोष्य गीतागुरु-
रेकीभावमबोधयद् भुवि नृणां वैविध्यभाजामपि ।
जातिक्षेत्रकुलादिधर्मविषये मर्त्या विभक्ता मिथो,
हा ! सीदन्ति गतास्तथापि कलहं मुग्धास्तितिक्षां विना।।
(भारतशतकम्, श्लो0 ५७)

यस्मिन् देशे-'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' इति सिद्धान्तः प्रतिपालित आसीत् तस्मिन्नेव देशेऽद्य नारीणां का का दुर्दशा न भवति-

'पूज्यन्ते वनिता हि यत्र विबुधास्तत्रारमन्ते सदा'
यत्रासौ परिपालितो हि पुरुषैः सिद्धान्त आसीत् पुरा ।
मैत्रेयी-जनकात्मजा-द्रुपदजा-सावित्र्युमा-भारती-
गार्गीत्यादियशःप्रभाधवलितं राराजते भारतम् ।।
(भारतशतकम्, श्लोकः ७३)

संजातं स्खलनं गते तु दिवसे नार्यो बहु न्यक्कृताः,
पुसां दोषभराद् विपत्करमभूत् कन्यापितृत्वं ततः ।

नारी-शोषण-शीलभङ्ग-छलना लोभाद् वधूनां वधो
मर्त्याः किं नु चरन्ति नात्र दुरितं नारीषु हा ! साम्प्रतम्।।
(भारतशतकम्, श्लो0 ७४)

'चीरहरणम्' नामके महाकाव्ये द्रौपदी-दुर्दशा-माध्यमेन भारतीयनारीणां परम्परागतं दौर्गत्यं पुरुषाणाञ्च प्रभुत्वं विविधं वर्णितं महाकविना ।

अद्यतनसंस्कृतकाव्ये सर्वाधिकमहत्त्वपूर्णा वर्तते- 'सर्वहारासंस्कृतिः'। अस्माकं संविधानस्य केन्द्रीयप्रान्तीयशासनस्य चैष प्रथमो धर्मः यत्समाजे ये सन्ति निर्धनाः, श्रमिकाः, हरिजनाः उपेक्षिताः, अकिञ्चनास्तेषामुदरं भ्रियेत, ते प्राप्नुवन्तु देहाच्छादनार्थं वस्त्राणि निवासार्थमावासांश्च (रोटी,कपड़ा और मकान) । तेषां पीडितानां कृते सौहार्दं, सहानुभूतिः अद्यतनसंस्कृतकवितायाः प्रथमं लक्ष्यम् । अत एव स्वां कवितां संबोधयन निर्दिशति महाकविः परमानन्दशास्त्री -

कालस्ते कवितेऽस्त्यकिंचनजनं संसेवितुं साम्प्रतम्

'भारतशतकम्' काव्ये तेनोद्घोषितं यावत् पीडितानां हरिजनानं क्षुत्पीडितानां श्रमिकाणां, दुर्गतानाञ्च नारीणामुन्नतिर्नैव भविष्यति नै तावद्भारतसमृद्धिः सम्भवा-

ये केऽपि श्रमिकाः स्त्रियो हरिजना अर्थेन हीनाः जनाः,
कर्तव्यं प्रथमं तु कष्टहरणं तेषां समर्थैः सदा ।
शक्तिं स्वास्थ्यमियादनेन विधिना त्यागेन देशः सताम्,
अङ्गेष्वामयपीडितेषु किमपि स्वस्थं कथं स्याद्वपुः ।।
(भारतशतकम् श्लोकः ९९)

एतत्कथ्यते यदिदानीं देशे निर्धनो निर्धनतरो भवति धनिकश्च धनिकतर जायते । अत एव कश्चिदूयमानचेताः निर्धनो धनिकं नेतारं पृच्छति 'जनविजय' महाकाव्ये-

कियच्चिरं हन्त कियच्चिरं रे प्रवर्धते च क्षयति प्रकामम्
(जनविजयम्, १५/१६)

अस्माकं धर्मसंस्कृतिभाषाणामैक्येऽपि इमे नेतारः भेदमुत्पाद्य स्वार्थान् साधयन्ति । कश्चिद्देशभक्तः नेतारमेतदेव पृच्छति-

कियच्चिरं संस्कृति-धर्म-भाषा-जाति-प्रथा-वर्गविभेद-भावान् ।
उद्दीप्य लोकं विपथे विनीय स्वनेतृतायाः क्रियतेऽभिमानः ।
(जनविजयम्, १५/२५)

इत्थं स्पष्टमेतद् यदद्यतनसंस्कृतकाव्ये देशस्य समाजस्य चाधुनातनसमस्या उद्घाट्य तासां समाधानमपि निर्दिष्टं वर्तते ।

# आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र की प्रवृत्ति

डॉ० आनन्द कुमार श्रीवास्तव

संस्कृत साहित्य की धारा वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक निरन्तर प्रवहमान है। साहित्य के अङ्गभूत काव्य, दर्शन, व्याकरण आदि सभी क्षेत्र निरन्तर चिन्तन प्रवाह से समृद्ध हो रहे हैं। संस्कृत काव्यशास्त्र इसका अपवाद नहीं है। वह भी अन्य शास्त्रों की भाँति प्राचीन है। उसके बीज वैदिक वाङ्मय में दृष्टिगत होते हैं किन्तु स्वतंत्र शास्त्र के रूप में सर्वप्रथम हमें भरतमुनि का नाट्यशास्त्र ही उपलब्ध होता है। तदनन्तर काव्यशास्त्रियों की अविच्छिन्न परम्परा भामह, दण्डी, वामन, उद्भट, आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, रुय्यक, विद्यानाथ, भोज, महिमभट्ट, कुन्तक, मम्मट, विश्वनाथ, हेमचन्द्र, जयदेव, क्षेमेन्द्र, राजशेखर, शारदातनय, भानुदत्त, रूपगोस्वामी, अप्पय दीक्षित, पण्डितराज जगन्नाथ के रूप में दिखायी देती है किन्तु पण्डितराज के पश्चात् का संस्कृत काव्यशास्त्र प्रायः अपरिचय के घनान्धकार में आच्छादित रहा। वस्तुतः सत्रहवीं शताब्दी के पश्चात् का संस्कृत साहित्य प्रायः उपेक्षित ही रहा है, उसका उचित मूल्याङ्कन नहीं हुआ। विशेषतः संस्कृत काव्यशास्त्र के क्षेत्र में पण्डितराज को अन्तिम मूर्धन्य आचार्य स्वीकार कर लिया गया और उत्तरवर्ती काव्यशास्त्र की समीक्षा नहीं की गयी।

प्रस्तुत सन्दर्भ में आधुनिक युग से तात्पर्य 'पण्डितराजोत्तर युग' से है। पण्डित राज के पश्चात् लगभग दो सौ आचार्यों ने काव्यशास्त्रीय मौलिक ग्रन्थों अथवा टीका ग्रन्थों की रचना की। जिस प्रकार भरत से लेकर पण्डितराज तक संस्कृत काव्यशास्त्र की अजस्र धारा प्रवाहित होती रही है, उसी प्रकार पण्डितराज के पश्चात् भी काव्य के विश्लेषण की अविच्छिन्न परम्परा दिखाई देती है। अनेक लेखकों ने काव्यशास्त्रीय तत्त्वों का साङ्गोपाङ्ग विवेचन किया। कुछ ने काव्यशास्त्र के किसी अङ्ग विशेष का ही निरूपण किया तो कुछ आचार्यों ने प्राचीन अथवा अर्वाचीन ग्रन्थों की टीकायें लिखकर काव्यशास्त्र को जीवित रखने का प्रयास किया।

पण्डितराज के पश्चात् आचार्यों में काव्यशास्त्र लिखने की प्रवृत्ति पूर्वकाल की अपेक्षा अधिक दिखाई देती है। सम्भवतः इस युग में लक्षण ग्रन्थों की रचना ही विद्वत्ता का सूचक मानी जाती थी और इसी के द्वारा प्रसिद्धि प्राप्त करना सम्भव

था । अत एव काव्यशास्त्र की रचना किसी नये सिद्धान्त की स्थापना के लिये नहीं की गयी अपितु 'बिना काव्यशास्त्र लिखे प्रतिष्ठा नहीं मिलेगी' केवल इस औपचारिकतावश ही काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों की रचना हुई । यही कारण है कि इन ग्रन्थों में प्रायः पिष्टपेषण ही उपलब्ध होता है ।

यह सुदृढ तथ्य है कि पण्डितराज के पश्चात् कोई भी ऐसा लेखक नहीं हुआ जिसे मौलिक सिद्धान्तों के प्रतिष्ठापक आचार्य भरत, भामह, वामन, आनन्दवर्धन एवं कुन्तक की श्रेणी में अथवा काव्यशास्त्र को समन्वित रूप प्रदान करने वाले मम्मट, विश्वनाथ एवं पण्डितराज प्रभृति आचार्यो की श्रेणी में रखा जा सके । किसी टीकाकार ने भी लोल्लट, शङ्कुक भट्टनायक एवं अभिनवगुप्त प्रभृति आचार्यो की भाँति कोई नयी व्याख्या नहीं प्रस्तुत की ।

प्रायः सभी लेखक अपने पूर्ववर्ती लेखकों से अधिकांश ग्रहण करतेहैं और उसमें परिष्कार कर अपने ढंग से नवीन रूप में प्रस्तुत करते हैं । यदि निष्पक्ष रूप से देखा जाय तो किसी भी आचार्य की स्वकीय उद्भावना अत्यल्प मात्रा में ही होती है । यदि आचार्य पूर्ववर्ती शास्त्रकारों का ही लक्षण प्रस्तुत करता है तो ठीक है क्योंकि लक्षण तो भिन्न नहीं हो सकते, किन्तु लक्षण की शब्दाबली उसकी विशदता, प्रस्तुतीकरण, यही लेखक का अपना होता है । पण्डितराजोत्तर आचार्यो के समक्ष लगभग दो सहस्र वर्षो का परिपक्व काव्यशास्त्र था । उन्होंने उसका मन्थन कर सार प्रस्तुत किया । अत एव पण्डितराज के पश्चात् काव्यशास्त्र की शब्दावली एवं प्रस्तुति अधिक सरल एवं विशद दिखाई देती है ।

पण्डितराजोत्तर आचार्यो का अनुशीलन करने पर कुछ सामान्य विशेषतायें दृष्टिगत होती हैं-(१) प्रायः सभी आचार्यों ने अपनी वंशावली,जन्म स्थान, निवास स्थान जन्मकाल, गुरु एवं अभीष्ट देव का उल्लेख किया है । फलस्वरूप आचार्यो के कालनिर्धारण एवं परिचय के लिए किसी बहिःसाक्ष्य की आवश्यकता नहीं पड़ती ।

(२) आचार्यों ने काव्यशास्त्रीय तत्त्वों पर प्रायः परम्परागत ढंग से ही विचार किया है । कुछेक को छोड़कर उनमें आधुनिकयुगीन चेतना का अभाव सा परिलक्षित होता है । काव्यशास्त्रियों ने उसे आत्मसात् करते हुए विवेचन नहीं किया है ।

(३) प्रायः आचार्यों की ग्रन्थरचना का उद्देश्य 'बालबोधाय' रहा है ।[१] यही कारण है कि आचार्यों ने समीक्षा (खण्डन-मण्डन) शैली का आश्रय न लेकर सीधे लक्षण व लक्ष्य का स्वरूप उपन्यस्त कर दिया है और यह उचित भी था क्योंकि अनेक प्रकार से आलोचना होकर अब तक काव्यशास्त्रीय तत्त्वों का स्वरूप पूर्णतः निर्धारित हो चुका था और पुनः शास्त्रार्थ में उलझने की आवश्यकता नहीं रह गयी थी ।

इसके विरीत कुछ प्रगाढ़ पाण्डित्य पूर्ण ग्रन्थ भी उपलब्ध होते हैं । विश्वेश्वर

पण्डित कृत अलङ्कारकौस्तुभ ग्रन्थ ऐसा ही है, जिसमें आचार्य ने नव्य न्याय की भाषा में अलङ्कारों का विवेचन प्रस्तुत किया। पण्डितराज ने रसगङ्गाधर में जिस नैयायिक भाषा का बीजारोपण किया वह विश्वेवर पण्डित में चरमोत्कर्ष पर दिखायी देता है। इसके अतिरिक्त अच्युतराय मोडककृत साहित्यसार भी प्रौढ काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ है।

(४) पण्डितराज के 'निर्माय नूतनमुदाहरणानुरूपम्' प्रतिज्ञा ने परवर्ती आचार्यों को अत्यधिक प्रभावित किया है। प्रायः सभी आचार्य स्वरचित लक्षण के साथ-साथ स्वरचित लक्ष्य रूप उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं। इससे काव्यशास्त्र के साथ-साथ उनकी कविप्रतिभा का भी परिचय मिल जाता है और वे अनुरूपतम लक्ष्य उपस्थापित करने में भी समर्थ होते हैं। इससे पूरी कृति आचार्य की अपनी हो जाती है। स्वनिर्मित उदाहरण प्रस्तुत करने के कारण ही प्रायः आचार्य अपने नामों के आगे कवि शब्द का भी प्रयोग करते हैं। यथा नरसिंह कवि (नञ्जराजयशोभूषण), विद्याराम कवि (रसदीर्घिका), कृष्ण कवि (मन्दारमरन्दचम्पू) इत्यादि।

(५) आचार्य विद्यानाथ ने काव्यशास्त्र में 'यशोभूषण' की जिस परम्परा का श्रीगणेश किया था, वह पण्डितराजोत्तर युगीन आचार्यों की प्रवृत्ति के रूप में दिखाई देती है। काव्यशास्त्रीय तत्त्वों का लक्षण लिख कर आचार्यों ने स्वरचित उदाहरणों में अपने आश्रयदाताओं का गुणगान किया है। इससे काव्यशास्त्र के साथ-साथ काव्य व नाटकादि का प्रणयन भी हो जाता है और एक ही पात्र के जीवन से समस्त उदाहरण देना, यह इन ग्रन्थों की बहुत बड़ी देन है। कुछ आचार्यों ने ग्रन्थ नाम अपने आश्रयदाताओं के नाम के आधार पर रखे, यथा-नञ्जराजयशोभूषण, रामवर्मयशोभूषण, बोधवर्म-यशोभूषण, यशवन्तयशोभूषण, रघुनाथभूपालीय, रामचन्द्रयशोभूषण इत्यादि। कुछ आचार्यो ने ग्रन्थ-अभिधान सामान्य रखे पर समस्त उदाहरणों में अपने आश्रयदाताओं की ही प्रशंसा की, यथा-अलङ्कारमञ्जूषा, अलङ्कारकौस्तुभ (कल्याण सुब्रह्मण्यकृत), अलङ्कारग्रन्थ, अलङ्कारकलानिधि, अलङ्कारनिकष, वृत्तालङ्कार-रत्नावली, गुणरत्नाकर, अलङ्काररत्नाकर, अलङ्कारमञ्जरी, शिवार्थालङ्कारस्तव इत्यादि। कुछ ने आंशिक रूप से अपने आश्रयदाताओं की प्रशस्ति की,यथा-काव्यविलास, प्रकाशोत्तेजिनी टीका। श्रीकृष्ण परब्रहमतन्त्र प्रभृति संन्याासी आचार्यो ने स्वरचित उदाहरणों में अपने अभीष्ट देव का ही गुणगान किया है।

(६) आचार्यों के ऊपर चन्द्रालोक एवं कुवलयानन्द का प्रभाव दिखाई पड़ता है। प्रायः आचार्य एक ही कारिका के पूर्वार्द्ध में लक्षण एवं उत्तरार्ध में लक्ष्य निबद्ध करते हैं। यथा-काव्यदर्पण, रसमीमांसा आदि।

(७) कुछ आचार्य महाकाव्यादि वाङ्मय के माध्यम से काव्यशास्त्रीय तत्त्वों

की व्याख्या करते हैं, यथा-मन्दारमरन्दचम्पू, रामोदयम् महाकाकाव्य (इलचूररामस्वामीकृत), रामसुन्दर-महाकाव्य (सुन्दरदेव वैद्यकृत) इत्यादि ।

(८) पण्डितराजोत्तर युग में अलङ्कारशास्त्र व नाट्यशास्त्र की दोनों भिन्न धारायें पुनः एक हुई सी दिखाई देती हैं । आचार्यगण कविराज विश्वनाथ की भाँति एक ही ग्रन्थ में अलङ्कारशास्त्र व नाट्यशास्त्र दोनों का ही समान रूप से निरूपण करते हैं । कृष्ण कवि ने तो मन्दारमरन्दचम्पू में अलङ्कार शास्त्र व नाट्यशास्त्र के अतिरिक्त छन्दःशास्त्र एवं कविशिक्षा का भी विवेचन किया है ।

(९) प्रायः आचार्यों ने अभीष्ट मत प्रस्तुत करने के अनन्तर अन्य पूर्वाचार्यों के मतों का भी उल्लेख किया है । इससे एक स्थल पर ही तुलनात्मक अध्ययन हो गया है ।

यह उल्लेखनीय है कि काव्यशास्त्र लिखने की प्रवृत्ति आधुनिक युग में भी किसी एक प्रान्त में नहीं अपितु सम्पूर्ण भारतवर्ष में दिखाई देती है। वैसे तो आधुनिकयुगीन सभी आचार्य पूर्वाचार्यों की अपेक्षा अल्पप्रसिद्ध अथवा अप्रसिद्ध ही प्रतीत होते हैं किन्तु कुछ आचार्य जैसे विश्वेश्वर पण्डित, अच्युतराय 'मोडक', आशाधर भट्ट, नरसिंह कवि, राजचूडामणि दीक्षित, भट्ट देव शंङ्कर 'पुरोहित', हरिदास सिद्धान्तवागीश, श्रीकृष्ण कवि, नागेश भट्ट, रेवाप्रसाद द्विवेदी, ब्रहमानन्द शर्मा आदि आधुनिक युग के सम्मान्य प्रतिनिधिभूत आचार्य हैं ।

---

१- अनायासेन बालानां रसास्वादनहेतवे ।
विद्यारामः करोत्येतां मनोज्ञां रसदीर्घिकाम् ।। रसदीर्घिका, पृ० १
बलरामेणाकाशं कलिन्दकन्या यथाऽऽनायि ।
गङ्गारामेण तथा रसमीमांसापि बालमनः ।। रसमीमांसा, पृ० १

# संस्कृत में अद्यतन हास्य-व्यंग्य साहित्य

डॉ० सुद्युम्न आचार्य

संस्कृत में अन्य रसों के साथ-साथ हास्य व्यंग्य प्रधान काव्यों तथा प्रबन्धों का भी प्रणयन होता रहा है। नाटकों में विदूषक के कथन तथा अन्य हास्य रस से आप्लावित रचनाएँ प्रायः दृष्टिगोचर होती रही हैं।

पर आधुनिक युग में हास्य प्रधान कविताओं ने संस्कृत जगत् को नया आयाम प्रदान किया है। संस्कृत के अनेक ख्यातनामा कवियों ने वर्तमान युग की समस्याओं तथा परिस्थितियों पर हास्य रचनायें लिखकर जन-मन को आकर्षित किया है। **'हासो विलासः खलु जीवनस्य'** इस उक्ति को ध्यान में रखते हुए आधुनिक घटनाओं का हास्य पूर्ण कथन अत्यन्त मनोरम तथा आकर्षक बन पड़ा है। आधुनिक युग में हास्य की प्रत्येक विधा, चाहे वह इंग्लिश की Satire या Parody हो अथवा हिन्दी का चुटकुला या व्यंग्य हो, इन सभी पर संस्कृत कवियों ने उत्कृष्ट रचनायें प्रस्तुत की हैं। राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, नीतिशास्त्र आदि सभी पर ये कवितायें उपलब्ध हैं। प्राचीन कथा या इतिहास पर आधारित नवीन हास्य रचनाएँ तो हैं ही, नवीन विषयों पर भी ऐसी रचनायें कम नहीं हैं।

ऐसे कवियों तथा रचनाकारों में श्री म० स० आपटीकर, पं टी० वी० परमेश्वर अय्यर, डा० बाबूराम अवस्थी , डा० हरिदत्त शर्मा, श्री तेजोमित्र आचार्य, डा० रमापति मिश्र आदि अनेक विद्वानों के नाम उल्लेखनीय हैं। डा० मिथिलेश कुमारी मिश्रा ने बृहद् राष्ट्रभाषा परिषद् (पटना) में अनुसन्धान कार्य करते हुए दर्जनों हास्य नाटक, एकांकी तथा कविता के द्वारा जनमानस को प्रमुदित किया है।

इसके साथ ही श्री वैद्य रामसरूप शास्त्री ने बालसंस्कृतम् पत्रिका के माध्यम से, श्री० भि० वेलणकर महोदय ने गीर्वाणसुधा के द्वारा, श्री दिवाकर शर्मा ने दिव्य ज्योति के द्वारा तथा श्री रामरत्न शास्त्री ने संस्कृतामृतम् पत्रिका के द्वारा स्वरचित तथा अन्यरचित हास्य रचनाओं के प्रकाश से निरन्तर संस्कृतजगत् की सेवा की है।

इसके साथ ही डा० रुद्रदेव त्रिपाठी (उज्जैन) ने 'मालवमयूर' पत्रिका के माध्यम से संस्कृत हास्य व्यंगय के क्षेत्र में अत्यधिक उल्लेखनीय कार्य किया है। उधर डा० वीरभद्र मिश्र (लखनऊ) 'सर्वगन्धा' पत्रिका में अपनी नवोन्मेषशालिनी

हास्य रचनाओं से सब के मन को आकर्षित करते रहे हैं। वास्तव में सभी विषयों में आपकी सूझ एवं विषयवस्तु को प्रस्तुत करने की कला अपने आप में बेजोड़ है। इनके साथ ही डा0 शम्भुनाथ आचार्य तथा डा0 इच्छाराम द्विवेदी भी इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

इस क्षेत्र में डा0 भास्कराचार्य त्रिपाठी सचिव, म0 प्र0 संस्कृत अकादमी, भोपाल का योगदान अत्यन्त श्लाघनीय रहा। आपकी 'कदर्थितोऽधिकारी' आदि हास्य रचनायें तथा 'अजातशी' खण्डकाव्य संस्कृतजगत् में अत्यधिक चर्चित हैं। आपकी ये रचनायें संस्कृत कविसम्मेलनों में बार बार सुनी जाती हैं।

डा0 वनेश्वर पाठक (राँची) की गम्भीर हास्य रचनाओं को गिनाये बिना इस विधा के विद्वानों की सूची कदापि पूर्ण नहीं हो सकती। उनके **'हीरोकाव्यम्'** आदि अत्यन्त प्रसिद्ध हैं।

इस विषय के अति प्रसिद्ध तथा समर्थ कवि डा0 राजेन्द्र मिश्र प्रयाग विश्वविद्यालय के योगदान को बार बार स्मरण करना आवश्यक है। आपके बिना कोई कवि सम्मेलन पूर्ण नहीं माना जा सकता। आपकी अनेक स्वरबद्ध काव्य रचनायें सुनने को बार बार जी चाहता है। हास्य क्षेत्र में 'चतुर्थीशतकम्', 'सुभाषितोद्धार शतकम्' 'नव्यभारतशतकम्' आदि काव्य तथा चतुष्पथीयम्, रूपरुद्रीयम् नाट्य-पञ्चगव्यम् आदि एकांकी-संग्रहों के दसों एकांकी डॉ0 मिश्र की हास्य व्यङ्ग्यकृतियों का सौष्ठव प्रदर्शित करते हैं।

इस क्षेत्र में सहृदय हृदय संवादिनी रचना के धनी डॉ0 रमाकान्त शुक्ल (दिल्ली) के कर्तृत्व को कौन नहीं जानता। आपकी अनेक रचनायें तथा पण्डित-राजीयम्, पुरश्चरणकमलम्, आदि नाटकों में उल्लिखित हास्य संस्कृत को पूर्णता प्रदान करते हैं। निश्चय ही अर्वाचीनसंस्कृत में आपके हास्य अनूठे हैं। तथा वर्तमान एवं भावी पीढ़ी के लिए अमूल्य निधि है। डॉ0 शुक्ल की पहचान यद्यपि समूचे राष्ट्र में 'भारतयशोगायक' के रूप में है तथापि उनकी कविताओं में यथावसर तीखे व्यङ्ग्यका पुट दीखता है। 'वदत नेतारो मनाक्' शीर्षक कविता तो प्रत्यक्षर दुस्सह प्रहार करती है।

दैनिक बनती जा रही कुप्रथाओं का मूलोच्छेदन साधारण कर्म नहीं है तथापि कवि की ये पंक्तियाँ जहाँ, ऐसी रूढ़ियों के पोषकों पर जो समाज के कोढ़ हैं, सीधा प्रहार करती हैं, लांछित करके उन्हें तिलमिला देती हैं, वहाँ सहृदय पाठकों के हृदयों को वेदना और टीस से आपूरित कर देती हैं । प्रतीत होता है कवि ने अपने आस-पास या संभव है कहीं कभी प्रत्यक्षतः नववधूहोलिकादहन को देखा होगा, उस नववधू के दुर्भाग्यशाली पिता के हाहाकार को समझ कर अपने हृदय में उतारा होगा, तभी उनके अन्दर से ये पंक्तियाँ निकली । हम देखते हैं कि हर परिवार, हर जाति और प्रत्येक समाज के जीने का अपना ढंग होता है । देश काल और मौसम के हिसाब से लोग जीते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी कुछ रिवाज चलते रहते हैं । धीरे धीरे ये इतने रूढ हो जाते हैं कि बिना विवेक से हम उनको अपना लेते हैं । कुछ रूढ़ियों से, कुछ प्रथाओं से तो हम अनुशासित होते हैं परन्तु कुछ रूढ़ियाँ हमें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक पीड़ा ही पहुँचाती हैं । जन्म से लेकर मृत्यु तक मानव को हमने अनेक अनावश्यक रीति-रिवाजों में बाँध दिया है । कोई भी प्रथा जब आरम्भ होती है तब उसके पीछे तात्कालीन परिस्थितियाँ जिम्मेदार होती हैं किन्तु ऐसी प्रथाएँ जब बोझ बन जायें, सड़ गल जायें तो कुप्रथाओं में बदल जाती हैं । दहेज प्रथा उन्ही में से एक है जो कभी किसी सद्भाव को लेकर चली थी । आज उसका स्वरूप कितना विकृत हो गया है, सर्वविदित है । कितने उत्साह से, कितनी उच्चाकांक्षाओं से माता पिता अपनी पुत्री को, सखियाँ अपनी प्रिय सहेली को जहाँ 'जीवितेश' के यहाँ विदा करते हैं, वहाँ ससुरालपक्ष के दहेजलोभी दानव उस नववधू को कलहवधू का जामा पहनाकर भस्म कर देते हैं । माता पितादि ने कितनी हसरतों से भेजा था 'जीवितेश' (पति) के यहाँ, पहुँच गई ''जीवितेश'' (यम) के समीप । कैसी विडम्बना है! कल्पना कीजिए, उस पिता की वेदना की, प्रतीत करें उसकी पीड़ा को जिसने कन्या विवाह के लिए अपने मकान तक को बेच दिया होगा । उस नवविवाहिता दग्धा की अनुभूति कीजिए जिसका एक नया जीवन आरम्भ होने वाला था । कवि ऐसे स्थान पर लाकर छोड़ देता है जहाँ छटपटाहट होती है ।

ऐसी घटनाएँ अब रोजमर्रा की जिन्दगी बन गई हैं । जो न जाने कितने परिवारों की शान्ति भंग कर चुकी हैं । **जननीजनकसखी**---इन पंक्तियों में समाजहित के लिए समुचित चेतनता है ।

कविता चेतन अचेतन दोनों सीमाओं में प्रविष्ट होती है । भवभूति के शब्दों

में- "पहाड़ भी रो देता है और वज्र का हृदय भी फट जाता है।" हिन्दी के कबीर जैसे फक्कड़ सन्त ने नकारात्मक और सकारात्मक दोनों दृष्टियों से कहा था-

मनुआँ कैसे बावरे पाथर पूजन जाइं।

वाते घर चक्की भली जाको पीसो खाइं ।।

रथ जी कहते हैं-

न केवलं कैकेंयीवचनाज्जगाम रामो वृथा वा वनम् ।।

समयरक्षणं शिलापि कुरुते रामायणे यथा ।

कविता के आरम्भ में समय की विषमता को देखिए-

विपत्रितेयं जीवनलतिका

केवल कुटिलकण्टकाकुलिता

दूरे कुसुमकथा ।।

सूर्ये तपति तमिस्रा प्रभवति

भवति नयनमयथा ।।

कहते हैं जहाँ काँटे होते हैं वहाँ पुष्प होता है। जहाँ दुःख है, वहाँ सुख भी होता है। किन्तु इन पंक्तियों में भावातिरेकता और संवेदना की गहराई को जब हम समझने का प्रयास करते हैं तो निकलता है कि आज के जीवन में मात्र दुःख हैं। कुटिल काँटों से अर्थात् दुर्जनों से मानव-जीवन व्यथित है। सुखरूपी पुष्प की बात ही समाप्त हो गयी है।

"शान्तिवाचनम्" नामक गीत में सम्पूर्ण मानवता के संभावित विनाश की आंशका से व्यथित होकर रची गयीं पंक्तियाँ देखिए-

भुवि दानवता यथाप्रकाशं

कलयति मानवताकुलनाशम् ।

विश्वजनीनसुखाय कल्पिता

वैज्ञानिकता भवति दूषिता ।।

अपि परमाणौ यदुदासीनम्

जातं सपदि दानवाधीनम् ।।

मानवता की रक्षा, कल्याण और शान्ति की अपेक्षा कवि ने इन पंक्तियों में की है। बनाना चाहिए हमें सच्चा मानव, होना चाहिए हमें अहिंसक और सहृदय। होनी

चाहिए हमारी वह पुरातन भावना-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः ।

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत् ।।

किन्तु हमने बना लिया है न्यूट्रान, जो इस धरा से एक दिन सम्पूर्ण मानवता को विनष्ट कर देगा ।

भारत की विखण्डित दशा के कारण कवि रथ की मनोदशा को विखण्डित करती पंक्तियाँ इस प्रकार हैं-

धर्मचिन्तनं धूलिसात्कृतं मनुजजीवनं ज्वलति संततम् ।

भेदभावनादलितभारतं

धारयतां कथमेकताव्रतम् ।।

तथा-

किमिति विस्मृता निजपरम्परा

शान्तिवाचनं प्रति कृतादरा

अहिंसाधर्मदीपमन्तरा

तिमिरकुण्ठितेयं वसुन्धरा ।

कथयतु कथमिह भारतीयता

सत्यमेव जयते ।।

वस्तुतः हमारे समाज की और हमारी बहुत दुर्दशा है । कहीं भाषावाद, कहीं जातिवाद और कहीं धर्मवाद हमारे विकास में ब्रेकर बनकर खड़े हैं । ऐसे में कहाँ जाएँ, किससे अपनी व्यथा कहें, कौन समझेगा-

विकृतचेतसा केन कस्य वा परिचीयते व्यथा ।

# प्रो0 रसिकविहारी जोशी कृत ''मोहभङ्गम्'' की समालोचना

डॉ0 सत्यपाल नारंग

## कवि-परिचय

प्राचीन पाण्डित्य एवं आधुनिकतम अनुसन्धान प्रतिभा को एक स्थान पर सुरक्षित रखने वाले प्रो0 रसिकविहारी जोशी का जन्म १२ सितम्बर, १९२७ को परम्परा से प्रतिष्ठित वैष्णव परिवार में परमपण्डित श्री रामप्रताप शास्त्री के घर हुआ। भागवतपुराण एवं अनेक शास्त्र उन्होंने मानों श्रुतिपरम्परा से साक्षात्कार रूप में ग्रहण किये जिनका अनुभव मुझे १९६१-६३ में उनके भागवतपाठन एवं रासपञ्चाध्यायी के अद्भुत विवरण से हुआ। उनके पिता अनेक भाषाओं की विद्वत्ता के अतिरिक्त सौजन्य, योग, भक्ति, साधना एवं विरक्ति के मूर्तरूप थे। वाग्देवी एवं महाकाल उनकी प्रतिभा के अभिन्न अङ्ग थे। प्रो0 जोशी ने नव्यव्याकरण की फक्किराओं, नव्यन्याय, काव्यशास्त्र, यजुर्वेद तथा रहंस्यसाधना का ज्ञान उत्कृष्ट गुरुओं के चरणों में बैठ कर ग्रहण किया जिनमें पण्डित मुकुन्द शास्त्री खिस्ते तथा महामहोपाध्याय पं0 गोपीनाथ कविराज उल्लेखनीय हैं।

प्रायः सभी परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए उनकी आधुनिक अनुसन्धान की शिक्षा वाराणसी तथा पेरिस में उद्भट विद्वान् यथा प्रो0 लुई रेनू प्रो0 फिलिओज़ा एवं प्रो0 मिनार के निरीक्षण में हुई। कृष्णसम्प्रदाय उन के अनुसन्धान का क्षेत्र बन गया तथा उनका डी0 लिट्0 का शोधप्रबन्ध पांडिचेरी के 'फ्रेंच इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डोलोजी' जैसी विद्वत्तापूर्ण संस्था ने फ्रेंच भाषा में प्रकाशित किया। इसी बीच उन्होंने भारत-ईरानी तथा भारोपीय भाषाशास्त्र एवं तुलनात्मक देवशास्त्र के साथ साथ बौद्धदर्शन में प्रावीण्य ग्रहण किया। परम्परा के स्वर्ण पर आधुनिक विद्या के माणिक्य चमचमाने लगे। शीघ्र ही वे दिल्ली विश्वविद्यालय में रीडर पद पर नियुक्त हुए जहाँ उन्होंने प्रो0 लक्ष्मीधर कल्ला की नूतन अनुसन्धान पद्धति की नींव पर एक दृढ प्रासाद को रूप प्रदान किया। उनकी हस्तलेख प्रतिभा के कारण १९६४ में चैकोस्लोवाकिया, पोलैण्ड तथा हंगरी देशों की सरकारों ने लैस्नी की अधूरी पाण्डुलिपिविज्ञान प्रक्रिया को आधुनिक बनाने के लिए तथा विकीर्ण सामग्री को

व्यवस्थित करने के लिए निमन्त्रित किया जहाँ उन्होंने अपने कार्य एवं प्रतिभा से भारतवर्ष के नाम को और उद्दीप्त किया। दक्षिण पूर्व एशिया में संस्कृत के विस्तृत क्षेत्र के पुनर्गठन के लिए जोशी जी को कम्बोडिया बुलाया गया। १९६९-७० में उन्हें कोलम्बिया विश्वविद्यालय में विज़िटिंग प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया जहाँ से क्रमशः उन्हें जोधपुर (१९७०), दिल्ली (१९७६), मैक्सिको (१८७९) इत्यादि विश्वविद्यालयों ने साक्षात्कार के बिना निमन्त्रित किया जहाँ अध्यापन शोध-निर्देशन कर वे अद्यावधि दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में कार्यरत हैं। संस्कृत विद्या के केन्द्र ''राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान'' के निदेशक का पद उन्हें १९७८ में प्रदान किया गया जो उन्होंने अस्वस्थता के कारण ग्रहण नहीं किया।

प्राध्यापकों के द्वारा 'अप्रतिहतसंस्कृतभाषी' तथा 'अभिनवबाणभट्ट' की उपाधियों से विभूषित प्रो0 जोशी में काव्य प्रतिभा का उद्‌भव छात्रावस्था से ही छन्दोनिर्मिति एवं समस्यापूर्ति से हुआ जिस का पल्लवन कालान्तर में उनके काव्यों में पारम्परिक शैली एवं आधुनिक मनोद्वन्द्वों में हुआ।

उनकी रचनाएँ 'करुणाकटाक्षलहरी' (१९७७), 'मोहभङ्गम्' (१९७८) क्रमशः उत्तरप्रदेश संस्कृत अकादमी तथा मध्यप्रदेश संस्कृत अकादमी से एवं उत्तरप्रदेश संस्कृत अकादमी से पुरस्कृत हुईं। पौराणिक एवं आगम परम्परा में लिखा 'सारस्वत' सरस्वती की स्तुति है। आर्याछन्द में लिखा 'प्रज्ञापरिजात' (१९८६) दृष्टान्तपरक काव्य है जो मानवमूल्यों, आवरणों एवं मानस का सामान्य दृष्टान्तों के माध्यम से उद्‌घाटन करता है। इसका अनुवाद फ्रेंच में सचित्र प्रकाशित हो रहा है। 'श्रीगोवर्धनगौरवम्' हिन्दी अनुवाद के साथ १९८६ में प्रकाशित हुआ। उनके सर्जनात्मक विवरणों में लीलाशुकमुनि कृत कृष्णकर्णामृत तथा वेङ्कटाध्वरिविरचित ''श्रीलक्ष्मीसहस्र'' प्रमुख हैं। ''रासपञ्चाध्यायी-एक सांस्कृतिक अध्ययन'' संस्कृत काव्यसौन्दर्यास्वादन का निकष माना जा सकता है। इसके अतिरिक्त १९८४ में महाराणा मेवाड फाउण्डेशन का हारीत ऋषि पुरस्कार तथा १९८४ में ही राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किया गया। उनकी समालोचनात्मक कृतियों में कृष्णकृतियों के अतिरिक्त नव्य न्याय दर्शन की 'स्टडीज इन इण्डियन लाजिक एण्ड मेटाफ़िज़िक्स' उल्लेखनीय है।

## मोहभङ्गम् का विवेचन

इस महाकाव्य में कवि ने सम्भोग शृङ्गार, अद्‌भुत एवं भक्ति रस को मुख्य साधन बना कर शान्त रस को पल्लवित करने की चेष्टा की है। मुख्य उद्देश्य मुक्ति होने के कारण इसे शास्त्रकाव्य की संज्ञा दी जा सकती है यद्यपि यह शब्द व्याकरणात्मक काव्यों के लिए ही रूढ है।

मोहभङ्गम् का कथानक आठ सर्गों में पौराणिक सौभरि ऋषि के जीवनवृत्त

पर आधारित है । प्रथम सर्ग में इष्ट देवों तथा पितृचरण की स्तुति के पश्चात् प्रथम सर्ग में कवि सौभरि ऋषि का, उसके अपरिमित ज्ञानभण्डार का तथा अनन्य भगवद्भक्ति का वर्णन कर के वसन्त के आविर्भाव पर प्रकृति के प्रत्येक तत्त्व में रोमांच होने पर उसकी मनःस्थिति के परिवर्तन का उल्लेख करते हैं । कर्मजन्य इस मनोभूमि में सौभरि कालिन्दी के तट पर आ जाते हैं जहाँ गार्हस्थ्यक्रीडाओं में मग्न मत्स्यराज को देख कर वृद्ध मुनि के हृदय में मोह उत्पन्न हो जाता है और कन्याकामी वे मान्धाता की राजधानी की ओर प्रस्थान करते हैं । द्वितीय सर्ग में सौभरि राजप्रासाद में पहुँच कर उसके वैभव एवं राजाओं एवं सामन्तों से परिपूर्ण सभामण्डप में मान्धाता का दर्शन करते हैं तथा मान्धाता की किसी एक कन्या के साथ अपना विवाह करने की इच्छा प्रकट करते हैं । राजा इच्छापूर्ति एवं अभाव की मनःस्थिति में चतुरता से 'कन्या ही स्वयं वरण करती है-यह हमारे कुल की परम्परा है' कहकर बात कन्या पर छोड़ देते हैं । राजा कंचुकी को आदेश देते हैं कि मुनि को कन्यान्तःपुर में ले जाये । तृतीय सर्ग में सौभरि अपनी सिद्धि से कामरूप सौन्दर्य को धारण कर लेते हैं जहाँ अनेक अनुभावों एवं सात्त्विक भावों के माध्यम से कवि ने कामिनी बालाओं की विविध भावमुद्राएँ प्रर्दर्शित की हैं जो सौभरि का वरण कर लेती हैं । मान्धाता का द्वन्द्वात्मक मानस प्रसन्न हो जाता है । चतुर्थ सर्ग में मान्धाता के प्रासाद, विवाह की तैय्यारियाँ, मङ्गलचिह्नों का आलेखन तथा रानी बिन्दुमती की प्रसन्नता का वर्णन है । मण्डपद्वार पर सौभरि वर के रूप में उपस्थित होते हैं तथा विधिवत् उनका स्वागत होता है । वेदशाखाओं के उच्चारण के साथ वरवधुओं को प्रदक्षिणाएँ देने के पश्चात् विवाह सम्पन्न हो जाता है तथा दस दिन तक वहीं निवास करने के पश्चात् सौभरि अपने आश्रम मे लौट आते हैं । पञ्चम सर्ग में ऋषि अपनी सिद्धि के प्रभाव से अद्भुत ऐश्वर्य प्रासादों का निर्माण करवाते हैं जिनमें सर्वर्तुफलित वृक्ष, निर्द्वन्द्व व्यवहार तथा अन्य उपभोग के साधन विद्यमान हैं । इस में योगी के सांसारिक भोगों का चित्रण प्रस्तुत किया गया है । षष्ठ सर्ग में अपनी कन्याओं के कुशल क्षेम को देखने के लिए मान्धाता आते हैं और उस अद्भुत प्रासाद एवं ऐश्वर्य साधनों को देख कर आनन्दसागर में हिलोरे लेने लगते हैं । सुन्दर प्रासाद में अपनी ज्येष्ठ पुत्री, उसकी सेविकाओं तथा सौभरि मुनि से मिलते हैं । एक ही मुनि को अलग २ स्थानों पर अनेक योग एवं भोग में देखते हुए आश्चर्यचकित हो जाते हैं । पचास पत्नियों के साथ विधिवत् व्यवहार करते हुए सौभरि को देखते हुए राजा हर्षमग्न होकर सन्तुष्टि का अनुभव करते हैं तथा अपनी नगरी को लौटने की इच्छा करते हैं । सप्तम सर्ग में सौभरि अपनी प्रत्येक पत्नी से तीन-तीन अद्वितीय शीलसम्पन्न तथा यशस्वी पुत्र प्राप्त करते हैं । कौतुक क्रीडाओं में मोहग्रस्त मुनि के सौ वर्ष क्षण के समान व्यतीत हो जाते हैं । पूर्व कर्मों का क्षय होने के कारण मुनि का मन पुनः कामवासना को छोड़ कर विचारणा की भूमि में प्रवृत्त होता है तथा कर्मजन्य जाल

का उन्हें आभास होता है । वे अपनी इच्छाओं की अतृप्ति से क्षुब्ध हो जाते हैं तथा इस सन्दर्भ में राग एवं विराग के मध्य की द्वन्द्वात्मक स्थिति का वर्णन किया गया है । इस स्थिति से उनका मन हट कर पुनः अपनी पुरानी प्रकृति में लीन हो जाता है । अष्टम सर्ग में पति को प्रवृत्ति से निवृत्ति की ओर प्रवृत्त देख कर उसकी पत्नियाँ क्षुब्ध हो जाती हैं तथा निवृत्ति के विचार को निरस्त करती हैं । मुनि उन्हें उपदेशात्मक वाक्यों से समझाते हैं तथा संसार के नश्वर स्वभाव का वर्णन करते हैं । यहाँ पुनः वैराग्यपरक दर्शन को उभारा गया है तथा मुक्ति की उत्कृष्ट अभिलाषा को प्रदर्शित किया गया है । सौभरि ने पत्नियों को वानप्रस्थ में अपने साथ जाने की आज्ञा दे दी। विधिवत् समझाई गयीं पत्नियाँ वास्तविक सत्य को समझ कर वन जाने को तैयार हो जाती हैं । वानप्रस्थ से बुद्धि के परिपक्व होने पर वे संन्यास धारण करते हैं । ब्रह्मनिष्ठ होकर सर्वभूतों में ब्रह्मदर्शन करते हुए अमर हो जाते हैं । उसकी पत्नियाँ भी पातिव्रत्य धर्म का पालन करती हुई उसी दिव्यगति को प्राप्त होती हैं । यह कथा विष्णुपुराण एवं भागवतपुराण में उपलब्ध होती है जिसे कवि ने अपनी शक्ति से प्रवृत्ति में अनुरक्त आधुनिक संसार को एक सन्देश में परिणत कर दिया है जिस का मूलतत्त्व उपनिषदों में है 'न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः' अर्थात् मनुष्य कभी भी अपनी भौतिक उपलब्धियों से तृप्त नहीं हो सकता । इस प्रकार आधुनिक संसार में वास्तविक आनन्द उत्पन्न करने के उद्देश्य से ही इस काव्य का सर्जन हुआ । संस्कृत काव्यशास्त्र में मानवजीवन के चार साध्यों अर्थात् धर्मार्थकाममोक्ष में कवि पाठक को एक एक कर चारों में आन्दोलन करता हुआ योग की गहन भूमि में ले जाता है और मुक्ति को ही उसका वास्तविक लक्ष्य एवं अनन्त आनन्द की प्राप्ति मानता है । काम पचास पत्नियों से भी पूरा नहीं हो सकता, इस की निस्सारता केवल उपेक्षा अथवा त्याग से उत्पन्न नहीं होती परन्तु केवल इस प्रक्रिया का उपभोग कर के त्याग की शाश्वतता से ही उत्पन्न हो सकती है ।

संस्कृत के प्राचीन काव्यों मे चरित्रचित्रण कुछ सीमित क्षेत्रों मे ही रहता है । कवि अपने नायक का चरित्रचित्रण उसके शरीर तथा मानस तक उलझाये रखता है और उसका सम्मिश्रण अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के साथ समवेत कर देता है । इस प्रकार चरित्रचित्रण की विविधता एवं नूतनता समाप्त हो जाती है । कथानक का ऊहापोह एकरस चलने लगता है और औत्सुक्य समाप्त हो जाता है । इस काव्य का नायक उत्कृष्ट मुनि होते हुए भी सांसारिक उलझनों एवं प्रवृत्ति से अलग नहीं है । वह उत्कर्ष से अपकर्ष, अपकर्ष से संसार, संसार से इच्छा, इच्छा से संसारजाल, संसारजाल से उपभोग, उपभोग से आनन्द, आनन्द से अपकर्ष तथा अपकर्ष से पुनः शाश्वत उत्कर्ष की ओर प्रवृत्त होता है । पदे पदे नायक की नूतनता ही इसे एक सफल महाकाव्य बनाने का साधन बनती है । यद्यपि सौभरि बहुत अधिक प्रचलित पात्र नहीं हैं तथापि आधुनिकता को मानस में रखते हुए प्रो0 जोशी ने उनका चयन

किया है जो वस्तु की दृष्टि से सदाश्रय की कोटि में आकर महाकाव्य का आधार बन जाते हैं । मुक्ति का लक्ष्य होते हुए भी मानसिक उच्च एवं निम्न भाव ही सौभरि मुनि के उत्थान एवं पतन के रूप में तरङ्गों के समान उभरते गिरते हैं । कवि कहीं भी भारतीय संस्कृति में स्वीकृत व्यवस्थाओं एवं आयामों एवं सीमाओं का अतिक्रमण नहीं करते । उन्हें आधुनिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने की चेष्टा करते हैं ।

ऋतुओं के वर्णन वसन्त (१.३२-३४), सुन्दरियों (३.३-४१), विवाह (४.२-३७), वासगृह (४.३८-४१), उद्यान (५.८-२१) क्रीडोद्यान (५.२४-२८) तथा सरोवरों के वर्णन (५.२९-३७) अनेक प्रकार के पारम्परिक एवं आधुनिक विधाओं से गुँथे हुए हैं जो कवि के ज्ञान एवं प्रकृति सौन्दर्य बोध की गहन भूमिकाओं को अभिव्यक्त करते हैं । ये वर्णन केवल अभिधा से अभिव्यक्त नही है । कवि सहृदय के आनन्द के लिए अनेक प्रकार की ध्वनि छोड़ जाते हैं जो उस के मानस में एक दूरगामी एवं शाश्वत प्रभाव छोड़ जाती हैं । वर्णनों में वैविध्य एवं रस एवं वर्ण के अनुसार शब्दावली का प्रयोग कवि की मौलिकता है यद्यपि पूर्वसूरियों का प्रभाव कवि के ऊपर निस्सन्देह है जिन के प्रो0 जोशी अद्वितीय अधीती हैं ।

मानसिक संघर्ष एवं अन्तर्द्वन्द्वों का चित्रण प्रो0 जोशी के मनोविज्ञान के गहन अध्ययन का प्रतिफलन है । वसन्त ऋतु का मोहक वातावरण प्रकृति के कण कण में अभिव्याप्त सौभाग्य को जन्म देता है तथा कामज्वर से आन्दोलित होते हुए ऋषि भी पुत्रों-पत्नी सहित आनन्द प्राप्त करते हुए मत्स्यराज को देख कर मोह के जाल में फँस जाते हैं ।

काव्य में नाट्यसन्धियों को भी घटाया जा सकता है । यथा वसन्त के प्रारम्भ से मुनि के मोह तक मुखसन्धि, विवाह की इच्छा में प्रतिमुखसन्धि; मोहोदय तथा पुनः ज्ञान के द्वारा उस के निवारण लिए धार्मिक प्रवृत्तियों में गर्भसन्धि; सौभरि की आत्मग्लानि तथा पश्चात्ताप में नियताप्ति एवं अवमर्श सन्धि तथा मोहभङ्ग हो जाने से निर्वहण सन्धि की उपलब्धि होती है ।

प्रो0 जोशी के चरित्रों का आधार पारम्परिक बाह्यगुणात्मक, उत्कृष्टकुल, वर्णाश्रममर्यादाबद्ध होने के अतिरिक्त मनोवैज्ञानिक भी है जिसमें विभिन्न स्थितियो- के अन्तर्द्वन्द्व का सफल वर्णन है ।

सौभरि के चरित्र में संयम से काम चरित्र के वैविध्य के साथ साथ उत्सुकता को भी उत्पन्न करता है । मत्स्य के माध्यम से 'कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेत-नाचेतनेषु' की उक्ति सार्थक होती है जो सारी स्थिति में अद्‌भुतता उत्पन्न करती है। कवि उस स्थिति को पुनः वैराग्य में परिवर्तित कर मानसपटल में धूप एवं छाँव की स्थिति को प्रकट करते हैं । ऐसी ही मनस्स्थितियाँ मान्धाता के वात्सल्यपूर्ण पितृहृदय में चिन्ताओं के अन्तर्द्वन्द्व, उत्कण्ठा तथा प्रसन्नता में उपलब्ध होती हैं ।

पशु पात्रों का भी उल्लेख मानववत् है जिनमें गन्धी गज का उल्लेख विशिष्ट स्थान रखता है ।

मोहभङ्गम् में यद्यपि श्रृङ्गार रस का उत्कर्ष दिखाई देता है तथापि काव्य के साध्य को महत्त्व देते हुए शान्त रस ही मुख्य रस है जिसे प्रो0 जोशी व्यक्तिगत रूप से भी जीवन का उद्देश्य मानते हैं । अद्भुत रस भी अनेकत्र उपलब्ध होता है । श्रृङ्गार की उत्पत्ति में सौभरि तथा नायिका राजकन्याएँ आलम्बन के रूप में तथा वसन्तऋतु, गृहोपवन एवं अन्य प्राकृतिक वर्णन उद्दीपन रूप में चित्रित हैं । हर्ष, धृति, उन्माद एवं औसुक्यादि व्यभिचारिभाव भी रति को परिपुष्ट करते हैं । यौवनोन्माद, हाव-भावों का प्रदर्शन एवं काम के विविध अङ्गों का वर्णन शरीरज श्रृङ्गारावस्था है। स्वभावसरलता,लज्जाशीलता, मुग्धत्व एव लावण्य उन के अयत्नज श्रृङ्गारसाधन हैं। श्रृङ्गार के संस्कार को उद्दीप्त करने वाली मत्स्यराज की रतिक्रीडा श्रृङ्गाररसाभास को अभिव्यक्त करती है । मान्धाता का ऋषि के शाप से बचने के लिए स्वयंवर का बहाना तथा उत्कण्ठावश कालान्तर में पुत्रियों का कुशलक्षेम जानने के लिए आना उनके वात्सल्य को अभिव्यक्त करता है । सौभरि की अतिशय रूपराशि देखकर कन्याओं का आश्चर्यचकित होना तथा ऋषि के द्वारा तपःसिद्धि से अद्भुत नगरी एवं हर्म्यों का निर्माण भी इसी कोटि में आता है । पूर्वोक्त की पुनरुक्ति मात्र कि मोहभङ्गम् का मुख्य उद्देश्य मोक्ष होने के कारण इसमें शान्त रस को स्वीकार किया जा सकता है । संसार में प्रवृत्त मुनि का पुनर्ज्ञान के पश्चात् आत्मधिक्कार एवं आत्मग्लानि तथा कामनाओं के आनन्तर्य को देखकर आत्मनियन्त्रण शान्तरस की ही पुष्टि करते हैं । इसी का उपवृंहण अनेक प्रकार की मोक्षपरक सूक्तियों की श्रृं खला में हुआ है । ''आत्मबोध'' ही शान्तरस है और यही जीवन्मुक्त की दशा है जो प्रो0 जोशी के व्यक्तित्व की चरम परिणति है ।

श्रृङ्गार एवं शान्त रस के अनुकूल आर्द्र हृदय में माधुर्य के दर्शन राजकन्याओं के सौभरि मुनि के सौन्दर्यातिशय की अनुरक्ति में होते हैं । यथा मोहभङ्गम् ३.४

> काचिच्छीलवती स्वभावसरला लज्जावती विभ्रमै--
> स्तारुण्यस्तनभारमन्मथमतिं सङ्केतभङ्ग्यादिभिः ।
> मुग्धा मुग्धधिया प्रकाशितवती रोमावलीमौदरीं
> कुर्वद्बिम्बफलाधरा शिखरिणी लावण्यपूर्णा बभौ ।

इसी प्रकार ओज एवं प्रसाद गुण के दर्शन पदे पदे होते हैं ।

श्रृङ्गार एवं शान्त रस की प्रमुखता होने के कारण वैदर्भी रीति की कोमलकान्त पदावली मोहभङ्गम् में प्रमुखता से उपलब्ध होती है । छोटे छोटे कोमल पदों की उपलब्धि सर्वत्र है । यथा मोहभङ्गम् ३.४०

पतिंवरा कापि पतिं वृणीते कुसुम्भकौशाम्बरपट्टवस्त्रा ।

स्वदेहकान्त्या ननु रंजयन्ती यथा दिशः क्षीरसमुद्रलक्ष्मीः ।।

मुख्यनः वैदर्भी रीति के अङ्गीकार होने पर भी पाञ्चाली एवं गौडी रीति का अभाव नहीं है । (उदा0 मोह0 २.२५)

मोहभङ्गम् में शब्दालङ्कार एवं अर्थालङ्कारों की भरमार है । उपमा अथवा रूपकों को लादा नहीं गया परन्तु प्रतीत होता है कि काव्य प्रतिभा के वशीभूत हो कर पदे पदे अहमहमिकया से रसोपेत स्वयं चले आ रहे हों । काव्य बिम्बों के विधान एवं कल्पना अनेक स्थितियों विशेषतः मानसिक स्थितियों एवं अन्तर्द्वन्द्वों के विचित्र चित्र प्रस्तुत करती हैं । छन्द एवं अलङ्कार का सुन्दर सम्मिश्रण वर्ण्यमान वस्तु को साक्षात् लाकर खड़ा कर देता है । सौभरि ऋषि के सौन्दर्य से मोहित युवती (मोहभङ्गम् ३.८) इस प्रकार से है -

कदम्बं कान्तीनां नवनवगुणानां सुसदनं

सुधाया मञ्जूषा मधुरसभरी कापि वनिता ।

फलं वा पुण्यानां निरवधिकलावण्यगुटिका

ययाचे नेत्राभ्यां मुनिमथ च भोगञ्च मुदिता ।।

प्राकृतिक सौन्दर्य,देवशास्त्रीय कल्पनाएँ एवं लौकिक वैभव विशेषतः प्रासादों के सन्दर्भ में अनेक प्रकार की उत्प्रेक्षाओं की स्थितियाँ उत्पन्न कर देते हैं । रूपक भी भरपूर है । प्रज्ञापारिजात के स्रष्टा अर्थान्तरन्यास के माध्यम से मानों अनुभवों का महोदधि ही मोहभङ्गम् में प्रस्तुत कर रहे हों । यथा

को वा द्वाराणि रोद्धुं प्रभवति नियतेर्हन्त पाकं व्रजन्त्याः

(मोह0 २.४)

निरर्थकं न प्रवदन्ति पण्डिताः (२.४५)

विधौ वामे भूते भवति महतामप्ययशः (५.३८)

न वा जगति लालसा क्वचिदपि प्रशान्ता भवेत् (७.१५)

नियतिचक्रमहो परिवर्तनं

श्रयति कुत्रं न हन्त शरीरिषु (७.४१)

न कोपि तरितुं फलं प्रभवति स्वकं कर्मजम् (७.१३) इत्यादि।

महात्मा सौभरि की वृद्धावस्था से लेकर कामोत्तेजक एवं वात्सल्यमूर्ति छोटे

छोटे मत्स्यों तक काव्य में स्वभावेक्ति गुम्फित है । यथा- मोहभङ्गम् २.४२

निर्दन्तं स्थाणुकल्पं प्रसृतिभिरपयःपानकर्तारमित्थं

मुण्डं श्वेतैः कलापैः स्फुटमनभिमतं प्रौढवाराङ्गनाभिः।

तथा १.४१

बंभ्रन्ति पुच्छं तनयः कनीयान्

वुवूर्षतेऽन्यः पितरं स्वपुच्छैः ।

इनके अतिरिक्त समासोक्ति,काव्यलिङ्ग, उदात्त, परिसंख्या, अपह्नुति इत्यादि अलङ्कार भी मोहभङ्गम् में उपलब्ध होते हैं ।

विषय एवं वर्णन के अनुरूप अनेक छन्दों का प्रयोग मोहभङ्गम् में दृष्टिगत होता है । इनमें प्रमुख हैं शार्दूलविक्रीडित, मन्दाक्रान्ता, स्रग्धरा, शिखरिणी, पृथ्वी , वसन्ततिलका, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति, वंशस्थ, रथोद्धता, द्रुतविलम्बित एवं अनुष्टुप् ।

अनेक शास्त्रों के, विशेष रूप से काव्यशास्त्र,कोषशास्त्र एवं व्याकरणशास्त्र के, ज्ञाता की वाग्देवी अभिधा अथवा लक्षणा शक्तियों का आलम्बन नहीं करती परन्तु गूढ़ातिगूढ भाव स्वयं ही स्फुटित हो उठते हैं । सन्दर्भ के अनुसार शब्दावली विशेष रूप से णमुल् इत्यादि के द्विरुक्त प्रयोग स्थिति की गहनता को अभिव्यक्त करने लगते हैं । पारम्परिक वर्णनचातुरी आधुनिक वर्णनों के रङ्गों में तदनुरूप शब्दावली के सौन्दर्य को सँजोये हुए भावों से अकृत्रिम रूप से गुम्फित हो जाती है । यह काव्यसृष्टि की प्रक्रिया चेतन एवं अचेतन,मूर्त अथवा अमूर्त वर्णनों में निसर्गता से फूट पड़ती है । मन में रहने वाले प्रमोद के भाव आने वाली घटनाओं का मानस नृत्य नर्तकी के समान भाषा की झङ्कार पर आरूढ हो जाता है । यथा मोह० ३.३६

विलासकल्पद्रुमवर्षकेली हर्षप्रकर्षेण मुनिं ज़गाम ।

हंसीव शिञ्जारवगुञ्जिता सा निनर्तिषू रङ्गतले नटीव ।।

ऐसा प्रतीत होता है कि भावी घटनाओं की लम्बी यात्रा दुःखद हो उठी हो । इस दुःख के काल का क्षेप संक्षेप में ही कुछ पङ्क्तियों में होता हुआ भी तज्जन्य पश्चात्ताप एवं ग्लानि को अभिव्यक्त करने में कवि पूर्ण समर्थ हुआ है । यथा मोह० ७.११

कदा नु जयतात् परान् बलवतो बलीयान् सुतः

कदा नु दधते पदं सपदि शास्त्रमार्गे सुतः ।

कदाक्षिपथगोचरो मम भवेद् विवाहोत्सवः

कदा सुतनिबन्धना मम मतिः समाप्तिं भजेत् ।।

प्रायः भाषा बोधगम्या एवं अबोझिल है । णमुल् के कई प्रयोग भाषा में सङ्गीतात्मकता ला देते हैं । यथा मोह० ४.१९

श्रावं श्रावं सकलमनुजा याजुषं वेदगानं
पायं पायं सरसमतुषन् गोपयः पानतृप्ताः ।

यथास्थान एवं अर्थानुकूल सन्, यङ् एवं यङ्लुक् एवं नामधातुओं के प्रयोग व्याकरणात्मक बोझ न होकर भावों की शुद्ध अभिव्यक्ति के लिए प्रयुक्त हुए हैं ।

इस काव्य का मुख्य उद्देश्य तपस्याजन्य फल से कामोपभोगों के पूर्वपक्ष को प्रदर्शित कर उसके प्रति निवृत्ति मार्ग का प्रदर्शन करना है । आधुनिक युग में धन, वैभव, प्रासाद, वाहन एवं काम को हम ने अपना साध्य समझ लिया है जो अपनी चरमावस्था में अतृप्ति एवं दुःख देते हैं । उससे मुक्ति पाने का एक ही मार्ग है अपने जीवन की वास्तविक स्थिति,जिसमें वृद्धावस्था भी एक है,को सत्य के रूप में स्वीकार करना । इस स्वीकरण से ही व्यक्ति स्वस्थमानस को प्राप्त कर सकता है । दूसरा मार्ग केवल भटकाव का मार्ग है जिसे छोड़ना ही श्रेयस्कर है । इस काव्य के माध्यम से कवि पुरातन कथानक को ले कर भी अत्याधुनिक प्रतीत होते हैं ।

वास्तव में मोहभङ्गम् एक सफल, सशक्त एवं उत्तम संदेशप्रद महाकाव्य है ।

# 'पुत्रसञ्जीवन' काव्यपरिचयः

डा0 मुल्लपूडि जयसीताराम शास्त्री

आन्ध्रदेशे शताब्देऽस्मिन् सञ्जातेषु गीर्वाणकविपण्डितेषु अन्यतमः, अपि च अनन्यादृशः श्री मुल्लपूडि नारायणशास्त्रिवर्यः । अयं महाभागः १९१० क्रिस्ताब्दे कृष्णवेणीद्वीपग्रामेषु (गुण्टूरुमण्डलान्तर्गतेषु) सञ्जातः । पञ्चमवर्षप्रायादारभ्य संस्कृतभाषामेवाभ्यस्तवान् । श्रीमती पार्थसारथी-देवी, श्रीसुब्बेश्वरश्चास्य जननीजनकौ । अयं शास्त्रिवर्यः मातुः श्रद्धाबलेन साधितविद्यः, भ्रातुः राजेश्वरशास्त्रिसकाशात्समुपगतारम्भविद्यः , श्रीताडपल्लि वेङ्कटप्पयशास्त्री, राघवनारायणशास्त्री, महामहोपाध्यायश्री तातासुब्बरायशास्त्री इत्यादिभ्यः समधिगतसकलशास्त्रः कलाविशारदो ऽभूत् । तर्कव्याकरणवेदान्तसाहित्यविद्यासु पारदृश्वा श्रीशास्त्रिवर्यः जन्मतः सम्प्राप्तकविताविशेषवासितसहृदयश्चाभूत् । अपि च १९३६ प्रभृति 'रेपले' पत्तने जगद्गुरुश्रीशङ्कराचार्यभक्त्या 'श्रीशङ्करविद्यालयम्' नामकवेदशास्त्रपाठशालां प्रारब्धवान् येयमद्यापि संस्कृतमहाविद्यालयत्वेन वरीवर्तते । 'विद्याचतुर्दशापादक' इति महोन्नतप्रथाविराजितोऽयं शास्त्रिवर्यः बाल्ये 'सुब्रह्मण्यविजय' इति संस्कृत-नाटिकां, ततः अभिज्ञानशाकुन्तलस्य आन्ध्रानुवादं च विरच्य पुत्रसञ्जीवनाख्यं संस्कृत-काव्यमिदमतिमनोहरं निर्ममे ।

'शोकः श्लोकत्वमागतः' इति वचनानुसारं पुत्रेष्वन्यतमस्य 'शिव' नामकस्य मरणात् संक्षुभितहृदयः अयं कविवरः 'शिवेतरक्षति' साधकं काव्यमिदं रचितवान् । तदिदं काव्यं विमृशामः ।

## कथापरिचयः

श्रीमद्भागवते पञ्चचत्वारिंशद(४५)ध्याये भगवतः कृष्णस्य बलरामस्य च विद्याभ्यासः गुरुदक्षिणारूपेण मृतं गुरुपुत्रं सञ्जीव्य यमनगरात् आनीय भगवता समर्पणञ्च सङ्ग्रहेण प्रस्तुतम् । तत्रैव अशीति (८०) तमेऽध्याये कुचेलोपाख्याने रामकृष्णयोः विद्याभ्यासकथा पुनः

स्मारिता च । इयतीं मूलकथां स्वीकृत्य 'पुत्रसञ्जीवन' मिति नाम्ना षट्सर्गपरिमितं काव्यं समाकलितवान् अयं कविवरः ।

## काव्यकथाविकासः

'काश्यं सान्दीपनिं नाम' इति व्यासवचनानुसारं काश्यां भवं सान्दीपनिम् उज्जयिनीवासिनं कुर्वता कविना प्रथमसर्गे

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा काशीति विश्ववेश्वरराजधानी ।
नाम्ना समुत्सारितलोकमोहतमस्समूहा हसतीव सूर्यम् ॥ (१/५)

इति काशीवर्णनेन कथारम्भः कृतः ।

उज्जयिन्यां गुरोः सान्दीपनेः विद्याबोधनं, पुत्रीपुत्रकलत्रादिभिः सुखवासश्च प्रथमे 'उदयविलास' नामके सर्गे वर्णितः ।

द्वितीये 'विधिविलासे' महोदयपर्वसन्दर्भे समुद्रस्नानार्थं गतस्य सान्दीपनेः तृतीयपुत्रः 'शिव' नामकः प्रभासतीर्थे मृत इत्यंशः, ततश्च गुरुदम्पत्योः विलापा वर्णिताः । शोकमलिनं सान्दीपनिं यदृच्छयाऽऽगतः वेदव्यासः ज्ञानबोधकैः वचनैः निर्मलं कृत्वा अनन्तरकथायां श्रीकृष्णविद्याबोधनसमर्थं करोति ।

तृतीये 'शुश्रूषाविलासे' बलरामकृष्णयोरागमनं, सुदामसहवासः, गुरुपरिचर्या, दारुणवर्षरात्र्यां समिदानयनार्थं गतानां शिष्याणां वने स्थितिः, गुरोः प्रीणनम् इत्याद्यंशाः समुपनिबद्धाः ।

चतुर्थे 'कलाविलासे' बुद्धिशालिनोः रामकृष्णयोः सान्दीपनिकथिताः वेदवेदाङ्गशास्त्रचतुष्षष्टिकलाविशेषाः अनिदंपूर्वं वर्णिताः पण्डित-कविशेखरेण श्रीनारायणशास्त्रिणा ।

पञ्चमे 'लीलाविलासे' कृष्णबाल्यलीलाविलासाः गुरुदम्पतीभ्यां प्रस्तुताः । गुरुदक्षिणाप्रदानशीले शिष्ये अतिमानुषं मृतपुत्रसञ्जीवनमेवात्र प्रार्थनीयम् इति च गुरुभ्यां निर्णीतम् ।

षष्ठे 'विजयविलासे' रामकृष्णयोः समुद्रगमनं, पाञ्चजन्याधिगमः, यमपुरगमनम्, गुरुपुत्रसञ्जीवनम्, गुर्वोः प्रदानञ्च वर्णितम् । एवं षट्सर्गपरिव्याप्तेयं कथा ।

## वर्णना-सौन्दर्यम्

काव्येऽत्र कथानुसारं संयोजितानि तत्तद्वर्णनानि नूनं पाठकावर्जकानि भवेयुर्यथा-

निवारयन्त्यां वरणास्रवन्त्यां विदारयन्त्यामसिनिम्नगायाम् ।

विनिर्दहन्त्यामपरापगायामेनांसि मुक्तौ किमु चित्रमस्याम् ।। (१/७)

इत्यादिकं वाराणसीवर्णनम् ।

शिप्रातरङ्गाऽहतचारुवप्रा विप्रादिभिर्दत्तसुरेशतृप्रा ।

क्षिप्रार्पितारिव्यसनोरुदृप्रा सुप्रातरामा ललितास्यसृप्रा ।। (१/२५)

इत्यादिकञ्च उज्जयिनीवर्णनम्; तथा सान्दीपनिवर्णनं तज्जीवनपद्धतिवर्णनं च प्रथमसर्गेऽस्य मनोहरत्वं सम्पादयन्ति ।

द्वितीये समुद्रयियासूनां सोत्साहप्रयाणवर्णनानन्तरं समुद्रवर्णनं वर्तते यथा -

रसमयः किल सत्त्ववदग्रणीः सुगुणरत्नखनिश्च गभीरदृक् ।

मदिरजीवनदोऽतिविकत्थनोऽप्ययमुदात्ततया प्रतिभाति मे ।।

(२/१३)

परशिवाय विषौदनमङ्गनामतिचलां हरये च निरागसे ।

प्रददता, लंवणाम्बुसृजे किमप्यददता जड(ल)ता प्रकटीकृता ।।

(२/१५)

इति ।

तृतीये रामकृष्णयोरागमनवर्णनम्-

बालैस्तु बालौ युवभिर्युवानौ वृद्धैस्तु वृद्धौ बलिभिर्बलाढ्यौ ।

विज्ञानिभिर्ज्ञाननिधी मतौ तौ रूपानुरूपं दधतुः स्वरूपम् ।।

(३/१२)

पञ्चमे च कृष्णलीलावर्णनं काव्यस्यास्य वैशिष्ट्यं सम्पादयति ।

उत्थाय सर्वविपिनं च विचित्य वत्सान्
कुत्राप्यवीक्ष्य पुनरेत्य च वत्सपांश्च ।
विश्वात्मकोऽयमभवत्किल सर्वगोप-
वत्सात्मनाब्दमजगर्वगिरिं विभिन्दन् ।। (५/२१)

कृष्णेन धृष्टविषपन्नगभोगपाशा-
कृष्टेन साश्रुनयनैर्निजबन्धुवर्गैः ।
धृष्टेन पादविधिघट्टनभग्नभुग्न-
भ्रष्टासृगाऽततकणासु कमप्यनर्ति ।। (५/२४)

स्नानावतीर्णमुपवासिनमेत्य नन्दं
चादाय रक्षसि गते वरुणस्य लोकम् ।
योगेश्वरस्तमनुगत्य सुसान्त्वितश्च
पाश्चायुधेन निरगात्पितृनन्दयुक्तः ।। (५/३५)

षष्ठे समुद्रकृतदशावतारवर्णनं यमनगरवर्णनञ्च अविस्मरणीयम्।

## पाण्डितीप्रकाशनम्

चतुश्शास्त्रपण्डितोऽयं कविः तत्तद्वर्णनासु स्वपाण्डितीवैभवं सचमत्कारमायोजितवान् । काशीवर्णने तत्रत्यपण्डितेभ्यः सुरगुरुः ज्ञानराशिमचोरयदिति वर्णयन् पाणिनीये पारस्करादिगणे तस्करबृहस्पति-शब्दयोरेकेनैव गणसूत्रेण सुडागमतलोपविधानं समर्थकं निरूपयति । ("तद्बृहतोः करपत्योश्चोरदेवतयोस्सुट् तलोपश्च") यथा-

अनेकशास्त्रार्थविशारदेषु गुरुष्विवाविश्य गुरुत्वमाप ।
बृहस्पतिः स्वर्गसदां, तदादि न्यवेशयंस्तस्करकेषु तं ज्ञाः ।।
(१/८)

अपि च चतुर्थसर्गे कविना प्रपञ्चितं बहुशास्त्राणां कलानां च

प्रतिबोधनं अनिदंपूर्वं काव्यस्यास्य गौरवं महत्त्वं च नूनं साधयति । तत्र दिङ्मात्रमुदाह्रियते । - ४,८,१५,१९ एवं चतुष्षष्टिकलासु पुष्पास्तरणम्, इन्द्रजालम्, पाककला, प्रहेलिका, (५३) संवाहनम्---

वेदाः

छन्दसा ऋगिति गीतिसंश्रयात्साम चोभयविलक्षणं यजुः ।
नूतनस्य विधिना प्रशंसया तद्विलक्षणतया त्रिधा श्रुतिः ।। (४/४)

इन्द्रजालकला :

इन्द्रजालमिदमिन्द्रियभ्रमापादि कल्पितजलाऽनिलाऽनलम् ।
सैन्यदेवसदनादि दर्शयद्दैवकल्पितजगद्विडम्बते ।। (४/४६)

प्रहेलिकाकला :

अर्धनारिरपि च त्रिलोचनो नो शिवः कथय को भविष्यति ।
''नारिकेल'' इति सम्यगुत्तरं दीयते यदि हि तत्प्रहेलिका ।।
(४/५३)

## रसपोषणम् :

रसनिर्वहणापटुरयं कविः वीरशान्ताद्भुतकरुणादिरसपोषणे स्वीयया प्रतिभया सहृदयानां मनांसि समावर्जितवान् । द्वितीये पुत्रमरणपीडितयोः पित्रोः विलापवर्णने-

''मृतबालकभाषणादि सङ्कलिता मातृगिरश्श्रुतिं गताः ।
कठिनान्यपि हृन्दि दारयन्त्युपलानप्यतिरोदयन्ति हि ।।''
(२/३८)

तव सुरुचिरमङ्गं कौतुकोदञ्चदक्षं
परिचितपरिहासप्रातिभं वक्त्रबिम्बम् ।
प्रथममजनि मोहायाद्य शोकाय चाहो
हतविधिरनुकूलं प्रातिकूलं करोति ।। (२/५४)

इत्यादिषु करुणः । पञ्चमे कृष्णलीलावर्णने -

वेणुस्वनं समनुगच्छति रक्तकण्ठे यष्टिध्वनिं समनुकुर्वति कङ्कणौघे।
मञ्जीरनादमनुनादिनि पादवृन्दे वृन्दावने जयति रासविहारलीला ॥

(५/३८)

इत्यादिषु शृङ्गारादिः । एवमन्ये च रसाः परिपोषिता अस्मिन् काव्ये।

## पात्रचित्रणम्

सम्भाषणाचातुर्यं काव्येऽस्मिन् मनोह्लादकं प्रतिभाति । तन्निरूपणार्थं सान्दीपनिपात्रवैशिष्ट्यं किञ्चिदत्र विवृणोमि ।

स गाङ्गतोये विमलेऽवगाढः समाप्य सान्ध्यं विधिवद्विधानम् ।
सुपूज्य विश्वेशमथाभिगच्छन् न कस्य चक्षुस्सफलीचकार ॥

(१/१६)

इत्यादिश्लोकैः सान्दीपनिपरिचयः कृतः । अवन्तिजानां पण्डितानां प्रार्थनामाकर्ण्य काशीवियोगमसहमानः स एवं स्ववेदनां प्रकटयति-

कथन्नु गङ्गां भवपाशभङ्गाम् दयासनाथं बत विश्वनाथम् ।
सुधैकपूर्णामपि चान्नपूर्णां त्यक्तुं कथं वा मनसाऽपि शक्यम् ॥

(१/३०)

सर्वस्य जन्तोर्जननी च जन्म-भूमिश्च नाकादतिरिच्यते हि ।
तत्रापि काशीं भवदूषणाशीं त्यक्तुं कथं वा विबुधो यतेत ॥

(१/३१)

इति । अनन्तरं तैं पुनः पुनः प्रार्थितः, जिगमिषुरपि,

उदन्तमेतं कथयाम्बभूव पतिः प्रियां चारुमतीं दृगन्तैः ।
सा चाऽपि साचीकृतलोचनेन मुखेन भावं विशदीचकार ॥

(१/३८)

भार्यायाः अङ्गीकृतिं स्वीकृतवानित्यनेन सान्दीपनेः सौजन्यं तावद्विशदीकृतम् । सान्दीपनेः पाठप्रवचननैपुण्यम् एवं प्रकटितं यथा-

तस्मिन् गुरौ देवगुरूपमाने विज्ञानबीजानि वपत्यजस्रम् ।
न चाऽप्ररूढं न च वाऽप्रवृद्धं न वाऽफलं किञ्चिददर्शि हृत्सु ॥

(१/४६)

इति । कुमाराणां समुद्रस्नाने ---"न चात्र वः, बहुविहार इति प्रवदन्पिता, सकृदिति प्रणयादनुमोदितः" इति पुत्रलालसानुमोदनं, तृतीयपुत्रस्य समुद्रनिमज्जनानन्तरं बहुविधपरिदेवनं, व्यासोक्तिभिः शनैः आश्वासनं तस्य महापण्डितस्य साधारणगृहस्थत्वं निरूपयन्ति । द्वितीय-सर्गान्तिमश्लोकः शोकसन्तप्तस्य, व्यासाश्वासितस्य तस्य हृदयस्थितिं सम्यक् चित्रयति ।

जन्मैव मास्तु यदि दित्ससि-मा विवाहं,
तं चेच्छसि-प्रकुरु पुत्रविहीनमेव ।
नो चेत्, कुपुत्रमथवापि सुपुत्रमेव,
दीर्घायुषैनमुपयोजय सर्वशक्ते ! (२/७६)

तृतीयसर्गे समित्कुशाद्यानेतुं रामकृष्णौ सुदाम्ना सह प्रान्तारण्यं गत्वा वर्षाप्लुतौ यदाऽभूताम्, तदन्वेषणे सावेगो गुरुः सान्दीपनिः गहनमेत्य वात्सल्यप्रपूर्णमेवं बहु प्रावदत् । यथा -

सुता महत्कष्टमिहानुभूतं, वर्षाप्लुतेऽस्मिन् गहने यदर्थम् ।
प्रियाणि सर्वाणि यदर्थमेव देहो भवद्भिस्तृणमन्वभावि ॥(३/४६)
औद्दालकश्चारुणिरद्य दृष्टो मया भवद्दर्शनलालसेन ।(३/४८)

इत्यादीनि तद्वात्सल्यप्रपूरितानीति सम्भाव्यम् ।

गुरुदक्षिणां प्रदित्सुकौ रामकृष्णौ प्रति सान्दीपनेः प्रथमवचनम्-
"युष्मच्छिष्यत्वमेवाऽस्खलितमतिसुपर्याप्तम्" (४/९३)

इति ।

''अस्माकं कृतकृतत्यता किमु भवेद्विद्याधनाकर्षिणाम्
तस्मात् श्रीगुरुदेव वाञ्छितमिदं त्वेकं वृथा मा कृथाः ।। (४/९४)

इति ताभ्यां पुनः प्रार्थितः गेहिन्या सम्भाष्य, भगवतः लीलामानुषत्वं सम्भाव्याऽपि, एवं सगद्गदं, गाम्भीर्ययुक्तं च भणितं तेन,

भो ! राम ! कृष्ण ! पतितस्सुचिरात्प्रभासे
पुत्रश्शिवो वयममी पतिताश्शुगब्धौ । इति (५/६८)

एतत्सर्वं सान्दीपनिपात्रं प्रशंसापात्रं करोति नूनम् । एवं दिङ्मात्रं सान्दीपनिपात्रचित्रणावैशिष्ट्यं प्रदर्शितम् ।

## कवेः लोकज्ञता, औचित्यपरिपोषणञ्च

एत द्द्वयञ्चात्र प्रत्यक्षरं दृश्यमिति विज्ञापयामि । अपि च-

''क्व वास्ति माया किमु रूपमिष्यते
स योगिराट् कः ? कथमस्य तज्जयः ? ।
स्वरूपमज्ञानमशेषजीवगा
चिदेकनिष्ठो जयति स्वशीलनात् ।। (६/६३)

इत्यादिश्लोकाः वेदान्तविज्ञानपूरिताः काव्यस्यास्य समधिकं गौरव मातन्वन्ति ।

पुत्रसञ्जीवनानन्तरं गुरुदम्पत्योः भगवता सानुग्रहं गोलोको विदर्शितः इति कवेः कल्पनं मनोहरं भवति ।

यद्रत्नरोचिरुदयैस्सरजोऽरजोऽपि,
यच्चाद्वितीयमपि राधिकया द्वितीयम् ।
गोगोपिकाशतपरीवृतमप्यगोपं
यद्धाम तद्गुरुसतीक्षणभोग्यमासीत् ।। (६/७३)

एवञ्च काव्यारम्भे

अहो महत्त्वं परमेश्वरस्य मुहर्मुहुस्तोतुमुदेति बुद्धिः ।
ब्रह्माण्डकोट्यो विलसन्त्यमुष्य देहे महाकाश इवोडुसङ्घाः ॥
(१/१)

हिरण्यगर्भाण्डविभाण्डकैक कोणेऽस्मदीयं भुवनं विभाति ।
चूडामणिस्थापितसत्यलोकं स्वपादपीठायितनागलोकम् ॥ (१/२)

इत्यादिश्लोकैः परमेश्वरमहत्त्वं, सृष्टिप्रकारं चोपवर्ण्य, काव्यान्ते गोलोक-प्रदर्शनादिना पुनः मुक्तिदायिनीं भगवद्भक्तिमाद्यन्तं परिपोषितवानयं कविशेखरः । ग्रन्थान्तश्लोकोऽयं यथा-

गोलोकालोकनेन प्रमुदितवदनश्रीगुरुभ्यां गुरुभ्यां
आशीर्भिः प्रेष्यमाणौ कृतजयनिनदैरुज्जयिन्यां जनौघैः ।
तुष्टौ श्रीरामकृष्णावनुकलमुदयत्पुत्रविश्लेषबाष्प-
स्थानादेशं स्वपित्रोः सपदि विदधतुः लोचनानां प्रहर्षम् ॥
(६/७४)

इति ।

सद्यःपरनिर्वृतिरूपकं प्रधानं प्रयोजनं सम्पादयन् 'शिवेतरक्षति' रूपं प्रयोजनञ्च सम्यक् साधयन् मृतपुत्रपुनरुज्जजीवनरूपकेण मङ्गलेन सम्पूर्णोऽयं ग्रन्थराजः ।

महाकाव्यस्यास्य परिचयोऽयं मया स्थूलारुन्धतीन्यायेन केवलं कृतः। अनेन प्ररोचिताः सहृदयशेखराः सम्पूर्णग्रन्थपठनपाठनास्वादनादिभिः परां तुष्टिमनुभवन्तु ।

इदं काव्यम् १९८६ वत्सरे आन्ध्रलिप्यां केवलं मुद्रितम् । देवनागर्यां प्रकाशयितुम आर्थिकालम्बनम् अभिलषन्नेव २२-४-१९९० दिने देहयात्रां समाप्तवानयं कविवर्यः अस्मत्पिता श्री मुल्लपूडि नारायणशास्त्री ।

## प्रशस्तिकाव्य-परम्परा का नवोन्मेष

# अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र-प्रणीत 'कस्मै देवाय हविषा विधेम !!'

इन्दु प्रकाश मिश्र

प्रशस्ति गायन की परम्परा भारतवर्ष में वैदिक युग से ही चली आ रही है। सच कहा जाय तो सम्पूर्ण ऋग्वेद ही ऋचाओं अर्थात् देवस्तुतियों का संग्रह मात्र है। ऋक् का अर्थ ही होता है-अंर्च्यते स्तूयतेऽनया इति ऋक् अर्थात् जिसके माध्यम से किसी की समर्चना की जाय। समर्चना अथवा स्तवन सदैव किसी गुणवान् श्रद्धेय अथवा महामहिम की जाती है। स्तवन की इस प्रक्रिया में स्तोता स्तोव्य के प्रति सर्वात्मना समर्पित होता है। जब तक व्यक्ति किसी का 'गुणनिर्जित दास' नहीं बनता तब तक उसकी स्तुति या प्रशंसा नहीं कर सकता। यह एक मनोवैज्ञानिक सत्य है।

स्तवन की यह परम्परा सम्भवतः सर्वप्रथम देवताओं और मनुष्यों के बीच प्रारम्भ हुई। ऋग्वेद में इस प्रशस्ति परम्परा का उदात्ततम रूप देखने को मिलता हैं। देवगण युद्ध भूमि में महाबली इन्द्र के सद्गुणों का गायन करते हैं। महर्षि गृत्समद ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल के बारहवें सूक्त में कहते हैं-जिसने इस नश्वर भुवन को स्थिर बनाया निकृष्ट असुओं को नरक में खदेड़ दिया और जो शत्रुओं को निगल जाता है, हे ऋषियो ! वही इन्द्र है।[१]

इन्द्र की तरह मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने सविता, पूषा, हिरण्यगर्भ, मित्रावरुण, रुद्र, विष्णु, एवं मित्र आदि देवताओं के भी विशिष्ट गुणों का संस्तवन किया है। यह तो हुई देवस्तवन की बात। देवता मनुष्यों के सुख दुःख के साथी अवश्य हैं परन्तु मनुष्य के साथ उनका साहचर्य और कृपाभाव प्रत्यक्ष नहीं है। वस्तुतः देवकृपा भी एक

---

१- द्रष्टव्य ऋग्वेद २/१२/४

अनुभव संवेद्य तत्त्व है । परन्तु मनुष्य तो एक सामाजिक प्राणी है । फलतः सांसारिक सुखों एवं दुःखों में उसे जो सहायता अपने पड़ोसियों, मित्रों, एवं बन्धुओं से प्राप्त होती है वह सांसारिक दृष्टि से देवसहायता से भी अधिक महत्त्व की होती है । देवता दुःख के क्षणों में केवल आत्मबल देते हैं परन्तु आँसू तो कोई प्रियजन ही पोंछता है । युद्ध के संकट में प्रजा की रक्षा मुख्यतः राजा ही करता है । इसी प्रकार सहानुभूति, ममता, करुणा, दान एवं सान्त्वना आदि के कार्य भी सत्पुरुषों द्वारा ही सम्पन्न होते हैं ।

फलतः जैसे आध्यात्मिक अथवा आमुष्मिक दृष्टि से आर्त व्यक्ति देवता का स्तवन करता है उसी प्रकार लौकिक अथवा सामाजिक दृष्टि से कुछ महापुरुषों की भी स्तुति करता है । ये महापुरुष प्रायः ज्ञान-विज्ञान सम्पन्न श्रेष्ठ विद्वान् होते हैं अथवा उदात्त आदर्शों से अनुप्राणित राजनेता । या तो वे लोककल्याण के लिए दत्तचित्त सन्त और महात्मा होते हैं या फिर अपने शील स्वभाव एवं सौजन्य के कारण सम्पूर्ण समाज के आराध्य कोई सत्पुरुष । कभी कभी अपने समवयस्क मित्र अथवा अपने से भी अल्पवय कोई व्यक्ति अपने किसी विलक्षण गुण के कारण वन्दनीय बन जाता है ।

ऐसे महामहिमशाली मनुष्यों की भी स्तुति परम्परा का उदय हम ऋग्वेद के "नाराशंसी" मन्त्रों में पाते हैं । पुराणों में तो पद-पद पर इस प्रवृत्ति के दर्शन होते हैं । इक्ष्वाकु, मान्धाता, हरिश्चन्द्र, नल, राम, युधिष्ठिर एवं वासुदेव कृष्ण आदि की कितनी ही भावभीनी स्तुतियाँ एवं गुणानुवाद हम पुराणों में पाते हैं । वस्तुतः प्रशस्ति योग्य मनुष्य भी स्तोता की दृष्टि में देवता ही होता है ।

देवताओं और मनुष्यों की यही प्रशस्ति परम्परा इतिहास के विभिन्न मोड़ों से यात्रा करती हुई बीसवीं शती के संस्कृत वाङ्मय में भी प्रविष्ट हुई है । जहाँ एक ओर हम प्रयागप्रशस्ति, ऐहोलप्रशस्ति, गिरनारप्रशस्ति एवं मन्दसौरप्रशस्ति में क्रमशः महाराज समुद्रगुप्त, विष्णुवर्धन, रुद्रदामन् एवं दशपुर के गुणोत्कर्ष का दर्शन करते हैं वहीं पण्डितराज जगन्नाथ के प्राणनारायण, जगदाभरण, एवं आसफविलास आदि में असम नरेश प्राणनारायण, राणा जगतसिंह एवं आसफखान के सद्गुणों की बानगी पाते हैं ।

संस्कृत-वाङ्मय में प्रशस्ति काव्यों की एक लम्बी परम्परा है । कल्हण, बिल्हण, श्रीहर्ष, विद्यानाथ तथा बल्लालसेन सरीखे कवियों ने उत्कृष्ट कोटि के प्रशस्तिकाव्य लिखे हैं । यह परम्परा ब्रिटिश शासनकाल में भी पल्लवित हुई । महारानी विक्टोरिया एवं जार्ज पञ्चम के सम्मान में अनेक कवियों ने कवितायें लिखीं हैं । स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद जब से किसी दिवंगत महापुरुष के स्मृतिग्रन्थ अथवा जीवित महापुरुष के अभिनन्दनग्रन्थ के प्रकाशन की परम्परा का उदय हुआ है तब से प्रशस्ति काव्य

लिखना एक औपचारिक कविकर्म बन गया है । फिर भी प्रतिभा के धनी स्वाभिमानी प्रतिष्ठित रचनाकार 'जिस किसी' के लिए प्रशस्तियाँ नहीं लिख रहे हैं, जो सच्चे अर्थों में महनीय वन्दनीय एवं प्रशंसायोग्य हैं उन्हीं का गुणानुवाद किया जा रहा है।इस क्षेत्र में आचार्य डॉ0 रेवा प्रसाद द्विवेदी, डॉ0 भास्कराचार्य त्रिपाठी, डॉ0 राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ0 वासुदेव कृष्ण चतुर्वेदी एवं एवं डॉ० रमाकान्त शुक्ल आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

परन्तु प्रशस्ति काव्य के लेखकों में अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र अपना एक विशेष स्थान रखते हैं । अपनी मौलिक संस्कृत रचनाओं के लिए उत्तर-प्रदेश शासन द्वारा नवधा पुरस्कृत, कथा-संग्रह 'इक्षुगन्धा' के लिए साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा सम्मानित डॉ0 मिश्र सम्भवतः अपने ढंग के अकेले साहित्यसाधक हैं जिनकी प्रतिभा वाङ्मय की प्रत्येक विधा में समान रूप से प्रस्फुटित हुई है ।

अब तक डॉ0 मिश्र की सोलह मौलिक कृतियाँ प्रकाश में आ चुकी हैं जिनमें जानकीजीवनम् सरीखे इक्कीस सर्गों के महाकाव्य के अतिरिक्त तीन गीत-संग्रह (वाग्वधूटी, मृद्वीका, श्रुतिम्भरा) पाँच एकाङ्की-संग्रह (नाट्यपञ्चगव्यम् अकिञ्चनकाञ्चनम्, नाट्यपञ्चामृतम्, चतुष्पथीयम्, रूपरुद्रीयम्) पाँच खण्ड काव्य (आर्यान्योक्तिशतकम्, नवाष्टकमालिका, पराम्बाशतकम्, अभिराजसप्तशती, शताब्दीकाव्यम्) एक कथा संग्रह (इक्षुगन्धा) तथा एक नाटिका (प्रमद्वरा) है । डॉ0 मिश्र की प्रायः इतनी ही रचनायें अभी अप्रकाशित हैं । इधर वामनावतरणम् महाकाव्य, रूपविशंतिका (एकाङ्की संग्रह) पञ्चकुल्या (पाँच शतकों का संग्रह) तथा 'कस्मै देवाय हविषा विधेम ' (प्रशस्ति काव्य) मुद्रणाधीन हैं । कस्मै देवाय हविषा विधेम प्रशस्ति काव्य परम्परा में एक नवीन उन्मेष है । इस ग्रन्थ में कुल सात शीर्षक हैं-देवस्तुतिः, महात्मस्तुतिः, विद्वत्स्तुतिः, सत्पुरुषस्तुतिः लोकनायकस्तुतिः, रूपान्तराणि तया प्रकीर्णम् ! देवस्तुति खण्ड में गङ्गा, कावेरी, चिदम्बर, मीनाक्षी, बृहदीश्वर, जम्बुकेश्वर, अचिन्त्य (बाली द्वीप के हिन्दुओं के आराध्य भगवान् शिव-भटार अतीन्तिय) एवं शिलादुर्ग मन्दिर (तिरुचिरापल्ली) से सम्बद्ध सप्तक अथवा अष्टक कोटि की रचनायें हैं ।

महात्मस्तुति खण्ड में कालिदास, भवभूति धारानरेश भोज , गुरु गोविन्द सिंह, स्वामी एकरसानन्द (मैनपुरी), योगिराज अरविन्द, अरविन्दाश्रम की माँ, काञ्ची के परमाचार्य चन्द्रशेखर सरस्वती तथा शङ्कराचार्य जयेन्द्र सरस्वती की सप्तक अथवा अष्टक कोटि की प्रशस्तियाँ संगृहीत हैं ।

विद्वत्स्तुति खण्ड में प्रो0 शार्पे (बेल्जियम) म0 म0 गोपीनाथ कविराज, चिन्तामणि बालकृष्ण राव, पं0 वासुदेव द्ववेदी, पं0 बलदेव उपाध्याय, डॉ0 आद्याप्रसाद मिश्र, महीयसी महादेवी वर्मा, डॉ० लक्ष्मीकान्त दीक्षित डॉ0 चण्डिकाप्रसाद शुक्ल,

विद्यानिवास मिश्र, डॉ0 सत्यव्रत शास्त्री, डॉ0 रेवा प्रसाद द्विवेदी, पं० शशिधर शर्मा, आचार्य केशवदेव, पं0 बाबूराम अवस्थी एवं प्रो0 श्रीनिवास रथ की प्रशस्तियाँ हैं। प्रत्येक प्रशस्ति सप्तक अथवा अष्टक के रूप में लिखी गई है।

सत्पुरुषस्तुति खण्ड में पं0 हरिश्चन्द्रपति त्रिपाठी, दामोदर स्वरूप विद्रोही, दान बहादुर सिंह सूँड़ (फैजाबादी) पं0 राम समुझ पाण्डेय, विजय देव नारायण शाही से सम्बद्ध प्रशस्तियाँ संगृहीत हैं।

लोकनायकस्तुति खण्ड विशेष महत्त्व का है इस खण्ड में गान्धी, नेहरू, मालवीय जी, राजेन्द्र बाबू, पुरुषोत्तमदास टण्डन, सुभाषचन्द्र बोस, लोहिया जी, गणेश शङ्कर विद्यार्थी, आचार्य नरेन्द्र देव, बाबू सम्पूर्णानन्द, पं0 कमलापति त्रिपाठी, वी0 वी0 गिरि, श्रीमती इन्दिरा गान्धी, पेराला रत्नम्, सत्यनारायण रेड्डी के अतिरिक्त महामहिम सुहार्तो (राष्ट्रपति इण्डोनेशिया) तथा नेल्सन मण्डेला के वैयक्तिक गुणों का गान कवि ने सप्तकों अथवा अष्टकों में किया है। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि-श्रीमती इन्दिरा गाँधी, वेंकट वराह गिरि एवं राष्ट्रपति सुहार्तो को स्वरचित अभिनन्दन-पत्र कवि ने यथोचित अवसर पर उन्हें स्वयं अर्पित किया है।

सातवें प्रकीर्ण खण्ड में अनेक प्रकार की रचनायें हैं। जैसे- माननीय राजा दिनेश सिंह द्वारा बी0 पी0 सी0 एल0 (नैनी) का शिलान्यास, प्रयाग विश्वविद्यालय, बालीद्वीप तथा मेहरौली की प्रशस्तियाँ। इसी खण्ड में कवि द्वारा, मित्रों को प्रेषित श्लोकबद्ध पत्र,शुभकामनायें आदि भी हैं।

इस प्रकार अभिराज डा0 राजेन्द्र मिश्र प्रणीत इस प्रशस्ति काव्य में पचास से भी अधिक अष्टक संगृहीत हैं। श्लोक गणना की दृष्टि से 'कस्मै देवाय हविषा विधेम' में डा0 मिश्र द्वारा पाँच सौ से भी अधिक प्रणीत श्लोकों का संग्रह है।

इस प्रशस्ति काव्य की एक और विशेषता है, वह यह कि-इसमें टामस ट्रान्सटोमर तथा टेड्यूज जैसे विदेशी कवियों की अंग्रेजी कविताओं के डॉ0 मिश्र द्वारा किये गये संस्कृत रूपान्तर भी संगृहीत किये गये हैं। श्री अनिरुद्ध नीरव (सर्गुजा) के अनेक छत्तीसगढ़ी गीतों तथा अपने ही हिन्दी गीतों के अनेक संस्कृत रूपान्तर भी इसी संग्रह में विद्यमान हैं। साथ ही साथ बाली द्वीप के प्रति अर्पित 'विदा बाली' शीर्षक कविता का संस्कृत रूपान्तर भी इस प्रशस्ति काव्य की महनीयता को बढ़ाता है। संक्षेप में डॉ0 राजेन्द्र मिश्र की यह नाराशंसी रचना प्रशस्ति काव्य के क्षेत्र में उनका एक विलक्षण योगदान कही जायेगी।

डॉ0 मिश्र की इन प्रशस्तिपरक कविताओं का रचनात्मक-आयाम भी महत्त्वपूर्ण है। सम्भवतः महात्मा गाँधी एवं महामना मालवीय के सम्मान में लिखे गये सप्तक सर्वाधिक प्राचीन हैं। ये रचनायें कवि द्वारा अपने विद्यार्थी जीवन में लिखी गई थीं। प्रयाग विश्वविद्यालय की प्रशस्ति तो १९६२ ई0 में लिखी गई जबकि कवि बी0 ए0

द्वितीय वर्ष का हीं छात्र था । इस प्रकार ''कस्मै देवाय हविषा विधेम'' की रचनायें पूरे तीन दशकों के अन्तराल में लिखी गई हैं ।

इन प्रशस्तियों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये घिसे-पिटे प्रशंसापरक विशेषणों का जमघट मात्र नहीं है । वस्तुतः इन श्लोकों में उन उन महापुरुषों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व रूपायित हो उठा है । महामहोपाध्याय पण्डित गोपीनाथ कविराज के सम्पर्क में कवि ऐसे ही तथ्यों का उल्लेख करता है जो किसी अन्य के सन्दर्भ में चरितार्थ नहीं हो सकते-

आनन्दोऽसौ विशुद्धः कलितगुरुतनुर्यस्य सत्त्वेऽनुविष्टः
वात्सल्यं यं ववार प्रशमितकलुषं मातुरानन्दमय्याः ।
ब्रह्माण्डं गूढगूढं करबदरनिभं यत्कृते, क्रान्तदर्शी
भूयात्पीयूषवर्षी सुरनिलयगतोऽप्यक्षतः कीर्तिशेषः ।।

इस पद्य में स्वामी विशुद्धानन्द एवं माता आनन्दमयी की चर्चा की गई है जो कविराज जी के जीवितसर्वस्व थे । श्री चिन्तामणि बालकृष्णराव के सम्मान में कवि लिखता है-

विद्यायागात्प्रसूतिं विमलमतिततिञ्चापि विद्वज्जनेभ्यः
प्रारब्धं पुण्यपूतं सुमधुरललितं स्नेहसिक्तं स्वभावम् !
ऊरीकृत्य प्रकृष्टां निखिलजनमनोरञ्जिकां लोककीर्तिं
प्राज्यं प्रोज्जृम्भमाणं कमपि नवनवं बालकृष्णं समीहे ।।

योगिराज अरविन्द का संस्तवन करते हुए कवि लिखता है-

प्रथमे वयसि समर्चितदेशो योगिजनोचित गैरिक़वेषः ।
क्रान्तिदुन्दुभिध्वनिविस्तारः श्री अरविन्दो विजयते !!
प्रौढे वयसि कृतात्मालोको योगसिद्धिभिर्विनिहतशोकः ।
पाण्डेचेरिसदाश्रमसंस्थः श्री अरविन्दो विजयते !!

'हे देविः शैशव में तुम्हें मां का प्यार नहीं मिला । यौवन में जीवितसर्वस्व पति भी तुमसे दूर हो गये । प्रौढ अवस्था में वटवृक्ष सरीखे यशस्वी पिता की छत्रछाया भी तुम्हें छोड़ गई और अब ? इस वार्धक्य में तुम्हारी आँखों का तारा पुत्र संजय भी तुम्हारा हृदय तोड़ गया । परन्तु इन वज्राघातों के बीच में भी तुम भारत राष्ट्र के अभ्युदयार्थ रात दिन प्रयत्नशील हो ! देवि इन्दिरा! तुम धन्य हो !'

इस व्याख्या के साथ जब कवि ने प्रयाग में श्रीमती गान्धी को अभिनन्दनपत्र

अर्पित किया था तो संजय की स्मृति में डूबी इन्दिरा जी अश्रुकातर हो उठी थी-

गतवति दिवि नाथे विद्धुरीणे फ़िरोजे

कथमपि हृदि शोकं भूरिवेगं नियम्य ।

पुनरपि पितृशोकं वैरिणां दुर्विरोधं

प्रियतनयवियोगं भालयन्ती स्थितासि !!

घेण्ट यूनिवर्सिटी बेल्जियम के संस्कृत विभागाध्यक्ष तथा कालिदास साहित्य के मर्मज्ञ प्रो० शार्पे को प्रेषित पत्र में कवि ने लिखा-

कल्याणीं कालिदासप्रथितकविकलां साधु मीमांसमानः

पाश्चात्त्ये दिग्विभागे स्वमतिनतिबलैर्यश्चकार प्रकाशम्।

विश्राम्यन् भूरिवर्षो नवजलदनिभस्साम्प्रतं बेटकोमे[१]

सोऽयं भूयाच्छतायुर्बुधजनमहितो मान्यशार्पेमहर्षिः ।

भारतभारती एवं ज्ञानपीठ पुरस्कारों से सम्मानित महीयसी महादेवी के प्रति कवि ने अपनी शुभकामना इन शब्दों में व्यक्त की थी-

त्वदीये व्याहारे तुहिनगिरिगाम्भीर्यमथवा

कृपादृष्टिर्नेत्रे हृदि च करुणाऽपारसरणिः ।

त्वया हिन्दी पूता नगरमपि वेणीत्रयमितं

महादेवि प्रीतेः सततमभिराजः प्रणमति ।।

आचार्यचरण बलदेवोपाध्याय की साहित्य सेवा के प्रति कवि का भाव पाठकों को भी श्रद्धाभिभूत बना देता है-

वाचा चित्तेन बुद्ध्या निमिषगणनया कर्मणा लेखनेन

वार्ताभिः पेशलाभिर्बुधसहचरणैरेकनिष्ठै रहोभिः ।

स्वापैरुत्थापनैर्वा प्रतिपलमनिशं श्वासनिःश्वासपुञ्जैः

सञ्चिन्वन् वाक्तपस्यां जयति बुधवरस्साधु बल्देवनामा ।।

---

१- सेवानिवृत्ति के बाद प्रो0 शार्पे अपने गृहनगर बेटकोम में ही रहते थे । १९८५ में यहीं, रघुवंश पढ़त-पढ़ते कुर्सी पर ही वह ब्रह्मलीन हो गये, यह सूचना डॉ0 मिश्र को डॉ0 शार्पे के पुत्र ने दी थी ।

आचार्य केशवदेव (कानपुर) की मृत्यु से शोकार्त कवि ने लिखा-

सौजन्यं जडति प्रमोहविकला प्रज्ञापि संलक्ष्यते

गीतं रोदिति पाण्डिती प्रशिथिला ग्लानिङ्गता साहिती ।

स्वर्याते त्वयि नन्दनन्दनपदाम्भोजैकमाध्वीव्रते

वाणी मूकति वाग्मिनां विरहिणी नो कस्य किं जायते??

भारतीय धर्म, दर्शन,संस्कृति एवं अध्यात्म के महापडित, महाप्राज्ञ बाबू सम्पूर्णानन्द को कौन नहीं जानता ? कवि उन्हें श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हुए लिखता है-

वेदमंत्ररचनासन्धानैर्दूरीकृतगौराङ्गाज्ञानः ।

प्रज्ञावैशारदीमरन्दो जयति विज्ञसम्पूर्णानन्दः ।।

निगमागमपरिशीलनदक्षो भारतीयसंस्कृतिवृतशिक्षः ।

प्राक्तनसरणिसमाहितपक्षो जयति जगति कृतसंस्कृतरक्षः।।

चिद्विलासकुशलस्सदधीती भरतधराऽक्षतगौरवगीती

पृथुचिन्तननिर्झरनिस्यन्दो जयति जयति सम्पूर्णानन्दः ।।

डॉ0 मिश्र संस्कृत रचनाकारों की समूची पीढ़ी को साथ लेकर जी रहे हैं उनकी कीर्तियों में समकालीन रचनाकारों की प्रशस्तियाँ भी पदे-पदे उपलब्ध हैं । संस्कृत कवियों की पुरानी परिपाटी के ही अनुसार,स्वयं को भी पीढ़ी से जोड़ते हुए, वह श्रुतिम्भरा में लिखते हैं-

प्रागल्भ्यं काश्यपोऽस्याः प्रणतिपरिमितो बच्चुलालोऽपि मानः

कारुण्यं श्रीनिवासस्स्मितचटुलकला भास्करो वल्लभोऽङ्कः।

रोषः कान्तो रमाया निभृतरसकथा दीक्षितव्यूढपुष्पा

लावण्यञ्चाभिराजो जयति नवनवा संस्कृता वाग्वधूटी!!

# साहित्य अकादमी पुरस्कृत संस्कृत कथाकृति

# 'इक्षुगन्धा'

डा० योगेशचन्द्र दुबे

साहित्य अकादमी भारतीय संविधान द्वारा अनुमोदित भारतीय भाषाओं में प्रतिवर्ष लिखे जाने वाले सर्वोत्तम साहित्य को संस्तुत एवं सम्मानित करने वाली एक स्वायत्त संस्था है। प्रारम्भ से ही साहित्य अकादमी का उद्देश्य रहा है, भारतीय साहित्य, संस्कृति एवं कला का सर्वांगीण पल्लवन, सरंक्षण एवं सम्पोषण। स्वतन्त्रता प्राप्ति के अनन्तर देश के शीर्षस्थ साहित्य एवं कला को इस अकादमी से जोड़ने का प्रयास रहा है, चाहे वह शासी निकाय के रूप में हो, अथवा किसी न किसी भारतीय भाषा में सर्वश्रेष्ठ मान अर्जित करने वाले सारस्वत साधक के रूप में। साहित्य अकादमी पुरस्कार की प्रक्रिया इतनी गोपनीय एवं पेचीदा है कि उसके निर्णय पर किसी भी प्रकार का कोई संदेह किया ही नहीं जा सकता है। अनेक विशेषज्ञों, उपसमितियों तथा समितियों की सबल संस्तुतियों का संबल प्राप्त करके ही कोई रचना श्रेष्ठता के शिखर तक आ पाती है। यही कारण है कि साहित्य अकादमी का साहित्यिक पुरस्कार अर्थ की दृष्टि से ज्ञानपीठ पुरस्कार से बहुत कम होता हुआ भी मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की दृष्टि से उससे कहीं अधिक श्रेयस्कर माना जाता है।

अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र की संस्कृत कथाकृति 'इक्षुगन्धा'[१] को १९८८ सत्र के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस महान राष्ट्रीय पुस्कार को प्राप्त करने वाले डॉ० मिश्र, अब तक सम्मानित किये गये संस्कृत विद्वानों में सर्वाधिक कम अवस्था के साहित्यकार हैं। यह भी कुछ कम गौरव की बात नहीं है।

अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र संस्कृत रचनाकारों की वर्तमान पीढ़ी के सर्वाधिक समर्थ, सशक्त और सक्रिय रचनाकार हैं। यह तथ्य प्रायः सर्व विदित है। सन् १९७२ से १९८७ के बीच मात्र १५ वर्षों में डॉ० मिश्र की १६ मौलिक संस्कृत

---

१. 'इक्षुगन्धा की भाषावैज्ञानिक समीक्षा' शीर्षक लघुशोध प्रबन्ध निबन्ध-लेखक ने श्री सत्यव्रत शर्मा के निर्देशन में परीक्षार्थ प्रस्तुत किया है (सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी)

कृतियाँ प्रकाश में आ चुकी हैं । ये कृतियाँ कवि की चतुरस्र प्रतिभा की ज्वलन्त साक्षी हैं । खण्डकाव्य, नवगीत, महाकाव्य, एकांकी, नाटिका एवं कथा- इन समस्त विधाओं में समान गति और समान योग्यता से उत्कृष्ट साहित्य सर्जना करने वाले डॉ० मिश्र संभवतः अपने ढंग के एक मात्र रचनाकार हैं । आर्यान्योक्तिशतकम्, नवाष्टकमालिका, पराम्बाशतकम्, शताब्दीकाव्यम् और अभिराजसप्तशती-डॉ० मिश्र प्रणीत खण्डकाव्य हैं तो २१ सर्गों में पल्लवित रामकथा के नये प्रस्थान की स्थापना करने वाला ग्रन्थ जानकीजीवनम् उनका श्रेष्ठ महाकाव्य है । वाग्वधूटी, मृद्वीका और श्रुतिम्भरा में यदि डॉ० मिश्र के लगभग २०० संस्कृत नवगीत प्रकाशित हुए हैं तो इक्षुगन्धा में उनकी जनजीवन से जुड़ी आठ मर्मस्पर्शी कहानियाँ संकलित हैं । अकिञ्चनकाञ्चनम् नाट्यपञ्चगव्यम्, चतुष्पथीयम्, नाट्यपञ्चामृतम् और रूपरुद्रीयम् में यदि डॉ० मिश्र के नवयुगीन समस्याओं से जुड़े उत्कृष्ट एकांकी प्रकाशित हुए हैं तो प्रमद्वरा डॉ० मिश्र द्वारा नाट्यशास्त्रीय पैमाने पर लिखी गयी एक विशुद्ध नाटिका है ।

अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र की रचना प्रक्रिया की गुणवत्ता का आकलन हम इसी तथ्य से कर सकते हैं कि देश और विदेश के श्रेष्ठतम प्राच्य भाषाविदों और संस्कृत मनीषियों ने उनके सारस्वत अध्यवसाय का मुक्त कण्ठ से अभिनन्दन किया है । डॉ० सूर्यकान्त, डॉ० सिद्धेश्वर भट्टाचार्य, प्रो० सरस्वती प्रसाद चतुर्वेदी, डॉ० धर्मेन्द्र कुमार गुप्त तथा घेण्ट युनिवर्सिटी बेल्जियम के स्वनामधन्य प्रो० शार्पे जैसे दिवंगत विद्वानों ने डॉ० मिश्र की रचना प्रक्रिया का सहर्ष अभिनन्दन किया है । ठीक इसी प्रकार हिन्दी एकांकी सम्राट्, पद्मभूषण डॉ० रामकुमार वर्मा ने उनके एकांकियों की कथावस्तु एवं शैली को हृदय से सराहा है । आचार्य बलदेव उपाध्याय, डॉ० विद्यानिवास मिश्र, डॉ० सत्यव्रत शास्त्री, डॉ० रेवाप्रसाद द्विवेदी, प्रो० आर० वासुदेवन पोट्टी, डॉ० मण्डन मिश्र, डॉ० पी0 डी0 अग्निहोत्री, डॉ० रामकरण शर्मा एवं डॉ० भोलाशंकर व्यास जैसे साहित्य मनीषियों ने भी डॉ० मिश्र की रचनाओं के विभिन्न पक्षों की सराहना की है ।

उत्तर प्रदेश शासन ने अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र को सन १९७२ से १९८७ के बीच नौ बार पुरस्कृत किया है । इन पुरस्कारों के अतिरिक्त भी डॉ० मिश्र को उनकी संस्कृत सेवाओं के लिये वाल्मीकि पुरस्कार (१९८७) तथा हिन्दी रचनाओं के लिये राष्ट्रीय आत्मा पुरस्कार (१९८३) एवं डॉ० रामकुमार वर्मा बाल एकांकी पुरस्कार (१९८८) प्राप्त हो चुका है । देश के विभिन्न अंचलों में अपनी महान साहित्य यात्राओं के लिये अनेकशः अभिनन्दित, विक्रमशिला विद्यापीठ बिहार द्वारा विद्यासागर (मानद डी0 लिट्0) उपाधि द्वारा अलङ्कृत तथा लगभग १५ साहित्य पुरस्कारों से सम्मानित डॉ० राजेन्द्र मिश्र अपने जीवन के पाँचवें दशक के पूर्वार्द्ध में ही राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर चुके हैं । सन् १९८७ से १९८९ तक उदयन

विश्वविद्यालय, बाली, इण्डोनेशिया में विज़िटिंग प्रोफेसर के पद पर रहते हुए अनेक महनीय साहित्यिक कार्यों को सम्पन्न कर अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति भी अर्जित की है।

यह भी कम सुखद आश्चर्य नहीं है कि एक सहृदय कवि और सर्वाधिक सक्रिय एकांकीकार के रूप में प्रतिष्ठापित डॉ० मिश्र को राष्ट्र का सर्वोच्च साहित्य अकादमी पुरस्कार उनके किसी काव्य अथवा नाट्यकृति पर न मिलकर कथाकृति इक्षुगन्धा पर मिला। इस सन्दर्भ में साहित्य अकादमी की पुरस्कार पुस्तिका में डॉ० मिश्र के सन्दर्भ में प्रकाशित यह टिप्पणी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है-''पुरस्कृत कृति इक्षुगन्धा कहानियों का संकलन है। ये कहानियाँ पाश्चात्त्य प्रारूप पर लिखी गई हैं और यह शैली संस्कृत साहित्य के लिये नयी है। इन कहानियों में वर्तमान समय की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की पड़ताल की गई है। अपनी प्रांजल शैली और परिष्कृत भाषा के लिये यह कृति समकालीन संस्कृत साहित्य को महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।''

साहित्य अकादमी द्वारा नियोजित श्रेष्ठ समीक्षक श्री पाण्डुरंगाराव ने भी इक्षुगन्धा के सन्दर्भ में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण टिप्पणियाँ दी हैं, और अन्त में कहा है,

Such works can certainly promote, propagate and penetrate into the fragrance and sweetness of Sanskrit, the language of culture and the cultured.

(—Indian literature, No. 132, Sahitya Akadami)

'इक्षुगन्धा' जनजीवन से जुड़ी डॉ० मिश्र की आठ कहानियों का संग्रह है। 'इक्षुगन्धा' ग्रन्थ के शीर्षक के साथ ही साथ, इसके अन्तर्गत उल्लिखित एक कथा का भी शीर्षक है जो अबोध शैशव में संस्कारबद्ध तथा युवावस्था के प्रथम चरण में पल्लवित एक प्रणयी युगल के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। इक्षुगन्धा काश नामक एक तृण विशेष का नाम है जिसमें शरद् ऋतु के आते ही सफेद रंग के फूल निकलने लगते हैं। कथानायक अपनी प्रणयिनी के साथ इक्षुगन्धा के इन्हीं घने वनों में भविष्य के सपने संजोया करता था।

इस कथासंग्रह की दो प्रमुख विशेषतायें हैं-तथ्य चयन तथा कथाशैली। सहृदय कवि एवं समालोचक अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र नागर संस्कृति की उपज नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद में सई नदी के तट पर बसे द्रोणीपुर नामक गाँव में २६ दिसम्बर १९४३ ई० को हुआ कवि गाँव की ही माटी में खेल-कूद कर पला-बढ़ा और प्रकृति की गोद में ही उसके कविता के स्वर फूटे। शिक्षा का पूर्वार्द्ध गाँव के ही परिवेश में बीता। आज भी कथाकार को अपनी जन्मभूमि से, अपने जवार से, यहाँ तक कि गाँव के खेतों-खलिहानों, अमराइयों एवं टेढ़ी-मेढ़ी पगडंडियों से अन्तरंग प्रेम है। सच तो यह है कि कथाकार का व्यक्ति भले ही आज विश्वविद्यालय का

प्राध्यापक है लेकिन उसका मन अभी भी लोकगीतों में रचे-बसे गाँवों में ही रहता है ।

इसी ग्राम्य वातावरण से डॉ० मिश्र ने अपनी कहानियों की सामग्री बटोरी है। यदि जिजीविषा में छाटे भाई-बहनों की शिक्षा-दीक्षा के लिये संघर्ष कर रही एक पितृहीन युवती का आत्मबलिदान चित्रित है तो 'सुखशयितप्रच्छिका' में गोंडा जिले की कुआनों नदी के तट पर रहने वाले एक असहाय विद्यार्थी का स्वावलम्बी बनने का अथक प्रयास हैं। यदि शतपर्विका में पुत्र प्रप्ति के मोह में बरबस परिवार वृद्धि करने वाले तथा कन्याओं का निरन्तर अपमान करने वाले एक असहृदय पिता की आत्मशुद्धि वर्णित है तो ''अनामिका'' में समाज के भय से किसी निष्ठुर माँ द्वारा नाले के किनारे पर छोड़ी गई एक नवजात कन्या की समस्या को समाज के समक्ष रखा गया है । इसी प्रकार ''भग्नपञ्जरः'' में विधवा बेटी को सदाचार की शिक्षा देने वाले लम्पट पिता की नग्नता का चित्रण है तो ''एकहायनी'' में अनभीष्ट दाम्पत्य संबधों से जन्मी एक निर्दोष कन्या की समस्या सामने रखी गई है । पूरे संग्रह में ''ताम्बूलकरङ्कवाहिनी'' ही एकमात्र ऐतिहासिक परिवेष की कथा है, अन्यथा सभी कहानियाँ आज की उन ज्वलन्त सामाजिक समस्याओं से जुड़ी हैं, जिनमें दहेज, गर्भपात, वैवाहिक षड्यंत्र, विधवा दुर्दशा और परिवार नियोजन आदि आते हैं ।

इक्षुगन्धा का दूसरा अधिक महत्त्वपूर्ण वैशिष्ट्य है-कथाओं के उपस्थापन की शैली जिसकी प्रशंसा स्वयं साहित्य अकादमी की शीर्षस्थ निर्णय समिति ने भी की है । स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद यद्यपि अनेक कथाकारों ने कथालेखन का प्रयास किया है, परन्तु कथा की पारम्परिक शैली का मोह कोई नहीं छोड़ सका । संस्कृत की कथायें प्रायः हितोपदेश और पञ्चतन्त्र की शैली में कस्मिंश्चिदधिष्ठाने से प्रारम्भ होती रही हैं, परन्तु इक्षुगन्धा की कहानियाँ प्रस्तुति में उतनी ही नवीन हैं जितनी देश की किसी अन्य भाषा मे लिखी गई कहानियाँ हैं । शैली की इस नवीनता का एकमात्र कारण यह है कि डॉ० मिश्र संस्कृत के ही नहीं, राष्ट्रभाषा हिन्दी के भी अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिष्ठित एक श्रेष्ठ कवि एवं कथाकार हैं । वर्तमान शतक के सातवें दशक में ही डॉ० मिश्र की अनेक हिन्दी कहानियाँ 'शाकम्भरी' (सहारनपुर) तथा श्री अमृतराय द्वारा सम्पादित 'नई कहानियाँ' (इलाहाबाद) में प्रकाशित हो चुकी थीं और पाठकों ने उन्हें मुक्तकंण्ठ से सराहा भी था । 'डूबता कण्ठ' 'भवानी' तथा 'देवेरा हजारी' जैसी लोकप्रिय कहानियाँ डॉ० मिश्र की ही उर्वर लेखनी से प्रसूत हुई थीं ।

हिन्दी साहित्य की नवीनतम प्रवृत्तियों से जुड़े होने के कारण डॉ० राजेन्द्र मिश्र संस्कृत नवलेखन में भी परम्परामुक्त लेखन के पक्षधर हैं । सच तो यह है कि उनके लेखन में नई पुरानी मान्यताओं का एक अद्‌भुत सामञ्जस्य है । उनका अध्ययन क्षेत्र विस्तृत है, विविध भाषा में प्रणीत साहित्य का उन्होंने गहन अध्ययन किया है,

इतिहास एवं संस्कृति में उनकी गहरी पैठ है, उनका अन्तर्मन एवं लेखन राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत है। यह सारा का सारा प्रभाव इक्षुगन्धा में संकलित कहानियों के अन्तर्गत उजागर हुआ है। अनेक कहानियाँ पूर्वस्मृति (Flash back) के माध्यम से प्रस्तुत की गई हैं, जैसे- ताम्बूलकरङ्कवाहिनी और इक्षुगन्धा तथा अनेक कहानियाँ प्रत्यक्ष अनुभवों पर आधारित हैं, जैसे-अनामिका, एकहायनी, शतपर्विका, जिजीविषा और भग्नपञ्जरः आदि। इस प्रकार इक्षुगन्धा की समस्त कहानियाँ शैली की दृष्टि से सर्वथा नवीन हैं।

अंततः एक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि इन कहानियों के माध्यम से प्रतिभा के धनी कथाकार ने संस्कृत के पाठकों को नवनिर्मित शब्दों, लोकोक्तियों एवं लोकाभिव्यक्तियों का एक ऐसा महार्घ उपहार भी अर्पित किया है जो संस्कृत में न तो इस कथासंग्रह के प्रकाशन के पूर्व था और न ही कथाकार के अतिरिक्त उसे देने की क्षमता रखता था। यहाँ यह अवसर नहीं है कि मैं कथाकार के उस मौलिक अवदान की विस्तृत चर्चा कर सकूँ, परन्तु सहृदयों को यह बता देना आवश्यक समझता हूँ कि ''इक्षुगन्धा का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन'' शीर्षक अपने एक पृथक् ग्रन्थ में निबंध लेखक ने सैकड़ों पृष्ठों में इस विषय की सोदाहरण समीक्षा की है। इसी वर्ष अभिराज डॉ० राजेन्द्र मिश्र की नयी संस्कृत कथाओं का संग्रह 'रांगडा' प्रकाशित हुआ है, जिसमें संकलित कहानियाँ कथाकार की अपेक्षाकृत और अधिक परिष्कृत और पुष्ट कथायात्रा का प्रमांण प्रस्तुत करती है। आशा है, संस्कृत का सुधी समाज यथावसर उन कहानियों का भी समुचित मूल्यांकन करेगा।

# श्री हजारीलाल शास्त्री और उनके शतक काव्य

डॉ0 सत्य देव कौशिक

श्री हजारीलाल शास्त्री हरियाणा राज्य के बीसवीं शताब्दी के देववाणी संस्कृत के गण्यमान्य कवि हैं । श्री शास्त्री ने लगभग १७ ग्रन्थों की रचना की है । इन ग्रन्थों में नाटक, शतक, स्तोत्र, गद्य टीका, काव्य (संस्कृत-हिन्दी) हैं । इसके अतिरिक्त चर्पटपञ्जरी और प्रश्नोत्तरी हिन्दी के ग्रन्थ हैं । आपके ग्रन्थों का विद्वत्समाज में आदर हुआ है । 'शिवप्रतापविरुदावली' (शतक-द्वयोपेता) भारत सरकार द्वारा प्रकाशित एवं सम्मानित हैं । 'इन्दिराविजयप्रशस्तिशतकम्' और 'संस्कृतमहाकविदिव्योपाख्यानम्' ग्रन्थ हरियाणा सरकार द्वारा पुरस्कृत किये गये हैं। श्री शास्त्री ने आजीवन देववाणी संस्कृत की सेवा की है । वे गौड़ ब्राह्मण संस्कृत कालिज रोहतक, श्री ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय, रामराय (रामह्रद) जींद, लज्जाराम संस्कृत महाविद्यालय, जींद (हरियाणा) में प्रधानाचार्य पद को अलंकृत कर चुके हैं । आप अपने सकल जीवन में संस्कृत पठन-पाठन से जुड़े रहे हैं । आपके सैकड़ों शिष्य हरियाणा के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यापनरत हैं । आपके प्रशंसकों में हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल पं0 भगवत दयाल शर्मा, राज्यसभा के भूतपूर्व संसद् सदस्य पं0 रामचन्द्र शर्मा, पं0 कृष्णदत्त शर्मा, ग्राम-अहर पानीपत, श्री जी0 आर0 स्वामी रजिस्ट्रार, टैक्सटाइल टैक्नालोजी, भिवानी, पं0 गंगामणि शास्त्री, ग्राम-डीघल, रोहतक, पं0 दुलीचन्द शास्त्री, ग्राम-बेरी, रोहतक, एवं पं0 वेदव्रत शास्त्री, रोहतक आदि प्रमुख हैं । दुर्भाग्यवश आज शास्त्री जी हमारे मध्य नहीं हैं । उनका निधन कुछ वर्ष पूर्व रोहतक में हो गया था । रोहतक में अपने निवास-स्थान का नाम आपने संस्कृत-शोध-संस्थान रख लिया था जिससे आपकी संस्कृत भाषा के प्रति अभिरुचि प्रकट होती है । आपके सभी ग्रन्थ संस्कृत शोधसंस्थान, प्रेमनगर, वार्ड न0-१३, भवन न0 ७८८ ए, रोहतक और आचार्य प्रकाशन, दयानन्दमठ, रोहतक में मिलने की आशा है । रोहतक स्थित आवास में श्री शास्त्री जी की धर्मपत्नी श्रीमती सुखदेवी रहती हैं ।

श्री हजारीलाल शास्त्री के सात शतक काव्य हैं- शिवप्रतापविरुदावली (शतकद्वयोपेता), इन्दिराविजयप्रशस्तिशतकम्, शिवशतकम्, महर्षिदयानन्दशतकम्

सगुण ब्रह्मस्तुतिशतकम् और कादम्बरीशतकम् । यहाँ इनमें से प्रथम चार का परिचय प्रस्तुत किया जा रहा है-

## १-२- शिवप्रतापविरुदावली

'शिवप्रतापविरुदावली' शीर्षक से श्री शास्त्री ने शिवाजी एवं महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र को आधार बनाकर दो शतक काव्यों की रचना की हैं- **प्रतापविजयनाम प्रथमशतकम्** और **शिवराजविजयनाम द्वितीयशतकम्** । इन दोनों शतकों की रचना का उद्देश्य कवि ने हिन्दू संस्कृति की रक्षा माना है । उनका मत है कि इन दोनों वीरों की विजय-गाथा को सुनकर आर्य जनता के हृदय में जागृति उत्पन्न होगी[१] ।

## १- प्रतापविजयनाम प्रथमशतकम्-

इस शतक काव्य में महाराणा प्रताप और भामाशाह के चरित्र को हिन्दू संस्कृति के रक्षक के रूप में चित्रित किया गया है । दूसरी ओर अकबर, मानसिंह और शक्ति सिंह के कृत्य को निन्दनीय माना गया है । कवि ने महाराणा प्रताप को लौह-पुरुष की संज्ञा से विभूषित किया है । बालक प्रताप के जन्म पर ब्राह्मणों ने बालक को आशीर्वाद दिया कि यह बालक यवन शत्रुओं से आक्रान्त भारत देश को विजित कर बली प्रतापी राजा होगा । इसी आशीर्वाद के कारण माता ने बालक का नाम 'प्रताप' रखा-

तेनैव तस्य जननी निजपुत्रनाम विप्राशिषानुसदृशं विदधे प्रतापम् ।
सर्वत्र तत्र भुवि यस्य महाप्रतापो मार्तण्डमण्डलसमो विबभौ दिशासु।।
(श्लोक सं0 १०)

महाराणा प्रताप के वंश के कुछ लोग उन्हें छोड़कर अकबर के साथ जा मिले। कवि ने अपने क्षात्र धर्म को छोड़ने वाले मानसिंह और शक्तिसिंह की निन्दा की है, जबकि महाराणा प्रताप की भूरि भूरि प्रशंसा की है[२] । कवि का कथन है कि महाराणा प्रताप आज भी अमर हैं क्योंकि उनमें कई महापुरुषों के गुण एक साथ विद्यमान है। वे भीम-सदृश बली, भीष्म-सदृश धैर्यशाली, युधिष्ठिर-सदृश शान्त नीतिज्ञ और सुमेरु पर्वत सदृश अविचल हैं -

योऽसौ बले च खलु भीमसमो धृतौ तु
भीष्मो, युधिष्ठिरसमश्च शमे नये च ।
शान्त्याः सुमेरुरथ धर्मसुसेतुरार्यो
वीरो महानमरतां भजते प्रतापः ।। (श्लोक सं0 ३०)

अकबर ने चित्तौड़ के दुर्ग को घेर लिया। महाराणा प्रताप और उसके साहसी सैनिकों ने अकबर की सेना का सामना किया। अकबर की सेना के सैनिक आहत होकर इतस्ततः भागने लगे। अकबर के अधिसंख्य सैनिकों के हताहत होने पर भी उसकी विशाल सेना होने के कारण वह पराजित न हो सका। महाराणा प्रताप की सेना में मृत क्षत्रियों की पत्नियाँ चिता में प्रवेश करने लगी। चित्तौड़ के दुर्ग में चिताओं को जलती देखकर अकबर का हृदय द्रवीभूत नहीं हुआ, अपितु उसने चित्तौड़ दुर्ग की जनता को मारने का आदेश दिया। कवि ने अकबर के इस दुष्कृत्य के लिए 'पिशाच' की संज्ञा देते हुए उसे धिक्कारा है-

चित्तौडदुर्गमधिकृत्य पिशाचरूपो
धूर्तोऽक्बरः समवलोक्य चिता ज्वलन्तीः।
चित्तौडदुर्गजनतां सकलां निहन्तुं
सेनां समादिशदहो ! धिगशिष्टकृत्यम् ॥

(श्लोक सं0 ४४)

अपने दुर्ग को ध्वस्त जानकर वीर राणा प्रताप ने अपने वंशजों की भाँति सन्धि नहीं की, अपितु अपने मित्रों से परामर्श कर बाहर निकल गये। यहाँ कवि ने महाराणा प्रताप को ऐसा वीर पुरुष माना है जो अपने परम्परागत गुण का कदापि परित्याग नहीं करते। उनका कथन है कि जैसे चन्द्रमा अपनी शीतलता का परित्याग नहीं करता, अग्नि अपनी दाहकता को नहीं छोड़ती, जलधारा अपने शीतल गुण को नहीं त्यागती, वैसे ही वीर पुरुष अपने परम्परागत गुण का परित्याग नहीं करते[३]। मेवाड़-राज्य को शत्रुओं द्वारा हस्तगत कर लेने पर महाराणा प्रताप को अति पीड़ा हुई। वे सपरिवार वनों एवं कन्दराओं में विचरण करते रहे। अकबर ने मेवाड़ को अपने अधीनस्थ कर लिया था, किन्तु वह महाराणा प्रताप से प्रतिपल शंकित रहता था। वन में महाराणा प्रताप की बेटी के हाथ से विडाल द्वारा छीनी गयी दो रोटियों का करुणामय वर्णन कवि द्वारा किया गया है-

हा ! चैकदा सुरचिते तृणबीजचूर्णैः
भोक्तुं मुदा करधृते करपट्टिके द्वे।
व्यात्ताननो वनभवः कुविडाल एको
जग्राह हन्तः ! करतो नृपबालिकायाः ॥

(श्लोक सं0 ७१)

राणा प्रताप ने अपने परिवार जनों के वन में होने वाले कष्टों के लिए स्वयं को उत्तरदायी माना है। उनका यह भी मानना है कि यह सब मेरे भाग्य का ही

दोष है । संकट की इस वेला में अकबर ने दूत को सन्धि प्रस्ताव लेकर महाराणा प्रताप के पास भेजा । महाराणा प्रताप ने सन्धि-प्रस्ताव को पढ़कर विचार किया कि यदि मैं अकबर का शासन स्वीकार करूँ तो निन्दनीय हो जाऊँगा । मैं संकटों के आने पर भी क्षात्र धर्म का त्याग नहीं करूँगा । वीर साहसी राणा प्रताप ने पत्र का प्रत्युत्तर देते हुए लिखा कि यवनराज ! तुम्हारे कथन में सत्यता कैसे हो सकती हैं ? क्या कभी धूर्त, नट एवं विट लोग भी सत्यवादी हो सकते हैं ?

इत्थं विमृश्य मतिमान् नृपतिप्रतापो
दिल्लीपतिं प्रतिलिलेख दलं सहर्षम् ।
तथ्यं कथं यवनराट् कथने तवास्ते
धूर्ते नटे विटजने क्व नु सत्यताऽऽस्ते।। (श्लोक सं0 ८०)

पत्र को दूत द्वारा लेकर चले जाने पर वे सोचने लगे कि अब सेना को सशक्त बनाना चाहिए । भारत पर विजयेच्छु अकबर अवश्य ही ससैन्य युद्ध के लिए आयेगा। राणा प्रताप यह सोच ही रहे थे कि भामाशाह नामक वैश्य का अचानक आगमन होता है । भामाशाह के चरित्र को कवि ने एक परोपकारी एवं राष्ट्रभक्त के रूप में चित्रित किया है । भामाशाह ने देशहितार्थ अपने सकल धन को गुप्त रूपेण राणा प्रताप को भेंट कर दिया-

नैवं नरेन्द्र ! कुरु चिन्तनमार्यवीर !
भूपेन्द्र ! हन्त ! मयि जीवति भारतेन्दो !
पार्श्वेऽस्ति देव ! मम यो बहुवित्तराशि-
स्तं तेऽर्पयामि निजदेशहिताय राजन् !
(श्लोक सं0 ८५)

कवि का मानना है कि धन और आयु नश्वर हैं । उस धन से क्या लाभ, जो परोपकार में नहीं लगता । कवि दानी भामाशाह के मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान करते हुए कहता है-

किं हन्त ! तेन धनिना द्रविणं तु यस्य
लोकोपकारकृतये व्ययमेति नैव ।
नायुः स्थिरं न च धनानि स्थिराणि लोके
मत्वेति दानिवर भामसमो भव त्वम् ।।(श्लोक सं0 ८८)

भामाशाह की सहायता से राणा प्रताप ने चतुर सैनिकों को संगठित कर लिया।

उधर अकबर की सेना ग्रामीणों को पीड़ित करती हल्दी घाटी के मैदान में प्रविष्ट हुई। हल्दी घाटी के इस युद्ध में राणा प्रताप की सेना ने लाखों शत्रुओं को धराशायी कर दिया। इस प्रकार हल्दी घाटी प्रदेश रक्त-रञ्जित हो गया। शत्रुओं के भालों एवं बाणों से राणा प्रताप का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। इतने पर भी महाराणा प्रताप विचलित नहीं हुए। यहाँ पर कवि ने दर्शाया है कि महाराणा प्रताप को मारने के लिए दौड़े हुए सैनिकों को शक्तिसिंह ने मार दिया। अन्त में शक्तिसिंह का भ्रातृ-स्नेह जागृत हो गया। शक्तिसिंह अपने को दोषी मानते हुए महाराणा प्रताप की भुजाओं में आलिंगन कर रोने लगा। यह वर्णन भ्रातृ-स्नेह का अनुपम उदाहरण है-

भ्रातर्ममैव खलु दुष्कृतिदोषतोऽद्य
हा हन्त ! भारतमही यवनाभिभूता ।
उच्चैः स्वरेण बहु रोदिति रुद्धकण्ठो
भ्रातुः समक्षमिति खिद्यति शक्तिसिंहः।(श्लोक सं० ११०)

काव्य के अन्त में शक्तिसिंह के द्वारा अपनी गलती स्वीकार कर लेनें पर महाराणा प्रताप् शक्तिसिंह को ढाढस बँधाते हुए कहते हैं कि भवितव्यता बलवती है, जो होना था, वह हो गया।

## २- शिवराजविजयनाम द्वितीयशतकम्-

कवि श्री हजारी लाल शास्त्री ने इस शतक में शिवाजी की वीरगाथा का यशोगान किया है। उन्होंने शिवाजी के चरित्र को आर्य धर्म एवं संस्कृति के रक्षक के रूप में चित्रित किया है। इसके अतिरिक्त कवि ने शिवाजी को कुशल राजनीतिज्ञ भी माना है। शिवाजी ने अपने शौर्य से दक्षिण भारत के अनेक दुर्गों को विजित कर औरंगजेब की आशाओं पर पानी फेर दिया। शिवाजी का जन्म महाराष्ट्र प्रान्त में १६४८ ई० में शिवनेरी के किले में हुआ। शिवाजी के पिता का नाम शाहजी और माता का नाम रानी जीजाबाई था। शिवाजी के जन्म पर इनके माता-पिता ने ब्राह्मणों को प्रभूत दान दिये। शिवाजी का जन्म ''शिवा देवी'' द्वारा अधिकृत शिवनेरी के किले में होने के कारण उनकी माता ने अपने पुत्र का नाम ''शिवा देवी'' के अनुरुप शिवाजी रख दिया-

जातो मदीयतनयः 'शिवनेरि' दुर्गे
देव्या सदैव शिवयाधिकृते ह्यभेद्ये ।
तेन स्वपुत्रशुभनाम शिवेति जीजा-
देवी शिवासुसदृशं शिवदं व्यधत्त ॥ (श्लोक सं० ९)

शिवाजी के शासक होने पर अपने यश रूपी तेज की अभिवृद्धि से औरंगजेब आदि यवन अन्धों के समान विकल हो गये, उनके मुखों की आभा समाप्त हो गयी। कवि ने इन यवनों की दशा को सूर्योदय के समय उलूकवत् बताया है ।[४] कवि ने आगे बताया है कि तीक्ष्ण त्रिशूलधारी शिवाजी औरंगजेब की कपट पूर्ण नीति के वश में नहीं हुआ। शिवाजी के भय से औरंगजेब की निद्रा लुप्त हो गयी । वह शिवाजी से इतना भयभीत था कि स्वप्न में भी शिवाजी को देखकर चारपाई से नीचे गिर पड़ता था[५]। शिवाजी कदापि औरंगजेब से सन्धि के समर्थक नहीं थे । एक बार औरंगजेब ने शिवाजी को अपनी राज्यसभा में आमन्त्रित किया । तब उसने उन्हें उपहार स्वरूप कुछ वस्तुएँ प्रदान कीं । इस पर शिवाजी ने औरंगजेब को ललकारते हुए भारत भूमि को शीघ्र छोड़ देने का आह्वान किया-

त्वं कोऽसि राज्यमिदमस्ति विभूतिमत्त्वं

सर्वं धरातलमिदं तु मदीयमस्ति ।

त्यक्त्वाद्य भारतमहीं झटिति प्रयाहि

नो चेद् विनंक्ष्यसि शिवेति जगाद वीरः ।।

(श्लोक सं0 २३)

शिवाजी हिन्दू संस्कृति के संरक्षक थे । गौ को हिन्दू धर्म में अति पवित्र माना गया है । दिल्ली में गो-वध की सूचना मिलने पर शिवाजी ने दिल्ली की ओर प्रस्थान किया और गो-वध करने वाले यवनों को मौत के घाट उतार दिया । इसका अति मनोरम वर्णन कवि द्वारा किया गया है-

श्रुत्वैकदा जनमुखात् शिवराजवीरो

बोभूयमानमथ गोवधमिन्द्रपुर्याम् ।

आदाय घोरपरिघं त्वहिकालरूपं

गत्वाऽऽशु तत्र निजघान खलांस्त्वसंख्यान् ।।

(श्लोक सं0 २७)

शिवाजी ने अनेक दुर्गों को जीतकर शत्रु को बलात् अपहरण कर दक्षिण में अपनी स्थिति को सुदृढ कर लिया । इस प्रकार शिवाजी का प्रताप चतुर्दिक् फैल गया । शिवाजी के भय से शत्रु-यवन-स्त्रियाँ विलासी जीवन को त्यागकर वन और गिरि-कन्दराओं में पलायन करने लगी । उनकी कान्ति नष्ट हो गयी । वीर शिवाजी के भय से वे कृशकाय हो गयीं । इसका अनुपम वर्णन द्रष्टव्य है-

श्रुत्वाऽऽगतो नृपशिवो ह्यरयोऽतिभीता
हिंत्वा गृहान् गिरिगुहासु गताः सकान्ताः ।
कन्दैः फलैः वनभवैरुदरं प्रपूर्य
निन्युर्दिनानि शिवराजमृगेन्द्रभीताः ।। (श्लोक सं0 ४९)

और भी-

कान्ताश्च या यवनवंशभवाः सगर्वा
रत्नादिभूषणसुभारनता बभूवुः ।
ता ह्यार्यवीरशिवराजभयाभिभूता
आसन् नतास्त्वधिवनं क्षुधिताः भ्रमन्त्यः ।।
(श्लोक सं0 ५१)

उक्त दोनों श्लोकों में हिन्दी के प्रख्यात कवि भूषण की ''तीन बेर खातीं थीं, वे तीन बेर खाती हैं, विजन डुलाती थीं, सो विजन डुलाती हैं'', इन पंक्तियों की प्रतिध्वनि मिलती हैं ।

शिवाजी ने युद्ध में औरंगजेब के मामा शाइस्तखाँ को परास्त कर दिया । इस युद्ध में उसकी सेना धराशायी हो गयी । इसके अतिरिक्त शिवाजी ने अपनी माता की प्रतिज्ञा की पूर्ति हेतु अपने मित्र तानाजी और मामा सेलरजी की सहायता से सिंह दुर्ग को जीत लिया । यही नहीं, उन्होंने सालेर किले को भी जीत लिया । इन किलों को जीतने के लिए हुए युद्ध में अनेक सैनिक पशुओं के समान मारे गये। इन अनेक सैनिकों को मारकर शिवाजी ने इनकी बहुमूल्य वस्तुओं को अपने अधीन कर लिया । इसके बाद औरंगजेब ने शिवाजी से युद्ध न करने का निश्चय किया । इस प्रकार शिवाजी के साहस एवं शौर्य के कारण औरंगजेब को उत्तरी भारत भूमि पर ही संतोष करना पड़ा ।

## ३- इन्दिराविजयप्रशस्तिशतकम्-

इस शतक काव्य की रचना कवि ने श्रीमती इन्दिरा गाँधी के १९७१ में सत्ता में आने पर की है । सत्ता में आने पर श्रीमती गाँधी ने भारत के लोगों को गरीबी से मुक्ति दिलाने की प्रतिज्ञा की-

स्वदेशस्य दीनां दशां भारतस्य
विभाव्येति खिन्ना दयाक्लान्तचित्ता ।

प्रतिज्ञाव्रतं देशरक्षार्थमाधात्

करिष्ये ह्यदीनान् जनान् भारतीयान् ।।

देश के सर्वोच्च पद पर प्रतिष्ठित श्रीमती गाँधी से कवि किसी पद या वस्तु की इच्छा नहीं करता। कवि की एक ही इच्छा है, वह है-

"गो-वध का निरोध।" कवि अपनी इस इच्छा की संपूर्ति के लिए श्रीमती गाँधी से प्रार्थना करता हुआ कहता है-

महादेवि ! याचे गजेन्द्रं न चाश्वं

न याचे विशिष्टं पदं चाद्वितीयम् ।

गवां क्रन्दनं स्यान्न देशे पवित्रे

हृदा प्रार्थनेयं ममार्ये ! तवाग्रे ।।

कवि चाहता है कि भारत में संस्कृत भाषा का विकास हो और देश में कोई विद्याविहीन न हो। कवि ने श्रीमती गाँधी के शासन काल में देश के विकास की भूरि भूरि प्रशंसा की है। भारत और विदेशों में उनकी सुनीति के कारण ही उनकी प्रसिद्धि है। कवि ने श्रीमती गाँधी को नारी के अधिकारों की रक्षक भी माना है[६]। कवि ने उन्हें वर्ण और जाति का उन्मूलक भी माना है[७]। कवि का मानना है कि श्रीमती गाँधी में उदात्त गुण हैं, वह है- अपने-पराये एवं ऊँच नीच की भावना से सर्वथा दूर[८]। कवि इन्दिराजी का यशोगान करता हुआ कहता है कि तुम निर्धनों के लिए धन, धनान्ध शोषक वर्ग के लिए काल, नारी समाज के लिए अशोक वृक्ष और विद्वानों के लिए कल्पवृक्ष हो-

धनं निर्धनानां त्वमेवासि मातः धनान्धस्य वर्गस्य साक्षाच्च कालः।

सुनारीसमाजस्य वृक्षो ह्यशोको विपश्चिज्जनानां कृते कल्पवृक्षः ।।

(श्लोक सं0 ६५)

कवि ने श्रीमती गाँधी की जहाँ प्रशंसा की है वहाँ दूसरी ओर समाज में फैले हुए दुर्व्यसनों की ओर भी उनका ध्यान आकर्षित किया है। उनका मानना है कि दुर्व्यसनों के रहते हुए समाज और देश का समुत्थान सम्भव नहीं है। सुरापान, गो-वध और चलचित्र के प्रचलन से कवि का हृदय दुःखी है-

सुरापानमेकं त्वदीये सुराज्ये द्वितीयं त्रिशूलं गवां क्रन्दनं हा !

वधो वानिशं भारते देवभूमौ कथं नेक्षसे मोतिलालस्य पौत्रि !

(श्लोक सं0 २९)

तृतीयं च दुःखं सुमातर्ममेदं चलच्चित्रलीला प्रमत्ता विमूढाः ।
जना भारते ब्रह्मचर्येण हीना ऋषीणां कुले हन्तः! जाताः कलङ्काः।।
(श्लोक सं0 ३०)

समाज में फैले हुए दुर्व्यसनों के कारण कवि हिन्दू संस्कृति को कीचड़ में निमग्न मानता है । श्रीमती गाँधी को सम्बोधित करते हुए कवि कहता है कि आज भक्ष्याभक्ष्य का कोई विचार नहीं है । शाकाहार और ब्रह्मचर्यव्रत के प्रति लोगों की रुचि समाप्त हो गयी है । उनकी अभिरुचि तम्बाकू, धूम्रपान, बकरा, मुर्गा, मांस, अण्डा और वेश्याओं के प्रति है । आज यज्ञ, वेदपाठ, सन्ध्या-वन्दन और शिखासूत्र का लोगों ने परित्याग कर दिया है । कवि मानता है कि जब तक अपनी भाषा और अपने देश की भूषा नहीं होगी, तब तक देश जागरूक नहीं हो सकता-

न यावत् स्वदेशेऽनिवार्या स्वभाषा
न तावत् स्वतन्त्रोऽभिभाव्यः स्वदेशः ।
न भाषास्मदीया न वेशोऽस्मदीयः
कथं तर्हि देशो भवेज्जागरूकः ।। (श्लोक सं0 ४७ )

कवि ने अन्त में श्रीमती गाँधी के बँगला देश को स्वतन्त्र कराने के प्रयास की प्रशंसा की है । उन्होंने बँगलादेश में अपनी समस्त शक्ति लगाकर उसे स्वतन्त्र करा दिया और बंगबन्धु मुजीबुर्रहमान को अपना बन्धु बना लिया-

बलात् शासनं बङ्गदेशे विधातुं
''मुजीं'' बङ्गबन्धुं सुबन्धुं च कृत्वा ।
अहो ! वन्दिनं पाकदेशप्रशास्ता
नृसंहारभूतं ह्यकार्षीत् कुकृत्यम् ।। (श्लोक सं० १०८)

## ४- शिवशतकम्-

कवि श्री हजारीलाल शास्त्री ने वैराग्य प्राप्ति के उद्देश्य से इस ग्रन्थ की रचना की है । इस शतक ग्रन्थ में भगवान् शिव के लगभग सभी विशेषणों का प्रयोग उन्होंने कर दिया है । इस शतक काव्य के अध्ययन करने से पता चलता है कि शिव संकीर्तन से मानव परम पद को प्राप्त कर लेता है[९] । कवि का कथन है कि मृत्यु समय आने पर ''ॐ नमः शिवाय'' मन्त्र अमूल औषधि का कार्य करता है । इस औषधि के पान से मानव अमरत्व को पाकर सभी दुःखों से मुक्त हो जाता है-

प्रयाणकाल आगते नमः शिवाय चौषधं
सुसेव्य मानवोऽमरः पुनर्न याति संसृतिम् ।
न मृत्युदुःखमाप्नुयान्न मोहजं महाभयं
शिवेति मन्त्रमुच्चरन् विमुच्यते हि किल्विषैः ।।

(श्लोक सं० ६४)

मानव जीवन अति दुर्लभ है । सभी सांसारिक वस्तुएँ नश्वर हैं । इसलिए कवि धर्माचरण करने की प्रेरणा देता है । उसका मानना है कि स्त्री,पुत्र एवं धन आदि तुम्हारे साथ नहीं जायेगा, अपितु स्वधर्म ही साथ जायेगा-

पुनर्न जन्म मानुषं मिलिष्यतीति शोचय
क्षणं क्षणं समस्तमायुरेष्यतीति चिन्तय ।
स्वधर्म एव यास्यति त्वया सहेति बोधय
विधाय मानसे शिवं स्वमानसं विशोधय ।।

(श्लोक सं० २३)

कवि का मानना है कि अन्य देवताओं की अपेक्षा भगवान् शंकर ''ॐ नमः शिवाय'' के मन्त्र से प्रसन्न होकर दुर्लभ वर दे देते हैं[१०] । यही नहीं इस मन्त्र के जप से शिव मूर्ति पर गङ्गा जल चढ़ाने से मोक्षदायक फल मिलता है[११] । कवि का मानना है कि जलधारा (शिव मूर्ति के स्नान मात्र से) से ही भगवान् शंकर प्रसन्न हो जाते हैं[१२] । कवि ने अपने शतक में भगवान् शंकर का कैसा साङ्गोपाग वर्णन किया है-

श्मशानभूमिसंस्थितो जटासु भस्मनाञ्चितो
गलेऽस्थिमालया शिवं सुशोभितः सुरैर्नतः ।
करे कमण्डलुं दधद् गजेन्द्रचर्मणावृतः
सुनृत्यगीतकारिभिः सुपार्षदैश्च सेवितः ।।

(श्लोक सं० ६०)

---

१- शिवप्रतापविरुदावली, द्वित्राः शब्दाः, पृ० ४, श्लोक सं० २

२- शिवप्रतापविरुदावली, प्रतापविजयशतकम्, श्लोक सं० १८,२२,२४,२७

३- शिवप्रतापविरुदावली, प्रतापविजयनामशतकम्, श्लोक सं0 ४६

४- शिवप्रतापविरुदावली, शिवराजविजयनामशतकम्, श्लोक सं0 १५

५- शिवप्रतापविरुदावली, शिवराजविजयनामशतकम्, श्लोक सं० १९

६- इन्दिराविजयप्रशस्तिशतकम्, श्लोक सं0 १६

७- वही श्लोक सं0 २७

८- वही श्लोक सं0 १७

९- शिवशतकम्, श्लोक सं0 १-६, ३२,४४,५३,१००,१०१

१०- शिवशतकम्, श्लोक सं0 ४३

११- वही , श्लोक सं0 ८५

१२- वही , श्लोक सं ४५, ८७

# नारीचित्रणपरक दो मुक्तक रचनाओं-'स्फाटिकी माला' तथा 'नारीगीतम्'-का संवेदन

डॉ0 उमाकान्त शुक्ल

संस्कृत काव्य विशेषकर मुक्तक में नारीचित्रण की परम्परा बहुत पुरानी है। और इस परम्परा का प्रतिपादन करना प्रस्तुत लेख का उद्देश्य नहीं है। यहाँ दो अर्वाचीन संस्कृत मुक्तकों को विचार-परिधि में रखा गया है एक स्फाटिकी माला (स्फा०) और दूसरा नारीगीतम् (ना0)[१]

संयोग है कि दोनों काव्यों के प्रणेताओं ने आजीविका के लिए हिम्दी भाषा और साहित्य को चुना है। स्फा0 के प्रणेता पण्डित विष्णुकान्त शुक्ल जे0 वी0 जैन कालेज सहारनपुर में हिन्दी-विभागाध्यक्ष हैं और ना0 के प्रणेता डॉ० शंकरदेव अवतरे मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय (सान्ध्य) मोतीबाग दिल्ली में प्राचार्य। डॉ0 शुक्ल स्वर्गीय कविरत्न श्री ब्रह्मानन्द शुक्ल साहित्याचार्य के पुत्र और डॉ0 अवतरे पुत्र निर्विशेष शिष्य हैं। दोनों के काव्य का मूल स्रोत एक ही है।

नारी के अनेक नामो में 'अबला' का भी परिगणन हुआ है। नारी के अबलात्व की निराकृति स्फा० का मूल सूत्र है। संस्कारतः नारी को नर का उदार या परिवृद्ध रूप कह सकते हैं। इसे उदात्त भावना के साथ देखना, परखना, और महसूस करना ना0 का उद्देश्य है।

स्फा0 में एक सो नौ मुक्तक-स्फटिक पिरोये गये हैं, जिनमें एक सुमेरुस्थानिक है और शेष से माला का निर्माण हुआ है। क्या नारी को अबला कहना उचित है ? ऐसा कौन सा क्षेत्र है, जिसमें नारी की प्रतिष्ठा नहीं ? क्या उसे अबला कहने वाला स्वयं निर्बल नहीं ? ये कुछ प्रश्न हैं, जिन्होंने स्फा0 की भावभूमि तैयार की है[२]। ना0 के कवि का यह सोच मायने रखता है कि नारी पुरुष की आत्मीय प्रकृति है और आत्मीय प्रकृति का परिचय 'नारीगीतम्' के अलावा और क्या हो सकता है[३]? ना0 में विविध भंगिमाओं, भावभूमियों और सन्दर्भो से नारी के गरिमामय व्यक्तित्व का स्तवन किया गया है। इसे स्तुति-मुक्तक कह सकते हैं।

पुराणसन्दर्भों, उदाहरण के लिए दुर्गासप्तशती[४] में देवत्व के नारी-आकारक-शक्ति-स्तवन को ना0 का मूल सोच मानने में कोई बाधा नहीं दिखाई देती । वहाँ उपश्लोकित विराट् भावना का ना0 में उपोद्वलन हुआ है । यहाँ सम्बोधित नारी एवं तद्गत व्यष्टि और समष्टि के मांसल आकर्षण तथा उसमें अन्तर्निहित सौन्दर्य बोध की भावुक और मंजुल उपस्थापना हुई है । माना कि ना0 का सम्बोध्य नारी है और अभिमुखीकरण सम्बोधन का मूल भाव[५] है तथा तदनुसार ही यहाँ युष्मद् या भवत् पदों के अनुरूप क्रियाओं द्वारा नारी के व्यक्तित्व; जिसमें संवेदन की एकतानता का बने रहना पहली शर्त है; को उकेरा गया है किन्तु फिर भी बीच-बीच में समाविष्ट प्रथमपुरुषीय अभिव्यक्तियों[६] ने जहाँ-तहाँ उस एकतानता को तोड़ा है, प्रत्यक्षीभूत को परोक्षीभूत बनना पड़ा है ।

स्फा0 के मूलभाव का सुदूर अतीत में भर्तृहरि ने भी संस्पर्श किया था जिन्होंने विलोलतरतारकदृष्टिपातों से शक्र आदि को भी परास्त कर दिया हो भला उन्हें 'अबला' कैसे कहा जा सकता है[७] । एक सूक्तिकार ने नारी को सम्बोधित करते हुए पूछा था-हृदय पर दो पर्वतेन्द्रों को ढोने वाली और कटाक्ष से त्रिलोकी को जीत लेने वाली तुम अबला कैसे हो सकती हो ? यदि तुम बलवती नहीं तो कौन बलवान् होगा[८] ? स्फा0 के चौदह[९] मुक्तकों में प्रत्यक्षतः नारी के अबलात्व का खंडन किया गया है । नारी के अबलात्व का परोक्षतः खंडन करने वाले मुक्तक अलग-अलग सन्दर्भों से लिखे गये हैं । यह द्रष्टव्य है कि स्फा0 में विशेषण या विधेय के रूप में नारी के अबलात्व का आदि से अन्त तक खंडन है । केवल एक मुक्तक ही ऐसा है जिसमें अबला को विशेष्य रूप में पढ़ा गया है[१०] और वह भी तब जबकि अबला शब्द की अवधारणा सुस्पष्ट कर दी गयी है । कवि ने अबला शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए कहा है कि अकार कहते हैं विष्णु को और उनका बल है माया, अतः जिसमें अकार (विष्णु) का बल (माया) वह 'अबला' कहलायेगी, न कि बलहीना। अः = अकारः = विष्णुः, तस्य बलम् (माया) यस्यां सा अबला[११] ।

ना0 पूर्वार्ध (पू0) और उत्तरार्ध (उ0) इन दो अर्धों में विभक्त है । पू0 में नारी के आकर्षण की महिमा अंकित है और उ0 में उसका इतिहास दर्शन है ।[१२] पू0 में एक सौ सोलह और उ0 में एक सौ चालीस; जिनमें कुछ उपसंहारात्मक हैं; पद्य हैं । कुल संख्या दो सौ छप्पन है । इनमें से इक्यावन मुक्तक जीवनमुक्तकम्[१३] में संकलित हैं । ना0 का कलेवर स्फा0 के कलेवर से दुगुने से भी अधिक है, किन्तु नारी की विविधता स्फा0 में अधिक है ।

ना0 का कवि नारी-आकर्षण के उदात्त स्वर का कवि है । आक्षेप किया जा सकता है कि उसने नारी की वर्तमान समस्याओं को छुआ भी नहीं है । किन्तु नारी की दीनता और हीनता की ही वर्णना की जाय-यह अनिवार्य और आवश्यक भी तो नहीं । ना0 के कवि का मिजाज गीतकार का मिजाज है, निबन्धकार का नहीं ।

स्फा0 के कवि ने नारी पर होने वाले अत्याचारों की झलक दिखाते हुए अपने कविधर्म का निर्वाह कर दिया है।[१४] ना0 में भी उसके तिरस्कारजन्य परिणाम के संकेत दिये गये हैं।[१५] मूल में नारी का समग्र दर्शन होने से स्फा0 और ना0 दोनों के कवियों ने अपने मुक्तकों को शीर्षकों या उपशीर्षकों में नहीं बाँटा है, यद्यपि इस बँटवारे की संभावनायें बहुत साफ है। स्फा0 के मुक्तकों को नारी के सन्दर्भ से (१) काम (२) स्पर्श (३) सेव्यता (४) सुरत (५) रूप (६) मातृत्व (७) गार्हस्थ्य (८) अधिसंख्यता (९) माहात्म्य (१०) आकर्षण (११) समाज जैसे उपशीर्षकों में रखा जा सकता है। कुछ मुक्तक फुटकर माने जा सकते हैं, जिनमें नारी को कामुकों की मृगतृष्णा और सुपथगामियों की गंगा[१६], पुरुष के मोक्ष का साधन[१७] औषधि और गंगा के समान श्लाघनीय[१८] बताया गया है। नारीं के मन की थाह[१९] और उसकी मार[२०] पर तथा नारी के सम्बन्ध में पुरुषार्थ[२१] पर चर्चा की गयी है। नारी के अधिकारों पर पुरुष के अतिक्रमण पर चुटकी लेते हुए कवि ने कहा है-

पुरुषासनमध्यास्ते यदि महिला नास्ति चित्रमपि किञ्चित्।
महिलासनस्थितानां पुरुषाणां निन्दिता कीर्तिः ।।[२२]

एक अन्य मुक्तक में श्लेष का आश्रय लेकर पहले गर्भवती पुनः पुत्रोत्संगवती महिला की नालायक पति पर होने वाली प्रतिक्रिया का विवरण इस प्रकार दिया गया है-

अन्धो भवति भुंजङ्गोऽन्तर्वत्नीभिर्विलोकितः क्रूरः।
पुत्रोत्सङ्गवतीभिर्दूरीक्रियतेऽन्धता तस्य ।।[२३]

पिचासीवें मुक्तक से समाप्तिपर्यन्त इतिहासप्रसिद्ध महिलाओं के प्रसंग से अपने कथ्य-नारी की सबलता-में प्रमाण प्रस्तुत किये गये हैं। इस सन्दर्भ में पन्ना धाय, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, कैकेयी, रुक्मिणी, गोल्डा मायर, विक्टोरिया, एलिजाबेथ, गान्धारी, उर्मिला, द्रौपदी, विद्योत्तमा, रत्नावली, शीला भट्टारिका, सूरीका, विज्झिका, क्षमाराव, गौरी, विकटनितम्बा, तारा तथा मन्दोदरी की चर्चा हुई है।

ना0 के पू0 के मूल संवेदंन-नारी आकर्षण-के धरातल पर मुक्तकों का जिन शीर्षकों और उपशीर्षकों में विभाजन संभव है वे ये हो सकते हैं-सौन्दर्य; स्नेह; अंगप्रत्यंग-मुख, कपोल, नेत्र, अधर, श्वास, कमर, केश; चांचल्य; अलंकार, देहयष्टि; आदि। नारी की सरसता, संकल्पशक्ति, मातृत्व आदि विविध रूप, उसका देवत्व के रूप में विकास, प्रकृति पर प्रभाव, संगति, दर्शन, काम, नारी और पुरुष का सम्बन्ध, नारी का व्यक्तित्व, सामान्य प्रवृत्ति, उसका वामात्व, स्मृतियाँ, आश्लेष आदि भी मुक्तकों के वर्गीकरण के तत्त्व हो सकते हैं।

उ0 में बहुत से पौराणिक आख्यानों और इतिहास के हवाले से नारी के

विभूतिमत् व्यक्तित्व को उभारने वाले कवि की पौराणिक आख्यानों की प्रतीकात्मक व्याख्याएँ मन को गुदगुदाती हैं। कवि ने पार्वती, वैष्णवी, मोहिनी, जगदम्बा, काली, लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, किरणवती रजिया सुल्ताना, जान, सरस्वती, विश्वमोहिनी, दमयन्ती, उर्वशी, रम्भा, अहल्या, मत्स्यगन्धा (सत्यवती), पिंगला, इडविडा, घृताची, तिलोत्तमा, हाडा, वाल्मीकि की पत्नी, सीता, द्रौपदी, सावित्री, अनसूया, इन्द्राणी, सुरुचि, सुदामा की पत्नी, राधा, मीरा, विद्योत्तमा, रत्नावली, मण्डनमिश्र की पत्नी, मैत्रेयी, गार्गी, विदुला आदि के माध्यम से नारी के इतिहासदर्शन की सामग्री प्रस्तुत की है।

इनमें कुछ चरित ऐसे हैं जो स्फा0 और ना0 दोनों में समाविष्ट है। स्फा0 और ना0 दोनों के कवियों को इन चरितों या आख्यानों को कालक्रम से प्रस्तुत करना अभीष्ट नहीं है। मुक्तक विधा के लिए यह अभिप्रेत भी नहीं है। मुक्तक कवि भावधारा में आते चरितों का उपयोग भर कर लेता है, यही उसका कविकर्म है। हाँ, ना0 के पू0 की चौंतीस और उ0 की अठहत्तर सूक्तियों ने काव्य छवि को चारुता का उपहार दिया है। स्फा0 में इक्की दुक्की ही सूक्तियाँ मिलेंगी। यद्यपि डा0 अवतरे ने नारी के बहुआयामी व्यक्तित्व को गाया है तथापि उसका भावबोध भारतीय ही रहा है। भारतभूमि के रूप में नारी का चित्रण करते हुए कवि ने उसके प्रति अपने श्रद्धातिशय और आकर्षण को मुखर कर दिया है-

गङ्गाकलिन्दतनयाशुचिशीतलाक्षीं
वक्षःस्थले सुदृढविन्ध्यहिमालयास्थाम्।
मध्याञ्चले च रमणीयतरप्रदेशां
त्वां कल्पये सुतनु भारतपुण्यभूमिम्॥[२४]

नारी के स्पर्श, शब्द, रूप, रस, और गन्ध विषयक सुखों की मार्मिक अनुभूति की व्यंजना के लिए यह पद्य पर्याप्त होगा-

पार्श्वस्थिता त्वमसि मे श्रवणस्थिता च
चक्षुःस्थिता त्वमसि मे रसनास्थिता च।
श्वासस्थिता त्वमसि मे हृदयस्थिता च
मृत्यूत्तरेऽपि नहि वेद्मि विमोक्ष्यसि त्वम्॥[२५]

डा0 अवतरे की अवधारणा है कि ना0 कथा की दृष्टि से प्रबन्ध काव्य न होते हुए भी विचारक्रम की दृष्टि से एक प्रबन्ध काव्य का प्रयोग है जो एक ही समयक्रम से लिखा गया है।[२६] डा0 शुक्ल ने अपने विचारों को यदा कदा काव्यबद्ध किया है।[२७] जहाँ तक विचार की क्रमबद्धता का प्रश्न है वह स्फा0 और ना0 दोनों में ही

दिखाई देती है। एक में माला का सा बन्ध है और दूसरे में गीत का सा। किन्तु इन दोनों की प्रकृति मुक्तक की ही है अतः इन्हें मुक्तक काव्य के रूप में ही स्वीकारा गया है ।

स्फा0 के समस्त मुक्तक आर्या और ना0 के वसन्ततिलका में समाहित हैं। यह पूछना कि इनमें वृत्तों का वैविध्य क्यों नहीं अपनाया गया या यह परामर्श देना कि वृत्तों की विविधता से मुक्तकों की निकाई कुछ और ही बनती अप्रासंगिक है। हाँ, इस मुद्दे पर संभावना के कपाट बन्द नहीं हुए हैं ! कह सकते हैं कि उभयत्र आद्यन्तव्यापी वृत्त की लयात्मक एकता ने नारी में अन्तर्निहित उस अनुभूत्येकप्रमाण तत्त्व को मुखर किया है जो एकान्ततः और अत्यन्ततः नारी में ही है। मधुर भावाभिव्यक्ति के लिए आर्या वृत्त का चयन कविपरम्परा से प्रमाणित है। इसी परम्परा का निर्वाह स्फा0 में किया गया है। आचार्य पण्डित सीताराम चतुर्वेदी ने स्फा0 में आर्या वृत्त के औचित्य को उजागर किया है।[२८] ना0 के कवि ने नारी को 'वसन्ततिलकायितशुभ्रहासा'[२९] कहा है। इसमें कोई अचरज नहीं कि कवि प्रकृतार्थपरक पदों द्वारा मुद्रा अलंकार की योजना कर यही सूचित कर रहा है कि ना0 की रचना के लिए वसन्ततिलका वृत्त ही सर्वश्रेष्ठ है।[३०] काव्यसमाधि में आत्माभिव्यक्ति का जो राग कवि को अभिभूत करले और जिस लय में उसका संवेदन छलक उठे वही उसका सिद्ध छन्द होता है। उस पर प्रश्न करने जैसी या परामर्श देने जैसी छेड़ छाड़ करना दुःसाहस भी है और अपराध भी। उसकी काव्यप्रसूति सृष्टि प्रक्रिया में प्रवृत्त होने वाली किसी भी आनन्दगर्भित पीड़ा से कम नहीं। चेतना के गर्भ में हलचल करते रागात्मक भाव को सही ढंग से प्रसव देना ही कविकर्म की सफलता है और यह सफलता इन दोनों कवियों में अप्रतिहत है।

स्फा0 और ना0 के तेवर में एक अन्तर साफ दिखाई देता है। स्फा0 में नारी को सबल सिद्ध करने के लिए बहुत सारे तर्क दिये गये हैं, अतः इसका काव्य तर्कनाप्रधान है। ना0 में नारी का स्तवन है अतः इसका काव्य भावप्रवण है।

स्फा0 और ना0 के अनेक मुक्तकों में प्रवृत्ति और भावगत सामान्य दिखायी देता है। दोनों कृतियाँ मातृशक्ति को समर्पित की गयी हैं। स्फा0 उस ममतामयी माँ को अर्पित हैं जो पुत्र को अपने गर्भ, अंक और अन्तःकरण में धारण किये रहती है तथा ना0 नारी जाति की आलोक-पताका राष्ट्रमाता हुतात्मा श्रीमती इन्दिरा गान्धी को समर्पित है। स्फा0 के प्रारंभ में उन भगवान् शंकर को प्रणाम किया गया है जो काम को भस्म कर देने पर भी समुद्रमन्थन के अनन्तर विष्णु के नारीमय मोहिनी रूप को देख कर मुग्ध हो गये थे।[३१] देवचरित के प्रसंग से यहाँ नारी शक्ति का उत्कर्ष प्रदर्शित करना कवि की अभीप्सा है। ना0 के कवि ने प्रतिज्ञा की है कि वह देवताओं और विविध अवतारों को छोड़ कर केवल नारी के चरित्र का ही गान करने जा रहा है क्यों कि यही उसके काव्य का मंगल है।[३२] स्फा0 नारी को कुल

कूलद्वयसेतु[३३] मानती है ना0 में उसे उभय कुल की प्रतिष्ठा कहा गया है ।[३४]

स्फा0 और ना0 दोनों पर ही मनु के **'द्विधा कृत्वाऽऽत्मनो देहमर्धेन पुरुषोऽभवत्। अर्धेन नारी तस्यां स विराजमसृजत् प्रभुः ।।**[३५] का प्रभाव देखा जा सकता है । स्फा0 का तर्क है क्योंकि स्त्री पुरुष सृष्टि के आरंभ में हिरण्मय अण्ड-ब्रह्माण्ड-के आधे-आधे अंश से उत्पन्न हुए हैं, अतः इसमें कोई छोट-बड़ाई नहीं, ये दोनों ही बराबर हैं ।[३६] ना0 का अनुमान है-क्योंकि नारी को देखकर मनुष्य का चित्त काँप उठता है और रक्तचाप बढ़ जाता है अतः यह ठीक ही कहा गया है कि स्त्री और पुरुष एक ही तत्त्व के दो रूप हैं ।[३७] स्फा0[३८] और ना0[३९] दोनों ही **'स्त्रियश्चरित्रं पुरुषस्य भाग्यं दैवो न जानाति कुतो मनुष्यः'** इस लोकोक्ति के प्रति श्रद्धालु है । स्फा0 और ना0 दोनों **'दृशा दग्धं मनसिजं जीवयन्ति दृशैव याः। विरूपाक्षस्य जयिनीस्ताः स्तुमो वामलोचना**[४०] ।।' के पक्षधर हैं । स्फा0 के मंगलाचरण और ना0 के उ0 के प्रारंभ में यही दर्शन है । नारी के वामात्व पर स्फा0[४१] और ना0[४२] दोनों ही कटाक्ष करते हैं । दोनों में किलकिञ्चित का बोध भी तुलनीय है[४३]।

यदि स्फा0 की चार आर्याओं; जिनमें नारी का माता पिता को छोड़ कर ससुराल जाना, पुत्र के पोषण में अपना यौवन अर्पित कर देना और उसका पालन करना तथा पति के घर की शोभा बनना वर्णित है;[४४] का अधिकांश ना0 के एक ही श्लोक में[४५] उपलब्ध है तो स्फा0 में चण्डी, दुर्गा, सीता, राधा, प्रकृति, सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में आकलित नारी के मूलभूत दर्शन का[४६] ना0 के उ0 में विस्तार देखा जा सकता है । स्फा0 में नारी के आकर्षण की व्यापकता प्रदर्शित की गयी है,[४७] इस आकर्षण का विस्तार ही ना0 के0 पू0 का संवेदन है ।

स्फा0 की नारी भावना ने स्त्रीलिंग शब्दों को भी नारी का प्रतीक मान कर नारी तत्त्व की विवेचना की है[४८] उसमें यत्र तत्र लोक जीवन के भी दर्शन हुए हैं।[४९] स्फा0[५०] और ना0[५१] दोनों ही इस सत्य को स्वीकार करते हैं कि सृष्टि-प्रक्रिया में अकेला पुरुष कितना असहाय होता है । स्फा0[५२] और ना0[५३] उभयत्र नारी को पुरुष के पुरुषार्थ-सम्पादन का प्रेरक माना गया है ।

प्राकृतिक तत्त्वों के माध्यम से दोनों मुक्तकों में नारी को निरूपित करने का प्रयास किया गया है स्फा0 नारी को गंगा के रूप में चित्रित करती है[५४], ना0 नदी के रूप में[५५] ।

नारी की सन्निधि का प्रभाव उभयत्र परिलक्षित हुआ है । उदाहरण के लिए स्फा0 में नारी के स्पर्श या कोप को कम्प का हेतु माना गया है[५६] जब कि ना0 उसके दर्शन को कम्प का हेतु मानता है[५७] ।

दोनों मुक्तकों में यत्र तत्र पूर्ववर्ती कवियों का अर्थानुहरण भी किया गया है।

इस प्रसंग में मनु तथा राजशेखर की विद्धशालभंजिका की चर्चा ऊपर आ चुकी है। स्फा0 में आयुर्वेद[५८] सांख्यदर्शन[५९], नीतिशास्त्र,[६०] ऋग्वेद[६१] आदि से प्रभावित आर्याएँ उपलब्ध हैं। ना0 में 'नान्ध्रीपयोधर इवातितमां प्रकाशः' इत्यादि सुप्रसिद्ध श्लोक का[६२] तथा भास[६३] और कालिदास[६४] आदि का प्रभाव परिलक्षित हुआ है।

स्फा0 की भाषा प्रायः सीधी-साधी और प्रसाद-प्रांजल है, ना0 की सालंकार[६५]। दोनों में कहीं हिन्दी मुहावरों का अनुवाद भी कर लिया गया है। स्फा0 में 'मैं विदग्ध नारी को क्या खाकर अबला कहूँ' जैसी हिन्दी मुहावरे की अभिव्यक्ति को संस्कृत में अबलां कथयानि किं भुक्त्वा[६६], रूप में अनूदित करने से संस्कृत-अभिव्यक्ति स्फीत नहीं हो सकती है। ना0 में 'मुँह जोहते रहना' या 'आँखों में आँखें डालना', मुहावरों का नित्यं पठन्ति पुरुषा वदनं त्वदीयम्[६७], या 'नेत्रं निपातयति यस्तव नेत्रमध्ये[६८], रूप में अनुवाद चेतोहारी नहीं कहा जा सकता।

ना0 के श्लोकों में पूर्वार्ध और उत्तरार्ध का विभाग न करना तथा दोनों विभागों में आवश्यक सन्धिनियमों का निर्वाह न करना बन्ध को शिथिल बनाता गया है। स्फा0 प्रायः इस दोष से मुक्त रही है[६९]।

संक्षेप में नारीपरक अर्वाचीन संस्कृत मुक्तकों में स्फा0 के कवि की मूल चेतना नारी को अबला मानने के लिये कतई तैयार नहीं है। आदि से अन्त तक उसका सरंम्भ उसके सबल व्यक्तित्व को प्रस्तुत करने में रहा है। ना0 ने उसके सबल व्यक्तित्व को आर्कषण दिया है। स्फा0 के मुक्तक नारी के रेखाचित्र स्थानीय प्रतीत होते रहें हैं ना0 में उनमें रंगों का योग परिकल्पित किया गया है। जहाँ तक प्राणवत्ता का प्रश्न है वह दोनों कृतियों में है। स्फा0 का मन्तव्य है कि नारी कवियों के लिए कमनीय है[७०] ना0 का कवि उसे वर्णनातीत मानता हुआ भी उसकी अभिरामता के कारण उससे विराम प्राप्त नही करना चाहता[७१]।

---

१. स्फा0 का प्रकाशन सुधाकमल ग्रन्थालय, मुजफ्फरनगर (उ0 प्र0) से १९८० में तथा ना0 का साहित्य सहकार दिल्ली से १९८५ में हुआ है।

२. द्र0, स्फा0, द्वित्राः शब्दाः, पृ0 १ ॥

३. आत्मीया प्रकृतिर्नारी पुरुषस्य यदुच्यते।
तदात्मानं संस्तुवता नारीगीतं विधीयते ॥ ना0, प्रस्थानभेदः-६ ॥

४. उदाहरणार्थ दुर्गासप्तशती के ग्यारहवें अध्याय में इन्द्रादि देवताओं द्वारा की गयी कात्यायनी देवी की स्तुति को लिया जा सकता है ॥

५. यद्वस्तु येनाकारेण सिद्धं तस्य तेनाकारेणाभिमुखीकरणं सम्बोधनम्।
सम्बोधने च (पा0 २/३/४६) पर पद्मंजरी।

६. ना0 पू0 ४, ८, १६, ३०, ३२ आदि, उ0 ९२-९९ आदि ।

७. नूनं हि ते कविवरा विपरीतबोधा

ये नित्यमाहुरबला इति कामिनीनाम् ।

याभिर्विलोलतरतारकदृष्टिपातैः

शक्रादयोऽपि विजितास्त्वबलाः कथं ताः ।। श्रृंगारशतक ११ ।।

८. हृदये वहसि गिरीन्द्रौ त्रिभुवनजयिनी कटाक्षेण ।

अबला त्वं यद्वि मन्ये के बलवन्तो न जानीमः ।। वाचस्पत्यम् में उद्धृत

९. स्फा0 २-४,५,६,९,१०,१३,२२,२५,४९,७४,७९,८३, ।।

१०. वही-८३ ।।

११. कथितो विष्णुरकारो माया बलमस्ति तत्त्वतस्तस्य ।

सा चेयमेव नारी सिद्ध्यत्यबलात्वमप्यस्याः ।। वही ७९ ।।

न बलं यस्याः सा अबला-यह अबला शब्द की प्रसिद्ध व्युत्पत्ति है । अल्पं बलमस्याः सा, अथवा नास्ति बलं यस्याः सा अबला-इस रूप में भी इसकी निरुक्ति की जाती है, अबला में नञ् अल्पार्थक है ।

१२. पू0 और उ0 की पुष्पिकायें इस प्रकार हैं- (क) इति नारीगीते नार्याकर्षणमहिमाङ्कितः पूर्वार्धः (ख) इति नारीगीते नारीतिहासदर्शनाङ्कितः उत्तरार्धः।। वास्तव में इस विभाग की कोई आवश्यकता नही है । कारण, उ0 के बहुत से ऐसे मुक्तक हैं जो पू0 विषयक प्रतीत होते हैं और पू0 के कुछ मुक्तक उ0 में रखे जा सकते हैं ।।

१३. जीवनमुक्तकम् (शङ्करदेव अवतरे-विरचितम्) प्रथम संस्करण १९८९ । प्रकाशक-साहित्य सहकार ई-१०/४ कृष्णनगर, दिल्ली-५१ ।।

१४. स्फा0 १४, २९, ४१, ४२, ।।

१५. ना0 उ0 ५७, १०३ ।।

१६. स्फा0 १०८ ।।

१७. वही-१०९ ।।

१८. वही-७७, ७८ ।।

१९. वही-६४ ।।

२०. वही-४९ ।।

२१. वही-९७ ।।

२२. वही-९८ ।। लोक में देखा जाता है, यदि महिला पुरुष के आसन (रेल, बस आदि की सीट) पर बैठ जाती है तो कुछ भी आश्चर्य नही होता, पर महिलाओं के आसन (सीट, कम्पार्टमेण्ट आदि) पर बैठने वाले पुरुषों की निन्दा ही होती है ।।- अनुवाद ।।

२३. स्फा0 १०४ ।। क्रूर भुजंग (धूर्त, नालायक पति और सर्प) गर्भवती स्त्रियों के द्वारा देखा जाने पर अन्धा (सहवास के अभाव में किंकर्तव्यविमूढ और आँखों से अन्धा) हो जाता है । किन्तु पुत्र से भरी हुई गोद वाली उन्ही स्त्रियों के द्वारा उसकी अन्धता दूर की जाती है ।।-अनुवाद ।।

२४. ना0 पू0 १५ ।।

२५. वही उ0 १२१ ।। स्फा0 ७० नारी को भारतवर्ष में सद्गुण की जननी कहती है ।

२६. जीवनमुक्तकम्, पुरश्चरण, पृ0 १ ।।

२७. मया एतदेव विचार्य यदा कदा स्वविचारा आर्यासु निबद्धाः । स्फा0, द्वित्राः शब्दाः, पृ0 १ ।।

२८. स्फा0, शुभाशंसन, पृ0 १ ।।

२९. ना0 पू0 १६ ।।

३०. हम देखते हैं कि 'अव्यक्तभावनिर्विण्णतया परात्मा' ना0 उ0 ११८ में छन्द विसंष्ठुल हो गया है ।

३१. स्फा0, मंगलश्लोक ।।

३२. ना0 पू0 १ ।।

३३. स्फा0 ५0 ।। ना0 उ0 ५३ में नारी को स्वर्ग और नरक को मिलाने वाला सेतु कहा गया है ।।

३४. ना0 पू0 ९० ।।

३५. मनुस्मृति १ /३२ ।।

३६. स्फा0 ७४ ।।

३७. ना0 पू0 ४८, द्र0 ८५ ।।

३८. स्फा0 १९ ।।

३९. ना0 पू0 ५५, ८१ ।।

४०. विद्धशालभञ्जिका १/२ ।।

४१. स्फा0 ७२ ॥

४२. ना0 पू0 ९१, ९२ ॥

४३. स्फा0 १७, ना0 पू0 ९३ ॥

४४. स्फा0 ३३, ३४, ३५, २६, ॥

४५. ना0 पू0 ९ ॥

४६. स्फा0 २ ॥

४७. वही- ८, २७, ५५, ६८, ७१ ॥

४८. स्फा0 ३०, ३१, ३९, ६५, ६६, १०६ ॥

४९. वही- २६, २९, ६१, ५३, ६२ ॥

५०. वही-३६ ॥

५१. ना0 पू0 ४ ॥

५२. स्फा0 ३१ ॥

५३. ना0 उ0 ११६ ॥

५४. स्फा0 ७७ ॥

५५. ना0 पू0 ५१ ॥

५६. स्फा0 ४, ५१ ॥

५७. ना0 पू0 ४८ ॥

५८. स्फा0 १३, १८ ॥

५९. वही-२०, ३६ ॥

६०. वही-२३, २४, ७५, ८०, ॥

६१. वही-२७ ॥

६२. ना0 पू0 ७८ ॥

६३. ना0 पू0 १०३ ॥

६४. ना0 उ0 ८१, ८३ ॥

६५. ना0 में '**नारी त्वमेव परिचालयसि त्रिलोकम्** (ना० पू0 ७) में सम्बुद्धि में 'नारि' रूप होना चाहिए । '**ते रूपधूप उपगन्धयते मनांसि**' (पू0 २६), '**ते कुन्तलभ्रमरका भुजगायमानाः**' (पू0 ४७), '**ते तप्तदुग्धतुलनीयशरीरवर्णम्**' (पू0 ५८) '**ते संस्तवाय यतते हृदि संस्तुतः सन्**' (पू0 १०८) आदि वाक्यों के

प्रारम्भ में युष्मद् शब्द के षष्ठी एक वचन के स्थान पर होने वाला 'ते' आदेश अनुचित है। **'मात्रं स्वरोऽपि तव सस्वरगीतबन्धः'** (पू० २६), **'मात्रमनोरमां त्वाम्'** (पू० ९४), **'मात्रं पयोधरघटौ न पयोमुखौ ते'** (उ० ४६) में मात्रच् प्रत्यय का अकेले या आदि में प्रयोग ठीक नही। **'चूर्णेषु कुन्तलचयेषु नियन्त्रणाय'** (पू० ६५) में चूर्ण और कुन्तल का व्यस्त रूप 'केश' अर्थ का अभिधायक नही है। **'तत्तः समस्तभुवनं भयभीतमस्ति'** (पू० ८८) में 'भय' पद अनावश्यक है। **'वह्नेः शिखेव दहसे पुरुषव्यलीकम्'** (पू० ८९) में 'दहसे' यह आत्मनेपद रूप अशुद्ध है। **'वाढं च वर्धयति दैहिक रक्तचापम्'** (पू० ४८) या **'श्वासं समेधयति वर्धितरक्तचापम्'** (पू० ९९) में 'रक्तचाप' प्रयोग अरुचिकर है। 'नारीवियोगमसहन्' (उ० ३५) में असहन् रूप अशुद्ध है।

६६. स्फा० ४९ ॥

६७. ना० पू० ५० ॥

६८. वही पू० ९६ ॥

६९. स्फा० ४९, ६५, आदि अपवाद हैं।

७०. स्फा० ७२ ॥

७१. ना० उ० १२३ ॥

# डॉ० उमाकान्त शुक्ल के दीपमालिकाभिनन्दन-मुक्तक

अरविन्दनाभ शुक्ल

संस्कृत विद्वानों में जहाँ संस्कृत भाषा के माध्यम से गद्य या पद्य में पत्रव्यवहार होता देखा गया है वहीं विशिष्ट पर्वों या उत्सवों पर कवियों में संस्कृत रचनाओं के माध्यम से एक दूसरे की मंगल-कामना की परिपाटी भी दिखायी देती है ।

डॉ0 उमाकान्त शुक्ल के दीपावली-अभिनन्दन-पत्रकों ने संस्कृत-समुदाय को आवर्जित किया है । उनका समस्त परिवार इन पत्रों के प्रेषक के रूप में सामनें आया है । पिछले दस वर्षों से वे, उनकी पत्नी डॉ0 सविता शुक्ल प्रवक्ता रसायनविभाग डी0 ए0 वी0 कालेज मुजफ्फरनगर, पुत्र अरविन्दनाभ शुक्ल, पुत्रियाँ कु0 सुस्मिता शुक्ल और कु0 प्रज्ञा शुक्ल इन दीपावली-अभिनन्दन-पत्रों को विद्वत्समुदाय की सेवा में प्रेषित कर रहे हैं । श्री शुक्ल ने होली पर्व पर सौ से अधिक आर्याएँ लिख छोड़ी हैं, दीपावली पर भी सौ श्लोकों की रचना करने का उनका विचार है।

इन दीपावली-मङ्गल-कामनाओं की रचना-कला बड़ी मार्मिक हैं । क्योंकि उनके ये पत्र हिन्दी-भाषी मित्रों के पास भी जाते हैं अतः इन श्लोकों का एक वाक्य में भावानुवाद या कभी कभी काव्यानुवाद भी कर दिया गया है ।

इन माङ्गलिक श्लोकों का उद्देश्य लोक की मङ्गल-कामना करना है-इसमें कोई सन्देह नहीं । दीपावली-वर्णना भी इनका एक आकर्षण है । अँधेरी रात में दीपकों की दीप्ति का वर्णन करता कवि काले और सफेद की जो भेदमूलक संयोजना करता है उससे चेतना में एक मधुर सिहरन सी अनुभूत होती है । दीपावली महोत्सव में दीपक की लौ को जब जूही की कली का रूप देना चाहा तभी उसे नायिका के जूड़े का स्मरण आना नितान्त स्वाभाविक प्रतीत हुआ । अँधेरी रात की दीपमाला में जूड़े में टँकी जूही का बिम्ब मुखर हुआ नहीं कि मंगल-मोद का वातावरण बनने लगा-

धम्मिले यूथिकेवाङ्ग
राजमाना सुमङ्गला ।
ध्वान्तेऽस्मिन् दीपमालेयं
कुर्याद् वो मङ्गल शुभम् ।।[१]

अँधेरे में दूर-दूर तक फैली दीपमालाओं पर ध्यान टिका नहीं कि कवि का ध्यान बदल गया। उसे ऐसा लगा जैसे तमाल के समान काले तमःप्रसार में स्वर्ण की रेखा खींच दी गयी हो। फिर पूजा के दीपक-मिट्टी के दीपक-में रचना को उजागर करना चाहा तो उसे उनका आकार नखक्षत के आकार सा वक्र दिखायी दिया। एक साथ ही अँधेरे, उसमें दीपमाला और दीपक के आकार ने कुछ इस प्रकार के काव्य को जन्म दिया है-

तमालनीले तमसां वितानें
समर्पिता स्वर्णमयीव रेखा।
नखक्षताकार-बलि-प्रदीपै-
दीपावली वस्तनुतां प्रमोदम् ॥[२]

ऋजु, आयत, वक्र, सान्द्र और सान्तराल दीपमालाएँ देख अपना प्रमोद औरों को भी बाँटा है। अँधेरे में ये प्रकाश-रेखाएँ ऐसी लगी हैं जैसे साँवली के शरीर पर चन्दन की पत्र रचना कर दी गई हो-

ऋज्वायता लम्बितवक्रभावा
सान्द्रा क्वचित् क्वापि च सान्तराला।
तमस्ततेश्चन्दनपत्रभङ्गी
दीपावली दिश्यतु वः प्रमोदम् ॥[३]

कवि को इन दीप पंक्तियों में कभी-कभी मुखर होने का बोध भी हुआ है। उसे लगा है दीपमाला कोई छन्दोविशेष है या छेकोक्ति की रमणीय कल्पना है। दीपमाला का प्रसारशील रूप उसे सोने की धुनकी और अँधेरा मलिन रुई जैसा लगा। कामना की गयी कि सभी अँधेरे उजले हो जायें-दीप-पंक्तियों-सोने की धुनकियों से तम-तूल को छाँटती दीपमाला आपका मङ्गल करे

छन्दोविशेषनिचितैरिव दीप्रदीपै-
श्छेकोक्तिरम्यकलना शुभदीपमाला।
व्याप्तं तमःपिचुभरं धवलीकरोतु
सौवर्णपिञ्जनशतैरिव पिञ्जयन्ती ॥[४]

दीपकों की मुखरता का एक अनुपम चित्र इस रूप में बनाया गया है। अमावस्या एक चिड़िया है, वह ज्यों ही निकट आयी कि दीपक रूपी अण्डों से प्रकाश के चिरौटे अँधेरे के घोंसले में चूँ चूँ करके लौ की चोंच खोल फुरफुराने लगे। साङ्गरूपक के माध्यम से दीपकों की हलचल का चित्र है यह-

अमा-सवित्रीं प्रविलोक्य पार्श्वे

शिखा-सृपाटीं प्रविभिद्य सोत्काः ।

स्फुरन्ति चूङ्कृत्य तमःकुलाये

दीपाण्डकेभ्यो द्युति-चाटकैराः ॥[५]

एक और रचना में मङ्गलकामना करते हुए कवि ने कहा है-द्वार भीत खिड़की पर दीपक चिरौटे बैठ फुरफुरायें । खील खिलखिलायें । द्युतिपुष्प हसें ह! ह! ह! ह! लक्ष्मी विभावित हो मङ्गलमय दीपावली -

उद्यच्छिखैर्दीपकचाटकैरै-

राच्छादितद्वारगवाक्षकुड्या ।

लाजैः प्रसन्नैर्द्युतिकुड्मलैश्च

दीपावली भातु विभावितश्रीः ॥[६]

पक्षियों की संयोजना के माध्यम से या प्राकृतिक विभूतियों के मेल से दीपावली का दृश्य भी सुन्दर बना है, जिसमें अँधेरे में चमकती सुग्गों की चोंच सी लाल दीपावली ऐसी लगती है जैसे ताड़-कुञ्ज में पाटल की कलियाँ खिल गयी हों-

तालीवने पाटलकुड्मलानां

विडम्बयन्तीव विकासलीलाम् ।

कीराङ्गनात्रोटिमनोहरश्रीः

शिवं विदध्यान्नवदीपमाला ॥[७]

पढाई लिखाई में लगे लोग जब भी कोई महत्त्वपूर्ण पंक्ति देखते हैं उसे रेखांकित कर लेते हैं । काल एक महाप्रबन्ध है,उसमें अंधकार के अक्षर हैं और दीपावली उसके महत्त्वपूर्ण अंश पर ऐसी लगती है जैसे कोई गैरिक रेखा खींच दी गयी हो या यह ऐसी भी लगती है जैसे प्रकाश की नहर हो-

तमोऽक्षरे कालमहाप्रबन्धे

न्यस्तां क्वचिद् गैरिकरागरेखाम् ।

विडम्बयन्ती कुरुताच्छिवं वो

दीपावली ज्योतिरदभ्रकुल्या ॥[८]

दीपक की लौ उठते हजारों सुवर्ण भालों सी या तिलक सी या कुन्दकली सी लगती है , दीपक सजीव प्राणी की तरह चूडाल हो उठे हैं-

उद्यद्धिरण्मयसहस्रकरालकुन्त-

च्छायानुकारकुशलास्तिलकाभिरामाः ।

कौन्दप्रगल्भनवकुड्मलकान्तिशिल्पा-

श्चूडालदीपकलनास्तिमिरं दहन्तु ।।[९]

दीपावली कहीं प्रकाश के वृक्ष की कली सी,कहीं सोने के पासों सी, चौराहे पर चौसर सी लग रही है । लगता है वह निर्मल प्रकाश की रेखाओं से रेखा गणित सीख रही है । हँसती खील और मिठाइयाँ मङ्गल करें ! इस कामना को इन श्लोकों में ढाला गया है-

क्वचित्प्रकाशद्रुमकुड्मलाभा

क्वचिच्च हैमाक्षकलापवीक्ष्या ।

शृङ्गाटके शारिफलाभिरूपा

दीपावली दीव्यतु दीपिताशा ।।

प्रकाशलेखाभिरनाविलाभि-

रभ्यस्तरेखागणिताभिरामा ।

लाजैर्हसद्भी रुचिरैश्च मिष्टैः

श्रेयो विदध्यात्तव दीपमाला ।।[१०]

कभी-कभी दीपावली-मुक्तकों में प्रबन्धात्मकता भी देखने को मिली है । प्रस्तुत तीन श्लोकों में लगा है कवि को यह चिन्ता हुई है कि अँधेरे दीपकों के विरुद्ध कोई षड्यन्त्र कर रहे हैं किन्तु वह विश्वस्त है कि विजय दीपकों की ही होगी । इस भूमिका के साथ कवि फिर दीपावली की शोभा में खो गया है । अमावस्या में दीपावली ऐसी लगने लगी है जैसे सुर्मे के पर्वत पर ढाक का जङ्गल खिल गया हो-

इह प्रतोल्यामभिषेणयद्भि-

र्भल्लूककालैर्निबिडैस्तमोभिः ।

असावुदेष्यन् मुदितः प्रदीपो

निवार्यते तद्विलसत्प्रकाशात् ।।

तावत्तमो दृप्यतु लेढु लोकं

रुणद्धु चक्षूंषि शृणातु चेतः ।

यावत्स्वकीयाभिरनाविलाभिः

प्रभाभिरारात्स्मयते न दीपः ।।

स्निग्धाञ्जनक्षोणिभृति प्रफुल्ल-

प्रसूनभा किंशुककाननश्रीः ।

सान्द्रान्धकारे विकचप्रकाशा

दीपावली दीव्यतु दीपिताशा ।।[११]

---

१. रचना सं0 २०३८.

२. रचना संवत् २०३९.

३. रचना संवत् २०४०.

४. रचना संवत् २०४१.

५. रचना संवत् २०४२.

६. रचना संवत् २०४७.

७. रचना संवत् २०४६.

८. रचना संवत् २०४२.

९. रचना संवत् २०४३.

१०. रचना संवत् - २०४४.

११. रचना संवत् २०४५.

# महाकवि ज्ञानसागर के काव्यों में अलङ्कार-विधान

डॉ0 किरण टण्डन

अलङ्कार शब्द 'अलम्' उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से घञ् प्रत्यय के योग से निर्मित हुआ है। इस शब्द का तात्पर्य है- सजाने का उपकरण। काव्यशास्त्रीय दृष्टि से अलङ्कार की परिभाषा इस प्रकार दी जा सकती है-

कविता-कामिनी को सुसज्जित करने वाले अनुप्रास -उपमादि उपकरणों को अलङ्कार कहा जाता है। स्त्री-पुरुष आवश्यकतानुसार ही अपने सौन्दर्य की अभिवृद्धि के लिए अलङ्कारों का प्रयोग करते हैं। किसी-किसी को तो इनको धारण करने की आवश्यकता भी नहीं होती ! यदि कोई अनावश्यक रूप से आभूषणों को धारण करता है तो वे भूषण के स्थान पर दूषण का रूप ले लेते हैं और उस व्यक्ति को उपहास का पात्र बना देते हैं। काव्य में भी अलङ्कारों की स्थिति बहुत कुछ ऐसी ही है। जब तक ये अलङ्कार काव्य से प्राप्य आनन्द में बाधा नहीं पहुँचाते, तब तक इनका प्रयोग उचित लगता है, किन्तु जहाँ सहृदय को अलङ्कारों की भरमार के कारण काव्य के रसास्वाद में बाधा होने लगती है, वहीं ये अलङ्कार रुचिकर लगने के स्थान पर बोझ लगने लगते हैं। कहीं-कहीं काव्य में इनकी उपस्थिति के अभाव में भी आनन्द प्राप्त हो जाता है, अतः ये काव्य के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण न होकर कवि के कौशल के परिचायक ही हैं। भारतीय-काव्यशास्त्रियों की भी अलङ्कार के विषय में ऐसी ही धारणा है[१]।

जयोदय, वीरोदय, सुदर्शनोदय, समुद्रदत्तचरित, दयोदय चम्पू आदि संस्कृत काव्य ग्रन्थों के रचयिता, दार्शनिक एवं आधुनिक कवि ज्ञानसागर ( स्थितिकाल सन् १८९२ ई0-सन् १९७३ ई0 ) ने अपनी कविता-कामिनी को अनुप्रास, यमक, श्लेष, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अपह्नुति, अतिशयोक्ति, तुल्ययोगिता, प्रतिवस्तूपमा, दृष्टान्त, निदर्शना, अर्थान्तरन्यास, परिसंख्या, व्यतिरेक, उल्लेख, समासोक्ति, तद्गुण, स्वभावोक्ति, अप्रस्तुतप्रशंसा, असङ्गति, प्रतीप, दीपक, विभावना, संसृष्टि, संकर आदि अनेक अलङ्कारों से सुसज्जित किया है। किन्तु अनुप्रास, यमक, उपमा,

---

१. क- काव्यप्रकाश, ८/६७ साहित्यदर्पण, १०/१

रूपक, उत्प्रेक्षा, अपह्नुति तथा चित्रालंकार-उनके विशेष रूप से प्रिय हैं। अलङ्कारों के उदाहरण प्रस्तुत हैं-

## अनुप्रास

'अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्।'

-साहित्यदर्पण, १०/३

श्री ज्ञानसागर ने अनुप्रास के प्रायः सभी भेदों का प्रयोग अपने काव्यों में किया है। अन्त्यानुप्रास अस्मदालोच्य कवि की सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने कुछ पद्यों को छोड़कर प्रायः सभी पद्यों में अन्त्यानुप्रास का प्रयोग करने का स्तुत्य प्रयास किया है। निम्नलिखित श्लोक में वृत्त्यनुप्रास और अन्त्यानुप्रास की मिली-जुली छटा का अवलोकन कीजिये -

'सपदि विभातो जातो प्रातर्भयहरणविभामूर्तेः।
शिवसदनं मृदुवदनं स्पष्टं विश्वपितुर्जिनसवितुस्ते ॥'

-जयोदय, ८/१०

अब देखिये लाटानुप्रास का उदाहरण-

'मनोरमाधिपत्वेन ख्याताय तरुणायते।
मनो रमाधिपत्वेन ख्याताय तरुणायते ॥'

-सुदर्शनोदय, ६/२१

कवि के प्रिय अलङ्कार अन्त्यानुप्रास की भी झलक देखिये-

'हे नाथ मे नाथ मनाग्विकारः,
चेतस्युतैकान्ततया विचारः।
शत्रुश्च मित्रं न च कोऽपि लोके,
हृष्यज्जनोऽज्ञो निपतेच्च शोके ॥' -सुदर्शनोदय, ८/१५

## यमक

'अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः।
यमकम् ---------------- ॥'

-काव्यप्रकाश, ९/८३

श्रीज्ञानसागर के काव्यों के परिशीलन से ज्ञात होता है कि उन्होने यमक के अनेक प्रकार के भेदों तथा प्रभेदों का प्रयोग किया है जिनके कुछ उदाहरण प्रस्तुत हैं-

## आद्य यमक-

'विपल्लवानामिह सम्भवोऽपि न विपल्लवानामुत शाखिनामपि ।
सदा रमन्तेऽस्य विहाय नन्दनं सदारमन्ते रुचितस्ततः सुराः ।।'

-जयोदय, २४/५५

## मुखयमक एवं एकदेशज मध्ययमक-

'समाश्रिता मानवताऽस्तु तेन समाश्रिता मानवतास्तु तेन ।
पूज्येष्वथा मानवता जनेन समुत्थसामा नवताऽप्यनेन ।।'

-वीरोदय, १७/१२

## युग्म यमक-

'पुण्याहवाचनपरा समुदर्कसारा पुण्याहवाचनपरासमुदर्कसारा ।
आशासिता सुरभिता नवकौतुकेन वाशासितासुरभितानवकौतुकेन।।'

-जयोदय, १८/६८

## पुच्छ यमक-

'तमन्यचेतस्कमवेत्य तस्य सङ्कल्पतोऽनन्यमना वयस्यः ।
समाह सद्यः कपिलक्षणेन समाह सद्यः कपिलः क्षणेन ।।''

-सुदर्शनोदय, ३/३९

## उपमा

'उपमा यत्र सादृश्यलक्ष्मीरुल्लसति द्वयोः ।'

-कुवलयानन्द, ६

उपमा के अलङ्कारसम्राज्ञीपद को महाकवि ज्ञानसागर ने अत्यधिक सम्मान दिया है । यह अलङ्कार कवि को इतना अच्छा लगता है कि प्रकृति वर्णन, युद्धवर्णन के अतिरिक्त ज्ञान, वैराग्य और दर्शन की चर्चा करते समय भी उन्होंने इसका प्रयोग किया है । यथा-

(क) 'किमु भवेद्विपदामपि सम्पदां भुवि शुचापि रुचापि जगत्सद
करतलाहतकन्दुकवत्पुनः पतनमुत्पतनं च समस्तु नः ।।'

-जयोदय, २५/१०

प्रस्तुत श्लोक में गेंद के गिरने-उठने से संसार के पतन और उत्थान की सुन्दर उपमा दी गयी है । ग़ेंद उपमान है और भाग्य उपमेय । पतन-उत्थान साधारण धर्म है तथा 'वत्' उपमावाचक शब्द है । पूर्णोपमा है ।

(ख) 'सालङ्कारा सुवर्णा च सरसा चानुगामिनी ।
कामिनीव कृतिर्लोके कस्य नो कामसिद्धये ।।'

-जयोदय, २९/८२

इस श्लोक में कविकृति उपमेय और कामिनी उपमान है । सालङ्कारा, सुवर्णा, सरसा और अनुगामिनी इत्यादि विशेषण कविकृति और कामिनी दोनों के पक्ष में श्लेष के माध्यम से प्रयुक्त किये गये हैं । 'इव' उपमावाचक शब्द है । अतः श्लिष्टपूर्णोपमा है ।

(ग) 'दयेव धर्मस्य महानुभावा क्षान्तिस्तथाभूत्तपसः सदा वा ।
पुण्यस्य कल्याणपरम्परेवाऽसौ तत्पदाधीनसमर्थसेवा ।।'

वीरोदय, ३/१६

प्रस्तुत श्लोक में दया, क्षमा और कल्याणपरम्परा रानी के उपमान के रूप में प्रस्तुत किये गये हैं, इसलिए यहाँ पर मालोपमा अलङ्कार है ।

## उत्प्रेक्षा

'सम्भावना स्यादुत्प्रेक्षा ।' -कुवलयानन्द, ३२

कवि द्वारा प्रयुक्त अर्थालङ्कारों में उत्प्रेक्षा अलङ्कार का द्वितीय स्थान है । कवि के काव्यों के परिशीलन से लगता है कि उसके काव्यों में मात्रा की दृष्टि से भले ही उपमा का स्थान प्रथम हो, किन्तु चमत्कार की दृष्टि से उत्प्रेक्षा ही अलङ्कारों में सर्वोपरि है । प्रस्तुत हैं, उत्प्रेक्षा के कुछ उदाहरण-

(क) 'समुत्कीर्य करावस्या विधिना विधिवेदिना ।
तच्छेषांशैः कृतान्येवं पङ्कजानीति सिध्यति ।।'

-जयोदय, ३/४५

सुलोचना के हाथों को देखकर यह सिद्ध हो जाता है कि निर्माण की विधि को जानने वाले विधाता ने सुलोचना के हाथों का निर्माण करने से बची हुई सामग्री से ही कमलों की रचना की है । यहाँ सुलोचना के हाथों की अत्यधिक सुन्दरता को बताने के लिए कवि ने यह उत्प्रेक्षा की है ।

(ख) 'हे तात, जानूचितलम्बबाहोर्नाङ्गं विमुञ्चेत्तनुजा तवाहो ।
सभास्वपीत्थं गदितुं नृपस्य कीर्तिः समुद्रान्तमवाप तस्य ।।'

-वीरोदय, ३/११

समुद्र को सम्बोधित करते हुए कवि कहते हैं कि तुम्हारी पुत्री लक्ष्मी घुटनों तक लम्बी भुजाओं वाले राजा सिद्धार्थ के शरीर का आलिङ्गन करना सभाओं में भी नहीं छोड़ती, उसके इसी व्यवहार को बताने के लिए ही मानों उस राजा की कीर्त्ति समुद्र तक पहुँच गयी है । राजा सिद्धार्थ का यश समुद्रपर्यन्त फैल गया है, यह सूचित करने के लिए ही कवि ने उक्त उत्प्रेक्षा की है ।

(ग) 'अहो प्रकटमपि तनयरत्नमपह्रियतेऽमुष्मिन्भूतले धूर्तजनेन । अयं पुनर्मयेहोडुरत्नानि विकीर्य स्थातुं पार्येतेति किल तान्युपसंहृत्य कुतोऽपि च्छन्नीभवितुं पलायाञ्चक्रे रजनी ।।'

-दयोदयचम्पू, ३/श्लोक ७ के बाद का गद्यांश ।

बड़े आश्चर्य की बात है कि पृथ्वीतल पर धूर्तजनों के द्वारा प्रकट भी पुत्र रूप रत्न का अपहरण किया जा रहा है, फिर नक्षत्ररूप रत्नों को फैलाकर मेरे द्वारा निश्चिन्तता से कैसे बैठा जाय, मानों यही सोचकर उन सबको एकत्र करके रात्रि भी कहीं छिपने के लिए चली गयी ।

रात्रिकाल व्यतीत हो जाने पर नक्षत्रगण दृष्टिपथ में नहीं आते, यह प्रकृति का शाश्वत नियम है । किन्तु यहाँ पर कवि ने उस नियम को रात्रिगमन और नक्षत्रलोप के रूप में हेतुपूर्वक सम्भावित करके पाठकों के हृदय को भली भाँति चमत्कृत कर दिया है ।

## रूपक

'तद्रूपकमभेदो य उपनामोपमेययोः ।'

-काव्यप्रकाश, १०/९३

सर्वप्रथम आपके समक्ष कवि द्वारा वर्णित साङ्गरूपक का एक उदाहरण प्रस्तुत है-

'बकाः पताकाः करिणोऽम्बुवाहाः शरा मयूरास्तडितोऽसिकाहा ।
ढक्कानिनादस्तनितानुवादः सुधीरणं वर्षणमुज्जगाद ।।'

-जयोदय, ८/६३

जयकुमार तथा अर्ककीर्त्ति के युद्धवर्णन से सम्बन्धित इस श्लोक में ध्वजों, हाथियों, बाणों, तलवारों, और नगाड़ों की आवाज का क्रमशः बगुलों, बादलों, मोरों, बिजली और बादलों की गर्जना से अभेद स्थापित किया गया है । इस प्रकार युद्ध पर वर्षाकाल का आरोप होने से साङ्गरूपक अलङ्कार है ।

अब देखिये वसन्तर्तुवर्णन के प्रसङ्ग में रूपक का उदाहरण-

'मुकुलपाणिपुटेन रजोऽब्जिनी दृशि ददाति ऋचाऽम्बुजजिद्दृशाम् ।
स्थलपयोजवने स्मरधूर्त्तराड्ढरति तद्धृदयद्रविणं रयात् ।।'

-वीरोदय, ६/३४

प्रस्तुत श्लोक में मुकुलपुट, पराग कामदेव और हृदय का क्रमशः हाथ के दोने, धूल, धूर्तराज और धन से अभेद स्थापित किया गया है, इसलिए रूपक अलङ्कार है।

## अपह्नुति

'प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत्साध्यते सा त्वपह्नुतिः ।'

-काव्यप्रकाश, १०/९६

कविवर ज्ञानसागर द्वारा प्रयुक्त अपह्नुतियाँ भी कम चमत्कारिणी नहीं है । यथा -

(क) 'पङ्के जातं जितं मुखेन तव सुकेशि साम्प्रतमसुखेन ।
मूर्ध्नि मिलिन्दावलिच्छलेन कृपाणपुत्री क्षिपदिव तेन ।।'

-जयोदय, १४/४७

प्रस्तुत श्लोक में सुलोचना के शिर पर विद्यमान घुँघराले बालों का निषेध करके वहाँ पर तलवार का स्थापन किया गया है, इसलिए अपह्नुति अलङ्कार है ।

(ख) 'तारापदेशान्मणिमुष्टिवारात्प्रतारयन्ती विगताधिकारा ।
सोमं शरत्सम्मुखमीक्षमाणा रूपेव वर्षा तु कृतप्रयाणा ।।'

-वीरोदय, २२/९

वर्षाकाल में आकाश मेघाच्छन्न रहता है, उस समय चन्द्रमा या तारे नही दिखाई देते । शरत्काल मेंआकाश स्वच्छ हो जाता है, अतः तब आकाश में चन्द्रमा और तारे दिखाई देने लगते हैं । कवि ने इस प्रस्तुत बात का निषेध करके-अब तक चन्द्रमा वर्षा के अधिकार में था और तारे इसकी मुठ्ठी में थे, किन्तु शरत्काल के आने से चन्द्रमा वर्षा के अधिकार में न रहा, तब क्रोध में आकर तारों के बहाने से मुठ्ठी में भरी मणियों को भी उसने फेंक दिया-इस अप्रस्तुत का विधान किया है । तारों के स्थान पर मणियों का स्थापन होने के कारण अपह्नुति अलङ्कार है ।

## अर्थान्तरन्यास

'सामान्यं वा विशेषो वा तदन्येन समर्थ्यते ।
यत्तु सोऽर्थान्तरन्यासः साधर्म्येणेतरेण वा ।।'

-काव्यप्रकाश, १०/१०९

श्रीज्ञानसागर को जब भी कुछ तथ्य प्रस्तुत करना होता है, तब वह इसी अलङ्कार का अवलम्बन ले लेते हैं । किसी व्यक्ति की निन्दा करने में, स्तुति करने में, उपदेश देने में और विनम्र निवेदन करने में इस अलङ्कार के सुन्दर-सुन्दर प्रयोग कवि के काव्यों में दृष्टिगोचर होते हैं । यथा-

(क) 'शुचिरिहास्मदधीद्धरणीधरः सति पुनस्त्वयि कोऽयमुपद्रवः ।
तपति भूमितले तपने तमः परिहृतौ किमु दीपपरिश्रमः ।।'

-जयोदय, ९/७३

यहाँ प्रथम पंक्ति में वर्णित विशेष का द्वितीय पंक्ति में वर्णित सामान्य द्वारा समर्थन किया गया है । अत एव अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है ।

(ख) 'कवितायाः कविः कर्त्ता रसिकः कोविदः पुनः ।
रमणीरमणीयत्वं पतिर्जानाति नो पिता ।''

-जयोदय, २८/८३

यहाँ पर द्वितीय पंक्ति में सामान्य बात कही गयी है, जो कि प्रथम पंक्ति में प्रस्तुत बात की समर्थिका है । अत एव अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है ।

## संसृष्टि

'सेष्टा संसृष्टिरेतेषां भेदेन यदिह स्थितिः ?'

-काव्यप्रकाश, १०/१३९

श्रीज्ञानसागर के काव्यों में संसृष्टि अलंकार के अनेक उदाहरण उपलब्ध हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि कवि की कविता प्रायः अनुप्रास अलंकार से अलंकृत है। अनुप्रास के साथ ही साथ अन्य अलङ्कार भी निरक्षेप रूप से स्थित हैं। यथा-

(क) 'मृगीदृशश्चापलता स्वयं या, स्मरेण सा चापलताऽपि रम्या।
मनो जहाराङ्गभृतः क्षणेन मनोजहाराऽथ निजेक्षणेन ।।'

-वीरोदय, ३/२५

प्रस्तुत श्लोक में अन्त्यानुप्रास और यमक की संसृष्टि स्पष्ट ही दृष्टिगोचर हो रही है। अतः यहाँ पर शब्दालंकारों की संसृष्टि है।

(ख) 'नैर्मल्यमेति किल धौतमिवाम्बरन्तु
स्नाता इवात्र सकला हरितो भवन्तु।
प्राग्भूभृतस्तिलकवद्रविराभिभाति
चन्द्रस्तु चोरवदुदास इतः प्रयाति ।।'

-जयोदय, १८/६३

प्रस्तुत श्लोक की प्रथम दो पंक्तियों में उत्प्रेक्षा और द्वितीय दो पंक्तियों में उपमा अलंकार निरक्षेप रूप से विद्यमान है, साथ ही अन्त्यानुप्रास की छटा भी स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो रही है। अतः एक ही स्थल पर दो अर्थालंकार और एक शब्दालंकार की निरक्षेप स्थिति होने के कारण संसृष्टि नामक अलंकार है।

## सङ्कर

'अङ्गाङ्गित्वेऽलङ्कृतीनां तद्वदेकाश्रयस्थितौ।
सन्दिग्धत्वे च भवति सङ्करस्त्रिविधः पुनः ।।'

-साहित्यदर्पण, १०/९८

कविवर ज्ञानसागर के काव्यों में ऐसे भी अनेक स्थल हैं जिनमें अलङ्कारों का सापेक्ष प्रयोग किया गया है। यथा-

'यतः खलु सोऽस्माकं तारुण्यतेजःसमुन्नयनाय तरणिरिवोत्तरायणः, सर्वदेवानुकूलाचरण-करण-परायणः सुललित-मनोरथ-लता-पल्लव-निमित्तमम्बुधरायणः ।।' -दयोदयचम्पू, २/३१ का गद्यभाग।

प्रस्तुत गद्यभाग में तारुण्य पर तेज का आरोप होने के कारण रूपक अलंकार

है और मृगसेन धीवर के उपमान रूप में सूर्य को प्रस्तुत करने के कारण उपमा अलंकार है। रूपक एवं उपमा परस्पर सापेक्ष अलंकार हैं, इसलिए संकर अलंकार है।

## चित्रालंकार

'तच्चित्रं यत्र वर्णानां खड्गाद्याकृतिहेतुता।'-काव्यप्रकाश, ९/८५

महाकवि ज्ञानसागर ने अपने काव्यों में छः प्रकार के चित्रालङ्कार प्रयुक्त किये हैं- (क) चक्रबन्ध, (ख) गोमूत्रिकाबन्ध, (ग) यानबन्ध, (घ) पद्मबन्ध, (ङ) तालवृन्तबन्ध और (च) कलशबन्ध।

इन सबमें चक्रबन्ध का स्थान सर्वप्रथम है। क्योंकि जयोदय नामक महाकाव्य में २८ चक्रबन्ध उपलब्ध होते हैं जो दूसरे चित्रबन्धों से संख्या में अधिक हैं। इसके अतिरिक्त ये चक्रबन्ध सम्बन्धित सर्ग की कथा का संकेत भी देते हैं। उदाहरण के लिए एक श्लोक एवं उससे बनने वाला चक्रबन्ध चित्रालंकार प्रस्तुत है -

'कमलामुखीमयमक्षिरश्मिभिः श्रीपरिफुल्लदेहाम्,
रसति स्मेयमिमं खलु रमणीधामनिधिः स्वाधारम्।
ग्रहणग्रहणस्यादौ परमो भविनोरभिविश्रम्भम्,
भवतु कवीश्वरलोकाग्रहतो हावपरश्चारम्भः॥'

-जयोदय, १०/१२१

प्रस्तुत चक्रबन्ध के छहों अरो में विद्यमान प्रथमाक्षरों को पढ़ने से 'करग्रहारम्भ' शब्द बनता है। यह शब्द इस बात की सूचना देता है कि इस सर्ग में सुलोचना के पाणिग्रहण संस्कार प्रारम्भ होने का वर्णन है।

## निष्कर्ष

इस प्रकार कवि ने अपने काव्यों में न केवल शब्दालंकार और अर्थालंकार प्रयुक्त किये हैं, अपितु चित्रालंकार भी प्रयुक्त किये हैं। किन्तु कवि की यह अलङ्कारप्रियता कहीं भी रसभङ्ग का कारण नहीं बन पाई है। उनके अनुप्रास, यमक, उपमादि अलङ्कार वर्ण्यविषय के अनुरूप हैं और चित्रालङ्कार न केवल कवि के अलङ्कारशास्त्रीय ज्ञान के परिचायक हैं, अपितु कथा के सार रूप में भी प्रस्तुत हुए हैं। अनुप्रास की व्यापक एवं नवीन परम्परा को चलाने एवं निभाने के कारण 'उपमा कालिदासस्य' के समान ही 'अनुप्रासो ज्ञानसागरस्य' की उक्ति भी सङ्गत है और चित्रकाव्य की दृष्टि से कवि को 'अभिनव माघ' की संज्ञा देना भी न्यायोचित है।

# बीसवीं सदी के प्रमुख संस्कृत काव्यशास्त्री

डा0 उर्मिला श्रीवास्तव

संस्कृत साहित्य की अजस्र धारा मानव संस्कृति और सभ्यता के उषःकाल वैदिक काल से लेकर अद्यावधि निरन्तर प्रवर्तित है । काव्यशास्त्र के अंकुरण एवं विकास का इतिहास भी समानान्तर ही है । नाट्यशास्त्र के प्रथम आचार्य भरत ने इसे स्वतन्त्र शास्त्र का रूप दिया और तब से ही प्रत्येक शती में अनेक काव्यशास्त्री ग्रन्थों का प्रणयन कर इसे समृद्ध करते रहे किन्तु यह विडम्बना ही है कि सत्रहवीं शती के प्रमुख काव्यशास्त्री पण्डितराज जगन्नाथ को काव्यशास्त्र का अन्तिम अधिकारी मान लेने से उत्तरवर्ती साहित्यशास्त्र लगभग उपेक्षित और अनालोचित रह गया तथा अविच्छिन्न परम्परा को गति देने वाले साहित्यशास्त्री अन्धकार में विलीन हो गये ।

प्रस्तुत पत्र उन्हीं अपरिचित संस्कृत काव्यशास्त्री विद्वज्जनों के पुण्य स्मरण का प्रतिफल है । ३०० वर्षों के इस अन्तराल को लगभग २०० आचार्यों ने अपने योगदान से पूरित सुदीर्घ यशस्वी शृंखला को सुरक्षित रखा । यद्यपि वह अधिकांशतः पूर्वाचार्यों के सिद्धान्तों का परिष्करण और पिष्टपेषण है, यद्यपि उसमें मौलिकता की मात्रा न्यून है और आलोचना की प्रवृत्ति अधिक[१] तथापि सरल भाषा में नूतन व्याख्याएँ पृथक् शैली के उद्भव की सूचना देने के साथ शास्त्र-लेखन का प्रमाण भी उपन्यस्त करती हैं । प्रस्तुत निबन्ध में केवल बीसवीं शती के प्रमुख काव्यशास्त्रियों को युगप्रचलित विचारधारा का अग्रणी स्वीकार कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जा रहा है ।

## १- श्रीकृष्ण कवि

बीसवीं शती के काव्यशास्त्रियों में श्रीकृष्ण कवि शर्मन् का विशिष्ट स्थान है। इन्होंने स्वरचित ग्रन्थ मन्दारमरन्दचम्पू के प्रत्येक अध्याय-बिन्दु के अन्त में अपना संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया जिससे इनके जीवनवृत्त के विषय में यह सूचना मिलती है कि इनके गुरु का नाम वासुदेव योगीश्वर व निवास स्थान गुहपुर था[२] इनके कृष्णशर्मन् अथवा कृष्णावधूत ये दो नाम भी प्रचलित हैं । ग्रन्थ की पुष्पिका में

भगवान् श्रीकृष्ण की स्तुति से यह सिद्ध होता है कि श्री कृष्ण ही इनके अभीष्ट देव हैं। समीक्षकों ने श्रीकृष्ण कवि का काल १८३५ ई0 - १९०९ ई0 सन् निर्धारित किया है।

श्रीकृष्ण कवि अप्पय दीक्षित कृत कुवलयानन्द से विशेष प्रभावित प्रतीत होते हैं। वे अलंकार प्रकरण में अलंकारों के लक्षण एवं उदाहरण कुवलयानन्द से उद्धृत करते हैं, साथ ही कुवलयानन्द में निरूपित कतिपय अन्य नवीन अलंकारों को भी स्वग्रन्थ में अध्याहृत करते हैं। श्रीकृष्ण कवि ने साहित्यशास्त्र को चार ग्रन्थ प्रदान किये-

१. मन्दारमरन्दचम्पू. २. काव्यलक्षण, ३. रसप्रकाश काव्यप्रकाश टीका ४. सारस्वतालङ्कार सूत्रं एवं भाष्य।

प्रथम ग्रन्थ मन्दारमरन्दचम्पू में छन्दःशास्त्र, नाट्यशास्त्र, काव्यशास्त्र एवं कविशिक्षा आदि काव्यविषयक समग्र तत्त्वों का निरूपण गद्य एवं पद्य दोनों विधाओं में हुआ है, यही कारण है कि कवि ने काव्यशास्त्र सम्बद्ध ग्रन्थ होने पर भी इसे चम्पू संज्ञा दी। स्वरचित कारिकाओं में उपनिबद्ध लक्षण व लक्ष्य पर कहीं-कहीं वृत्ति भी उपलब्ध होती है। लक्षण कुछ स्थलों पर राजचूडामणि दीक्षित कृत काव्यदर्पण से अक्षरशः समानता रखते हैं। ग्यारह बिन्दुओं से समन्वित एवं काव्यमाला गुच्छक ५२ में केदारनाथ एवं वासुदेव लक्ष्मण शास्त्री प्रणशीकर द्वारा सम्पादित ग्रन्थ के अवलोकन से प्रतीत होता है कि विभाजन अवैज्ञानिक है और कवि एक ही ग्रन्थ में समस्त विषयों को समाविष्ट कर देने के इच्छुक हैं।

## २- चन्द्रकान्त तर्कालङ्कार

चन्द्रकान्त तर्कालङ्कार का जन्म कलकत्ता में बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनका समय १८३० ई0-१९०९ ई0 के मध्य निर्धारित किया गया है। ये गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज, कलकत्ता में काव्यशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र विषय के अध्यापक रहे। महामहोपाध्याय पद से विभूषित आचार्य को सात ग्रन्थों की रचना का श्रेय प्राप्त है[३]-

१. अलङ्कारसूत्राणि, २. कौमुदीसुधाकरम्, ३. स्मृतिचन्द्रिका, ४. कातन्त्र छन्दःप्रक्रिया, ५. मीमांसासिद्धान्तसंग्रहः, ६. सतीपरिणयम्, ७. चन्द्रवंश। गोभिलगृह्य सूत्र का प्रकाशन १८७१-८० ई0 सन् के मध्य चन्द्रकान्त ने ही किया।

## ३- महेशचन्द्र न्यायरत्न

आचार्य महेशचन्द्र का जन्म हावड़ा जिले के नारीट गाँव में भट्टाचार्य परिवार में हुआ। इनका समय २२ फरवरी १८३८ ई0 अप्रैल १९०४ ई0 सन् तक है।

इनके पिता का नाम हरिनारायण तर्कसिद्धान्त था और पारिवारिक वातावरण संस्कृतमय था । महेश चन्द्र जी को न्यायरत्न महामहोपाध्याय आदि उपाधियों से अलङ्कृत किया गया था । इन्होंने गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज में अध्यापन कार्य किया था । आचार्य रचित ६ ग्रन्थ उपलब्ध हैं १. काव्यप्रकाश टीका, २. मृच्छकटिक प्रणेतृनिर्णयम्, ३. मीमांसादर्शनम्, ४. लुप्तसंवत्सरम्, ५. कृष्णयजुर्वेदः, ६- दयानन्द-सरस्वतीवेदभाष्येऽभिप्रायः ।

## ४. श्रीकृष्ण ब्रह्मतन्त्र परकाल संयमीन्द्र-

संन्यास ग्रहण के पश्चात् आप उपर्युक्त नाम से प्रसिद्ध हुए अन्यथा वास्तविक नाम था-कृष्णमाचार्य वकील । स्वरचित ग्रन्थ अलङ्कारमणिहार के उपोद्घात एवं उपसंहार में प्रस्तुत आत्मपरिचय के अनुसार ये अभिडेला ग्राम निवासी और मैसूर परकाल वैष्णव मठ के सर्वतन्त्र स्वतन्त्र उपाधिधारी मठाधिष्ठाता थे । पिता का नाम ताताचार्य और माता का नाम कृष्णाम्बा था ।[६] जन्मकाल १८३९ ई0 और मृत्युकाल १९१६ ई0 है । इन्होंने कुल ६७ ग्रन्थों की रचना की ।

आचार्यरचित अलङ्कारमणिहार ग्रन्थ अलङ्कारशास्त्र विषयक ग्रन्थ है । इसमें आचार्य ने चार शब्दालङ्कारों एवं १२१ अर्थालङ्कारों का निरूपण, स्वरचित कारिका में लक्षण एवं वृत्ति सहित किया है । लक्षण के स्पष्टीकरण हेतु प्रस्तुत उद्धरणों में अपने उपास्य देव तिरुपति स्थित श्रीनिवास व्यङ्कटेश्वर भगवान् की वन्दना प्रस्तुत की गयी है । पुस्तक में समीक्षाशैली को आधार बनाकर आचार्य ने प्राचीन व अर्वाचीन आलङ्कारिकों के मतों का विवेचन कर उनमें औचित्य और अनौचित्य का प्रदर्शन किया है ।

## ५- मुदुम्बई नरसिंह आचार्य

नरसिंह आचार्य के पिता का नाम वीरराघव व माता का नाम रंगाम्बा था । वत्स-गोत्र में जन्म लेने वाले आचार्य का काल १८४२ ई0 - १९२८ ई0 सन् निर्धारित किया गया । विजगापट्टम जिले के विजयनगर के महाराजाओं के आश्रित होने से ये उनके समकालिक सिद्ध होते हैं । अनेक स्तुतियों की रचना के साथ ही इन्होंने अनेक विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थ भी लिखे[७] जिनमें से ये चार काव्यशास्त्र से सम्बद्ध हैं-

१. अलंकारमाला, २. काव्योपोद्घात, ३. काव्यप्रयोगविधिः, ४. काव्य-सूत्रवृत्ति ।

## ६- मथुरानाथ शास्त्री

शास्त्री जी ने १९०० ई0 सन् में काव्यकलारहस्य नामक ग्रन्थ की रचना की। रसगंगाधर पर टीका लिखने वाले एक अन्य भट्ट श्री मथुरानाथ शास्त्री का उल्लेख

श्रीविन्ध्येश्वरी प्रसाद ने किया है। श्री मिश्र के अनुसार इनका जन्म १८४९ ई0 सन् जयपुर में में हुआ था। पिता श्री द्वारिकानाथ शास्त्री भी संस्कृत भाषा के पण्डित थे। इन्होंने अनेक उपयोगी ग्रन्थों की रचना की[८]। रसगंगाधर की टीका इनकी काव्यशास्त्रीय प्रवृत्ति की सूचिका है।

## ७- चावलि रामशास्त्री

आचार्य रामशास्त्री कुवलयामोद एवं अलङ्कारमुक्तावली नामक दो काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों के रचयिता हैं। कुवलयामोद के समस्त उदाहरणों का विषय पेद्दूपुर के आश्रयदाता राजा सिंहाद्रि जगपतिराव के गुणों की कीर्ति की प्रशंसा है। राजा जगपतिराव १८५३ ई0-१९११ ई0 सन् कालीन शासक थे; अतः आचार्य का समय भी तात्कालिक ही मान्य है।

## ८- मानवल्लि गंगाद्यन शास्त्री

शास्त्री जी का काल १८५३ ई0-१९१३ ई0 सन् है। ये नरसिंह मानवल्लि शास्त्री के पुत्र तथा सुब्रह्मण्य शास्त्री के पौत्र थे। इन्होंने गुरु राजाराम शास्त्री एवं बालशास्त्री से विद्यार्जन किया और वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य किया। खण्डकाव्य, चम्पूकाव्य तथा प्रशस्ति आदि बहुविध ग्रन्थों की रचना के साथ ही आपने अनेक टीकाएँ भी रचीं[९] जिनमें रसगंगाधर-टीका उल्लेख्य है। डा0 वर्णेकर ने आचार्य रचित काव्यात्मक संशोधन नामक काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ की भी सूचना दी है[१०]।

## ९- इञ्चूर केशव नम्बूदरी

इञ्चूर नामक स्थान पर जन्म ग्रहण करने वाले आचार्य केशव के पिता का नाम केशव नम्बूदरी एवं माता का नाम सावित्री अन्तर्जन था। विद्वानों ने इनका समय ई0 १८५५-१९३२ ई0 के मध्य निश्चित किया है। आचार्य ने अलङ्कारशास्त्रविषयक कुलशेखरीयम् ग्रन्थ की रचना की। उद्धरण कुलशेखर पिरुमल श्रीमूल तिरुनाल के गुणों की प्रशंसा से पूरित हैं। आचार्य रचित विधुवंशचम्पू नामक एक पुस्तक भी उपलब्ध है[११]।

## १०- रंगाचार्य रंगनाथाचार्य

रंगाचार्य का जन्म कपिस्थल गोत्र में व निवास स्थान आन्ध्र के तिरुपति क्षेत्र में था। इनका समय १८५६-१९१९ ई0 सन् के मध्य माना गया है। १. अलङ्कारसंग्रह, २- सुभाषितशतकम्, ३- गोदाचूर्णिका, ४- सन्मतिकल्पलता, ५- हंससन्देश, ६- रहस्यत्रयसाररत्नावली ७-पादुकासहस्रावतारकथासंग्रह, ८- शृंङ्गारनायिकातिलकम्

आचार्य रचित उपर्युक्त ग्रन्थ उपलब्ध हैं[१२]।

## ११- अम्बिकादत्त व्यास

साहित्यनलिनी नामक ग्रन्थ के प्रणेता व्यास जी का आविर्भाव ई0 १८५९-१९०० ई0 के मध्य माना जाता है[१३]।

## १२- नारायणशास्त्री

तंजौर जिले के नेडुकावेरी स्थान में रहने वाले नारायण शास्त्री का समय ई0 १८६०-१९११ ई0 सन् निर्धारित है। इनके पिता का नाम रामस्वामी यज्वा तथा माता का नाम सीताम्बा था। आचार्य ने बहुविध ग्रन्थों की रचना की, जिनका विवरण इस प्रकार है -महाकाव्य, चम्पू, आख्यायिकाएँ, ९१ नाटक और २१ महाप्रबन्ध। काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों में विमर्श (६ भाग) तथा मीमांसा (२ भाग) उल्लेखनीय है[१४]।

## १३- रामावतार शर्मा

आचार्य शर्मा ई0 १८७४-१९२९ ई0 के मध्य वर्तमान थे। साहित्यरत्नावली इनकी रचना है[१५]।

## १४- रायम्पेटा वेंकटेश्वर कृष्णमाचारियर

आचार्य का समय ई0 १८७४-१९४४ ई0 सन् और पिता का नाम वेंकटेश्वर था। चित्रमीमांसा टीका के अतिरिक्त आचार्य रचित अन्य अनेक ग्रन्थ उपलब्ध है[१६]।

## १५- हरिदास सिद्धान्तवागीश

आचार्य वागीश का जन्म १८७६ ई0 सन् में कार्तिक सप्तमी को पूर्वी बंगाल के फरीदपुर जिले में उनशिया ग्राम में काश्यप गोत्रीय ब्राह्मण कुल में हुआ था। पिता गंगाधर विद्यालङ्कार एवं माता विधुमुखी देवी थीं। इन्होंने गुरु जीवानन्द विद्यासागर से शिक्षा प्राप्त की थी। विभिन्न विषयों पर रचित विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थों, टीकाओं एवं सम्पादनों की विस्तृत सूची का श्रेय आचार्य को प्राप्त है[१७]।

पन्द्रह कलाओं में विभाजित काव्यकौमुदी में समस्त काव्यशास्त्रीय तत्त्वों की साङ्गोपाङ्ग विवेचना है। प्रकाशन भवेशचन्द्र भट्टाचार्य के सम्पादकत्व में कलकत्ता से हुआ है। ग्रन्थ में उपन्यस्त समग्र लक्षण सूत्र-शैली में और उदाहरण अधिकांशतः स्वरचित हैं। संस्कृत के प्राचीन महाकाव्यों से भी उद्धरण आवश्यकतानुसार उद्धृत किये गये हैं।

## १६- गिरिधरलाल व्यास शास्त्री

गिरिधर व्यास जी के पिता का नाम गोवर्धन शर्मा था। इनका जन्म २ अप्रैल सन् १८८४ को राजस्थान के उदयपुर क्षेत्र में हुआ था। इनके द्वारा रचित ग्रन्थों में अभिनवकाव्यप्रकाश तथा काव्यसुधारक (चन्द्रालोक वृत्ति) काव्यशास्त्रीय तत्त्वों की विवेचना करने वाले ग्रन्थ हैं[१८]।

## १७- यदुनाथ झा

लालगंज निवासी श्री यदुनाथ झा का जन्म सन् १८८५ में सोदरपुर के सरिस्वा कुल में व मृत्यु सन् १९२८ ई0 में हुई। आचार्य द्वारा रचित व्यञ्जनावाद नामक ग्रन्थ में नूतन शैली में व्यञ्जना की प्रस्तुति की गयी है[१९]।

## १८- लेखनाथ

आचार्य लेखनाथ सरिस्वा ग्रामवासी थे और बेलारी के कपिलेश्वर ऊहा गुरु के शिष्य थे। इनका समय १८८६ ई0-अप्रैल १९६५ ई0 है। दरभंगा (बिहार) के राजा सर कामेश्वर सिंह इनके आश्रयदाता थे। आचार्य ने रसचन्द्रिका नामक काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ एवं वर्षाहर्ष तथा मानसपूजा नामक काव्यों की रचना की। रसकौस्तुभ तथा गोविन्ददामोदरस्तोत्र का सम्पादन कार्य इन्होंने ही किया। रसचन्द्रिका में आचार्य ने स्वरचित कारिकाओं के माध्यम से लक्षण एवं उदाहरण सहित नायक-नायिका भेद निरूपित किया है[२०]।

## १९- कालीपद तर्काचार्य

आचार्य कालीपद का जन्म फरीदपुर जिले के कोटलिपारा उनशिया ग्राम में कान्यकुब्ज मिश्र परिवार में हुआ था। प्रकाण्ड संस्कृत विद्वान् श्री मधुसूदन सरस्वती हरिदास सिद्धान्तवागीश इनके समवंशी थे। पिता सर्वभूषण हरिदास शर्मा तथा गुरु महामहिम पण्डित शिवचन्द्र सार्वभौम थे। महाकवि कालीपद ''काश्यपकवि'' उपनामधारी थे। विधावारिधि, तर्काचार्य, तर्कालङ्कार आदि अनेक विरुद इन्हें सम्मानपूर्वक प्रदान किये गये थे। ई0 १८८८-१९७२ ई0 आपका काल माना गया है। आचार्य ने काव्यचिन्ता नामक काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ तथा नाटक, महाकाव्य, दर्शनशास्त्र आदि विषयों पर कुल २६ ग्रन्थ लिखे[२१]।

## २०- हरि शास्त्री दाधीच

आचार्य दाधीच ने जयपुर में श्री दामोदर दाधीच के घर में ई0 सन् १८९३ में जन्म लिया था। अलङ्कारकौतुक एवं अलङ्कारलीला-दो काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों के अतिरिक्त आपने लगभग १७ ग्रन्थ विभिन्न विषयों पर लिखे[२२]।

## २१- रामसुब्रह्मण्य

राम सुब्बा नाम से प्रसिद्ध राम सुब्रह्मण्य के पिता रामशंकर एवं पितामह अश्वरथ नारायण थे। इनका जन्म १९.वीं शती के उत्तरार्ध के किसी वर्ष में और मृत्यु १९२२ ई0 में हुई थी। ये तिरुविसलौर निवासी और आचार्य शिवराम के शिष्य थे। अलंकारशास्त्रसंग्रह अथवा अलंकारशास्त्रविलास नामक स्वलिखित ग्रन्थ में राम सुब्बा ने आचार्य विश्वनाथ की काव्यपरिभाषा की आलोचना की है। अनेक शास्त्रीय ग्रन्थों की रचना के साथ-साथ उपनिषदों के व्याख्याकार के रूप में भी वे प्रसिद्ध हैं [२३]।

## २२- रामनाथ चतुर्वेदी

आचार्य रामनाथ जालौन जिला (उत्तर प्रदेश) स्थित कौंच नामक ग्राम में कुञ्जनलाल चतुर्वेदी के पुत्र रूप में उत्पन्न हुए थे। इनका काल है ई0 १८९६-ई0 १९३४। रसमंजरी पर टीका लिखने के साथ ही आचार्य ने गीति संग्रह, पद्यपेटिका, नवदुर्गास्तव एवं जहोतिया-परिचय ग्रन्थों की रचना की[२४]।

## २३- शिवदत्त शर्मा

ई0 १९०३ में आचार्य शर्मा ने काव्यशास्त्रीय तत्त्वों की व्याख्या हेतु काव्य रसायनम् ग्रन्थ की रचना की[२५]।

## २४- जगन्नाथ प्रसाद वर्मा

अलङ्कारों के निरूपण हेतु आचार्य वर्मा ने भावनिदर्शिका नामक ग्रन्थ की रचना की[२६]।

## २५- आचार्य नरसिंह

ई0 १९०८ में इन्होंने पाश्चात्त्यशास्त्रसार ग्रन्थ काव्यशास्त्रीय सन्दर्भ में लिखा[२७]।

## २६- मणिशङ्कर गोविन्द

अलङ्कारों के विस्तृत वर्णन हेतु अलङ्कारमणिमाला पुस्तक १९०९ ई0 में लिखी गयी[२८]।

## २७- छज्जूराम शास्त्री विद्यासागर

शास्त्री जी का जन्म सन् १८९५ में करनाल (कुरुक्षेत्र) में निवास करने वाले गौड़ ब्राह्मण परिवार में हुआ था। पिता का नाम मोक्षराम व माता का नाम मामकी

देवी था। गणेश अभीष्ट देव हैं, यह ग्रन्थ की भूमिका में प्रस्तुत श्लोक से ज्ञात होता है[२९]। इन्होंने १८ विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थों की रचना कर साहित्य के क्षेत्र में पर्याप्त ख्याति अर्जित की। आचार्यकृत अलङ्कारशास्त्र विषयक, उच्चस्तरीय ग्रन्थ साहित्यबिन्दु का प्रकाशन सन् १९६१ में हुआ है। ग्रन्थ के चार भागों में क्रमशः कारिका, वृत्ति, उदाहरण और उदाहरण-विवरण वर्णित हैं। समग्र भाग अधिकांशतः स्वरचित है किन्तु उदाहरण आवश्यकतानुसार अध्याहृत भी किये गये हैं; यथा ग्रन्थ के दोषप्रकरण के समस्त उदाहरण श्रीहर्ष रचित नैषधीयचरित से उद्धृत हैं। आचार्य ने सर्वत्र शिक्षाप्रद उदाहरणों द्वारा विद्यार्थी को भारतीय संस्कृति का बोध कराने की चेष्टा की है। साहित्यबिन्दु कें प्रथम बिन्दु में काव्यलक्षण, फल, कारण आदि, द्वितीय बिन्दु में शब्दार्थ-विवेचन, रस, तृतीय बिन्दु में दोष निरूपण, चतुर्थ बिन्दु में रीति, गुण, वृत्ति और पंचम बिन्दु में अलङ्कार विवेचित हैं[३०]।

## २८- सीताराम शास्त्री

स्वरचित ग्रन्थ साहित्योद्देश में शास्त्री जी ने यह दर्शाने का प्रयास किया है कि प्राचीन काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ कठिन होने से सामान्य जन के लिए अति दुर्ज्ञेय हैं और उनका क्रम भी सहज नहीं है; यही कारण है कि गहन अध्ययन से भी काव्यशास्त्र का स्पष्ट बोध पाठक को नहीं हो पाता; अतः उन्होंने बालकों के लिए उपयोगी ग्रन्थ की रचना की[३१]। ग्रन्थ का प्रकाशन ई0 १९३३ में शंकर शिवनारायण शर्मा के सम्पादकत्व में भारद्वाज यज्ञेश्वर शर्म मिश्र शास्त्री की टिप्पणी सहित हुआ है। काव्यशास्त्रीय तत्त्वों से सम्पन्न ग्रन्थ पाँच भागों में विभक्त है।

## २९- कौत्स अप्पल्ल सोमेश्वर शर्मा

सोमेश्वर शर्मा श्री व्यङ्कटेश्वर प्राच्य महाविद्यालय, तिरुपति, में व्याकरण एवं साहित्य के विद्वान् अध्यापक थे। इनके द्वारा रचित साहित्यविमर्श नामक ग्रन्थ का प्रकाशन श्री व्यङ्कटेश्वर ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट से सन् १९५१ में हुआ है। इन्होंने प्राच्य एवं पाश्चात्त्य शैलियों में समन्वय स्थापित कर एक नूतन शैली को अपनाया है। ग्रन्थ के तीन परिच्छेदों में से प्रथम शास्त्र-लक्षण तथा साहित्यपदार्थ प्रतिपादन, द्वितीय काव्यलक्षण, हेतु, प्रयोजन एवं काव्य-दूषण तथा तृतीय काव्यात्मवाद को प्रस्तुत करता है[३२]।

## ३०- राम पिशारडी

आचार्य पिशारडी का समय २० वीं शती एवं जन्म कुच्चि के इरंगल कुडा महाक्षेत्र के समीप पिशारड में हुआ था। इनके पिता वेल्लांगलूर तथा माता कुच्ची पिशारस्यार थीं। गुरु शठकोपाचार्य से शिक्षा ग्रहण की। सोलह ग्रन्थों के मौलिक

लेखन के साथ ही कुवलयानन्दचन्द्रिका की व्याख्या ध्वन्यालोकलोचन की बालप्रिया व्याख्या, चित्रमीमांसा की बालप्रिया व्याख्या इनके उल्लेखनीय ग्रन्थ हैं[३३] ।

## ३१- खुद्दी झा

खुद्दी झा ने २० वीं शती में काव्यप्रकाश की व्याख्या लिखी है[३४] ।

## ३२- शितिकण्ठ वाचस्पति

इन्होंने २० वीं शती में अलङ्कारदर्पण ग्रन्थ की रचना की है[३५] ।

## ३३- श्वेतारण्यम् नारायण यज्वन्

इन्होंने भी २० वीं शती में ही दो ग्रन्थों--१. वृत्तालङ्काररत्नावली (टीका सहित) एवं शिवार्थालङ्काररस्तव की रचना की है । प्रथम ग्रन्थ को आचार्य ने राम स्तुति के श्लोकों से व द्वितीय ग्रन्थ को शिवस्तुति के श्लोकों से समृद्ध किया है[३६]।

## ३४- डा0 चण्डिका प्रसाद शुक्ल

आचार्य शुक्ल का जन्म प्रयाग जनपद के अठखरिया ग्राम में २४ अगस्त १९२१ ई0 को शुक्लवंशीय सरयूपारीण ब्राह्मण परिवार में कृष्णात्रेय गोत्र में हुआ था । पिता स्व0 रामकिशोर शुक्ल ज्योतिष, धर्मशास्त्र एवं पुराण के ज्ञाता तथा काव्य-साहित्य के विद्वान् थे । आपने पितृव्य पण्डित भानुप्रसाद शुक्ल से संस्कृत व्याकरण का ज्ञान प्राप्त किया था । क्रमशः उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पदार्पण करते हुए उन्होंने व्याकरण विषय में मध्यमा एवं साहित्याचार्य की परीक्षा वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय से और संस्कृत एवं प्राचीन इतिहास विषयों में स्नातकोत्तर परीक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की । साहित्य की सरसता से प्रभावित होकर डा0 शुक्ल जी ने संस्कृत में शोध कार्य करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय से नैषध्र-अनुशीलन (नैषधचरित-विवेचन) पर सन् १९५३ ई0 में डी0 फिल्0 की उपाधि तथा शृङ्गार रस के शास्त्रीय विकास नामक ग्रन्थ पर सन् १९७१ ई0 में डी0 लिट्0 की उपाधि प्राप्त की और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में निरन्तर अध्यापन कार्य करते हुए प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष पद से सन् १९८२ ई0 में अवकाश ग्रहण किया। जीवन पर्यन्त लेखन कार्य में संलग्न रह कर प्रस्तुत ग्रन्थों की रचना की- १- नैषधचरित-हिन्दी अनुवाद, २- नैषधपरिशीलन-आलोचनात्मक शोध साहित्य, ३- माघ कवि-शोध निबन्ध, ४- शिशुपालवध टीका-प्रथम एवं द्वितीय सर्ग, ५- वेदमञ्जरी-सम्पादन कार्य, ६- मुक्ताफल-संस्कृत के पाँच महाकाव्यों का हिन्दी अनुवाद ७- शृङ्गार परिशीलन, ८- दीपशिखा-ध्वन्यालोक टीका ।

इनमें से दीपशिखा काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ है जिसमें कवि ने यह सिद्ध किया है

कि ध्वन्यालोक के प्रसिद्ध टीकाकार अभिनवगुप्त अपनी लोचन टीका से आनन्दवर्धन सम्मत अभिप्राय को कहीं-कहीं स्पष्ट कर सकने में असमर्थ रहे हैं । दीपशिखा का प्रकाशन विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी से हुआ है ।

## ३५- डा० ब्रह्मानन्द शर्मा

डा० ब्रह्मनन्द शर्मा पंजाब के फिरोजपुर जिले में अबोहर के पास दुतारावाली गाँव के निवासी थे । इनके पितृचरण पण्डित लाघू राम जी पारीक तथा माता अमरी देवी थीं । आपका जन्म ११ फरवरी १९२३ को हुआ था । डा० शर्मा ने संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान् श्री विद्याधर शास्त्री से शिक्षा प्राप्त की । राजस्थान विश्वविद्यालय से सादृश्यमूलक अलङ्कार विषय पर शोध कार्य करके इन्होंने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया । राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष रह कर कार्य मुक्त हुए । अवकाश ग्रहण के पश्चात् डा० शर्मा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत 'रससिद्धान्त का पुनराकलन' विषय पर कार्य कर रहे हैं । लेखन कार्य में रुचि के फलस्वरूप संस्कृत साहित्य को ६ ग्रन्थ उपलब्ध हुए---- १-अभिनवरसमीमांसा, २- वस्त्वलङ्कारदर्शनम्, ३-तत्त्वशतक, ४-काव्यसत्यालोक, ५- रसालोचनम्, ६- ए क्रिटिकल स्टडी आफ संस्कृत पोएटिक्स ।

संस्कृत काव्यशास्त्र के इतिहास में काव्यसत्यालोक ने एक नवीन सम्प्रदाय को जन्म दिया है । इसका प्रकाशन नसीराबाद रोड, अजमेर से हुआ है । वस्त्वलङ्कारदर्शनम् में अलङ्कारों का सुन्दर और क्रमबद्ध विवेचन है । डा० शर्मा अद्यापि शोधपत्रादि के लेखन कार्य में सदा व्यस्त रहते हैं ।

## ३६- पण्डित रेवाप्रसाद द्विवेदी

पण्डित रेवाप्रसाद जी के पूर्वज कड़ा इलाहाबाद के मूल निवासी थे । कालान्तर में ये लोग मध्य प्रदेश में आकर वास करने लगे । वहीं पर भोपाल के निकट नर्मदा तट पर स्थित नादनेर ग्राम में २२ सितम्बर, १९३५ ई० को रेवाप्रसाद जी का जन्म जुझोतिया ब्राह्मण कुल में हुआ था । इनके पिता पण्डित नर्मदाप्रसाद द्विवेदी संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान् और ज्योतिष विद्या के परम ज्ञाता थे । इन्होंने अधिकांशतः काशी के महान् विद्वान् सर्वतन्त्र कवितार्किकचक्रवर्ती पण्डित महादेव शास्त्री से संस्कृत शिक्षण प्राप्त किया और उच्च शिक्षा में आचार्य, एम० ए०, पी-एच० डी० एवं डी० लिट्० की उपाधि से समन्वित ज्ञान का विस्तार किया । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में संस्कृत विद्या, धर्म, विज्ञान संकाय में साहित्य-विभागाध्यक्ष के पद पर आसीन रह कर अवकाश प्राप्त हुए । आपने संस्कृत साहित्य को अनेक ग्रन्थ रत्न दिये जिनमें से प्रमुख इस प्रकार हैं । १- सीताचरितम् महाकाव्य, २- स्वातन्त्र्यसम्भवम्, ३- यूथिका-नाटक, ४- कांग्रेसपराभवम्, ५- रघुवंशदर्पण एक परिचय, ६- कालिदास-

मानवशिल्पी, ७- आनन्दवर्धन, ८- साहित्यसन्दर्भः, ९- काव्यालङ्कारकारिका-वृत्तिसहित, १०- अलङ्कारसिद्धान्त, ११- नाट्यवार्तिक ।

आचार्य ने सम्पादन एवं टीका के माध्यम से भी इन ग्रन्थों का उद्धार किया १-कालिदासग्रन्थावली, २-व्यक्तिविवेक, ३- अलङ्कारसर्वस्व, ४- शब्दव्यापारविचार, ५- अभिधावृत्तिमातृका, ६- रसार्णवसुधाकर ।

काव्यालङ्कारकारिका काव्यशास्त्रीय तत्त्वों को अभिनव दृष्टि से विवेचित करने के कारण काव्यशास्त्र में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है । इसीलिए इसे 'अभिनवं काव्यशास्त्रम्' भी कहा गया है । इस ग्रन्थ में कविता के प्रत्ययवादी दर्शन की व्याख्या की गयी है और उसे प्रमातृमूलक न मान कर प्रमेयमूलक स्वीकार किया गया है । प्राचीन सिद्धान्तों विशेषतः ध्वनिसिद्धान्तों का अकाट्य प्रमाणों द्वारा खण्डन किया गया है । चौखम्बा सुरभारती, वाराणसी से सन् १९७७ में प्रकाशित इस ग्रन्थ में स्वरचित १८४ कारिकाओं पर संस्कृत एवं आंग्ल भाषा में आचार्य लिखित टीका उपलब्ध है । इसके अतिरिक्त भेदोपभेद सूचक कारिकाएँ भी सम्मिलित हैं ।

आचार्य द्विवेदी अलङ्कारवादी सम्प्रदाय के समर्थक हैं, यही कारण है कि काव्य के ६ प्रस्थानों-रस, रीति, अलङ्कार, ध्वनि, वक्रोक्ति और औचित्य की व्याख्या हेतु अलङ्कारवादी दृष्टिकोण अपनाते हैं । उनके मत में काव्य की आत्मा अलङ्कार है[३७]।

वर्तमान शती में आचार्य रमेशचन्द्र शुक्ल ने 'रसदर्शनम्' में डा0 रुद्रदेव त्रिपाठी ने चित्रकाव्य परक अपने शोधग्रन्थ में तथा डा0 रमाकान्त शुक्ल ने 'विशेषणमालालङ्कार-स्थापनम्' निबन्ध में अपनी काव्यशास्त्रीय स्थापनाएँ की हैं ।

वर्तमान शती में भारतीय काव्यशास्त्र की धारा निर्बाध गति से साहित्य की विशाल परिधि को आप्यायित करती हुई संस्कृत जगत् को समृद्ध कर रही है, यहाँ तक कि हिन्दी भाषा के काव्यशास्त्रियों को भी प्रभावित होकर प्रणयन हेतु संस्कृत काव्यशास्त्र का ही अधमर्ण होना पड़ा ।

---

१- विस्तृत विवरण के लिए देखिए-आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रथम अध्याय ।

२- इति श्रीमद्घटिकाशतघण्टाविहिताष्टभाषाचरणनिपुणस्य वासुदेव- योगीश्वर-स्यान्यतमस्य गुहपुरवासशर्मणः श्रीकृष्णशर्मणः कवेः कृतौ मन्दारमकरन्दे च चम्पूप्रबन्धे वृत्तबिन्दुः प्रथमः समाप्तिमगमत् ।

३- आधुनिक संस्कृत साहित्य-डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 २१३

४- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास, डा0 कपिलदेव द्विवेदी, पृ0 १३

५- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 २२२

६- नवदुर्गतातदेशिककृष्णाम्बासूनुरातनोतीमम् ।
श्रेशैलान्वयजन्मा कृष्णोऽलङ्कारमणिहारम्, ।। पृ0 ८

७- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १९१

८- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्दकुमार श्रीवास्तव, पृ0 ५१

९- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 २७५-२७६

१०- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्दकुमार श्रीवास्तव पृ0 ६५

११- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, २८४

१२- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 २८५

१३- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १४९

१४- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १४९

१५- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १५०

१६- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 ३८७

१७ - अवाप पूर्ववङ्गेषु भूरिसूरिषु जन्म यः ।
कोटालिपाड़ोनशिया ग्रामे बहुद्विजन्मनि ।।
माता विधुमुखी देवी पिता गङ्गाधर सुधीः ।
पितामहः काशीचन्द्रो गोत्रञ्च यस्य काश्यपम् ।। -काव्यकौमुदी, पृ0 १७९

१८- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव; पृ0 ५३

१९- प्रोसीडिंग्स, इन्टरनेशनल संस्कृत कान्फ्रेन्स, वाल्यूम १, भाग १, १९७५, पृष्ठ १३२-१३३

२०- वहीं पृ0 १३१-१३२ ।

२१- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १५० ।

२२- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पृ0 ५३

२३- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पृ0 ५०

२४- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पृ0 ६५

२५- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १४९

२६- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १४९

२७- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १५०

२८- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल, पृ0 १५०

२९- श्रीगणेशं नमस्कृत्य मामकीं नाम मातरम् ।
पितरं मोक्षरामाह्वं मूलचन्द्रञ्च सोदरम् ।। -साहित्यबिन्दु, पृ0 २ ।

३०- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पृ0 ५४

३१- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पृ0 ५३

३२- अधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पृ0 ५४

३३- आधुनिक संस्कृत साहित्य, डा0 हीरालाल शुक्ल पृ0 ३४३

३४- प्रोसीडिंग्स इन्टरनेशनल संस्कृत कान्फ्रेन्स, वाल्यूम १, भाग १, १९७५, पृ0 १२८

३५- आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र, डा0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पृ0 ५३

३६- प्रोसीडिंग्स, इन्टरनेशनल संस्कृत कान्फ्रेन्स, वाल्यूम १, भाग १, १९७५, पृ0 ४७५ ।

३७- अस्मन्मते त्वलङ्कारः काव्यस्याङ्गस्य वीक्षणे ।
ध्वनिं सोमं यथा वह्निः कवलीकृत्य राजते ।।
काव्यालङ्कारकारिका

# संस्कृत के अधुनातन साहित्यकार

डॉ0 भास्कराचार्य त्रिपाठी

## संस्कृत

विश्व के अनेक सुखद आश्चर्यों में एक प्रमुख स्थान संस्कृत भाषा को भी दिया जा सकता है। यह एक ओर तो मानव सृष्टि की सबसे प्रचीन भाषा है, ऋग्वेद की भाषा, और दूसरी ओर आज भी धरती के कई अंचलों में प्रायः हर स्तर पर पढ़ी-बोली और लिखी जाती है। इसमें नये साहित्य सिरजे जाते हैं। सहृदय उन्हें अपनी भाषा के संस्कार के लिए या फिर परम्पराओं की सही पहचान के लिए बड़े चाव से पढ़ते हैं। देववाणी नाम से इस भाषा की यही जिजीविषा रेखांकित होती है।

## कवि

भारतीय परंपरा में कवि शब्द स्वयं ईश्वर का पर्यावाची स्वीकृत किया गया है- कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूः। दोनों अपने- अपने ढंग की अभिनव और सुसंगत लोक-रचना करते हैं।

## कविता

किसी संवेदना को आह्लादजनक रीति से कहने की प्रक्रिया कविता है। लय और छन्द (चदि आह्लादने) उसके संबल मात्र हैं। कविता दृश्यमान जगत् के आभ्यंतर चित्र उपस्थित करती है, साथ ही लौकिक आदर्शों की स्थापना करती है। यथार्थ की धरा पर पल्लवित ये आदर्श समाजहित के प्रहरी बनते हैं। संस्कृत कवि अर्थ, धर्म और काम का विशाल क्षितिज सँवारते हुए ''आत्मानं विजानीहि'' या ''स्वान्तः सुखाय'' की अवधारणा में जीवनमुक्ति का भी अवतरण करते हैं। आदि काव्यशास्त्री भामह के शब्दों में-

धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।
करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिषेवणम्॥

काव्यं शिक्षा एक ओर अवाङ्मनसगोचर ब्रह्मानन्दसहोदर आनन्द बरसाती है तो दूसरी ओर लोकमंगल की दिशा में ''कान्तासम्मित'' अर्थात् प्रेयसी के मधुर संकेतों सी प्रतीत होती है।

# साहित्य-रेखा

उपदेश की रसपेशल अँवराई, समानान्तर मानवता की कीर्ति, संपन्नता, व्यवहार-ज्ञान, विसंगतियों से परिचय, राष्ट्रभक्ति और अमंगल- निवारण के जितने भी लौकिक अलौकिक आयाम हैं - संस्कृत कविता उन सब में चिरकाल से अनुस्यूत रही है । भारतीय नीतिकथा, सुभाषित साहित्य और यहाँ तक कि कई शास्त्रीय रचना-क्षेत्रों में भी संस्कृतकविता की सामाजिक सहभाव एवं लोकसेवा आदि विचारबिन्दुओं से संपन्न परम्परा देखने को मिलती है ।

# परंपरा

काव्यशास्त्रियों ने समय समय पर अलङ्कार, रीति, वक्रोक्ति और ध्वनि की कसौटी पर साहित्य को मूल्यांकित करने का प्रयत्न किया है, पर संस्कृत-कविता इन चौखटों में न बँधती हुई रसात्मक संवेदना के धरातल पर अबाध गति से अग्रसर होती आई है । इस परंपरा की एक विशेषता यह रही है कि गद्य, पद्य तथा नाट्य तीनों को संस्कृत काव्य के नाम से ही परिभाषित किया गया है । वाल्मीकि और व्यास के अनन्तर भास, कालिदास, अश्वघोष, भारवि, बाणभट्ट आदि इस अजस्र उदात्तता के चिर-मानक प्रतिमान हैं । इनके समानान्तर अपना प्रत्यभिज्ञान न छोड़ती हुई संस्कृत लेखनी शैली, शिल्प और कथ्य में आज विश्वकविता का भी प्रतिवेश अपना रही है ।

# आज की संस्कृत कविता

भारत के साथ व्यापक अन्ताराष्ट्रिय क्षेत्र में संस्कृतकविता नित्य-नूतन सर्जनपथ पर अग्रसर है । बहुधा संस्कृत-सम्मेलनों में इसकी जीवन्त रचना-धर्मिता और प्रगति देखने को मिलती है । इधर पच्चीस वर्षों के निकट-अन्तराल में जो भारतीय संस्कृत कवि उभर कर आये हैं उनका संक्षिप्त परिचय दे दूँ। पहले चर्चा करता हूँ - प्रबंधरचना के शब्द-शिल्पी महाकवियो- की ।

यूँ तो सम्बद्ध शोधलेख बीसियों के लगभग संस्कृत महाकवियों की सूची बतलाते हैं, इनमें से पाँच छः सचमुच अनूठी शब्द-योजना और नये बिम्बों से आज के परिवेश में भी संस्कृत की नित्य-नवीन सुरभि बिखेर सके हैं । इनमें एक हैं - ''सीताचरितम्'' के रचयिता, नाँदनेर (म0 प्र0) के निवासी पं0 रेवाप्रसाद द्विवेदी, इनका उपनाम ''सनातन'' है । इन्होंने सीता के माध्यम से अपने काव्य-फलक पर भारत की राष्ट्रचेतना को ही प्रतिष्ठित किया है- छठें सर्ग मे एक श्लोक आता है-

हिमगिरिगुरुशृङ्गतः पयोधेर्गहनतमावटगह्वराणि यावत् ।
निखिलमपि निजार्यभूमिवक्षो निजमृदुतल्पममंस्त भूशयाना ।।

कि देवी सीता जंगल की खुली ज़मीन पर लेटती हुई सोचती थीं- हिमालय के ऊँचे, भारी भरकम कंगूरों से लेकर समुद्र के अतल खंदकों तक फैला हुआ आर्यभूमि का समूचा वक्षःस्थल, एक अपनत्व से भरी हुई कैसी कोमल सेज है ।

यही स्वर इनकी अन्य रचनाओं में भी स्थल स्थल पर मुखरित हुआ है। एक दूसरे संस्कृत महाकवि की चर्चा चलाऊँ - ६८ सर्गों में अपना महाकाव्य ''शिवराज्योदयम्.'' लिखकर एक रिकार्ड स्थापित किया है नागपुर के संस्कृत मनीषी श्रीधर भास्कर वर्णेकर ने, इसी तरह उर्मिलीयम् के रचनाकार नारायण शुक्ल ''श्रीनारायणविजयः'' के शब्दकार आचार्य हैं । बालराम पणिक्कर और श्री मालवीयचरितम् के रचयिता पं0 रामकुवेर मालवीय भी उच्च कोटि के आधुनिक संस्कृत महाकवि कहे जा सकते हैं ।

१५ सर्गों में पल्लवित श्रीमालवीयचरितम् वक्रोक्ति शैली में सम-सामयिक परिदृश्य का एक आकर्षक संग्रह बन पड़ा है । उदाहरण के लिए श्री मदनमोहन मालवीय की सफेद मूँछें चित्रित करते हुए पं0 रामकुबेर जी ने लिखा है -

कामक्रोधादिसम्पर्काद् वाणीं संशोध्य तत्क्षणम् ।
समाख्यातुं सभामध्ये सम्मार्जनकुशा किमु ।।
पाश्चात्त्योपप्लंवत्रस्ता शरण्यं तन्मुखश्रिता
शुक्लवेणीयुतेयं किं वृद्धा प्राचीनसंस्कृतिः ।।

'अर्थात् मालवीय जी किन्हीं उत्तेजनाओं के क्षण में भी इस तरह सम्हाल कर बड़ी कोमल वाणी बोलते थे, जैसे उनकी मूछें सम्मार्जनी कुशा की तरह वाणी को पवित्र करके बाहर निकलने देती रही हों, या फिर - वे सफेद मूँछें कुछ ऐसी लगती थीं जैसे प्रांचीन भारतीय संस्कृति अब वृद्ध हो चली और वह अंग्रेजों के डर से एकदम घबराई हुई मात्र मालवीय जी के श्रीमुख का सहारा पा गई हों ।

संस्कृत महाकाव्यों की यह परंपरा अहर्निश प्रगति की ओर अग्रसर है । उज्जयिनी के ललित संस्कृतगीतिकार आचार्य श्रीनिवास रथ पहली बार किसी मध्यवर्गीय पात्र को नायक बनाकर बलदेवचरितम् महाकाव्य की रचना कर रहे हैं। इस महाकाव्य में बलदेव उपाध्याय जी के इर्द गिर्द अंग्रेज़ी दासता से मुक्ति पाने की छटपटाहट और विश्वबन्धुता की ओर बढ़ती हुई हमारी राष्ट्रीय चेतना भी बड़ी साफ रेखांकित हो रही है । तृतीय सर्ग में भगवती सरस्वती का कथन है-

सागरैश्च गिरिभिर्नदीजलैर्भूरियं यदि विभज्यते जनैः ।

व्याप्य शब्दगुणकं मया नभः सूत्रितं त्रिभुवनं निजात्मना ।।

कि लोग अपनी ओर से चाहे जितने समुद्रों,पहाड़ों और सरिताओं के पानी बाँटकर धरती का बँटवारा कर लें, मैंने तो शब्दगुण वाले समूचे आकाश में फैलकर इस त्रिभुवन को ही एक सूत्र में पिरो लिया है ।

संस्कृत महाकाव्यों की महती वर्तमान श्रृंखला में इसी तरह अभिराज कवि श्री राजेन्द्रमिश्र का नाम भी उल्लेखनीय है । श्री मिश्र के जानकीजीवनम् महाकाव्य में उदात्ततर आदर्शों के अतिरिक्त भारतीय लोकरूप की अनेक चित्र-वीथियाँ देखने को मिलती हैं ।

अभी जिन संस्कृत महाकवियों के नाम संकेतित किये गये हैं, इनके साथ ही एक भरा पूरा नक्षत्र- मण्डल खण्डकाव्य, ललित गीति और मुक्तकों की भी नित-नई सर्जना मे संलग्न है - इस नक्षत्र मण्डल के कुछ भास्वर नाम हैं - बच्चूलाल अवस्थी, उज्जैन, बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते, वाराणसी, राधावल्लभ त्रिपाठी सागर, मुल्लपूडि जयसीताराम, रेपल्ले,बाबूराम अवस्थी,लखीमपुर खीरी, पी0 के0 नारायण पिल्लै, त्रिवेन्द्रम, ओमप्रकाश ठाकुर एवं रामकरणशर्मा, दिल्ली तथा परमानन्द शास्त्री, अलीगढ। जब आनन्द-मधु-मन्दाँकिनी के रचयिता मिथिला के पं0 आनन्द झा धूमावती-दण्डक प्रस्तुत करते हैं -

जय जयानन्तव्रह्माण्ड-भाण्ड-स्फुट-स्फोटन प्रोद्यतोग्राग्नि-घूमान्ध-कारप्रभे ! भीषणे सर्वदा! शत्रु-संहार-तात्पर्यवन्मानसे ! देवि धूमावति ! स्वानुगारातिभीत्यै विवर्णाकृतिं दोषिणीं दीर्घदीर्घां च मालिन्यवद्वस्व-युक्ताङ्गिनीं मुक्तिमन्मूर्द्धजां रूक्ष-रूक्षां धवाभाव-विख्यापिनीं दन्तदीर्घत्व-वैरल्यतो भीषणां कूक्वणत्काक-दीर्घध्वजे स्यन्दने घोट-हीने श्मशान-स्थिते संस्थिताम् ।

अथवा 'भाति मे भारतम्' के रचयिता नई दिल्ली के ओजस्वी कवि डॉ0 रमाकान्त शुक्ल अपने सद्यः प्रकाशित छन्द सुनाते हैं तो सहसा यही प्रतीत होता है कि संस्कृत साहित्य आज भी चिरनूतन है तथा समानान्तर युग-बोध से संपन्न है।

## साहित्य विधाएँ

आधुनिक संस्कृत नाटकों में भी यह उर्वरता बनी हुई है । पुल्लेल श्री रामचन्द्रुडू का ''सुसंहतभारतम्'' छः अंकों में भारतीय स्वतंत्रता की अन्तरंग परिस्थितियों का रूपायन करता है । इसके उपसंहार में पं0 नेहरू का भरतवाक्य है -

स्वदेशक्षेमार्थं सकलजनताऽसौ प्रयततां

पराश्चास्मत्सीमा ऽऽक्रमणकुधियो यान्तु विजिताः ।

समृद्धोऽयं देशो विविधविभवैः सञ्चितबलो

विधत्तां सर्वत्राप्यनुपहतशान्तिञ्च भुवने ।।

अर्थ लगभग स्पष्ट है कि देश की भलाई के लिए सारी जनता को ही प्रयत्नशील रहना चाहिए, तभी हमारी सीमाएँ शान्त रहेंगी, हम समृद्ध होंगे और विश्व-शान्ति के प्रति हमारा आश्वासन अचूक होगा ।

पूना के पं० ओगेटि परीक्षित् शर्मा ने परीक्षिन्नाटकचक्रम् नाम से एक जिल्द में ही स्वरचित २७ नाटकों का प्रकाशन किया है, जिनमें १४ पौराणिक आख्यानों पर आधारित हैं । ६ ऐतिहासिक कथावस्तु को लेकर चलते हैं और सात नाटक आज के सामाजिक वातावरण से अनुप्राणित हैं । कहीं कहीं इनके भाषिक प्रयोगों पर व्याकरण विश्लेषण न करें तो रूपकों का समानान्तर आकर्षण सचमुच प्रशंसनीय कहा जायेगा ।

वस्तुतः एकांकी जगत् में भी संस्कृत रंगकर्म आज के मंचों के अनुरूप सामने आ रहा है । पिछले दिनों भोपाल में श्रीराम वेलणकर ने मेघदूतोत्तरम् स्वातंत्र य-चिन्तामणि और तत् त्वमसि आदि कई एकांकी - शृंखलाएँ प्रकाशित की हैं। इन रचनाओं में समसामयिक घटनाओं के प्रति जागरूकता तथा राष्ट्रीय एकता के स्वर प्रमुख रूप से अंकित किये गये हैं ।

राजेन्द्र मिश्र के इलाहाबाद से प्रकाशित नाट्यपञ्चगव्यम् एवं रूपरुद्रीयम् आदि एकांकी संकलन संस्कृत की परम्परा-पुष्ट शैली और लोक-सौन्दर्य की सोंधी सोंधी रेखाओं से भरपूर सजाये गये हैं । इलाहाबाद के ही संस्कृत मनीषी आचार्य चन्द्रभानु त्रिपाठी ने सुजाता और उर्वशी नाम से दो अच्छी नाटिकाएँ संस्कृत जगत् को दी हैं।

आज भी इन भारतीय नाटकों का ''शान्त क्रतुं चाक्षुषम्'' अर्थात् इन्द्रियों के प्रशान्त यज्ञ का स्वरूप अव्याहत है । इन्हें सुनते और देखते समय धनी-गरीब, नागरक-वनवासी अपना भेदभाव भूलकर साधारणीकरण की परिधि में आबद्ध हो जाते हैं, मानसिक भोजन प्राप्त करते हैं और उपदेश-रंजन के साथ सामाजिक समानता का पाठ पढ़ते हैं । समग्र धर्मों, जातियों एवं भिन्न भिन्न वृत्तियों के नर नारी समान रसवर्षण से आप्यायित होते हैं । दीन तथा निराश लोगों में उत्साह, आक्रोश-पीडित जनता में शान्ति तथा दुर्विनीत विघटनकारियों में अनुशासन का संचार होता है । प्रशांत यज्ञ में सरल व्यंजनामयी भाषा की शब्द गंगा सर्वहित एवं सर्वोदय का संकल्प लिए प्रवाहित होती है । सभी अपनी अपनी तपन और उलझन लेकर पहुँचें, सब को बराबर शीतलता और आश्वस्ति मिलती है ।

आधुनिक संस्कृत साहित्यकार अपनी संपन्न परंपरा के हर आयाम को युगानुरूप ढालने से पीछे नहीं हटे हैं । गद्य और पद्य की गंगाजमुनी मिठास लेकर मन्दसौर के श्री रुद्रदेव त्रिपाठी ने प्रथम राष्ट्रपति पर आधारित राजेन्द्रचन्द्रोदय-चम्पू १६ कलाओं में लिखी है । पुरी के श्री केशवचन्द्रदाश ने संस्कृत की अनगिनत लघुकथाएँ,खण्ड काव्य और उपन्यास तथा नीमच मध्यप्रदेश के श्रीनाथ श्रीपाद हसूरकर ने प्रतिज्ञापूर्ति, अजातशत्रु, सिन्धुकन्या, चेन्नम्मा, दावानल और व्रती शीर्षक से छः उपन्यास हमें दिये हैं ।

समीक्षकों ने इन प्रस्तुतियों का उन्मुक्त हृदय से स्वागत किया है । श्री दाश की रचनाओं पर वाराणसी से प्रकाशित सागरिका का स्पष्ट अभिमत है - ''आधुनिकसंस्कृतसाहित्यस्य प्रयोगक्षमत्वं नूतनतत्त्वसंग्रहणमसामर्थ्यं च परिचाय-यितुमवश्यमेताः रचनाः स्वागतार्हाः''

इन सभी लेखकों ने ही नहीं पण्डिता क्षमाराव, वनमाला भवालकर, अग्निशिखा की कवयित्री पुष्पा दीक्षित और नलिनी शुक्ला आदि लेखिकाओं ने भी आधुनिक संस्कृत साहित्य की श्रीवृद्धि में उल्लेखनीय योगदान किया है । संस्कृत की अत्यंत समृद्ध परंपरा के ये वर्तमान उत्तराधिकारी हैं । हम इन्हें पढ़ें और सुने-समझें तथा शास्त्रों के निकष पर इनकी समीक्षा करें । यह सभी साहित्य-मधुव्रतों का पुनीत दायित्व है ।

# संस्कृत की वैदेशिक विद्वत्त्रयी

डा0 हरिदत्त शर्मा

अठारहवीं शताब्दी के अन्त में पहली बार योरोप में संस्कृत-विद्या का बीजन्यास हुआ, और तब से यह वहाँ की धरती पर निरन्तर पुष्पित एवं पल्लवित होती रही है। वहाँ संस्कृत-वाङ्मय के अध्ययन एवं अनुसन्धान का जो क्रम चला, वह निरन्तर आगे की ओर गतिशील रहा है। अनेक प्राच्यविद्याविद् विद्वानों ने शोध एवं समीकरण के उच्च मानदण्ड स्थापित कर संस्कृत के समुन्नयन में महनीय योगदान किया है। इस धारा में आने वाले कतिपय आधुनिक संस्कृत-विद्वानों से मेरा साक्षात्कार १९८७ एवं १९९० ई0 में हुआ, जब मैंने 'सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम' के अन्तर्गत क्रमशः चार माह की जर्मनी-यात्रा तथा दो माह की फ्रांस-यात्रा की। तत्कालीन पूर्व जर्मनी की राजधानी बर्लिन एवं फ्रांस की राजधानी पेरिस में रहकर जिन कतिपय संस्कृत-विद्वानों से मेरा सम्पर्क हुआ, उनमें से उन तीन विद्वानों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर मैं प्रकाश डाल रहा हूँ, जिनका सर्वाधिक सान्निध्य एवं सौहार्द मुझे प्राप्त हुआ है।

## १. प्रो0 वुल्फगांग मोर्गेनरॉथ

इस समय जर्मनी के हम्बोल्ट विश्वविद्यालय, बर्लिन में एशियाई अध्ययन संस्थान के अन्तर्गत दक्षिण-एशियाई अध्ययन विभाग में प्रोफेसर एवं अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। इस विश्वविद्यालय में भारतीय विद्या के अध्ययन का आरम्भ १८२१ ई0 में हुआ और इसके प्रथम प्रोफेसर फ्रांज बॉप हुए। बॉप के दीर्घ कार्यकाल के पश्चात् इस पद पर क्रमशः आरब्रेश्ट वेबर, रिचर्ड पिशेल, हैनरिख ल्यूडर्स, वाल्टर रूबैन आसीन रहे। १९७२ में प्रोफेसर मोर्गेनरॉथ यहाँ 'इण्डोलॉजी' के प्रोफेसर पद पर प्रतिष्ठित हुए और तभी हम्बोल्ट विश्वविद्यालय में एशियाई एवं दक्षिण एशियाई अध्ययन के विभाग पृथक् रूप से स्थापित हुए। इससे पूर्व प्रो0 मोर्गनरॉथ ने १९५८ ई0 में येना विश्वविद्यालय से छान्दोग्य उपनिषद् पर शोध प्रबन्ध प्रस्तुत कर डॉक्टरेट डिग्री प्राप्त की। १९५४ ई0 में ग्रीफ्सवाल्ड विश्वविद्यालय में अध्यापक नियुक्त हुए तथा भारोपीय भाषा विज्ञान तथा ग्रीक, लैटिन एवं स्लाविक भाषाओं का अध्यापन किया। ग्रीफ्सवाल्ड में मोर्गेनरॉथ ने मूल संस्कृत-ग्रन्थों की व्याख्या तथा संस्कृत भाषा के इतिहास पर शोध-पत्र लिखे। संस्कृत के मनोरंजक कथा-साहित्य पर उन्होंने कार्य किया तथा 'शुकसप्तति' का जर्मन अनुवाद प्रकाशित किया। ग्रीफ्सवाल्ड विश्वविद्यालय के कार्यकाल में उन्होंने समस्त संकायों के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत

विषय के अध्यापन का गुरुतर दायित्व सँभाला और इसी के समानान्तर वे १९५९ से १९६९ तक बर्लिन की हम्बोल्ट यूनिवर्सिटी में अतिथि अध्यापक के रूप में संस्कृत, पालि एवं प्राकृत भाषाओं को पढ़ाते रहे। उस समय वहाँ वाल्टर रूबैन इण्डोलॉजी की पीठ पर विद्यमान थे। १९६९ में मोर्गेनरॉथ ग्रीफ्सवाल्ड में फुल प्रोफेसर नियुक्त हो गये और अन्ततः १९७२ ई० में उन्हें हम्बोल्ट विश्वविद्यालय में फुल प्रोफेसर के पद पर आमन्त्रित कर प्रतिष्ठित कर दिया गया और तब से आज तक वे इसी पद पर कार्यरत हैं।

प्रो० मोर्गेनरॉथ ने अब तक संस्कृत, पालि, प्राकृत, भाषा विज्ञान, कथा साहित्य, महाभारत, उपनिषद् साहित्य, वेद, समीक्षात्मक इतिहास, आदि अनेक विषयों पर सैकड़ों शोध-निबन्ध लिखे हैं जो प्रतिष्ठित प्राच्यविद्यासम्बन्धी पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। शुकसप्तति के अतिरिक्त मुद्राराक्षस नाटक एवं महाभारत के चुने हुए अंशों के जर्मन भाषा में अनुवाद भी आपने किये हैं। संस्कृत-व्याकरण पर जर्मन भाषा में एक उपयोगी पुस्तक लिखकर आपने जर्मनभाषी संस्कृत-अध्येताओं का बड़ा उपकार किया है। अनुवाद, अनुसन्धान एवं समीक्षण के अतिरिक्त प्रो० मोर्गेनरॉथ ने पर्याप्त परिश्रम कर तत्कालीन जर्मन जनवादी गणतन्त्र में संस्कृत-अध्ययन की विस्तृत एवं व्यवस्थित सूचनाओं से परिपूर्ण एक ग्रन्थ 'संस्कृत स्टडीज इन द जी० डी० आर०' दो भागों में सम्पादित कर प्रकाशित किया है। प्रो० मोर्गेनरॉथ संस्कृतसम्बन्धी विविध शैक्षणिक एवं साहित्यिक कार्यकलापों में सतत सक्रिय रहे हैं। उनके कार्यकाल में ही उनके सञ्चालन में फ्रांज बॉपकी फुल प्रोफेसरशिप तथा पूर्व जर्मनी में संस्कृत-अध्यापन का १५० वाँ वर्ष मनाने के लिए १९७५ में एक 'इण्टरनेशनल संस्कृत कान्फ्रेंस' का आयोजन किया गया।

प्रो० मोर्गेनरॉथ के सक्रिय उत्साह के कारण ही उनके जनरल सेक्रेटरी बनने पर १९७९ में वाइमार में चतुर्थ 'वर्ल्ड संस्कृत कान्फ्रेंस' का आयोजन किया गया। इसी सम्मेलन के अवसर पर 'समरीज ऑफ पेपर्स' के अतिक्रित 'संस्कृत स्टडीज आउट साइड इण्डिया' नाम से तीन वॉल्यूम प्रकाशित किये गये हैं जिनमें भारत के बाहर के प्रायः समस्त देशों में संस्कृत-अध्ययन की स्थिति पर उन देशों के विद्वानों ने विवरण लिखकर योगदान किया। १९७६ में प्रकाशित 'विसैनशाफ्टलिशें त्जाइश्रिफ्ट, बर्लिन' के सम्पादक प्रो० रॉथ ही हैं। वाइमार की कान्फ्रेंस में आपके द्वारा जर्मन में अनूदित मुद्राराक्षस नाटक का अभिनय किया गया। अनेक वर्षों से प्रो० रॉथ 'इण्टरनेशनल एसोसिएशन ऑफ संस्कृत स्टडीज' के उपाध्यक्ष हैं। प्रो० रॉथ अब तक सात बार भारत आ चुके हैं, और भाण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना से सम्बद्ध रहकर शोध-कार्य करते हैं।

## २. प्रो० माइकेल हान

प्रोफेसर माइकेल हान सम्प्रति जर्मनी के मारबुर्ग नगर में स्थित फिलिप्स यूनिवर्सिटी के भारतीय विद्या संस्थान में प्रोफेसर एवं अध्यक्ष पद पर अवस्थित हैं। प्रो0 हान से मेरा परिचय भारत में सम्पन्न हुई 'आल इण्डिया ओरियण्टल कान्फ्रेंस' के विभिन्न सत्रों में हुआ। प्रो0 हान ओरियण्टल कान्फ्रेंस, वर्ल्ड संस्कृत कान्फ्रेंस तथा अखिल भारतीय कालिदास समारोह आदि विविध सन्दर्भों में अनेकशः भारत आ चुके हैं। प्रो0 हान लम्बे समय तक जर्मनी की राजधानी बॉन में स्थित बॉन विश्वविद्यालय के 'इण्डोलोजिश सेमिनार' में अध्यापक रहे हैं। १९८८ में आप फिलिप्स यूनिवर्सिटी, मारबुर्ग में फुल प्रोफेसर नियुक्त हुए और पश्चिम जर्मनी के जिन बीस विश्वविद्यालयों में संस्कृत शिक्षण की व्यवस्था है उनमें ये दोनों विश्वविद्यालय भी सम्मिलित हैं। प्रो0 हान शिक्षण एवं अनुसन्धान दोनों कार्यों में समान रूप से गतिशील हैं। आपके निर्देशन में कई शोध-कार्य हुए हैं और अनेक शोधार्थी इस समय भी कार्य कर रहे हैं।

प्रो0 हान का मुख्य कार्यक्षेत्र है अलङ्कृत काव्य, काव्यशास्त्र, छन्दःशास्त्र, बौद्ध दर्शन, संस्कृत साहित्य का इतिहास, तिब्बतीय अध्ययन आदि। अनेक दुर्लभ पाण्डुलिपियों को लेकर पर्याप्त अध्ययन करने के बाद उनको विधिवत् सम्पादित कर प्रकाशित करने का महनीय कार्य आपने किया है जिनमें प्रमुख हैं-

(१) हरिभट्टजातकमाला-दर्दर जातक, १९७९,-वाइनेर त्ज़ाइश्रिफ्ट फुर दि कुण्डे सूडाशियन, २३

(२) चन्द्रगोभिनकृत लोकानन्द नाटक, कैलाश ७, १९८०, सम्पादन, व्याख्या एवं तुलनात्मक अध्ययन।

(३) हरिभट्टजातकमाला-उदय जातक वाइनेर त्ज़ाइश्रिफ्ट फुर दि कुण्डे सूडाशियन २४ ((१९८०)

(४) गोपदत्त का कपीश्वर जातक-जर्नल ऑफ दि नेपाल रिसर्च सेण्टर ४, १९८०

(५) दास डेटम् देज हरिभट्ट-स्टडीन ज़ुम जैनिस्मस उन्ट बुद्धिस्मस, वाइसबेडिन, १९८१

(६) हरिभट्ट एण्ड गोपदत्त-टू आथर्स इन दि सक्सैज़न ऑफ आर्यशूर ऑन दि रिडिस्कवरी ऑफ पार्ट्स ऑफ देयर जातकमालाज़-स्टूडिया फिलोलोजिका बुद्धिका, टोकियो-१९७७

(७) शिवस्वामीकृत कप्फिणाभ्युदय-नेपाली पाण्डुलिपि के प्राप्त १७ पत्रों पर आधारित।

इसके अतिरिक्त प्रो0 हान ने प्रो0 खोंडा के द्वारा सम्पादित 'हिस्ट्री ऑफ संस्कृत

लिटरेचर' में छन्दोविधान पर अध्याय लिखकर अपना योगदान, किया है। प्रो0 हान की सम्पादन, अध्ययन, अनुसन्धान की पद्धति नितान्त व्यवस्थित, वैज्ञानिक एवं आधुनिक पद्धतियों से सम्पन्न है। कम्प्यूटर का प्रयोग कर प्रो0 हान अपना समग्र कार्य करते हैं तथा विषय के पर्याप्त चिन्तन-मनन के पश्चात् साधना कर निष्कर्ष निकालते हैं। मैंने घण्टों उनके घर उनके साथ बैठकर संस्कृत अध्ययन के लिए कम्प्यूटर-प्रयोग-पद्धति को देखा है। वे संस्कृत विद्या की साधना के लिए ऋषितुल्य हैं और उनका कार्य वस्तुतः स्तुत्य है।

## प्रो0 प्येर सिलवाँ फिलियोज़ा

प्रोफेसर प्येर सिलवाँ फिलियोज़ा एक फ्रांसीसी संस्कृत मनीषी हैं, जो इन दिनो पेरिस में स्थित सौबोर्न यूनिवर्सिटी के 'प्रेक्टिकल स्कूल ऑफ हायर स्टडीज' के अङ्गभूत भारतीय विद्या विभाग के निदेशक है। डॉ0 फिलियोज़ा को संस्कृत-अध्ययन का दाय पितृ-परम्परा से अपने पिता प्रो0 ज्यां फिलियोज़ा से मिला है जो स्वयं प्रसिद्ध फ्रांसीसी संस्कृतज्ञ सिलवाँ लेवी के शिष्य थे। ज्याँ फिलियोज़ा ने अपने जीवन का उत्तरार्ध समग्र रूप से संम्कृत-अध्ययन में लगा दिया था और उन्होंने अनेक क्षेत्रों में अपनी लेखनी चलाकर संस्कृत-विद्या का श्रीसंवर्धन किया था। उन्हीं के प्रयास से भारत के दक्षिण भाग पाण्डिचेरी में १९५५ ई0 में 'फ्रेंच इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डोलॉजी' की स्थापना हुई थी, और १९७७ तक वे स्वयं इसके निदेशक रहे थे। उनके पुत्र प्येर सिलवाँ भारतीय विद्या के बहुआयामी शोध-कार्य के लिए प्रतिवर्ष छः महीने के लिए आकर इस संस्थान में काम करते हैं। इस प्रकार इस उद्देश्य-पूर्ति हेतु वे वर्ष में छः माह पेरिस तथा छः माह पाण्डिचेरी रहते हैं। प्रो0 फिलियोज़ा एशियाई देशों में स्थित भारतीय विद्याओं के उच्चतर शोध-संस्थान 'इकोले फ्रांक्राई देक्ट्रीम ओरियण्ट' तथा पेरिस स्थित संस्कृत के विशाल ग्रन्थालय एवं संस्थान 'इन्स्टीट्यूट दे सिविलाइजेशन इण्डेने' से अभिन्न रूप से जुडे हुए हैं। तथा इन संस्थाओं के माध्यम से संस्कृत के अनुसन्धान प्रकाशन को प्रश्रय दे रहे हैं। अपने विश्वविद्यालय में इस समय वे कक्षाओं में बाण की कादम्बरी एवं व्यास के योग भाष्य से योगदर्शन पढ़ाते हैं। प्रो0 फिलियोज़ा मूलतः वैयाकरण हैं। अपनी अध्ययन- शीलता के कारण उन्होंने संस्कृत-काव्य, काव्यशाास्त्र, व्याकरण, ऐपीग्राफी, आर्कियोलॉजी, दर्शन, तन्त्र, भारतीय संस्कृति एवं इतिहास आदि विविध विषयों पर अनेक ग्रन्थ एवं शोध निबन्ध लिखे हैं।

प्रो0 फ़िलियोज़ा ने पतजञ्जलिकृत व्याकरण महाभाष्य की दो टीकाओं- कैय्यटकृत 'प्रदीप' और नागेशकृत 'उद्योत' का तुलनात्मक अध्ययन कर इस पर डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त की है तथा पाँच अङ्को में महाभाष्य को पाण्डिचेरी के भारतीय विद्या संस्थान से प्रकाशित किया है, साथ ही उसकी शोधपरक भूमिका

लिखी है। इसके अतिरिक्त पाणिनीय व्याकरण के अनेक सूत्रों, (जैसे स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ) विविध समस्याओं (जैसे कारक, कर्मकर्तृ आदि), सिद्धान्तों (जैसे स्फोटवाद) पर अनेक शोध-निबन्ध लिखे हैं। 'विश्वभाषा' नामक संस्कृत-पत्रिका में आपने 'व्याकरणमहाभाष्यम्' शीर्षक से संस्कृत में शोध-पत्र लिखा है, जो एक विदेशी विद्वान् के लिए सचमुच सराहनीय है। आपने पेरिस से प्रकाशित 'ऐन्साइक्लोपीडिया यूनिवर्सलिस' में संस्कृत-व्याकरण का इतिहास लिखकर अपना योगदान किया है। इसी ऐन्साइक्लोपीडिया में आपने 'कालिदास' और 'अलङ्कारशास्त्र' इन दो विषयों पर भी अपने आलेख लिखे हैं। प्रो० फिलियोज़ा ने काव्य के क्षेत्र में नीलकण्ठ दीक्षित की 'गुरुतत्त्वमालिका' तथा काव्यशास्त्र के क्षेत्र में कुमारस्वामी की 'रत्नापण' टीका सहित विद्यानाथ की 'प्रतापरुद्रीय' का भूमिका टिप्पणी सहित प्रकाशन किया है। 'स्टर्नबाख अभिनन्दन-ग्रन्थ' में प्रकाशित आपका निबन्ध 'क्वोटेशंस ऑफ रत्नावली इन अभिनवभारती' विद्वानों में चर्चित हुआ है। 'विश्वभाषा' में संस्कृत में लिखित आपका एक अन्य निबन्ध 'विज्ञानक्षेत्रे संस्कृतम्' भी स्पृहणीय है। इसके अतिरिक्त शास्त्रों के इतिहास, शिलालेख-विद्या, पुरातत्त्व विद्या, भारतीय धर्म एवं दर्शन,तन्त्र भारतीय विद्या का इतिहास आदि विषयों पर प्रो० फिलियोज़ा ने अनेक शोध-पत्र लिखकर उत्तम सारस्वत सेवा की है। आपने 'फ्रेंच इंस्टीट्यूट ऑफ इण्डोलॉजी' पाण्डिचेरी पर भी एक परिचयात्मक निबन्ध लिखकर प्रकाशित कराया है। पेरिस की 'नेशनल लाइब्रेरी के ओरियण्टल मेन्यूस्क्रिप्ट सेक्शन' में विद्यमान पाण्डुलिपियों का सं० ४५२ तक का 'डैस्क्रिप्टिव कैटैलॉग' प्रो० फिलियोज़ा के पिता ने तैयार किया था। शेष विवरणात्मक सूची प्रो० फिलियोज़ा बड़े श्रम के साथ तैयार कर रहे हैं। आप भी अपने कार्य में आधुनिकतम यन्त्रों का प्रयोग करते हैं। संस्कृत-अध्ययन के लिए कम्प्यूटर-प्रयोग की नवीन पद्धतियों का प्रयोग आप करते हैं और उसके लिए देश-विदेश में होने वाली संगोष्ठियों में भाग लेते हैं। प्रो० फिलियोज़ा सरल प्रकृति के मनीषी हैं एवं भारतीयता से पूरी तरह संसक्त हो चुके हैं। ऐसे संस्कृत सेवी साधनारत सरस्वती पुत्रों को पाकर सुरभारती धन्य हो गयी है।

# डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी : व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व

डॉ0 सौ0 रजनी अग्रवाल

## व्यक्तित्व

''उत्तम संस्कारों के सेचन से जीवन का पौधा पल्लवित और पुष्पित होता है और उससे अपने परिसर को सुन्दर और सुरभित बनाता है ।'' यह उक्ति साहित्यकार की समग्र जीवनी का संक्षिप्त आकलन प्रस्तुत करती है । इस उक्ति का सत्यापन डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी के द्वारा विगत ५० वर्षों में की गयी निर्विराम साहित्य-सर्जना से सहज हो जाता है ।

संस्कृत, हिन्दी और गुजराती भाषा के माध्यम से सहस्रों पृष्ठों में लिखित, मुद्रित एवं सम्पादित प्रायः १०० छोटे-बड़े ग्रन्थ तथा शताधिक प्रौढ शोधनिबन्धों में अवतरित-काव्य, गीति,स्तुति, चित्रबन्ध, प्रस्तावना, समालोचना, सम्पादकीय, कथानिका, दूतकाव्य, प्रवासवर्णन, जीवन-चरित, शास्त्रचर्चा, व्याख्या, तन्त्र, मन्त्र, उपासना-विधान, संस्मरण एवं अनूदित साहित्य के विभिन्न पक्षीय आयाम डॉ० त्रिपाठी की बहुमुखी साहित्य-साधना/सर्जना के स्वसंवादी व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व का एक रेखाचित्र है ।

डॉ० त्रिपाठी का जन्म मध्यप्रदेश के मालवाञ्चल में प्राचीन 'दशपुर' और वर्तमान 'मन्दसौर' के नाम से परिचित नगर में सन् १९२५ ई0 के दि0 २३ सितम्बर को हुआ । आपकी माता का नाम 'श्रीमती सीताबाई' तथा पिता का नाम 'पं0 रमाकान्तजी शर्मा' है । उत्तम ब्राह्मण-परिवार में आपका लालन-पालन हुआ और प्रारम्भिक शिक्षा के तीन वर्षों के पश्चात् अपने पूज्य ताऊजी (पिता के ज्येष्ठ-भ्राता) पं0 कृष्णलालजी शर्मा की प्रबल प्रेरणा से संस्कृत-भाषा का अध्ययन उन्हीं के निकट प्रारम्भ हुआ । प्रायः ८ वर्ष तक उन्हीं के चरणों में बैठकर आपने पाणिनीय अष्टाध्यायी, अमरकोष, सिद्धान्तकौमुदी और ज्योतिष-कर्मकाण्ड क अध्ययन किया। स्मरण-शक्ति की तीव्रता के फल-स्वरूप आपने पठित विषयों के साथ ही विविध सुभाषित पद्यों को भी उन्हीं दिनों कण्ठस्थ किया था, जो भविष्य में कवित्व के कारण बने ।

पूज्य ताऊजी के संन्यास ग्रहण कर लेने पर आपने आयु के १४ वें वर्ष में परीक्षाएँ देना प्रारम्भ कीं। क्रमशः मन्दसौर, नाथद्वारा, वाराणसी और बम्बई में अध्ययन करके व्याकरण, साहित्य, सांख्ययोग और पुराण-विषयों में 'तीर्थ' और 'आचार्य' परीक्षाएँ उत्तीर्ण कीं। अपनी अध्ययन-प्रवृत्ति की निरन्तरता से ही आपने एम0 ए0 (संस्कृत और हिन्दी में), बी0 एड0 (शिक्षाशास्त्र में), पी-एच0 डी0 और डी0 लिट्0 अलङ्कारशास्त्र में उत्तीर्ण कर शोध प्रबन्ध-लेखन पूर्वक विश्वविद्यालय की सर्वोच्च उपाधियाँ भी प्राप्त कीं।

आपका कार्यक्षेत्र प्रारम्भ में मन्दसौर ही था जिसे आगे बढ़ाते हुए आप बम्बई, उज्जैन, दिल्ली, भिवानी और जयपुर में विभिन्न उन्नत पदों पर अध्यापन एवं शोध कार्य करते हुए साहित्य-सृष्टि करते रहे। वर्तमान में आप सेवानिवृत्त होकर उज्जैन-स्थित 'बृजमोहन बिड़ला शोध केन्द्र' में शोध एवं प्रकाशन का कार्य कर रहे हैं। अध्ययन, अध्यापन, सम्पादन और प्रकाशन के साथ ही इष्ट देवी भगवती त्रिपुर-सुन्दरी की आराधना में तत्पर डॉ० त्रिपाठी जी का पूरा समय ऐसा घुला-मिला रहता है कि वे सदा व्यस्त ही दिखाई देते हैं। फिर भी उनका यह विशेष गुण है कि उन के पास आने वाले ज्ञान-पिपासु को वे कभी निराश नहीं करते। उनके द्वारा ज्ञान-प्राप्त एवं उपासना-मार्गदृष्ट छात्र और उपदिष्ट शिष्यों की संख्या भी पर्याप्त है, इसीलिए 'गुरुजी' के नाम से सादर सम्बोधित भी होते हैं।

डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी के अध्ययन-काल से ही लेखन और प्रकाशन की प्रवृत्ति भी प्रारम्भ हो गयी थी। आपने अपने पूज्य पिताजी की प्रेरणा और आशीर्वाद से जीवन के २१ वें वर्ष में ही संस्कृत का मासिक पत्र सम्पादित कर प्रकाशित करने का उपक्रम किया। स्वयं का मुद्रण यन्त्रालय होने से तथा उससे सम्बद्ध मुद्रणादि सभी कार्यों के स्वहस्त से सम्पन्न करने की सुविधा से 'मालव-मयूरः' नामक संस्कृत मासिक प्रारम्भ करके प्रायः १९ वर्षों तक उसे बड़ी सजधज के साथ चलाया। इसी पत्र में लेखन करते हुए आपके आनुवंशिक कवित्व, सम्पादकत्व एवं विविध साहित्य-सर्जकत्व के गुणों को क्रमशः परिष्कार होकर स्थायित्व मिला। इस कार्य में आपके लघुभ्राता पं0 जयदेव त्रिपाठी तथा डॉ० भवानीशङ्कर त्रिपाठी का सहयोग भी सराहनीय रहा।

शास्त्रकारों का कथन है कि 'मानव-जीवन को समुन्नत बनाने के लिए 'गुरुकृपा', 'सत्सङ्ग' एवं 'स्वयं प्रयास' रूप 'त्रिशक्ति' की नितान्त आवश्यकता होती है।' इस दृष्टि से देखा जाये तो ये तीनों ही शक्तियाँ डॉ० त्रिपाठी को क्रमशः प्राप्त होती रही हैं। आपके पूज्य ताऊजी (स्वामी कृष्णानन्दजी तीर्थ) से आपको संस्कृत-अध्ययन का वरदान मिला, अनेक गुरुओं से ज्ञान मिला, पू० स्वामी आत्मदेवाश्रम जी से श्रीविद्या दीक्षालाभ हुआ और पू० स्वामी विद्यारण्यजी से आगम बोध प्राप्त कर पूज्य स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराज से पूर्णाभिषिक्त हुए। सत्सङ्ग के रूप में भी भारत के विशिष्ट विद्वानों का आश्रय पाया तथा अहर्निश स्वाध्याय में

लगे रहकर बहुमुखी व्यक्तित्व का विकास पाया। आपके पूर्वजों ने भगवती जगदम्बा की उपासना से उनकी कृपा और सिद्धियाँ प्राप्त कर अनेक लोक कल्याण के कार्य किये हैं, अतः आप भी अपनी आनुवंशिक साधन-सरणि पर चलते हुए आगे बढ़ रहें हैं। मेरा (लेखिका डॉ० रजनी अग्रवाल का) यह सौभाग्य रहा कि मैने अपने पी-एच0 डी0 उपाधि के लिए शोध-विषय के रूप में ''डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी : व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व'' शीर्षक को स्वीकृत कर आपके व्यक्तित्व और कर्तृत्व का यथोचित परिचय पाया। उसी का सार-संक्षेप उपर्युक्त 'व्यक्तित्व-परिचय' यहाँ दिया गया है। अब आगे डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी जी के कर्तृत्व का उल्लेख प्रस्तुत कर रही हूँ।

## डॉ0 रुद्रदेव त्रिपाठी की संस्कृत साहित्य-सेवा

### (१) खण्डकाव्यत्रयी

१- पत्रदूतम् २- पुत्रदूतम्, तथा ३- पादत्राणदूतम्। इनमें प्रथम दूत काव्य अपने पूज्य गुरुदेव के निकट गुरुपूर्णिमा के अवसर पर अपनी उपस्थिति के अभाव में पत्र (डाक विभागीय) को दूत बनकर बम्बई से मन्दसौर रेलवे द्वारा भेजा है। १६३ मन्दाक्रान्ता-वृत्तों में निर्मित यह दूतकाव्य एक अभिनव काव्य कृति है।

द्वितीय दूतकाव्य भारतीय नारी के जीवन की करुण कथा के सन्दर्भ में है। इस में राजनीतिक जाल में फँसे अपने पति की नेतागिरी की लालसा और असफलताओं का निदर्शन हुआ है। यह काव्य भी मन्दाक्रान्ता वृत्त में ही निर्मित है। इसकी काव्यप्ररोचना सामाजिक तथ्यों से निरूपित हुई है।

तृतीय दूतकाव्य विनोदात्मक है। इसमें वृत्त तो वही है किन्तु भाषा में अन्यभाषा का मिश्रण भी हुआ है, जिसका उद्देश्य विनोद-मात्र है। यह वर्तमान युवा और युवती छात्र-छात्राओं की प्रवृत्तियों का साक्षात्कार कराते हुए प्रणय-विह्वल छात्र की पिटाई से शिक्षा दिलाने का वृत्तान्त प्रस्तुत करता है। परिहास की परछाइयों में कर्तव्य-बोध का उपदेश यहाँ सन्निविष्ट है।

### (२) लहरी-काव्यत्रयी

१- गायत्री-लहरी, २- बदरीश-लहरी और ३- वटुकभैरवलहरी। ये स्तुतिकाव्य की परम्परा से पुष्ट रचनाएँ हैं। इनके नामों के अनुरूप ही इनमें तत्तद् देवताओं की महिमा वर्णित है, प्रार्थना विहित है तथा कर्म-विशेष, स्थल विशेष एवं विधि-विशेष का संसूचन गर्भित है। तीनों कृतियाँ शिखरिणी वृत्त में हैं। वटुकभैरव-लहरी में वटुक के १०८ नामों का प्रत्येक पद्य से क्रमशः ग्रथन विशिष्ट

प्रयास रूप है ।

## (३) विनोद-काव्यत्रयी

१- विनोदिनी, २-डिण्डिमः और ३- हा-हा-हू-हूः । संस्कृत-रचनाओं में विनोद-वृत्ति का आश्रय देकर लिखी गयी विभिन्न पद्यावलियों को इन रचनाओं में सङ्कलित किया गया है । विषयों की विविधता में ''मशक-मञ्जरी, मण्डूकमहिमा, चाय-कथा, रेल-रामायणम्, सोपान-सप्तकम्, पत्नी-प्रसादः, मन्ये मत्कुण-शङ्कया, निर्वाचन-नवनीतम्''-जैसी अनेक लघु कृतियाँ सफल हास्योत्पादक हैं ।

## (४) गीति-काव्यत्रयी

१- प्रेरणा, २- गीति-गङ्गा एवं ३- गीताञ्जलिः (अनूदित) । आधुनिक गेय पद्धतिरूप४५ गीतियों का प्रथम सङ्कलन 'प्रेरणा' में है । संस्कृत-महिमा, राष्ट्र-गौरव, तरुण-प्रोत्साहन, प्रकृति-वर्णन आदि विषयों पर गीतियाँ इसमें माधुर्य एवं सारल्य के साथ अवतरित हैं । 'गीति-गङ्गा' में पूर्वधारा के साथ ही वर्तमान समस्याओं से भी सम्बन्ध बनाये हुए गीतियाँ मुखरित हुई हैं । 'गीताञ्जलि' कवीन्द्र रवीन्द्र की गीताञ्जलि का संस्कृतभाषात्मक गीति-रूपान्तर है ।

## (५) प्रकीर्णकाव्य-पञ्चक

१- वज्रमानवः, २- प्रशिक्षण- पाथेयम्, ३- लोकोक्तिलीलावती, ४- प्रासङ्गिक-पद्य-पीयूषम् तथा ५- चित्र-पद्यावली ।

'वज्रमानवः' की रना गौरी-शङ्कर शिखर पर की गयी यात्रा तथा विजय ध्वज फहराने की कथा को उजागर करती है । श्री तेन सिंह थापा इसके नायक हैं। 'प्रशिक्षण-पाथेयम्' में शिक्षाशास्त्र के अध्येताओं के लिए उपादेय शैक्षिक पद्यों का संग्रह किया गया है । डॉ०त्रिपाठी जब शिक्षाशास्त्र का अध्यापन करते थे तब इसका निर्माण किया गया था । 'लोकोक्ति-लीलावती' में सुभाषित रूप से विभिन्न भाषाओं में प्रचलित लोकोक्तियों को आधार बनाकर संस्कृत में रचे गये पद्यों का सङ्कलन है । 'प्रासङ्गिक-पद्य-पीयूषम्' का कलेवर जीवन के विभिन्न प्रसङ्गों पर लिखे गये पद्यों से मण्डित है । 'चित्र-पद्यावली' में चित्र-बन्ध के रूप में रचित पद्यों को समावृत किया गया है । डॉ० त्रिपाठी चित्रकाव्य-निर्माण में विशेष रुचि रखते हैं और आपका शोधकार्य भी इस पद्धति पर प्रशंसनीय रहा है ।

## (६) गद्यात्मक कृतिचतुर्दशी

१- महावीर-चरितामृतम् (भगवान् महावीर का जीवन-चरित्र), २- चित्रालङ्कार-चन्द्रिका-(चित्रालङ्कारों का शास्त्रीय विवेचन), ३- अभिनव-क्रीडा-

तरङ्गिणी-(विभिन्न आधुनिक क्रीडाओं का निरूपण), ४- श्रीमोहनचरितचम्पूः (प्राचीन जैनाचार्य का चरित), ६- चतुर्वेद-चरित-चम्पूः- (म0 म0 गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जी का जीवनचरित), ७- राजेन्द्र-चन्द्रोदय-चम्पूः (म0 म0 राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्रप्रसाद की जीवनी), ८- इन्दिरा-कीर्ति-कौमुदी (श्रीमती इन्दिरा गाँधी की जीवनी), ९- स्वस्त्ययनम्- (वैदेशिक विद्वानों की संस्कृत-सेवा का आकलन), १०- वन्दे इण्डियाम् (विनोदचम्पूः), ११- कालिदास-वरिवस्या (कालिदास साहित्य पर लिखित शोध-निबन्धों का सङ्ग्रह), १२- चित्रबन्ध-निबन्धाः (चित्रकाव्य पर लिखित शोध-निबन्धों का सङ्ग्रह) १३- सागर-प्रवासः (पं0 सूर्यनारायण व्यास के ग्रन्थ का संस्कृत अनुवाद), १४- कालिदास-प्रेरितः शिल्प-शृङ्गारः- (डॉ० श्री शिवराम मूर्ति की कृति का संस्कृत अनुवाद) ।

## (७) संस्कृतभाषा के ग्रन्थों का सम्पादन एवं उन पर भूमिकादि लेखन

१- चित्रबन्धावतारिका (म0 म0 रामावतार शर्मा के चित्रबन्धों का सङ्ग्रह), २- काव्यप्रवेशः (उपा0 श्री यशोविजयजी कृत २ उल्लासात्मक टीका सहित), ३- भारतीय नर-रत्न-समुच्चयः (पं0 सोमेश्वर व्यास लिखित नेतृ-चरित), ४- स्वामि-सन्निधिः (स्तोत्र-शतक), ५- भूदान-यज्ञ-गाथा (श्रीगणपति शुक्ल विरचि त), ६- श्रीरामदेवलीलामृत-कथा (पं0 कृष्णवल्लभ शास्त्री रचित), ७- महाकाल-सहस्रनाम-स्तोत्रम्- (प्राचीन-स्तोत्र), ८- भैरव-विलासः (श्रीवैद्यनाथ रचित), ९- नवग्रह-चरितम्- (एकाङ्की), १०- दानकेलि-कौमुदी भाणिका (सटीक-रूपगोस्वामिरचित), ११- धूर्तनर्तकम्- (सामराज दीक्षित प्रणीत), १२- श्रीदामचरितम् (सामराज दीक्षित प्रणीत), १३- आगम-मीमांसा (पं0 व्रजवल्लभ द्विवेदी के निबन्ध), १४- मनश्चिकित्सा-विज्ञान-भूमिका (डॉ० हरद्वारीलाल द्वारा रचित), १५- व्याख्यान-वल्लरी (व्याख्यान-संग्रह), १६- भाषण-भूषणम् (व्याख्यान-संग्रह), १७- आर्षभीयचरित-विजयोल्लास-महाकाव्यसङ्ग्रहः (उपा0 श्रीयशोविजय जी रचित), १८- साहित्य-शिक्षा-मञ्जरी (श्रीविजयधर्मधुरन्धरसूरिरचिता), १९- सत्याग्रह-नीतिकाव्यम् (१०८ श्रीसत्यदेव वासिष्ठ रचित), २०- भूगोल-भ्रम-भञ्जनी (मुनिश्री अशोकसागर कृत), २१- विज्ञान-वाद-विमर्शः (श्री अभय-सागरमणिविरचितम्), २२- सत्यशोधयात्रा (श्री अभयसागर मणि रचित). २३- सुभगोदय-स्तुतिः (श्रीगौडपादाचार्य रचित), २४- श्रीमहात्रिपुर-सुन्दरी-खड्गमाला (षोडशावरण-नामावली), २५- परास्तोत्र-षड्-रसामृतम् (परास्तोत्र एवं वाञ्छाकल्पलतादि), २६- यतिदण्डैश्वर्य-विधानम् (आद्य शङ्कराचार्य विरचित), २७- श्रीगोपालसपर्या-पद्धतिः (पौराणिक एवं तान्त्रिक-विधान युक्त), २८- नाट्य-

सर्वस्व-दीपिका- (मनीषी नारायणार्य सङ्कलित), २९-गीत-गणेश-काव्यम् (श्री मथुराप्रसाद वाजपेयी कृत), ३०- राघवाह्निकम्- (पं० सोम-नाथ व्यासकृत), ३१- रस-मञ्जरी (श्रीगङ्गाराम जडी कृत), ३२- माहेश्वर तन्त्र ३३- आपदुद्धारकवटुकभैरव-नामावली (वंशीधरी व्याख्यासहित), ३४- बहुरूप-गर्भ-स्तोत्र (तीन टीकाओं से युक्त), ३५- स्तोत्रावली- (उपा० श्रीयशोविजयजीरचित), ३६- कबीर-वाणी (बोधानन्दकृत संस्कृत-टीकासहित), ३७- श्रीनर्मदा- सहस्रनामार्चना, ३८- सत्य-नारायणकथा सप्ताध्यायी, ३९- पञ्चकाल-सन्ध्याविधिः, ४० ललिता-लक्षार्चन-विधानम् तथा ४१- दूतकाव्य माला आदि ।

## (८) शोध-प्रबन्ध-द्वय

१- संस्कृत-साहित्य में शब्दालङ्कार तथा २- शब्दालङ्कार-साहित्य का समीक्षात्मक सर्वेक्षण (क्रमशः पी- एच० डी० और डी० लिट्० के लिए) ।

## (९) संस्कृत पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन सहसम्पादन

१- मालव-मयूरः- (मासिक, प्रायः १९ वर्ष तक), २- शोध-प्रभा (त्रैमासिक, १० वर्ष तक) ।

सहसम्पादन- १- संस्कृत-रत्नाकर, २- संस्कृत-प्रचारकम् तथा ३- सङ्गमनी ।

## (१०) विभिन्न विशेषाङ्कों तथा स्मृति-ग्रन्थों का सम्पादन-

१- अध्ययन-माला, २- अन्वेषणा, ३- म० म० परमेश्वरानन्दशास्त्रि-स्मृतिग्रन्थः, ४- श्रीमहावीर-परिनिर्वाण-स्मृति-ग्रन्थः, ५- पञ्चम-विश्वसंस्कृत-सम्मेलन-विशेषाङ्कः ६-- षष्ठ-विश्वसंस्कृतसम्मेलन-विशेषाङ्कः, ७- म० म० गिरिधर्मशर्म-चतुर्वेद-जन्मशताब्द-स्मृतिविशेषाङ्कः, ८- एशियाड (क्रीडोत्सव) विशेषाङ्कः, ९- डॉ० राजेन्द्रप्रसाद-जन्मशताब्दस्मृति-विशेषाङ्कः, १०-श्रीमती इन्दिरागान्धी-श्रद्धाञ्जलि-विशेषाङ्कः आदि ।

## (११) शोध-प्रबन्धों का निर्देशन (उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं के विषय और नाम)

१- आख्यान-साहित्ये पशु-पक्षिणः-डॉ० श्रीमती विजय जिन्दल

२- याज्ञवल्क्यस्मृतेर्बालक्रीडा-मिताक्षरयोस्तुलनात्मकमध्ययनम्- डॉ० कु० अल्पना शर्मा

३- अप्पयदीक्षितटीकामाश्रित्य यादवाभ्युदयमहाकाव्यस्य भाषानुवादः समीक्षणं

च - डॉ० रामसजीवन त्रिपाठी

४- क़ाम्बोडिया-देशस्य त्रिंशत्संस्कृताभिलेखानां सङ्कलनं हिन्द्यनुवादः समीक्षा च - डॉ० श्रीमती सरोज चौहान

५- जैनाचार्य-विरचित-पञ्च-विज्ञप्तिलेखकाव्यानां सम्पादनमनुवादः समीक्षा च डॉ० श्रीमती जया जैन

६- पातञ्जलयोगदर्शनस्य पारिभाषिकशब्दानां सङ्कलनं हिन्द्यनुवादः समीक्षा च- डॉ० श्रीमती आदर्शबाला

७- रावण - कणाद - भूधरभट्ट - वसवराजविरचितानां नाडीविज्ञानानां सम्पादनं हिन्द्यनुवादः समीक्षाः च- डॉ० ओम् प्रकाश शर्मा

८- श्रीमद्वाल्मीकिरामायणे भक्तितत्त्व-विमर्शः-डॉ० रामेश्वरदास सप्रा

९- आचार्य समन्तभद्रस्य संस्कृत-साहित्ये योगदानम्- डॉ० श्रीमती कुसुम जैन

१०- श्रीमद्भागवते धर्मशास्त्रम्- डॉ० प्रभाकर त्रिपाठी

११- श्रीमद्रूपगोस्वामिनः स्तवमालायाः समीक्षात्मकमध्ययनम्- डॉ० हरिदास शास्त्री

१२- शतपथ-ब्राह्मणे सङ्ग्रहकाण्डस्य विषयाणां समीक्षात्मकमध्ययनम्- डॉ० कु0 स्वर्णकान्ता (वेदशक्ति)

इनके अतिरिक्त प्रायः १० शोधार्थी आज भी आपके निर्देशन में उज्जैन एवं इन्दौर के विश्वविद्यालयों में शोध-कार्य कर रहे हैं ।

डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी ने विगत ५० वर्षों में संस्कृत सेवा में तत्पर रहते हुए नाट्य-निर्देशन, संस्कृत वार्ता-प्रसारण, वार्षिक पत्रिका सम्पादन, हिन्दी और गुजराती में लेखन, प्रायः १०० से अधिक शोध-निबन्ध और यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र के ग्रन्थों का प्रणयन एवं अनुवादकार्य भी बहुधा किये हैं । हिन्दी-कविताएँ भी आप की स्पृहणीय हैं तथा अब ६५ वर्ष की आयु पूर्ण करके ६६ वें वर्ष में भी निरन्तर लेखन में लगे रहते हैं ।

# 'अभिराज' डॉ० राजेन्द्र मिश्र की काव्य-साधना

कु0 गीता चन्सौरिया

सम्प्रति राष्ट्र भाषा हिन्दी के मार्ग में अनेक अवरोध एवं आशंकायें उपस्थित हैं जिनके दूरीकरण के लिए विभिन्न विद्वानों एवं मनीषियों के अनवरत प्रयास से अनेक समस्याओं का समाधान हो रहा है । राष्ट्र-भाषा हिन्दी की जननी देववाणी संस्कृत का अजस्र आश्रय पाकर हिन्दी को उत्तरोत्तर समुचित स्थान प्राप्त हुआ है। संस्कृत ऐसी समृद्ध भाषा है, जिसके अनन्त कोष से विज्ञान टेक्नालाजी एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों के लिये नूतन शब्दों का निर्माण किया जा रहा है और एक बहुत बड़े अभाव की पूर्ति की जा रही है । संस्कृत की इस परम्परा में अद्यतन कवियों का भी महत्त्वपूर्ण योगदान है । विदेशियों ने इस भाषा को मृत भाषा (Dead Language) कहने का दुस्साहस किया जिसका मुहतोड़ उत्तर देने के लिए हमारे अद्यतन कवि प्राण-पण से संलग्न है । उन्होंने अपने लेखन से यह सिद्ध कर दिया है कि संस्कृत एक जीवित भाषा है, उसमें भी विकास की अनन्त सम्भावनायें हैं और वह चिर-पुरातन होती हुई भी चिर नवीन होने की क्षमता रखती है ।

डॉ0 राजेन्द्र मिश्र साम्प्रतिक संस्कृत कवियों में मूर्धन्य कवि जाने जाते हैं। उन्होंने द्वादशाधिक महत्त्वपूर्ण काव्य ग्रन्थों की रचना करके यह सिद्ध कर दिया है कि संस्कृत जीवित भाषा है और लोक मानस को संस्पृष्ट करके वह भी जन जीवन को उसी प्रकार आच्छादित कर सकती है, जिस प्रकार आधुनिक भारतीय आर्य भाषायें । उन्होंने संस्कृत में जो अभिनव प्रयोग किये हैं उनमें कव्वाली, गज़ल तथा लोकगीतों के संस्कृत प्रयोग का महत्त्व किसी से छिपा नहीं है । इनके अतिरिक्त डा0 जगन्नाथ पाठक, डा राधावल्लभ त्रिपाठी, डा0 विन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र और डा0 रमाकान्त शुक्ल जैसे अनेक उत्कृष्ट कवि हैं जिन्होंने कव्वाली, गज़ल, लोकगीत तथा विभिन्न अभिनव गीत ही नहीं अपितु ''सॉनेट'' जैसे विदेशी छन्द को भी संस्कृत में बड़ी सफलता के साथ ढालकर यह सिद्ध कर दिया है कि संस्कृत एक शाश्वत भाषा है, इसकी जिजीविषा में किसी प्रकार की न्यूनता नहीं है । इसमें अद्यतन हास्य और व्यंग्य भी विद्यमान हैं जो श्रोताओं और पाठकों को दूर-दूर तक प्रभावित करता है । इस क्षेत्र में डा0 राजेन्द्र मिश्र का नाम सर्वोपरि है । उनमें नाम के पूर्व ''अभिराज'' विशेषण पूर्णतया सार्थक है । ''अभितः राजते इति अभिराजः'' इस व्युत्पत्ति के

अनुसार जब हम उनके काव्य कदम्ब का मूल्यांकन करते हैं तब यह लगता है कि चाहे गद्य काव्य हो या पद्य काव्य, चाहे रूपक हो या प्रबन्ध काव्य, चाहे गीत काव्य हो या अन्य काव्य, सभी क्षेत्रों में ''समम् लीलायते भारती'' वाली उक्ति चरितार्थ होती है। उनका ज्ञान साहित्य, व्याकरण, दर्शन, शोध, समीक्षा, व्याख्यान माला, काव्य रचना, लोकगीत, लेखन आदि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक एवं विस्तृत है।

मेरी दृष्टि में वे संस्कृत के एक सुमधुर एवं शाश्वत कवि हैं। क्योंकि काव्य के क्षेत्र में उनका हृदयपक्ष जितना कोमल, सरस एवं सहज रूप में विद्यमान है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। उनके मृद्वीका शीर्षक काव्य में गीतों का बड़ा ही सुन्दर, सहज एवं सहृदय संवेद्य रूप विद्यमान है। यथा-

व्यासाम्बुधिजृम्भणविधुलेखे ! दीपय जीवनगेहम् ।
राधामाधवचरणकमलयुगमधुना सज्जय देहम् ।।
इन्दिन्दिरमाणवकसन्निभो ननु निरपेक्षं सहजम् ।
भ्रमन् रौमि सततं भवाटवीमध्येऽहं प्रतिकुसुमम् ।।

यहाँ पर यह तो भारती की नमस्या का सरस उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसमें शान्त रस की सरसता दिग्दर्शित है। प्रकृति चित्रण का भी एक सुन्दर गीत देखिये यथा-

रिम्झिम् वर्षति सजलजलधरो
नृत्यति केकी कानने ।।
गर्जति धावति नदति च कूर्दति
तारापथे पयोदो बाले ।
अयि भोः शिशुरिव नटति जलधरो
नृत्यति केकी कानने ।। [२]

उक्त पंक्तियों में बिम्बविधान, कोमलकान्त, पदावली, क्रियात्मक सौन्दर्य, उपमा माधुर्य इन सभी विशेषताओं के साथ पद सौन्दर्य और नाद सौन्दर्य को लेकर कवि ने जिस रसात्मकता की सृष्टि की है वह जयदेव और विद्यापति के प्रकृति चित्रण को भी तिरस्कृत करने में सक्षम है।

---

१- मृद्वीका, शीर्षक नमस्या, द्वितीयगीतिः अभिराज डा0 राजेन्द्र मिश्र

२- मृद्वीका, पृष्ठ संख्या २९ शीर्षक ऋतुश्रीः विंशतितमी गीतिः

शृंगार के क्षेत्र में भी इनके गीत अद्वितीय सिद्ध होते हैं यथा-

तव चिन्तया विगता निशा तव चिन्तया विगतं दिनम् ।
तव काम्यया महिता निशा तव काम्यया महितं दिनम् ॥
स्नेहो विना क्व नु वर्तिकाम् चन्द्रो विना क्व नु चन्द्रिकाम्।
हृदि चिन्तितैरिति मामकं तव चर्यया विगतं दिनम्[१]॥

पारम्परिक विषयों के अतिरिक्त कवि ने राजनीति के क्षेत्र में भी साधिकार प्रवेश किया है। राजनीति के विषय में कवि का व्यंग्यप्रधान दृष्टिकोण बड़ा ही सरस लगता है। यथा-

आहिण्डनं पदातिः कृतवाननारतं यः ।
आरोह्य तं विमानं प्रहिणोति राजनीतिः ॥
बहुगुणमपि प्रमूढं चरणञ्चं भूरि पङ्गुम् ।
कमलापतिं दरिद्रं प्रकरोति राजनीतिः[२] ॥

इनका एक अन्य ग्रन्थ ''आर्यान्योक्तिशतक'' के नाम से प्रसिद्ध है जिसमें आर्या छन्द का अवलम्बन लेकर कवि ने आधुनिक कवियों में अन्योक्ति के क्षेत्र में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बनाया है। उल्लेखनीय है कि डा० मिश्र ने अन्योक्ति के उद्भव तथा विकास पर डी० फिल्० स्तर का शोध प्रबन्ध लिखा है जिससे उस क्षेत्र में उनका प्रगाढ़ अध्ययन उक्त कवित्व की पृष्ठभूमि बन गया है। इसका भी एक उदाहरण द्रष्टव्य है -

मा कुरु पिक ! मृदु नादं नियमय कण्ठं च बलिभुजां वसतौ ।
दृष्टिपथागतिमात्रं भविता त्वन्नीडनाशार्थम्[३] ॥

''अभिराजसप्तशती'' इनका एक ऐसा है ग्रन्थ जिसमें देशप्रेम और राष्ट्रीयता से सम्बद्ध एक शतक लिखा गया है जो अपने में अनोखा है। कवि की खुली दृष्टि ने जो देखा उसे निर्भीकता के साथ लिखा है यथा-

---

१- मृद्वीका, शीर्षक रूपश्रीः, दशमी गीतिः, अभिराज डा० राजेन्द्र मिश्र

२- मृद्वीका, शीर्षक राष्ट्रश्रीः, चत्वारिंशत्तरमी गीतिः, अभिराज डा० राजेन्द्रमिश्र

३- आर्यान्योक्तिशतकम् पृष्ठ सं० २६ श्लो० सं० ४०

श्वेतवस्त्रधरा एते सांसदाश्च विधायकाः ।

भ्रष्टाचारकलङ्काङ्काः देशद्रोहविपोषकाः[१] ।।

इन्होंने पुरातन सुभाषितों को नये संदर्भों में व्याख्यायित करने का अद्भुत कार्य किया है जिसमें हास्य और व्यंग्य का सुन्दर पुट विद्यमान है यथा-

अजातमृतमूर्खाणां वरमन्त्यो न चाद्यकौ ।

पुन्नामनरकत्राणम् अन्यथाऽसम्भवं भवेत्[२] ।।

इसी प्रकार के श्लोक सुभाषितोद्धारशतकम् में संगृहीत है । इस ग्रन्थ के ''चतुर्थी-शतकम्'' में कवि ने व्याकरण विषय को लेकर बड़े ही सुन्दर एवं सार्थक व्यंग्य प्रस्तुत किये हैं । व्याकरण में यह नियम है कि जहाँ पर कृदन्त प्रत्यय होता है कहीं-कहीं पर सर्वापहारी लोप होता है, कवि ने लोकजीवन में उसकी कृतघ्न संज्ञा दी है क्योंकि वह भी सर्वापहार लोप करता है यथा-

सर्वापहारलोपेषु यस्य चण्डः पराक्रमः ।

तस्मै चञ्चत्कृदन्ताय कृतघ्नाय नमो नमः[३] ।।

कवि के ''नवाष्टकमालिका'' ग्रन्थ में काव्यात्मक सौन्दर्य, अपनी चरमशिखा पर पहुँच गया है । निम्नलिखित उद्धरण में कवि का काव्य सौन्दर्य अवलोकनीय है। जहाँ पर वर्णन-मैत्री, शब्द सौन्दर्य, आलंकारिक छवि, ध्वनि और व्यञ्जना का चमत्कार और सर्वोपरि भक्ति रस के अद्वितीय प्रवाह की छटा विलोकनीय है । यथा-

कलक्वणितवल्लकीविविधरागरागायितम्

अमन्दगतिरोदरप्रमदगुञ्जितैर्व्यञ्जितम् ।

अशेषकलिकल्मषव्रततिकालकालान्तकं

तनोतु सुरभारती दृशि सदैव मोदाङ्कुरम्[४] ।।

---

१- अभिराजसप्तशती, शीर्षक, नव्यभारतशतकम् श्लो0 सं0 २१

२- अभिराजसप्तशती, शीर्षक, सुभाषितोद्धारशतकम् श्लो0 सं0 २५

३- अभिराजसप्तशती, शीर्षक, चतुर्थीशतकम् श्लो0 सं0 २१.

४- नवाष्टकमालिका, शीर्षक मरन्दमाधुरीस्तवनम् श्लोक सं0 १ डा0 मिश्र

डा0 मिश्र जीवन की व्यापक अनुभूति से ओतप्रोत हैं । अनूभुति के क्षेत्र में उनमें जितनी व्यापकता है, अभिव्यक्ति के क्षेत्र में उतनी ही स्पष्टता एवं सरसता भी । यथा-

यदवधि कलितमिदं तव रूपम्

नन्दनवनजविबुधतरुसुममिव निखिलयुवतिमुखभूपम् ।।

तदवधि सुतनु ! हृदयहरिणोऽयं ताम्यति भवदनुलीनः[१] ।।

इस प्रकार प्रेम के क्षेत्र में उनकी व्यापक अनुभूतियाँ हैं और उन अनुभूतियों को वाणी देने में कवि ने बड़ी कुशलता से काम लिया है । वियोग की परम्परित दस दशाओं में से अधिकांशतः कवि ने स्मृति चित्रण को सर्वाधिक महत्त्व दिया है। उन्होंने शत शत गीतों में वियोग श्रृंगार का अत्यंत मार्मिक चित्रण किया है जो कालिदास जैसे कवियों को भी आत्मसात् करने की चेष्टा करता है ।

मिश्र जी लोक प्रचलित कहरवा, कजरी, आदि गीतों को संस्कृत में पिरोकर नवीनता का वरण करते हैं । कहारी गीत का एक उदाहरण प्रस्तुत है जिसे कवि ने ''स्कन्धहारीयम्'' का अभिधान दिया है । यथा-

अमृतं वर्षति नयनपयोदो हृदि जनयत्यनुरागम्

अनुरागोऽयं सृजति युगलकं सुखमन्दिरमविभागम्

भाति हवने हिरण्मयी हरेस्समर्चना

भाति भवने वधूटी षोडशी सदंगना[२] ।।

डा0 मिश्र ने अन्य भाषाओं के छन्दों को भी अपनी संस्कृत कविता में स्थान दिया है । वे जहाँ हिन्दी के छन्द दोहा, सोरठा, घनाक्षरी आदि को स्थान देते हैं वहीं उर्दू की गज़ल और कव्वाली को भी संस्कृत की पंक्ति में प्रेमपूर्वक बैठाते हैं । कव्वाली का एक उदाहरण प्रस्तुत है यथा-

प्रीतिरास्वद्यते प्राणैः

गीतिरास्वद्यते कर्णैः

शक्तिरास्वाद्यते देहैः

भक्तिरास्वद्यते स्नेहैः

---

१- वाग्वधूटी, शीर्षक यदवधि कलितमिदं तव रूपम्, डा0 मिश्र

२- वाग्वधूटी, शीर्षक स्कन्धहारीयम्, पृष्ठ सं0 २९ डा0 मिश्र

घनान्धकारे बलिदीपिकेव बलाहके चञ्चलचञ्चलेव ।
मधौ प्रफुल्ला नवमालिकेव प्रतीयते प्रीतिरियं पुराणी ।।[१]

निष्कर्ष यह है कि अभिराज डा० राजेन्द्र मिश्र आधुनिक संस्कृत काव्य जगत् के ''राजेन्द्र'' हैं । उन्होंने परम्परा के साथ आधुनिक युगबोध को अपनी प्रबल लेखनी से जो अभिव्यक्ति दी है उसके लिये वे शताब्दियों तक अभिनन्दनीय रहेंगे । उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट प्रतिभा का प्रबल परिचय दिया है । राष्ट्रीयता, देश-प्रेम, आधुनिक समस्यायें, वर्तमान समाज जीवन की विभीषिकायें और विद्रूपतायें लेकर जिस काव्य का निर्माण किया है वह संस्कृत को जीवित भाषा का प्रमाण प्रस्तुत करता है । उनमें जहाँ एक ओर देवी देवताओं में आस्था है वहाँ दूसरी ओर यथार्थ पर भी दृष्टि है । जनता के शोषक आधुनिक नेताओं को यथार्थ की दृष्टि से देखते हैं और व्यंग्य करने में वे इतने सशक्त हैं कि बड़े से बड़े अधिकारी और समाज सेवी पर भी अपना व्यंग्यबाण छोड़ने से नहीं चूकते । काव्य के क्षेत्र में भी उनके विभिन्न शास्त्रीय ज्ञान का प्रकाश विद्यमान है । वे काव्य के अन्तर्गत व्याकरण, काव्यशास्त्र, दर्शन, शक्ति, मीमांसा, तर्क आदि का पुट इस प्रकार रखते हैं जिससें अर्थ की अभिव्यक्ति में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आती है । उनके गीत इतने कोमल और मधुर हैं कि इनके पढ़ने से अनेक पाठक जयदेव और विद्यापति को भी भूल जाते हैं । साहित्य सर्जना, शोध समीक्षा और गीत विधान में उनकी त्रिवेणी सतत अवगाहनीय है ।

अस्तु, अभिराज डा० राजेन्द्र मिश्र अद्यतन संस्कृत काव्य के मूर्धन्य मनीषी हैं। ''कविर्मनीषी परिभूः स्वयंभूः'' यह वाक्य ऐसे ही सफल कृतिकार के लिये उपयुक्त है । वस्तुतः डा० मिश्र का काव्य-साहित्य संस्कृत-जगत् की अमूल्य निधि है । यदि उन्हें आधुनिक जगत् का कालिदास कहा जाये तो कोई अतिशयोक्ति न होगी ।

---

१- मृद्वीका, शीर्षक प्रकीर्णम्, पञ्चाशत्तमी गीतिः, डा० मिश्र

# स्वातन्त्र्योत्तर कविता के दो राष्ट्रवादी स्वर

डॉ० चन्द्रशेखर तिवारी

संस्कृत कविता में प्राचीन काल से ही राष्ट्रवादी स्वर मिलता रहा है, इसकी प्राचीनतम सीमा वेद मन्त्रों का स्पर्श करती है। अथर्ववेद का पृथ्वी-सूक्त इसका श्रेष्ठतम निदर्शन हैं, जिसमें पृथ्वी को जीवन्त ममतामयी माँ के रूप में देखा गया है- **''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः''** अर्थात् पृथ्वी मेरी माँ है और मैं उसका बेटा हूँ यह उद्घोषणा भी सर्वप्रथम अथर्ववेद में ही देखने को मिलती है।

आगे चलकर यही राष्ट्रीय भावना रामायण,महाभारत एवं पुराणों में भी प्राप्त होती है। इन ग्रन्थों में न केवल प्राचीन भारतवर्ष की दूरतम सीमाओं का उल्लेख है बल्कि भुवनकोष के सन्दर्भ में भारत के समस्त पर्वतों, नदियों, सरोवरों, तीर्थों, जनपदों, तथा शिल्प-केन्द्रों का अत्यन्त विलक्षण का वर्णन मिलता है। लक्ष्मण के प्रति कही गयी राम की एक उक्ति तो जन्मभूमि प्रेम का एक चिरंतन आदर्श बन गयी है-

अपि स्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते ।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी ।।

परवर्ती युग में यद्यपि देश छोटे-छोटे राज्यों में विभक्त था और संस्कृत के कवि भी राज्याश्रित होने के कारण अपने जनपदों की सीमाओं में बँधे थे तथापि उन्होंने पौराणिक कथाओं के वर्णन प्रसंग में समूचे भारत का अत्यन्त हृद्य वर्णन प्रस्तुत किया है। आभिजात्य कविता के उत्कर्ष काल में भास एवं कालिदास ने राष्ट्रीयता का विशेष पल्लवन किया। महाकवि कालिदास ने तो जान बूझकर ऐसे कथानक चुने हैं कि उनकी पृष्ठभूमि ही भारत की भौगोलिक,सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक एकता पर आधारित है। कुमारसंभव का हिमालय वर्णन, रघुवंश का अज-स्वयंवर, रघु-दिग्विजय वर्णन और राम की लङ्का यात्रा, मेघदूत में मेघ का रामगिरि से अलकापुरी तक का यात्रा-पथ ये समस्त कथांश कालिदास की राष्ट्रीय भावना का ही सम्पोषण करते हैं। भारतवर्ष के वैभव एवं गौरव को चित्रित करने की यह परम्परा कालिदास के युग से लेकर ब्रिटिश शासनकाल तक अक्षुण्ण रूप से पल्लवित होती रही है।

परन्तु १५ अगस्त १९४७ ई0 की मध्य रात्रि में स्वतन्त्रता प्राप्त करने के बाद कश्मीर से कन्याकुमारी तक विकसित भारत राष्ट्र जिन अर्थों में स्वतन्त्र हुआ है- एक अखण्ड राष्ट्र बना है-उसकी यह स्थिति सर्वथा नवीन है। आज कश्मीर से कन्या कुमारी तक तथा पंजाब से असम तक सम्पूर्ण भारत एक अखण्ड राष्ट्र है और एक राजनयिक सत्ता के अधीन है, इस विशाल लोकतांत्रिक स्वतन्त्रता का भागीदार होने के कारण आज राष्ट्रीय-भावना का भी परिप्रेक्ष्य बदल गया है क्योंकि आज का कोई भी कवि भारत के विषय में खण्ड दृष्टि से नहीं सोचता। हमारी दृष्टि समूह का स्पर्श करती है।

स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत-कविता में भी स्वतन्त्र भारत के इस अभिनव कलेवर का भरपूर वर्णन हुआ है। अनेक महाकाव्य, खण्डकाव्य, नाटक एवं अन्य विधा की संस्कृत कृतियाँ, इस विषय पर लिखी गयी हैं। डॉ0 रेवाप्रसाद द्विवेदी (स्वराज्यसम्भवम् ) डॉ० बी0 आर शास्त्री (प्रबुद्धभारतम्) तथा राष्ट्रीय नेताओं पर महाकाव्य लिखने वाले अनेक यशस्वी कवि इस दिशा में अग्रसर हुए हैं। राष्ट्रीय विचारधारा से सम्बन्द्ध स्फुट कविताएँ तो प्रायः शताधिक संस्कृत कवियों ने लिखी हैं जिनमें प्रो0 श्रीनिवास रथ, डॉ0 कमलेश दत्त त्रिपाठी, डॉ0 भास्कराचार्य त्रिपाठी, डॉ0 राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ0 जगन्नाथ पाठक, डॉ0 हरिराम आचार्य, डॉ0 मल्लिकार्जुन परड्डी, पं0 परीक्षित शर्मा आदि विशेष उल्लेखनीय हैं।

परन्तु प्रस्तुत आलेख में मैं विदज्जगत् का ध्यान स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत कविता के दो सर्वाधिक उदात्त एवं प्रमुख राष्ट्रीय स्वरों की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ, ये स्वर हैं डॉ0 रमाकान्त शुक्ल एवं अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र।

डॉ0 रमाकान्त शुक्ल सम्प्रति राजधानी कालेज, दिल्ली में हिन्दी प्रवाचक हैं तथा डॉ0 राजेन्द्र मिश्र इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में प्रवाचक। इन दोनों कवियों में अद्भुत साम्य भी हैं। दोनों प्रायः समवयस्क हैं, कंठ के धनी हैं तथा संस्कृत काव्य-जगत् में समान रूप से लोक-प्रिय हैं। दोनों कवियों की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी एक जैसी है। खुर्जा (उत्तर प्रदेश) में जन्मे डॉ0 रमाकान्त शुक्ल के पिता श्री आचार्य ब्रह्मानन्द शुक्ल उद्भट संस्कृतज्ञ एवं 'गान्धिचरितम्' काव्य के यशस्वी रचनाकार हैं, रमाकान्त शुक्ल के अन्य तीन भाई डॉ0 कृष्णकान्त शुक्ल (बरेली कालेज, बरेली) डॉ0 उमाकान्त शुक्ल (सनातनधर्मकालेज मुजफ्फरनगर) तथा डॉ० विष्णुकान्त शुक्ल (जे० वी० जैन कालेज, सहारनपुर) भी संस्कारतः संस्कृत के प्रतिभाशाली कवि एवं रचनाकार हैं। अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र के पितामह स्वर्गीय पं0 रामानन्द मिश्र श्रीमद्भागवत के पारंगत विद्वान् एवं पराम्बा भगवती के अनन्य उपासक थे, डॉ0 मिश्र के पिता श्री पं0 दुर्गा प्रसाद मिश्र जी भी मात्र २६ वर्ष की अवस्था में दिवंगत हुए परन्तु उस समय तक भी वह संस्कृत

के ही अध्ययन में दत्तचित्त थे। पितृव्यचरण डॉ0 आद्या प्रसाद मिश्र संस्कृत-जगत् में अपनी विद्वत्ता तथा लेखन के लिए प्रख्यात हैं। डॉ0 मिश्र के ज्येष्ठ भ्राता डॉ0 देवेन्द्र मिश्र एवं कनिष्ठ भ्राता श्री सुरेन्द्र मिश्र जी भी विभिन्न संस्थाओं में संस्कृत के ही अध्यापक हैं।

डॉ0 रमाकान्त शुक्ल ने अपनी राष्ट्रवादी कविताओं द्वारा देश-विदेश में अक्षय कीर्ति अर्जित की है। 'भाति मे भारतम्', 'जय भारतभूमे' तथा 'भारतजनताऽहम्'- डॉ0 रमाकान्त शुक्ल को राष्ट्रीय विचारधारा से ओत-प्रोत काव्य हैं। 'भाति मे भारतम्' जिसका प्रसारण दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र से सम्पन्न हो चुका है, की रचना कवि ने २४ दिसम्बर ७८ से १५ अगस्त १९८० तक के अन्तराल में की। इसमें 'स्रग्विणी छन्द' में १०८ श्लोक हैं। यह रचना भारतवर्ष के गौरवमय अतीत, वैभवमय वर्तमान तथा मंगलमय भविष्य के प्रायः सभी पक्षों का संस्पर्श करती है। डॉ0 शुक्ल की दूसरी कृति 'जय भारतभूमे' उनकी सात राष्ट्रवादी कविताओं का संग्रह है। इसी प्रकार 'भारतजनताऽहम्' शीर्षक काव्य भी भारतीय लोकतन्त्र का एक ऐसा उद्घोष है जो समूचे विश्व को भारत की ओर आकृष्ट करता है।

अभिराज डा0 राजेन्द्र मिश्र की राष्ट्रवादी कृतियाँ उनके कर्तृत्व की विपुलता के कारण अनेक रूपों में विभक्त हैं। उन्हें तीन वर्गों में विभक्त किया जा सकता है-

१- स्वतन्त्र खण्डकाव्य

२- राष्ट्रीय एकांकी

३- राष्ट्रीय स्फुट गीत

डॉ0 मिश्र के स्वतन्त्र काव्यों में प्रमुख हैं- 'नव्यभारतशतकम्', 'प्रभातमङ्गलशतकम्' तथा 'भारतदण्डकम्'। ये तीनों काव्य अभिराजसप्तशती में संगृहीत हैं।

राष्ट्रीय विचारधारा पर आश्रित एकांकियों में 'समर्चितमृत्तिकम्' तथा 'छलिताधमर्णम्' नाट्यपञ्चामृतम् संग्रह में संकलित हैं। 'समर्चितमृत्तिकम्' में सन् ६५ भारत-पाकयुद्ध में डोगराई मोर्चे पर प्राणाहुति देने वाले मेजर आशाराम त्यागी का सैन्य-अभियान चित्रित किया गया है। इसी प्रकार 'छलिताधमर्णम्' में भी दहेज जैसी राष्ट्रीय समस्या को उपन्यस्त किया गया है। 'चतुष्पथीयम्' में संकलित 'इन्द्रजालम्' तथा 'निर्गृहघट्टम्' एकांकी भी राष्ट्रीय समस्या से ही जुड़े हैं। इसी प्रकार 'रूपरुद्रीयम्' में संकलित 'अभीष्टमुपायनम्' में दहेज-समस्या को, 'पुनर्मेलन' में दस्यु-समस्या को, 'कन्यामाणिक्यम्' में जाति-समस्या को और 'रक्ताभिषेकम्' में पृथक्तवाद तथा देवी इन्दिरा के प्राणोत्सर्ग को राष्ट्रीय परिवेश में रेखांकित किया गया है।

खण्डकाव्य एवं नाट्य के अतिरिक्त अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र ने अब तक ५० से भी अधिक स्फुट गीत राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत लिखे हैं। काव्य संग्रह 'मृद्वीका' का 'राष्ट्रश्रीः' खण्ड 'श्रुतिम्भरा' का 'राष्ट्रध्वनि' शीर्षक खण्ड एवं 'वाग्वधूटी' की अनेक कविताएँ भारत के ही अतीत,वर्तमान तथा भविष्य से जुड़ी हैं। इस प्रकार डॉ0 राजेन्द्र मिश्र ने वाङ्मय की विभिन्न विधाओं के माध्यम से राष्ट्रीय विचारधाराओं को पल्लवित करने का यत्न किया है। 'साहित्य अकादमी' द्वारा पुरस्कृत कथाकृति 'इक्षुगन्धा' एवं सद्यः प्रकाशित कथा संग्रह 'रांगडा' की अधिकांश कहानियाँ भी राष्ट्रीय परिवेश से जुड़ी हैं।

डॉ0 रमाकान्त शुक्ल ओज एवं शौर्य के कवि हैं। वे राष्ट्रीय विचारधारा के हस्ताक्षर कवि हैं और राष्ट्रीय गौरव के ही अनुकूल उनका सिंहनादोपम स्वर भी है। 'स्रग्विणी छन्द' पर उनका विशेष अधिकार देंखते हुए ही उन्हें कवि समवाय में 'स्रग्विणीराज' के रूप में पहचाना जाता है। दूसरी ओर अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र धीर, गम्भीर, मानवीय एवं राष्ट्रीय संवेदनाओं के माधुर्य एवं प्रसाद गुण में पारंगत कवि हैं। वे मूलतः कोमल भावनाओं एवं मर्मस्पर्शी अनुभूतियों के कवि हैं; उनकी राष्ट्रवादी कविताओं में भारत के अनगढ़ वर्तमान के प्रति वेदना भी है साथ ही साथ गिरे हुए राष्ट्रीय मूल्यों को पुनः बचा लेने का आवाहन स्वर भी है। डॉ0 शुक्ल का राष्ट्रवादी स्वर उद्भ्रान्त मेघों का गर्जन है जिसमें भावनाओं की बिजली चमकती है और कभी-कभी उपालम्भों एवं धिक्कारों के वज्रपात भी होते हैं। अभिराज डॉ0 मिश्र का राष्ट्रवादी स्वर धीर गम्भीर सागर की शीतल जलराशि है परन्तु उसके अन्तराल में भी निरन्तर वाडवाग्नि दहकती है और कल्लोलों के घात-प्रतिघात उठते एवं गिरते हैं। इस प्रकार डॉ0 शुक्ल एवं डॉ0 मिश्र मार्ग एवं शैली की दृष्टि से थोड़े भिन्न होते हुए भी एक ही लक्ष्य तक पहुँचने वाले बटोही जान पड़ते हैं। राष्ट्र डॉ0 रमाकान्त शुक्ल का काव्य सर्वस्व है परन्तु डॉ0 राजेन्द्र मिश्र की काव्ययात्रा का सर्वाधिक रुचिकर पड़ाव है। कुछ उद्धरणों के माध्यम से मैं दोनों यशस्वी कवियों की राष्ट्रीय विचारधारा को स्पष्ट करना चाहूँगा।

''जय भारतभूमे', काव्य में डॉ0 शुक्ल पवित्र भारत भूमि के विविध प्राकृतिक उपादानों की यशोगाथा प्रस्तुत करते हैं:-

गंगायमुनाकावेरीकृष्णागोदाचलवीचिंयुते !

शिप्राशाबरमतीनर्मदागण्डकतुङ्गतरङ्गयुते !

शोणचनाबविपाशासरयूब्रह्मपुत्रकल्लोलकरे !

जय जय जय हे भारतभूमे ! जय जय जय भारतभूमे! ।।

वाग्वधूटी के 'वन्दे सदा स्वदेशम्' शीर्षक गीत में डॉ0 राजेन्द्र मिश्र ने भारतभूमि

के पवित्र गौरव बिन्दुओं का स्तवन किया है-

गंगा पुनाति भालं रेवा कटिप्रदेशं
वन्दे सदा स्वदेशम्
एतादृशम् स्वदेशम् ।।
काशीप्रयागमथुरावृन्दाटवीविशालाः
द्वारावतीसुकाञ्चीविदिशादितीर्थमालाः
सम्भूषयन्ति कामं यस्य प्रशान्तवेषम्
वन्दे सदा स्वदेशम्
एतादृशं स्वदेशम् ।।

दोनो ही कवि भारत के प्रहरी देवात्मा हिमालय एवं समुद्र के प्रति श्रद्धावनत है-

विन्ध्यहिमालयसह्यमलयपारसगिरिनारावलीधरे,
जय जय जय हे भारतभूमे जय जय जय भारतभूमे ।।

(डॉ0 रमाकान्त शुक्ल)

अचलो नु देवतात्मा वसुधाऽपि रत्नगर्भा
कुलिशायते यदस्थि प्रचुरं वनी सुदर्भा
केचिन्नमन्ति गिरिशं केचिच्च शालुवेशम् ।
वन्दे सदा स्वदेशम् ।।

(डॉ0 राजेन्द्र मिश्र)

दोनों ही कवि भारतीय लोकतन्त्र के विविध पक्षों का चित्रण करते हैं-

भिन्नजातिकुलधर्मवर्णलोकैक्यापादनयत्नपरे !
लोकतन्त्रपरिरक्षणशीले ! अशरणशरणविधानकरे ।।

(डॉ0 रमाकान्त शुक्ल)

डॉ0 राजेन्द्र मिश्र भी एक ऐसे ही लोकतन्त्र की परिकल्पना करते हैं जिसमें सर्वधर्मसमन्वय हो, साथ ही साथ जिसमें जन जन में एकता हो । मृद्वीका के एक गीत में डॉ0 मिश्र लिखते हैं-

जातिधर्मभारतीपृथक्त्वधर्षितम्

एकसूत्रकल्पितं तथापि जीवितम्

लोकतन्त्रभावनाभृतम्

मामकं तदेव भारतम् ।।

आज का भारत राजनीतिक षड्यन्त्रों और जातीय विद्वेष की भावना से आक्रान्त हो उठा है, आज भी देश व्याधि,शोषण एवं अन्यान्य राष्ट्रीय समस्याओं से ग्रस्त है। दोनों ही कवि राष्ट्र की इस दुरवस्था से चिन्तित हैं, दुःखी हैं । परन्तु दोनों ही कवियों को भारत के मङ्गलमय भविष्य की आशा है-

सन्तु दोषा अनेकेऽत्र कैश्चिन्मताः

किन्तु नाहं प्रपश्यामि तान् मन्दधीः ।

वन्दनीयं मया कीर्तनीयं मया

मोदतां वर्धतां राजतां भारतम् ।।

शोषितो नात्र कश्चिद् भवेत् केनचिद्

व्याधिना पीडितो नो भवेत् कश्चन ।

नात्रि कोऽपि व्रजेद् दीनतां हीनतां

मोदतां मे सदा पावनं भारतम् ।।

(डॉ0 रमाकान्त शुक्ल)

भस्मासुर इव शिवं स्वतन्त्रम्

दग्धुं धावति किल जनतन्त्रम्

स्वार्थान्धता गिरिजया छलिता नेतारो विवशाः

म्रियते जिजीविषा ।।

(डॉ0 राजेन्द्र मिश्र,मृद्वीका)

दोनों कवियों ने भारत के यशोगान के साथ भारतीय समाज की दुष्प्रवृतियों को भी सामने रखा है ।'नव्यभारतशतकम्' में डॉ0 मिश्र गौतम बुद्ध से लेकर स्वतन्त्रता प्राप्ति तक का संक्षिप्त इतिहास देते हुए आज की घटिया राजनीति को राष्ट्र के पतन के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं । कवि की वाणी में जहाँ व्यंग्य का प्रहार है । वहीं पश्चात्ताप एवं वेदना की आग भी है;फलतः डॉ0 मिश्र बड़े साहस के साथ आज के चरित्रहीन नेताओं को फटकारते भी हैं ।

आसन्दिकैकरक्षार्थं राजनीतिविशारदाः ।

मौढ्यशाठ्यग्रहग्रस्ता विक्रीणन्ति धरामिमाम् ।।

आचारसंहिता लुप्ता छिन्नो धर्ममहीरुहः ।

सामाजिकसदाचारो बन्धुबान्धवसौहृदम् ।।

अधरोत्तरविवेकः कार्याकार्यविनिर्णयः ।

कुलग्रामभयं नष्टं स्वैराचारोऽभिवर्तते ।।

श्वेतवस्त्रधरा एते सांसदाश्च विधायकाः ।

भ्रष्टाचारकलङ्काङ्का देशद्रोहविपोषकाः ।।

योधयन्ति जनान्नित्यं मदमात्सर्यसाधनैः ।

मतपत्रमुरीकर्तुं सर्वमेव विधीयते ।।

(नव्यभारतशतकम्, १८ से २२ तक)

डॉ0 शुक्ल ने 'भाति मे भारतम्' में भारत के नेताओं की कुर्सीपरस्ती का संकेत किया हैं, यथा-

शासनासन्दिकाराधनैकव्रतं

नेतृवृन्दं समालोक्य छद्मावृतम् ।

यत्र नित्यं हसन्ति प्रजानां गणा

भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।

इसी प्रकार 'भारतजनताऽहम्' कविता में भी इस ओर संकेत किया हैः-

शासनासन्दिकामधिरोढुं

प्रतिनिधयो मे कुर्वन्ति न किम् ।

तां प्राप्य केऽपि यां विस्मरन्ति

मुग्धा सा भारतजनताऽहम् ।।

२ नवम्बर १९९० को उज्जैन में ३३ वें कालिदास-समारोह के अवसर पर आयोजित 'संस्कृत कवि-समवताय' में पठित तथा 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' (१२/४) में प्रकाशित कविता में नेताओं को फटकारते हुए डॉ0 शुक्ल ने कहा-

किं कुरुथ किं वा करिष्यथ वदत नेतारो मनाक् !
किं मनसि वो वर्तते भो ? भणत नेतारो मनाक् ।।
पादयोः प्रणिपत्य, घोणा-घर्षणं कृत्वा मुहुः ।
याचितं यन्मे मतं तस्यादरं रक्षत मनाक् ।।
दूरदर्शन-तन्त्रतो लब्ध्वा विभुत्वं प्रत्यहम् ।
भाष्यते यदनर्गलं रे वित्थ तस्यार्थं मनाक् ।।
मनसि वचसि च कर्मणि प्रविरुद्ध्यते यैः प्रतिपलम् ।
सन्ति सन्तो वै कियन्तो वोऽतिरिच्य वदत मनाक् ।।
लुञ्चिता न्यायालया जनता वराकी लुञ्चिता ।
किमपरं भो लुञ्चयिष्यथ ? वदत नेतारो मनाक् ।।

'रौति ते भारतम्' शीर्षक रचना में भी डॉ0 शुक्ल ने भारत के अन्धकार पक्ष का संकेत किया है ।

परन्तु दोनों कवि भारत के भावी अभ्युदय एवं मंगल के प्रति आश्वस्त भी हैं। 'भारत दण्डकम्' में डॉ० मिश्र भारत राष्ट्र के निरवद्य स्वरूप का अंकन करते हैं

''जयतु जयतु भारतं लोकतन्त्रात्मकं पूतमंत्रात्मकं सर्वधर्मात्मकं सौम्यकर्मात्मकं विश्ववन्धुत्वभावे रतं सन्ततं दीनहीनोदये दत्तचित्तव्रतं युद्धविद्वेषमात्सर्ययुक्तं सदा द्रोहविद्रोहकातर्ययुक्तं सदा सर्वतन्त्रस्वतन्त्रं बृहद्भारतं विश्वशान्तिप्रयाणस्थितं भारतं सर्वतोभावि-भद्रेच्छुकं भारतं स्वीयसीमान्तरक्षेच्छुकं भारतम्'' आदि ।

भारत प्राचीन काल से ही सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शक रहा है । भारतीय दर्शन, शिल्प एवं जीवन पद्धति ने समूचे विश्व को आचार की शिक्षा दी । डॉ0 रमाकान्त शुक्ल भारत का वह स्वर्णिम अतीत स्वभिमान के साथ अंकित करते हैं -

यत् त्रयीसांख्ययोगादिमार्गैर्युतम्
जीवनं मुक्तमाकर्तुमाकाङ्क्षति ।
शीलसन्तोषसत्यादिभी रक्षितं
भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।
दर्शनज्ञानचारित्र्यसम्मेलनं
यत्र मोक्षस्य मार्गं भणन्त्यागमाः ।

ज्ञानमास्ते च भारः क्रियां वै विना

भूतले भाति तन्मामकं भारतम् ।।

'प्रभातमङ्गलशतकम्' में अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र न केवल भारत के अध्यात्म पक्ष का अपितु राष्ट्रीय संवेदना के अणु अणु का स्पर्श करते हैं । अपने मंगलमय सुप्रभात के लिए डॉ0 मिश्र केवल देवताओं का ही नहीं अपितु भारत एवं भारतीय संस्कृति के प्रत्येक गौरवबिन्दु का स्तवन करते हैं-

कान्ताररोमपुलका गिरिसन्धिवन्द्या

नक्षत्रहारलतिका रविभालभूषा ।

पाथोधिनीलवसना सुमशुभ्रहासा

कुर्याद्धिमांशुतिलका मम सुप्रभातम् ।।

काश्मीरमस्तकवती हिमवत्किरीटा

गङ्गाकलिन्दतनयोभयनेत्रपद्मा ।

देवप्रिया तमिलकेरलपादयुग्मा

भूः भारती दिशतु मे नवसुप्रभातम् ।।

यस्या रजोविलसिते परिधौ प्रबुद्धा

हेलाविलासलपनैर्महिता भवामः ।

साऽस्माभिरात्मजवती नवराष्ट्रभूमिः

मान्या तनोतु मम मङ्गलसुप्रभातम् ।।

प्रभात-मङ्गल की यह परम्परा कवि राष्ट्रीय एकता को दृष्टि में रखते हुए, किस बिन्दु तक पहुँचाता है, यह सचमुच देखने योग्य है-

ज्ञानेश्वरश्च तुलसी नरसी च मीरा

चैतन्यनानककबीरसमर्थसंज्ञाः ।

आण्डालभक्तरविदासमुखा दशोर्ध्वाः

कुर्वन्तु मे मधुमयं नवसुप्रभातम् ।।

'भारतजनताऽहम्', शीर्षक कविता में डॉ0 रमाकान्त शुक्ल भारत भूमि के स्वाभिमान पूर्ण उद्घोष को लोक के समक्ष रखते हैं । यह उद्घोष भारत विरोधियों के लिए एक चुनौती है-

आक्रमणं नैव करोमि कदाप्याक्रमणं नैव कदापि सहे ।

आर्जवं न मे मूर्खत्वमस्ति दृढकवचा भारतजनताऽहम् ॥

दृप्तानामङ्कुशतां भजामि नम्राणां रक्षकतां भजापि ।

दुष्टानां शिक्षकतां भजामि लोकज्ञा भारतजनताऽहम् ॥

अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र भी खुले शब्दों में राष्ट्र का वही उद्घोष व्यक्त करते हैं-

न दुर्नयं सहामहे न दुर्नयो विचीयते ।

स्वराष्ट्रगौरवोचितं हि केवलं विधीयते ॥

वयं हि लोकतान्त्रिका ऋतैकपक्षपातिनः

सुहृत्तमाः परन्तु वैरिणं कृतेऽतितापिनः ॥

वयं प्रमाणगत्वराः प्रतिक्षणं प्रसृत्वराः

जयत्वियं वसुन्धरा जयत्वियं वसुन्धरा॥

('वाग्वधूटी' पृष्ठ ३९)

अभिराज डॉ0 राजेन्द्र मिश्र की राष्ट्रीय कविताएँ प्रबुद्ध पाठकों के समक्ष अन्य एक प्रश्न भी रखती है- आज इस राष्ट्र का बन्धु कौन है ? प्रत्येक व्यक्ति अपनी स्वार्थ सिद्धि में लगा है, सबकी दृष्टि खंडित है, आखिर क्यों ?

वाञ्छति कोऽपि नवीनविधानं

कोऽपि याचते खालिस्तानम् ।

रोदिति गङ्गा द्रवति नगेशः समुच्छलति सिन्धुः

को नु राष्ट्रबन्धुः ??

इस प्रकार हम देखते हैं कि डॉ0 शुक्ल और डॉ0 मिश्र दोनों ही कवि अपनी सर्जनात्मक प्रतिभा से भारत के जन मानस को भरपूर आकृष्ट कर रहे हैं ।

# विंशशताब्द्याः संस्कृतसाहित्ये चित्रितं भारतम्

-डॉ० कैलाशनाथ द्विवेदी, डी० लिट्०

विंशशताब्द्याः संस्कृतसाहित्यस्य महाकाव्य-गीतिकाव्य-गद्यकाव्य (उपन्यास) नाट्यसाहित्य- चम्पूकाव्यादिसर्वासु विधासु व्यापकरूपेण भास्वरं भारतं चित्रतम् अस्ति । सामान्यतः साम्प्रतिकसंस्कृतरचनासु अन्तर्बाह्यरूपयोश्चित्रितस्य भारतस्य चित्रमत्यन्तं हृदयावर्जकमस्ति । अखण्डभारतभूमेर्बाह्यस्वरूपस्य बिम्बग्राहिचित्रणं संस्कृतरचनाकारैः साधुतया कृतमस्ति स्वविविधविधामयकृतिषु[१] ।

'शिवराज्योदय'-महाकाव्यकारः डॉ0 श्रीधरभास्करवर्णेकरो भारतस्य बाह्यस्वरूपगतचित्रणं चमत्कारिरूपे कृत्वा स्वराष्ट्रस्य वैशिष्ट्यमपि चित्रयति व्यापकतया । यथा-

किरीटः सद्रत्नप्रभव इति गीतो नगपतिः
समुद्रोऽयं रत्नाकर इति मतो वल्गुवलयः ।
अजस्रं सम्पन्ना पुरुषमहिलारत्ननिवहैः
अहो राजत्येषा भुवनतलरत्नं भरतभूः ॥ (विवेका०७/६)

अपि च-

अयोध्या शत्रूणां त्वमसि मधुरा पावनहृदा
खलानां वा माया जननि खलु काशी सुतपसाम् ।
अवन्ती चार्तानामपि विधृतकाञ्ची विमनसां,
विमुक्तेर्द्वारावत्यपि दिविषदां त्वं ननु पुरी ॥

(विवेका० ७/१८)

डॉ० वर्णेकरः स्वशिवराज्योदये महाकाव्ये महाराष्ट्रान्तर्गतसह्याद्रेः पश्चिमरत्नाकररमणीयतायाः सुन्दरं चित्रणं कृत्वा राष्ट्रगौरवमपि सम्यग्रूपेण चित्रयति । 'भाति मे भारत' मिति रचनायां डॉ० रमाकान्तशुक्लोऽपि भारतस्य अन्तर्बाह्यस्वरूपं शोभनं चित्रयत्येवमत्र पद्यद्वये-

''जाह्नवीचन्द्रभागाजलैः पावितं, भानुजानर्मदावीचिभिर्लालितम् ।
तुङ्गभद्राविपाशादिभिर्भावितं, भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।।
गोखले-बालगङ्गाधराराधितं, श्रीशिवाजी-तुकाराम-सम्बोधितम् ।
यन्महाराष्ट्रकं सह्यशृंगोच्छ्रितं, भूतले भाति तन्मामकं भारतम्।[२]''

जानकीजीवन-वामनावतरणादिमहाकाव्यकारो डॉ० राजेन्द्र मिश्रः स्वकीये मृगाङ्कदूते भव्यभारतमेवं चित्रयति चित्ताकर्षकरूपे -

'' गन्तव्या ते जलधिरसनाऽऽवेष्टिता भारती भूः
आदौ यत्र प्रसभमुदिता संस्कृतिर्विश्ववारा ।
तत्राप्याप्या तरणितनयाजाह्नवीसङ्गभूमिः
सृष्ट्यै यत्र द्रुहिण उषसि क्लेशितात्मा तताप ।।[३]''

न केवलं भारतमन्तः रूपेणापि तु बाह्यरूपेण चित्रयति डॉ० चन्द्रभानुरेवम् -

''हिमगिरिरस्य किरीटो मौलेररुणकिरणमणिमाली,
करकल्लोलैर्जलधिर्विलसति पादान्तप्रक्षाली ।
सरितो वक्षसि हारा विन्ध्यो भाति मेखलामानम्,
पल्लवलसिता निविडवनाली रुचिरं नवपरिधानम् ।
आस्तां कविकुलमस्य मनोरमरूपवर्णने लीनम्,
भारतवर्षं राष्ट्रं जीव्याच्चिरकालं स्वाधीनम् ।।

(मंगल्या १९८८पृ० ५)

स्वराष्ट्रभारतस्य बाह्यस्वरूपनिर्धारणे संस्कृतरचनाकारैरस्य उत्तुंगशृंगमयवनाच्छन्नपर्वताः, विशालसलिलराशिना तीव्रप्रवाहिताः नद्यः, वैभवसम्पन्ना विविधप्रदेशाश्चापि चित्रिताः । पशुपालनकृषि-वाणिज्यादिक्षेत्रेषु राष्ट्रस्यार्थिकस्रोतस्वरूपिण्यो नर्मदादिनद्यः संस्कृतकविभिः सुचित्रिताः सन्ति । यथा श्रीरेवाभद्रपीठकाव्ये सनातनकवी रेवाप्रसादद्विवेदी रेवामेवं चित्रयति ।

"त्वत्तीरे हलिनोऽपि सन्ति विमला धर्मप्रिया भारते ।"

"वाणिज्यं करवाणि चेत् तव दृशोः पात्रीभवन्नप्यहं

- -- -त्वां कामधेनुं वृणे ।[४]

विंशशताब्द्याः संस्कृतरूपकेष्वपि भारतस्य भव्यं चित्रणं वर्तते । यथाऽस्मदीये 'वसुमित्रविजये'[५] विशालभारतभारती एवं चित्रिता विस्तारमयी-

"आसिन्धुशैलेन्द्रसुशोभिते हे, भागीरथीनीरतरंगिते हे !

काशीपुरीपुण्यपुरैश्च रम्यां त्वां भारतीं भक्तिप्रदां भजामि ।।[५]

राष्ट्रस्य सर्वसमाजे यौतुकपिशाचपीडिताः परमार्त्तयुवत्योऽपि चित्रिताः रूपककारैः । श्रीकृष्णलालोऽपि कुप्रथामिमां व्यंग्येन चित्रयति आश्चर्यमिति नाम्नि रूपके-

"किं भवान्, जानाति कियद् यौतुकमिष्यते वरपक्षीयैः ?"

"किं कन्ये अविवाहिते स्थास्यतः ?"

(चमत्कारः, दिल्ली प्रथम सं0 पृ0 ६३)

भारते सर्वत्रातंकवादस्य हिंसायाश्च[६] ताण्डवं चिन्ताजनकमेवाऽस्ति। समाजे सर्वत्र हिंसामूले तु मानवतानाशक-विनाश- कार्यस्त्रशस्त्राणा-मुत्पादनं, यौतुकं, भिक्षाटनं, मूल्यवृद्धिः, पदार्थसम्मिश्रणं, राष्ट्रनेतॄणां चारित्रिकमवमूल्यनं, जातिवाद आदि समस्यानां सुन्दरं चित्रणं संस्कृतसाहित्ये संलक्ष्यते । यथा-

''बमविषाक्तविस्फोटकद्रव्यैः । अणुशक्त्याविष्करणैर्नव्यैः ।
प्रलयंकरमभवद् विज्ञानम् ! मानवते । कुरु नवमभियानम् ।।

(गीतकन्दलिका पृ0 १३)

प्रभूता मूल्यसंवृद्धिर्नभश्चुम्बति महार्घत्वम् ।
दिनैर्लघुकैश्चिदल्पं वेतनं मे याति शून्यत्वम् ।।

(गीतकन्दलिका, पृ0 ३३)

परमानन्दशास्त्री भारतस्य मिश्रणसंस्कृतिमेवं चित्रयति चिन्ताकुलो भूत्वा-

क्रीडति मुक्तं मिश्रसंस्कृतिर्हालाहलायते माधुर्यम्,
शुद्धं क्वापि पदं न पदार्थः प्रतिहट्टं दृष्टं चातुर्यम् !
नगरे नगरे ग्रामे ग्रामे मिश्रितपण्यानां प्राचुर्यम्
शुद्धं क्वापि पदं न पदार्थः प्रतिहट्टं दृष्टं चातुर्यम् ।।

(दूर्वा, १४ तमोऽङ्कः १९८९ पृं0 ३०)

महाकविः सुधाकरः भारते भ्रष्टराजनेतॄणां शोचनीयं चरितमेवं चित्रयति-

नेतारश्चेदपधनधियो निष्क्रियोत्कोचजीवाः,
मिष्टा वाचः कपटपटवो वञ्चकाः सञ्चिताशाः ।
नाशाय स्युः स्व भुवि सुलभाः पेशला श्वेतवेषैः,
निःसिद्धान्ताः कथय न कथन्नङ्क्ष्यति त्वेष देशः ।। (देवदूते ६९)

अपि च- दण्डादण्डि प्रचलतु सदा वोऽस्तु वा वाग्विलासः,
केशाकेशि प्रशमयतु वा युष्मदीयं विवादम् ।
हे नेतारः कुरुत सकलं रोचते यद् भवद्भ्यः,
स्वातन्त्र्यं मे निधिरिदमिति प्रार्थये रक्षितुं वः ।।

(मंगल्या, डा0 चन्द्रभानुः पृ0 ४३)

साम्प्रतं भारते सविकारो गुरुशिष्यसम्बन्धः, दूषिता शिक्षा-पद्धतिर्विकृता परीक्षाप्रणाली छात्रानुशासनहीनताऽपि सुचित्रिता संस्कृत साहित्यकारैः । यथाऽस्मदीये गुरुमाहात्म्यशतके एवं चित्रिता वर्तमानविकृतशिक्षाप्रणाली-

शिक्षकरूपे गुरवः साम्प्रतन्तु सन्ति वेतनभोगिनः ।
दासवृत्त्या समाजे, लभन्ते मानं न तादृशम् ।।
शिष्यैः परीक्षायान्तु प्रयुज्यन्तेऽनुचितसाधनानि ।
शिक्षकाः सापमानञ्च सहन्ते प्रताडनां तेषाम् ।।
शिक्षणसंस्था अधिकाः, प्रायः कुप्रबन्धकास्तासु सन्ति ।
बहवोऽध्यापकास्तत्र, शोष्यन्ते सर्वदा बहुधा ।।
(गुरुमाहात्म्यशतकम् ९८-१०० डा0 कै0 ना0 द्विवेदिनः,
कानपुर १९८१)

भारते भयंकरी यौतुकप्रथाऽपि चित्रिताऽस्ति-संस्कृतरचनाकारैः स्वकीयकथाकृतिषु,रूपकेषु काव्येषु च यथार्थपृष्ठभूमौ । युवा कवी राधावल्लभस्त्रिपाठी स्वकीये गद्यगीते ''अनुशारदाविवाह'' मिति रचनायां[७] यौतुकीकुप्रथां मार्मिकरूपेण प्रस्तौति । डा0 चन्द्रभानुश्चित्रयति स्वकीयवधूरमूल्या रचनायामेवम्-

'हे नवयुवकजननि! तव पुत्रो बाहुबलं नाश्रयते,
वधूममूल्यां बुद्ध्वा भवती सुतमूल्यं कामयते !
सम्प्रति सुतसम्बन्धेऽन्विष्यति भवती यौतुकमात्रम्,
प्रतिगेहं गत्वा सम्पश्यति ललितं कन्यागात्रम् !!
हे नवयुवक ! शृणोतु किमर्थं बाहुबलं नाश्रयते ।
कन्यायुवतिरमूल्या - --- -[८]

भारते वर्तमानधार्मिकसामाजिकार्थिकराजनीतिक-वैज्ञानिका-दिविविधपरिस्थितीनामपि चित्ताकर्षकं चित्रणं संस्कृत-साहित्यकारैः

कृतमस्ति । महर्षिकल्पः स्वर्गीयः पं0 मुंशीराम शर्मा 'सोमः' चित्रयति भारतमेवम्-

'अर्थलोभेन नेतारः प्रभुत्वपदलोलुपाः ।
संस्कृतेः सभ्यतायाश्च नाशकाः देशघातकाः ।।

सदाचारं हि गर्हन्ति देशस्तेषां हिताय वै ।
न ते देशाय जीवन्ति जीवन्ति स्वार्थसिद्धये ।।

हरतालरताश्छात्राः प्राध्यापकाश्च कर्मिणः ।
विरताः स्व स्व कर्त्तव्यात् श्रमाच्च श्रमजीविनः ।।

मुस्लिमैः खण्डितो देशः पूर्वमेवांग्लनीतिभिः ।
अधुनाऽपि ते समालग्नाः पुनश्च देशखण्डने ।।

शिष्याः पार्थक्यभावेन पञ्चनदे प्रचोदिताः ।
ख्रिस्तानाश्च विभजन्ति पूर्वाञ्चलं स्वदेशतः ।।'

(पारिजातम् ६/१ स्वाधीनतादिवसविशेषाङ्कः, पृ0 ३९)

वर्तमानवैज्ञानिकाविष्कारेषु टी0 वी0 प्रभृति उपादानैः भृशं प्रभाविताः युवक-युवत्यः स्वकर्त्तव्यविमुखा एव दरीदृश्यन्ते प्रायः समाजे, गेहे गेहे । भारते टी0 वी0- वञ्चितवल्लभां नवोढां चित्रयन्, श्रीरामदवे शास्त्री यथार्थमेव कथयति-

इह जपति नवोढा तल्पगा कान्तसङ्गम्,
प्रणयसुखसखीयं शर्वरी यातयामा ।
कितव इव च धारावाहिके दत्तदृष्टिः
क्षिपति मयि न दृष्टिं टी0 वि0 मुग्धो मिलिन्दः ।।

# आर्यकाश्मीरम्

श्री रामकृष्ण शास्त्री 'अव्यय:'

अद्य हि स्वतंत्रभारतोत्तमांगभूतः, प्रकृतिकमनीयः,शुचिशील-हिमशैलापत्यकान्तर्गतः, सतीसरोवरधरः कश्यपाश्रमशिक्षाप्रचारप्रचुर-प्रवीणः, वीरभारतरक्षाशिविरस्वरूपः, वासन्तीकेशरकिशोरीकान्तः, गिरिवननिर्झरस्वनै रापूरितः, षड्तुपुष्पफलै राकीर्णः, विविधविहग-कुलै रलंकृतः,चतुर्युगचतुर्वेदचतुर्वर्णचतुराश्रमपरम्पराभिः चतुर्वर्ग (पुरुषार्थचतुष्टय) रूपप्रक्रियासु कुशलः, अहर्निशं विश्वभ्रमणार्थिभिः स्वाभिप्रायेण समालोचितः, ''मात्सर्यमुत्सार्य विचार्य- कार्यमार्याः समर्या-दमुदाहरन्तु । काश्मीरक्षेत्रेषु च पाककृत्यं ह्यनार्यमालक्ष्य निकारयन्तु'' इतिधिया प्रविष्टसुरक्षासभासद्भिरपि शंकालोकरीत्या चिन्तासु अन्तर्भावितः, ''उद्धरेदात्मनाऽत्मानम्'' इति गीतोपदिष्टः, विशिष्टः, विशिष्टजनानुशिष्टः भूस्वर्गसंज्ञासमन्वितः, सारस्वतोद्देश्याश्लिष्टः, पिककाककुलकलाकलनविचक्षणः, सर्वेक्षणनिपुणः काश्मीरप्रदेशः ''नवोदितकाश्मीरम् (नयाकाश्मीर)'' इति संबोधनेन सर्वाधिको लोकप्रियोऽस्ति । नवप्रकाशेऽत्र सर्वत्र नवीना द्युतिः प्रद्योतते ।

आधुनिको लोकः अस्मै महाद्भुताकर्षणहेतवे कियदपि राजनीतिकमहत्त्वं संप्रदद्यात् परमतीतेतिहासस्तु सर्वदा एव अस्याकर्ष-णहेतोः मूलस्थाने सुदृढं दृष्टिपातं प्रकुर्वाणः सुस्थिरो वर्तते । भारतीये-तिहासे सुसष्टम् एतत् समुल्लिखितं मिलति, यत् विश्वस्याद्यः संस्कृत-विश्वविद्यालयः अस्यामेव भूसुरभूम्यां (भूस्वर्ग-काश्मीर में) सम्प्रस्थापितो-ऽभवत् ।

उत्तरापथः, शारदापीठम्, सारस्वतदेशः, शैवागममठः, सतीतीर्थ-क्षेत्रम् इत्यादयः, सम्मानिताः सुप्रमाणिताश्च संज्ञाविशेषाः अस्यामेव केशरविकासशोभितक्षोण्यां सुतराम् अद्यावधि स्वसंवेद्यानन्दातिरेकं संप्रथयन्ति ।

गद्य, पद्य, चंपू आदि विविध विधाओं में विपुल साहित्य इन्होंने लिखा और लिख रहे हैं । बहुत सा साहित्य नर्मसचिव की मनोविनोदी मुद्रा में लिखा है । उल्लेख्य रचनाओं में ''विनोदिनी'' हास्यपूर्ण पद्यों का संग्रह, कालिदासप्रेरितः शिल्पशृङ्गारः (पुरातत्त्व, अनूदित), सत्याग्रह-नीतिकाव्यम्, गायत्रीलहरी (१०८ पद्यों मे) डिण्डिमः (विनोदपूर्ण काव्यसंग्रह), अजन्तादर्शनम् (गुजराती से अनु0 खंडकाव्य) पत्रदूतम् (दूतकाव्य १६३ पद्यों मे) प्रेरणा (सिनेंमा गीतों की धुनों पर आधारित गीत) हैं । अभी तक इनकें १०६ ग्रन्थ छप चुके हैं ।

४. **गणपति शंकर शुक्ल** का जन्म खरगौन (निमाड़ जिले) में १९ जुलाई १९३१ को हुआ । इन्दौर में शिक्षा प्राप्त कर ये शासकीय विद्यालय में शिक्षक रहे । हितोपदेश की शैली में सरल गद्य में इन्होंने अनेक लोककथाएँ लिखीं, जो पत्र-पत्रिकाओं में छपी हैं । इसके अतिरिक्त **भूदानयज्ञगाथा** खण्डकाव्य (१९६२) तथा ''**गान्धीशत-श्लोकी**'' (गांधीजी के सुभाषितों का अनु0) इनकी पद्यात्मक रचनाएँ है। इनकी संस्कृत लघुकथाओं का संग्रह '**कथामृतम्**' (१९८७) नाम से छपा है, जिसमें हिन्दी-अनुवाद-सहित हितोपदेश की शैली में प्राचीन सुभाषितों को उद्धृत करते हुए लोककथाओं या महापुरुषों के जीवन पर आधृत बालोपयोगी सरल कथाएँ हैं ।

५.. **पं0 बच्चूलाल अवस्थी** का जन्म ६ अगस्त १९१८ को उत्तरप्रदेश के जिला लखीमपुर खीरी में हुआ । इन्होंने व्याकरणशास्त्री, दर्शनशास्त्री, साहित्याचार्य, व्याकरणाचार्य तथा एम0 ए0 (संस्कृत) सभी परीक्षाएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कीं। अनंतर हिन्दी से एम0 ए0 परीक्षा उत्तीर्ण कर ''**प्राचीन भारतीय अर्थविज्ञान**'' पर आगरा वि0 वि0 से पी-एच0 डी0 की उपाधि प्राप्त की । ''**ध्वनिसिद्धान्त तथा तुलनीय साहित्यचिंतन**'' शीर्षक प्रकाशित शोधग्रन्थ पर इन्हें सागर वि0 वि0 ने डी0 लिट्0 उपाधि प्रदान की ।

१९४४ से १९४९ तक पं0 अवस्थी ने संस्कृत पाठशालाओं में आचार्य कक्षा तक अध्यापन किया । १९४९ से १९६७ के मध्य वे लखीमपुर खीरी के महाविद्यालय में प्राध्यापक रहे तथा जुलाई १९६७ में सागर वि0 वि0 के हिन्दी-विभाग में व्याख्याता नियुक्त होकर ६ अगस्त १९७८ को इसी पद से सेवानिवृत्त हुए । १९८० से १९८६ तक इसी विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्रबृहत्कोश-शोधयोजना में वे संपादक और लेखक रहे । संप्रति वे कालिदास अकादमी, उज्जैन में संपादक पद पर कार्यरत हैं।

हिन्दी में विभिन्न ग्रन्थों के अतिरिक्त केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की शोधयोजना

में निर्मित ९००० पृष्ठों का ''व्युत्पत्तिकोश'' तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की शोधयोजना में आद्यंत स्वयं लिखित १०००० पृष्ठों का ''दर्शनशास्त्रबृहत्कोष'' श्री अवस्थी के विलक्षण पांडित्य और विद्याक्षेत्र में विशिष्ट अवदान के उदाहरण हैं।

संस्कृत काव्य रचना की स्फूर्ति और पद्यगुम्फ की प्रवृत्ति इनमें छात्रावस्था से ही थी, जो कालांतर में ''देवदूतम्'' नामक खंडकाव्य में प्रतिफलित हुई । विकट जीवनसंघर्ष के कई वर्षों की अवधि में काव्ययात्रा अवरुद्ध रही, जो पिछले कुछ वर्षों से अनुभव के साँच और आँच के साथ जिस परिणतप्रज्ञ पदनिवेशनिष्कम्पता और प्रातिभ ऊर्जा को समो कर व्यतिकराकुलितसिन्धुवत् पुनः प्रवहमाण हुई, वह पारंपरिक संस्कृत काव्यसाधना के प्रति हमें आशान्वित करती है ।

''नेतृस्तवः''[५] अवस्थी जी की १९८० के आसपास लिखी गयी रचना है । १० शार्दूलविक्रीडित छंदों में यहाँ तीखा आक्रोश, तथा धारदार व्यंग्य प्रकट हुआ है, जिसमें अंतःसलिला की भाँति कवि हृदय की पीड़ा और कचोट अंतर्निहित है।

नेता कण्टकशोधनाय यतते स्वस्यैव मार्गस्य यत्
तस्मात् कण्टकजालमेव विकिरत्यालोकतन्त्राध्वनः ।
लोकोऽयं क्षतजाप्लुताङ्घ्रिरधुना कार्पण्यभृद्दूयते
नेता रोदिति नक्र-बाष्प-विकलं तत्पीडया पीडितः ।।

किन्हीं मान्यों की वदान्यता के गद्गद गुणगान में स्वयं को धन्य समझ कर क्षरित और विगलित होती कुकाव्यप्रवृत्ति के सामने यह प्रत्यादेश का सप्राण स्वर है। वैदग्ध्यभङ्गीभणिति के कौशल से प्राप्त पदावली को ''पेरोडी'' की मुद्रा में दोहराने के कारण प्रत्यादेश की यह प्रखरता इस रचना में या कवि की अन्य रचनाओं में सर्वत्र ऐसी नही रह पायी है । इसी काल की दूसरी रचना **''क्व कालिदासस्य जगाम भारती''** में प्राप्त पदावली का गंभीर पेरोडी के रूप में पुनराख्यान, अतीतोन्मुखता और वर्तमान के प्रति विरक्तिपरक वेदना भाव और अधिक है । संस्कृत की परंपरागत क्लासिकी पदावली में व्यासंग के कारण वर्तमान की पकड़ ऐसे में शिथिल हो जाती है । पर कहीं-कहीं आज की शब्दावली और पारंपरिक पदावली दोनों को साथ उपकरण बनाकर रचनाकार हमारे समय की विसंगति का अनुभव देता है । जैसे नेतृस्तवः में ही-

आगच्छेत् स समाजवाद्-विभवो यस्य प्रसादात् परं
स्वच्छन्दं विहरन्तु रन्तुमनसः स्वैराधिकाराः स्त्रियः ।
इत्थं कूट-कथंकथः प्रवचनैर्मिथ्यावदानक्षमो
नेता मल्लनटोऽक्षवाटमटति द्वन्द्वाय च व्यूहते ।।

अवस्थी जी की बाद की रचनाओं में आधुनिक अर्थ वाले व्यंग्य का पैनापन कम होकर ध्वनिप्रस्थापनपरमाचार्यप्रोक्त व्यंग्य की आभा निखरी है। इनमें से कुछ रचनाएँ अन्योक्तिपरक हैं। आज की विसंगतियों को इनमें कटाक्षित किया गया है। अन्योक्ति की पारंपरिक शैली का ऐसे कुछ स्थलों पर नये भावबोध से समवाय हो पाया है।[६] जलाशय श्री को आच्छादित करती व्याजृम्भमाण कुम्भिका का चित्र स्थूल और सांकेतिक दोनों स्तरों पर आज के सत्य को उजागर करता है -

विच्छायो हिमपातशातितदलस्तीरे तरूणां गणः
सौरभ्येण समं बत व्यपगतः सारः सरोजन्मनाम् ।
अद्याच्छाद्य जलाश्रयश्रियमियं दुर्दान्तसन्तानिनी
फुल्लद्गल्ल-दलद्-दरिद्र-कुसुमा व्याजृम्भते कुम्भिका ॥

**(अन्योक्तिपञ्चकम् से)**

आज के तनाव, द्वन्द्व और संशय की अभिव्यक्ति व्युत्पन्न कवि को संस्कृत-काव्य के पारंपरिक रूप को छोड़ नयी विधा की ओर ले गयी है। उर्दू की ग़ज़ल में प्रायः रहता तो प्रेम-गीत ही है, पर प्रेम-गीत को बलात् गाने की विवशता में स्थिति कुछ और ही हो जाती है-

प्रेमगीतं ब़लाद् गीयते कर्हिचित् ।
रुद्धकण्ठेन वाष्पार्द्र-दृक्पक्ष्मणा
प्रेमगीतं बलाद् गीयते कर्हिचित्
क्षिप्तवाचा स्मितापेक्षि काव्यं, हृदा
वज्रसारेण निर्मीयते कर्हिचित् ।
कौसुमोद्यानसम्भारसम्भ्राजिते
भूमिभागे निदाघेन शीर्षं गते
कण्टकैराचितं नागफण्या वनं
प्राप्य सौन्दर्यदृक् दीयते कर्हिचित् ॥

**(अप्रकाशित लंबी कविता से)**

अवस्थी जी की हाल की रचनाओं में **''शुकवृत्तम्''**[७] जीवनानुभव की गहनता और सांकेतिक अभिप्रायों की सूक्ष्मता के कारण आकर्षित करती है, जिसमें कारा में बंद जीवन की त्रासदी पर परिदेवनपरायण तोते के ''पंजर'' को कोई लीलापरायण

बालक खेल-खेल में खोल कर हँसता और उछलता-कूदता है, जबकि विडंबनापूर्ण स्थितियों के चित्रण और कारुणिकता की दृष्टि से ''**का गतिः**''[८] कविता मर्म छूती है-

वीतंसे यो निपतति सकृत् तस्य काप्यायतिः स्याद्
व्याधो नेत्रे क्रथतु निभृतं पंजरे वापि धत्ताम् ।
सूत्रैर्बद्ध्वा नटयतु परं मुञ्चतूत्कृत्य पक्षौ
शूलाकर्तुं पुटयतु च वा पक्षिणे को विशेषः ।।

६. सागरनगरवास्तव्य **पं0 प्रेमनारायण द्विवेदी** का जन्म दिनांक ५-६-१९२२ को हुआ । इनके पिता पं0 परमानंद द्विवेदी ज्योतिष और कर्मकांड में निष्णात थे । प्रेमनारायण जी ने क्वींस कालेज वाराणसी की प्रथमा (१९३९) मध्यमा (१९४२), व्याकरणशास्त्री (१९४४) तथा बंगीय संस्कृत परिषद् की काव्यतीर्थ (१९४३) परीक्षाएँ उत्तीर्ण कीं । १९६० में इन्होंने सागर विश्वविद्यालय से बी0 ए0 तथा १९६२ में एम0 ए0 (संस्कृत) की उपाधि भी स्वाध्यायबल से अर्जित की । १९६५ में इन्हें इसी विश्वविद्यालय सें ''वैष्णव पुराणों में आचार समीक्षा'' इस विषय पर प्रस्तुत शोधप्रबन्ध पर पी-एच0 डी0 उपाधि भी मिली । डॉ0 द्विवेदी ने वर्षो तक विभिन्न पंडितों के सान्निध्य में वेद तथा दर्शन का स्वतन्त्र अध्ययन किया तथा अभी भी वे न्यायाचार्य पं0 लक्ष्मीनारायण द्विवेदी से न्यायदर्शन के ग्रन्थों का नियमित पाठ ले रहे हैं ।

श्री द्विवेदी ने १९५६ से १९६४ तक आठ वर्ष संस्कृत महाविद्यालय ब्रह्मचर्याश्रम, सागर में अनंतर १९६५ से १९७५ तक रा0 शिं0 महाविद्यालय सागर में, १९७५ से १९८० तक इसी नगर के उ0 मा0 विद्यालय में तथा १९८०-८१ में सागर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में अध्यापन कार्य किया । १९८२ से १९८६ तक ये ''दर्शनशास्त्रबृहत्कोष'' शोध योजना में कार्यरत रहे ।

श्री द्विवेदी ने हिन्दी की श्रेष्ठ रचनाओं को सुबोध, सरस और ललित संस्कृत पद्यानुवादों में प्रस्तुत किया है । उनका संपूर्ण ''बिहारी सतसई'' का संस्कृत रूपांतर ''**सौन्दर्यसप्तशती**'' के नाम से प्रकाशित है । तुलसीकृत ''रामचरितमानस'' का भी संपूर्ण रूप में वे संस्कृत रूपान्तर कर चुके हैं । इसके अतिरिक्त तुलसी की वैराग्यसन्दीपनी, दोहावली तथा रहीम, कबीर, दादू आदि संतों और बुद्ध, कन्फ्यूशियस आदि महापुरुषों की वाणी के छंदोबद्ध अनुवाद उन्होंने किये हैं । इनके अतिरिक्त, स्वयंकृत स्फुटपद्यों की संख्या भी बड़ी है । उदाहरणार्थ-

मयि ब्रुवाणे नहि सा ब्रवीति
स्नेहे कृते कुप्यति दृष्टिपाते ।
विलज्जमाना हसतीव मुग्धा
गेहे जने सत्यपि नेत्रवार्त्ता ।। (३२)

अस्या नवाया दधिमन्थकर्त्र्याः
पश्याद्य ध्यानेन दशां विचित्राम् ।
भाण्डोऽपि तस्याः सविधेऽस्ति दध्नो
मथ्नाति मन्थेन जलस्य भाण्डे ।। (२४५)

७. **डॉ0 श्रीमती वनमाला भवालकर** कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्राचीन इतिहास तथा नागपुर वि0 वि0 से संस्कृत में एम0 ए0 तथा सागर वि0 वि0 से पी-एच0 डी0 हैं । १९४६ से ये सागर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में प्राध्यापिका रहीं । **''रामवगमनम्''** तथा **''पार्वती-परमेश्वरीयम्''** उनकी संगीतिकाएँ (आपेरा नाटक) है जिनके कई सफल प्रयोग हुए हैं । इनकी अपेक्षा चीनी आक्रमण की पृष्ठभूमि में मध्यवित्त परिवार में प्रेम और विवाह को लेकर भावनात्मक संघर्ष की विषयवस्तु पर उनका **''पाददण्डः''** एकांकी आधुनिक नाट्यशैली की दृष्टि से उल्लेखनीय है ।

८. श्रीपाद शास्त्री हसूरकर (द्र0 ऊपर प्रघट्टक-२) के ज्येष्ठ पुत्र **श्रीनाथ हसूरकर** का जन्म २४ फरवरी के दिन १९२४ में हुआ । आरंभिक शिक्षा इन्दौर में हुई । १९४७ में आगरा विश्वविद्यालय से संस्कृत में एम0 ए0, १९४८ में क्वींस कालेज से साहित्याचार्य तथा १९५१ में ''अद्वैत वेदांत का दृष्टि-सृष्टि-वाद'' पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से पी-एच0 डी0 की उपाधि प्राप्त कर म0 प्र0 के शासकीय महाविद्यालयों में व्याख्याता, आचार्य तथा प्राचार्य पदों पर कार्यरत रह कर १९८२ में सेवानिवृत्त हुए । १९३२ से संस्कृत गद्यलेखन में प्रवृत्त हुए और **अजातशत्रुः**, **प्रतिज्ञापूर्तिः**, **सिन्धुकन्या** तथा **चेन्नम्मा** उपन्यासों की रचना की । अंतिम उपन्यास की किश्तें ''दूर्वा'' में छपी हैं । **''प्रतिज्ञापूर्तिः''** पर उ0 प्र0 संस्कृत अकादमी तथा **''सिन्धुकन्या''** पर साहित्य अकादमी नयी दिल्ली से पुरस्कृत हुए और १९८६ में म0 प्र0 संस्कृत अकादमी द्वारा सम्मानित । संप्रति गजनी के आक्रमणों पर आधारित ''दावानलः'' उपन्यास लिख रहे हैं ।

डॉ0 हसूरकर के उपन्यासों का मुहावरा हिन्दी के एक समय लोकप्रिय रह चुकी उपन्यासों की उस धारा से प्रभावित लगता है, जो अब अतीत हो गयी है।

उन्हें पढ़ते हुए भ्रम होता है जैसे हम- हरिनारायण शर्मा, वृन्दावनलाल वर्मा या चतुरसेन शास्त्री का तीस बरस पुराना कोई उपन्यास पढ़ रहे हों। इस तरह के रचनाकर्म से दो तरह के प्रश्न उभरते हैं- आधुनिक भारतीय भाषाओं में लिखे गये साहित्य की उस विधा या शैली को संस्कृत में लाना, जो अब प्रचलन के बाहर हो गयी हो या साहित्य के विकास क्रम में पीछे छूट गयी हो, कहाँ उचित है। हमारी जानकारी में गत दो दशकों में हिन्दी आदि भाषाओं में इस पुरातन शैली में ऐतिहासिक वस्तु पर आधारित ऐसा कोई उपन्यास सामने नहीं आया, जो बहुत महत्त्वपूर्ण माना गया हो। दूसरे आधुनिक परिवेश पर या किसी आधुनिक विधि में लिखते हुए संस्कृत को आधुनिक भाषाओं की वाक्यरचना या मुहावरों से आक्रांत होने से कैसे बचाया जा सकता है ?

९. डॉ0 रेवाप्रसाद द्विवेदी का जन्म भोपाल के निकट नर्मदातट पर नादनेर ग्राम में पं0 नर्मदाप्रसाद द्विवेदी के घर हुआ। प्रारंभिक शिक्षा ग्राम में प्राप्त कर ये विशेष अध्ययन के लिए काशी चले गये। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से १९५६ में साहित्याचार्य तथा १९५९ में संस्कृत में एम0 ए0 परीक्षा उत्तीर्ण की। १९५९ में ही शास0 दूधाधारी श्री वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर में साहित्यशास्त्र के व्याख्याता नियुक्त हुए। १९६५ ई0 में रविशंकर वि0 वि0 रायपुर से आपने पी-एच0 डी0 उपाधि प्राप्त की। १९७० तक ये म0 प्र0 की शासकीय महाविद्यालय सेवा में रहे। इसी वर्ष सागर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में व्याख्यातापद पर नियुक्त हुए, पर कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में प्रवाचक पद पर नियुक्ति प्राप्त हो जाने से वाराणसी पहुँच गये। संप्रति उसी विश्वविद्यालय के संस्कृत संकाय में साहित्य विभाग में आचार्य पद पर प्रतिष्ठित हैं।

१९६८ में ''**सीताचरितम्**'' महाकाव्य के प्रकाशन के द्वारा-

ऋषिः सनातनश्छन्दो जगती, शक्तिराप्तता।
दैवतं राष्ट्रमोजः सत्कीलं, बीजाक्षरं तपः॥
यत्र, तन्मन्त्रकाव्यं मे विनियोगमवाप्नुयात्।
सार्वभौमे सतां शान्तिनाम्नि पुण्ये महाक्रतौ[१]॥

की घोषणा के साथ संरम्भपूर्वक व्युत्पन्न कवि के रूप में साहित्यक्षेत्र में अवतरित हुए।

अन्य संस्कृत रचनाओं में **काव्यालङ्कारकारिका**, **यूथिका** नाटिका उल्लेखनीय हैं। अनेक स्फुट पद्य, लघुकाव्य, निबंध तथा एक कथा पत्रिकाओं में प्रकाशित है।

१०. प्रखर तथा बहुमुखी प्रतिभा के धनी कवि **श्रीनिवास रथ** का जन्म १ नवम्बर १९३३ को पुरी (उड़ीसा) में हुआ। आपने प्रारंभिक शिक्षा मुरैना (म0 प्र0) में प्राप्त की तथा हाइ स्कूल और इंटरमीजियट की परीक्षाएँ सहारनपुर (उ0 प्र0) से उत्तीर्ण कीं। इसके पश्चात् विक्टोरिया कालेज ग्वालियर से बी0 ए0 तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (वाराणसी) से एम0 ए0 (संस्कृत) की परीक्षाएँ उत्तीर्ण कीं।

श्रीनिवास रथ के पिता संस्कृत के प्रकांड पंडित थे। आपने पिताश्री से घर पर भी पारंपरिक पद्धति से संस्कृत का अध्ययन किया। संस्कृतविद्या की वाचिक परंपरा की अमूल्य निधि आपको अपने माता और पिता दोनों से प्राप्त हुई। उन्होंने क्वींस कालेज बनारस से साहित्याचार्य परीक्षा भी उत्तीर्ण की। शिक्षा समाप्त कर उन्होंने १९५५ से १९५७ तक सागर विश्वविद्यालय में अध्यापन किया तथा उसके बाद से अब तक वे विक्रम विश्वविद्यालय में प्राध्यापक हैं।

श्रीनिवास रथ ने पिता के संसर्ग के प्रभाव से बाल्यकाल में ही संस्कृत में पारंपरिक पद्धति से श्लोक रचना प्रारंभ कर दी थी। इसके बाद उनकी काव्ययात्रा में कई पड़ाव आये। वे अपने समय की राजनीतिक विचारधाराओं से प्रभावित हुए तथा मजदूर आन्दोलनों से भी जुड़े। श्रीनिवास ने संस्कृत कविता को नया भावबोध और अछूता बिंबविधान दिया। उनकी कविता कवि के गहरे आत्मसंघर्ष और युगबोध से उपजी है। उन्होंने अपने समय की विषमता, विडंबना और यंत्रणा को मार्मिक अभिव्यक्ति दी है तथा संस्कृत गीत के क्षेत्र में अपनी निजी शैली गढ़ी है।

संस्कृत के समकालीन रचनाकारों के बीच श्रीनिवास रथ अपनी अलग पहचान इसलिये बना सके हैं कि उन्होंने एक सुदीर्घ काव्यसाधना के साथ-साथ इतर भाषाओं के समकालीन लेखन- विशेषतः उनकी काव्यधारा के भावबोध को आत्मसात् करने का प्रयास किया, साथ ही अभिव्यक्ति के लिए उस विधि को चुना, जिसके लिए हिन्दी में ''नवगीत'' शब्द चल पड़ा है। नवगीत के लय तथा शिल्प में पकड़ और परख तथा समकालीन जीवन और जगत् से संलग्नता के साथ परंपरा के बोध और जाग्रत विवेक ने रथ की प्रतिभा को विकसित किया है। वे आज की विसंगतियों और विडंबनाओं को एक सर्जक के अनुभव और दृष्टि से निरूपित करते हैं। हमारे समय का अंतर्विरोध यह है कि समारोहपूर्वक विज्ञान की नौका लायी जा रही है, पर ज्ञान की गंगा सूख कर रेत हो रही है, संस्कृति का बाग उजड़ रहा है और हम गमलों में केक्टस लगा कर प्रसन्न हैं-

विज्ञाननौका समानीयते
ज्ञानगङ्गा विलुप्तेति नालोक्यते।

संस्कृतोद्यानदूर्वा दरिद्रीकृता
निष्कुटेषु स्वयं कण्टकिन्याहिता
पुष्पितानां लतानां न रक्षा कृता
विस्तृता वाटिकायोजना निर्मिता[१०]

इस गीतिविधा की अपनी सीमाएँ है । उसमें तो अनकहे की अनुगूँज जितनी ध्वनित हो, जितनी टीस दे सके, उतने में ही विश्रांति या परिणति है । सीधे-साधे सब कह डालने की विकलता या ''सत्यमेव जयते'' का उपनिषद्वाक्य समापन में लाने की मनीषा उस प्रतिध्वनि को ध्वस्त कर देती है, जो कवि रथ के कुछ अच्छे गीतों से उठती है ।

११. डॉ0 **शिवशरण शर्मा** का जन्म १९२८ ई0 में उ0 प्र0 के फतेहपुर जिले में भैरमपुर गाँव में हुआ । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से संस्कृत तथा हिन्दी में एम0 ए0 और प्रयाग वि0 वि0 से डी0 फिल्0 की उपाधि इन्होंने प्राप्त की । लगभग गत तीस वर्षो से म0 प्र0 के शासकीय महाविद्यालयों में सेवारत हैं । इनकी सात पुस्तकें प्रकाशित हैं, जिनमें ''**जागरणम्**'' (१९६३) इनकी संस्कृत कविताओं, गीतों का संकलन है । इसमें सरल भाषा में हिन्दी की प्रचलित लोकप्रिय कवि सम्मेलन परायण शैली में कविताएँ या गीत हैं ।

किमद्यापि ते सैव रागिणी ?
युगं व्यतीतं कालो यातो यस्मिन् गीतो मधुरो रागः
शून्यमद्य मधुवनं वर्तते, नहि सुमानि, कीदृशः परागः ?
कथं प्रचण्डनिदाघे भ्रातर्मल्लारं गायति ते वाणी ? (पृ0 १०)

कुछ कवितायें वृत्तांतपरक हैं और कुछमें वृन्दावन की लीलाओं का मुग्ध स्मरण है । कवि ने -

''बन्धो, व्यर्थ वयो व्यतीतम्
मृगतृष्णामनुधावसि सततं, पश्यसि कथमिव नान्यम् ।।''

(पृ0 ५०)

कहकर अपने काव्योद्यम की परिणति पर (कदाचित्) स्वयं ही टिप्पणी भी कर दी है ।

श्री गोविन्द विश्वास भावे की **संस्कृतकथा-तरङ्गिणी** (१९७०) सरल सहज गद्य में संस्कृत में कहानियाँ लिखने का उपक्रम है । लेखक जबलपुर के निवासी हैं। इनके संग्रह में २७ कथाएँ हैं, कुछ बाल्यकाल में माँ के मुख से सुनी हुई, कुछ अपने गाँव के लोगों से सुनी हुई । दो तीन कथाएँ लेखक ने स्वानुभव से भी लिखी हैं । निश्चय ही पूरे संकलन में कोई मौलिकता नहीं है, और न मौलिक होने का दावा ही संकलनकार ने किया है । इस तरह निष्कपट अभिनिवेश को दूर कर नया उपक्रम संस्कृत में अब कम ही दिखता है । कहानियों की विषयवस्तु संस्कृत में प्रायः नयी हैं ।

१३. **डॉ0 भास्कराचार्य त्रिपाठी** का जन्म २३-९-४२ को इलाहाबाद के निकट ग्राम पांडर जसरा में हुआ । इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम0 ए0 करके इन्होंने वहीं से राजशेखर के बालरामायण पर शोधकार्य कर डी0 फिल्0 की उपाधि ली । इसके पूर्व इनका **''अजाशती''** काव्य संस्कृत प्रतिभा में छप कर आया । १९६६ से ये म0 प्र0 में शासकीय महाविद्यालयीन सेवा में आये । संप्रति म0 प्र0 संस्कृत अकादमी में गत तीन वर्षों से सचिव के रूप में प्रतिनियुक्ति पर हैं । अब तक पत्र-पत्रिकाओं में पचास से ऊपर संस्कृत गीत, एक कथा-काव्य तथा तीन संगीतरूपक प्रकाशित करा चुके हैं ।

म0 प्र0 संस्कृत अकादमी से ''दूर्वा'' पत्रिका इनके संपादन में निकल रही है, जिसके १३ अंक सामने आ चुके हैं । निर्दुष्ट मुद्रण और कमनीय सज्जा की दृष्टि से यह पत्रिका संस्कृत पत्रिकाओं में अद्वितीय है । ''दूर्वा'' का प्रत्येक अंकुरण संपादक के श्रमजल की समुच्छलित धारा से सिंचित है ।

डॉ0 त्रिपाठी के कुछ गीतों में भोजपुरी लोकगीतों के सुर अनुगुंजित हैं कुछ में मिथकों, प्रतीकों और बिम्बों का जटिल संश्लिष्ट विन्यास है, बहुत से गीत अवसर-विशेष के अनुरोध से भी उन्होंने लिखें हैं । कहीं-कहीं शिल्प और वस्तु की नवीनता उनकी रचना को चमत्कृत कर जाती है, कुछ एक स्थलों पर नया अप्रस्तुतविधान भी-

हन्त कज्जलं पिबामि, शून्यचेतसा भ्रमामि
किं वा बालुकासु वक्त्रकं निमीलयामि रे ।।
फूत्करोति डुण्डुभः प्रलम्बशैवलप्रभः
कपोतकर्बुरञ्च कृन्ततीव सान्ध्यनभो रे

मेघमालिकासु चित्रदुर्लिपिं पठामि रे
प्रकाशकीटकेषु चाटुगीतं रटामि रे ।।[११]

(दंशवेदना)

१४. डा0 **श्रीमती पुष्पा दीक्षित** का जन्म जबलपुर में १९४३ में १२ जून को हुआ। पिता वैद्य श्री सुन्दरलाल शुक्ल निष्ठावान् सनातनी ब्राह्मण तथा प्रकांड पण्डित थे। १९६५ ई0 में इन्होंने जबलपुर विश्वविद्यालय से एम0 ए0 की परीक्षा तीन स्वर्णपदक प्राप्त करते हुए की। १९६८ में इन्हें इसी विश्वविद्यालय से पी-एच0 डी0 मिली। उद्‌भट वैयाकरण पं0 विश्वनाथ त्रिपाठी से इन्होंने नव्यव्याकरण का विशेष अध्ययन किया। १९६५ से ये म0 प्र0 की शासकीय महाविद्यालयीन सेवा में आयीं तथा संप्रति शासकीय कन्या महाविद्यालय बिलासपुर में संस्कृत विभाग की आचार्य व अध्यक्ष हैं।

व्याकरण में अभिनिवेश और गृहस्थता के प्रत्यवाय में वर्षों तक भावुक कविमन की जो आहिताग्नि दबी थी, उसका सहसा स्फुरण **''अग्निशिखा''** के रूप में १९८४ में हुआ। ''अग्निशिखा'' में ४८ गीत संकलित हैं। ये सभी अनुभव के एक विशेष दौर में रचे गये हैं, महादेवी वर्मा के गीतों की तरह सभी की भावभूमि एक है। गीतों के पीछे निश्चय ही संवेदनशील हृदय और अनुभूति का उद्दाम आवेश है, पर पुष्पा जी का कवि रूप में अवतरण कदाचित् इतने अप्रत्याशित रूप में हुआ है कि काव्यसाधना के द्वारा उसे विकास का अवसर ही नहीं मिला। इसके बावजूद अनुभूति की निश्छलता और आकस्मिकता एक लपट की तरह उज्ज्वल रूप में यहाँ व्यक्त है-

इयमग्निशिखा ज्वलिता सहसेव कथं हृदये
निशितैस्तव दृष्टिशरैः सकलं शकलीक्रियते ।
सन्दम्य मनोभावं गलिताधिरहं जाता
ज्वालैरतिजवनयुतैर्ज्वलितं ननु जीवयते ।।

स्त्री जीवन का यह एक ऐसा विकट संधिक्षण है जिसकी अक्षर अनुभूति में उसका सारा ज्ञान और पांडित्य क्षरित हुआ-

न वर्णैस्तद्वर्ण्यं प्रिय यदनुभूतं हृदि मया
क्षरत्वं गच्छेन्मे नवरतिविलापेऽक्षरकुलम् ।

विभिन्नैः शब्दार्थैर्विपुलविपुलः कोशनिकरः

क्षमो नो क्षन्ता वा विशकलितमेतत् कलयितुम् ।।

१५. **डॉ० विन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र** का जन्म छतरपुर जिले के पहरा ग्राम में दिनांक १८-३-५६ को हुआ । आरंभिक शिक्षा गाँव में पाकर छतरपुर के महाराजा महाविद्यालय से इन्होंने बी० ए० किया । काशी हिन्दू वि० वि० से १९७८ में एम० ए० करके ''श्रीमद्भागवत में कृष्णकथा'' विषय लेकर यहीं से १९८२ में पी-एच० डी० उपाधि पायी । १९८३-८४ में सागर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में तदर्थ व्याख्याता रहे, तथा १९८४-८५ में विश्वविद्यालय अनु० आयोग की उच्चतर शोधवृत्ति प्राप्त कर इसी विभाग में कार्य किया । संप्रति विक्रम विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में व्याख्याता है ।

डॉ० मिश्र के संस्कृत तथा हिन्दी में साहित्यिक और दार्शनिक विषयों पर लगभग १०० लेख प्रकाशित हैं । ''कल्याण'' के संपादकीय विभाग में भी ये कार्यरत रहे हैं। इनकी ''विक्रमोर्वशीयम्'' की संस्कृत-हिन्दी-व्याख्या चौखम्बा, वाराणसी से प्रकाशित है । दो संस्कृत काव्यरचनाओं के संकलन प्रकाशित हुए हैं-**''सारस्वत-समुन्मेषः''**[१२] तथा **गीतवल्लरी** । संस्कृत कथासाहित्य और नाटक भी पत्रिकाओं में प्रकाशित कराते रहे हैं ।

तरुण कवि श्री मिश्र की भाषा और छंद की पकड़ प्रशस्य है । रचना में नवोन्मेष और संभावनाएँ हैं । हिन्दी के छंदों-दोहा, घनाक्षरी, कवित्त आदि में भी इन्होंने संस्कृत रचनाएँ की हैं जिसमें ब्रजमाधुरी और विपिनविहारी का लास्य है । बाद की कुछ रचनाओं में ये इस मानसिकता से बाहर भी आये हैं । पारंपरिक शैली के काव्यबंधों के सुदीर्घ अभ्यास के साथ अपने समय की परख से काव्य में नवीनता ला सके हैं । स्थालीपुलाकन्याय से-

स्निग्धः सुहृज्जनमनोहरभावबन्धो

नान्दोलनैर्मलिनतां सुधिया स नेयः ।

स्वच्छोदकेन भरिते धवलेऽपि पात्रे

स्पन्देत काल-कलया दरपङ्कलेखा ।

ऊपर हमने म० प्र० में जन्मे या निवास कर रहे अपने समय के पुरानी पीढ़ी से लेकर नवागन्तुक पीढ़ी तक के कुछ उल्लेख्य संस्कृत-रचनाकारों के कृतित्व की चर्चा की है ।

## निष्कर्षतः

(१) किसी अवसर विशेष के अनुरोध से या व्यक्ति विशेष की प्रशस्ति कर क्षुद्रस्वार्थ की पूर्ति की दृष्टि से लिखी चीज को मौलिक और महत्त्वपूर्ण कृति के रूप में प्रख्यापित करने कराने की प्रवृत्ति का विरोध होना चाहिए ।

प्रशस्तिपरकता संस्कृत पंडितों और रचनाकारों का अपना चरित्र रही है। यदि प्रशस्ति के भाव की अभिव्यक्ति किसी गहरे सर्जनात्मक अनुभव में ढलकर सहृदय की भावयित्री प्रतिभा को तृप्त कर जाती है, तो साहित्य के अपने धरातल पर उसके लिये भी अवकाश है । किन्तु समीक्षा में ''अहो रूपमहो ध्वनिः'' के भाव से संस्कृत में आज लिखी जा रही हर वस्तु की प्रशस्ति करना और भी घातक है।

(२) संस्कृत लोकव्यवहार की भाषा नहीं रही और उसमें फणीश्वर रेणु के ''मैला आँचल'' या कृष्णा सोबती के ''जिन्दगीनामा'' जैसी कृति नहीं लिखी जा सकती । उसमें प्राचीन क्लासिकी रचनाओं से प्रेरित उत्कृष्ट रचना संभव है । हर उत्तम कृति में रचनाकार का समय बोलता है । अपने समय को शब्द देने के लिए हर कृति लेखक को अपनी सही विधि और अभिव्यक्ति पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है । ललित निबंध या कहानी, उपन्यास जैसी विधाओं में हमारे समय का कोई संस्कृत रचनाकार अपना मुहावरा बना पाया हो-ऐसा नहीं लगता । इन विधाओं में जो संस्कृत में लिखा जा रहा है, वह अन्य आधुनिक भाषाओं में इन विधाओं के साहित्य की विकासयात्रा को देखते हुए पीछे है । जब किसी विधा में साहित्य की विकासयात्रा पिछड़ जाती या अल्प विकसित रह जाती है, तो उसकी क्षतिपूर्ति इतर भाषाओं में उस विधा की अच्छी रचनाओं के अनुकरण या रूपान्तर तैयार करके की जाती रही है । गुणाढ्य की ''बड्ढकहा'' के मुकाबले की रचना संस्कृत में नहीं थी, तभी तो क्षेमेंद्र और सोमदेव को उसके रूपान्तर प्रस्तुत करने की आवश्यकता प्रतीत हुई । ऐसी अनुकरण-जन्य रचनाओं या रूपान्तरों का उस विधा में साहित्य की विकासयात्रा को आगे बढ़ाने की दृष्टि से महत्त्व हो सकता है तो और ऐसी कृतियों को आवश्यकता से अधिक मान देना इस विकासयात्रा के लिए अवरोधक भी हो सकता है । तथापि संस्कृत में लिखे जा रहे आज के साहित्य में नवीनता, मौलिकता और युगानुरूप गतिशीलता भी हम पाते हैं ।

---

१. इनके चित्रकाव्यों के विस्तृत विवरण के लिये प्रस्तुत लेखक का ''सागरिका'' (९.१ ) में प्रकाशित ''पं० गजानन-रामचन्द्र-करमलकरशास्त्रिणां व्यक्तित्वं कृतित्वं च'' लेख द्रष्टव्य ।

२. विस्तृत विवरण के लिये द्र०-वही ।

३. द्र0 देवदूतम्-परिचय ।

४. देवदूतम्-७७, अनुवाद स्वयं कवि का ।

५. संस्कृत-प्रतिभा १३.१ (१९८१) में प्रकाशित, पृ0 १५-१६.

६. द0 दूर्वा- २ (जून ८६) में प्रकाशित 'अन्योक्तिपञ्चकम्' तथा शार्दूलविक्रीडिम्'।

७. अर्वाचीनसंस्कृतम ८/२ (अप्रैल १९८७) में प्रकाशित

८. दूर्वा-४ (फरवरी ८७) में प्रकाशित ।

९. सीताचरितम्-मुखबन्धः ।

१०. दूर्वा-१ में प्रकाशित गीत से ।

११. अर्ताचीनसंस्कृत ८/९ (जनवरी १९८६) में प्रकाशित

१२. देववाणी-परिषद्, दिल्ली से १९८५ में प्रकाशित

# २० वीं शताब्दी के संस्कृत साहित्य को मंदसौर का योगदान

कैलाशचन्द्र पाण्डेय

भारत के हृदयस्थल म0 प्र0 के शस्य-श्यामलक मालवा के पश्चिमी तट पर तीन ओर से राजस्थान से वेष्टित मंदसौर जिला प्राचीन काल से ही संस्कृत व संस्कृति का पोषक रहा है। प्रस्तुत लेख के माध्यम से इस क्षेत्र का संस्कृत साहित्य में योगदान निम्न भागों में प्रस्तुत किया है। प्रथम भाग में दशपुर का ऐतिहासिक महत्त्व व साहित्यिक योगदान, द्वितीय भाग में अभिलेखों में संस्कृत रचनाकार व उनका महत्त्व तथा तृतीय भाग में २० वीं शताब्दी के संस्कृतप्रेमी व रचनाकारों का परिचय।

आज से कोई १०० वर्ष पूर्व भारतीय इतिहास में दशपुर का कोई स्थान न था। इसे ऐतिहासिक एवं पुरातात्त्विक महत्त्व प्रदान करने का श्रेय आर्थर सुलविन, कनिंघम, जे0 एन0 फ्लीट, सर, माइकल फिलोज, बी0 डी0 स्पूनर, डॉ० डी0 सी0 सरकार, डॉ० वि0 वि0 मिराशी, डॉ० एच0 व्ही0 त्रिवेदी, व स्व0 पद्मश्री डॉ० वि0 श्री0 वाकणकर आदि को है।

इन पुरावेत्ताओं के प्रयासों से २० वीं शताब्दी में देश विदेश के लोगों को ज्ञात हुआ कि शिवना, चम्बल की क्रोड व अरावली की इस क्षेत्रीय उपत्यका में प्रागैतिहासिक मानव ने विचरण किया, शैल चित्रों के माध्यम से अपनी कलाभिव्यक्ति की, इन्हीं सरिताओं के तट पर हड़प्पीय सभ्यता के बाशिन्दों ने अपने कारवाँ कायम किये। ताम्राश्मीय, सभ्यता के बाद आयी सांस्कृतिक रिक्ति के प्रमाण यहाँ भी मिले हैं जो किसी प्राकृतिक विनाश की सूचना देते हैं। ये बस्तियाँ मौर्यो के काल में पुनः फली फूलीं, इनमें अपरिक (वर्तमान आवरा) के राजा भागवत ने अपने क्षेत्र की उत्तर से हुए किसी आक्रमण से रक्षा कर अवलेश्वर (राज0) में विशाल शैल स्तम्भ की स्थापना कर इस क्षेत्र में अशोक महान् की स्तम्भ परम्परा का श्री गणेश किया। शिवना-चम्बल के इस उर्वर भूभाग में अनेक वंशों, जातियों व धर्मो ने निर्माण-विनाश की अँगड़ाइयाँ ली। औलिकरों के विशाल साम्राज्य का सूर्योदय व सूर्यास्त यहीं हुआ। एशिया माइनर से हूणों की जो आँधी तोरमाण व मिहिरकुल के नेतृत्व में यहाँ तक पहुँची थी, वह दशपुराधिपति प्रकाशधर्म्मा व यशोधर्म्मा रूपी वज्रों से टकराकर यहीं झुकी, थमी व पददलित हुई। यहाँ के पाषाण काव्यों में संस्कृत

साहित्य का अनूठा रस पका है । मात्र साहित्य ही नहीं शिल्प-स्थापत्य, धर्म-दर्शन, भूगोल, वस्त्रोद्योग आदि विविधः क्षेत्रों की प्राचीनतम जानकारियाँ यथा- वासुदेव (कृष्ण) का प्राचीनतम कलात्मक वर्णन नरवर्म्मा की प्रशस्ति में मिला है । विश्ववर्म्मन के गंगधार अभिलेख में मातृदेवियों के देवालय निर्माण की प्राचीनतम जानकारी है। कुमारगुप्त-बन्धुवर्म्मा के अभिलेख में समूचे भारत की चौहद्दीं पहली बार मिली है। इसी अभिलेख में विश्व के प्राचीनतम विज्ञापन का उल्लेख है ।

## मंदसौर क्षेत्र में संस्कृत के अभिलेखिक प्रमाण

मंदसौर से प्राप्त प्राचीनतम अभिलेख नरवर्म्मा (सम्वत् ४६१) का है । इसमें प्रशस्तिकार का उल्लेख पठनीय नहीं है परन्तु कवि ने पद्यों में सुन्दर रचना की है । प्रशस्ति के १०-११ वें श्लोक में वासुदेव का अत्यन्त मंनोरम वर्णन किया गया है-

जीवलोकमिमं ज्ञात्वा शरण्यं शरणङ्गतः ।
त्रिदशोदार-फलदं स्वर्गस्त्री-चारुपल्लवम् ।।
विमानानेकविटपं तोयदाम्बुमधुस्रवम् ।
वासुदेवं जगद्वासमप्रमेयमजं विभुम् ।।

डॉ० कृष्णदत्त वाजपेयी के अनुसार कृष्ण का ऐसा कलात्मक वर्णन किसी अन्य शिलालेख या ताम्रपत्र में देखने को नहीं मिलता है । काव्य सौन्दर्य की दृष्टि से भारतीय इतिहास के स्वर्ण युग में उत्कीर्ण कतिपय उच्चस्तरीय शिलालेखों में इस की गणना की जा सकती है ।

वत्सभट्टि रचित कुमारगुप्त प्रथम व बंधुवर्म्मा की प्रशस्ति दशपुर के पाषाण काव्यों में सर्वश्रेष्ठ कृति है । यह वैदर्भी रीति से लिखे गये काव्य का एक उत्कृष्ट नमूना है । सुन्दर अलंकारों के चयन व कविता में गुण सिद्धि के कारण वत्सभट्टि महाकवियों की श्रेणी में रखे जा सकते हैं ।

यशोधर्म्मा की कीर्तिस्तम्भप्रशस्ति बंदिस्थल से प्राप्त उनके पूर्वज प्रकाशधर्म्मा की प्रशस्ति का रचयिता वासुल इस बात का प्रतीक है कि गुप्तों के समय औलिकरों के राजदरबार में भी अनेक संस्कृत रत्न विद्यमान थे । वासुल की ये रचनाएँ संस्कृत काव्यधारा की अमूल्य निधि है । इसमें छन्दों, अलंकारों, भावों, कल्पनाओं, लालित्य एवं प्रसाद गुणों का मनोहारी सामंजस्य है जो सिद्ध करता है कि वासुल उदात्त काव्यरचना के सामर्थ्य से सम्पन्न कवि था । यशोधर्म्मा की कूप प्रशस्ति भी एक उत्कृष्ट रचना है जिसका काव्य कर्ता अज्ञात है । इसमें इस बात का भी प्रमाण है कि औलिकरों

का राजस्थानीय भगवद्घोष भी स्वयं संस्कृत व प्राकृत का सफल कवि था । विश्ववर्म्मा गंगधार प्रशस्ति (वि0 स0 ४८०), बौद्ध नृप प्रभाकर (वि0 सं0 ५२४) की मन्दसौर प्रशस्ति, महाराजा गौरी (५७४ वि0 सं0) की छोटी सादडी प्रशस्ति, कुमारवर्म्मा की खण्डित मंदसौर प्रशस्ति व सावन से प्राप्त औलिकर प्रशस्ति औलिकर युगीन दशपुर के संस्कृत साधकों की सर्वाङ्ग सुन्दर रचनाएँ हैं ।

औलिकरों के पतन के बाद दशपुर के दिन फिर गये । संस्कृत के अनन्य उपासक अनेक ब्राह्मणों और साहित्यकारों को यहाँ से गुजरात में कलचुरियों के राज्याश्रय में जाना पड़ा । इसका प्रमाण कलचुरी शासक दद्द द्वितीय के ताम्रपत्र में मिलता है । दद्द ने २२ अप्रेल ६४२ ई0 को दशपुर के निवासी विद्वान् ब्राह्मण 'सूर्य्याय' जो भारद्वाज गोत्र वाजसनेय मध्यान्दि शाखा का था, और दशपुर से गुजरात के क्षीरसारा ग्राम में निवास करता था, को संग्राम खेट में स्थित स्वर्णपल्ली व क्षीरसरा में भूमि दान दी थी।

औलिकरों के पतन के बाद संभवतः वर्तमान मंदसौर जिले के उत्तरी पूर्वी क्षेत्र पर राष्ट्रकूटों का आधिपत्य हो गया था । इन्द्रगढ से प्राप्त सम्वत् ७६३ की णण्णपू की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि पाशुपत मतावलम्बी रुद्र पूजकों की श्रृंखला में श्रेष्ठ विनीतराशि व उनके शिष्य दानराशि योगाभ्यास से इन्द्रियनिग्रही शिष्यों को पढाने एवं ईश्वरोपासना में मग्न रहते थे ।

गौडदेशीय शंकर के पुत्र दुर्गादित्य द्वारा रचित इस प्रशस्ति में शिव व पार्वती का अत्यन्त मनोहारी वर्णन है यथा-

श्रीमत्कंकणपन्नगेन्द्रशिरसि ज्वालावलीभासुरो
यस्तिष्ठत्यमलो मणिस्तदुदरे संक्रान्तबिम्बद्युतिम्, ।
रूपं भर्तुरवेक्ष्य लज्जितमुखी गौरी मनोहर्षणं
रोमाञ्चं दधती विवाहसमये नित्यं शिवायास्तु वः ।।

इस के नीचे संस्कृत गद्य में लिखित भी एक अभिलेख है जिसमें प्राग्वाट कुमारियों द्वारा इस गुहेश्वर मंदिर हेतु भूमिदान का उल्लेख है ।

८ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से ९ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तक इस अंचल में कोई ऐसा अभिलेख नहीं मिला है जिस से संस्कृत रचनाओं व रचनाकारों की जानकारी हो सके । मंदसौर से पश्चिम में स्थित छोटार्सी से प्राप्त महेन्द्रपाल द्वितीय के अभिलेख में दशपुर के चातुर्वेद विशारद मठाधीश हरिकपीश्वर का उल्लेख मिलता है जिसे सम्वत् १००३ (९४६ ई0) में खर्परपदक नामक ग्राम दान में दिया गया था । राजपुरोहित त्रिविक्रमनाथ द्वारा यह दानपत्र रचा गया था ।

१० वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से १३ वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक भी कोई महत्त्वपूर्ण अभिलेखिक जानकारी नहीं मिलती है । इस अवधि में संस्कृत में गद्य रूप में उत्कीर्ण

अभिलेख जीख, मंदसौर, खौर, रतनगढ़, हिंगलाजगढ़, धसोई, सुखानन्द में मिले हैं। परन्तु उनका पूर्ण वाचन नहीं हुआ है इस कारण कुछ अधिक नहीं कहा जा सकता है।

१३ वीं शताब्दी में मंदसौर जिले का उत्तरी पूर्वी भाग परमारों के अधीन था। मोड़ी पट्टन परमारों की उप राजधानी रही है। सम्वत् १३१४ (२३ जनवरी १२५८) का एक अभिलेख जयवर्म्मा द्वितीय के शासन काल का यहाँ मिला है। विद्वान् विप्र वामन द्वारा रचित यह प्रशस्ति चार टुकड़ों में थी जिसमें से दो टुकड़े खो गये, अतः इसका पूर्ण अध्ययन संभव न हो सका। इसी काल में जिले का उत्तरी पश्चिमी भाग गुहिलों के कब्जे में था। नीमच तहसील से रावल समरसिंह के सम्वत् १३२८ के दो, १३५४ के दो व १३३० का एक शिलालेख मुझे क्रमशः वीसलवास केला, रातडिया, हिंगोरिया, अरन्या व छाछखेड़ी में मिले हैं। इन में से वीसलवास केला का अभिलेख संस्कृत व डिंगल दोनों में है। रातडिया का खण्डित डिंगल में है तो हिंगोरिया, अरन्या व छाछखेड़ी के अभिलेख संस्कृत में हैं। स्मरण रहे कि रावल समरसिंह के सबसे प्राचीन अभिलेख सम्वत् १३२८ के हैं जो मंदसौर जिले में पहली बार प्रकाश में आये हैं। इन अभिलेखों से ज्ञात होता है कि संस्कृत के ज्ञान का प्रचार दिन पर दिन कम होता जा रहा था इसलिये अभिलेखों में स्थानीय भाषा का प्रवेश कराना आवश्यक हो गया था।

इसी समय रामपुरा राज्य के संस्थापक चन्द्रावतों के पूर्वज रामपुरा के आस पास आ बसे थे। ये संस्कृत प्रेमी थे। मालाहेड़ा में मुझे विजा के पुत्र केलहा की वीरगति का एक अभिलेख सम्वत् १३४४ (१२८७ ई0) का मिला है जो संस्कृत में है।

१४ वीं शताब्दी का एक भी अभिलेख प्रकाश में नहीं आया है। अतः इस समय की राजनैतिक व सांस्कृतिक गतिविधि की जानकारी नहीं मिलती है परन्तु तवारीखों से ज्ञात होता है कि यह काल मुस्लिम आक्रमणों के श्रीगणेश का था। २५ नवम्बर १३०५ को अलाउद्दीन खिलजी के सेनानायक एन्-उल-मुल्क ने मालवा के परमार शासक महलक देव को पराजित कर मुस्लिम सत्ता की स्थापना कर दी। इससे चित्तौड, रामपुरा आदि के राजपूत शासक, जिनके हाथों में मंदसौर जिले का अधिकांश भाग था, सहम गये। अनेकों देवालयों के निर्माण कार्य जहाँ के तहाँ धरे रह गये। मेरे द्वारा किये गये ७०० ग्रामों के सर्वेक्षण के अन्तर्गत जावद तहसील में नया गाँव से कोई २ कि0 मी0 दूर 'ढाबा माताजी' का मंदिर प्रकाश में आया है। इस में लगे एक पंक्ति के अभिलेख से इस बात की पुष्टि होती है कि महलक देव की पराजय यानि १३०५ में यह मंदिर निर्माणाधीन था परन्तु मालवा परमार सत्ता की समाप्ति के बाद इस मंदिर का निर्माण तत्काल बन्द हो गया। प्रतिमायें अर्द्धनिर्मित रह गयी। फूलों की आकृति गेरू से बनी है, दो पंखुड़ियाँ बनी हैं शेष चित्रित रह गयीं। ऐसे वातावरण में १४ वीं शताब्दी में एक पंक्ति का लेख उत्कीर्ण कर

निर्माताओं ने हाथ जोड़ लिये । लेकिन उस तनाव के इस वातावरण में भी संस्कृत का प्रयोग दशपुर के शेताम्बर जैन सम्प्रदाय के उपदेश जाति के दो श्रेष्ठी परिवारों द्वारा स्थापित तीर्थङ्कर आदिनाथ की प्रतिमा की पाद पीठिका पर उत्कीर्ण अभिलेख में किया है । देवनागरी लिपि में सम्वत् १४०५ (१३४८ ई0) में उत्कीर्ण इस अभिलेख की भाषा संस्कृत है जिसमें अशुद्ध विभक्तियों व स्थानीय शब्दों का प्रयोग है । भाषा के गिरते हुए स्तर से तत्कालीन परिस्थितियों का अन्दाजा लगाया जा सकता है ।

मंदसौर में मुस्लिम सत्ता की स्थापना कब हुई ? डॉ० रघुवीर सिंह का मत है कि "ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है कि ईसा की १४ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में ही मन्दसौर में मुसलमान अधिकारियों का आधिपत्य स्थापित हो पाया था, यद्यपि इतिहास ग्रंथों में मंदसौर के शासक के रूप में किसी अधिकारी के नियुक्त किये जाने का कोई उल्लेख नहीं मिलता है ।" फिरोजशाह तुगलक के समय मालवा का सूबेदार मुहम्मद गौरी का वंशज दिलावर खाँ गौरी था । तुगलक की मृत्यु व तैमूर के आक्रमण से हुई अराजकता से उसनें मालवा में स्वतंत्र राज्य की स्थापना करली । इस के पुत्र हुशंगशाह गौरी (१४०५-१४३४ ई0) के गद्दी पर बैठते ही मालवे में हलचल मच गयी । पश्चिमी मालवा स्थित इस दशपुर अंचल के सवर्णों ने गौरी के इस वंशज की कार्यशैली का अनुमान कर राजस्थान की राह पकड़ना शुरू की । चित्तौड़ के समिधेश्वर मंदिर के अभिलेख से इस आव्रजन की जानकारी मिलती है। इस अभिलेख की रचना दशपुर के दशोरा ब्राह्मण विष्णु भट्ट के पुत्र एकनाथ भट्ट ने वि0 स0 १४८५ (१४२८ ई0) में की थी । हुशंगशाह गौरी ने अपने राज्य की उत्तर-पश्चिमी सीमा को सामरिक दृष्टि से सुदृढ करने के उद्देश्य से उस सीमान्त क्षेत्र के प्रमुख नगर मंदसौर में एक सुदृढ किले का निर्माण कराया, जिसका सुस्पष्ट उल्लेख गुजरात के इतिहास ग्रंथ 'मिरात-इ-सिकन्दरी, (१४३६-१४६९) में मिलता है ।

हुशंगशाह गौरी के बाद महमूद खाँ खिलजी, जो तुर्क था, मालवा का सुल्तान बना । फरिश्ता ने उसे बड़ा सच्चा उदार और न्यायी लिखा है । परन्तु इसने सारा जीवन युद्धों में बितायां, राजपूताना को पददलित करने की दृष्टि से उसने चित्तौड़ पर कई आक्रमण किये और मंदसौर को अपनी फौजी छावनी में परिवर्तित किया तथा भारी मात्रा में धर्मान्तिरण किया । इसके सबसे बड़े शिकार दशपुर के विद्वान् व संस्कृतोपासक दशोरा ब्राह्मण हुए जिनका भारी मात्रा में संहार किया गया । मंदसौर के जन साधारण इस घटना को अलाउद्दीन खिलजी के काल की मानते हैं परन्तु वास्तव में यह घटना महमूद खिलजी के काल की है व ब्राह्मणों में हुशंगशाह गौरी के समय से उठे तूफान की परिणति थी । इसका प्रमाण तबकात-ऐ अकबरी में मिलता है । इस ग्रंथ के अनुसार माण्डू की सेना हिजरी ८४७ (१४४४) को

मंदसौर में थी। जब जौनपुर के शासक इब्राहीम के पुत्र मोहम्मद शाह का दूत आया तब भी मोहम्मद खिलजी ने प्रत्युत्तर दिया था कि "उसकी सेना मंदसौर में धर्म परिवर्तन में लगी हुई है।"

खिलजी के इस विशाल धर्मान्तरण एवं नृसंहार की वजह से दशोरा ब्राह्मण व अन्य जातियों ने रामपुरा में चन्द्रावतों व चित्तौड़ में गुहिलों की शरण ली। दशपुर से संस्कृत का नाम मिट् गया। इसका पता हमें महमूद के पुत्र गियास शाह (१४६९-१५०० ई0) के सेनापति मलिक बहरी द्वारा वर्तमान मंदसौर जिले की गोठ तहसील के ग्राम खडावदा में निर्मित बावड़ी में लगी गियासशाह की प्रशस्ति से ज्ञात होता है। इस सं0 १५४१ की प्रशस्ति के लेखन हेतु मंदसौर में कोई संस्कृत पण्डित न मिला। परन्तु संस्कृत एवं संस्कृति की इस भूमि में गियास का संस्कृत प्रेम भी कुछ ऐसा जागा कि उसने अपने पिता के काल की कटुता को भुलाकर चित्तौड़ से कवि महेश को आमंत्रित किया। महेश प्रख्यात प्रशस्ति रचनाकार था जिसने राणा कुम्भा के समय कुम्भलगढ़ की प्रशस्ति व चित्तौड़ कीर्तिस्तम्भ की प्रशस्ति उत्कीर्ण की थी। एकलिंग से प्राप्त सम्वत् १५४५ के शिलालेख में इसकी वंशावली मिलती है। रायमल की पटरानी शृंगारदेवी द्वारा निर्मित कूप में वि0 सं0 १५५६ के शिलालेख से ज्ञात होता है कि इस कवि को गुहिल परिवार में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। गियासशाह के काल में कवि महेश द्वारा रचित खडावदा प्रशस्ति गियास की संस्कृतप्रियता व धार्मिक सौहार्द का जीवन्त प्रमाण है। ६९ संस्कृत छन्दों वाली इस प्रशस्ति की मात्र प्रथम पंक्ति अरबी में है। अभिलेख का प्रारम्भ संस्कृत में गणेश की स्तुति से हुआ है। इसी काल का सम्वत् १५४० का १२ पंक्ति का संस्कृत गद्य में उत्कीर्ण एक अभिलेख नीमच त0 के ग्राम मांगरोल में मिला है।

दशोराओं के दशपुर निष्क्रमण से यह संस्कृत सरिता जो सदियों से प्रवाहित थी सूख गयी व यह फिर १९ वीं शताब्दी में ही पुनः प्रस्फुटित हुई। अब संस्कृत वर्तमान मन्दसौर जिले के भूतपूर्व रायपुरा शाखा में प्रस्फुटित हुई। चंद्रावतों के अधीनस्थ क्षेत्र में संस्कृत का व्यापक प्रचार रहा। यह उनकी राज्यभाषा रही ऐसा, अभिलेखों से ज्ञात होता है।

रायपुरा की आदम बावडी के समीप राव चन्द्रभाण (१६०७ - १६३० ई0) के उल्लेख युक्त सम्वत् १६०१ (१५४४ ई0) का संस्कृत गद्य में अस्पष्ट अभिलेख मिला है। कंवला (भानपुरा तहसील) के सासबहु मंदिर से संवत् १६१६ (१५५९ ई0) का एक १६ पंक्तियों का संस्कृत गद्य अभिलेख मिला है जो जैन सम्प्रदाय के बलात्कारगण व सरस्वती गच्छ की जानकारी देता है। इसमें रामपुरा के राव दुर्गभाण (१५२५-१६०७ ई0) का गुणगान है। चन्द्रावतों के काल में संस्कृत के साथ स्थानीय भाषा युक्त एक अभिलेख राव चन्द्रभाण व उसकी चौहान रानी प्रभावती के द्वारा

कालभैरव मंदिर में स्थापित करवाया गया जो सम्वत् १६४७ (१५९० ई0) का है।

१७ वीं शताब्दी की संस्कृत प्रशस्तियों में रामपुरा के जैन मतावलम्बी श्रेष्ठी जीवा के पुत्र पांथुशाह की प्रशस्ति अति महत्त्वपूर्ण है। पांथुशाह ने सम्वत् १६६५ (१६०८ ई0) में देवालय निर्माण, उद्यापन आदि धार्मिक कार्य करने के बाद बावड़ी में यह प्रशस्ति खुदवायी थी। ४५ से भी अधिक छन्दोबद्ध संस्कृत भाषा व देवनागरी लिपि में उत्कीर्ण यह प्रशस्ति भारद्वाज कुलोत्पन्न दशोरा ब्राह्मण, वेद एवं व्याकरण के पण्डित केशव के पौत्र शंकर द्वारा रचित है। इस में दुर्गभाण व चन्द्रभाण की उपलब्धियों का वर्णन है। पण्डित लक्ष्मीशंकर द्वारा रचित संस्कृत गद्य अभिलेख जो विक्रम सम्वत् १६६६ (१६०९ ई0) का ग्राम कंवला (भानपुरा) में मिला है। इसमें पोरवाल श्रेष्ठी दम्पती द्वारा चतुर्भुजनाथ की मूर्ति प्रतिष्ठित कराने व कलस चढ़ाने का उल्लेख है। इसमें स्थानीय भाषा का मिश्रण अधिक है। मणि-प्रवाल शैली में उत्कीर्ण एक अभिलेख रामपुरा की सासबहु की बावड़ी में लगा है। गद्य-पद्य मिश्रित होने के कारण यह चम्पू प्रशस्ति का भी नमूना है। सम्वत् १७१५ (१६५८ ई0) के २५ पंक्ति वाले ३१ अभिलेख में १४ वीं पंक्ति तक संस्कृत व स्थानीय भाषा के मिश्रण युक्त भाषा में राव अमरसिंह (१६५०- १६७१ ई0) व उसकी पत्नी व उनकी माता द्वारा बाग, बावड़ी व महारुद्र जी के मंदिर निर्माण का उल्लेख है। १४ वीं पंक्ति से ही ७८ शुद्ध संस्कृत छन्दों, जो उपर की ही बात का संस्कृत अनुवाद है, में प्रारम्भ होती है। इस प्रशस्ति का रचनाकार ब्राह्मण हरिभट्ट है। आंत्री माताजी (मनासा) में जैन मुनि वसन्त सागर की छत्री में देवली के नीचे हरचंद के द्वारा रचा गया सम्वत् १७३३ (१६७६ ई0) का अभिलेख मिला है।

१८ वीं शताब्दी में मुगल साम्राज्य के पतन, मराठों के उत्थान व अंग्रेजी सत्ता के विस्तार के परिणाम स्वरूप जन साधारण विचलित रहा और इस सदी में इस क्षेत्र में संस्कृत का कोई अभिलेखिक प्रमाण नहीं मिलता है।

सम्पूर्ण १८ वीं शताब्दी व १९ वीं शताब्दी में शुद्ध संस्कृत रचनायुक्त कोई अभिलेख सम्पूर्ण मन्दसौर क्षेत्र में नहीं मिलता है। सम्वत् १९३० (१८७३ ई0) की संस्कृत व राजस्थानी भाषायुक्त एक प्रशस्ति लाला हुलासराय की छत्री पर अंकित मिलती है। इसके लेखक प्रख्यात इतिहासविद् कवि चारण सूर्यमल्ल मिश्रण (बूँदी) थे।

भाग्य से इस क्षेत्र में अभिलेखों में संस्कृत प्रयोग के प्रमाण २० वीं सदी तक मिले है। नीमच छावनी के आबकारी ठेकेदार व बैंकर लाला अग्नूराम कलार की मृत्यु सम्वत् १९०१ (१८९७ ई0) में हुई। उनकी मंशा के अनुसार उनके प्रपौत्र फूलचंद्र ने सम्वत् १९५९ (१९०३ ई0) में उनकी छत्री बनवायी और उस पर संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी व उर्दू में अभिलेख खुदवाया। इस अभिलेख में [illegible] का नाम लक्ष्मणपुर बताया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि मंदसौर परिसर के अभिलेख, जो अधिकांशतः २०वीं शताब्दी में प्रकाश में आये, ने वत्सभट्टि, वासुल, रविल, ध्रमरसोम, चेल्लप्रकाश, वामन, दुर्गादित्य, महेश, शंकर, हरिभट्ट, हरचंद आदि अनेक अज्ञात प्रशस्तिकारों की जानकारियाँ दीं, इन प्रशस्तिकारों ने अपनी पाषाण प्रशस्तियों से संस्कृत को अमर कर दिया। यह मंदसौर का मंदभाग्य ही था कि ये प्रशस्तिकार संस्कृत साहित्याकाश में न तो काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में स्मरण किये गये न ही सुभाषितों में जनसाधारण की जिह्वाग्र पर बसे। समय के परिवर्तन ने जब अन्धकार की पर्त विदीर्ण की तब २० वीं शताब्दी में सदियों के अन्तराल के बाद जो नक्षत्र प्रकाशमान हुए वे संस्कृत साहित्याकाश में दीप्तमान हो उठे।

## मंदसौर क्षेत्र में संस्कृत रचनाओं व रचनाकारों के साहित्यिक सन्दर्भ

इस परिसर के लोगों की संस्कृतप्रियता का प्राचीनतम साहित्यिक प्रमाण पहली शताब्दी ई0 पू0 का मिलता है। प्रसिद्ध जैनागम 'नांदी सूत्र' के अनुसार उच्च कोटि के विद्वान् ब्राह्मण सोमदेव ने अपने पुत्र आर्यरक्षित को वेद उपनिषद् आदि विद्याध्ययन हेतु पाटलिपुत्र भेजा था। जब आर्यरक्षित पाटलिपुत्र से अध्ययन कर दशपुर आये तो नगर प्रवेश के समय राजा, पुरोहित, आदि के साथ नगरवासियों ने उनका स्वागत किया। यही संस्कृत पण्डित आर्यरक्षित (५०२-५९२ वीर निर्वाण वर्ष) आगे चलकर जैनाचार्य हुआ। इसने ''अनुयोगद्वार सूत्र'' नामक महत्त्वपूर्ण जैनागम की रचना की और अध्यापक विंध्य की प्रार्थना से जैनागमों को धर्म, चरण, द्रव्य, व गणित चार अनुयोगों मे विभाजित किया। इन्हीं आचार्य के काल में दसपुर में गोष्ठ महिल से अबार्द्धक नामक ९वाँ निह्नव मत प्रचारित होने का उल्लेख भी मिलता है। आर्य रक्षित का 'अनुयोगद्वार' अर्द्धमागधी में है। इसमें प्रश्नोत्तर रूप से पल्योपमादि उपमा प्रमाण का स्वरूप समझाया गया और नयों का भी प्ररूपण किया गया है। इसके अतिरिक्त काव्य सम्बन्धी नव रसों, स्वर, ग्राम, मूर्च्छना आदि के लक्षणों एवं चरक गौतम आदि अन्य शास्त्रों के उल्लेख भी आये हैं। इस पर हरिभद्र सूरी (७५० ईसवी) द्वारा विवृति भी लिखी गयी है।

इसके बाद संस्कृत में लिखी गयी किसी पुस्तक या लेख का पता नहीं चलता है। १८८५ में प्रख्यात लिपिविद् सर जान फेथफुल फ्लीट मंदसौर आये तो उन्हें लोगों ने 'दशपुरमाहात्म्य' नामक एक ग्रन्थ की जानकारी दी थी। संभवतः यह ग्रन्थ १८ वीं शताब्दी में किसी पण्डित ने संस्कृत में रचा होगा। फ्लीट काफी प्रयास के बाद भी इस पुस्तक को प्राप्त न कर सके। १९७५ में मंदसौर उत्खनन के दौरान डॉ० सुरेन्द्र कुमार आर्य्य (उज्जैन) ने यह प्रचारित किया था कि यह पुस्तक सिन्धिया

प्राच्य शोध संस्थान (उज्जैन) मे है । मैंने वहाँ काफी खोज बीन की परन्तु जानकारी न मिली । मंदसौर में पन्नालाल जी नामक एक व्यक्ति ने पुस्तकों का संग्रह उज्जैन व साथ ही बीकानेर भी दिया था । तदर्थ मैंने अगरचन्द नाहटा (बीकानेर) से भी पत्र व्यवहार कर इसकी जानकारी चाही पर निराशा ही मिली । संस्कृतविदों का केन्द्र होने के बाद भी यहाँ किसी संस्कृत रचनाकार की रचना का न मिलना आश्चर्य का विषय है । संभवतः महमूद खिलजी के विध्वंस के दौरान कई ग्रंथ अग्निकों भेंट हो गये हों ?

## २० वीं शताब्दी के संस्कृत रचनाकारों व संस्कृतसेवियों का परिचय

इस परिसर में संस्कृत रचनाकारों व संस्कृत सेवियों की दीर्घ शृंखला रही है जिनमें से अपने पीछे अपने नाम से पहचान छोड़ जाने वाले अनेक लोग रहे हैं व कुछ हैं जिनका संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है ।

### १. पण्डित बंसीधर शास्त्री (१८६०-१९५२ ई0)

पण्डित बंसीधर जी के पिता स्व0 श्री रामदत्त शास्त्री, व्याकरण, साहित्य, पुराण, आयुर्वेद आदि के प्रकाण्ड पण्डित थे । आपका बाजीराव पेशवा (द्वितीय) से संस्कृत में पत्र व्यवहार होता था । इनके पुत्र बंसीधर भी प्रखर संस्कृतविद् थे । आप मंदसौर में ग्वालियर राज्य के प्रधान पण्डित थे । महाराजा माधवराव व जीवाजी राव सिन्धिया ने आपको अनेक प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया था ।

### २.महाराजा सर रामसिंह राठौड़ (१८७९-१९६२ ई0)

भू0 पू0 सीतामऊ रियासत के महाराजा रामसिंह तत्त्वज्ञान, वेदान्त, न्याय, ज्योतिष, काव्यशास्त्र आदि अनेक विद्याओं के ज्ञाता थे । संस्कृत के प्रति आपका अपार प्रेम था । इस की उन्नति हेतु आपने सीतामऊ में संस्कृत विद्यालय की स्थापना की । इस के लिए भूमि व ७०४१ रु0 दान दिये व जावद से प्रख्यात संस्कृतविद् क्षितिकण्ठ शास्त्री को आमंत्रित कर उन्हें इस पाठशाला का प्रमुख आचार्य नियुक्त किया । आपके द्वारा स्थापित इस पाठशाला में सैकड़ों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त कर ज्ञानपताका को विभिन्न दिशाओं में फहराया । सीतामऊ लघुकाशी के रूप में उसी समय प्रख्यात हुआ । सर रामसिंह स्वयं 'मोहन' उपनाम से रचनाएँ करते थे । आपकी तीन रचनाएँ-'मोहनविनोद' 'रामविलास' व 'वायुविज्ञान' प्रकाशित है । इनमें से 'मोहनविनोद' में उनके कुछ स्वरचित संस्कृत श्लोक उद्धरित हैं ।

## ३. पं० झब्बालाल राजपुरोहित (१८७९- १९४९ ई०)

ग्राम लदूना में जन्मे श्री पुरोहित ने १४ वर्ष तक ऋषिकेश में रहकर साहित्य, व्याकरण, दर्शन, कर्मकाण्ड आदि का अध्ययन किया। धार जिले का ग्राम चान्दोडिया आपकी कर्मभूमि रही। आपके संस्कृत रचित कतिपय श्लोक, स्तुति आदि श्री भगवतीलाल राजपुरोहित के पास संगृहीत है।

## ४. नरहरि शास्त्री (१९०८-१९८९ ई०)

ग्राम मनासा मे जन्मे स्व० शास्त्रीजी ने रामानुज सम्प्रदाय के मठाधीश १००८ स्वामी श्री अनन्ताचार्य (कांचीपुरम्) का शिष्यत्व प्राप्त किया था। आप संस्कृत के अध्यापक रहे व बाद में संस्कृत महाविद्यालय इन्दौर में प्राध्यापक के पद से त्यागपत्र दे कर भागवत के रससिद्ध, आचार्य के रूप में प्रतिष्ठित हुए। आपने संस्कृत में 'क्षमैकविंशति', 'कपिराजविंशति' व 'विष्णुस्तुति' नामक रचनाएँ लिखी जो अप्रकाशित हैं।

## ५. पण्डित क्षितिकण्ठ शास्त्री (१९१०-१९८८ ई०)

जावद नगर में जन्में श्री शास्त्री ने संस्कृत की प्राथमिक शिक्षा पण्डित चन्द्रशेखर से प्राप्त की। फिर आपने बनारस में रहकर संस्कृत का गहन अध्ययन किया। आपकी विद्वत्ता से प्रभावित होकर बम्बई बड़गादी के रामानुजाचार्य जगद्गुरु श्री देवनायकाचार्य ने आपको 'विद्यालङ्कार' की उपाधि से विभूषित किया।

आपकी ख्याति को सुनकर सीतामऊ राज्य के विद्यानुरागी महाराजा सर रामसिंह ने आपको सीतामऊ आमंत्रित कर संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु एक पाठशाला स्थापित कर उसका प्रधानाचार्य नियुक्त किया। श्री शास्त्री ने अनवरत मेहनत व निष्ठा पूर्वक छात्रों को अध्ययन कराकर डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी, पण्डित शि० ना० गौड़ आदि योग्य शिष्यों की एक ऐसी पंक्ति तैयार की जो संस्कृत विकास में महत्त्वपूर्ण प्रमाणित हुई। श्री शास्त्री ने गीता का पद्यानुवाद किया, तथा ''जीवनलक्ष्य सिद्धि-पथ'' शीर्षक से १०८ श्लोकों की रचना की। ये दोनों कृतियाँ प्रकाशित हैं।

## ६. रमाकान्त शास्त्री (१९१५-१९७७ ई०)

मनासा मे जन्मे श्री शास्त्री ने प्रारम्भिक शिक्षा अपने बड़े भाई श्री नरहरि शास्त्री से प्राप्त की। आप १९५६-६० तक संस्कृत महाविद्यालय इन्दौर में प्राध्यापक रहे। १९७० में सेवा निवृत्ति के बाद १९७५ तक इन्दौर की भारतीय संस्कृत प्रकाशन संस्था के प्रधान [illegible] रहे।

## ७. पद्मश्री डॉ० वि० श्री० वाकणकर (१९१९-८७ ई०)

नीमच शहर में जन्मे प्रख्यात पुरावेत्ता, कलाविद्, लिपिविद् डॉ० वाकणकर ने संस्कृतोत्कीर्ण अनेक प्राचीन प्रशस्तियों, ताम्रपत्रों आदि का वाचन किया। अनेक प्रशास्तियाँ उन्हें कण्ठस्थ थीं। संस्कृत व भारतीय संस्कृति के अनन्य उपासक श्री वाकणकर ने इनके प्राचारार्थ, विश्व हिन्दू परिषद् के तत्त्वावधान में इंग्लैड, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, नेपाल, सिंगापुर आदि की यात्रा कर वहाँ प्रदर्शनियों, भाषणों के माध्यम से व्यापक चेतना जगायी। १९७५ में आपको भारत सरकार ने पद्मभूषण की उपाधि से सम्मानित किया।

## ८. धनगिरि शास्त्री (१९२५-१९७२ई०)

सीताराम बड़ामठ के महन्त व शिक्षक श्री धनगिरि शास्त्री सीतामऊ संस्कृत विद्यालय के प्रतिभावान् छात्र थे। आपकी अनेक स्फुट रचनाएँ संस्कृत व हिन्दी में 'सरस्वती' 'कल्याण' व 'मालव मयूर' मे प्रकाशित हैं।

## ९. पण्डित रामचन्द्र देहलवी

प्रसिद्ध संस्कृतविद् व अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महात्मा श्री देहलवी का जन्म नीमच के सुनार परिवार में हुआ था। आप दिल्ली चले गये थे अतः आपको दिल्ली वाले बावा के नाम से पुकारते थे अतः आपने देहलवी लिखना प्रारम्भ कर दिया था। आपने वेदों का गहन अध्ययन किया था। आप हैदराबाद नवाब के विरुद्ध किये गये सत्याग्रह में अग्रणी थे।

## १०. डॉ० श्रीनाथ श्रीपाद हसूरकर

स्व0 हसूरकर जी का जन्म इन्दौर में हुआ था। आप के पिता स्व0 पण्डित रत्न श्रीपाद शास्त्री, वेदान्ततीर्थ, सांख्यसागर सन् १९२४ ई0 से १९४० ई0 तक संस्कृत महाविद्यालय इन्दौर के प्राचार्य रहे। योग्य पिता के पुत्र डॉ० श्रीनाथ शासकीय सेवा में स्थानान्तरित होकर नीमच आये। यहीं वर्षों नीमच महाविद्यालय में प्राचार्य रहे। यहीं सेवानिवृत्त हुए, बस गये व नीमच में ही दिवंगत हुए। आपने संस्कृत में अनेक रचनाएँ की हैं। सिन्धुकन्या व चेन्नम्मा आपके प्रकाशित उपन्यास हैं। कालिदास अकादमी उज्जैन ने आपको पुरस्कृत किया था।

## ११.डॉ० हरिहर त्रिवेदी

१९०५ में रामपुरा में जन्मे श्री त्रिवेदी ने रामपुरा में ही शिक्षक के रूप में जीवन प्रारम्भ किया। इण्टर व बी० ए० में आपने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर इलाहाबाद वि0 वि0 से स्वर्णपदक प्राप्त किये। बाद में इलाहाबाद से स्नातकोत्तर परीक्षा प्रथम

श्रेणी में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान के साथ व बनारस से शोध उपाधि प्राप्त की।

आपने संस्कृत में 'नगराजविजय' व 'गणाऽभ्युदय' नामक नाटक लिखे। बोधायन की 'कबीरवाणी' नामक संस्कृत टीका का सम्पादन किया। कबीर से प्रभावित होकर आप ने संस्कृत में सहस्र श्लोकयुक्त 'कबीरगीता' का प्रणयन भी किया है।

संस्कृत व पुरालिपि के उद्‌भट विद्वान् डॉ० त्रिवेदी ने भारतीय अभिलेखों के संग्रह 'कारपस स्क्रिप्शनम् इण्डीकेरम' के सातवें भाग का दो खण्डों में सम्पादन किया है। इसका द्वितीय खण्ड 'परमार अभिलेख' भारतीय पु0 सर्वेक्षण दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। प्रथम भाग जिसमें चन्देल, कच्छपाघात आदि के अभिलेख हैं प्रकाशनाधीन है। भारत में इस प्रकार का पहला कार्य डॉ० वि0 वि0 मिराशी (नागपुर) द्वारा किया गया था, दूसरे महत्त्वपूर्ण कार्य को सम्पादित करने का श्रेय दशपुर के इस सपूत को है। हिन्दी में भी आपने अनेक सम्पादन व लेखन किया है इस कारण आपको इलाहाबाद वि0 वि0 द्वारा 'विद्यावाचस्पति' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में भी आप साहित्य व इतिहास के सृजन में जुटे हैं।

## १२.पण्डित भगवानदास जैन

सिलग्न जि0 ललितपुर में सन् १९०५ में जन्मे दिगम्बर पण्डित भगवानदास जैन ने संस्कृत में शास्त्री किया। तत्पश्चात् वे मंदसौर आकर बस गये। आप नगरपालिकाध्यक्ष व हिन्दू महासभा से १९५३ में म0 प्र0 विधान सभा के सदस्य रहे। दिगम्बर जैन पण्डित के रूप में महत्त्वपूर्ण सेवाओं के कारण सन् १९७३ में इन्दौर में आयोजित जैन परिषद् में आपको उपराष्ट्रपति श्री बी0 डी0 जत्ती द्वारा स्वर्णपदक से सम्मानित किया गया।

## १३.पण्डित किशनलाल दुबे

१९१५ ई0 में सीतामऊ में जन्मे श्री दुबे की प्राथमिक शिक्षा सीतामऊ में हुई। आप को १९३१-३४ तक प्रख्यात इतिहासकार महामहोपाध्याय पण्डित गौरीशंकर हीराचंद ओझा के शोध सहायक होने का सौभाग्य मिला। इस अवधि में आपने 'मुंहणोत नैणसी की ख्यात' तथा 'डूँगरपुर राज्य का इतिहास' के सम्पादन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। अजमेर निवास के दौरान आप मालवा-राजपूतानाके अनेक राष्ट्रीय आन्दोलनकारियों के सम्पर्क में आये। आपके प्रयासों से १९३८ में आपके सभापतित्व में प्रजामण्डल की स्थापना हुई। १९३९-१९६७ तक आप अध्यापक पद पर रहे।

८० वर्ष की अवस्था में श्री दुबे ने सम्राट् अकबर के सेनापति मानसिंह के

सहायक मुरारीदास बडहरा द्वारा संस्कृत में रचित 'मानप्रकाश' नामक ग्रन्थ का अनुवाद एवं सम्पादन किया है । इस की भूमिका डॉ० रघुवीर सिंह ने लिखी है । यह ग्रन्थ राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है। इस ग्रन्थ में मुगल सेना की बंगाल विजय का वर्णन है ।

## १४.पण्डित मधुसूदन आचार्य

१९२० ई0 में मंदसौर में संस्कृतानुरागी परिवार में जन्मे श्री आचार्य ने संस्कृत शिक्षक का जीवन यापन किया । साथ ही संस्कृत के प्रचार प्रसारार्थ १९४३ में मंदसौर में ''कालिदास संस्कृत परिषद्'' की स्थापना की । सेवा निवृत्ति के पश्चात् आपने वर्षों तक पशुपतिनाथ पाठशाला के प्रमुख आचार्य के रूप में छात्रों को अध्ययन कराया । 'हेमव्याकरण' पर आपने टीका लिखी है जो हस्तलिखित है ।

## १५.पण्डित शिवनारायण गौड़

१९२० में जावद में जन्मे अध्ययनव्यसनी श्री गौड़ आगरा वि0 वि0 से संस्कृत, दर्शन, हिन्दी व समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त हैं । हिन्दी विभागाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत्त श्री गौड 'नई विद्या' नामक दैनिक के आद्य सम्पादक हैं । संस्कृत की प्रेरणा आपने क्षितिकण्ठ जी से प्राप्त की । इसके प्रचारार्थ 'सरल संस्कृत' व सामान्य संस्कृत नामक पुस्तकें लिखी, प्रकाशित कीं, व वितरित कीं । आपने हसूरकर के संस्कृत 'सिन्धुपुत्र' का भी प्रकाशन किया । क्षेत्रीय पुरासम्पदा व संस्कृति के अध्ययन हेतु आपने सम्पूर्ण नीमच तहसील का ग्राम-ग्राम सर्वेक्षण स्व खर्चे से कराया। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 सीताराम जाजू की स्मृति में एक विशाल ग्रन्थ का सम्पादन एवं प्रकाशन भी किया है ।

## १६.पण्डित भवानीशंकर पुरोहित

१९२० में जन्मे श्री भवानीशंकर मेवाड़ राज्य के शक्तावत ठिकाने पीपल्या रावजी के राजपुरोहित हैं । आप ने मंदसौर के दानी वीर सेठ एकाजी मोतीजी, द्वारा स्थापित ''विश्वनाथ संस्कृत पाठशाला'' में प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान् एवं व्याकरणाचार्य पण्डित नरनाथ झा से शिक्षा प्राप्त की । अध्ययन के साथ साथ आप राष्ट्रीय आन्दोलन से भी प्रभावित हुए व आपने प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माणिक्यलाल वर्मा से भेंट कर १९३९ में पीपल्याराव में प्रजामण्डल की स्थापना की। वर्तमान में आप बालकों को कर्मकाण्ड व संस्कृत की शिक्षा प्रदान करते हैं । आपने 'नवरात्रि विधान' नामक पुस्तक की रचना व सम्पादन किया है जो प्रकाशनार्थ विचारणीय है ।

## १७.पण्डित मदनलाल जोशी

१९२४ में मंदसौर में जन्मे श्री जोशी ने भगवती संस्कृत विद्यापीठ के संस्थापक कृष्णानन्द तीर्थ की प्रेरणा व सानिध्य में संस्कृत का अध्ययन किया। बाद में बनारस से व्याकरण शास्त्री का अध्ययन कर १९४९-१९८२ तक अध्यापक पद पर कार्य किया। आपने ऋतुसंहार का हिन्दी पद्यानुवाद व पद्मभूषण पण्डित सूर्यनारायण व्यास (उज्जैन) द्वारा लिखित 'सागरप्रवास' का संस्कृत अनुवाद किया। दोनो कृतियाँ प्रकाशित हैं। आप भागवत कथा के पण्डित हैं व भारत के अधिकांशतः सभी प्रमुख नगरों में अपने ज्ञानामृत की वर्षा कर चुके हैं।

## १८.डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी

१९२५ में मंदसौर में जन्मे डॉ० त्रिपाठी ने अपने ताऊजी रामचन्द्रजी शर्मा व कृष्णलालजी शर्मा से संस्कृत की प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त की। अनवरत अध्ययन रत श्री त्रिपाठी ने संस्कृत में स्नातकोत्तर उपाधि व पीएच0 डी0, डी0 लिट्0 भी प्राप्त की। राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ दिल्ली से सेवानिवृत्त डॉ0 त्रिपाठी वर्तमान में सिन्धिया प्राच्य शोध संस्थान (उज्जैन) में कार्यरत हैं। आपने ९० से भी अधिक ग्रन्थों का प्रणयन किया जिनमें 'पत्रदूतम्' 'पुत्रदूतम्' खण्डकाव्य है। 'गायत्रीलहरी', 'भैरवलहरी' आदि अन्य कृतियाँ हैं। आपने १०० से भी अधिक शोधपत्रों व प्रौढ निबन्धों की रचना की है। कोई २० से भी अधिक शोध छात्रों ने आपके निर्देशन में शोध कार्य कर शोध उपाधि प्राप्त की है।

## १९.पौराणिक कृष्ण शर्मा

१९३२ में सीतामऊ में जन्में श्री शर्मा ने आयुर्वेदशास्त्री व साहित्यालङ्कार की परीक्षाएँ उत्तीर्ण की। आपके अनेक लेख यथा समय 'संस्कृतम्' 'मालवमयूर' 'धन्वन्तरि' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। आपने श्री रायदेव के चरित्र से आकर्षित होकर डिङ्गल कवि लक्ष्मीदत्त बारहट द्वारा रचित 'रामदेव लीला अमृत कथा' का संस्कृत श्लोकानुवाद किया है जो प्रकाशित है।

## २०.डॉ० भगवतीलाल राजपुरोहित

१९४१ में लदूना में जन्मे डॉ० राजपुरोहित ने हिन्दी, संस्कृत व प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृत एवं पुरातत्त्व में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। अभी तक आपके कोई ४०० से अधिक शोध लेख प्रकाशित हो चुके हैं। आपकी रचना ''प्रतिभा भोजराजस्य'' पर आपको म0 प्र0 संस्कृत अकादमी द्वारा भोज पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 'विद्योत्तमा' आपका प्रकाशित उपन्यास है। आपने 'मेघदूत' व

'पद्मप्राभृतकभाण' का मालवी रूपान्तर तथा 'सेज से सरोज' तथा 'वीणावासवदत्ता' का हिन्दी रूपान्तर भी प्रकाशित किया है । सम्प्रति आप सांदीपनि महाविद्यालय उज्जैन में कार्यरत हैं ।

## २१. डॉ० सोमदेव आचार्य

एक छोटे से ग्राम 'निनोरा' के सुतार परिवार में जन्में आचार्य सामदेव ने आर्यसमाजी संन्यासी सर्वानन्द से संस्कृत की प्रेरणा प्राप्त की । अपने विवाह में भाँवर पड़ने के पूर्व ही मण्डल से भाग कर आप झज्झर गुरुकुल में स्वामी ओमानंद की शरण ली व संस्कृत का अध्ययन प्रारम्भ किया । इसके बाद श्री युधिष्ठिर मीमांसक (बहावलगढ) से व्याकरण की शिक्षा ली । बनारस से आचार्य, विक्रम वि0 वि0 उज्जैन से स्नातकोत्तर उपाधि, व राजस्थान वि0 वि0 अजमेर द्वारा शोध उपाधि प्राप्त की । आपने संस्कृत के व्यापक प्रचारार्थ मंदसौर से २ माह में संस्कृत शिक्षा के प्रयोग का श्रीगणेश किया । बाद में ये शिविर म0 प्र0, राजस्थान, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश में आयोजित किये गये । इस हेतु आपने सरल संस्कृत पुस्तक लिखी । आपकी शोध कृति ''वैदिक और लौकिक संस्कृत में स्वरसिद्धान्त'' प्रकाशित है । आप गीता पत्रव्यवहार पाठ्यक्रम सत्यार्थप्रकाश की परीक्षाएँ संचालित करते हैं । सम्प्रति आप बी0 ए0 एम0 एस0 महाविद्यालय बम्बई में संस्कृत प्राध्यापक हैं ।

## २२. बिहारीलाल सुरावत

१९६० में रायसिंह पुरा नामक बंजारों के टाँडे में जन्मे बामणियाँ बंजारा कुलोत्पन्न श्री सुरावत ने पण्डित रजनीकान्त पाण्डेय से प्रेरणा प्राप्त कर संस्कृत का अध्ययन कार्य प्रारम्भ किया । आप मेधावी छात्र हैं ।आपने संस्कृत विषय लेकर स्नातकोत्तर परीक्षा प्रथम श्रेणी में प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान से उत्तीर्ण की है। ''बामणिया बंजारा समाज'' तथा यादवा माताजी की स्तुति में ''माँ माधुरी'' नामक पुस्तक का लेखन किया है जो प्रकाशित है ।

२०वीं शताब्दी के इन संस्कृत प्रेमी व रचनाकारों की रचनाधर्मिता से मंदसौर गौरवान्वित होकर इस प्राचीन भाषा की पताका लेकर अनवरत आगे बढ रहा है। यद्यपि इस भाषा को पुनः प्रवाहित करने में हमारे प्रयास बौने हैं पर एक-एक कदम चलकर मीलों लम्बी राह गुजर जाती है, इस आशा से हम अनवरत प्रयासशील हैं ।

# आधुनिक संस्कृत साहित्य सम्वर्द्धन में

## सागर जिले का अवदान

डॉ0 भागचन्द्र जैन 'भागेन्दु'

## सागर जिले की भौगोलिक अवस्थितिः

'सागर'-जिला मध्यप्रदेश के उत्तर-मध्य भाग में स्थित स्वयं सागर सम्भाग का एक हिस्सा है। ब्रिटिश काल में यह अंग्रेजी में SAUGOR अथवा SAUGAR लिखा जाता था। यह २३.१० और २४.२७ उत्तर अक्षांश और ७८.४' और ७९.२१' पूर्व रेखांश के बीच स्थित है। इस प्रकार वास्तव में यह देश के मध्यभाग में अवस्थित है। इस जिले के दक्षिणी भाग से कर्करेखा गुजरती है।

## सागर जिले की सामान्य सीमाएँ

'सागर' जिला आकार की दृष्टि से राज्य का सोलहवाँ बड़ा जिला है। सम्प्रति इस जिले में सात तहसीलें हैं-सागर, बीना, खुरई, बण्डा, देवरी, रहली और गढ़ाकोटा।

भारतीय महासर्वेक्षक (सर्वेयर जनरल ऑफ इण्डिया) के अनुसार इस जिले का कुल क्षेत्रफल ३,९६१ वर्गमील (१०,२६९ वर्ग किलोमीटर) है और इसका आकार स्थूल रूप से एक त्रिभुज की तरह है जिसका शीर्षबिन्दु दक्षिण में है और आधार उत्तर में। जिले का अधिकतम विस्तार दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर है और वह लगभग १०५ मील (१६८.९८ किलो मीटर) है,जबकि त्रिभुज के आधार की लम्बाई लगभग ७५ मील (१२०.|७० किलो मीटर) है।

## सागर जिले में संस्कृत-अध्ययन-अध्यापन की परम्परा

म0 प्र0 शासन द्वारा सन् १९७० में प्रकाशित 'सागर जिला गजेटियर' के पृ0 ४२८-२९ में उल्लेख है कि- 'पुराने जमाने में सागर संस्कृत अध्यापन का एक सुप्रसिद्ध केन्द्र था।' आधुनिक काल के ज्ञात इतिहास के अनुसार, सागर में सबसे पहली

संस्कृत पाठशाला सन् १८९८ में श्री विनायक राव देवेकर ने प्रारम्भ की थी। लगभग इसी समय दूसरी पाठशाला दुलारीबाई के मन्दिर में प्रारम्भ की गयी थी। इस पाठशाला के विद्यार्थी राष्ट्रीय विचारधारा के थे और सन् १९०७ में योगिराज अरविन्द के आगमन के पश्चात् यह संस्कृत पाठशाला विदेशी सत्ता के विरुद्ध सार्वजनिक आन्दोलन का एक ऊर्जस्वी केन्द्र बन गयी। सन् १९५७ में इसी पाठशाला का नाम परिवर्तित कर 'ब्रह्मचर्याश्रम' रखा गया जो अब धरमसी नाका पर अवस्थित है।

संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन की की दृष्टि से दूसरी महत्त्वपूर्ण संस्था सन् १९०५ में संस्थापित श्री गणेश दि0 जैन संस्कृत महाविद्यालय है। इस संस्था के छात्रों ने महात्मा गान्धी के सविनय अवज्ञा आन्दोलन और स्वातन्त्र्य संग्राम में महत्त्वपूर्ण भागीदारी की।

बीना में सन् १९१८ में श्रीनाभिनन्दन जैन संस्कृत विद्यालय की स्थापना की गयी। यह संस्था संस्कृत शिक्षा के प्रसार-अध्यापन के लिए अब भी प्रभावशाली है। सन् १९३९ में सागर में महिलाओं में संस्कृत अध्ययन के विस्तार की दृष्टि से सिंघई रेवाराम जी ने श्री जैन महिलाश्रम की स्थापना की। इसी प्रकार खुरई का श्री पार्श्वनाथ जैन गुरुकुल, शाहपुर का श्री पुष्पदन्त जैन संस्कृत विद्यालय, ढाना का श्री लक्ष्मणप्रसाद तिवारी संस्कृत डिग्री कालेज प्रभृति संस्थाएँ तथा सागर विश्वविद्यालय और जिले के समस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संस्कृत अध्ययन अध्यापन के लिए अहर्निश निरत हैं।

## सागर जिले की साहित्यिक परम्परा :

सागर जिले की आधुनिक युगीन साहित्यिक पृष्ठभूमि में-पं0 हरिवल्लभ तैलंग संस्कृत के सुप्रसिद्ध विद्वान् थे। उन्होंने विक्रम सम्वत् १७७१ में 'भगवद्गीता' का अनुवाद किया। उनके वंशजों ने सागर की साहित्यिक परम्परा को जीवित रखा। उनके सुपुत्र कुमारमणि ने, जिनका जन्म सन् १६६३ में हुआ था, **'रसिकप्रिया'** (संस्कृत) और **'रसिकविलास'** (हिन्दी) नामक दो विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थों की रचना की थी। उनके पौत्र श्री कृष्णभट्ट (जन्म सन् १६८८) ने साहित्य जगत् में विशेष ख्याति अर्जित की ! उनकी ज्ञात प्रातिभ रचनाओं में-**अलंकारकलानिधि, वृत्तचन्द्रिका, श्रीनागर रस माधुरी और दुर्गा भक्ति तरंगिणी**-उल्लेखनीय हैं। 'वणिकप्रिया' के रचयिता श्री सुखदेव एक जैन लेखक थे।

सागर के अनेक संस्कृत मनीषी नागपुर के राघोजी भोंसले (तृतीय) के काल में 'धर्ममण्डल' नामक एक मण्डल में सम्मिलित थे। वस्तुतः सागर जिला संस्कृत-विद्वानों की समृद्ध-परम्परा से अभिमण्डित है। परन्तु इस जिले के अधिकांश विद्वानों का न तो परिचय प्रकाश में आया है और न ही उनकी रचनाओं की सुगन्ध से दिग्-दिगन्त सुवासित हो सका है।

संस्कृत के उन्नयन, सम्वर्द्धन एवं विकास में योग-प्रदाता सागर जिले के मनीषियों की नामावली की एक लम्बी सूची है। इस सूची में उल्लिखित इस जिले के अनेक विद्वान् आजीविका हेतु विभिन्न प्रान्तों में पहुँच गये हैं। किन्तु आज भी सरस्वती के ऐसे वरद पुत्रों की सुदीर्घ परम्परा इस जिले में समुपलब्ध है जिसने विद्यारथ पर आरूढ होकर मानव-मेधा का सतत सम्वर्द्धन किया है। इस मणिमाला के कतिपय देदीप्यमान रत्नों की नामावली अधोलिखित हैं :-

(१) पं० लोकनाथ शास्त्री

(२) पं० गणेश प्रसाद वर्णी न्यायाचार्य

(३) डॉ० रामजी उपाध्याय

(४) डॉ० पन्नालाल साहित्याचार्य

(५) डॉ० (श्रीमती) वनमाला भवालकर

(६) प्रो० कृष्णदत्त वाजपेयी

(७) पं० बच्चूलाल अवस्थी

(८) डॉ० भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी 'वागीश'

(९) डॉ० राधावल्लभ त्रिपाठी

(१०) पं० बंशीधर व्याकरणाचार्य

(११) डॉ० दरबारीलाल कोठिया न्यायाचार्य

(१२) पं० लक्ष्मीनारायण न्यायाचार्य

(१३) पं० सुन्दर लाल शास्त्री

(१४) पं० जीवनलाल अग्निहोत्री व्याकरणाचार्य

(१५) पं० सुन्दरलाल जैन न्याय-काव्यतीर्थ

(१६) पं० माणिकचन्द्र न्याय-काव्यतीर्थ, दर्शनाचार्य

(१७) पं० प्रेमनारायण द्विवेदी

(१८) डॉ० हरीन्द्र भूषण जैन

(१९) प्रो० श्रीनिवास रथ

(२०) पं० नाथूराम प्रेमी

(२१) दर्शनाचार्य गुलाबचन्द्र जैन

(२२) डॉ० गोकुलचन्द्र जैन

(२३) डॉ० नरेन्द्र विद्यार्थी

(२४) डॉ0 वीरेन्द्रकुमार जैन

(२५) डॉ0 भागचन्द्र 'भास्कर'

(२६) डॉ0 रतनचन्द्र जैन

(२७) डॉ0 कन्छेदीलाल जैन

(२८) डॉ0 गुलाबचन्द्र जैन

(२९) डॉ0 फूलचन्द्र 'प्रेमी'

(३०) डॉ0 भागचन्द्र जैन 'भागेन्दु'

(३१) डॉ0 सुदर्शनलाल जैन

(३२) डॉ0 कस्तूरचन्द्र 'सुमन'

(३३) डॉ0 बाल शास्त्री

(३४) डॉ0 कुसुम भूरिया

(३५) पं0 दयाचन्द्र साहित्याचार्य

(३६) पं0 भुवनेन्द्रकुमार शास्त्री खुरई

(३७) पं0 नेमिचन्द्र जैन प्राचार्य खुरई

(३८) पं0 कमलकुमार शास्त्री खुरई

(३९) डॉ0 श्रीमती आशा मलैया

(४०) प्रो0 श्रेयांसकुमार सिंघई

इन और इन जैसे (सम्प्रति अज्ञात) अनेक सरस्वती के वरद पुत्रों ने संस्कृत भाषा में साहित्य का प्रणयन कर सागर मण्डल के गौरव में अनेकशः अभिवृद्धि की है।

आधुनिक संस्कृत साहित्य के सृजन में निरत कतिपय महानुभावों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सन्दर्भित विश्लेषण अग्रलिखित पंक्तियों में प्रस्तुत है :-

## (१) पं0 लोकनाथ शास्त्री

जन्म-१८९०, जन्मस्थान-पुरी, उच्च शिक्षा-वाराणसी। यहीं से श्री शास्त्री जी के सर्जक व्यक्तित्व का विकास तब प्रारंभ हुआ-जब वे संस्कृत शिक्षा के समुन्नयन हेतु कृतसंकल्प, प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री और समाजसुधारक जैन सन्त श्री गणेशप्रसाद जी वर्णी के सम्पर्क में आये। इन्होंने न केवल वर्णीजी को पढ़ाया प्रत्युत वर्णीजी के आग्रह पर उनके द्वारा संस्थापित-श्रीगणेश जैन संस्कृत महाविद्या0 सागर में भी अध्यापन किया और वहाँ का प्राचार्य पद सुशोभित किया सागर के जैन महाविद्यालय में इन्होंने साहित्याचार्य डॉ0 पन्नालाल जी प्रभृति अनेक प्रतिभावान छात्रों के वैदुष्य

का विकास किया ।[१] पं० पन्नालाल जी ने अपने अभिनन्दन ग्रन्थ (पृ० २/१९) में 'विद्यागुरुओं के प्रति चिर कृतज्ञता' प्रकट करते हुए श्री शास्त्री जी के वैदुष्य, व्यक्तित्व और अध्यापन शैली के विषय में लिखा है- 'वे ग्रन्थों की संस्कृत व्याख्या स्वयं लिखाते थे और छात्रों से कण्ठस्थ सुनते थे । समास-विग्रह-कोषादि का परिज्ञान इनके द्वारा लिखाई गयी व्याख्या से सहज ही हो जाता था । सागर के पश्चात् शास्त्री जी का आजीवन कर्मक्षेत्र जबलपुर रहा ।

शास्त्री जी द्वारा रचित पद्यबद्ध रचनाएँ अधोलिखित हैं :-

**त्रिपुर-कांङ्ग्रेस-स्वागतानन्द-महोदधि-कल्लोलः, दादाष्टकम्, गणेशाष्टकम्, कृष्णाष्टकम्, राधाष्टकम्, सीताष्टकम्, शिवाष्टकम्, शारदाष्टकम्, गान्धी-विजय-महाकाव्यम्, नर्मदातरङ्गिणी ।**

## (२) पं० गणेशप्रसाद वर्णी न्यायाचार्य

सन्त गणेशप्रसाद वर्णी व्यक्ति नहीं संस्था थे । वे विक्रमाब्द १९३१ में ललितपुर जिले में जन्मे और सन् १९६१ में उनका देहावसान हुआ । सामान्य मध्यम श्रेणी के वैष्णव परिवार में जन्मे गणेशप्रसाद प्रारम्भ से ही संवेदनशील, प्रतिभाशाली, प्रत्युत्पन्नमतित्वसम्पन्न, सतत जागरूक और कर्मठ पुरुष थे ।

१९ वीं शती के अन्तिम चरण में विशेषतः बुन्देलखण्ड अनेक प्रकार की रूढ़ियों, आडम्बरों, अशिक्षाओं और कुसंस्कारों से ग्रस्त था । सम्वेदनशील गणेशप्रसाद ने इसे समुन्नत, सुसंस्कारित और शिक्षित बनाने के लिए आजीवन सफल प्रयास किये । उन्होंने भारतीय समाज के उत्थान तथा विकास के लिए प्राचीन भाषाओं तथा साहित्य के प्रचार-प्रसार, अध्ययन अनुशीलन को नितान्त आवश्यक समझा था । इसी लिए उन्होंने शताधिक संस्कृत शिक्षण संस्थाएँ, महाविद्यालय आदि संस्थापित किये । पाण्डुलिपियों, प्राचीन कलाकृतियों, विद्वानों आदि के संरक्षण के लिए भी अनेकविध कार्य किये । उनका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष था । उनका जीवन एक महाकाव्य की भाँति तत्कालीन समाज, संस्कृति, साहित्य, भाषाशास्त्र आदि का प्रतिबिम्ब है। उन्होंने अनेक ग्रन्थों की रचना की है । संस्कृत, प्राकृत आदि प्राचीन भाषाओं के साथ ही भारतीय दर्शन-चिन्तन को उन्होंने सदैव समृद्ध बनाया है ।

श्री वर्णी जी जैसे साधक मनीषी की योजनाओं और प्रवृत्तियों का सर्वाधिक लाभ बुन्देलखण्ड ने प्राप्त किया । सागर नगर तो उनका 'पर्याय' बन गया । यहाँ उनके द्वारा १९०५ ई० में संस्थापित-श्री गणेश जैन संस्कृत महाविद्यालय आज भी संस्कृत के उच्च अध्ययन केन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित है । प्रारंभ में पं० लोकनाथ जी

---

(१) साहित्याचार्य डॉ० पन्नालाल जैन अभिनन्दन ग्रन्थ, पृ० २/१९

शास्त्री इसी महाविद्यालय के प्राचार्य रहे । वर्णी जी द्वारा आचार्य कुन्दकुन्द के 'समयसार' का संस्कृत टीका भाष्य एवं संस्कृत में रचित अनेक पद्य उनकी विद्वत्ता के निदर्शक हैं । हिन्दी में उनकी अनेक रचनाएँ प्रकाशित हैं ।

## (३) डॉ0 रामजी उपाध्याय

डॉ0 रामजी उपाध्याय का नाम ऐसे महानुभावों की प्रथम पंक्ति में गणनीय है जिन्होंने अपनी तपोनिष्ठ जीवनचर्या, साधना, अनुकरणीय क्रियाशीलता और मननीय रचनाधर्मिता से महनीय आदर्शों की प्रतिष्ठा की है । डॉ0 उपाध्याय का जन्म उ0 प्र0 के बलिया जिले में सरयू तट पर 'मलेजी' ग्राम में सन् १९२० में हुआ । उन्हें संस्कृत के महावृक्ष के प्रथम पुष्प के पराग का रसास्वादन वाराणसी में महामाहोपाध्याय पं0 लक्ष्मणशास्त्री तैलंग ने कराया । तदनन्तर प्रयाग विश्वविद्यालय में डॉ0 बाबूराम सक्सेना के सान्निध्य में संस्कृत में एम0 ए0 (पालि-प्राकृत भाषाओं में विशेषज्ञता के साथ) और डी0 फिल्0 उपाधि (१९४५ में) प्राप्त की । महामना पं0 मदनमोहन मालवीय और महात्मा गाँधी उनके प्रेरणा-स्रोत हैं । प्राचीन आदर्शों ने उनके व्यक्तित्व के निर्माण एवं विकास में अभूतपूर्व योग किया है । राष्ट्रीयता, प्राकृतिक परिवेश और ऋषितुल्य जीवन उन्हें सदा प्रिय रहे हैं और हैं । आपकी वेशभूषा भोजन पान विधि, कार्य शैली और लेखनविधा निरन्तर इन्हीं से ओत-प्रोत हैं ।

डॉ0 उपाध्याय सन् १९४७ में सागर विश्वविद्यालय में संस्कृत-व्याख्याता पद पर नियुक्त हुए और क्रमशः प्राध्यापक, प्रवाचक एवं अध्यक्ष पद को सुशोभित किया। वे ३३ वर्षो की सुदीर्घ कालावधि-पर्यन्त सागर वि0 वि0 और अमरवाणी को गौरव-मण्डित करते हुए सन् १९८० में सेवा निवृत्त हुए । सम्प्रति वे वाराणसी में निवास करते हैं ।

डॉ0 उपाध्याय ने संस्कृत भाषा और प्राचीन संस्कृति के समीचीन विकास के लिए बहुविध प्रयास किये हैं । उन्होंने पाठशालाओं, विद्यालयों और महाविद्यालयों का संचालन तो किया ही, उनकी स्थापना भी की है । गाँधीवादी विचारधारा के सम्वर्द्धन की दृष्टि से गांधी-दर्शन और साहित्य सम्बन्धी परीक्षाएँ भी संचालित कीं।

डॉ0 उपाध्याय ने संस्कृत साहित्य, प्राचीन संस्कृति तथा नाट्यशास्त्र के सम्बन्ध में अनेक ग्रन्थों का प्रणयन संस्कृत तथा हिन्दी में किया । संस्कृत में लिखित ग्रन्थ-

१- भारतस्य सांस्कृतिकनिधिः (उ0 प्र0 शासन द्वारा पुरस्कृत)

२- द्वा सुपर्णा (उ0 प्र0 शासन द्वारा पुरस्कृत)

३- महाकवि कालिदासः, (उ0 प्र0 शासन द्वारा पुरस्कृत)



४- संस्कृत-निबन्धावली,

५- विंशशताब्दिकं संस्कृतनाटकम्,

६- मध्यकालिकः संस्कृतनाटकालोकः,

७- नाट्यशास्त्रीयं प्रयोगविज्ञानम्,

८- दशरूपकतत्त्वदर्शनम्,

९- नाट्यशास्त्रीयपारिभाषिकशब्दानुक्रमणिका,

१०- महाभारतीयसंस्कृतिकोषः,

११- नाट्यशास्त्रीयानुसन्धानम्,

१२- सत्यहरिश्चन्द्रोदयम्,

१३- भासनाटकचक्रम् (सम्पादनम्) ।

इनके अतिरिक्त उनके बहुत से ग्रन्थ हिन्दी और अंग्रेजी में निबद्ध हैं । सागर में रहते हुए उन्होंने लगभग ४० महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों की रचना की । सन् १९६२ से 'सागरिका' त्रैमासिकी का सम्पादन तथा प्रकाशन प्रारंभ किया जो निर्बाध गति से अब भी प्रकाशित हो रही है ।

सन् १९६२ में डॉ0 उपाध्याय को सागर वि0 वि0 ने डी0 लिट्0 की उपाधि से अलंकृत किया तथा १९७८ में पूना में सम्पन्न 'अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन' में साहित्य के अध्यक्ष पद पर प्रतिष्ठित डॉ0 उपाध्याय ने अपनी महनीय विद्वत्ता का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किया । वे म0 प्र0 तथा उ0 प्र0 शासन द्वारा विविध साहित्यिक पुरस्कारों से पुरस्कृत हुए हैं ।

## (४) डॉ0 पन्नालाल साहित्याचार्य

डॉ0 पन्नालाल जी का जन्म सागर जिले के पारगुवाँ ग्राम में ५ मार्च १९११ को हुआ । उनका अध्ययन श्री सन्त गणेशप्रसाद वर्णी के सान्निध्य में सागरस्थ श्री गणेश जैन सं0 महाविद्यालय में हुआ । उन्होंने सिद्धान्तशास्त्री, काव्यतीर्थ, साहित्याचार्य तथा सागर वि0 वि0 से १९७३ में पी-एच0 डी0 की उपाधि प्राप्त की।

पं0 पन्नालाल जी का कर्मक्षेत्र सागर का श्री गणेश जैन सं0 म0 वि0 रहा है। उन्होंने सन् १९३१ में प्राध्यापक के रूप में अध्यापन प्रारंभ किया और १९८३ ई0 में प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए । सहस्रों विद्वान् आपके शिष्य हैं ।

पं0 पन्नालाल जी अपनी छात्रावस्था से ही संस्कृत में भाषण करते और लिखते हैं । उनके द्वारा संस्कृत में प्रणीत अनेक मौलिक ग्रन्थ हैं । उन्होंने शताधिक संस्कृत प्राकृत-ग्रन्थों का सम्पादन-अनुवाद किया है ।

पं0 पन्नालाल जी के मौलिक ग्रन्थों[२] को चार भागों में विभक्त कर सकते हैं :-

(१) दार्शनिकग्रन्थाः

(२) विनयाञ्जलयः

(३) देवस्तवनानि

(४) विधि-विधानानि चेति ।

# (१) दार्शनिक ग्रन्थ

## (अ) सम्यक्त्वचिन्तामणिः

१८१६ पद्यों के दश मयूखों में विभक्त यह ग्रन्थ विषय और भाषा दोनों दृष्टियों से मनोहर है । इसकी रचना करके पं0 जी ने जैनशास्त्र की परम्परा को पुनर्जीवनदान दिया है । इसमें जैनधर्म के सभी प्रमुख विषयों का समावेश कर दिया है । इसके छन्दोवैविध्य से जहाँ ग्रन्थ के सौन्दर्य में वृद्धि हुई है वहीं हमें धर्मग्रन्थ में काव्य का भी आनन्द प्रदान किया गया है । इस ग्रन्थ पर लघु शोध प्रबन्ध लिखा गया है ।

## (ब) सज्ज्ञानचन्द्रिका

यह ग्रन्थ दश प्रकाशों तथा ७९७ पद्यों में रचित है । प्रसादगुणान्वित यह कृति भारवि के अर्थगौरव की उक्ति को चरितार्थ करती है ।

सम्यग्ज्ञान के विषय में रचित यह ग्रन्थ रचयिता के गहन-गम्भीर अध्ययन, अनुशीलन और प्रकाम पण्डित्य का परिचायक है ।

## (स) सम्यक्चारित्रचिन्तामणिः

यह ग्रन्थ १३ प्रकाशों में विभक्त है । इसमें ११८५ पद्य है । शान्तरस प्रधान, वैदर्भी शैली में उपनिबद्ध इस कृति में समीचीन आचरण का सोपन्यास विश्लेषण है।

# (२) विनयाञ्जलयः

'विनयाञ्जलि' शीर्षक संस्कृत काव्यों में रचनाकार की भाव प्रवणता, गम्भीर अध्ययन, शब्दलालित्य और अलंकारच्छटा पदे-पदे निदर्शित हैं ।

---

२- इन मौलिक साहित्य के विस्तृत परिचय के लिए देखिए-साहित्या0 डॉ0 पन्नालाल जैन अभिनन्दन ग्रन्थ (२/१८०-९१)

# (३) देवस्तवनानि

इसमें 'मुक्ताहारः सोऽयं, विज्ञपुरुषाणां कण्ठे विराजतां नित्यं' में निर्मल-परिणामों की प्रतिष्ठा हेतु कामना की गयी है । इस कोटि की, लेखक की अन्य रचनाएँ- सामायिक पाठः, धर्मकुसुमोद्यानं आदि हैं ।

# (४) विधि विधान संबन्धी मौलिक रचनाएँ

**विधि विधान संबन्धी मौलिक रचनाओं में रविव्रतोद्यापनम्, अशोकरोहिणीव्रतोद्यापन्म, त्रैलोक्यमण्डलोद्यापनम्, सहस्रनामविधानम्** आदि प्रमुख हैं । साहित्याचार्य जी ने समय-समय पर विविध विषयों पर संस्कृत में शोध-आलेख 'सागरिका' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित कराये हैं ।

मौलिक ग्रन्थों की भाँति आधुनिक वैज्ञानिक सम्पादन विद्या से मण्डित उनके द्वारा सम्पादित-अनूदित ग्रन्थों की संख्या शताधिक है । इनकी अनेक कृतियाँ विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित हैं । प्रशस्त साहित्यसेवा, उद्‌भट विद्वत्ता, कुशल संचालन क्षमता और आदर्श-शिक्षक प्रभृति गुणों के कारण उन्हें भारत शासन, मध्यप्रदेश शासन तथा अखिल भारतीय स्तर की विविध संस्थाओं द्वारा अनेक बार सम्मानित पुरस्कृत व अभिनन्दित किया गया है । अभिनन्दन के विशेषोल्लेखनीय सन्दर्भों में १९६० में भारत शासन के प्रथम महामहिम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्रप्रसाद जी द्वारा सम्मान, १९६० में म0 प्र0 शासन साहित्य परिषद द्वारा 'मित्र पुरस्कार' सम्मान, १९६९ में महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा 'आदर्श संस्कृत शिक्षक' के रूप में सम्मान, १९७१ में म0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा सम्मान आते हैं । इसी प्रकार उन्हें अखिल भारतीय गणेश वर्णी पुरस्कार, महावीर पुरस्कार, अहिंसा अन्तरराष्ट्रिय पुरस्कार अदि से अलंकृत किया गया है ।

वस्तुतः वे परमप्रातिभ, लब्धप्रतिष्ठ आचार्य, निष्णात वाग्मी मनीषी कवि, कुशल संचालक और सफल संगठक हैं । अनवरत ४० वर्षो से उन्होंने अखिल भारतीय जैन विद्वत्परिषद् के मंत्री और अध्यक्ष के पदों का दायित्व निर्वहण किया है । सम्प्रति उसके संरक्षक हैं ।

उनकी रचनाओं में मौलिक प्रतिभा, प्रौढ विद्वत्ता, प्राञ्जल भाषा और परिष्कृत रचना शैली निदर्शित है । ७८ वर्ष की वृद्धावस्था में भी वे पूर्ववत् साहित्य सृजन में निरत हैं ।

साहित्याचार्य जी की साहित्य समाज और राष्ट्र सेवा के उपलक्ष्य में उनका अखिल भारतीय अभिनंदन किया जा रहा है । और उनके व्यक्तित्व कृतित्व का ज्ञापक ८६१ पृष्ठीय अभिनन्दन ग्रन्थ यथाशीघ्र समर्पित किया जा रहा है ।

## (५) डॉ० (श्रीमती) वनमाला भवालकर :

श्रीमती भवालकर प्राचीन भारतीय इतिहास तथा संस्कृत में एम० ए० हैं। सागर में विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ संस्कृत व्याख्याता के पद पर इनकी सर्वप्रथम नियुक्ति संस्कृत विभाग में हुई इस दृष्टि से सागर विश्वविद्यालय में संस्कृत-विभाग प्रारम्भ करने का श्रेय इन्हें प्राप्त है। उन्होंने सन् १९६१ में सागर वि० वि० से 'महाभारत में नारी' विषय पर पी-एच० डी० उपाधि प्राप्त की। अनवरत संस्कृत विद्या की सेवा करते हुए वे प्रवाचक पद से सेवा निवृत्त हुई हैं।

समाज सुधार, मनोरम सृजन और नाट्यसंगीत आपकी इष्टापत्ति है। उनकी प्रकाशित कृतियाँ निम्नाङ्कित हैं :-

१- पाददण्डः

२- रामवनगमनम् (संगीतिका),

३- पार्वतीपरमेश्वरीयम्,

४- पंचमहाकाव्येषु चन्द्रः,

५- सीताहरणरूपकम्

६- महाभारत में नारी।

'सागरिका' में आपके अनेक शोध-आलेख भी प्रकाशित हुए हैं।

श्रीमती डॉ० भवालकर की संगीत नाटिकाओं के अनेक बार सफल अभिनय हुए हैं।

## (६) प्रो० कृष्णदत्त वाजपेयी

प्रो० वाजपेयी सागर वि० वि० में प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के आचार्याध्यक्ष पद पर कार्य करते हुए सेवा निवृत्त हुए हैं। वे अपने विषय के मर्मज्ञ मनीषी तो हैं ही, संस्कृत के भी निष्णात विद्वान् हैं। उन्होंने 'सागरिका' आदि शोध पत्रिकाओं में संस्कृत में अनेक आलेख प्रकाशित कराकर संस्कृत में कलात्मक साहित्य की अभिवृदि की है।

## (७) डॉ० बच्चूलाल अवस्थी 'ज्ञान'

डॉ० अवस्थी का जन्म ६ अगस्त १९१८ को उ० प्र० में हुआ। वे प्राच्य एवं पाश्चात्त्य- उभय पद्धतियों के गम्भीर अध्येता, अन्वेषक और विश्लेषक हैं। व्याकरणशास्त्र के मर्मज्ञ होने के कारण इन्होंने 'प्राचीन भारतीय अर्थविज्ञान' पर आगरा वि० वि० से पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की।

पं0 अवस्थी ने विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों में अध्यापन किया। सागर वि0 वि0 को भी आपके वैदुष्य का लाभ १ जुलाई १९६७ से ६ अगस्त १९७८ तक प्राप्त हुआ।

आपके निर्देशन में शोध-खोज को भी पर्याप्त और प्रशंसनीय गति मिली है। सम्प्रति ये उज्जैन में कालिदास अकादमी को कृतार्थ कर रहे हैं।

पं0 अवस्थी के हिन्दी में अनेक ग्रन्थ प्रकाशित हैं। प्राच्य परिपाटी के प्रौढ विद्वान् होने के कारण संस्कृत विद्या को भी आप के वैदुष्य का निरन्तर लाभ प्राप्त होता है।

पं0 अवस्थी की संस्कृत रचनाएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं (अर्वाचीनसंस्कृतम्, दूर्वा आदि) में प्रकाशित हुई हैं। उनका 'देवदूतम्' खण्डकाव्य एक बहुचर्चित कृति है। उनकी अनेक रचनाएँ प्रकाशनाधीन हैं।

पं0 अवस्थी की विशिष्ट साहित्य सेवाएँ व्युत्पत्तिकोश तथा भारतीय दर्शन बृहत् कोश के रूप में उनके प्रकृष्ट पाण्डित्य का निदर्शन कराती हैं।

## (८) डॉ0 भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी 'वागीश'

ये मूलतः सागर जिले के बिलइया ग्राम के निवासी हैं और सम्प्रति काशी इनका कर्मक्षेत्र है। 'कृषकाणां नागपाशः' रेडियो रूपक में सागर जनपद की संस्कृति प्रतीक रूप में प्रस्तुत है।

## (९) डॉ0 राधावल्लभ त्रिपाठी :

डॉ0 त्रिपाठी संस्कृत रचनाधर्मिता और विद्या वृद्धि के लिए एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। सागर वि0 वि0 में उनकी नियुक्ति जनवरी १९७३ में हुई १९७७ में ये प्रवाचक पद पर चुने गये तथा जुलाई १९८० से विभाग के अध्यक्ष हैं। १९८३ में इन्हें आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया गया।

डॉ0 त्रिपाठी की क्रियाशीलता शौर उर्जस्विता का लाभ संस्कृत विभाग को अनवरत प्राप्त है। १९८२ में उन्हें डी0 लिट्0 की उपाधि से अलंकृत किया गया। १९८७ में वे बर्लिन वि0 वि0 में नाट्यशास्त्र पर व्याख्यान देने गये।

डॉ0 त्रिपाठी के कार्यकाल में संस्कृत नाट्यशास्त्र पर विशेषोल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं और अखिल भारतीय स्तर की अनेक शोध संगोष्ठियाँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई हैं।

आपकी संस्कृत रचनाएँ १- प्रेमपीयूषम् (नाटक), २- महाकवि कण्टकः, ३- वाल्मीकिविमर्शः, ४- नाट्यमण्डपम्, ५- भारतीयरंगसमुन्मेषः ६- सन्धानम् प्रभृति प्रमुख हैं।

हिन्दी में शोध और समीक्षापरक लगभग ३५ ग्रन्थ प्रकाशित हैं। अनेक संस्कृत रचनाओं के सुललित अनुवाद भी इन्होंने किये हैं। डॉ0 त्रिपाठी के शोध-आलेख भारत की विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में निरन्तर प्रकाशित होते रहते हैं। वे हिन्दी के भी एक समर्थ और सशक्त रचनाकार हैं। वे संस्कृत भाषा में सर्जना की संभावना के नये वातायन खोल रहे हैं।

## (१०) पं0 बंशीधर व्याकरणाचार्य

भाद्रपद शुक्ल ७ वि0 सं0 १९६२ को सोरई (ललितपुर) में जन्में पं0 बंशीधर जी सम्प्रति बीना में निवास करते हैं। उन्होंने व्याकरणाचार्य, न्यायतीर्थ, साहित्यशास्त्री आदि उपाधियाँ वाराणसी के स्याद्वाद महावि0 में अध्ययन करते हुए प्राप्त कीं। वे स्वतन्त्र चिन्तक और गम्भीर विचारक हैं। भारत की परतंत्रता के दिनों में सन् १९३१ से ही वे राष्ट्रीय कार्यों में सक्रिय रहे। सन् १९४२ के आन्दोलन में सागर व नागपुर का कारावास ७ माह सहा। तत्पश्चात् अमरावती जेल में अनेक असहनीय दुःख सहे। संस्कृत के सम्वर्द्धन के लिए उन्होंने निरन्तर प्रयास किये। बीना का श्रीनाभिनंदन सं0 विद्या0 आपके प्रयत्नों से सञ्चालित हुआ, और चल रहा है। आपने ६ ग्रन्थों की रचना की है। आपका अखिल भारतीय अभिनन्दन हो रहा है।

## (११) डॉ0 दरबारीलाल जी कोठिया

वाराणसी हिन्दू विश्व विद्यालय के प्रवाचक पद से सेवानिवृत्त डॉ0 कोठिया अब बीना में निवास कर रहे हैं। वे भारतीय दर्शन और जैन न्याय के प्रथम पंक्ति के विद्वानों में हैं। उन्होंने ११ संस्कृत रचनाओं का सम्पादन और अनुवाद किया है। संस्कृत में आपके अनेक शोधपूर्ण आलेख भी हैं।

सन् १९८५ में डॉ0 कोठिया का अखिल भारतीय स्तर पर अभिनन्दन हुआ और उन्हें एक अभिनन्दन ग्रंन्थ समर्पित किया गया है।

## (१२) पं0 सुन्दरलाल शास्त्री

७ मार्च सन् १९०७ को जन्मे श्री शास्त्री जी ने न्याय वेदान्त शास्त्री तथा ज्योतिर्दिवाकर की उपाधियाँ प्राप्त की। उन्होंने सागर नगर के विभिन्न विद्यालयों में संस्कृत का अध्यापन किया।

इन्होंने **यत्किञ्चित्, कांग्रेसस्येतिवृत्तम्, संस्कृतसौरभम्** आदि रचनाओं का प्रणयन किया है।

## (१३) पं० प्रेमनारायण द्विवेदी :

पं० प्रेम नारायण द्विवेदी का जन्म ५ जून १९२२ को हुआ। वे प्राच्य परंपरा की शास्त्री, काव्यतीर्थ एवं आधुनिक शैली की एम० ए० आदि परीक्षाएँ उत्तीर्ण करके अध्यापन के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए। पं० द्विवेदी ने १९६५ में संस्कृत में पी-एच० डी० उपाधि भी प्राप्त की। अन्य विद्यालयों-महाविद्यालयों के अतिरिक्त उन्होंने सागर वि० वि० में भी १९८०-८१ में संस्कृत का अध्यापन किया। वे 'भारतीय दर्शनशास्त्र बृहत्कोश' शोध योजना में १९८१-८५ तक सहयोगी रहे।

पं० द्विवेदी ने हिन्दी के श्रेष्ठ कवियों की रचनाएँ सरस, ललित एवं सुबोध संस्कृत पद्यानुवाद के साथ प्रस्तुत की हैं।

'बिहारी सतसई' का संस्कृत रूपान्तर १९७८ में 'सौन्दर्यसप्तशती' के नाम से प्रकाशित हुआ एवं आपने 'रामचरितमानस' का संस्कृत रूपान्तर किया है।

इसके अतिरिक्त कबीर, रहीम आदि के हिन्दी पद्यों के संस्कृत रूपान्तर किये हैं।

पं० द्विवेदी ने संस्कृत में बहुत बड़ी संख्या में मौलिक पद्यों की रचना की है।

## (१४) डॉ० बाल शास्त्री

वाराणसी के संस्कृतनिष्ठ परिवार में जन्मे और सांस्कृतिक वैभव से अभिभूत डॉ० शास्त्री की सागर विश्वविद्यालय में प्रथम नियुक्ति व्याख्याता (संस्कृत) पद पर हुई और अब प्रवाचक के पद पर कार्यरत हैं। व्याकरण, दर्शन, संस्कृति प्रभृति विषयों पर आपके अनेक शोध-आलेख स्वरमंगला, श्रीपण्डितः, गाण्डीवम्, सागरिका आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। उनमें डॉ० शास्त्री का गम्भीर अध्येता, विश्लेषक और संस्कृत-सम्वर्द्धक रूप सहज निदर्शनीय है।

## (१५) डॉ० कुसुम भूरिया

डॉ० कुसुम भूरिया का अध्ययन सागर में हुआ। यहीं से एम० ए० करने के पश्चात् १९७८ में 'कालिदास का नाट्यशास्त्रीय अनुशीलन' विषय पर इन्होंने पी-एच० डी० उपाधि प्राप्त की।

सागरिका, दिव्यज्योतिः, परमार्थसुधा, नाट्यम्, मध्यभारती आदि पत्रिकाओं में डॉ० भूरिया के अनेक शोध आलेख प्रकाशित हुए हैं। इनके सहसम्पादकत्व में नाट्यशास्त्र पर अनेक कृतियाँ भी प्रकाशित हैं।

## अन्य साहित्यकार

हमारे द्वारा पूर्व प्रस्तुत सूची के अनेक ऐसे मनीषी हैं जिनके कृतित्व की यहाँ

विवेचना होनी चाहिए। किन्तु स्थान और समय विस्तार की भयदृष्टि से अभी केवल उनके नामोल्लेख किये जा रहे हैं :

पं0 नाथूराम प्रेमी, डॉ0 हरीन्द्रभूषण जैन, प्रो0 श्रीनिवास रथ, डॉ0 गोकुल जैन, डॉ0 नरेन्द्र विद्यार्थी, डॉ0 वीरेन्द्र कुमार जैन, डॉ0 'भास्कर', डॉ0 रतनचन्द्र जैन, (भोपाल), डॉ0 कन्छेदीलाल (शहडोल), डॉ0 फूलचन्द्र 'प्रेमी' (वाराणसी), डॉ0 'भागेन्दु' (दमोह), डॉ0 सुदर्शनलाल (वाराणसी), डॉ0 कस्तूरचन्द्र 'सुमन' (महावीर जी), प्रो0 श्रेयांसकुमार सिंघई (जयपुर) प्रभृति अनेक मनीषियों के वैदुष्य और संस्कृत-रचनाधर्मिता का आरम्भ सागर के तट पर ही हुआ। इनकी रचनाओं पर पृथक् से विचार लेखबद्ध किया जा सकेगा।

इस सूची में समाविष्ट सागर जिले के संस्कृत के निम्नाङ्कित मौलिक रचनाकारों का भी केवल नामोल्लेख कर विराम लेना पड़ रहा है :-

पं0 भुवनेन्द्रकुमार शास्त्री, खुरई,

पं0 नेमिचन्द्र प्राचार्य, खुरई,

पं0 कमल कुमार शास्त्री, खुरई,

पं0 दयाचन्द्र साहित्याचार्य, सागर,

पं0 लक्ष्मीनारायण जी न्यायाचार्य, सागर

पं0 जीवनलाल अग्निहोत्री, सागर

डॉ0 श्रीमती आशा मलैया, सागर।

ये सभी संस्कृत के समर्थ रचनाकार हैं। इनके विषय में आगे विचार प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

इस प्रकार उक्त अनुच्छेदों में- 'आधुनिक संस्कृत साहित्य सम्वर्द्धन में सागर जिले का अवदान'-रूपायित करने का विनम्र प्रयत्न किया है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सागर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्त्वावधान में समायोजित इस संगोष्ठी[१] में समागत विद्वानों के समक्ष यह भी निवेदन है कि-मेरे निर्देशन में पी-एच0 डी0 हेतु 'संस्कृत के उन्नयन, सम्वर्द्धन एवं विकास में सागर सम्भाग का योगदान, १९४७ से अद्यतन'' विषय पर शोधकार्य हो रहा है।

## अध्ययन की निष्पत्तियाँ

'आधुनिक संस्कृत साहित्य सम्वर्द्धन में सागर जिले का अवदान'-विषय के रेखाङ्कन से समीक्ष्य अवधि के साहित्य के प्रायः सभी रूप- महाकाव्य, उपन्यास, नाटक, निबन्ध, यात्रा वर्णन, संस्मरण, साहित्य-समीक्षाएँ, लघु कथा, गीति-नाट्य, अन्य भाषाओं से रूपान्तरित तथा अनूदित साहित्य- सागर मण्डल में उपलब्ध हैं

किन्तु प्राचीन संस्कृत साहित्य और आधुनिक संस्कृत साहित्य की प्रवृत्तियों में कुछ अन्तर अवश्य दृष्टिगोचर होता है; जैसे-

(१) शृंगारिक-भावना की उपेक्षा,

(२) राष्ट्रीयता की भावना का प्रामुख्य,

(३) देश की एकता और अखण्डता की अभिव्यञ्जना।

(४) समकालीन घटनाक्रम के प्रति जागृति,

(५) लेखन के लिए विराट् भावभूमि।

## अन्त में :

संस्कृत-भारती के राष्ट्रीय अवदान की मणिमाला में सागर मण्डल का अवदान अपने मूल्यों, यथार्थो, निष्पत्तियों और मौलिकताओं के आधार पर एक देदीप्यमान मणि की भाँति यहाँ के आभा-मण्डल तथा रचनाधर्मिता के अर्घ्य को सभक्ति समर्पित करने में समर्थ हो सके, क्योंकि वही इस मण्डल की गत्यात्मकता तथा इति-कर्त्तव्यता होगी; इस भावना के साथ इस लेख को समाप्त किया जा रहा है।

---

१. यह गोष्ठी १९८९ में आयोजित हुई थी।

# हरियाणाविद्वद्गौरवम्

डॉ0 रामेश्वरदत्त शर्मा

यौधेयानां वसतिरभवत् तद्भवानां विचारो,

धर्मक्षेत्रं कुरुनृपसुताधिष्ठितं प्राहुरेके ।

यानं दिव्यं सततमचलद् यत्र कृष्णस्य पूर्वं

तस्मादेनं विलसितधियः श्रीहरेर्यानमाहुः ।।१।।

शम्भुः साम्बो निजगणयुतो याति नित्यं यतोऽत्र

स्थाण्वीशोऽपि प्रकटयति यद् वृत्तमेतद् यथार्थम् ।

पुण्याः भूमिः समरधरणी स्वर्गलोकेन तुल्या

तस्माल्लोकः प्रवदति मुदा तां हरस्यापि यानम् ।।२।।

वेदव्यासो जनहितधिया वेदभागांश्चकार

विश्वैतिह्यं स्वकृतिषु महाभारतं यो प्रणिन्ये ।

लेभे कीर्तिं सपदिं महती यस्य गीता प्रणीता

धन्यः प्रान्तो मुनिकविबुधो यत्र जातो महर्षिः ।।३।।

## स्वामी हीरादासः

लघ्वी काशी बुधजनपुरी नाम यस्या 'भिवानी'

दाने पुण्ये विपुलविभवा दीनलोकोपकर्त्री ।

शिक्षादीक्षाभरितभवना पाठशाला विशालाः

तासु च्छात्रा प्रतिदिनमथो संस्कृताः सम्भवन्ति ।।४।।

तस्यामासीद् रतिविरहितः काव्यशास्त्रानुरागी

'हीरादासः' प्रकृतिरुचिरो 'दादु' पन्थावलम्बी ।

'दादूरामोदयसुचरिते' स्वात्मकाव्ये स आह

'भीहान्यां' यत् प्रमुखनगरे देवभाषां चकार ।।५।।

## विद्यामार्तण्डः पं0 सीताराम शास्त्री

वाराणस्यां प्रथमवयसि प्रौढशास्त्राण्यधीत्य
सीतारामो मतिधननिधिर्ज्ञानविज्ञानविज्ञः ।
'भीवान्यां' यो रहसि विजनेऽस्थापयत्त्वेकसंस्थाम्
यत्रानेके विमलमतयः शिक्षिताः सम्बभूवुः ।।६।।
हिन्दी-टीका सरलगहना यस्य याद्या निरुक्ते
काव्यक्षेत्रे परमललितं लक्षणग्रन्थयुग्मम् ।
चित्रे शिल्पे जटिलविषया चित्रिता ब्रह्मविद्या
विश्वेऽस्मिन् तत्सदृशपुरुषो जायते कश्चिदेव ।।७।।

## म0 म0 पं0 विधाधर गौड़ः

जीन्दोपान्ते परिमितजनो ग्रामशैरीषखेड़ी
गौडानां तु द्विजकुलगृहं यत्र विधाधरोऽभूत् ।
वाराणस्यां निगममिहिरः सूत्रवृत्तीर्व्यधत्त
याभिर्जातः सरलसुगमो वैदिकः कर्मकाण्डः ।।८।।

## पं0 शिवनारायण शास्त्री

शिक्षासूर्यो द्विजकुलशशी शैवनारायणोऽथ
वाराणस्यां पठितनिगमः स्थायिवासी 'गतोल्याः' ।
आयुर्यातं तपसि पठने पाठने लेखने च
सांख्ये टीकामकृत विततां यो यथार्था श्रमेण ।।९।।

## म0 म0 पं0 छज्जूराम विद्यासागरः

'छज्जूरामः' सहृदयसखासीद् 'रिटोली' निवासी
सत् साहित्यं प्रचुरमलिखत् काव्यनाट्येऽद्वितीयम् ।
प्राचार्यत्वात् सततमभजद् गौरवं शिक्षकेषु
पाण्डित्यस्य प्रवरविदुषोऽलौकिकोऽयं सुयोगः ।।१०।।

काव्ये न्यायेऽप्रतिहतगतिस्तादृशश्चैव सांख्ये
विद्योतन्तेऽनुपमकृतयः सप्त यासान्तु संख्यां ।
व्याख्यातासौ विविधसरणिः सर्वशास्त्रार्थविज्ञः
नैकाष्टीकाः सरलपदगा योऽलिखत् स्पष्टतायै ॥११॥

## श्री मुरारिलाल मिश्रः

बाल्ये काले लघुलघुतमोऽभ्यस्तविद्यो हि काश्यां
सिद्धान्तस्योपरि सुविदिता यस्य टीका चकास्ति ।
वर्षैरध्याप्य बगड़पुरेऽन्तेऽश्मरीव्याधिपीडः
मुक्तिं लेभे कतिपयसमाः पण्डितोऽयं मुरारिः ॥१२॥

## श्री शिवराम शास्त्री

ख्यातिं यातः कविषु महसा 'बेरला' ग्रामवासी
'राजस्थाने' विहितवसतिर्ज्योतिषाधारवृत्तिः ।
काव्यप्रेमी रसिकहृदयः काव्यमेकं प्रणिन्ये
'हर्याणीयं' जनपरिचयं पद्यमालानिबद्धम् ॥१३॥

## महाकविः वनमालिदासः

दिव्यं रत्नं कविकुलशिरोभूषणं 'बास' वासी
यावज्जीवं वसतिमकरोत् तीर्थवृन्दावने सः ।
तस्यानेका ललितरचना भक्तिभावप्रपूर्णा
नाम्ना ख्यातः कविषु वनमाली ततो भाति दासः ॥१४

## पं0 युधिष्ठिर मीमांसकः

पाण्डित्यं हाऽगणितविदुषां पल्लवग्राहि दृष्टं
पूर्णज्ञत्वं विरलविरलं लभ्यते स्वल्पलोकैः ।
शंका काचित् यदि तव भवेद् वेदवेदांगगूढा
तत्स्पष्टार्थं सपदि सुतरां याहि मीमांसकं त्वम् ॥१५॥

## पं0 सत्यदेव वासिष्ठः

सच्चित्तोऽसौ बहुलवसतिः सत्यदेवो 'भिवान्यां'
वासिष्ठो यो मुनिकुलमणिर्नैष्ठिको ब्रह्मचारी ।
दैवज्ञोऽयं ग्रहविगणने ज्ञानविज्ञानसेवी
वैद्यत्वाद्वा व्यपहतरुजो यत्र लोका भवन्ति ॥१६॥

नाडीतत्त्वं गहनरचनं वैद्यके सप्रमाणम्
आश्चर्यन्तु प्रकटयति तद्दूतनाडीपरीक्षा ।
रम्यं काव्यं विपुलललितं 'सत्यनीतौ' विभाति
व्याख्यातञ्च प्रमुदितधिया नाम विष्णोः सहस्रम् ॥१७॥

रुद्धः पूर्वं यवनपतिना 'हैदराबाद' राज्ये
हिन्दूनां हा ! विधिहरिहरप्राङ्गणेषु प्रवेशः ।
तद्विद्वेषाज्जनदलबलैः सार्धमेषोऽपि यातः
कारागारे प्रमुदितमना यापयामास मासान् ॥१८॥

## श्री हजारीलाल विद्यालंकारः

मुक्तं काव्यं व्यरचयदसौ श्रीहजारिश्च लालो
भाषाभावैर्मृदुलपदकैर्हृद्यपद्यैर्निबद्धम् ।
सौम्यः साधुः प्रकृतिसरलो विज्ञमान्यो वदान्यो
जातस्त्वेष प्रथितमहिमा 'छोटि घीलौड़' वासे ॥१९॥

## डा0 सत्यदेव वर्मा

प्रह्वीभूतः सदयहृदयः सत्यदेवोऽथ वर्मा
ह्यन्वादीद् यो विरलपथिको देववाण्यां कुरानम् ।
नैकाः सन्ति प्रमुखरचना विंशतेरूर्ध्वसंख्याः
तेषां गेहे सततसुतरां संस्कृतं व्याहरन्ति ॥२०॥

## श्री चन्द्रभानुः शास्त्री

विद्वद्वर्यः परिणतवयाश्चन्द्रभानुः प्रणिन्ये
भीष्मस्येदं चरितमखिलं पूर्णगाङ्गेयकाव्ये ।
ओजःपूर्णैर्दृढपरिकरैः पद्यबन्धैर्बबन्ध
वृद्धो जीर्णः शिथिलंकरणः स्वात्मशक्त्या युवा सः।।२१।।

## डा0 विद्याधर धस्माना

विज्ञो विद्याधर इति सुधीर्धस्मना शासनीयो
नाट्यक्षेत्रेऽभिनयसुगमं 'पाञ्चजन्यं' लिलेख ।
अन्यत् काव्यं विदुरसुभगं मुक्तकं 'मञ्जरा'ख्यम्
भावव्यक्त्या रसगुणपदैर्यस्य काव्यप्रशस्तिः ।।२२ ।।

## श्री रक्षपाल 'राकेशः' शास्त्री

नव्यं काव्यं विलसति सदा रक्षपालस्य भद्रं
हिन्द्यां ख्यातिर्यदपि बहुला संस्कृतेऽप्यस्ति नोना ।
हर्याणायामधिगतजनिः पाटलीपुत्रवासी
व्यापारी सन्नभिरुचिमहो ! यो हि काव्ये दधाति।।२३।।

## आचार्यराधाकृष्णः (स्वामी निगमबोधः)

राधाकृष्णः कविषु महितो 'जाट्रु लोहारि' जन्मा
संन्यासी सन् विदितनिगमः पाठयञ्छिष्यशिष्याः ।
'हर्याणावैभवम' लिखदद्यो मनोहारि काव्यम्
लेभे कीर्तिं जगति महतीं शंकराचार्यवृत्तम् ।।२४।।

## श्री लछमनसिंह अग्रवालः

प्रज्ञाचक्षुर्लछमनकविर्वैश्यवंशावतंसो
हर्याणाभूर्विदितजननी'झाड सैंतेलि'नाम्नी ।

दिल्लीपार्श्वे विहितवसति 'बॅल्लबाख्ये गढे' ऽसौ
नाना चक्रेऽधिकृतरचना विश्वसत्यानुगम्याः ॥२५॥

## पं0 स्थाणुदत्तः

स्थाण्वीशः स्याद् धृतनरतनुर्विप्रवंशे प्रसूतः
यावज्जीवं तपसि पठने पाठने चैव लीनः ।
वेदाचार्यो बहुलिपिपटुर्दक्ष उच्चारणेऽपि
ज्योतिःशास्त्रे ग्रहविगणने वैद्यके चापि सिद्धः ॥२६॥

संगृह्यासौ विविधविषयान् पाण्डुलेखान् पुराणान्
श्लाघ्यं कार्यं निचयमकरोत् पुस्तकानाममूल्यम् ।
शोधार्थं तन्महदुपकरं वस्तुजातं बुधेभ्यः
श्रेयो वित्तं भवति विदुषां ग्रन्थकोशोऽन्यवित्तात् ॥२७॥

## पं0 माधवाचार्यः

तर्काचार्योऽनुपमवचनो 'माधवाचार्य' नामा
तच्छास्त्रार्थी सदसि विजयी 'कौल' जन्माऽद्वितीयः ।
स्थाने स्थाने क्षपितरजनिः स्थापयामास धर्मं
व्युत्पन्नोऽयं सकलविदुषां शेखरोऽगण्यताग्रे ॥२८॥

धर्मो योऽद्य श्वसिति सबलः शाश्वतो भूतलेऽस्मिन्
गाढास्थाया धृतदृढतला देवदेवीस्वरूपा ।
श्रद्धा निष्ठा निखिलसलिले तीर्थरूपे जनानां
श्रेयो याति श्रमबलकृतान् 'माधवाचार्य' यत्नान् ॥२९॥

## पं0 मुरारिलाल खरकिया

निःशुल्कं यः प्रतिदिनमहो ! पाठयत्यत्र शिष्यान्
वाग्वैदुष्यं विपुलगहनं वेदवेदाङ्गजातम् ।

ज्योतिर्विद्याप्रवचनपटुः कर्मकाण्डे सुदक्षः

प्रष्टुं किञ्चिद्यदि तव मतिर्याहि गेहं मुरारेः ॥३०॥

## डा0 सुधीकान्त भारद्वाजः

भारद्वाजः सुमतिसुभगो धर्मशास्त्रानुयायी

काव्ये नाट्येऽपरिमितरुचिः पुस्तपुञ्जं ससर्ज ।

प्रान्तस्यैकं प्रमुखनगरं रोहितारण्यनाम

व्याख्याताऽयं कतिपयसमा विश्वविद्यालयेऽत्र ॥३१॥

## श्रीरामनाथशास्त्री

गोविन्दाख्यं शतकमथवा भाववैशिष्ट्यमन्यत्

देवस्तोत्रं विकटकविकौ भावगाम्भीर्यपूर्णौ ।

एवं प्रायः षडिति रचना योऽकरोत् कौशलेन

'मुंशीरामा'त्मजकविरयं 'रामनाथा' भिधानः ॥३२॥

## डॉ0 रामेश्वरदत्त शर्मा

गीर्वाक्सेवी 'लछमन'सुतः शर्मरामेश्वरोऽथ

हर्याणीयं विदुरचरितं ग्रन्थमेकं लिलेख ।

दिव्यां दृष्टिं विविधविषयां चापरां निश्चितार्थाम्

इच्छेयं मे प्रचरतु भृशं प्रान्तपाण्डित्यमुक्तम् ॥३३॥

(१०-११-१९९० ई0)

# हरियाणा के बीसवीं शताब्दी के संस्कृत महाकाव्य

## एक समीक्षात्मक विवेचन

प्रोफेसर डॉ० रामदत्त शर्मा, डी० लिट्०

भारतीय वाङ्मय में हरियाणा का अपना विशिष्ट एवं गौरवशाली महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। विश्रुत ब्रह्मावर्त प्रदेश में सरस्वती एवं दृषद्वती नदियों के तटों पर विश्व साहित्य की प्रथम कृति ऋग्वेद के साथ-साथ तीनों वेदों के विविध मन्त्रों का उच्चारण संस्कृत साहित्य की माँ सरस्वती के चरणों में प्रथम स्तुति रही है।

हरियाणा के साहित्यकारों ने संस्कृत की सभी प्रकार की विधाओं में सर्जना की है। हरियाणा में बीसवीं शताब्दी में रचित महाकाव्यों का विवरण यहाँ प्रस्तुत है।

(१) परशुरामदिग्विजयमहाकाव्यम्- म० म० छज्जूराम शास्त्री विद्यासागर।

(२) शिवकथामृतम् महाकाव्यम् ,, ,, ,, ,,

(३) श्रीमस्तनाथचरितम्- पं० हरदत्त शास्त्री।

(४) श्रीकृष्णानंदमहाकाव्यम् - श्री वनमालिदास शास्त्री।

(५) श्रीहरिप्रेष्ठमहाकाव्यम् ,, ,, ,,

(६) गाङ्गेयमहाकाव्यम् - श्री चन्द्रभानु शास्त्री।

(८) अमरचरितम् काव्यम् - श्री रामेश्वर दयाल शास्त्री।

(८) श्रीशंकराचार्यचरितम् - डा० निगमबोध तीर्थ।

(९) हरिश्चन्द्रमहाकाव्यम् - डा० बलवीरदत्त शास्त्री।

## (१) श्रीपरशुरामदिग्विजयमहाकाव्यम्

परशुरामदिग्विजय के रचयिता महाकवि छज्जूराम शास्त्री 'विद्यासागर' का जन्म वि० सं० १८५२ में शेखुपुरा (कुरुक्षेत्र) में हुआ था। इनका परिवार वि० सं० १९८२ में रिटोली (जिला जीदं) में आ बसा था। उनके शिक्षालयों में सुशिक्षित

होने के बाद शास्त्री जी अनेक वर्ष तक माधोदास की बगीची, लाल किले के पास दिल्ली में रहते थे। जगद्गुरु शङ्कराचार्य ने इन्हें 'विद्यासागर' की उपाधि दी थी। भारत के राष्ट्रपति ने इन्हें 'राष्ट्रपति सम्मान' दिया था। शास्त्री जी १ अगस्त १९८४ को गोलोकवासी हो गये।

'परशुरामदिग्विजय' पौराणिक कथा पर आधारित द्वादश सर्गात्मक एक महाकाव्य है। इसमें भगवान् परशुराम को दशावतारों में षष्ठावतार के रूप में वर्णित किया गया है। मंगलश्लोकों में भगवान् व्यास देव की वन्दना की गयी है-

स जयति पाराशर्यः सत्यवतीनन्दनो व्यासः ।

यन्मुखनिःसृतवाणीमाश्रयते सर्वविल्लोकः ।।

माहिष्मती नगरी का वर्णन कवि ने इन शब्दों में किया है -

'पुरन्दरपुरस्पर्धिन्यभवद् भूमिभूषणम् ।

माहिष्मतीति नगरी शर्मदा नर्मदान्तिके ।।

इस काव्य में कार्तवीर्य की राजनैतिक गतिविधि, परशुराम जन्म, कार्तवीर्य व परशुराम युद्ध, शिवलोक गमन, दिव्यास्त्र ग्रहण, पुष्करगमन, कार्तवीर्य वध, परशुराम कृत साठ हजार क्षत्रियों का वध करके रक्त के पाँच सरोवर भरण, भीष्म परशुराम युद्ध आदि का वर्णन है। भगवान् शिव के पास पाशुपत अस्त्र लेने भेजने का वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है -

दिव्यं पाशुपतं चैव तुष्टो दास्यति शंकरः ।

त्रिः सप्तकृत्वो निःक्षत्रां तदा भूमिं करिष्यति ।।

श्री विद्यासागर ने काव्य के अन्त से लिखा है-

विजयं पर्शुरामस्य श्रद्धया पठति तु यः ।

सर्वान् कामानवाप्येह दीर्घमायुः स विन्दति ।।

शास्त्री जी की यह कृति सर्गबद्ध है तथापि प्रत्येक सर्ग में छन्द परिवर्तन की परम्परा का पालन नहीं किया गया है। इस कृति में नायिका का अभाव है तथा महाकाव्यों के तत्त्वों यथा-प्रभात, सूर्योदय, चद्रोदय आदि का भी अभाव सा है। कवि वर्णव्यवस्था का पक्षपाती है। कवि ने अनेक सूक्तियों का प्रयोग किया है। यथा- जानताऽजानता वापि भवितव्यं न वार्यतो क्षमाशीला हि भूसुराः। शोकतानां न प्रशंसन्ति साधवः। सर्वं भवति कालेन कालो हि दुरतिक्रमः। कवि की भाषा सरल और सामान्यजनोपयोगी है। शैली वर्णनपरक तथा अलंकार प्रयोग सामान्य है। उपमा का यह उदाहरण अवलोकनीय है-

भर्त्तारं निहतं भूमौ पतितं वीक्ष्य रेणुका ।
पपांत मूर्च्छनां प्राप्य लता वज्रहता यथा ।।

इस काव्य में कपट वेष में जाकर परशुराम द्वारा कवच आदि प्राप्त कर राजा का वध करना नायक की चरित्र हीनता को प्रकट करता है । कवि द्वारा स्वयं ही गर्वोक्ति करना उचित नहीं । सम्पूर्ण रूप में यह महाकाव्य 'युद्धवर्णन' का एक नमूना मात्र है । इसे गम्भीर प्रौढ तथा साहित्यिक कृति नहीं कहा जा सकता है ।

## (२) शिवकथामृतं महाकाव्यम्

पं0 छज्जूराम शास्त्री जी का यह महाकाव्य भी पौराणिक है । इसमें अठारह सर्ग हैं । ९८१ पद्यों वाला यह काव्य तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम गोपाल स्वरूप पाठक को समर्पित किया गया है ।

काव्यारम्भ में व्यास स्तुति के बाद शिव-पार्वती तथा गजानन की वन्दना की गयी है-

शिवयोर्मातापित्रोरङ्के पङ्केन खेलन्तम् ।
अगजाजातं वन्दे तं देवं श्रीगजाननम् ।।

प्रथम सर्ग शिवपुरीकाशीवर्णनम् नामक है । काशी में गंगा स्नान के महत्त्व को शिव मुख से कवि ने कहलवाया है -

असारे संसारे निखिलनिगमानां च कृतिनाम्,
मतान्येतानीह त्रिविधपरितापस्य शमने ।
सदा काश्यां वासः सततसहवासश्च विदुषां
सदा गङ्गास्नानं सुतनु तव पूजा च मम च ।।

दूसरे सर्ग में बारह शिवलिङ्गों का वर्णन किया गया है । यथा -

सौराष्ट्रदेशे मम सोमनाथलिङ्गं, समभ्यर्चितमिन्दुना यत् ।
रोगस्य शोकस्य विनाशकारकं भोगस्य भोक्षस्य च दायकं वै ।।

तृतीय सर्ग में शिवपत्नी सती वर्णन, चतुर्थ सर्ग में शिवपत्नी पार्वती वर्णन तथा शिवपुत्र स्कन्द का वर्णन किया गया है । पार्वती का विदाई का यह वर्णन देखिये-

प्रस्थानकाले स्वगृहादुमायाः,
सालीजनो बन्धुजनश्च सर्वः ।

पिता च माता स्म रुदन्ति दाराः

जरापरीता अपि किं युवत्यः ।।

छठे सर्ग में शिव-पुत्र गणेश तथा सप्तम में त्रिपुरदाह का वर्णन है । अष्टम सर्ग में शिव द्वारा अन्धकासुर वध तथा नवम और दशम में शिवभक्त बाण का वर्णन किया गया है । कवि ने सत्संगति की महिमा को यों बताया है -

सतामसंगादसतां च संगात्

भवन्ति सन्तोऽपि असन्त एव ।

पिकोऽपि काकस्य कुलेन संगात्

काको भवत्येव प्रसिद्धमेतत् ।।

एकादश से चतुर्दश सर्गों में कवि ने शिव द्वारा मारे गये विभिन्न राक्षसों का वर्णन किया है । पञ्चदश व षोडश सर्गों में शिव के विभिन्न अवतारों का विशद वर्णन है । सत्रहवें सर्ग में शिव व सूर्य के शतनामों का उल्लेख किया गया है । अठारहवें सर्ग में 'शिवसाहित्य' का वर्णन किया गया है । शिवसाहित्य के वर्णन के अंत में कवि ने लिखा है -

काव्यं शिवकथामृतं परशुरामजयं मया ।

दुर्गाभ्युदयनाट्यं च एकविंशशते कृतम् ।।

शास्त्रीजी ने इस पौराणिक कृति में अनेक शाश्वत तथ्यों को सत्य बताने का प्रयास करते हुए अनेक सुन्दर पंक्तियाँ लिखी हैं । यथा - अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् । पितुदर्शगुणं माता गौरवेणातिरिच्यते । अनुकूले जगन्नाथे हन्तुमीष्टे कथं पुमान् । दीनत्वं च छलत्वं च वीरस्य मरणाधिकम् आदि ।

इस काव्य की भाषा अत्यन्त सरल है । कवि ने अनुष्टुप्, शिखरिणी, वसन्ततिलका, वियोगिनी, मालिनी उपजाति, द्रुतविलम्बित, उपेन्द्रवज्रा तथा मन्दाक्रान्तादि छन्दों में रचना की है । उपमा, मालोपमा, अनुप्रास व यमक के प्रयोग इस काव्य में हैं । मालोपमा का यह पद्य कितना सुन्दर बन पड़ा है -

स्वल्पदीपमिव तिग्मपावनः

शुष्कवृक्षमिव वन्यवह्निकः ।

अन्धकारमिव भास्करोदयः

तद्बलं च निखिलं शिवोऽहनत् ।।

यद्यपि प्रस्तुत महाकाव्य में सभी महाकाव्यीय गुणों का समावेश तो हो नहीं पाया है तथापि पौराणिक कथाओं और जीवन्त वर्णनों की उपस्थिति में यह कृति

नव काव्यकारों के लिए प्रेरणास्पद अवश्य है ।

## (३) श्रीमस्तनाथचरितम्

यह महाकाव्य श्री हरदत्त शास्त्री की रचना है । शास्त्री जी एक तांत्रिक विद्वान् थे । इनके विषय में अधिक जानकारी प्राप्त नहीं होती । इस ग्रन्थ में अस्थल बोहर (रोहतक) के नाथ सम्प्रदाय के आदिनाथ श्री मस्तनाथ जी का जीवन चरित्र वर्णित है । इस ग्रन्थ की सम्पूर्णता में तीन विद्वानों का योगदान रहा है । इसकी आद्य रचना महाराज चेतनाथ के शिष्य श्री शंकरनाथ योगीश्वर ने दोहे तथा चौपाइयों में २४ सर्गों में की । श्री हरदत्त जी ने सन् १९२७ में इसे संस्कृत में लिखा । तदुपरान्त सन् १९३८ ई0 में महन्त श्रेयोनाथ ने योगेश्वर शंकरनाथ फलेग्रहि से दो सर्ग और लिखवाकर इसे २६ सर्गीय बनवाया ।

काव्य का मङ्गलाचरण श्लोक इस प्रकार है -

पत्तनं स्यालकोटाख्यं, तद्भूपः शालिवाहनः ।

तस्य प्रधानाया राज्ञास्तनूजत्वेन पप्रथे ।।

प्रथम सर्ग में गोरखनाथ व चौरंगीनाथ की कथा है । द्वितीय सर्ग में केसरी हट्ट गाँव के सबला नामक ग्रामीण के घर मस्तनाथ के अवतार लेने का वर्णन है -

वैक्रमे वेदषट्सप्तभूमिते वत्सरेऽभवत् ।

मस्तनाथावतारोऽस्य योगाचार्यस्य भूतले ।।

तृतीय सर्ग में मस्तनाथ का बालचरित, चतुर्थ में वृष्टि करवाकर चमत्कार करने, पञ्चम में सिद्ध गोष्ठी और षष्ठ में गुरुसेवा वर्णित है ।

सप्तम में आईपथ के गुरु बनने, अष्टम में वृष्टि सिद्धि, नवम में विभूति प्रदर्शन तथा दशम में संग, असंग और कुसंग की व्याख्या वर्णित है -

असतां सङ्गदोषेण साधको याति विक्रियाम् ।

दुर्योधनप्रसङ्गेण भीष्मो गोहरणे गतः ।।

बिन्दुराम्लः पयःपूरं विकारयति सर्वशः ।

मलिनं कुरुते मत्सी, विकृतैका सरोवरम् ।।

एकादश सर्ग में शील नामक शिष्य के उद्गार, द्वादश में गोपीचन्द भर्तृहरि दर्शन, त्रयोदश में वेदविहित धर्मकर्मादि विवेचन तथा चतुर्दश में शुष्क तरु हरित करण का वर्णन किया गया है । पञ्चदश सर्ग में हरिसिंह अभिमान हरण, षोडश में देवादि संग्राम व गोरक्षण, सप्तदश में सरदार प्रबोधन व मृगया तथा अष्टा दश में यवन राज्य परिवर्तन वर्णित है । कवि मस्तनाथ की कीर्ति के विषय में लिखता है-

'यावच्चन्द्रदिवाकरौ हरिहरौ यावच्च वेदा नगा,
यावद् विंध्यहिमालयौ क्षितितले यावच्च गंगाऽनघा ।
तावत् स्थास्यति सज्जनेषु ललिता श्रीमस्तनाथस्य सा,
श्रेयोऽनाथमहत्सु धास्यतितरां कीर्तेर्विभूतिप्रभा ।।

एकोनविंशति सर्ग में कालानलानिल सम्पर्क तथा ग्रामदाह-गमन, बीसवें में बीकानेर राज्य में विभिन्न सिद्धि प्रदर्शन, इक्कीसवें में भीमसिंह अहंकार दलन और श्रीमानसिंह राज्यारोहण और द्वादश में धड़ीनाथ पेटू शिष्य का वर्णन किया गया है।

तेइसवें सर्ग में धाता और रणपति शिष्यों का वर्णन, चौबीसवें में श्री मस्तनाथ निर्वाण प्राप्ति, पच्चीसवें में सिद्ध श्री चेतनाथ व पूर्णनाथ का वर्णन तथा छब्बीसवें में श्री श्रेयोनाथ जी के उपाख्यान को प्रस्तुत किया गया है ।

यह एक चरित महाकाव्य है । इसके नायक श्री मस्तनाथ 'धीरोदात्त' नायक हैं । इस कृति में हरियाणा विषयक अनेक उल्लेख हैं । यथा -

साधुभक्ता हरेर्भक्ता दयावन्तो रसस्पृहाः।
सत्यसंगा दृढांगाश्च प्रेमासक्तरसप्रियाः ।।
दया न दानेन विनास्ति तत्र, दानं न धर्मेण विना च तत्र ।
दानं न भक्त्या रहितं हि तत्र, भक्त्या विहीनो न नरश्च तत्र।।

हरियाणा शब्द के सभी सम्भाव्य अर्थों को शास्त्री जी ने इस प्रकार प्रदर्शित किया है-

हरियानो हरियानो हरियानसमर्थकः ।
तत्समीपेऽप्यनुपेके सारिहट्टपुरी स्मृता ।।

नाथ सम्प्रदाय में गुरु को सर्वोपरि माना जाता है । गोरखनाथ की महिमा का वर्णन इस प्रकार किया गया है-

गकारो गुणसंयुक्तो रकारो रूपलक्षण : ।
क्षकारेण क्षयं ब्रह्म श्रीगोरक्ष नमोऽस्तु ते ।।

श्रीमस्तनाथचरित में अनेक ऐतिहासिक स्थलों का उल्लेख है । अस्थलबोहर, रोहतक, केसरीहट्ट, पेहोवा, भालोट, खोखरागढ, जीन्द, नरवाना, महम, कलोई, झज्झर, दिल्ली, पचोपा, खड़वाली, खरक आदि के उल्लेख इस काव्य में विद्यमान हैं। इस महाकाव्य में अनेक सुभाषित संग्रहीत हैं । लेखक ने अनेक देशज व अप्रचलित वैदिक शब्दों का प्रयोग किया है । अनेक छन्दों में रचना की गयी है । अनुप्रास, यमक, काव्यलिङ्ग आदि के सुन्दर उदाहरण इस काव्य में विद्यमान हैं । यमक का

यह उदाहरण सुन्दर बन पड़ा है-

निराशी निराशी निराशो निराशो
कतान्तो कतान्तो चितावृत्तिहान : ।
नमानो न मानो चिता चित्तहान-
स्तदासीन दासीनतासिद्धसिद्धः ।।

हरियाणा के संस्कृत महाकाव्यों में यह काव्य कला एवं भाव दोनों पक्षों के आधार पर खरा उतरता है । रसयुक्त होने के साथ-साथ इसमे लौकिक व्यवहार तथा सामाजिक परिप्रेक्ष्य को सुतरां सँवारा गया है । सम्पूर्ण रूप में यह महाकाव्य एक श्रेष्ठ काव्य है जो संस्कृत के पूर्ववर्ती विविध उत्तम काव्यों के निकट बैठता है।

## (४) श्रीकृष्णानन्दमहाकाव्यम्

इस महाकाव्य की रचना महाकवि वनमालिदास शास्त्री ने की है । कवि ने अपना परिचय दिया है । तदनुसार उनका जन्म बास (जिला-हिसार) में सं० १९६५ में हुआ है । ये गौड़ ब्राह्मण हैं । इनकी माता का नाम जंजीरी तथा पिता का नाम तेलूराम था । इन्होंने वृन्दावन में स्वामी कृष्णानन्द से दीक्षा प्राप्त की ।

प्रस्तुत महाकाव्य में कवि ने अपने गुरुवर का जीवन चरित आकलित किया है । सोलह सर्गीय इस महाकाव्य की रचना कवि ने २० वर्ष की अवस्था में ही कर ली थी, ऐसा मत है । काव्य का मंगलाचरण गुरुवन्दनापरक है-

नत्वा श्रीगुरुपादपद्मयुगलं ध्यात्वा गणानां पतिं
चित्ते ब्रह्मसुतां निधाय विमलां श्रीरामकृष्णौ तथा ।
श्रीमन्मध्वमुनिं प्रणम्य च तथा श्रीकृष्णचैतन्यकं
नित्यानन्दमथापि प्रार्थ्य चरितं कुर्वे गुरूणामहम् ।।

कवि अपने गुरु के महनीय चरित को प्रारम्भ करते हुए कहते हैं कि पंजाब के जालन्धरजनपदान्तर्गत फिल्लौर तहसील के गाँव-बुडाना में पं0 नेतराम के कुल में देवीदत्त और देवीदत्त के भोलाराम उत्पन्न हुए । श्रीभोलाराम के घर वि0 सं0 १९४० माघमास, कृष्णपक्ष, चित्रानक्षत्रयुक्त अष्टमी तिथि के चतुर्थ चरण में, धृतियोग में, कुम्भलग्न में, सूर्योदय से ५ घटी बीत जाने पर गुरुदेव का जन्म हुआ

कुम्भे लग्ने च संलग्ने गौडपाधियुजस्तथा ।
भोलारामस्य गेहे वै पुत्ररत्नमजीजनत् ।।

द्वितीय सर्ग में पाठशालागमन, तृतीय में वृन्दावन गमन, चतुर्थ में श्रीमद्भागवत अवलोकन तथा पञ्चम में वृन्द्रावन के बाबा ग्वारिया जी महाराज मिलन वर्णित है। षष्ठ में श्रीहरिविरह वर्णन, सप्तम में श्यामसुन्दरदास दीक्षितीकरण, अष्टम में देवदत्त-भक्त वर्णन तथा नवम में श्री रामदास स्वामी वर्णन किया गया है।

दशमसर्ग में ब्रजभूमिभ्रमण वर्णन, एकादश में वेसवाँ ग्राम गमन, द्वादश में श्री श्यामसुन्दर की देह में किन्नर प्रवेश तथा त्रयोदश में श्रीमद्भागवत कथा पाठन का वर्णन किया गया है। चौदहवें सर्ग में कालिन्दी नामक मैया का दीक्षा ग्रहण तथा पन्द्रहवें में महाप्रयाण वर्णित है -

रविवासरयुक्तायां सप्तम्याञ्च तिथौ तथा।
श्रीरामकृष्णदेवाभ्यां युक्ते मणिमये तथा ।।
सम्यग्विमानमारुहय गुरवो मे हरेः पदम्।
यातास्तदा ह्यवस्थासीदेकोनषष्टिवार्षिकी ।।

सोलहवाँ सर्ग गुरु स्तुति परक है। इस महाकाव्य के नायक एक चरितनायक हैं। कथा ऐतिहासिक होने के साथ-साथ आध्यात्मिक तथा भक्ति प्रधान है। कवि की भाषा सरल एवं सरस है। कवि ने अनेक छन्दालङ्कारों का प्रयोग किया है। गंगा लहरी की पद्धति पर कवि की 'यमुनास्तुति' का यह पद्य अवलोकनीय है-

त्वयि स्नाता ध्याता तव सलिलपाता नमयिता
स्तुतेः कर्ता धर्ता तव रजसि भर्ता रविसुते।
न चैवाख्यां वक्ता शमनसदने याति यमुने!
नमामस्त्वां नित्यां सकलगुणयुक्तां रविसुताम् ।।

## (५) श्रीहरिप्रेष्ठमहाकाव्यम्

यह महाकाव्य भी पं0 वनमालिदासशास्त्री की ही १८ सर्गात्मक रचना है। इसमें कुल १०९२श्लोक हैं जिनमें ११० प्रकृति वर्णन परक श्लोक श्रीकृष्णानन्दचरित के ही हैं। इस महाकाव्य का प्रकाशन सन् १९७६ ई0 में भारत सरकार द्वारा प्राप्त सहायतानुदान के संबल पर हो सका है। यह भी एक चरितकाव्य है। कवि ने अपने गुरु भाई श्री हरिदास जी को नायक के रूप में प्रशंसात्मक शैली में वर्णित किया है। काव्य का मंगल-श्लोक निम्नांकित है-

श्रीरामकृष्णपदपङ्कजलीनचित्तान्
भक्तौ नियोज्य हरिभक्तिविहीनचित्तान्।

ये नास्तिकानपि च सास्तिकताकचित्तान्

कृत्वा हरेः पदमयुः प्रथमं क्वचित्तान् ॥

दीक्षागुरूनिह प्रणम्य ततो गणेशं

वाणीं निधाय हृदयेऽपि च रामकृष्णौ ।

आनन्दतीर्थमपि गौरहरिञ्च नित्या-

नन्दं च रामहरिदास - कृतं ब्रवीमि ॥

प्रथम सर्ग में नायक प्रादुर्भाव व लीला, द्वितीय में अध्ययन पद्धति, तृतीय में विवाह और चतुर्थ में वैराग्य उपक्रम वर्णित हैं । पञ्चम सर्ग में नायक का गंगातीर गमन, स्नानादि, षष्ठ में सद्गुरु प्राप्ति चिन्तन, सप्तम में अध्यापक पद से वैराग्य तथा अष्टम में वैराग्य और भगवद्भक्ति का वर्णन है । नवम सर्ग में गुरु मिलन, दशम में गुरु आज्ञा से पुनः पढ़ने का संकल्प करना, एकादश में भजन के लिए प्रयाण तथा द्वादश में वर्षाऋतु वर्णन को प्रस्तुत किया गया है । तेरहवें सर्ग में श्रीकृष्ण दर्शनार्थ तपस्या और श्रीकृष्ण बलदेव प्रार्थना, चौदहवें सर्ग में विविध अभिलाषाओं का प्रदर्शन, पन्द्रहवें सर्ग में मूर्छावस्था में श्रीकृष्ण बलराम दर्शन तथा षोडश में चरित नायक और ग्रंथकार का मिलन वर्णित है । सतरहवें सर्ग में गुरुदेव की अन्तर्धान लीला व शिष्यगण वियोग तथा अठारहवें सर्ग में भक्ति व हरिप्रेष्ठ का उपदेश वर्णित है । यथा-

बाल्ये बालविलासहासमतिना मातुः पयः पीयते,

तारुण्ये तरुणीविलासमतिना कान्ताऽधरः पीयते ।

वार्द्धक्ये बहुचिन्तयाऽल्पमतिना चिन्तारसः पीयते,

नो केनापि मुकुन्द-लीन-मतिना नामामृतं पीयते ॥

श्री वनमालिदास की भाषा प्रौढ, प्रवाहमयी और कोमल कान्त पदावली युक्त है । इनके व्याकरणिक प्रयोग उत्तम हैं । विभिन्न छन्दालंकारों से युक्त यह काव्य वैदर्भी, पाञ्चाली तथा यदा कदा गौड़ी शैली को अपनाता है ।

महाकवि का अध्ययन गहन है, फलतः उनकी कृति में अनेक उद्धरण दिये गये हैं । महाकाव्य को मनोरम व्यावहारिक सूक्तियों से सजाया गया है । यथा - द्रुतं विधेयं विदधीत नो यमः, प्रतीक्षतेऽनेन कृतं न ना कृतम् । न नियतिं क्रमितुं क्षमते जनः । करगते विषयेऽपि विरागिता, भवति यस्य स एव जनो महान् ।

यह काव्य महाकाव्यीय गुणों से युक्त है । कवि ने सूर्यचन्द्रोदयादि प्राकृतिक वर्णनों को अपनाया है । सत्य तथ्यों को प्रस्तुत किया गया है । हरियाणा की संस्कृत महाकाव्य सरणि में इस काव्य का विशिष्ट स्थान रहा है ।

## (६) गाङ्गेयमहाकाव्यम्

इस महाकाव्य के प्रणेता पं0 चन्द्रभानु शास्त्री हरियाणा के प्रौढ संस्कृत साहित्यकार हैं । पण्डित जी का जन्म सन् १९१८ ई0 में गाँव - छिछड़ाना (जिला-सोनीपत) में हुआ । आपकी माता का नाम श्रीदेवी तथा पिता का नाम श्री तुलसी राम है ।

गाङ्गेय महाकाव्य १० सर्गों का एक महाकाव्य है । हरियाणा अकादमी द्वारा प्रदत्त आर्थिक सहयोग से इसके प्रथम भाग का प्रकाशन १९८० ई0 में तथा द्वितीय का १९८८ में हुआ । कवि ने तीन मंगलाचरण के श्लोक लिखे हैं । बाँके बिहारी की वन्दना में कवि लिखते हैं -

रासाङ्गरागपरिधूसरितानना‌ब्जम्
विद्युच्छटाच्छुरितकाव्यकलानिधानम् ।
बाँकेविहारिणमहं हृदये विचिन्त्य
गाङ्गेयकाव्यमतिसौरभमातनोमि ॥

इस महाकाव्य का भाषानुवाद शास्त्री जी के सुपुत्रों श्री सोमदत्त व विष्णुदत्त ने किया है । प्रस्तावना पं0 शिवदत्त जी ने लिखी है ।

प्रथम सर्ग में कवि ने परशुराम जी से मिलने आये ऋषियों की बातचीत से काव्यारम्भ किया है । द्वितीय सर्ग में सूर्योदय, शाल्वराज की सभा, अम्बा का प्रवेश, तथ्य कथन, शाल्वराज द्वारा उसे भीष्म की पत्नी प्रमाणित कर भीष्म के पास भेजना, तृतीय सर्ग में अम्बा का भीष्म की सभा में आगमन, वार्तालाप, पुनः शाल्वराज के पास प्रेषण, चतुर्थ सर्ग में अम्बा के परशुराम के पास जाकर भीष्म की शिकायत करने, भीष्म को बुलाये जाने तथा पञ्चम में भीष्म व परशुराम के विचार विमर्श करने व युद्धार्थ तत्पर होने का वर्णन किया गया है ।

छठे सर्ग में युद्ध विराम पर अम्बा के खिन्न होने, सातवें में अम्बा द्वारा यमुनाश्रम जाने, आठवें में वत्साश्रम जाने, नवें में दिलीपाश्रम जाने तथा दशम में गर्गाश्रम जाने का वर्णन है । काव्य के अन्त में अम्बा द्वारा आत्मदाह करने का वर्णन तथा कवि की पत्नी का वियोग वर्णित है ।

इस काव्य का कथानक महाभारत पर आधारित है । महाकाव्य की भाषा भावानुकूल प्रवाहित होती है । कवि शृंगार रस के सर्जक हैं । उदाहरण देखिये -

राकेशमञ्जुलमुखीन्नयनाभिरामाम्

प्रोन्नत्पयोधररसाभिंनिवेशजुष्टाम् ।

गण्डस्थलापतितवेणियुगावृताङ्गीम्

आलोक्य कः परिजहातु मदोत्तमाङ्गीम् ।।

अम्बाकृत विलाप कितना मार्मिक बन पड़ा है-

ममाद्य लुण्ठितं सर्वमापणे विततेत्विह ।

सर्वं सोढुं समर्थास्मि वज्रसारायते तनुः ।।

इति विक्रोशमायान्ती कुररीव रुरोद सा ।

अस्तव्यस्तशरीरा हा ! केशोल्लुञ्चनविह्वला ।।

कवि की उपमा भी उत्तम है -

वीक्ष्यालकावृतामिदन्नयनाभिराम -

मानन्दमाननमहो ! स्मरणीयशोभाम् ।

शैवालकावृतसरोरुहगर्भभृङ्ग-

मत्यन्तमेव तुलनामतिरोहिता द्वे ।।

इस महाकाव्य में कर्म, दर्शन एवं आध्यात्मविद्या के अनेक उल्लेख देखे जा सकते हैं । इस महाकाव्य का नायक भीष्म धीरोदात्त है । अम्बा इस काव्य की नायिका है । वीर रसोपेत यह महाकाव्य भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत करने वाली एक उत्तम कृति है ।

## (७) अमरचरितं काव्यम्

यह महाकाव्य पं0 रामेश्वरदयाल शास्त्री ने लिखा है । शास्त्री जी का जन्म ग्राम पालहावास (महेन्द्रगढ़) में पं0 श्यामसुन्दर के यहाँ हुआ था । पं0 जी राजकीय विद्यालय से संस्कृताध्यापक के पद से सेवामुक्त होकर साहित्यसृजन में लीन हैं ।

आश्रम हरिमंदिर संस्कृत महाविद्यालय, पाटौदी के संस्थापक स्वामी अमरदेव जी को चरितनायक मानकर आपने सन् १९८४ ई0 में बीस सर्गीय महाकाव्य की रचना की है । काव्य हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत है । मंगलाचरण में कवि ने गणेश जी की वन्दना की है -

नागाननं भग्नरदैकरम्यं गौरीसुतं मोदकमंजुलाभम् ।

लम्बोदराधारविशालदेहं वन्दे विधूताखिलविघ्नवर्गम् ।।

कथा का क्रम करते हुए शास्त्री जी लिखते हैं कि विभाजन पूर्व पंजाब में नाभा रियासत के अन्तर्गत कन्सूल नामक गाँव के लालसिंह के राजदेवी के संपर्क से विक्रम सं0 १९४१ में माघ मास की पूर्णिमा को एक दिव्य पुत्र अमरसिंह का अवतार हुआ तदनन्तर शिशु क्रीडाओं तथा सोलह वर्ष की अवस्था में गृहत्याग का वर्णन है। द्वितीय सर्ग में बालक का ऋषिकेश गमन तथा स्वामी कल्याणदास का शिष्यत्व ग्रहण करने, तृतीय में गुरु की खोज तथा अन्तिम संस्कार करने, चतुर्थ में हरिद्वार जाने तथा पंचम मे यात्रा का वर्णन हैं।

छठे सर्ग में पुनः हरिद्वारगमन, सातवें में कोटनाई में चमत्कार करना, आठवें में आमूद खान को सचेत करना तथा नवें में कोटनाई में संस्कृत विद्यालय की स्थापना करना वर्णित है। दशवें सर्ग में अज्ञानी पंजाब-वासियों को विद्यादान करना, ग्यारहवें में चमत्कारों का प्रदर्शन करना, बारहवें में वजीरे डाकुओं को उपदेश करना तथा तेरहवें में भक्त टोपनदास के पुत्र कृष्ण का शरणागत होना वर्णित है। चौदहवें सर्ग में कुख्यात गुण्डे रमजान का हृदय परिवर्तित करना, पन्द्रहवें में कृष्ण की दीक्षा सम्पादित करना, सोलहवें में स्वप्नदर्शन और विचार, सतरहवें में ईसाई भक्त का शरण में आना, अठाहरवें में कैन्सर पीड़ित होना, उन्नीसवें में श्रीकृष्णदेव को स्वप्न में दर्शन देना तथा बीसवें में अमरपुरी का निर्माण वर्णित किया गया है। काव्य की समाप्ति में यह श्लोक है-

सम्पूजितौ भक्तजनैः सुवृत्तैः
संस्पृश्य भालेन सदैव धृष्टौ।
देवस्य विघ्नौघविनाशशीलौ
श्रेयांसि पादौ दिशतां समेषाम् ॥

शास्त्री जी की यह कृति महाकाव्य के लक्षणों से युक्त है। इसका नायक महापुरुष और चरित्र नायक है। कवि की भाषा सरल एवं प्रवाहमयी है। उपमा,रूपकादि अलंकारों के साथ-साथ प्रकृति चित्रण के अनेक प्रसंग इस कृति में हैं। कवि प्राचीन संस्कृत साहित्यकारों से प्रभावित है। इसमें अनेक सुभाषित भी दिये गये है। सम्पूर्ण रूप में यह महाकाव्य उत्तम चरित्रकाव्य है।

## (८) श्रीशङ्कराचार्यचरितम्

दण्डी स्वामी श्री (डॉ0) निगमबोध तीर्थ (पूर्वाश्रम में पं0 राधाकृष्ण शास्त्री) का जन्म लोहारी (जिला-भिवानी) में हुआ था। आपने श्रीशंकराचार्यचरितम् महाकाव्य लिखा है जिसका प्रकाशन परिमल पब्लिकेशन्स, दिल्ली ने सन् १९८८ ई0 में किया है। यह काव्य हरियाणा साहित्य अकादमी, उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी तथा पंजाब सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

यह महाकाव्य त्रयोदश सर्गात्मक है । प्रथम नौ श्लोक मंगलाचरण के हैं-

श्रीशंकरं दिव्यविभाप्रधानं
देवाधिदेवैरपि कीर्त्यमानम् ।
भक्तार्तिविध्वंसनसावधानं
देव्या समं नौमि कृपानिधानम् ।।

इस महाकाव्य के सर्ग नाम इस प्रकार हैं - (१) शङ्करोत्पत्ति (२) विद्याप्राप्ति (३) प्रव्रज्यानुमति (४) प्रव्रज्याऽवाप्तिक (५) विश्वनाथदर्शन (६) भाष्यनिर्माण (७) जननीदेहत्याग (८) श्रीमण्डनमिश्रपराजय (९) श्रीमिश्रदीक्षा (१०) तीर्थाटन (११) पद्मपादटीका का उद्धार (१२) मठस्थापना एवं (१३) स्वधामगमन।

दण्डी स्वामी निगमबोध तीर्थ का यह महाकाव्य चरित्र महाकाव्य है । इसके नायक वेदान्तविद् भगवान् आद्य शंकराचार्य हैं जो कि धीरेदात्त नायक हैं । महाकाव्य का प्रतिपाद्य धार्मिक और ऐतिहासिक है । इस काव्य का फल मोक्ष प्राप्ति है । महाकाव्य नगर, उपवन, जलाशयादि प्राकृतिक वर्णनों से युक्त है । इसका प्रधान रस शान्त है तथा शैली वैदर्भी है । प्रसाद गुणोपेत यह महाकाव्य अनेकविध छन्दालंकारों से अलंकृत है । उपमा का यह उदाहरण दर्शनीय है-

ततश्च जातो विमलो विचारः
श्रीमण्डनेन प्रभुशङ्करस्य ।
तौ सोमसूर्याविव भूतलस्था-
वास्तां तदा तत्र विराजमानौ ।।

कवि ने सरस, सरल और प्रभावोत्पादक भाषा का प्रयोग किया है-

बभूव तस्य विप्रस्य भार्या धर्मानुसारिणी ।
आर्याम्बेति पवित्राख्या पतिचित्तानुवर्त्तिनी ।।

प्रत्येक सर्गान्त में कवि ने छन्द परिवर्तन नियम की परिपालना की है । काव्य में कुल ६२५ श्लोक हैं । काव्य का भाषानुवाद पं0 शिवनारायण शास्त्री ने किया है। अनेकानेक विद्वानों एवं महात्माओं की इस कृति पर शुभकामनायें अंकित हैं । यह महाकाव्य एक उत्तम काव्य रचना है, स्तुत्य है, अभिनंदनीय है ।

## (९) हरिश्चंद्रमहाकाव्यम्

श्री आयुर्वेद महाविद्यालय, खानपुरकलां के भू0 पू0 प्राचार्य डॉ० बलवीर दत्त शास्त्री ने दश सर्गात्मक हरिश्चंद्रमहाकाव्य की रचना की है । यह महाकाव्य

'भारतोदय' पत्रिका में क्रमशः प्रकाशित हुआ है । कवि ने सर्वप्रथम भगवान् शिव तथा भगवती भारती की वन्दना की है-

नमस्तस्मै महेशाय हन्ति विघ्नकुलानि यः ।

भारती भातु मे कण्ठे सत्योपाख्यानवर्णने ।

इस महाकाव्य में सुप्रसिद्ध दानवीर महाराजाधिराज हरिश्चन्द्र का चरित वर्णित किया गया है । इसके सर्ग नाम इस प्रकार हैं-

(१) हरिश्चद्र विवाह राज्यतिलकादि वर्णन (२) विश्वामित्र का कोप (३) राज्य समर्पण (४) सदारपुत्र काशीगमन (५) काशीवास (६) शैव्या विक्रय (७) कलुवाहस्त विक्रय (८) रोहिताश्वसर्पदशन (९) चिता रचना (१०) रोहिताश्व राज्यारोहण ।

डॉ0 शास्त्री का यह महाकाव्य चरित महाकाव्य है । इसके नायक हरिश्चन्द्र व नायिका शैव्या है । महाकाव्य के तत्त्वों का पालन किया गया है । अलंकारप्रयोग किया है । यथा- तारालोचनयोरिव । लोचनतारको । वज्रपाता इव । छाया यथा धावति मानवञ्च । ज्योत्स्ना यथा चन्द्रमसं प्रयाति इत्यादि । अनुप्रास की छटा अवलोकनीय है-

''सुधियः साधवः सन्तः समादरपुरःसरम् ।।''

काव्य की भाषा सरल, सरस तथा भावात्मक है । अनेक छन्दों में रचना किये जाने के साथ-साथ महाकाव्य लक्षणों का पूरा ध्यान रखा गया है । यह निस्संदेह एक उत्तम काव्य कृति है ।

इस प्रकार हरियाणा में बीसवीं शताब्दी में अनेक महाकाव्यों की रचना हुई है। संस्कृत विद्वानों का हरियाणा संस्कृत साहित्य को ही नहीं प्रत्युत विश्व संस्कृत साहित्य को यह एक महान् योगदान है ।

## स्वातन्त्र्योत्तर ललित संस्कृत वाङ्मय :

# गुजरात का प्रदान

डॉ0 राजेन्द्र नाणावटी

इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि संस्कृत आज अति अल्प मात्रा में व्यवहार भाषा है, प्रायः वह अभ्यास भाषा ही बनकर रह गयी है । विद्वद्गोष्ठियों या कवि-सम्मेलनों को छोड़कर व्यवहार में कदाचित् ही संस्कृत भाषा का प्रयोग किया जाता है । संस्कृत की कदाचित् ऐसी ही अवस्था कई शताब्दियों से इस देश में रही । यही कारण है कि संस्कृत साहित्य की भाषा शैली का विकास शताब्दियों में एक ही प्रकार का रहा-प्रायः शब्दचमत्कृतिप्रधान और विषयवस्तु-बिम्बविधान-अर्थचमत्कृति आदि में परंपरानुसारी । तथापि संस्कृत भाषा में उत्तम रचनाएँ होती रहीं क्योंकि वह इस समूचे विशाल देश की विद्वद्भाषा थी और शताब्दियों के अन्तराल मे ं इस विशाल उपखण्ड में संस्कृत में ललित रचना के लिए प्रवृत्त होने वाले अनेकों में से कुछ तो ऐसे कवि अवश्य हुए जिनकी रचना कालजयी सिद्ध हुई।

वर्तमान काल में भी संस्कृत की अवस्था प्रायः वैसी ही है । केवल, विद्वानों का अपेक्षाकृत अल्प समुदाय संस्कृत भाषा साहित्य के अभ्यास की ओर आकृष्ट होता है । आज भी संस्कृत में ललित साहित्य का सृजन अवश्य हो रहा है, अलबत्ता ,ऐसा साहित्य अल्पसंख्यक होना स्वाभाविक है । तो भी हम इस आशा से परे नहीं कि इन रचनाओं में से कुछ तो ऐसी होगीं जो कालजयी सिद्ध हों, या फिर काल प्रवाह में डूब जाने से पूर्व कुछ दूर तक तो बहें । स्वातन्त्र्योत्तर गुजरात की ललित संस्कृत रचनाओं के इस सर्वेक्षण में भी यथामति ऐसी कुछ विशेष रचनाओं के प्रति ध्याना- कर्षण करने का प्रयास है ।

अर्वाचीन भारतीय भाषाओं में भी जहाँ पुस्तक प्रकाशन की समस्या कठिन है वहाँ संस्कृत भाषा में पुस्तक प्रकाशन की दशा दुर्घट होना स्वाभाविक है । संस्कृत रचनाएँ प्रायः सामयिक पत्रिकाओं में ही प्रकाशित होती हैं । गुजरात की ऐसी पत्रिकायें तीन हैं- (१) बृहद् गुजरात संस्कृत परिषद् अमदाबाद से प्रकाशित वार्षिकी 'साम्मनस्यम्', (२) संस्कृत महाविद्यालय, बड़ौदा से प्रकाशित वार्षिकी 'सुरभारती' तथा (३) भारतीय विद्या भवन, बम्बई से प्रकाशित त्रैमासिकी 'संवित्' । संवित् को गुजरात की पत्रिका इसलिए कहा है क्योंकि गुजरात के कुछ संस्कृत रचनाकारों की रचनाएँ इसमें प्रायः प्रकाशित होती रही है ।

संस्कृत लेखकों को आकाशवाणी (और कभी कभी दूरदर्शन) की ओर से प्रोत्साहन अवश्य प्राप्त होता है । आकाशवाणी की आवश्यकता के कारण रेडियो-नाटिका की नयी प्रविधा निष्पन्न हुई और कई लेखकों ने अकाशवाणी के निमन्त्रण से लघु रेडियो-नाटिकायें लिखी और प्रसारित होने के बाद उन्हें सामयिकों में प्रकाशित भी करवाया ।

परन्तु आकाशवाणी और पत्रिकाओं में प्रसारित-प्रकाशित कई लेखकों की कुछ महत्त्वपूर्ण साहित्य-रचनाएँ अभी ग्रन्थस्थ नहीं हो सकी । ऐसे कुछ लेखकों का नामनिर्देश यहाँ करना अनुचित न होगा । स्वर्गीय अनन्तकृष्ण दवे के दो दीर्घकाव्य-रामायण और महाभारत की कुछ महत्त्वपूर्ण घटनाओं को वर्णित करने वाला उपजाति छंद में रचा गया श्लोक शतक 'भारतगौरवगाथा' तथा वेदान्त सिद्धान्त का निरूपण करने वाला 'तत्त्वनिरूपणम्' संवित् के पृष्ठों पर प्रकाशित हुए हैं । जयन्तकृष्ण दवे ने शिवमहिम्नःस्तोत्र की परिपाटी पर 'सोमराजस्तवः' की रचना की और स्वर्गीय कन्हैयालाल मुन्शी जी की प्रसिद्ध कथा 'कृष्णावतार' के कुछ अंशों का अनुवाद किया। ये संवित् में छपे हैं । बड़ौदा के प्रो0 अरुणोदय जानी का 'शर्मण्यदेशप्रवासः' नामक यात्रावर्णन तथा 'विवाहः' , 'सूर्योदयः' आदि लघु नाटिकाएँ संवित् में प्रसिद्ध हुईं । सूरत के डॉ0 अरुणचन्द्र शास्त्री ने 'हास्यशतकम्' में सौ कटाक्षपूर्ण पद्यों की रचना की जो साम्मनस्यम् में प्रकाशित हुई हैं । बड़ौदा के डॉ0 जयदेव जानी 'रसराज' काव्य-लघुकथा-रेडियोनटिका आदि विधाओं में प्रवृत्त हैं; इनकी रचनाएँ भी प्रायः संवित् में प्रकाशित होती रहती है । गुजरात के साम्प्रतकालीन प्रमुख संस्कृत कवि डॉ0 हर्षदेव माधव की अनेकानेक काव्यरचनाएँ संवित् तथा साम्मनस्यम् में प्रसिद्ध होती रहती है । सूरत के स्वर्गीय गजेन्द्रशंकर लालशंकर पंड्या के कई प्रहसन संवित् में प्रकाशित हुए । सूरत के ही स्वर्गीय जनक दवे ने 'शंकरविजयः', 'पूर्णं सप्तर्षिमण्डलम्', 'महावीरनिर्वाणम्' जैसे अनेकाङ्की तथा कथावस्तु में गंभीर अर्थ निहित रखने वाले नाटकों की रचना की, पर इनकी तीनों रचनाएँ संवित् के अंकों में ही क्रमशः छपती रहीं । ये कदाचित् ही ग्रन्थ रूप में उपलब्ध हो सकेंगी । आचार्य भाई शंकर पुरोहित तो संवित् के संपादक ही हैं । इनके लिखे कुछ संक्षिप्त जीवनवृत्तों का एक संग्रह 'अभिनवज्योतिर्धराः' [१] दो वर्ष पूर्व ग्रन्थ रूप में प्रकाशित हुआ ।

आकाशवाणी के लिए लघु रेडियो नाटिकाओं का सृजन करने वालों में बड़ौदा के डॉ0 जयदेव जानी, प्रो0 अरुणोदय जानी, डॉ0 हरिप्रसाद शास्त्री, डॉ0 मधुसूदन पाठक, पं0 लक्ष्मीशंकर शुक्ल, अहमदाबाद के प्रो0 कृष्णचन्द्र शास्त्री, डॉ0 शान्तिकुमार पंड्या, डॉ0 लक्ष्मेश जोशी, श्री घनश्याम त्रिवेदी, प्रा0 वासुदेव पाठक, प्रा0 सुरेश दवे, राजकोट के आचार्य जयानन्द दवे आदि कई नाम लिये जा सकते हैं । प्रा0 वासुदेव पाठक की दो दीर्घ गीतिनाट्य रचनाएँ 'मा भूदेवम्,' और

'आराधना' आकाशवाणी से प्रसारित हुई हैं। इनमें से कई नाटिकायें प्रसारणोपरान्त संवित् अथवा साम्मनस्यम् अथवा कदाचित् सुरभारती में भी प्रकाशित होती रही है। बड़ौदा की संस्कृत विद्वत् सभा तथा अहमदाबाद की वृहद् गुजरात संस्कृत परिषद् अपने वार्षिकोत्सव में संस्कृत नाटिकाओं का मंचन तथा संस्कृत गरबा का प्रस्तावन करती हैं। इस हेतु भी कुछ एकांकी नाट्यरचनाएँ की गयी तथा संस्कृत में भी गरबा लिखे जाने लगे। 'गरबा' के लिये यहाँ 'मण्डलगान' संज्ञा प्रयुक्त की गयी है और ऐसे मण्डलगानों के कुछ संग्रह भी प्रकाशित हुए हैं। विद्वत्सभा द्वारा प्रकाशित 'संस्कृतमण्डल-गानानि'[२] में पण्डितपंचानन बदरीनाथ शास्त्री, विद्याभास्कर मणिशंकर उपाध्याय, पं० लक्ष्मीशंकर शुक्ल, डॉ० जयनारायण पाठक, प्रो० अरुणोदय जानी तथा श्री प्रद्युम्न शुक्ल की रचनाएँ संगृहीत हैं। चाणोद के पं० छगनलाल धनेश्वर शास्त्री की रचनाओं का संग्रह 'मण्डलगानवल्ली' नाम से प्रकाशित हुआ है। वासुदेव पाठक की भी संस्कृतगरबावली[३] प्रकाशित है।

इनके उपरान्त भी पं० केशवराम का० शास्त्री, डॉ० भगवतीप्रसाद पंड्या, पं० दानीदत्त झा, डॉ० गौतम पटेल, जयदत्त शास्त्री, डॉ० एम० वी० जोशी, कालिका प्रसाद शुक्ल, अमीरचंद शास्त्री, हरिप्रसाद मेहता, प्रभाकर डोंगरे, रमेश शाह, डॉ० श्रीमती उमा देशपांडे, श्रीऋषिराज अग्निहोत्री, आचार्य मोहिनी आदि कई लेखक प्रसंगोपात्त संस्कृत काव्यादि की रचना करते रहें हैं और उन्हें यत्र तत्र प्रकाशित भी करते रहे हैं।

कुछ ऐसे भी रचनाकार हैं जिनकी स्वरचित कृतियाँ अप्रकाशित रूप में किसी उद्धारक की राह देख रही है। बड़ौदा के संन्यास मठके वर्तमान आचार्य श्री निरंजन देव तीर्थ जी की नाट्यरचना 'द्रौपदीस्वयंवरम्' अद्यावधि अप्रसिद्ध है।

बड़ौदा के पंडितपंचानन बदरीनाथ शास्त्री की कुछ सुन्दर नाटिकाएँ संस्कृत विद्वत्सभा के वार्षिकोत्सवों की पुस्तिकाओं में छपी बिखरी पड़ी है। इनमें 'राधाविनोदः (?) 'मालिनी' (१९५९), 'रत्नावली' (१९६२), 'मिथ्यावासुदेवः' (१९६६) आदि समाविष्ट है। इनके संवादो की भाषा बड़ी मँजी हुई, प्रशिष्ट नाटकों की भाषा के समान फिर भी सरल, प्रवाही और कभी शास्त्रनिर्देश (allusions) वाली तो कहीं लौकिक मुहावरेदार भी होती है। हलके-फुलके प्रसंगों का साहजिक क्रीडागति से निर्वाह और नाटिका का अचानक और सूचक समापन इनके संविधान की विशेषता है। 'रत्नावली' में कृष्ण की म्लानता से चिन्तित मित्र श्रीदामा नारद के सूचन से कृष्ण के साथ मिलकर राधा की नवग्रहरत्नावली चुराता है। अन्त में राधा की सखियाँ कृष्ण की चोरी जान जाती हैं। तब नाटिका की समाप्ति ऐसे होती है।

राधा-इयं मे रत्नावली।

कृष्णः-इयं मे रत्नावली।

'मिथ्यावासुदेवः' में पौण्ड्रक के पात्र का निरूपण शकार के पात्र का समर्थ अनुकार है । अपने राज्य से कवियों के उड़ जाने के कारण प्रतिहारी के समक्ष वह स्वयं अपना वर्णन इस प्रकार करता है-

पौण्ड्रकः-वात्योथितो रेणुस्तम्भ इवास्मि भूमौ
व्योम्न्यस्मि सधूम इव धूमकेतुः ।
पाताले च तक्षक इवास्मि धृतकालकूटः
लोकत्रयेऽपि प्रथितोऽस्मि जनैर्नरैश्च ॥
प्रतिहारिन्, वद कीदृशं काव्यम् ?

प्रतिहारी-अहं किं वर्णयिष्यामि । एतच्छ्रुत्वा सर्वेऽपि कवयः श्येनभीता विहङ्गा इव पक्षान् फडफडायिष्यन्ते । न यत्र वृत्तं चिन्तनीयं,न शुद्धिः, न ह्रस्वः, न दीर्घः, न च पुनरुक्तिः ।

पौण्ड्रकः-साधूक्तम्, सर्वेऽपि कवय एवमेव काव्यं कुर्वन्ति । इयमेव स्वतन्त्रता काव्यस्य ।

प्रतिहारी-लोकस्यापि इत्यपि वक्तव्यम् ।

शास्त्रीजी ने नाट्य रचनाओं की ओर पर्याप्त मात्रा में ध्यान नही दिया, नही उनकी रचनाओं का कोई संग्रह हो पाया है- ये दोनों बातें खेदजनक हैं ।

ग्रन्थ रूप में जिनकी रचनाएँ प्रसिद्ध नही हो पायीं ऐसे रचनाकारों में एक महत्त्वपूर्ण नाम है सूरत के (अब स्वर्गीय) श्री जनक दवे का । श्री दवे शिक्षक थे । उन्होंने हिन्दी भाषा के प्रचार के लिए भी कार्य किया । इनके तीन नाटक हैं । तीनों क्रमशः संवित् में प्रकाशित हुए । 'पूर्ण सप्तर्षिमण्डलम्' पौराणिक कथानक का नाट्यरूपान्तर है । 'महावीरनिर्वाणम्' पन्द्रह से अधिक दृश्यों में विभाजित है । 'शंकरविजयम्' आद्य शंकराचार्य के जीवन की कुछ प्रमुख घटनाओं का सात अंकों में नाट्य रूप है । श्री दवे गंभीर प्रकृति के व्यक्ति थे और इनकी नाट्य रचनाएँ भी गंभीर विचारों को नाट्यायित करने का प्रयास करती हैं । उदाहरणतः इनके 'शंकरविजयम्' में कन्याहरण करते दुष्ट कापालिकों की पश्चाद्भूमि में आचार्य का जन्म इनके जीवन कार्य का निर्देश करता है । सात वर्ष के बालक के चित्त में 'मोहमुद्गरसूक्त' की पंक्तियों का प्रफुल्लन होना इनकी भावी साहित्यिक प्रतिभा का सूचन करता है । परकायाप्रवेश से रतिक्रीडा की महत् सर्वव्यापी एकात्मता का युगल अनुभव आचार्य को 'शिवः केवलोऽहं' के अस्मत्प्रत्ययके समान ही युष्मत्प्रत्यय की सत्यता को भी स्वीकार करने के लिए बाध्य करता है । आजन्म ब्रह्मचारी को

यह अनुभव निषिद्ध है, अतः उसका ज्ञान अपूर्ण है, अर्थात् वह एकदेशिन् है और 'एकदेशज्ञानिन आचार्यपदवी न युक्ता ।' परकाया प्रवेश के रति-अनुभवों की अर्थपूर्णता श्री दवे आचार्य के व्यक्तित्त्व की इस अपूर्णता को पूरा करने में बताते हैं और आचार्य के विशृंखल दिखाई देते जीवन प्रसंगों की सूक्ष्म एकाग्रता और इनमें अन्तर्निहित भारतीय जीवनदर्शन की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। ऐसे गंभीर अर्थघटन, इनका अपनी वस्तुसामग्री के ऊपर प्रभुत्व और सूक्ष्म जीवनदर्शन इनके नाटकों की महनीय विशेषता है। और इन नाटकों का ग्रन्थ रूप में न होना आधुनिक संस्कृत साहित्य के लिए हानि है।

सूरत के ही स्वर्गीय गजेन्द्र शंकर लालशंकर पंड्याका एक 'विषमपरिणयम्'[४] नामक पंचांकी वृद्ध पुरुष के साथ तरुण कन्या के विवाह के सामाजिक दूषण को विषय बनाने वाला करुणान्त नाटक १९३२ में छपा था। इनके आठ प्रहसन- 'नियमनम्' 'सुभगमातिथ्यम्', 'वेदोत्तमः' 'कस्त्वम्', 'कस्य दोषः' 'कः श्रेयान्', बुद्धिमत्ता और 'प्रचुरबुद्धिप्रभावम्' -१९७० के बाद 'संवित' के पृष्ठों पर छपे। इन नाटकों के विषय वस्तु हैं वर्तमान समाजजीवन के दूषण किन्तु इनका हास्य कोई कक्षा सिद्ध नहीं कर पाता, और नाटक भी कहीं कहीं तो केवल छिछले संवाद बन कर रह जाते हैं[५]।

कुछ नाटक ग्रन्थस्थ हुए भी हैं। नागरदास अमरजी पंड्या का निधन स्वातन्त्र्योपरान्त हुआ। इनका एकमात्र पञ्चाङ्की नाटक 'श्रीरुक्मिणीहरणम्' १९२३ में वढवाण (गुजरात) प्रकाशित हुआ था। गुजरात के प्रख्यात नाटककार बड़ौदा संस्कृत महाविद्यालय के प्रथम आचार्य मूलशंकर माणिकलाल याज्ञिक १९६५ तक जीवित थे। पर इनके तीनों प्रसिद्ध नाटक-सप्ताङ्की 'संयोगितास्वयंवरम्' (१९२८) दशाङ्की 'छत्रपतिसाम्राज्यम्' (१९२९) और नवाङ्की 'प्रतापविजयम्' (१९३१) - स्वातन्त्र्य पूर्व बड़ौदा से प्रकाशित हुए। अहमदाबाद के श्री गिरजाशंकर नाथुजी द्विवेदीने अपने १७ नाट्यसंवादों को 'संवादसंग्रहः'[६] नाम से ग्रन्थ रूप में प्रकाशित किया है। अहमदाबाद के ही श्री घनश्याम त्रिवेदी अकाशवाणी-प्रसारण तथा वार्षिकोत्सवों में मंचन के लिए एकांकी लिखते रहते हैं। इनके दो नाट्यसंग्रह 'नूतननाट्यप्रस्थानम्' (१९७७) तथा 'नूतननाट्यकौमुदी' (१९८२) प्रकाशित हुए हैं।[७] इन एकांकियों में संवाद और घटना प्राप्त होते हैं, भाषा में लोकबोली का प्रतिबिम्ब भी प्राप्त होता है, पर प्रायः इनमें संविधानशैथिल्य, संविधान में किसी अन्तर्निहित दृष्टि का अभाव और साहित्यिकता की कमी अनुभव होती है। भावनगर के प्रा० जयन्तीलाल अ० भट्टकी दो लघुनाटिकाएँ 'मानसशाकुन्तलम्' (१९८०) और 'गीतामानसमङ्गलम्' (१९८३) तथाकथित नये दृष्टिकोण और नयी तकनीकों का प्रयोग करने की चेष्टा करती हैं।[८]

स्वातन्त्र्योत्तर काल के नाटकों में स्वर्गीय आचार्य जीवनलाल परीख की एकमात्र नाटिका 'छायाशाकुन्तलम्'[१] (१९५३,१९८६) अपनी निजी विशेषता लिये हुए है। जैसे शीर्षक से स्पष्ट है, 'उत्तररामचरितम्' की छाया-सीता की तकनीक का प्रयोग 'शाकुन्तलम्' में करके इसमें एक सुन्दर परिणाम सिद्ध किया गया है। लेखक ने दुर्वासा के शापकी बात केवल प्रियम्वदा तक ही सीमित रखी है। तब राक्षसों का पराजय करके शापमुक्त पश्चात्तापयुक्त दुष्यन्त कण्वाश्रम में अपने पूर्व प्रणय के स्थानों की संभावना करने आता है। शकुन्तला को भी वहाँ किसी बहाने छाया रूप में लाया जाता है और वह स्वयं दुष्यन्त को इन स्थानों के दर्शन से होती हुई पीड़ा को देखती है। भवभूतिकी वासन्ती के समान अनसूया भी, शापकी बात से अनभिज्ञ होने से, राजा दुष्यन्त से कठोर प्रश्न करती है। शकुन्तला का अपमानशल्य तब दूर होता है जब प्रियम्वदा आकर दुर्वासा के शाप की बात प्रकट करती है। दुष्यन्त की पीड़ा और मूर्च्छा के लिए यहाँ शकुन्तला का स्पर्श ही उपाय है। कण्वाश्रम की प्रकृति भी यहाँ पञ्चवटी की प्रकृति के समान कार्य करती है। नाटिका के संविधान में 'उत्तररामचरितम्' के छायादृश्य का प्रभाव होना अनिवार्य है। पर लेखक की शैली कालिदास के समान निर्मल प्रसादयुक्त और किसी प्रकार के अतिशय से मुक्त है। 'शाकुन्तलम्' की कुछ घटनाओं का 'उत्तररामचरितम्' की योजना में दर्शन नाटिका को मधुर आस्वाद देता है। जैसे-

अनसूया-देव पश्य पश्य, इदं तद् वेतसगृहम्-

यत्र त्वया विरहतापविदह्यमाना
शय्यां श्रिता शिशिरलेपनमादधाना।
संवीजिता कमलिनीदलवृन्तवातै-
र्दृष्टा तदा मदनलेखपरा सखी मे ॥

अथवा

अनसूया-देव, इतः पश्य-

अस्मिन्नेव शकुन्तलासहचरः कुञ्जे त्वमासीस्तदा
दीर्घापाङ्गमृगेण तेऽपरिचयात्पीतं न हस्ताज्जलम्।
तस्मिन्नेव जले पुनः स्वकरयोः सख्या गृहीते स्वयं
पानाय प्रणयः कृतः कमलिनीपत्रस्थिते सत्वरम् ॥

'छायाशाकुन्तलम्' आधुनिक एकांकी नाट्यरचना के सभी लक्षण प्रकट करते हुए भी पारंपरिक लक्षणों को निभाती है और प्रशिष्ट नाट्यकृति बन पड़ी है।

गद्य में उपन्यास, लघुकथा, चिन्तनात्मक गद्य, प्रवास-कथा, आत्मवृत्तान्त इत्यादि मे अल्प ही लिखा गया है। जयन्तकृष्ण दवे द्वारा अनूदित कन्हैयालाल मुन्शी की कथा 'कृष्णावतार' के कुछ अंश 'संवित्' में प्रकाशित हुए। बड़ौदा के पं० बदरीनाथ शास्त्री ने चूनीलाल वर्धमान शाह के उपन्यास 'अवन्तिनाथ' का प्रायः सम्पूर्ण अनुवाद किया पर उसका अल्प अंश ही प्रकाशित हो पाया है। डॉ० जयदेव जानी 'रसराज' भी गद्य में लघु कथाएँ लिखते हैं, अभी एक उपन्यास लिखने का प्रयास कर रहे हैं। वासुदेव पाठक का 'रसबोधः'[१०] पञ्चतन्त्र के प्रकार की २५ कथाओं का संग्रह है। ललितकुमार शास्त्री के चिन्तनप्रधान लघु निबन्धों के विष्णुदेव पंडित द्वारा किये गये अनुवादों का संग्रह 'अमृतधारा' (१९७९) शीर्षक से अहमदाबाद की बृहत् गुजरात संस्कृत परिषद् से प्रकाशित हुआ है।

स्वर्गीय प्रो० गौरीप्रसाद झाला संस्कृत विद्वान् प्राध्यापकों में भी आदरणीय थे। इनकी कुछ काव्यरचनाएँ, कुछ गद्य निबन्ध तथा तीन नाटिका-संवाद इनके निधन (१९७१) के उपरान्त 'सुषमा'[११] (१९८१) शीर्षक से संग्रहस्थ और प्रकाशित हुए हैं। इनमें 'बटुदिग्विजयम्' नाटिका अच्छा प्रहसन है। काव्यों में भी इनका शब्दचयन रसानुरूप और प्रशिष्ट है।

बड़ौदा के पंडित पंचानन बदरीनाथ शास्त्री की कुछ काव्यरचनाएँ भी यत्र तत्र उपलब्ध हैं। इनकी कर्णमधुर पदावली के कारण इन्हें 'अभिनवजयदेव' का विरुद मिला था। इनकी एक यशोदायिनी रचना 'गोपालाष्टपदी' की कुछ पंक्तियाँ-

रञ्जितमञ्जुलकञ्जसहोदरपदयुगलेन समारूढम्। ---

प्राकृतधिक्कृतिमात्रफलाकृतिहीनमशेषाकृतिलोलम्। ---

सव्येतरकरकररुहचन्दिरकरनिकराञ्चितकाञ्चीकम्। ---

कुन्तानन्दनसान्द्रानन्दसरित्पतिमिन्दुशताभासम्।

निजभाभासितभुवनं प्रणमत गोपालं जगतीपालम्॥

इनकी कुछ मण्डलगान-रचनाओं में भी यह वर्णमाधुरी और प्रासादिकता दिखाई देती है -

मन्दसमीरसमीरितकुसुमावलिपरिमलजटिले ---

मुग्धस्मितपरिदृश्यदशनरुक्छादितबिम्बाधरे ---

गोपवधूटीकिञ्चित्कुञ्चितनयनार्चितमीशम्॥

अथवा-

जय जय गिरिवरधारिन् रासविहारिन्

मञ्जुरणन्नवकिङ्किणिकारवमुखरं पादयुगम्

चन्द्रशतादुद्धृतरुचिसारविनिर्मितमिव ते वदनम् ।। इत्यादि

बड़ौदा के पास नारेश्वर तीर्थधाम में इस सदी के संत श्री रंग अवधूत महाराजका निवास था । इनका १९६९ में देहावसान हुआ । इनके रचे हुए स्तोत्र, काव्य आदि का एक संचय 'रंगहृदयम्'[१२] नाम से प्रकाशित है । इन्होंने 'सद्बोधशतकटीका' भी लिखी ।

श्री रंग अवधूत जी की स्तुतियों के भी कुछ संग्रह हैं । इनमें श्री भवानीशंकर शास्त्री का स्तवसंग्रह 'अवधूतप्रशस्तिः' है । श्री काशीशंकर म0 अग्निहोत्री का 'रंग प्रशस्ति'[१३] है और प्रो0 अरुणोदय जानी संपादित 'श्रीरंगगुणगरिमा'[१४] है ।

सूरत के कबीरपंथी संत स्वामी श्री ब्रह्मलीनमुनि भी संस्कृत के विद्वान् थे । इनकी दो काव्य रचनाएँ प्रसिद्ध हुई हैं । 'सद्गुरुश्रीकबीरचरितम्'[१५] २९०० पद्यों में, प्रायः अनुष्टुभ् छन्द में, पचास अध्यायों में संत कबीर के जीवन और कार्य का, तथा कबीरोपरान्त संप्रदाय के विस्तरण का निरूपण करने वाला पुराण-शैली का विशाल काव्य है । काव्य का कथन प्रवाह सरल और निर्विघ्न गति से बहता है । कुछ मुस्लिम नाम काव्य के शब्दचयन में ठीक बैठ नहीं पाते । जैसे-

तदा श्मशानचित्तोड़ोऽलाउद्दीनेन हस्तितः ।

अथवा-

पश्चात् फिरोजशाहोऽपि कांगडां प्राप्य हेतितः ।

या-

शेखतकी गुरुः प्रोचे । इत्यादि

कहीं न हि भानूदयं कूचिच्छादयितुं क्षमो भुवि ।

जैसी सुन्दर पंक्तियाँ भी हैं । इनका 'श्रीसद्गुरुस्तुतिशतकम्' १०३ द्रुतविलम्बित पद्यों में संत कबीर की स्तुति का सुन्दर काव्य है । इसके छन्दोरचन और शब्दचयन जगन्नाथ के लहरी काव्यों का स्मरण कराते हैं । इसकी एक विशेषता यह है कि पूरे काव्य में थोड़े थोड़े पद्यों तक चलनेवाली कुछ ध्रुवपंक्तियों (refrains) का प्रयोग किया गया हैं । जैसे-'शरणवत्सल ! पाहि भवाम्बुधेः' 'सदय नाथ ! समादिश सत्पथम्' 'त्वदपरः शरणं न हि विद्यते', 'मदपराधमशेषमपाकृणु', 'भजत रे मनुजा मनसा गुरुम्', 'जगदिदं सुसुखीकुरु सद्गुरो !' इत्यादि0 ।।

जगन्नाथ की 'गंगालहरी' के आदर्श पर नवसारी के डॉ0 रसिक लाल के0 पटेल ने नवसारी के पास बहती नदी पूर्णा की प्रशस्ति ५७ पद्यों की 'पूर्णालहरी' [१६] में की है । आरंभ, मध्य और अंत में कोई सात पद्यों को छोड़कर पूरा काव्य शिखरिणी छंद में रचा गया है । शब्दचयन सरल, प्रवाही और मधुर है । 'गंगालहरी' के समान इसमें भी नदी का कुछ अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन, आत्म निन्दा, मुक्ति के लिए नदी की शरण में जाना इत्यादि भाव निबद्ध हैं यथा-

जगल्लीलां प्रेक्षे विमलसलिलौघे भगवति

तवाभोगं मन्ये सुररमणभूमिं सुपुनिताम् ।

स्थितं हि व्रह्माण्डं जननि तव मूर्तौ विलसति

विना भक्त्या रूपं परमरमणीयं न लभते ।।

अहं सुव्यापारे भगवति कदापीह न रमे

चलं चित्तं मातर्भ्रमति सततं हेमविषये ।

श्ववृत्तिं सेवेऽहं दुरितमथ भोग्यं भवति मे

विना त्वां त्रातुं को जननि विगुणं मां विजयते ।।

सूरत के श्री भूपेन्द्र दवे का दो वर्ष पूर्व निधन हुआ । वे कई भाषाएँ जानते थे। उनका रचा हुआ 'उपमेशशतकम्' [१७] उपमास्वामी कालिदास की स्तुति में विविध छन्दों में सौ पद्यों का संचय है । इन पद्यों के शब्दचयन तथा कल्पनावैविध्य तो अकर्षक हैं ही, साथ ही इनकी रचना रीति allusive है, अर्थात् कई स्थानों पर कालिदास, जगन्नाथ आदि प्रशिष्ट कवियों के प्रसिद्ध पद्यों का स्मरण कराने वाली रचना रीति इन पद्यों की विशेषता है । कहीं तो, कवि मूल पद्य में कुछ शब्दों का परिवर्तन करने मात्र से नयी पद्य रचना सिद्ध कर लेते हैं । ऐसी रचनाओं का भी अपना एक विशेष आस्वाद है । कुछ पद्य देखें-

अर्थो हि युक्तश्च कवेः स्वकीयः

व्यक्तं च निर्दिश्य परिग्रहीतुः ।

तव प्रकामं विशदोऽन्तरात्मा

स्वकार्यसिद्धिं ननु मन्यसे त्वम् ।।

रम्यां साधु विचिन्त्य यो रसधनामुच्चैः कलां चात्मनः

साभिख्यां ननु यो निसर्गजनितां काव्यप्रवृत्तिं च ताम् ।

सामान्यप्रतिपत्तितो रचितवान् यो नाटकान्युन्नतः
लोकायत्तमिदं च तत्, न खलु तद्वाच्यं हि विद्वज्जनैः ॥
कश्चित्कान्तः कविजनगुरुः स्वाधिकारेऽप्रमत्तः
दक्षः सृष्टेर्जनकतनयाज्ञानपूज्यः कविर्यः ।
काव्यं वृद्धिंगमितमहिमा लोकभोग्यं सिसृक्षुः
स्निग्धश्चक्रे विरहरसवन्मेघदूतञ्च पूतम् ॥

भुज की स्वामीनारायण संस्कृत पाठशाला के आचार्य विद्वान् पं0 कस्तूरि रंगाचार्य के रचे, पुराण शैली के विशाल काव्य 'भारतराष्ट्रीयपुराणम्'[१८] के प्रायः छः हजार श्लोक प्रमाण दो खण्डों का गत वर्ष, २६ जनवरी १९९० के दिन बड़ौदा में विमोचन प्रकाशन हुआ। लेखक का लक्ष्य इण्डियन नेशनल कांग्रेस के इतिहास के रूप में हमारे स्वातंत्र्य संग्राम का १८५७ के प्रथम निष्फल संग्रामों से लेकर १९४७ में स्वातंत्र्य प्राप्ति तक के समय के इतिहास का आलेखन करने का है। इसके उपोद्घात, उदय और उत्थान नामक तीन प्रकरणों में अभी सन् सत्तावन के उपरान्त की पश्चाद्भूमि, कांग्रेस की स्थापना के प्रथम दस वर्ष और लॉर्ड कर्जन के दमनकाल के दस वर्ष का १९०४ तक का समय निरूपित हो पाया है। ग्रन्थ की घटनाओं की प्रामाणिकता को बनाये रखने के हेतु लेखक ने पर्याप्त परिश्रम किया है और तीसरे प्रकरण के अन्त में वेदकाल से लेकर अर्वाचीन काल पर्यन्त भारत के सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक उत्थान का संक्षिप्त आलेखन भी किया है। इसमें लेखक का ऐसा अभिप्राय व्यक्त होता है कि इतिहास का दर्शन केवल राजकीय नहीं अपितु सामाजिक-सांस्कृतिक धाराओं के निदर्शन से ही पूर्ण होता है। पूरा काव्य अनुष्टुप् छन्द में रचा गया है और इसकी रचना शैली पुराणों की तरह प्रायः कथनात्मक, सरल, प्रवाही और कहीं काव्यचमत्कृति वाली है।

काव्यानुवादों के दो संचय प्रकाशित हुए हैं। बम्बई की डॉ0 जशवन्ती दवे के विविध गुजराती कवियों के काव्यों के संस्कृत अनुवादों का संग्रह 'सेतुबन्धः'[१९] नाम से प्रकाशित हुआ है इन अनुवादों में काव्यतत्त्व की अपेक्षा शब्दशः अनुवाद का लक्ष्य सिद्ध होता हुआ प्रतीत होता है। अहमदाबाद के श्री घनश्याम त्रिवेदी के काव्यसंग्रह 'नूतनगीताञ्जलिः'[२०] में प्रधानतया उनके द्वारा किये गये गुजरात के विविध लोक गीतों के अनुवाद तथा कुछ उनकी स्वतन्त्र रचनायें संगृहीत हैं। लोकगीतों के अनुवाद उन्होंने मूल के ही लयों, मात्राओं के अनुसार करने का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य में वे बहुधा सफल भी हुए हैं। पर संस्कृत भाषा में ये लोक भाव कई बार अपरिचित से लगते हैं। इन्होंने सिनेमा के गीतों, बालगीतों, विवाहगीतों, दोहों के अनुवाद किये हैं, 'सेवकजनं कुरु ... परपीडां न जानाति रे' जैसे प्रतिकाव्य भी रचे हैं। वैसे

इन अनुवादों की भाषा और अभिव्यक्ति सरल होना अनिवार्य था पर कवि कदाचित् कुछ सरल छंदों का प्रयोग करते तो वह संस्कृत भाषा में अधिक जँचता ।

अहमदाबाद की गुजरात कॉलेजकी शताब्दी निमित्त उसी कालेज की वार्षिकियों से संचित संस्कृत क़ाव्यों का संग्रह 'काव्यप्रतिभा'[२१] नाम से प्रकाशित हुआ है । इसमें प्रि0 जे0 टी0 परीख, बाम्भणिया, प्रो0 ए0 जी0 भट्ट, कवि उमाशंकर जोशी जैसे धुरन्धरों की उनके कॉलेज काल की संस्कृत काव्य रचनाएं संगृहीत हैं ।

अहमदाबाद के प्रा0 वासुदेव पाठक अविरत रूप से स्तोत्र, गीत, छंदोबद्ध काव्य, मुक्तक आदि की रचना करते हैं । पर इन से अभी एक सुआयोजित काव्यसंग्रह मिलना शेष है ।

महात्मा गाँधी का प्रभाव भी कुछ रचनाओं में निमित्त बना है । अहमदाबाद के स्वामीनारायण सम्प्रदाय के आचार्य स्वामी भगवदांचार्य जी ने गाँधी जी के जीवन का कथानक लेकर तीन दीर्घ काव्य लिखे हैं- भारतपरिजातम्, परिजातापहारः, और पारिजातसौरभम्।[२२] कपडवणज के नरोत्तम मोती लाल शास्त्री ने भी गाँध्री जी की जीवनी के ऊपर एक सुदीर्घ काव्य की रचना की है ।

एक कवि विशेष का परिचय इस स्थान में करना आवश्यक है । श्री जगदीशचन्द्र आचार्य का जन्म हलवद (सौराष्ट्र) में १९११ में हुआ । इनका शालेय अभ्यास राजकोट में हुआ । तत्पश्चात् वे नौकरी के सिलसिले में जोधपुर गये और वहाँ स्थिर हुए । नौकरी के साथ इन्होंने संस्कृत विषय लेकर एम0 ए0 भी तेजस्विता से किया । इनकी दीर्घ रचनाएँ स्वातन्त्र्य पूर्व और पश्चात् प्रकाशित हैं । इनकी कई काव्यरचनाएँ हैं- पद्यपरागः, स्तोत्ररत्नसमुच्चयः, संगीतलहरी, ऋतुविलासः, मन्दाकिनीमाधुरी, सुधन्वाख्यानम्, अमरभारती, प्रभापञ्चदशी, गोविन्दगीताञ्जलिः, उपेन्द्रनक्षत्रम् इत्यादि । इनकी काव्य रचना 'वासुदेवचरितम्' (१९८३) को राजस्थान सरकार ने माघ पुरस्कार से पुरस्कृत किया । इनकी एक गद्य कथा 'मकरन्दिका' को उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी का बाणभट्ट पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है ।

इन सभी कवियों में मेरे विचार से, संस्कृत काव्य परंपरा की दृष्टि से अधिक महत्त्वपूर्ण और विशिष्ट कवि हैं हर्षदेव माधव । संस्कृत काव्य रचना की सम्पूर्ण परम्परा को हठात् मोड़ने का प्रबल प्रयास हर्षदेव की कविता में हैं । हर्षदेव युवा कवि हैं, गुजराती में भी काव्य रचना करते हैं और आधुनिक विश्व कविता के प्रवाहों से परिचय बनाये रखते हैं। इस लिए उनकी गुजराती और संस्कृत दोनों कविताओं में आधुनिकता के सभी लक्षण प्रबलता से उभरते हैं । और संस्कृत में इस प्रकार की रचनाएँ करने वाला यह कदाचित् अकेला कवि है ।

हर्षदेव ने केवल भाषा के सिवा परंपरा का कुछ भी नहीं रक्खा । इसकी कविता के विषय, काव्यरूप, बिम्ब, शब्दचयन सभी में नवीनता, प्रत्यग्रता, आधुनिकता है । इनका एकमात्र काव्य संग्रह प्रसिद्ध हुआ है 'रथ्यासु जम्बूवर्णानां शिराणाम्'[२३] । शीर्षक

में भी नावीन्य है । शिराओं के लिये गलियों का बिम्ब और जम्बूं वर्ण से पके हुए रक्त का ध्वनन विषादभाव की व्यंजना करते हैं । संग्रह की कोई भी कविता पारम्परिक वर्णबद्ध या मात्राबद्ध छन्द में नहीं है । काव्य के स्वरूप भी परंपरा के नहीं । स्वरूप की दृष्टि से ये काव्य चार प्रकार के हैं- अछान्दस, गझल, गीत और बिम्बकाव्य । अछांदस और बिम्ब काव्यों में बिम्बविधान का नावीन्य अत्यंत चमत्कारक और आकर्षक है-

-सिकतानां नूपुरं/नदति शङ्खोदरे ।

-तर्तुमिच्छतां मनुष्याणां/वासना घनीभूत्वा/भवति द्वीपः ।।

-समुद्राख्यतन्तुनाभस्य/लालाजले बद्धोऽयं द्वीपः कीटवत्/

कदाचित्/जालरेखायाश्छविः सिकतासु दृश्यते ।।

विविध भौगोलिक स्थानों के आलेखन वाली कुछ कविताएँ कुछ भौगोलिक सामग्री से उन स्थानों के विशिष्ट 'मूड' का अनुभव कराने में भी सफल होती हैं । 'मिस्र देशे' काव्य की कुछ पंक्तियाँ देखें-

सुल्तानहसनमस्जिदात् प्रसृतो निमाजस्वरः ।

स्फिंक्साकृतिः पुनर्जागृता स्वकेसरपुच्छं चालयन्ती ।

पिरामीडवायुरुत्थितः सिकतानां तन्तुनाभजालेभ्यः ।

दीपशिखा समी राज्ञी नेफरतरी ।

ऐसी स्थल कविताओं का एक गुच्छ है- 'टैम्सनदी', 'चेरापुञ्जी', 'कालीघाटे' इत्यादि ।

यह कविता निर्देश (allusions) में भी समृद्ध है । यह छोटी कविता देखें-

सूचिरन्ध्राद् उष्ट्रोऽपि

निर्गच्छेदिति बाइबिलवचनं

श्रुत्वा मया दृष्टं

तदा

उष्ट्रः सूचिरन्ध्रान्

मम नेत्रयोः प्रविष्टः ।।

इस प्रकार की allusive रचना रीति नें संस्कृत कविता में विश्व सन्दर्भ भर दिया है । चौपाई, ट्यूबलाइट, क्रिसेन्थेमम, झीब्रा, हम्बेला, उग्वीसु, मस्जिद, कब्र और ऐसे कई शब्द जो इन कविताओं में प्रवेश पा चुके हैं, इस विश्व सन्दर्भ के सूचक और

निदर्शक हैं । विश्वसंस्कृति की कितनी सामग्री का सस्कृत शब्द चयन में सरल और निर्विरोध समावेश हो गया है ! संस्कृत भाषा में एक नये प्रकार का लचीलापन आया है, एक नयी अर्थसमृद्ध निर्मलता आयी है । आधुनिक कविता के ये लक्षण संस्कृत काव्य परंपरा में बिलकुल नये, ताजा हैं । इन कविताओं में जो भाव और निरूपण की आधुनिक संवेदनशीलता प्रकट होती है, वही समकालिक संस्कृत कविता का विशिष्ट लक्षण है ।

---

(यह सर्वेक्षण प्रथमतः डॉ0 हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (म0 प्र0) के संस्कृत विभाग द्वारा 'अर्वाचीन संस्कृत साहित्य' विषय पर आयोजित परिसंवाद (५-९ जनवरी १९९०) के लिये तैयार किया गया । तत्पश्चात् भी इसमें संशोधन किये गये हैं । इसे तैयार करने में प्रा0 उदयन शुक्ल, आ0 जयानन्द भाई दवे, डा0 शान्ति कुमार पंड्या, प्रा0 सुरेश ज0 दवे, प्रा0 वासुदेव पाठक, डॉ0 अजित ठाकोर, प्रा0 भगवतीप्रसाद पंड्या, डॉ0 जयदेव जानी आदि से सहायता प्राप्त हुई है । इनके प्रति ऋणस्वीकार और धन्यवाद प्रकट करता हूँ ।)

१. **अभिनवज्योतिर्धरा :-** ले० आचार्य भाईशंकर पुरोहित, प्र० भारतीय विद्या भवन, बम्बई, प्रथमावृत्ति, १९८८.

२. **संस्कृतमण्डलगानानि-** सं० कंचनलाल हीरालाल पारेख, प्र० संस्कृत विद्वत्सभा, बड़ौदा. तृतीयावृत्ति. १९८३.

३. **गरबासंग्रह-** ले० वासुदेव पाठक (४० गुजराती और २२ संस्कृत गरबाओं का संग्रह) प्र० श्री पुस्तक मंदिर, सिलक मार्ग, अहमदाबाद प्रथमावृत्ति १९८६.

४. **विषमपरिणयम्-** ले० (स्व०) गजेन्द्रशंकर पंड्या, प्र० स्वयं, आमलीरान, सूरत, प्रथमावृत्ति १९३२.

५. स्व० गजेन्द्रशंकर पंड्या के विषय में देखें (१) **Sanskrit Prahasanas** by Prof. Chitra Shukla, Vallabh Vidya Nagar, 1987 (२) 'गजेन्द्रशंकर पंड्यानां संस्कृत नाटकों' (एम्० फिल्० का शोधप्रबन्ध, गुजराती में) ले० कु० नीना भावनगरी, दक्षिण गुजरात युनिवर्सिटी, सूरत (३) 'Some Twentieth Century Sanskrit works From Surat' by R. I. Nanavati in **Bulletin of Chunilal Gandhi Vidyabhawan.** Surat, No. 20-21, 1977

६. **संवादसंग्रहः-** ले० गिरजाशंकर नाथजी द्विवेदी, प्र० संस्कृत पाठशाला, रायपुर, अहमदाबाद. प्रथमावृत्ति १९५०.

७. दोनों के प्रकाशक, बृहद् गुजरात संस्कृत परिषद्, अहमदाबाद.

८. दोनों के प्रकाशक, श्रीमती प्रभावती भट्ट (६६९, पारिजात, आनंद नगर) भावनगर-५.

९. **छायाशाकुन्तलम्-** ले० जीवनलाल परीख, सं० राजेन्द्र नानावटी, प्र० संस्कृत सेवा समीति, अहमदाबाद. द्वितीयावृत्ति १९८६.

१०. **रसबोधः-** ले० वासुदेव पाठक, प्र० पार्श्व प्रकाशन, अहमदाबाद. प्रथमावृत्ति १९८७.

११. **सुषमा-** ले० गौरीप्रसाद झाला, सं० राजेन्द्र नाणावटी, प्र० झाला स्मारक समिति, १९३, राजलक्ष्मी सो0, जूना पादरा रोड, बडौदा ३९००१५ प्रथमावृत्ति १९८१.

१२. **रंगहृदयम्-** ले० सन्त श्री रंग अवधूत, प्र० अवधूत साहित्य प्रकाशन ट्रस्ट, नारेश्वर (जि० बडौदा) तृतीयावृत्ति १९७९.

१३. **रंगप्रशस्तिः-** ले० काशीशंकर, अग्निहोत्री, प्र० अमृतलाल मोदी, मोदी सांथ, नडियाद. प्रथमावृत्ति १९५३.

१४. **श्रीरंगगुणगरिमा-** सं० अरुणोदय जानी, प्र० ऊपर के समान, प्रथमावृत्ति सं० २०१७.

१५. **सद्गुरुश्रीकबीरचरितम्-** ले0 स्वामी श्री, ब्रह्मलीनमुनि, प्र0 कबीर मन्दिर दालजिया महोल्लो, महीधरपुरा, सूरत प्रथमावृत्ति १९६०.

१६. **पूर्णाहरी -** ले0 रसिकलाल पटेल, प्र0 वही , एस0 बी0 गार्डा कालेज, नवसारी, प्रथमावृत्ति १९७८.

१७. **उपमेशशतकम्-** ले0 भूपेन्द्र वी0 देव, प्र0 वही, हवाडिया चकला , सूरत प्रथमावृत्ति १९७८.

१८. **भारतराष्ट्रीयपुराणम्-** (दो खंड)- ले0 विद्वान कस्तूरिरंगाचार्य, प्र0 वही स्वामीनारायण संस्कृत पाठशाला भुज प्रथमावृत्ति १९८९.

१९. **सेतुबन्धः-** अनु0 डॉ0 जशवन्ती दवे, बम्बई, प्रथमावृत्ति, १९८२.

२0. **नूतनगीताञ्जलिः-** ले0 घनश्याम त्रिवेदी, प्र0 बृहद गुजरात संस्कृत परिषद् अमदाबाद प्रथमावृत्ति १९८८.

२१. **संस्कृतकाव्यप्रतिभाः-** सं0 डॉ0 एन0 एम0 कंसारा, प्र0 प्रि0 वी0 जे0 त्रिवेदी, गुजरात कालेज अमदाबाद

२२. **भारतपारिजातम्, पारिजातपहार पारिजात सौरभम्-** ले0 स्वामी भगवदाचार्यजी, प्र0 रावजीभाई मेघजीभाई मोम्बासा (अफ्रीका)/ रोहित मेहता, थियोसोफिकल सोसायटी, वाराणासी १९६९.

२३. **रथ्यासु जम्बूवर्णानां शिराणान्:-** ले0 हर्षदेव माधव, प्र0 संस्कृत सेवा समिति, L-111 'वालम,' स्वातंत्र्य सेनानी नगर, अमदाबाद-१३ प्रथमावृत्ति १९८५.

गतवर्ष इनका एक और काव्यसंग्रह प्रकाशित हुआ है।

**अलकनन्दाः-** प्र0 पार्श्व प्रकाशन, अमदाबाद - १. १९९०.

# काशी की संस्कृत-कवि-गोष्ठियाँ

डॉ0 सूर्यप्रकाश व्यास

काशी भारतीय संस्कृति की प्रतिनिधिभूता नगरी है। साधारण पाठशाला से लेकर उच्चतम शिक्षास्तर की संस्कृतसेवी संस्थाओं के सतत बाहुल्य के कारण यह नगरी संस्कृत के उद्‌भट विद्वानों व संस्कृतानुरागियों का सदा से आश्रय-स्थल रही है। एक ओर गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा तो दूसरी ओर संस्कृतभाषा में व्यवहाररत विपुल समाज, एक ओर हृदय को अलौकिक भावों से भर देने वाली भूतभावन भगवान् विश्वनाथ की शाश्वत प्रेरणा तो दूसरी ओर गंगा की लहरों से फूटनेवाला नितनूतन जीवन-संगीत, एक ओर शास्त्रार्थों, शास्त्राभ्यासों, सूत्रों व मन्त्रोच्चारों का गम्भीर निनाद तो दूसरी ओर विभिन्न सम्प्रदायों, धार्मिक विश्वासों व परम्पराओं का वैविध्यपूर्ण व्यावहारिक जीवन-दर्शन। कुल मिलाकर वे समस्त उपादान सदा सुलभ जो कवि हृदय को तरंगित करने के लिए आवश्यक हैं किन्तु फिर भी केसर और कविता की भूमि काश्मीर की तरह काशी कविता के लिये उतनी प्रख्यात नहीं है जितनी शास्त्र के लिये प्रसिद्ध है। काशी का संस्कृत मानस इस पृष्ठभूमि का शास्त्रीय उपयोग करने में अधिक रमा है और इस गांगेय वातावरण में काव्य की हिलोरों का आनन्द वह अपेक्षाकृत कम ही ले पाया है। यहाँ का धार्मिक वैविध्य उसके विचार-प्रवाह को दर्शन की ओर उन्मुख करता रहा है। भगवान् विश्वनाथ की प्रेरणा को उसने स्तोत्ररचनाकौशल में सार्थक माना है और गंगा का सुरम्य तट उसे कविता से अधिक वेदपाठ व कर्मकाण्ड के लिए अनूकूल प्रतीत हुआ है। वेद, व्याकरण, धर्म, दर्शन, तंत्र, ज्योतिष आदि शास्त्रों के संस्कारों से सुसंस्कृत संस्कृत के पण्डित ने जब काव्यसृजन की कामना की तो उसके हृदय से स्तुति, स्तोत्र, आदि का अजस्र प्रवाह तो सहज ही प्रवाहित हुआ किंतु विशुद्ध कविता को वह अपने जीवन का पर्याय न बना सका। शास्त्रों में निष्णात यही मानस जब काव्यरचना में प्रवृत हुआ, कवि-गोष्ठियों में सक्रिय और मुखरित हुआ तो उसकी कविता पर शास्त्र-संस्कार हावी रहे जिसके फलस्वरूप यहाँ की कवि-गोष्ठी कभी-कभी विद्वद्‌गोष्ठी का पर्याय बन गई। किंतु समय के साथ परिवर्तन हुआ और विगत ४० वर्षों में काशी की काव्यपरम्परा में कुछ प्रयोग भी हुए।

काशी में संस्कृत कवि गोष्ठियाँ आयोजित करने वाली छोटी-बड़ी अनेक संस्थाएँ हैं जिनमें प्रमुख हैं :- काशी पण्डितसभा, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, संस्कृत-विद्या-धर्म-विज्ञान संकाय, सांगवेद विद्यालय, शारदा भवन, संन्यासी संस्कृत महाविद्यालय, गोयनका विद्यालय, मारवाड़ी विद्यालय, रणबीर संस्कृत विद्यालय,

वाग्योगचेतनापीठम्, आकाशवाणी इत्यादि । इनमें से कुछ प्रासंगिक गोष्ठियाँ आयोजित करती रही हैं तथा कुछ संस्थाओं ने अपने नियमित उत्सवों के अंग के रूप में इसके आयोजन की परम्परा को स्थापित किया है । कुछ संस्थाएँ पूर्ववत् उत्साहशील हैं तो कुछ के आयोजनों में शैथिल्य और अनियमितता का प्रवेश हो गया है ।

काशी की पण्डितसभा एक ऐसी प्राचीनतम संस्था है जिसमें शास्त्रार्थ, कविगोष्ठियों आदि के आयोजन की परम्परा लगभग सौ वर्ष पुरानी है । राजकीय संस्कृत महाविद्यालय ने सन् १९४६ में अपनी स्थापना के १५० वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में भव्य समारोह-क्रम में, अन्य कार्यक्रमों के साथ अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया । इसमें प्रौढ़ कवियों की स्वतंत्र कवि गोष्ठी तथा युवा कवियों की स्पर्द्धा-गोष्ठी का आयोजन हुआ । आचार्य श्री ब्रह्मानन्द शुक्ल, पं0 आनन्द झा, पं0 बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते आदि कवियों ने इसमें काव्य पाठ किया था । इसी महाविद्यालय को जब १९५८ में विश्वविद्यालय का स्तर प्रदान किया गया तब तत्कालीन प्रशासक पं0 आदित्यनाथ झा के विशेष प्रोत्साहन से पं0, सोमनाथ सिग्दयाल की अध्यक्षता में एक विशाल अखिल भारतीय कवि-सम्मेलन का आयोजन हुआ । विभिन्न प्रान्तों व नगरों से आये कवियों की पर्याप्त संख्या व उत्साह को देखकर संस्कृतानुरागी समाज ने यह अनुभव किया कि संस्कृत कवि किसी व्यवस्थित मंच, अवसर व श्रोतृसमूह के लिये कितना समुत्सुक है । इस अभूतपूर्व व विशाल सम्मेलन में एक ओर उत्साही कविकुल अधिकाधिक काव्य-पाठ प्रस्तुत करने के लिये आकुल था और समयाभाव के कारण सन्तुष्ट नहीं हो पा रहा था तथा दूसरी ओर श्रोताओ में भी अतृप्ति का भाव था कि इतने यशस्वी कवियों के काव्यरस का एक साथ कैसे आनन्द लें । इस तरह यह सफल किन्तु फिर भी असफल कवि-सम्मेलन तो अतीत की स्मृति बन गया किंतु काशी के कवि-समाज में कुछ प्रश्न छोड़ गया जिनका उत्तर बाद में ''कवि भारती'' के रूप में सामने आया ।

काशी का सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय ऐसी अग्रणी संस्था है जो वर्ष में प्रायः एक या दो बार यथावसर कविगोष्ठियों का आयोजन अवश्य करती है । ये गोष्ठियाँ संस्कृतदिवस, विश्वविद्यालय स्थापनोत्सव, अन्य प्रासंगिक उत्सवों, संगोष्ठी-सम्मेलनों के अवसर पर तथा विश्वविद्यालय में किसी विशिष्ट अतिथि के आगमन पर आयोजित होती हैं । प्रसंग व सुविधानुसार इनका स्वरूप कभी अखिल भारतीय स्तर का, कभी प्रान्तीय अथवा स्थानीय स्तर का रहता है । इस विश्वविद्यालय में सन् १९७६ में पं0 बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते की अध्यक्षता में एक अविस्मरणीय बृहद् कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ था जिसमें बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के अनेक प्रख्यात कवियों ने भाग लिया था । सायंकाल साढ़े सात बजे से प्रारम्भ हुई यह गोष्ठी प्रातः काल ३ बजे तक अनवरत रूप से चली, इसी से इसकी सफलता

का अनुमान किया जा सकता है । इस संस्था में आयोजित होने वाली कविगोष्ठियाँ गम्भीर, प्राचीन परम्परा की अनुगामिनी और प्रौढ़ स्तर की होती हैं जिनमें अभिनव कवियों को प्रोत्साहन व प्रशंसा के अवसर सामान्यतया सुलभ नहीं होते हैं ।

नगर की प्राचीन व प्रतिष्ठित संस्था सांगवेद विद्यालय लगभग ६५ वर्षों से गणेशोत्सव के अन्तर्गत नवयुवकों की काव्यस्पर्धाएँ आयोजित करती रही है । इसी प्रकार शारदा भवन नामक संस्था भी श्री गणेशोत्सव के माध्यम से लगभग ६० वर्षों से कविगोष्ठियों का आयोंजन करती रही है । इन दोनों संस्थाओं द्वारा प्रदत्त अवसर व पुरस्कार से काशी के अनेक नव कवियों को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है तथा कालान्तर में वे प्रतिष्ठित कवियों के रूप में विख्यात हुए हैं ।

विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाली इन प्रासंगिक गोष्ठियों की अपनी परम्पराएँ व सीमाएँ थीं :-

(अ) इन गोष्ठियों का आयोजन अनियमित था ।

(ब) अन्य कार्यक्रमों के अंग के रूप में एक आकर्षण कवि-गोष्ठी का भी जोड़ दिया जाता था जिससे कवि गोष्ठी के आयोजन की स्वतंत्रता तथा महत्ता प्रभावित होती थी ।

(स) समस्या-पूर्ति इन गोष्ठियों की परम्परागत शैली थी ।

(द) ऐसी गोष्ठियों में काव्यरचना-पटु कवि ही अधिक काव्यपाठ करते थे । इनका गंभीर शास्त्रीय वातावरण नये उभरते कवियों के काव्यपाठ के लिये विशेष प्रोत्साहनपूर्ण नहीं था ।

(य) काव्यकर्म में सतत प्रवृत्त कविवर्ग इन प्रासंगिक कविगोष्ठियों के आयोजन व शैली से सन्तुष्ट नहीं था ।

इन उपर्युक्त सीमाओं और समस्याओं से संघर्ष कर रहे काशी के उत्साही कवि-समाज ने पहले तो कुछ समय तक एक दूसरे के घर दस्तक देकर और उसे अपनी नवप्रसूत रचना के आनन्द में सहभागी बनाकर अपना चित्त शान्त करना प्रारम्भ किया । किंतु बाद में यह सोचा गया कि निश्चित कवि-मित्र के घर निश्चित समय पर कविमण्डली जुटे और अपना-अपना काव्यपाठ प्रस्तुत करे । यह प्रयोग आशातीत रूप में सफल रहा तथा इसकी सफलता ने कवि-मित्रों में एक काव्य-संस्था की स्थापना के संकल्प को जगाया और इस तरह सन् १९६७ में ''कविभारती'' नामक एक ऐसी कविसंस्था का जन्म हुआ जिसने काशी के संस्कृत कवियों की अनेक व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करने का सफल प्रयास किया । यह संस्था कवियों की अपनी संस्था थी जिसका उद्देश्य था वर्तमान कवियों की निर्माणशक्ति को प्रोत्साहन देना, नवीन कवियों को काव्याभ्यास के लिये प्रवृत्त करना तथा गोष्ठियों में पठित काव्यों का समय-समय पर प्रकाशन व मुद्रण करना । इस संस्था की प्रथम

कार्यकारिणी में पं0 रामस्वरूप पाठक अध्यक्ष, पं0 रामकुबेर मालवीय उपाध्यक्ष, पं0 शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी मंत्री, पं0 लीलाधर पन्त उपमन्त्री, पं0 दरबारी लाल कोठिया कोषाध्यक्ष तथा पं0 बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते, डॉ0 प्रेमलता शर्मा, पं0 कृष्णमोहन ठाकुर, पं0 रतिनाथ झा, पं0 कपिल देव त्रिपाठी ''जटिल'' और श्रीमती कमला चुनेकर कार्यकारिणी के सदस्य चुने गये । ६ फरवरी, १९६८ को पंजीकृत हुई इस संस्था ने फाल्गुन शुक्ल पंचमी संवत् २०२३ को डॉ0 उमेश मिश्र की अध्यक्षता में अपना प्रथम वार्षिक सम्मेलन सोत्साह मनाया । इसके बाद आगामी कुछ वर्षों तक यह संस्था पं0 बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते, पं0 रामनारायण दत्त पाण्डेय, पं0 रामचन्द्र मालवीय, पं0 पट्टाभिराम शास्त्री, डॉ0 पद्मा मिश्र आदि की क्रमिक अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संचालित होती रही और प्रियव्रत शर्मा, पं0 वासुदेव श्रीधर सोहनी, पं0 महेश प्रसाद,डॉ0 चन्द्रधर शर्मा, पं0 आनन्द झा आदि की अध्यक्षीय साक्षी में क्रमशः अपने वार्षिकोत्सवों का आयोजन करती रही ।

लगभग २५-३० कवि - सदस्यों की इस संस्था की कार्यपद्धति सरल व व्यावहारिक थी । भिन्न-भिन्न कवि-मित्रों के घर, आरम्भ में १५ दिनों में एक बार तथा बाद में माह में एक बार शाम को गोष्ठी प्रारम्भ होती और देर रात तक चलती। काशी से बाहर के कवि भी इसके निमन्त्रण पत्र के उत्तर में डाक द्वारा अपनी रचनाएँ पाठ हेतु भेजते थे । काव्यपाठ के साथ उसकी सहृदय समालोचना का अवसर भी इसमें सुलभ था । आरम्भ में समस्यापूर्ति की शैली को ही यहाँ भी प्रश्रय दिया गया किन्तु धीरे-धीरे यह क्रम प्रतीक पूर्ति में परिवर्तित हो गया । इन गोष्ठियों में ऋतु, प्राकृतिक वर्णन, प्रासंगिक समसामयिक ज्वलन्त समस्याओं आदि पर विविध रचनाएँ प्रस्तुत की गयीं ।

सभी प्रकार के प्रतिबन्धों और औपचारिकताओं से मुक्त इन गोष्ठियों में नवीन-पुरातन, प्रसिद्ध और अप्रसिद्ध सभी कवि उन्मुक्त भाव से अपना काव्य प्रस्तुत करते थे । इन गोष्ठियों की उत्साहवर्धक सफलता ने वाराणसी के हिन्दी कवियों को भी अपनी ओर आकृष्ट किया जिसके फलस्वरूप कुछ गोष्ठियाँ संस्कृत-हिन्दी में मिले-जुले रूप में भी हुईं । कवि-भारती की गोष्ठियों में सभी स्तर के कवि, श्रोता व छात्र पूरे उत्साह से भाग लेते थे । इसे काशी के लगभग सभी प्रतिष्ठित व प्रामाणिक विद्वानों, साहित्यकारों और संस्कृतानुरागियों का आशीर्वाद, मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त था । इसके आयोजनों में भाग लेकर अनेक नये कवि काव्य-लेखन में प्रवृत्त हुए, उनका अभ्यास बढ़ा और आज वे नगर व देश के प्रतिष्ठित कवियों के रूप में परिगणित होते हैं । इन्हीं गोष्ठियों के माध्यम से कुछ महिला कवियों ने भी अपने काव्यकौशल को समृद्ध किया । इन आयोजनों के उत्साहवर्धक परिणामों से प्रोत्साहित होकर पं0 रामकुबेर मालवीय ने अपने आवास पर काव्यपाठशाला की

स्थापना का भी प्रयास किया। किन्तु कतिपय व्यावहारिक कारणों से यह प्रयोग उल्लेखनीय सफलता नहीं प्राप्त कर सका।

कवि-भारती के आयोजन आडम्बरहीन व सादे होते थे। इसलिए इसके कवि-सदस्यों के समक्ष आर्थिक पक्ष कभी समस्यापूर्ति के लिये प्रस्तुत नहीं हुआ। इस संस्था ने सर्वप्रथम ''ललिता'' नामक मासिक पत्रिका से प्रकाशन-कार्य का शुभारम्भ किया। ''ललिता'' में विशिष्ट कवियों की विशिष्ट रचनाओं का ही प्रकाशन होता था किंतु कुछ अंकों के प्रकाशन के बाद यह निश्चय किया गया कि संस्था प्रतिवर्ष अपना वार्षिकोत्सव आयोजित करे और उसी अवसर पर एक काव्य-संग्रह का प्रकाशन हो। ''कविभारती-कुसुमांजलि'' की ६ वर्षों की प्रकाशित पुस्तिकाएँ इस निश्चय की क्रियान्विति थीं।

कविभारती की प्रेरणास्पद गोष्ठियाँ लगभग ८ वर्षों तक सोत्साह व सफलतापूर्वक संचालित होती रहीं किन्तु काशी की विशिष्ट विद्वत्प्रकृति में यह ऐतिहासिक प्रयोग शनैः-शनैः शैथिल्य और अनियमितता का ग्रास बनता गया। इसकी गतिविधियों को स्थगित करने के कारणों के बारे में कतिपय कवि-सदस्यों से वार्तालाप हुआ जिसका निष्कर्ष यह है :-

(अ) उत्साही कविसदस्य परिस्थितवश नगर से दूर अन्यत्र चले गये।

(ब) कतिपय सदस्यों की अंहकारी प्रवृत्ति ने इसकी उन्मुक्त गतिविधियों पर हावी होने का प्रयास किया जिसे अन्य कवियों ने उचित नहीं माना और अपना सक्रिय सहयोग स्थगित कर दिया।

(स) घर-घर आयोजित होने वाली गोष्ठियाँ कुछ कवियों को अपनी रुचि के प्रतिकूल प्रतीत हुई।

कविभारती के बाद पं0 रेवाप्रसाद द्विवेदी ने आन्वीक्षिकी नामक संस्था को स्थापित कर संचालित करने का प्रयास किया। इसमें काव्य पाठ के साथ उसकी समालोचना का प्रयोग प्रारम्भ हुआ किंतु काशी के कविसमुदाय में यह प्रयोग भी प्रतिष्ठा प्राप्त न कर सका।

संस्कृत कविता को पण्डितों की गम्भीर गोष्ठियों से मुक्त कराकर जन-जन तक पहुँचाने का एक विशिष्ट प्रयोग वाग्योगचेतनापीठम् (संस्थापक पं0 भागीरथ-प्रसाद त्रिपाठी ''वागीश'') विगत ६ वर्षों से सफलता पूर्वक कर रहा है। गंगा के जल में तैरती नौकाओं पर गंगा दशहरे के अन्य आकर्षक कार्यक्रमों के साथ संगीत, नृत्य की पृष्ठभूमि में एक आकर्षण संस्कृत कवि-गोष्ठी का भी इसमें जोड़ा गया है। यह संस्था अपने अन्य कार्यक्रमों में भी काव्य और संगीत के आकर्षक सामंजस्य का प्रयोग कर रही है। इस संस्था के ऐसे चर्चित कार्यक्रमों में प्रमुख हैं :-

गंगाकाव्यसंगीतिका, शिवकाव्यसंगीतिका, गुरुकाव्यसंगीतिका, गीताकाव्यसंगीतिका, सरस्वतीकाव्यसंगीतिका आदि ।

संस्कृत के ही माध्यम से अनेकानेक एवं विविध कार्यक्रम आयोजित करने वाला आकाशवाणी का स्थानीय केन्द्र भी विगत ४ वर्षों से मौलिक काव्य-पाठ की गोष्ठियों का आयोजन कर रहा है । इन काव्य-गोष्ठियों के द्वारा काशी के संस्कृत काव्य-जगत् को व्यवस्थित व नियमित मंच प्रदान करना, उसे प्रोत्साहन देना तथा राष्ट्रीय व सामाजिक सन्दर्भों में संस्कृत कवियों के भावों को जन-जन तक पहुँचाना आकाशवाणी का लक्ष्य रहा है ।

यह केन्द्र माह में एक बार १५ मिनट की लघु काव्य-गोष्ठी रखता है जिसमें प्रायः २ या ३ कवि ५-५ मिनट के लिये ऋतुविशेष या अन्य विषय पर अपनी मौलिक कविता का रसास्वादन श्रोताओं को कराते हैं । यही केन्द्र त्रैमासिक संस्कृत-पत्रिका कार्यक्रम के अन्तर्गत एक घंटे की संस्कृत काव्य-गोष्ठी भी नियमित रूप से आयोजित करता है जिसमें नगर एवं कभी-कभी निकट के क्षेत्रों से कवियों को काव्यपाठ के लिये आमन्त्रित किया जाता है । इस कार्यक्रम में सुनिश्चित विषय के अन्तर्गत ही कवि अपना काव्य प्रस्तुत करता है । विगत वर्षों में आयोजित ऐसी गोष्ठियों में इन्दिरा गांधी श्रद्धांजलि-गोष्ठी, कालिदास-जयन्ती कवि-गोष्ठी, परिवार कल्याण गोष्ठी, गंगा गोष्ठी, राष्ट्रीय एकता कवि-गोष्ठी आदि विशेषरूप से उल्लेखनीय हैं । इनके अतिरिक्त यह केन्द्र १५ अगस्त, २६ जनवरी, गांधी जयन्ती, नेहरू जयन्ती आदि राष्ट्रीय पर्वों पर भी कभी-कभी काव्य गोष्ठियों का तथा कभी बालगीत कवि गोष्ठियों का आयोजन करता है ।

काशी की संस्कृत काव्य-गोष्ठियों में जहाँ तक शैली का प्रश्न है, परम्परागत शैली से हटकर नये विषयों पर नये छन्दों में अथवा छन्दविहीन शैली में अपना कथ्य प्रस्तुत करने की अकुलाहट काशी के नवसंस्कृतकवियों में है और इसके प्रमाण भी उसने कुछ काव्य गोष्ठियों में दिये हैं किन्तु उनके प्रयोग सीमित हैं और परम्परा व वातावरण के कारण स्वयं इन कवियों की प्रकृति ऐसी बन गई है कि वे नई शैली की एक-दो रचनाएँ सुनाने के बाद जब तक परम्परागत शैली में भी अपने रचना कौशल का प्रदर्शन न कर लें तब तक उन्हें सन्तुष्टि नहीं मिलती । इसलिए चाहे-अनचाहे वे नवीन प्रयोग के आकर्षण में परम्परा से पूरी तरह कटकर कविता नहीं करना चाहते तथा ऐसे प्रयोगों में संस्कृत-काव्य का भविष्य भी उज्ज्वल नहीं देखते । नये कवियों का यह मध्यम मार्ग संस्कृत व काशी की सांस्कृतिक परम्परा को देखते हुए उचित व स्वाभाविक ही कहा जायेगा ।

काशी के संस्कृत काव्य-जगत् में यह सामर्थ्य आज भी विद्यमान है कि संक्षिप्त सूचना पर तत्काल २०-२५ कवि एकत्रित होकर अपनी मौलिक व आशु रचनाओं को तत्काल कविगोष्ठी में परिवर्तित कर सकते हैं जो संभवतया भारत में

अन्यत्र कठिन है ।

प्रेरणा के प्राकृतिक व आध्यात्मिक उपादानों की सुलभता, श्रीहर्ष, आचार्य जगन्नाथ, अप्पय दीक्षित, अम्बिकादत्त व्यास जैसे सुकवियों की समृद्ध परम्परा, संस्कृतज्ञों की पर्याप्त संख्या, काव्य-निर्माण की सामर्थ्य, रसिक श्रोतृसमूह, व्यवस्थित व नियमित मंच की आकुलता इत्यादि सभी दुर्लभ अनुकूलताओं के रहते हुए भी यदि 'कवि-भारती' जैसी आदर्श व अनुकरणीय संस्थाओं के प्रयोग बहुत दूर तक नहीं चल पाते हैं तो यह निष्कर्ष स्वीकार करने के लिये बाध्य होना पड़ता है कि काशी के कविमन की मानसिकता प्रासंगिक गोष्ठियों के ही अधिक अनुकूल है तथा यह कि काशी प्रयोग की नहीं, परम्परा की भूमि रही है और प्रस्तुत प्रसंग में आज भी वह वैसी ही है ।

## काशी की कवि-गोष्ठियों (१९९४७-१९८७) में काव्यपाठ करने प्रमुख कवि

१- सर्वश्री पं0 नारायण शास्त्री खिस्ते
२- पं0 महादेव शास्त्री
३- पं0 रामावतार शास्त्री
४- पं0 गौरीनाथ शास्त्री पाठक
५- पं0 बसन्त त्र्यम्बक शेवडे
६- पं0 बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते
७- पं0 पट्टाभिराम शास्त्री
८- पं0 वासुदेव द्विवेदी
९- पं0 रामकुबेर मालवीय
१०- पं0 प्रियव्रत शर्मा
११- पं0 रतिनाथ झा
में दिल्ली में हुआ था और पाँचवा १९८१ में वाराणसी में। इन सम्मेलनों में देश के संस्कृत विद्वान्, भिन्न-भिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थाओं की वित्तीय सहायता से सम्मिलित होते हैं। इसके अतिरिक्त निजी स्तर पर बाहर के विभिन्न देशों से संस्कृत के शोधार्थी तथा विद्वान् भारतवर्ष में आकर अपने-अपने विषय के सबंध में विद्वानों से सम्पर्क करते हैं और सामग्री एकत्रित करते हैं। इसी प्रकार संस्कृत के क्षेत्र में जो सांस्कृतिक आदान-प्रदान अन्य देशों के साथ प्रचलित है, वह पूर्णतः सुव्यवस्थित नहीं लगता। अपेक्षित यह है कि इस सांस्कृतिक आदान प्रदान का संचालन भी एक केन्द्रीय संस्था के द्वारा ही हो, जिससे कि हर विषय के विद्वानों को उचित अवसर प्राप्त हो। इसके लिए भी समग्र देश के संस्कृत विद्वानों और उपलब्ध संस्कृत पंडितों की जानकारी एकत्रित करके एक केन्द्र में उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

१९८७ में भारत सरकार ने राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान की स्थापना की। इसका मुख्य उद्देश्य वेदों के उच्चारण की मौखिक परम्परा की सुरक्षा, वेदाध्ययन का प्रोत्साहन तथा वेद में निहित ज्ञान के शोध के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इस संस्था को वेद के सम्बन्ध की एक उच्चतम केन्द्रीय संस्था बनाते हुए एक बृहद् वैदिक पुस्तकालय का गठन कराना भी इसके उद्देश्यों में सम्मिलित है। गत तीन वर्षों में इस संस्था ने कई कार्यक्रम आरम्भ किये और आने वाले वर्षों के लिए कई योजनाएँ सुनिश्चित कीं। खेद का विषय है कि हजार से ऊपर प्रचलित वेद की शाखाओं में से इस समय मात्र १० शाखाएँ जीवित हैं। और इनमें से भी कई शाखाओं के जानकार केवल एक या दो हैं जो वयोवृद्ध हैं और यदि इन शाखाओं के और जानकर उपलब्ध नहीं कराये गये तो इन शाखाओं का भी लोप अवश्यम्भावी है। इसलिए सरकार के लिए इस संस्था को आवश्यक धन उपलब्ध कराना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। क्योंकि इस संस्था के उद्देश्यों में जो कार्य है उनकी क्रियान्विति यदि शीघ्र नहीं की गयी तो देश की सांस्कृतिक धरोहर को क्षति पहुँचेगी, जिसकी पूर्ति असम्भव हो जायेगी। इन वेद पंडितों को, जिन्होंने अपना समग्र जीवन वेदाध्ययन में लगाया, न केवल उचित सम्मान तथा उपयुक्त मानदेय देना आवश्यक है, अपि तु ऐसी व्यवस्था करनी है कि वे विद्वान् अपनी विद्या का अमृत नई पीढ़ी को पिलायें, ताकि जिस शाखा के आज एक या दो विद्वान् उपलब्ध हैं, अगले दस वर्षों में उसके आठ-दस वयस्क विद्वान् उपलब्ध हों, जो इस परम्परा को सँजोये रखे और आगे बढ़ायें।

अंत में यह कहना भी आवश्यक है कि संस्कृत को किसी धर्म विशेष के साथ जोड़ना, इसके साथ बड़ा अन्याय होगा। संस्कृत भारत की भाषा है, किसी विशेष वर्ग की नहीं। इसमें हमारी संस्कृति, हमारी परम्परा, हमारी सभ्यता की जानकारी सुरक्षित है और सुरक्षित हैं वे मूल्य जो भारत की पहचान हैं और जिनके कारण

संसार भर में भारत का सम्मान होता चला आ रहा है। इसलिए संस्कृत को पढ़ना, संस्कृत का प्रचार करना और संस्कृत की हर प्रकार से सेवा करना भारत सरकार का, प्रत्येक राज्य सरकार का तथा प्रत्येक भारत वासी का परम धर्म है।

# भाति मे भारतम्

## एक राष्ट्रीय दृष्टि

डॉ0 रामेश्वर प्रसाद गुप्त

मानव जीवन के महत्त्वपूर्ण मूल्य सुसंस्कार, सदाचरण, सद्वृत्ति, सुशिक्षा सुज्ञान, कार्य कर्म में निष्ठा, परोपकार, सहृदयता, सौहार्द, दया, क्षमा, धैर्य, धर्माचरण आदि हैं; किन्तु देशभक्ति या राष्ट्रीय भावना ऐसा अमूल्य मूल्य है एवं मानव जीवन का वह प्राणाधार है जिसके ये सभी जीवन मूल्य अंग हैं। राष्ट्र का योग और क्षेम ही उन सभी के स्थायित्व का आधार है।

काव्य का सृजन व्यष्टि एवं समष्टि के किसी भी अंग को आधार बनाकर होता है। कवियों द्वारा काव्य की विविध-विधाओं के माध्यम से सृष्टि के एक अथवा अनेक रूप उन माध्यमों के द्वारा समाज के समक्ष प्रस्तुत किये जाते हैं। लेकिन उस यशस्वी कवि की कलम ही कृतार्थ मान्य है, जो अपनी मातृभूमि या राष्ट्र के गौरव को गरिमा प्रदान करती है एवं राष्ट्र के उन्नयन एवं अभ्युदय के प्रति सचेतनता से सचेष्ट रहती है।

**''भाति मे भारतम्''** काव्य के प्रणेता पं0 डॉ0 रमाकान्त शुक्ल की अमर लेखनी ने 'भारत देश' के गौरव का कल कीर्तन कर उन महाकवि को अजरता सहित अमरता प्रदान करते हुए देश भर के लोगों में राष्ट्रीय भावना के जागरण का जो अलख जगाया है, जो शंखनाद किया है,उसकी झंकृति सभी के हृदयों में प्रेरक गुञ्जार करती हुई अपनी इस धरा के प्रति अपने को समर्पित करने की कल्याण कारी भावना को उत्पन्न करने में सक्षम स्रोत के रूप में सुप्रवाहित है।

महाकवि की दृष्टि भारत में रमने पर भी विश्वबन्धुत्व की भावना से संयुक्त, अत एव विशाल भावना से उपेत है। यथा-

विश्वमेकं कुटुम्बं समालोकयद्<br>
भूतले भाति मेऽनारतं भारतम्।।

भारत देश की सुस्थिति में अहिंसा की भावना को प्रधानाधार निरूपित करते हुए कवि इस राष्ट्र के सभी गुणान्वित एवं श्रेष्ठ सोपानों को प्रस्तुत करता हुआ इसके आकर्षण का वर्णन इस प्रकार करता है-

मानवामानितं दानवाबाधितं<br>
निर्जराराधितं सज्जनासाधितम्।

पण्डितैः पूजितं पक्षिभिः कूजितं

भूतले भाति मेऽनारतम् भारतम्।।

महाकवि के चिन्तन में यह देश सभी प्रणियों का आकर्षण केन्द्र एवं रम्य है-

निर्जरैर्योगिभिर्भोगिभिश्चार्थितं

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम्।।

जीवनमुक्ति के सोपान शील, संतोष एवं सत्यादि हैं जो भारत के योग और क्षेम के निमित्त एवं उपादान दोनों कारण हैं। अर्थात् सदाचरण एवं शील-संतोष इस देश का अन्तःकरण एवं आत्मा है, इसी लिये भूतल पर यह देश रम्य है-

शीलसन्तोषसत्यादिभी रक्षितं

भूतले भाति तन्मामकं भारतम्।।

वस्तुतः कवि की सृष्टि सर्वप्रथम उसके चरित्र का चित्रण है, उसके अन्तः का दृश्य है एवं उसका आदर्श या दर्पण है। कविवर डॉ0 रमाकान्त शुक्ल एक कर्त्तव्यनिष्ठ सुविज्ञ व्यक्ति हैं। उनकी कार्य कर्म में निष्ठा दृष्टि सम्पूर्ण समाज को कर्त्तव्यनिष्ठ मानती हुई इस देश की उन विशेषता का निर्धारण कर देती है, जो सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक सत्य के रूप में स्वीकृत है। उनके अनुसार ''इस देश में क्रिया के अभाव में ज्ञान एक भार ही है''-

ज्ञानमास्ते च भारः क्रियां वै विना

भूतले भाति तन्मामकं भारतम्।।

उक्त सूक्ति **''ज्ञानमास्ते च भारः क्रियां वै विना''** अपनी सामर्थ्य से अकर्मण्य ज्ञानियों की उत्प्रेरक दिशा निर्देशिका का कार्य करती है जिससे कि भारत की ''भा'' सर्वदा प्रदीप्त रहे।

महाकवि ने ''भाति मे भारतम्'' कृति में ''भारत'' के बाह्य तथा अन्तः रूप के विविध दृश्य प्रस्तुत कर जन सामान्य से लेकर देश के नेतृत्व तक को एक राष्ट्रीय दृष्टि प्रदान करने का सद् उपक्रम किया है। मानव एवं मानवता, पशु पक्षी एवं उनकी रम्य संध्वनियाँ, प्रकृति एवं उसके विविध रमणीय आयाम-सलिलपूर्ण, सरितायें उत्तुंग अचल, सुदृढ सेतुबन्ध, खनिज खानें, अमूल्य औषधियाँ, विशिष्ट वैज्ञानिक उपलब्धियाँ, कला ज्ञान एवं वाद्य विज्ञान, धार्मिक अनुष्ठान एवं प्रतिष्ठान, सांस्कृतिक आयाम एवं विश्राम, सामाजिक वेष एवं परिवेश, दार्शनिक तत्त्व एवं महत्त्व, राजनीतिक विमर्श एवं निष्कर्ष, पुरुषार्थचतुष्टय एवं चतुर्दशविद्यासमीक्षण तथा प्राणिमात्र में आत्मवीक्षण आदि विचारों का सरस अनुबन्ध सुकवि ने अपनी इस कृति में मधुरता से किया है। भाषाओं में श्रेष्ठ ''संस्कृत'' भाषा को मोदप्रदायिनी के रूप

में उल्लेख करते हुए कहा है कि-

देववाणी च यत्रास्ति मोदाकुला

भूतले भाति तन्मामकं भारतम्।।

भारत और भारतीयता से परम अनुरक्ति के कारण सुकवि ने न यहाँ का कोई त्यौहार छोड़ा न तीर्थ। विभिन्न संस्कृतियो, भाषाओं, कलाओं, व्यापारों, भावों, चित्रों, चित्रस्थानों, आदर्शों एवं आश्चर्यों आदि सभी को कृति में समाहित कर पाठकों के समक्ष उनके मनोरम बिम्ब उपस्थित करना कवीश्वर की ईप्सित मनोवृत्ति रही है।

भारत देश महापुरुषों एवं अवतार पुरुषों की पावन धरा है। ये अवतार पुरुष आज भी हमारा सशक्त सम्बल हैं अवतारी परमतत्त्व पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण एवं उनके परम धाम को स्मरण करते हुए सुकवि की लेखनी की प्रखरता एवं रम्यता अवलोकनीय है-

कृष्णलीलायुतं वेणुसंनादितम्,

पावनं भावनं यत्र वृन्दावनम्।

शम्भुशूलस्थिता यत्र वाराणसी

भूतले भाति तन्मामकं भारतम्।।

देशभक्तों की गाथा का गान करते हुए महाकवि परम आमोदित है-

भूधराकाशतोयेषु रक्षापरो,

यत्र शत्रून् भटो हेलया नाशयेत्।

यत्र वीराङ्गना युद्धभूमिं गता,

भूतले भाति तन्मामकं भारतम्।।

भारत देश स्वतन्त्रता और समानता का परम पक्षधर है। प्राणिमात्र में समानता का भाव इसका अपना वैशिष्ट्य है। इस प्रकार अपने देश की महनीयता को प्रस्तुत करते हुए कवि का कथन है कि-

सर्वभूतेषु दृष्टिं समां धारयद्

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम् ।

समाज सुधारकों एवं श्रेष्ठपुरुषों के नाम स्मरण से कविश्रेष्ठ ने अपने देश की गौरवगाथा का मनोरम गान किया है-

श्रीदयानन्दगान्ध्युज्ज्वलं गुर्जरं,

स्वर्णवङ्गं विवेकारविन्दोज्ज्वलम्।

नानकाद्युज्ज्वलं पञ्चतोयं दधत्,

भूतले भाति मेऽनारतं भारतम्।।

इस प्रकार महाकवि डॉ0 शुक्ल ने अपनी इस उत्कृष्ट कृति में आदर्श को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करते हुए राष्ट्र के प्रति भक्ति भावना का जो अजस्र प्रवाह प्रवाहित किया है, उसकी मधुर सरस अमृतमयी धारा में जन जन का ही नहीं; अपितु प्राणिमात्र का तन, मन संजीवन सहज रूप से आलोडन करने के लिये उत्सुक एवं उत्कण्ठित होता है।

**''भाति मे भारतम्''** काव्य एक राष्ट्रीय काव्य है। यह काव्य समाज में राष्ट्र के प्रति समर्पण की सहभावना का जागरण कराने में एवं देशभक्ति की भावना को उत्पन्न करने में पूर्ण सक्षम है।

सन्त्यनेके गुणा अत्र काव्ये स्थिताः,

राष्ट्रभावस्तु मुख्यात्मना शोभते।

वन्दनीयाः समे सन्ति ते सज्जनाः,

येपठन्ति प्रियं ''भाति मे भारतम्''।।

# 'देववाणी-परिषद्, दिल्ली'

## द्वारा

# प्रकाशित संस्कृत साहित्य

-आनन्दवर्धन शुक्ल

**'देववाणी-परिषद्, दिल्ली'** संस्था सन् 1976 से संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत है। 21.8.1976 को इसकी नियमावली समिति-पञ्जीयक के कार्यालय में प्रस्तुत की गयी; अतः प्रति वर्ष 21 अगस्त को इसका 'संकल्पना-दिवस' मनाया जाता है एवं 13.12.1976 को इसका पञ्जीकरण हुआ था; अतः प्रति वर्ष 13 दिसम्बर को इसका 'स्थापना-दिवस' मनाया जाता है। परिषद् ने अपनी उद्देश्यों के अनुसार विगत वर्षों में बहु आयामी गतिविधियाँ आयोजित की हैं। देश की राजधानी में संस्कृतमय वातावरण बनाने के लिए परिषद् ने जहाँ एक ओर संस्कृत-नाट्योत्सव, संस्कृत-संगीतक, एकल तथा समूह गान-प्रतियोगिताएँ, अक्षरश्लोकम्, विचार गोष्ठियाँ, अ0भा0 संस्कृत कवि सम्मेलन, आचार्यश्रीब्रह्मानन्दशुक्ल-व्याख्यानमाला विद्वदभिनन्दन आदि कार्य कलाप आयोजित किये वहीं संस्कृत-आशुलिपि के विकास के लिए प्रयत्न भी किये। 1983 को इसकी प्रेरणा से 'संस्कृत आशुलिपि' का प्रदर्शन भी एक आशुलिपिकार ने कर दिखाया जिसके लिए उसे परिषद् ने 5001/- का 'संस्कृत आशुलिपि-श्रीगणेश-पुरस्कार' प्रदान किया।

परिषद् 1979 से **'अर्वाचीनसंस्कृतम्'** नामक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन भी कर रही है जिसके 1992 तक प्रकाशित 3730 पृष्ठों में 200 के लगभग लेखकों और रचनाकारों के 121 लेख और 284 रचनाएँ प्रकाशित हैं।

परिषद् ने अनेक संस्कृत ग्रन्थ भी प्रकाशित किये हैं। कुछ ग्रन्थ तो 'अर्वाचीन-संस्कृतम्' में पूर्व प्रकाशित सामग्री को पृथक् पुस्तकाकार में प्रस्तुत करते हैं, कुछ ग्रन्थों को बाद में 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' में भी इस दृष्टि से प्रकाशित किया गया है जिससे कि नियमित पाठकों को अधिक मूल्य वाली सामग्री अल्प मूल्य में मिल सके। कुछ स्वतन्त्र ग्रन्थ अनेक खण्डों में प्रकाशित किये गये हैं तथा अन्तिम खण्ड के प्रकाशन के बाद में सभी एक जिल्द में भी प्रकाशित किये गये हैं। देववाणी-परिषद् ने ऐसे ग्रन्थों का प्रकाशन कर एक आदर्श स्थापित किया है जिन ग्रन्थों को प्रकाशन-व्यवसायी संस्थान प्रकाशित करने में हिचकिचाते हैं। इन ग्रन्थों में नाटक,

महाकाव्य, खण्डकाव्य, उपन्यास, अनुवादकाव्य, पुराणकाव्य, गीतिकाव्य, मुक्तककाव्य आदि अन्तर्मुक्त हैं। प्रकाशित ग्रन्थों के अवलोकन से यह बात निर्भ्रान्ति रूप में सामने आती है कि संस्कृत की रचना-धारा सदानीरा है जैसा कि परिषद् के संस्थापक महासचिव डा0 रमाकान्त शुक्ल का कथन है:-

अज्ञैर्मृतेति गदिता, ह्यमरत्वभावभरिता।
नित्यं प्रवर्धमाना, सुरभारती विजयते।।

इन सभी ग्रन्थों का संक्षिप्त परिचय भी पर्याप्त स्थान की अपेक्षा रखता है। यहाँ हम स्थानानुरोध से देववाणी-परिषद् द्वारा प्रकाशित 83 ग्रन्थों का आनुपूर्वी से उल्लेख मात्र कर रहे हैं। आशा है यह ग्रन्थ-सूची जिज्ञासुओं के कौतूहल एवं आनन्द का वर्धन करने वाली सिद्ध होगी। इस सूची में पहले क्रम संख्या, तत्पश्चात् ग्रन्थनाम, फिर ग्रन्थकर्त्ता का नाम और कोष्ठकों में प्रकाशन तिथि प्रदत्त हैं। अन्त में 21.8.92 अर्थात परिषद् के सप्तदश संकल्पना-दिवस से प्रभावी मूल्य अंकित है।

## ग्रन्थ-सूची

1. **देववाणी-विलासः** (सं0 डॉ0 रमाकान्त शुक्लः) (22.1.1978)
2. **सुगमरामायणम्** (आचार्य रमेशचन्द्र शुक्लः) (18.8.1978) 60.00
3. **द्वितीयवार्षिकाधिवेशनस्मारिका** (सं0 डॉ0 रमाकान्त शुक्लः) (12.2.1979)
4. **अर्वाचीनसंस्कृतमहाकाव्यविशर्मः (I)** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (10.7.1979) 50.00
5. **श्रीकृष्णचरितम्** (आचार्य रमेशचन्द्र शुक्लः) (30.11.1979) 50.00
6. **देववाणी-दर्शनम्** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (13.12.1979) 50.00
7. **तृतीयवार्षिकाधिवेशनस्मारिका** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) ( 21.3.1980)
8. **अर्वाचीनसंस्कृतमहाकाव्यविमर्शः (II)** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (27.5.80) 50.00
9. **कर्णभूषणम्** (डा0 सी0 आर0 स्वामिनाथन्) (15.7.1980) 15.00
10. **हरविजयस्य साहित्यिकमध्ययनम्** ( डा0 कृष्णकान्त शुक्लः) (21.8.1980) 100.00 ।
11. **भाति मे भारतम्** (प्रथमसंस्करणम्) (डा0 रमाकान्त शुक्लः) (22.11.1980) 40.00
12. **श्रीमदप्पयदीक्षितचरितम्** (डा0 हरिनारायण दीक्षितः) (9.2.1981) 20.00

13. **भारतस्वातन्त्र्यसंग्रामेतिहासः** (आचार्य डा0 रमेशचन्द्र शुक्लः) (4.3.81) 35.00
14. **आभाणकमञ्जरी** (पं0 टी0 वी0 परमेश्वर अय्यरः) (13.5.1981 17.7.81) 15.00
15. **सदाशयसमुच्चयः** (पं0 टी0 वी0 परमेश्वर अय्यरः) (27.5.1981) 15.00
16. **मेघदूत : एक विश्लेषण** (डा0 देवीदत्त शर्मा) (18.6.1981) 20.00
17. **रघुवंश : एक विश्लेषण** (डा0 देवीदत्त शर्मा) (2.7.1981) 20.00
18. **अभिज्ञानशाकुन्तल : एक विश्लेषण** (डा0 देवीदत्त शर्मा) (17.7.1981) 20.00
19. **कालिदास की कला और संस्कृति (II)** (डा0 देवीदत्त शर्मा) (17.7.1981) 60.00
20. **अर्वाचीनसंस्कृतमहाकाव्यविमर्शः (III)** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (13.12.1981) 50.00
21. **जय भारतभूमे (प्रथमसंस्करणं)** (डा0 रमाकान्त शुक्लः) (24.12.1981) 30.00
22. **साधारणीकरण और समानान्तर चिन्तन की पूर्वपीठिका** (डा0 सुलेखचन्द्र शर्मा) (21.3.1982) 50.00
23. **राधाकृष्णरसायनम्** (पं0 ओट्टूर उण्णि नम्बूदिरीपादः) (6.7.1982) 40.00
24. **अभिनवहनुमन्नाटकम्** (आचार्य रमेशचन्द्र शुक्लः) (15.8.1982) 25.00
25. **अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्यपरिचयः (I)** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (21.8.82) 50.00
26. **पूर्णकुम्भः** (पं0 विष्णुकान्त शुक्लः) (29.10.1982) 20.00
27. **भट्टनायक और अभिनवगुप्त की साधारणीकरणविषयक अवधारणा** (डा0 सुलेखचन्द्र शर्मा) (15.11.1982) 50.00
28. **स्फूर्तिसप्तशती** (डा0 शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी) (29.12.82) 30.00
29. **साहित्यकौतुकम्** (पं0 टी0 वी0 परमेश्वर अय्यरः) (19.1.1983) 40.00
30. **षष्ठवार्षिकाधिवेशनस्मारिका** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (21.1.1983)
31. **संस्कृत साहित्य में राष्ट्रिय भावना (प्रथम खण्ड)** (डा0 हरिनारायण दीक्षित)

(11.2.1983) 100.00

32. **श्रीबदरीशसुप्रभातम्** (डा0 सी0 आर0 स्वामिनाथन्) (10.3.1983) 10.00

33. **रसदर्शनम् (प्रथमसंस्क0)** (डा0 रमेशचन्द्र शुक्लः) (4.6.1983) 25.00

34. **अभिनवोत्तर संस्कृत काव्य शास्त्र में साधारणीकरणविमर्श** (डा0 सुलेख चन्द्र शर्मा) (5.6.1983) 50.00

35. **संस्कृत साहित्य में राष्ट्रिय भावना (द्वितीय खण्ड)** (डा0 हरिनारायण दीक्षित) (1.8.1983) 100.00

36. **संस्कृत साहित्य में राष्ट्रिय भावना** (तृतीय खण्ड) (डा0 हरिनारायण दीक्षित) (15.8.1983) 100.00

37. **श्रीपादसप्ततिः श्रीपादपरागव्याख्या** (डा0 सी0 आर0 स्वामिनाथन्) (31.8.1983) 40.00

38. **उच्छिष्टगणपतिमहाकल्पः** (सं0 डा0 सी0 आर0 स्वामिनाथन्) (4.11.83) 8.00

39. **श्रीबदरीशतरङ्गिणी** (श्री श्रीसुन्दरराजन्) (13.12.1983) 20.00

40. **सुरश्मिकाश्मीरम्** (श्री श्रीसुन्दरराजन्) (24.12.1983) 20.00

41. **संस्कृतसङ्गीतक-संस्कृतनाट्यसमोरह-विवरणिका** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (28.12.1983)

42. **पुरश्चरणकमलम्** (डा0 रमाकान्त शुक्लः) (13.12.1983) 10.00

43. **साधारणीकरण : प्राच्य एवं प्रतीच्य चिन्तन** (डा0 सुलेखचन्द्र शर्मा) (13.12.1983) 50.00

44. **रसदर्शनम् (द्वितीयसंस्करणम्)** (डा0 रमेशचन्द्र शुक्लः) (1.1.1984) 50.00

45. **संस्कृत साहित्य में राष्ट्रिय भावना (सम्पूर्ण)** (डा0 हरिनारायण दीक्षितः) (26.1.1984) 300.00

46. **आराधना** (सं0 मण्डन मिश्रः) (13.3.1984) 10.00

47. **भाति मौरीशसम्** (डा0 रमाकान्त शुक्लः) (15.4.1984) 10.00

48. **साधारणीकरण और समानान्तर चिन्तन** (डा0 सुलेखचन्द्र शर्मा) (21.8.1984) 200.00

49. **कूहा** (डा0 उमाकान्त शुक्लः) (13.12.1984) 20.00

50. **पण्डितराजीयम्** (डा0 रमाकान्त शुक्लः) (24.12.1984) 20.00
51. **कृष्णात्परं किमपि तत्त्वमहं न जाने** (आचार्य रमेशचन्द्र शुक्लः) (1.1.1985) 10.00
52. **अभिशापम्** (डा0 रमाकान्त शुक्लः) (2.1.1985) 20.00
53. **सारस्वतसमुन्मेषः** (डा0 विन्ध्येश्वरीप्रसाद मिश्रः 'विनयः') (7.1.1985) 20.00
54. **रस सिद्धान्त और नाटक** (डा0 सुन्दरलाल कथूरिया) (2.7.1985) 60.00
55. **नवभारतपुराणम्** (डा0 रमेश चन्द्र शुक्लः) (15.8.1985) 50.00
56. **अभागभारतम्** (श्रीसुन्दरराजः) (30.10.1985) 20.00
57. **महाप्रयाणम्** (कविरत्न श्रीकृष्ण सेमवालः) .(30.10.1985) 20.00
58. **काव्याञ्जलिः** (सं0 रमाकान्त शुक्लः) (29.12.1985) 60.00
59. **अध्यात्मरामायण में अध्यात्मचिन्तन** (पं0 त्रिगुणानन्द शुक्लः) (12.10.1986) 40.00
60. **निकषा** (डा0 केशवचन्द्र दाशः) (17.10.1986) 20.00
61. **श्रीगरुडध्वजसपादशतकम्** (डा0 रामकिशोर मिश्रः) (13.12.1986) 15.00
62. **संस्कृतसेवकः स्वामिनाथः** (सं0 रमाकान्त शुक्लः) (9.3.187) 60.00
63. **नूतनसत्यनारायणकथा** (डा0 रमेशचन्द्र शुक्लः) (11.7.1987) 10.00
64. **लक्ष्मीशतकम्** (डा0 वरदाचार्य कण्णन्) (21.8.1987) 20.00
65. **ऋतम्** (डा0 केशवचन्द्र दाशः) (13.12.1987) 20.00
66. **दयानन्दसूक्तिसप्तशती** (पं0 शिवकुमार मिश्रः) (13.12.1988) 20.00
67. **श्रीनेहरूवृत्तम्** (डा0 रमेशचन्द्र शुक्लः) (26.1.1989) 15.00
68. **कालिदास की जन्मभूमि गढ़वाल हिमालय** (पं0 धर्मानन्द जमलोकी) (22.6.1989) 40.00
69. **भाति मे भारतम् (द्वितीयसंस्क0)** (रमाकान्त शुक्लः) (21.8.1989) 15.00
70. **गान्धिसूक्तिसप्तशती** (पं0 शिवकुमार मिश्रः) (21.8.1989) 20.00
71. **श्रीसीताचरित्रम्** (आचार्य डा0 रमेशचन्द्र शुक्लः) ( 21.8 1989) 20.00
72. **श्रीगान्धिचरितम्** (प्रो0 चारुदेव शास्त्री) (2.10.1989) 50.00
73. **श्रीराधाचरित्रम्** (आचार्य डा0 रमेशचन्द्र शुक्लः) (13.12.1989) 20.00

74. **दूतप्रतिवचनम्** (डा0 इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणवः') (24.12.1989) 20.00

75. **भाति मे भारतम् (तृतीयसंस्करणं)** (रमाकान्तशुक्लः) (21.8.1990) 18.00

76. **अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्यपरिचयः (II)** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (12.2.1991) 50.00

77. **'अर्वाचीनसंस्कृत'संग्रहः (I)** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (6.1.1992) 200.00

78. **'अर्वाचीनसंस्कृत'संग्रहः (II)** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (6.1.1992) 200.00

79. **'अर्वाचीनसंस्कृत'संग्रहः (III)** (सं0 डा0 रमाकान्त शुक्लः) (6.1.1992) 200.00

80. **गीतिमञ्जरी** ('कविरत्न' ओम्प्रकाशठाकुरः) (8.2.1992) 60.00

81. **नाट्यसप्तकम्** (डा0 रमाकान्त शुक्लः) (21.8.1992) 100.00

82. **जय भारतभूमे (द्वितीयसंस्क0)** (डा0 रमाकान्त शुक्लः) (21.8.1992) 100.00

83. **श्रीहनूमत्पञ्चाशत् तथा शरणागतिषोडशी** (श्रीसुन्दरराजः) (24.10.92) 10.00

इस लेख के लिखे जाते समय दो ग्रन्थ- **'भारतजनताऽहम्'** (ले0 डा0 रमाकान्त शुक्ल) और **'राजनीतितिलीलाशताधिकम्'** (ले0 डा0 दीपक घोष) मुद्रणाधीन हैं। उपर्युक्त सूची में अनेक ग्रन्थ अब अलभ्य और दुर्लभ हो चुके हैं। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए परिषद् के पते पर पत्र व्यवहार किया जा सकता है। पता इस प्रकार है-

महासचिव, देववाणी-परिषद्, दिल्ली, आर-6 वाणी विहार,
नयी दिल्ली-110059

(13.12.1992 देववाणी-परिषद्, दिल्ली का सप्तदश स्थापना-दिवस)

# 'देववाणी-सुवास'-पञ्चम-प्रसर-लेखक-परिचय :

अभिनव शुक्लः

(अस्यां सूच्यां 'देववाणी-सुवास'स्य पञ्चमप्रसरे लेखदातॄणां विदुषां/विदुषीनां संस्कृतभाषायां, हिन्दीभाषायां, वा देवनागरीवर्णमालाक्रमेण कुलनाम, नाम, जन्मतिथिः, जन्मस्थानं, पितृ-मातृ-नाम, शिक्षोपाधयः, प्रकाशित/प्रणीतग्रन्थनाम, 1990-93 कालावधौ अध्युष्टपदं, साम्प्रतिक आवाससङ्केतः, अन्ते च देवाणी-सुवास-पञ्चमप्रसर-पृष्ठसंख्या दीयन्ते। क्वचित्पूर्णतथ्यानुपलब्धौ यथासम्भवं कुलनाम-नामादीनामुल्लेख एव क्रियते।)

अग्रवाल, डा0 महावीर । एम0 ए0 (संस्कृत, वेद, हिन्दी), पीएच 0 डी0 (संस्कृत) व्याकरणाचार्य। रीडर एवं अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, गुरुकुल काँगडी वि0 वि0, हरद्वार (1990)। आवास : 5 प्रोफेसर्स कालोनी, गुरुकुल काँगडी वि0 वि0 हरद्वार-249404 (उ0 प्र0)। 5.269

अग्रवाल डा0 सौ0 रंजनी । 5.547। इन्दौर।

अभ्यंकर, डा0 सौ0 कमल शंकर । 15.12.1938 । एम0 ए0 पीएच0डी0 (संस्कृत)। संस्कृतरचना, रंजनकथामाला-प्रथमं पुष्पम्, संस्कृतनिबन्धादर्शः, राजशेखराची काव्यमीमांसा। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर कार्यक्रम प्रस्तुति। प्रपाठक और संस्कृत विभाग प्रमुख, श्री0 ना0 दा0 ग0 महिला विद्यापीठ, बम्बई। सी-9 गणेश भवन, सेनापति बापट मार्ग, माहीम मुम्बई-400016। 5.195

अवस्थी, बाबूराम। एम0 ए0, आचार्य। संस्कृतबोधिनी, संस्कृतशिक्षकः (पञ्चभागेषु)। सरलसंस्कृतसम्भाषणम्,प्रार्थनापद्यावली! पूर्व महामन्त्री, संस्कृत परिषद् लखीमपुर खीरी । कृतकार्य प्रवक्ता पी0 के0 इण्टर कालेज, लखीमपुर खीरी। मौ0 वाजपेयी कालोनी, लखीमपुर खीरी (उ0प्र0)। 5.787, 5.797।

अवस्थी, डा0 बच्चूलाल 'ज्ञान'। 6-8-1918। एम0 ए0 (संस्कृत-हिन्दी) साहित्य-व्याकरणाचार्यडी0लिट्0। देवव्रतीयम् (महाकाव्य), तुलसीकोश, व्युत्पत्तिकोश तथा स्फुट कविताएँ। कालिदास अकादमी, उज्जैन। 5.021, 5.720।

'अव्यय' रामकृष्ण शास्त्री । १-१५ कार्तिक १९८० वैक्रमाब्द। शास्त्री (लब्धस्वर्णपदकः काशी हिन्दू विश्वविद्यालयतः), गद्यपद्य, कविता लेखनादि में रत। सम्पादक-जनजागरणम् संस्कृत समाचारपत्र, भू0 पू0 सम्पादकः 'सुप्रभातम्' श्री रामप्रकाशनम् 122 श्री रघुनाथपुरम्, पुराना जम्मू 180001। 5.573।

आचार्य, डा0 सुद्युम्न। 9.1.196 व्याकरणाचार्य, एम0 ए0, डी0 फिल। रोचन्तां शब्दभूमयः,राजन्तां दर्शनांगवः। संस्कृत विभाग, मु0म0 टाउन पी0 जी0 कालेज, बलिया । वेदवाणी वितान, प्राच्यविद्या शोध संस्थान, कोलगवाँ, सतना। 5.299।

आरलीकट्टी, डा0 आर0 एन0। एम0 ए0, पीएच0 डी0, एम0 एड0 आचार्य। विदेशों में भाषण प्रदत्त। रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (मानित वि0 वि0), तिरुपति। 6-12-17ए कनकभूषण ले आउट, तिरुपति -517507 । 5.326 ।

उन्नि, डा0 एन0 पी0 । एम0 ए0, पीएच0 डी0 (संस्कृत)। प्रोफेसर तथा अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, केरल वि0 वि0, KARIATTOM, TRIVANDRUM । 5.594 ।

कण्णन् डा0 वरदाचार्य । तमिलनाडु-प्रान्ते, नावल्पाक्का श्रोत्रियग्रामे। श्री नारायणताताचार्यस्य पौत्रः, श्रीवरदाचार्यस्य पुत्रः। गणितशास्त्रे एम0 एससी0, एम0 फिल्0, पीएच0, डी0। गणितविषयकाः लेखा नैकासु वैदेशिकपत्रिकासु प्रकाशिताः । संस्कृतलेखास्तु अर्वाचीनसंस्कृत-सुधर्मा-सुरभारती-प्रभृति-पत्रिकासु प्रकाशिताः। केन्द्रीयविश्वविद्यालये हैदराबादनगरस्थे गणित-विभागाचार्याध्यक्षः, गणितसूचना-विज्ञानसंकायप्रमुखश्च, यूनीवर्सिटी ऑफ हैदराबाद, सेन्ट्रल यूनीवर्सिटी, हैदराबाद-500134। 5.732।

कथूरिया, डा0 सुन्दरलाल। 1-7-1941। दराबन कलाँ, डेरा इस्माइल खाँ (उत्तर-पश्चिमी-सीमाप्रान्त) सम्प्रति पाकिस्तान में । शास्त्री (प्र0 खं0) एम0 ए0, एम0 लिट्0, पीएच0 डी0, डी0 लिट्0। रस संख्या : काव्यशास्त्रीय विश्लेषण रस सिद्धान्तः आक्षेप और समाधान, व्यूह से जूझता अभिमन्यु, रस सिद्धान्त और नाटक आदि अनेक ग्रन्थ। दिल्ली वि0 वि0 के आत्माराम सनातनधर्म कालेज में हिन्दी विभाग के रीडर (1992 तक)। सम्प्रति प्रोफेसर तथा अध्यक्ष हिन्दी विभाग, भावनगर यूनिवर्सिटी, गौरीशंकर लेक रोड, भावनगर-346002। स्थायी दिल्ली आवास बी 3/79 जनक पुरी नई दिल्ली-110058। 5.080।

कुमार, डा0 शशिप्रभा। 1.11.1951। बी0 ए0 आनर्स, एम0 ए0, पीएच0 डी0 (संस्कृत) । वैशेषिक दर्शन में पदार्थनिरूपण, अधुनिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय दर्शन की प्रासङ्गिकता (सम्पादित)। रीडर संस्कृत-विभाग, मैत्रेयी कालेज, बापूधाम, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली -110021। 21 साक्षरा अपार्टमेण्ट्स, ए 3 ब्लाक, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063। 5.233 ।

कैंघे, प्रो0 चिन्तामणि त्र्यम्बक (सी0टी0)। एम0 ए0, पीएच0 डी0, वेदान्तालंकार। प्रोफेसर तथा चेयरमैन, संस्कृत-विभाग, अलीगढ मुस्लिम वि0 वि0। १ मौरिसन रोड, अलीगढ मु0 वि0 वि0 परिसर अलीगढ-202002। 5.439।

कौशल, डा0 चितरंजन दयाल सिंह । एम0 ए0, पीएच0 डी0। सम्पादक, संस्कृत वीणा। प्राध्यापक संस्कृत-विभाग, यूनिवर्सिटी कालेज, कुरुक्षेत्र वि0 वि0 171।1 वधवा भवन, मसीता हाऊस, थानेसर, कुरुक्षेत्र-132118। (हरि0) 5.356।

कौशिक, डा0 सत्यदेव । एम0 ए0 (संस्कृत बौद्धअध्ययन) नव्यव्याकरणाचार्य, एम0 फिल्0 (दिल्ली वि0 वि0), पीएच0 डी0 (आगरा)। प्रतिप्राध्यापक संस्कृत-

विभाग अलीगढ़, मुस्लिम वि0 वि0 अलीगढ़। 5.487।

गुप्त, डा0 रामेश्वर प्रसाद । एम0 ए0, पीएच0 डी0। अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दतिया (म0प्र0)। 5 .807।

गुप्त, डा0 सुधीर कुमार। 1.5.1917। पिता ला0 रामस्वरूप गुप्त। एम0 ए0, पीएच0 डी0, डी0 लिट्। संस्कृत साहित्य का सुबोध इतिहास आदि अनेक ग्रन्थ,शताधिक शोधपत्र। कृतकार्य प्रोफेसर तथा अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। आदरी निदेशक, भारती मन्दिर अनुसन्धानशाला। ए-1, वेद सदन, विश्वविद्यालयपुरी, गोपालपुरा मार्ग, जयपुर- 302068 (राज0)। 5.416।

चटर्जी शास्त्री, डा0 अशोक। 30.10.1929। एम0 ए0 (संस्कृत-बंगला), पीएच0 डी0, डी0 लिट्0, डी0 जर0, डी0 फिल्0 ग्रिफिथ प्राइज़, ग्रिफिथ प्राइज़ द्वितीय बार, जर्मन डिप्लोमा, काव्यतीर्थ, वेदतीर्थ, प्राचीनस्मृतितीर्थ, नव्यस्मृतितीर्थ महामहोपाध्याय उमेशचन्द्र विद्यारत्न पुरस्कार (3 बार)। मीमांसा-प्रकाश, पद्मपुराण ए स्टडी, श्राद्धकल्प, श्रीदत्तस्य समयप्रदीपः, चित्रसूत्र, पितृभक्ति, कल्किपुराण, कामरूप-शासन-वैशिष्ट्य स्टडीज़, इन स्वर्गखण्ड, ऋग्वेदसंहिता, (प्रथम खण्ड), पुराणपरिचय, ऋग्वेदसंहिता (द्वितीय खण्ड), कौटिलीयार्थशास्त्रचर्चा, एनसेन्ट ट्रीटिज़ आफ इण्डियन आर्ट, ब्रह्मपुराण, कूर्मपुराण, वामनपुराण, गरुडपुराण (सम्पादन, भूमिका और अनुवाद), भट्टनारायण, तन्त्र :.दर्शन और साधना, पौराणिक दिग्दर्शन, पिंगलछन्दसूत्र-ए स्टडी, चित्रलक्षण, वायुपुराण, चैतन्य, विष्णुपुराण (सम्पादन, भूमिका और अनुवाद), पद्मपुराण-विश्लेषणात्मक अध्ययन, डीटिज एण्ड डीइफिकेशन इन ब्रह्मपुराण, ब्रह्माण्डपुराण (सम्पादना, विस्तीर्ण भूमिका और अनुवाद), अग्निपुराण, पातञ्जलयोगसूत्र, स्टडीज़ इन कौटिल्याज़ वोकेबुलरी, छन्दःशास्त्रे पिंगलदान, मिथ्स एण्ड लिजेण्ड्स इन कालिदास, हिस्ट्री आव रिलिजस आर्ट्स इन इण्डिया तथा 200 शाधपत्र। देश विदेश के विश्वविद्यालयों में अनेक भाषण प्रदत्त। 1992-93 में अभिनन्दनग्रन्थ से सम्मानित। प्रोफेसर तथा अध्यक्ष संस्कृत विभाग, कलकत्ता वि0 वि0। ए-3, लावोनी एस्टेट, साल्ट लेक सिटि, कलकत्ता-700064। 5.403।

चतुर्वेदी, डा0 शिवदत्त शर्मा। 16-4-1934। जयपुर। एम0 ए0, पीएच0 डी0, साहित्याचार्य । स्फूर्तिसप्तशती, चर्चामहाकाव्यम्, ललिता पत्रिका आदि 30 के लगभग ग्रन्थ। रीडर तथा अध्यक्ष, साहित्य-विभाग, संस्कृत विद्यासंकाय, काशी हिन्दू वि0 वि0। जी-28, अरविन्द कालोनी, वाराणसी-221005। 5.041।

चन्सौरिया, कु0 गीता । एम0 ए0 (संस्कृत), पीएच0 डी0 (शोध प्रबन्ध प्रस्तुत), विषयः स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत मुक्तक -काव्यों का समीक्षात्मक अध्ययन, मौ0 शास्त्री नगर (अलीगंज), बाँदा-210001। 5.044, 5.554।

जयसीताराम, डा0 मुल्लपूडि। एम0 ए0, पीएच0 डी0, (संस्कृत), एम0 ए0

(तेलुगु)। क्षेत्रय्य पदसाहित्यं, हरिजनचरितम्, गायत्रीजयरामम्, आदि। उपन्यासक श्री शंकर संस्कृत कला शाला, रेपल्ले Repalle 522265। 5.466।

जैन, डा0 भागचन्द्र 'भागेन्दु'। एम0 ए0, पीएच0 डी0। आचार्य, संस्कृत-विभाग, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह (म0 प्र0)। 5.637।

झा, पं0 आद्याचरण । 1-1-1920। मंगरौनी (मधुवनी-मिथिला, बिहार), व्याकरणाचार्य, साहित्याचार्य। राष्ट्रपति सम्मानित संस्कृत पंडित। भारतीयवाङ्मयेषु रामकथावर्णनम्। बिहार राज्य में संस्कृत के सहायक शिक्षा निदेशक,प्रतिकुलपति, का0 सिं0 संस्कृत वि0 वि0, दरभंगा। (कृतकार्य)। पता- (22.8.90 को) 134, पाटलिपुत्र कालोनी, पटना-800013। वर्तमान पता- आशियाना रोड (श्री रमेश झा का मकान) पटना-800014। 5.254।

झा, डा0 रमा। 10-12-1945। एम0 ए0, पीएच0 डी0 (अंग्रेजी)। Gandhian thought & Indo-anglian novelists, (1983), Women & the Indian Print Media (Portrayal and Performance) (1992) अनेक शोध लेख तथा रचनाएं विभिन्न ग्रन्थों तथा पत्रिकाओं में प्रकाशित। 'च्वाइस इण्डिया' पत्रिका की संस्थापक सम्पादक। महिलाओं पर तीन फिल्मों की निर्माता। अनेक बार शिक्षा कार्य से विदेश यात्रा। रीडर, अंग्रेजी विभाग, लक्ष्मीबाई महिला कालिज,अशोक विहार. दिल्ली। एफ-10/14 मॉडल टाउन, दिल्ली-110009। 5.109, 5.114।

झा, वीरेन्द्र कुमार । 15.1.1962। साहित्याचार्य, शिक्षा शास्त्री। प्रचारमन्त्री, विश्वकल्याण अध्यात्मिक-परिषद्। संस्कृत कविसम्मलनों में काव्यपाठ। अध्यापक, साहित्यविभाग, श्रीमोतीनाथ संस्कृत महाविद्यालय, रमेशनगर, नई दिल्ली-110015। बी-18-19, मेजर भोलाराम एन्क्लेव, पो0 धूल सरस, पोचनपुर, नयी दिल्ली-110061। 5.032।

टण्डन, डा0 किरण । एम0 ए0, पीएच0 डी0। रीडर संस्कृत-विभाग, कुमायूँ वि0 वि0। 196, बड़ा बाजार, मल्ली ताल, नैनीताल-263001। 5.514।

ठाकुर, कविरत्न ओम्प्रकाश । 20.9.1934। एम0 ए0 (संस्कृत), शास्त्री, साहित्याचार्य। गीतिमञ्जरी, इन्द्रधनुः, अनेक रचनाएँ पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित। दिल्ली प्रशासन शिक्षा विभाग में उपप्रधानाचार्य। डी-757, सरस्वती विहार, दिल्ली-110034। 5.774।

तिवारी, डा0 चन्द्रशेखर । एम0ए0 (संस्कृत) डी0 फिल्0, वाल्मीकि रामायण के परिप्रेक्ष्य में स्वयम्भूप्रणीत पउमचरिउ का आलोचनात्मक अध्ययन। इलाहाबाद वि0 वि0 । 5.560 ।

तिवारी, डा0 (श्रीमती) शशि। 16.10.1945। एम0 ए0, पीएच0 डी0 (संस्कृत)। ऋग्वेदीय आप्रीसूक्त, मुण्डकोपनिषद्, ईशावास्योपनिषद् (सम्पादन-व्याख्या)। राजस्थान संस्कृत अकादमी से 'भारती मिश्रा' पुरस्कार। इटली के ट्यूरिन

वि0 वि0 में भाषण प्रदत्त। संस्कृत नाट्यप्रस्तुति में सहभाग। रीडर, संस्कृत विभाग, मैत्रेयी कालेज (दिल्ली वि0 वि0) बापूधाम, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021। 5.368।

त्यागी, सुखनन्दन। 10--7-1965। एम0 ए0 (संस्कृत)। 'बीसवीं शताब्दी के संस्कृत नाटको में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर पीएच0 डी0 शोधछात्र, मेरठ वि0 वि0। 18-बी मुरारीपुरम् (कल्याण नगर), गढ़ रोड, मेरठ। 5.257।

त्रिपाठी, कामता प्रसाद 'पीयूष'। 1.9.1947। व्याकरणाचार्य एम0 ए0, साहित्यरत्न। सङ्गीतसूर्योदय, अनेक गीत, लेख, निबन्धादि पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित। रीडर एवं अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, इन्दिरा कला संगीत वि0 वि0, खैरागढ़, जिला- राजनाद गाँव -491881। 5.026।

त्रिपाठी, डा0 भास्कराचार्य। 23-9-1942। अभिलेखों में 1-7-42। एम0 ए0, डी0 फिल्0। अजाशती, लक्ष्मीलाञ्छनम्, सुतनुकालास्यम्, मृत्कूटम् आदि। म0 प्र0 संस्कृत अकादमी के संस्थापक सचिव एवं दूर्वा संस्कृत पत्रिका के संस्थापक प्रधान सम्पादक। एफ-44/6, तात्या टोपे (टी0 टी0) नगर, भोपाल-462003। 5.536।

त्रिपाठी, डा0 राधावल्लभ। 15-2-1949। एम0 ए0, पीएच0 डी0, डी0 लिट्0 (संस्कृत)। प्रेमपीयूषम्, महाकविकण्टकः, सन्धान, चतुष्टयी, वाल्मीकिविमर्शः, नाट्यमण्डपम्, भारतीयरङ्गसमुन्मेषः, निदाघलहरी, रोटिकालहरी, माण्डवम्, आदि 44 ग्रन्थ तथा अनेक शोधलेख। म0 प्र0 संस्कृत आकादमी से पुरस्कृत। जर्मनी आदि देशों में अनेक भाषण प्रदत्त। प्रोफेसर तथा अध्यक्ष संस्कृत विभाग, डा0 हरिसिंह गौर वि0 वि0 सागर (म0 प्र0)। 5.603।

त्रिपाठी, डा0 रुद्रदेव। 23.9.1925। मन्दसौर। पिता पं0 रमाकान्त शर्मा। पत्रदूतम्, पुत्रदूतम्, पादत्राणदूतम्, गायत्रीलहरी, बदरीशलहरी, बटुकभैरवलहरी, विनोदनी, डिण्डिमः, हाहाहूहू, प्रेरणा, गीतिगङ्गा, गीताञ्जलिः, वज्रमानवः, प्रासङ्गिकपद्यपीयूषम्, चित्रपद्यावली, महावीरचरितामृतम्, चित्रालंकारचन्द्रिका, अभिनवक्रीडातरङ्गिणी, संस्कृत साहित्य में शब्दालंकार (पीएच0 डी0 शोध प्रबन्ध), शब्दालंकार साहित्य का समीक्षात्मक सर्वेक्षण (डी0 लिट्0 शोध प्रबन्ध), मालवमयूर मासिक संस्कृत पत्र के संस्थापक सम्पादक, शोधप्रभा के सम्पादक। विशेष परिचय हेतु द्र0 देववाणीसुवासः 5.547-5.553। शोधाधिकारी, बृज मोहन बिडला, शोध संस्थान, उज्जैन। 5.184।

त्रिपाठी, पं0 सदानन्द 'दयालुः'। 5.165।

त्रिपाठी, डा0 सुरेन्द्र नारायण। 1-8-1928। एम0 ए0 (हिन्दी-संस्कृत), व्याकरणाचार्य, पीएच0 डी0। संस्कृते पञ्चदेवतास्तोत्रणि, गीतादर्शन। रीडर संस्कृत विभाग, राजधानी कालेज (दिल्ली वि0 वि0) नयी दिल्ली-110015। आर-74, वाणी विहार, नयी दिल्ली-110059। 5.131।

दाश, डा0 केशव चन्द्र । एम0 ए0, एम0 फिल्0, पीएच0 डी0, व्याकरणाचार्य, व्याकरणपारङ्गत। प्रणयप्रदीपः, हृदयेश्वरी, महातीर्थ, भिन्नपुलिनम्, अलका, निम्नपृथिवी, दिशा विदिशा, तिलोत्तमा, मधुयानम्, आवर्तम्, शीतलतृष्णा प्रतिपद्, निकषा, ऋतम् आदि। आचार्य न्यायदर्शन-विभाग, श्री जगन्नाथ संस्कृत वि0 वि0 पुरी-752002। 5.755।

दीक्षित, डा0 एस0 पी0। एम0 ए0, पीएच0 डी0 (अंग्रेजी)। अंग्रेजी विभाग शासकीय कालेज बिलासपुर। तेली पारा, बिलासपुर (म0 प्र0)। 5.111।

दीक्षित, डा0 हरिनारायण। 13-1-1936। पड़कुला जिला- जालौन। व्याकरणाचार्य, सांख्ययोगाचार्य, साहित्याचार्य, एम0 ए0, पीएच0 डी0, डी0 लिट्0, साहित्यरत्न । संस्कृतानुवादकलिका, संस्कृतनिबन्धरश्मि, श्रीमदप्पयदीक्षितचरितम्, तिलकमंजरी, राष्ट्रियसूक्तिसंग्रहः, संस्कृत साहित्य में राष्ट्रिय भावना, मेनकाविश्वामित्रम्, श्रीहनुमनद्दूतम, गोपालबन्धुः, भीष्मचरितम् (साहित्य अकादमी दिल्ली से 1992 में पुरस्कृत महाकाव्य) आदि अनेक ग्रन्थ। प्रोफेसर तथा अध्यक्ष संस्कृत विभाग, कुमायूँ वि0 वि0 नैनीताल। 196, बड़ा बाजार, मल्लीताल, नैनीताल-263001 (उ0 प्र0)। 5.050 ।

दुबे, डा0 योगेशचन्द्र। एम0 ए0, पीएच0 डी0 (संस्कृत)। गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद-211002। 5.482।

द्विवेदी, डा0 कैलाशनाथ। 11-1-1942। बैना (कानपुर)। एम0 ए0, पीएच0 डी0, डी0 लिट्0, साहित्याचार्य, साहित्यरत्न। कुसुमांजलि, गुरुमाहात्म्यमाला, शाकुन्तलीयम्, कालिदासीयम्, लेखाञ्जलिः, महाकविकालिदास, कालिदास की कृतियों में भौगोलिक स्थलों का प्रत्यभिज्ञान, ऋग्वैदिक भूगोल, भारतीयसंस्कृति की रूप रेखा, संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास, भाषाविज्ञान एवं हिन्दी भाषा की भूमिका, 100 से अधिक शोधनिबन्ध प्रकाशित। संस्कृत-विभागाध्यक्ष, जनता महाविद्यालय, अजीतमल, इटावा (1990)। सम्प्रति- प्राचार्य मथुराप्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कौंच, जालौन (उ0 प्र0)। 5.570।

द्विवेदी, डा0 प्रेम नारायण। 5-6-1922। काव्यतीर्थ, एम0 ए0, पीएच0 डी0 । सौन्दर्यसप्तशती (बिहारीसतसई का संस्कृत काव्यानुवाद), रामचरितमानस तथा अन्यान्य हिन्दी ग्रन्थों के संस्कृत काव्यानुवाद। कृतकार्य प्राध्यापक, संस्कृत-विभाग, सागर वि0 वि0। पुर्व्याऊ टौरी, जनता स्कूल के समीप, सागर। 5.443।

द्विवेदी, डा0 रहस बिहारी। 1947। एम0 ए0, एम0 लिट्0, साहित्याचार्य, विद्यावाचस्पति। अनेक शोधपत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित। उपाचार्य संस्कृत विभाग, रानी दुर्गावती वि0 वि0। सी-9, सरस्वती विहार, जबलपुर-482001। 5.117।

धर, त्रिलोकीनाथ । एम0 ए0 (अंग्रेजी)। मैं समुद्र हूँ (हिन्दी कविता संग्रह)। कश्मीरी में 'कुन्दन' के नाम से लेखन। कृतकार्य उपनिदेशक (वित्त) राष्ट्रिय संस्कृत

संस्थान दिल्ली, राष्ट्रिय वेदविद्याप्रतिष्ठान के उपसचिव, सम्प्रति विशेष कार्याधिकारी, लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नयी दिल्ली-110016। सी- 2 /2 बी, लारेंस रोड, दिल्ली। 5.801।

डा0 नरेन्द्र देव । 5.161।

नानावटी, डा0 राजेन्द्र। एम0 ए0, पीएच0 डी0 (संस्कृत)। रीडर तथा अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, एम0 एस0 वि0 वि0, बड़ौदा। बी/103 राजलक्ष्मी सोसायटी, ओल्ड पडरा रोड, बडोदरा (BARODA)-390015। 5.673।

नारंग, डा0 सत्यपाल। 18-1-1942। एम0 ए0, पीएच0 डी0 (संस्कृत)। कालिदास बिब्लियोग्राफी, संस्कृत-काव्यपद सूची सम्पादन में लग्न। अनेक ग्रन्थों के सम्पादक। भूतपूर्व प्रोफेसर संस्कृत विभाग, गुरुकुल काँगडी तथा पाण्डिचेरी वि0 वि0। रीडर संस्कृत विभाग, दिल्ली वि0 वि0 दिल्ली-110007। 31, विद्या अपार्टमेण्ट्स (सामने ज्वालापुरी-5), रोहतक रोड, दिल्ली-110041। 5.457।

पाठक, डा0 बनवारी लाल। 15-9-1936। पिता-पं0 शिवराम शास्त्री। एम0 ए0 (हिन्दी-संस्कृत-दर्शन-समाजशास्त्र-प्राचीनभारतीय इतिहास-संस्कृति), आचार्य (साहित्य-व्याकरण-न्याय-सांख्ययोग-वेदान्तदर्शन-धर्मशास्त्र-ज्योतिष), एल0 टी0, साहित्यरत्न, विद्यावारिधि,पीएच0 डी0, विद्यावाचस्पति। दशभाषाविद्। भारतीयज्यौतिषे रमलसाहित्यम्, बीसवीं शताब्दी का संस्कृत गद्य साहित्य (मुद्रणाधीन)। दलपत स्ट्रीट, मथुरा-281001। 5.221।

पाण्डेय, कैलाशचन्द्र। एम0 ए0। निदेशक दशपुर प्राच्य शोध संस्थान 2/67 नई आबादी, मन्दसौर (म0 प्र0)-458001। 5.622।

पाण्डेय, डा0 जनार्दन प्रसाद 'मणि'। एम0 ए0 (संस्कृत-हिन्दी), डी0 फिल्0 (संस्कृत)। निःष्यन्दिनी कविता संग्रह प्रकाशनाधीन। 136/2 सी / 2 चाँदपुर सलोरी, मानस नगर, सी0 लाइन, इलाहाबाद-211008 (उ0 प्र0)। 5.001।

पाण्डेय, डा0 रामलखन । एम0 ए0, पीएच0 डी0। सागरिका आदि पत्रिकाओं में पुस्तक समीक्षाएँ प्रकाशित। प्राध्यापक साहित्य विभाग, श्री रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, शास्त्री नगर, जम्मू तवी। 5.587।

पाण्डेय, डा0 रामाशीष। 1944। जैतीपुर (नालन्दा)। एम0 ए0 (संस्कृत हिन्दी), पीएच0 डी0 साहित्य-व्याकरण-वेदाचार्य, बी0 एड0, साहित्यरत्न। बिहार शासन से वैदिक साहित्य पुरस्कार प्राप्त। मयूखदूतम्, शिखाबन्धनम्, इन्दिराशतकम्, कर्णार्जुनीयम्, कृष्णोदयम्, काव्यकादम्बकम्, प्रहेलिकाशतकम्। यूनिवर्सिटी प्रोफेसर एवं अध्यक्ष संस्कृत विभाग, मारवाड़ी कालेज, राँची, बिहार। एम/47 हरमू हाउसिंग कालोनी, राँची (बिहार)। 5.695।

पाण्डेय, डा0 रूपनारायण। एम0 ए0, डी0 फिल्0 । संस्कृत प्रवक्ता प्र0 ना0

राजकीय इन्टर कालिज, रामनगर दुर्ग, वाराणसी-221008। 5.346।

भट्टि, प्रो0 देवदत्त। 3 जून 1939। पटियाला पंजाब। साहित्यरत्न, साहित्याचार्य, शास्त्री, एम0 ए0, पी0 ई0 एस0 । राष्ट्रपति पुरस्कृत, पंजाब शासन से पुरस्कृत, विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत। पंजाब शासन के साहित्यशिरोमणि 1992 पुरस्कार से सम्मानित। संस्कृत कार्य पुस्तिका प्रथम एवं द्वितीय, इरा, सिनीवाली, शम्पा, काञ्चनीवासयष्टि, ग्लिम्प्सेज् आफ सोसाइटी इन अथर्ववेद। संस्कृत-विभागाध्यक्ष एवं उपाचार्य, गवर्नमेन्ट कालेज, मालेरकोटला पंजाब-14803। स्टेडियम रोड, दिल्ली गेट मालेरकोटला-148023। 5.275।

भाटिया, डा0 पंतजलि कुमार। शास्त्री, एम0 ए0, एम0 फिल्0, पीएच0 डी0 (संस्कृत) डिप्लोमा इन फ्रेंच। प्राध्यापक, इन्स्टीट्यूट ऑफ संस्कृत एण्ड इण्डोलोजिकल स्टडीज़, कुरुक्षेत्र वि0 वि0, कुरुक्षेत्र (1990) सम्प्रति प्राध्यापक संस्कृत विभाग, पी0 जी0 डी0 ए0 वी0 कालेज, नेहरूनगर, नयी दिल्ली-110063। 596/11 डी0 मुखर्जी स्ट्रीट गाँधी नगर, दिल्ली-110031। 5.092।

'माधव', डा0 हर्षदेव। 20-10-1954। अहमदाबाद। एम0 ए0, बी0 एड0, (डी0 लिट्0, कैलिफोर्निया वि0 वि0), पीएच0 डी0, मुख्य पुराणों मे शापतत्व और उसका प्रभाव, गुजराती, संस्कृत एवं अंग्रेजी पत्रिकाओं में नियमित लेखन । रथ्यासु जम्बूवर्णानां शिराणाम्, शब्दानां निर्मक्षिके ध्वंसावशेषसु, अलकनन्दा, हाथफँफोसे आधला सुगन्धने (गुजराती), आठ ग्रन्थों का सम्पादन। 21 काव्य संग्रह 15 नाटक (संस्कृत में) अप्रकाशित। नवशैली के प्रयोगधर्मी कवि । सी-14/रीमा अपार्टमेण्ट्स वासणा बैरेज रोड, अमदाबाद, गुजरात-380007। 5.760।

मिश्र, इन्दुप्रकाश 'इन्दु' । एम0 ए0, डी0 फिल्0 (संस्कृत)। 8 बाघम्बरी रोड, इलाहाबाद। 5.475।

मिश्र, डा0 दुर्गाप्रसाद। एम0 ए0, पीएच0 डी0। प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, मेरठ कालेज, मेरठ। 5.136।

मिश्र, डा0 राजेन्द्र 'अभिराज'। पौष कृष्ण पञ्चमी वि0 सं0 1999। 26.12.1942। द्रोणीपुर (जौनपुर)। पिता-स्व0 पं0 दुर्गाप्रसाद मिश्र। माता-श्रीमती अभिराजी देवी मिश्रा। एम0 ए0, डी0 फिल्0 (संस्कृत)। आर्यान्योक्तिशतकम्, नवाष्टकमालिका, पराम्बाशतकम् (खण्डकाव्य), वाग्वधूटी, मृद्वीका (गीतसंग्रहः), जानकीजीवनम् (महाकाव्य), इक्षुगन्धा (साहित्य अकादमी दिल्ली द्वारा पुरस्कृत कथासंग्रह) अभिराजसप्तशती, नाट्यपञ्चामृतम्, शताब्दीकाव्यम्, कस्मै देवाय हविषा विधेम, देववाणीहुंकारशतकम्, यवद्वीपसाहित्यशतकम्, बालीप्रत्यभिज्ञानशतकम् आदि अनेक ग्रन्थ। उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी से बहुधा पुरस्कृत। देववाणी-परिषद् दिल्ली के वर्तमान अध्यक्ष। 'अर्वाचीनसंस्कृतम्' के परामर्शदाता। कालिदास समिति उज्जैन के सदस्य। देववाणी-सुवासः (डा0 रमाकान्त-शुक्लाभिनन्दनग्रन्थ) के प्रधान

सम्पादक। रीडर संस्कृत-विभाग, इलाहाबाद वि0 वि0 (1990) सम्प्रति (21 दिसम्बर 1990 से ) प्रोफेसर तथा अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, हिमाचल प्रदेश वि0 वि0 शिमला। स्थायी पता- 8 बाघम्बरी रोड, इलाहाबाद। 5.302।

मिश्र, डा0 राम किशोर। 25-2-1939। सोरों (उ0 प्र0)। पिता- स्व0 पं0 श्री होतीलाल मिश्र। माता- स्व0 श्रीमती कलावती मिश्रा। साहित्य-व्याकरणाचार्य, एम0 ए0, पीएच0 डी0, (संस्कृत)। काव्यकिरणावलिः, विद्योत्तमाकालिदासीयम्, श्रीगरुडध्वजसपादशतकम्, किशोरकथावलिः, अङ्गुष्ठदानम्, वसन्ततिलकम्, अन्तर्दाहः, एकाङ्कमाला, एकाङ्कावलिः, गीतजवाहरम्, पतिपत्नीविवादम्, बालचरितम्, देवयानी, छन्दस्कलावती। अनेक ग्रन्थ उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी से पुरस्कृत। अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, महामना मालवीय डिग्री कालेज, खेकड़ा-201101 (मेरठ)

मिश्र, डा0 श्रीनिवास । एम0 ए0, पीएच0 डी0 (संस्कृत)। कृतकार्य रीडर तथा अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, धर्म समाज कालेज, अलीगढ़। 3/1602 जनकपुरी, अलीगढ़। 5.287।

मुरकुटे, वि0 ह0। सम्पादक 'संस्कृत दुन्दुभि' औरंगाबाद (महाराष्ट्र)। एन-5 गुलमोहर कालोनी, इ-6/1 सिरकी, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)। 5.403।

रस्तोगी, डा0 श्रीमती लीना। 29-8-1939। मेहसाना (गुजरात)। एम0 ए0 (संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं मराठी) पीएच0 डी0 (संस्कृत)। मराठी, हिन्दी तथा संस्कृत में रचना। संस्कृत प्राध्यापिका, नूतन मराठी महाविद्यालय, उमरेड़। 'दिलासा' कोठारी ले आउट, उमरेड, जिला-नागपुर-441203। 5.207।

राजपाली, डा0 ओम्प्रकाश। एम0 ए0, पीएच0 डी0। 5.453।

लौ, डा0 रमेश कुमार। 18-1-1940। एम0 ए0, पीएच0 डी0। The Language of Tattiriya Brāhmaṇa । रीडर तथा अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, सनातन धर्म पी0 जी0 कालेज, मुजफ्फरनगर (उ0 प्र0)। 280 सिविल लाइन्स, मुजफ्फरनगर-251001। 5.282।

वर्मा, डा0 मदनलाल। तुलुम्बा (अब पाकिस्तान में)। एम0 ए0 (हिन्दी-संस्कृत), पीएच0 डी0 साहित्यरत्न । हिन्दी काव्य में युद्ध वर्णन वैशिष्ट्य, व्यावहारिक हिन्दी व्याकरण, काँटो से बिंधा गुलाब, विचारवीथी, रूपारूपं, गिरिकर्णिका, नव निमन्त्रण। उपप्राचार्य तथा अध्यक्ष हिन्दी-संस्कृत-विभाग, यूनीवर्सिटी कालिज (सान्ध्य), रोहतक। 133-एल/ए, बसेरा माडल टाउन, रोहतक-124001 । 5.778।

वैदिक, डा0 वेदवती। 9-4-1948। एम0 ए0, पीएच0 डी0। श्वेताश्वतर उपनिषद् : दार्शनिक अध्ययन। रीडर संस्कृत-विभाग, अरविन्द कालेज (सान्ध्य), मालवीयनगर, नयी दिल्ली-110017। ए-199 प्रेस एन्क्लेव, साकेत, नयी दिल्ली-110017। 5.246।

व्यास, डा0 सूर्यप्रकाश। एम0 ए0, पीएच0 डी0। प्राध्यापक, बौद्धदर्शन, संस्कृत विद्या संकाय, काशी हिन्दू वि0 वि0, बी-7।14, अन्नपूर्णा कालोनी, विद्यापीठ रोड, वाराणसी-221002। 5.687।

शर्मा, पं0 पद्मनाभ। 7-10-1929। पिता पं0 शंकर नारायण शास्त्री, आचार्य (वेद, व्याकरण, मीमांसा, साहित्य तथा अद्वैत वेदान्त)। अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, भारतीय विद्याभवन, कस्तूरबा गाँधी मार्ग, नयी दिल्ली-110001। 5.799।

शर्मा, डा0 रामदत्त। 12 अक्टूबर, 1941। मंढा भामसिंह, जयपुर । एम0 ए0 (संस्कृत-हिन्दी), पीएच0 डी0, डी0 लिट्0, साहित्यरत्न, शिक्षाशास्त्री। दो दर्जन एवं शताधिक ग्रन्थ, शताधिक शोधपत्र एवं सहस्राधिक लेख प्रकाशित । राज्य एवं केन्द्र सरकार से कई रचनायें पुरस्कृत। हरियाणा शिक्षामण्डल में उपनिदेशक। प्रोफेसर तथा संस्कृत विभागाध्यक्ष, गवर्नमेन्ट पी0 पी0 कालेज भिवानी, हरियाणा। 277 विकासनगर भिवानी हरियाणा। 125021। 5.659।

शर्मा, डा0 रामेश्वरदत्त। 18-6-1934। एम0 ए0, पीएच0 डी0, शास्त्री। हरियाणासंस्कृतवृित्तम्, दिव्यदृष्टिः। अनेक रचनाएँ पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित। 3, विकासनगर, भिवानी-125021। 5.652।

शर्मा, डा0 श्यामबिहारीलाल। 5-5-1934। एम0 ए0 (अंग्रेजी- संस्कृत- हिन्दी) एम0 लिट्0, पीएच0 डी0। पाश्चात्त्य नव्यालोचन। रीडर, हिन्दी-विभाग, राजधानी कालेज (दिल्ली वि0 वि0) नयी दिल्ली-110015। सी-1 ए/28 ए, जनकपुरी नयी दिल्ली-110058। 5.073।

शर्मा, डा0 सन्ध्या। एम0 ए0, एम0 फिल्0, बी0 एड0, पीएच0 डी0 । दिल्ली प्रशासन शिक्षा विभाग में संस्कृत अध्यापिका। 70 चर्च रोड, जंगपुरा, भोगल, नयी दिल्ली-110014। 5.147।

शर्मा, डा0 हरिदत्त। 27-9-1948। हाथरस (उ0 प्र0)। पिता- पं0 लहरीशङ्कर शर्मा। एम0 ए0 (संस्कृत), आचार्य, डी0 फिल्0 जर्मन एवं रशियन डिप्लोमा। प्राध्यापक संस्कृत विभाग, इलाहाबाद वि0वि0। जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैण्ड्स, आस्ट्रिया में शैक्षिक यात्राएँ। संस्कृत-काव्यशास्त्रीय भावों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन (समीक्षा ग्रन्थ) , निबन्ध- निकुञ्जम्, गीतकन्दलिका (उ0 प्र0 संस्कृत अकादमी से पुरस्कृत गीतकाव्य), त्रिपथगा, उत्कलिका (गीतिकाव्य)। 100 एलनगंज, इलाहाबाद-211002। 5.542।

शास्त्री, अमीरचन्द 'कविशिरोमणि' । 15-7-1918। पिता- श्री दुनीचन्द कुशल। शास्त्री, साहित्याचार्य, विद्यावाचस्पति। गीतिकादम्बरी, रससिद्धान्तः, राधारससुधानिधिस्तवभाषानुवादः, ऋग्वेदसायणभाष्यभाषानुवादः, कृष्णयजुर्वेद सायणभाष्यभाषानुवादः, श्रीजवाहरलालनेहरूचरितमहाकाव्यम्। राष्ट्रपति पुरस्कृत। कृतकार्य प्रोफेसर साहित्य-विभाग, श्रीलालबहादुर शास्त्री केन्द्रीय विद्यापीठ, नयी

दिल्ली। ब्रह्मनिवास 11, विद्यापीठ चौराहे के निकट,वृन्दावन (1993) 5.710।

शास्त्री, डा0 प्रशस्यमित्र। (द्र0 दे0 सु0 4.284)। 5.405।

शास्त्री, डा0 विश्वनारायण। एम0 ए0, डी0 लिट्0, साहित्यव्याकरणमीमांसा से शास्त्री, काव्यतीर्थ। 40 ग्रन्थ असमी में 2 संस्कृत में, 4 अंग्रेजी में, कालिकापुराण, कथासरित्सागर और साहित्यदर्पण पर टीकायें। लोकसभा सदस्य(पूर्व)। राष्ट्रपति पुरस्कृत, अविनाशि पर साहित्य अकादमी से पुरस्कृत। उ0 प्र0 की सं0 अकादमी एवं हिन्दी संस्थान से पुरस्कृत। भारत छोड़ो आन्दोलन में सहभागिता, लोकसभा में प्रथम बार संस्कृत में भाषणकर्त्ता, सम्प्रति- उपाध्यक्ष, असम राज्य योजनायोग। 'ऋतायन', रेडक्रास रोड, चांदमारी, गुवाहाटी-781003। 5.727।

शास्त्री, प्रो0 सत्यव्रत । 29-9-1930। एम0 ए0, एम0 ओ0 एल0, पीएच0 डी0। बृहत्तरं भारतम्, श्रीबोधिसत्त्वचरितम्, श्रीगुरुगोविन्दसिंहचरितम् (साहित्य अकादमी से पुरस्कृत), Essays on Indology, The Rāmāyaṇa- A Linguistic Study, Studies in Sanskirt and Indian Culture in Thailand, Kālidāsa in Modern Sanskrit Literature, Studies in the Language and the Poetry of the Yogavāsiṣṭha आदि। राष्ट्रपति-सम्मानित संस्कृत विद्वान्। दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत-विभाग में प्रोफेसर, श्री जगन्नाथ संस्कृत वि0 वि0, पुरी के कृतकार्य कुलपति। सम्प्रति थाइलैण्ड के बैंकाक नगर में स्थित शिल्पाकर वि0 वि0 के प्राच्यभाषा-विभाग में अभ्यागताचार्य। स्थायी पता- 3/54 रूपनगर, दिल्ली-110007। साम्प्रतिक प्रावासिक संकेत- Prof. Satya Vrat, 82, Soi. 1, 'SUKHUMVIT BANAGKOK-10110 THAILAND। 5.313।

शुक्ल, अभिनव। 8-10-1976। छात्र एकादश कक्षा विज्ञान। आकाशवाणी तथा दूरर्दशन पर संस्कृत कार्यक्रम प्रदत्त । आर-6 वाणी विहार, नयी दिल्ली-110059। 5.817।

शुक्ल, अरविन्दनाभ। एम0 ए0 (संस्कृत)। प्रवक्ता संस्कृत, दून स्कूल, देहरादून (उ0 प्र0)। 5.509।

शुक्ल, आनन्दवर्धन। 21-8-1970। बी0 ए0, एम0 ए0 राजनीतिशास्त्र (उत्तरार्ध)। दूरदर्शन कार्यक्रम में सहभाग। हिन्दी तथा संस्कृत पत्र पत्रिकाओं में लेखन। आर-6 वाणी विहार, नयी दिल्ली-110059। 5.811।

शुक्ल, डा0 उमाकान्त । 18-1-1939। खुर्जा (उ0 प्र0)। पिता स्व0 ब्रह्मानन्द शुक्ल। एम0 ए0 (हिन्दी-संस्कृत), साहित्याचार्यः, पीएच0 डी0 (संस्कृत)। मङ्गल्या, परीष्टिदर्शनम्, कूहा तथा अन्य अनेक ग्रन्थ । उ0 प्र0 संस्कृत अकादमी से पुरस्कृत। रीडर संस्कृत विभाग, सनातन धर्म स्नातकोत्तर कालेज, मुजफ्फरनगर-251001। (उ0 प्र0)। 604, संजय मार्ग पटेल नगर, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)। 5.493।

शुक्ल, स्व0 आचार्य गणपति। 19-7-1931। साहित्याचार्य, एम0 ए0, बी0

एड0। भूदानयज्ञगाथा, कथामृतम् गान्धिशतश्लोकी नवकथोपदेश। भू0 पू0 संस्कृत व्याख्याता, शिक्षाविभाग म0 प्र0 शासन। कुमार मौहल्ला 11, बड़वाहा-451115 (म0 प्र0) 7-12-1992 को बड़वाहा में दिवंगत। 5.102।

शुक्ल पं0 चन्द्रदीप। विद्यारत्नम्, व्याकरणाचार्य, साहित्याचार्य, बी0 ओ0 एल0, एस0 टी0 सी0, साहित्यालंकार। महासचिव, बिहार राज्य संस्कृत साहित्य सम्मेलन। सम्पादक 'संस्कृतसम्मेलनम्' चौक, पटना सिटी (बिहार)। चाणक्य संस्कृत विद्यापीठ, श्री महावीर स्थान, बाहरी बेगमपुर, पटना सिटी, पटना-800008। 5.401।

शुक्ल, डा0 चन्द्रमौलि। 27-5-1966। मोदीनगर (उ0 प्र0)। बी0 ए0, बी0 ए0 एम0 एस0। चिकित्सक। दूरदर्शन कार्यक्रम सहभाग। 'देववाणी-सुवासः' के सह सम्पादक तथा प्रबन्ध सम्पादक। आर-6 वाणी-विहार, नयी दिल्ली-110059। 5.376।

शुक्ल, डा0 रमेश चन्द्र। 15-10-1909। (अभिलेखानुसार) धौलपुर। एम0 ए0 (संस्कृत), साहित्याचार्य, सांख्ययोगाचार्य, पीएच0 डी0। प्रबन्धरत्नाकर, नाट्यसंस्कृतिसुधा, गान्धिगौरवम्, लालबहादुरशास्त्रिचरितम्, बँगलादेशः, भरतचरितामृतम्, गीतमहावीरम्, सुगमरामायणम्, श्रीकृष्णचरितम्, इन्दिरायशस्तिलकम्, चारुचरितचर्चा, अभिनवहनुमन्नाटकम्, भारतस्वान्त्र्य-संग्रामेतिहासः, कृष्णात्परं किमपि तत्त्वमहं न जाने, संस्कृतवैभवम्, रसदर्शनम्, नवभारतपुराणम्, विभावनम्, श्रीसीताचरित्रम्, श्रीराधाचरित्रम्। अनेक ग्रन्थों पर उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी से पुरस्कृत। उ0 प्र0 सं0 अकादमी तथा दिल्ली संस्कृत अकादमी से संस्कृत सेवा के लिए सम्मानित। कृतकार्य प्राध्यापक संस्कृत विभाग, श्रीवार्ष्णेय कालेज, अलीगढ़ तथा शास्त्रचूडामणि पण्डित। संस्थापक मंन्त्री, अलीगढ़ संस्कृत परिषद्। संस्थापकाध्यक्ष. देववाणी-परिषद्, दिल्ली। ए-1/203 जनकपुरी, नई दिल्ली 110058। 5.035।

शुक्ल, डा0 विष्णुकान्त। 19-10-1942। खुर्जा (उ0 प्र0)। एम0 ए0 (हिन्दी-संस्कृत), साहित्याचार्य, पीएच0 डी0। स्फाटिकीमाला, पूर्णकुम्भः। उ0 प्र0 संस्कृत अकादमी से पुरस्कृत। रीडर एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष, जे0 वी0 जैन कालेज, सहारनपुर (उ0 प्र0)। विभावना, प्रद्युम्ननगर, सहारनपुर (उ0 प्र0)। 5.734।

श्रीवास्तव, डा0 आनन्द कुमार। एम0 ए0, डी0 फिल्0 (संस्कृत)। प्राध्यापक। सी-632 गुरु तेगबहादुर नगर (करेली स्कीम) इलाहाबाद-211016। 5.295।

श्रीवास्तव, डा0 उर्मिला। एम0 ए0, डी0 फिल्0 (संस्कृत)। प्राध्यापिका। सी-632 गुरु तेगबहादुर नगर (करेली स्कीम) इलाहाबाद-211016। 5.523।

सिंह, डा0 वी0 के0। एम0ए0, डी0 फिल्0। संस्कृत अव्ययों का भाषावैज्ञानिक अध्ययन। प्राध्यापक संस्कृत-विभाग, इलाहाबाद वि0 वि0, इलाहाबाद। 5.0?7।

सेंगर, डा0 (श्रीमती) किरण सिंह । एम0 ए0, पीएच0 डी0। प्राध्यापिका, संस्कृत विभाग, कुँवर आर0 सी0 महिला महाविद्यालय, मैनपुरी (उ0 प्र0)। 5.059।